Conclusion: This study t is based on the comprehensive study conducted on *U. picta,* which summarizes the botany, geographical distribution, propagation, phytochemical constituents and pharmacological properties of plant. This shows that the plant treasures a great medicinal wealth as each part of the plant reportedly has various phytochemical constituents having their respective pharmacological properties. These pharmacological properties are providing the evidence to various ethno-medicinal uses of the plant which have been in practice in many continents for centuries. Hence the whole plant plays an important area of research and developmental properties for pharmacologists and researchers. Due to its high therapeutic use and growing need, the plant is becoming rare and endangered; therefore it is necessary to create awareness of this plant to support its propagation in large numbers.

The development of modern drugs from less toxic plant products with proven medicinal properties is now being supported globally. There is no doubt that the products of this plant consecrate bright prospects as a reliable cure for various ailments.

The study of nanoparticle and flavenoid constituents and their antimicrobial properties may be an important substitution for various important drugs. *Uraria Picta* as an excellent medicinal plant with traditional bioactive ingredients such as antioxidant , anti-diabetic, anti-inflammatory, anti-arthritis , antimicrobial, antifungal, anticancer. The reported pharmacological studies indicated that this plant.These synthesis methods may be require the use of different raw material and yield reaction by using toxic products or wastes. This formulation also known as green chemistry, an environmental- friendly approach has become a new option in chemistry.

References:-

1. Anand A, Lognay G, Wathelet B, Malaisse F. Micropropagation of Uraria picta, a medicinal plant, through axillary bud culture and callus regeneration. In vitro Cellular and Developmental Biology- Plant. 1998;34:136-140. DOI: 10.1007/BF02822778
2. *Antifungal effect of Pimenta dioica essential oil against dangerous pathogenic and toxinogenic fungi*- Martin Zabka, Roman Pavela, Ludmila Slezakova .Industrial crops and products Volume-30, Issue 09, pages 250-253, September 2009
3. AYUSH. Agro-techniques of Selected Medicinal Plants (Vol. 1). National Medicinal Plants Board, Government of India. 2008;211-213. ISBN 978-81-7993-154-7
4. Bhattacharya, A., & Datta, A. K. (2010) *Uraria picta*: An overview. *Medicinal and Aromatic Plant Science and Biotechnology*, *4*, 1-4.
5. Central Council for Research in Ayurvedic Sciences (CCRAS) and the CSIR-National Botanical Research Institute (NBRI) 2020-21 annual report2020-21.
6. Dhanalakshmi, K., Jaswanth, A.,& Subramainan, E. Anti inflammatory Antioxidant and Antimicrobial activity of green Synthesized Silver nanoparticles from combined leaf extract-An In Vitro Approach. August 2023; DOI:10.14704/NQ.2022.20.9.NQ442697.
7. Kale, R. H., Halde, U. K., & Biyani, K. R. (2012). Protective effect of aqueous extract of *Uraria picta* on acetaminophen induced nephrotoxicity in rats. *International Journal of Research in Pharmaceutical and Biomedical Sciences, 3*, 110-113.
8. Pathak,J.M.,Krishnamurthy,R.,Chandorkar,M.S., Gulkari,V., Gupta, R., 2005. Identification of high yielding geno types of Dashmool Shalparni (Desmodium gangeticum) drug plant and its cultivation under high density planting. Indian J.Hortic.62(4),378–384.
9. S.S. Jalalpure *etal "Antiarthritic activity of various extracts of Mesuaferrea Linn. SeedJ. Ethnopharmacol. (2011)"*
10. Saxena HO, Soni A, Mohammad N, Kakkar A, Singh N. HPLC analysis of rhoifolin in different plant parts of *Uraria picta*: A dashmool species. Indian J Trop Biodivers 2014;22:199-201.
11. Waghire, H. B., Shaikh, F. K., Jaiwal, B. V., & Pokle, D. S. (2013). Polymorphism of albumin like proteins in three species of genus *Uraria*. *International Journal of Research in Pharmaceutical and Biomedical Sciences, 4*, 939-942.
12. Yadav, A. K., Yadav, D., Shanker, K., Verma, R. K., Saxena, A. K., & Gupta, M. M. (2009). Flavone glycoside based validated RP-LC method for quality evaluation of Prishniparni (*Uraria Picta).* Chromatographia, 69,653-658.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Advancing Green Catalysis: Pioneering Innovations and Sustainable Applications in Chemistry

Dr. S.K. Udaipure*

***Professor, Govt. Narmada College, Narmadapuram (M.P.) INDIA**

Abstract : Green catalysis, an alternative sustainable option to replace traditional catalytic techniques has, in fact, appeared with the surging interest in green chemistry in process chemical synthesis. Unlike traditional catalytic techniques, this paper discussed the developments as well as advantages of sustainability achieved by green catalysis. The study examines the economic and environmental impacts of introducing green catalysts in the energy production, agrochemical, and pharmaceutical sectors, keeping in mind factors such as energy consumption, waste output, CO_2 emissions, and cost-effectiveness. The findings indicate significant sustainability gains as green catalysis is associated with less energy consumption, waste generation, and CO_2 emissions. Green catalysts have good recyclability and higher turnover frequency, with drastic cost savings with each cycle, at a higher start-up cost. Green catalysts further drive the economic and environmental benefits by doubling the product yields and reducing the energy consumption at the industrial scale. This study stresses the way green catalysis could be a game-changing technology, promoting more environmentally friendly chemical manufacturing and reducing the footprint of industrial processes on the environment.
Keywords: Green Catalysis, Traditional Catalysis, Sustainability, Pioneering Innovations, Chemistry.

Introduction - Chemistry has now brought revolution by finding ways through the name green catalysis. In these approaches, this concept works toward increasing the product by decreasing environmental negative impacts while eliminating the excess energy wastage through by-products as waste material, also the harmful chemical substance being utilized within catalytic procedures. This new area of catalyst improvement is supposed to maintain its economic viability, thereby simultaneously reducing the environmental impact that the older catalytic process caused.

Recently, the development of green catalyst has been accelerated because of increased demands for an industrial method being sustainable in multiple industries such as agrochemical, medicines, cleanup of contaminants, and energy creation. Due to these developments more effective and better catalysts designed which not only reduce their pollution impact but even give a strong cost advantage over others through efficient productivity and even longer catalytic life. This study aims to investigate the recent breakthroughs in green catalysis, with emphasis on its application in industrial processes, relative benefits over conventional catalytic techniques, and the possibility of future advancements in improving sustainability.

Literature Review

Rothenberg, G. (2017)included every facet of catalysis. With more than 600 references, it also connected green chemistry, industrial applications, and computational approaches. With numerous examples and practical exercises, the book was appropriate for senior undergraduate and graduate-level courses and was written with chemistry and chemical engineering students in mind. The author, who was a well-known catalysis researcher, was elected “lecturer of the year” by the chemistry students for his lucid writing and instruction. The book covered the fundamentals of catalysis and green chemistry before delving into the concepts and uses of bio catalysis, heterogeneous catalysis, and homogeneous catalysis. Industry examples that illustrated how catalysis aided in our society’s pursuit of sustainable development objectives were included in each chapter. The most widely used catalysis textbook since its release in 2008 was Catalysis: Concepts and Green Applications. The most recent advancements in academic and industrial catalysis research were incorporated into this second edition. Based on recommendations from chemistry and chemical engineering instructors and students worldwide, it included fifty more activities.

Nagpal, S. (2023) intended to showcase state-of-the-art studies and significant developments in sustainable industrial technology, green chemistry, and green chemical engineering. The following were included (though not only) in the area of coverage:-Green catalysis, green solvents and reagents, atom-economy synthetic methods, and other environmentally friendly chemical syntheses and processes

were utilized.-Green energy and chemicals were made from carbon dioxide, biomass, and other renewable materials-New technologies and materials for energy production and storage (such as fuel cells, solar cells, lithium-ion batteries, hydrogen, bio-fuels and bio energies, etc.) were developed.-Green chemical engineering methods (e.g., efficient separation procedures, energy conservation, waste reduction, materials variety, and process integration) were utilized.-Green technology contributed to environmental sustainability (e.g., pollution prevention, carbon dioxide capture, treatment of waste and hazardous chemicals, environmental redemption, etc.) For postgraduate students, academic researchers, and industry professionals who were interested in green chemistry and technologies for sustainable development, the Green Chemistry and Sustainable Technology series aimed to offer an easily accessible reference resource.

Idoko, et al. (2024) offered a thorough analysis of the ways in which green chemistry concepts were used in different manufacturing industries to reduce energy use and hazardous waste. The first section of the paper outlined the fundamental ideas of green chemistry and emphasized how they related to environmentally friendly industrial processes. The utilization of renewable raw materials, energy-efficient procedures, and waste reduction were highlighted as key developments in chemical engineering. The study illustrated how the use of green chemistry had greatly decreased the environmental impact of the pharmaceutical, textile, and automobile industries through in-depth case studies. The evaluation also looked at the difficulties businesses had implementing green chemistry and where the sector was headed, with a focus on how policy and regulatory frameworks might have spurred more innovation. The results indicated that although there had been progress, there was still a lot of room for improvement, particularly in terms of extending the application of green chemistry to a wider range of industries. In order to support sustainable production, this paper ended with suggestions for more study and wider use of green chemistry.

Slimani, Y., &Hannachi, E. (2021) explained the principles and measurements of GChem and how they affected the entire chemical life cycle, from design to removal. In order to maintain global economies and to support upcoming scientific and technological advancements in new products, less toxicological materials, highly efficient industrial processes, and renewable energy products, the chemical industry was crucial. The goal of green chemistry (GChem) was to create novel chemical products that were more efficient and contained less harmful compounds for the environment and human health. The nanotechnology instance had been taken into consideration once the key measurements and the most recent advancements in the theme had been reported inside this framework. The effects and uses of GChem were investigated, and the context provided by nanotechnology made it easier. The transformation of the nature of technology was the goal of both disciplines' interdisciplinary innovations. Future opportunities for interdisciplinary collaborations were explored, along with the uses and implications of emerging green technologies.

RESEARCH METHODOLOGY

Research Design: The research study design that has been followed is that of comparative quantitative research, where the performance comparison of traditional catalysis and green catalysis is brought about through key parameters such as energy consumption, waste generation, cost effectiveness, and environmental sustainability. This empirical data is collected through industrial-scale case studies and laboratory experiments. The objective is to evaluate the advances in sustainability, cost competitiveness, and environmental value brought about by green catalysts and further amplify their impact on fields like pharmaceuticals, agrochemicals, and energy production.

Data Collection : Examples of secondary sources, where the data for this study were collected, are from peer-reviewed journal papers, industry reports, and experimental research in respectable scientific databases such as ScienceDirect, Wiley Online Library, and Springer. These resources offered the empirical information related to the performance and effectiveness of traditional and eco-friendly catalysts in real industrial scenarios. The accompanying data contains comprehensive statistics on the use of energy, waste production, CO_2 emissions, and other factors pertinent to assessing catalytic processes as well. The accompanying vital data parameters are the emphasis of this study:

1. Energy Consumption (kWh/kg reaction)
2. Waste Generated (kg/reaction)
3. CO_2 Emissions (kg CO_2 /kg product)
4. Catalyst Cost ($/kg)
5. Recyclability and Turnover Frequency
6. Annual Output and Energy Usage
7. CO_2 Emissions Reduction

Data Analysis Techniques: The study will use both descriptive and inferential statistical techniques in analyzing the data collected. Some of the analysis methods include:

1. Percentage Change Calculation: This technique is for calculating improvement in energy consumption, waste production, and CO_2 emission between conventional and green catalysis, which quantifies the benefits of the adoption of green catalysis technology.

2. Comparative Analysis: Data for both traditional and green catalysis are compared using multiple parameters for the assessment of the overall influence of green catalysts on sustainability, productivity, and cost-effectiveness.

3. Economic Impact Assessment: This takes the view of assessing the economic performance of green catalysts in terms of factors like the cost of the catalyst, ability to recycle, frequency of turnover, and cost per cycle. This will

effectively account for how green catalysts can reduce costs and improve efficiency.

4. Environmental Impact Assessment: Environmental impact is evaluated through reductions in CO_2 emissions and energy consumption as green catalysis highlights greener and more sustainable catalytic processes.

Data Analysis : The comparison of key performance indicators on traditional and green catalysis is done under the data analysis section, and the focus areas are on energy consumption, waste generation, CO_2 emissions, and cost efficiency. Descriptive and inferential statistical techniques are employed to evaluate the environmental and economic advantages of green catalysis.

Table 1: Reduction of Waste and Energy

Parameter	Traditional Catalysis	Green Catalysis	Improvement (%)[(Traditional Catalysis-Green Catalysis)/ Traditional Catalysis)×100
Energy Consumption (kWh/kg reaction)	100	65	35%
Waste Generated (kg/reaction)	3.5	2.1	40%
CO_2 Emissions ($kgCO_2$/kg product)	2.8	1.4	50%

From the data in Table 1 (Reduction of Waste and Energy), the improvements in the use of green catalysis include improved energy efficiency, waste reduction, and CO_2 emissions compared to the traditional catalysis. In more detail, there is a decrease of 35% in energy consumption from 100 kWh/kg reaction to 65 kWh/kg reaction, meaning green catalysis will consume less energy to produce the same reaction output. In terms of waste generation, green catalysis has a reduction of 40%, which is lowering the waste from 3.5 kg per reaction to 2.1 kg per reaction. This depicts a significant advancement in the process sustainability. Secondly, the amount of CO_2 emitted is halved, where it decreases from 2.8 kg of CO_2 per kg of product to 1.4 kg, which reflects a 50% reduction in the environmental footprint. In general, such results emphasize environmental and energy efficiencies when green catalysis is integrated into industrial operations.

Table 2: Cost and Efficiency of Catalysis

Parameter	Traditional Catalyst	Green Catalyst	Improvement
Catalyst Cost ($/kg)	150	200	Higher by 150(200-150) ×100=33.33%
Recyclable Cycles	1	10	1(10-1) ×100=900% increase
Cost per Cycle ($)	150	20	150-20=130 saved per cycle
Turnover Frequency (TOF, mol/hour)	2	5	(5-2) ×100=150% increase

Cost and Efficiency of Catalysis, the comparison between the green and traditional catalysts regarding the cost efficiency and effectiveness of catalysis is reflected in table 2. The catalyst's cost for the green catalysts is at $200 per kg compared to the traditional catalysts, priced at $150 per kg, meaning a 33.33% increase in the former.However, that initial cost higher than the regular catalyst is overcome by a greatly improved recyclability; green catalysts can run 10 times, an unbelievable 900 percent improvement over single-use traditional catalysts. Therefore, it resulted in a reduction of the per-cycle cost-150 dollars from traditional catalyst to just 20 dollars for green catalysts, translating to a cost saving of 130 dollars in every cycle. In addition, the turnover frequency of green catalysts is much higher, at 150% more than that of traditional catalysis, from 2 mol/hour in traditional catalysis to 5 mol/hour in green catalysis. This is an improvement in TOF, which means a better catalytic efficiency, thus making green catalysts more efficient in driving reactions at higher rates.

Table 3: Industrial Scale Impact

Parameter	Traditional Catalyst	Green Catalyst	Improvement (%)
Annual Output (kg)	5,000	6,500	(6,500-5,000)/ 5,000 ×100=30%
Annual Energy Usage (kWh)	500,000	350,000	(500,000-350,000) / 500,000×100 =30%
CO_2 Emissions Reduction (tons/year)	150	75	Reduction by 50% (calculated as 150×0.5=75)

In contrast, Table 3 represents industrial scale benefits, where the difference between the yield of green catalysis and that of the old catalysis lies in 30% productivity higher with green catalysis compared with the traditional catalysis. Thus, the products amount to 5,000 kg per year versus 6,500 kg of product in case of green catalysis. Again, 30% annual reduction in energy utilization is witnessed. The value reaches 350,000 kWh/year from 500,000 kWh/year. This saves energy and hence reduces the cost and also decreases the environmental footprint. In addition, the reduction in CO_2 emissions is impressive at 50%, from 150 tons/year for traditional catalysis to 75 tons/year for green catalysis. This shows the huge environmental advantage of using green catalysts, especially in reducing greenhouse gas emissions.

Conclusion: This research has emphasized the sustainability, cost-effectiveness, and environmental

implications of green catalysis in comparison with the conventional catalytic process. In demonstrating large reductions in energy consumption, waste generation, and CO, emissions, green catalysis is considered to be more sustainable for industrial applications in several fields such as pharmaceuticals, agrochemicals, and energy production. Although the initial investment in green catalysts is much higher, the higher recyclability and turnover frequency enhance long-term savings and efficiency gains. Results of both laboratory-scale and industrial applications indicate the enormous potential of green catalysis for reducing environmental footprints while increasing productivity. This study strengthens further efforts to push into green catalysis technologies that necessitate even broader applications and therefore will propel toward more environmentally sound and less-harmful chemical processes for future times.

References :-

1. Anastas, P. T., & Beach, E. S. (2007). Green chemistry: the emergence of a transformative framework. Green Chemistry Letters and Reviews, 1(1), 9-24.
2. Anastas, P., &Eghbali, N. (2010). Green chemistry: principles and practice. Chemical Society Reviews, 39(1), 301-312.
3. Beach, E. S., Cui, Z., & Anastas, P. T. (2009). Green Chemistry: A design framework for sustainability. Energy & Environmental Science, 2(10), 1038-1049.
4. Ciriminna, R., & Pagliaro, M. (2013). Green chemistry in the fine chemicals and pharmaceutical industries. Organic Process Research & Development, 17(12), 1479-1484.
5. Idoko, F. A., Ezeamii, G. C., &Ojochogwu, O. J. (2024). Green chemistry in manufacturing: Innovations in reducing environmental impact. World Journal of Advanced Research and Reviews, 23(3), 2826-2841.
6. Kar, S., Sanderson, H., Roy, K., Benfenati, E., &Leszczynski, J. (2021). Green chemistry in the synthesis of pharmaceuticals. Chemical Reviews, 122(3), 3637-3710.
7. Kartal, O. (2024). Navigating the Future of Chemistry: Priorities and Opportunities for Sustainable Innovation. Bulletin of the LN Gumilyov Eurasian National University. Chemistry. Geography. Ecology Series, 147(2), 61-80.
8. Nagpal, S. (2023). Green Chemistry and Sustainable Technology: Pioneering a Greener Future. Green Chemistry, 10(6).
9. Rothenberg, G. (2017). Catalysis: concepts and green applications. John Wiley & Sons.
10. Sanghi, R., & Singh, V. (Eds.). (2012). Green chemistry for environmental remediation. John Wiley & Sons.
11. Sarangi, P. K., Singh, A. K., Ganachari, S. V., Pengadeth, D., Gunda, M., &Aminabhavi, T. M. (2024). Biobased heterogeneous renewable catalysts: Production technologies, innovations, biodiesel applications and circular bioeconomy. Environmental Research, 119745.
12. Shaikh, I. R. (2014). Organocatalysis: key trends in green synthetic chemistry, challenges, scope towards heterogenization, and importance from research and industrial point of view. Journal of Catalysts, 2014(1), 402860.
13. Slimani, Y., &Hannachi, E. (2021). Green chemistry and sustainable nanotechnological developments: Principles, designs, applications, and efficiency. In Green Polymer Chemistry and Composites (pp. 1-18). Apple Academic Press.
14. Tiwari, A. (2023). Advancement of materials to sustainable & green world. Advanced Materials Letters, 14(3), 2303-1724.
15. Trucillo, P., &Campardelli, R. (2023). Editorial Overview of the Special Issue “Innovation in Chemical Plant Design”. Processes, 11(10), 3023.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में बालिका नामांकन एक अध्ययन (जोधपुर जिले के संदर्भ में)

डॉ. नीति चौहान*

* सहायक प्रोफेसर (शिक्षा) चोपासनी महाविद्यालय, चोपासनी, जोधपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – किसी भी राष्ट्र के विकास में उच्च शिक्षा अपनी अहम भूमिका अदा करती है क्योंकि व्यक्ति को उसके ज्ञान, संश्लेषण, विश्लेषण, आलोचनात्मक चिन्तन के विकास, दृष्टिकोण व कार्यकरने के ढंग में उच्चता की ओर अग्रसर करती है। भारत में माध्यमिक शिक्षा पर विचार करने पर ध्यान स्वत: ही राष्ट्र की प्रजातांत्रिक व्यवस्था की ओर आकृष्ट हो जाता है। जहां सभी नागरिक समान है, और सभी को अपनी योग्यतानुसार कार्य करने तथा शिक्षा के अवसर प्राप्त होने चाहिए। वहीं दूसरी ओर हमारा ध्यान ऐसे वर्गों पर भी जाता है। जो किन्हीं कारणों से महत्वाकांक्षी होते हुए भी शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। जिनमें से 'बालिका' भी एक ऐसा ही वंचित वर्ग है जो चाहते हुए भी अपनी विभिन्न समस्याओं के कारण माध्यमिक शिक्षा से वंचित है। अपने व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक कारणों के साथ-साथ विद्यालयों की न्यूनता अथवा दूरी, बालिका विद्यालयों की कमी/अनुपलब्धता भी माध्यमिक शिक्षा में बालिकाओं की पहुँच में बाधक रही है। अब यद्यपि सरकारी, अनुदानित एवं गैर सरकारी विद्यालयों की बढ़ी संख्या ने विद्यालयी शिक्षा में बालिका सहभागिता पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। किन्तु अब भी बालिकाओं की अपेक्षित जनसंख्या माध्यमिक शिक्षा का लाभ नहीं उठा पा रही है, किन्तु अब उनके समक्ष खुली-शिक्षा व्यवस्था का विकल्प आने से माध्यमिक शिक्षा में उनकी सहभागिता में सुधार नितान्त अपेक्षित है। यह ज्ञातव्य है कि खुली शिक्षा-प्रणाली में समय, स्थान, आयु एवं जाति सम्बन्धी कोई सीमा नहीं रखी गई तथा उसे अधिक लचीली एवं व्यावहारिक बनाने की कोशिश की गई है। खुली शिक्षा द्वारा ऐसे व्यक्तियों को शिक्षित करने की बात की गई है जो किन्हीं व्यक्तिगत अथवा सामाजिक कारणों से विद्यालय नहीं जा पाते, अथवा बीच में ही विद्यालय त्याग कर देते है। ऐसे ही व्यक्तियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विद्यालय स्तर पर सत्र 1989 में राष्ट्रीय खुला विद्यालय की स्थापना की गई।

शब्द कुंजी – सांस्कृतिक, प्रजातांत्रिक व्यवस्था।

प्रस्तावना – राजस्थान एक ऐसा राज्य है जहां कि भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थिति के कारण शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँच नहीं पाई है। यद्यपि राजस्थान की साक्षरता दर बढ़ाने, शिक्षा का सार्वभौमीकरण करने और नामांकन बढ़ाने की दिशा में सरकार निरन्तर प्रयासरत है। इसके लिए प्रत्येक शैक्षिक स्तर पर अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे है। प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण हेतु सरकार द्वारा अनेक प्रयास किये गये है। इस संदर्भ में लोक जुम्बिश, गुरु मित्र परियोजना, मध्याह्न पोषण कार्यक्रम, शिक्षा आपके द्वार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के तहत् भी अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इन कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप, राज्य के अनेक जिलों को पूर्ण साक्षर घोषित करने के बावजदू भी आज राजस्थान मे शैक्षिक पिछड़ापन दृष्टिगोचर होता है। विद्यार्थियों को पुन: इस धारा से जोड़ने तथा माध्यमिक स्तर पर नामांकन संख्या में वृद्धि करने हेतु राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा माध्यमिक स्तर पर खुली शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया गया है।

यह एक छत्र (Umbrell) की भांति है जो सम्पूर्ण राष्ट्र में अधिक संख्या में स्थित अपने क्षेत्रीय केन्द्रों एवं अध्ययन केन्द्रों के जाल के सहयोग से भारत की प्रत्येक जनशक्ति से सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। इसके प्रमुख अधि-देश (Mandate) इस प्रकार है-

1. समाज के सभी वर्गों को उच्च गुणवत्ता मुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना।
2. विभिन्न स्तरों पर उच्च गुणवत्ता के नवीन और आवश्यकता आधारित कार्यक्रम चलाना।
3. सुविधा वंचित वर्गों के लिए देश के सभी भागों में शैक्षिक कार्यक्रम वहन योग्य लगात में उपलब्ध कराना।
4. देश में दूर तथा मुक्त शिक्षा प्रणाली के माध्यम से शिक्षा के मानकों का संवर्धन, समन्वयन और विनिमयन करना।

अधिकाधिक लोगों तक पहुँचने और सुविधाओं की समानता, अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में निरन्तर व्यावसायिक क्षमता का विकास तथा प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए विद्यालयी शिक्षा प्रदान करने हेतु विविध संचार माध्यमों एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है। सम्पूर्ण राजस्थान राज्य के जिलों में इसके अध्ययन केन्द्रों का जाल बिछा है जो राजस्थान के लगभग सभी जिलों का प्रतिनिधित्व करते है। अत: इसे राजस्थान के राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के प्रति बालिका अनुक्रियाशीलता के अध्ययन का आधार बनाया जाना उपर्युक्त प्रतीत होता है।

मुक्त विद्यालयी व्यवस्था को मूल्य प्रभावी (Cost effective) बनाने के लिए बालिकाओं की अधिकतम अनुक्रियाशीलता अनिवार्य है क्योंकि देश की आय का एक बड़ा भाग इसके विभिन्न कार्यक्रमों के व्यवस्थापन एवं संचालन पर व्यय हो रहा है और यदि इसका लाभ जनसामान्य न उठाये तो

यह निवेश तब तक सार्थक नहीं होगा जब तक कि वांछित परिणाम सामने न आये।

अत: यह जानने की आवश्यकता है कि इस प्रकार की वैकल्पिक एवं आवश्यकता आधारित व्यवस्था उपलब्ध होने पर कितनी बालिकाएँ ऐसी है जो औपचारिक शिक्षा से वंचित रहने पर इसका लाभ उठा रही है? संभवत: वे सभी बालिकाएँ जो किन्हीं कारणों से औपचारिक शिक्षा में अध्ययनरत नहीं है वे सभी इस व्यवस्था में सहयोगी होनी चाहिए। अत: प्रश्न यह भी उठता है कि मुक्त अधिगम व्यवस्था में प्रवेश लेने वाली बालिकाएँ कौन है? वे राजस्थान राज्य के किस जिले में निवास करती है? उनका शैक्षिक स्तर (माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक) क्या है? वे किस संवर्ग की है? क्या केवल कतिपय जाति संवर्गों की बालिकाएँ ही इस व्यवस्था से लाभान्वित हो रही है? अथवा वंचित वर्गों यथा- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं द्वारा भी इस लचीली एवं सुविधाप्रदायक व्यवस्था का उपयोग अपने माध्यमिक शिक्षा सम्बन्धी विकास के लिए किया जा रहा है। रक्षा संवर्ग की बालिकाएँ जिनके अधिकांश परिवारों के निवास स्थान में स्थायित्व नहीं होने के कारण क्या ये बालिकाएँ भी अपनी शैक्षिक व सामाजिक उन्नति हेतु इसके प्रति सजग है? शारीरिक विकलांग वर्ग की बालिकाएँ जिनके समक्ष अनेक शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक चुनौतियाँ है क्या इस संवर्ग की बालिकायें भी अपने जीवन साफल्य हेतु उसके प्रति अनुक्रियाशील है? क्या राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में इन सभी संवर्गों की बालिकाओं की समान अनुक्रियाशीलता है? अथवा वे अलग-अलग अनुपात में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही है?

विभिन्न संवर्गों की वे बालिकाएँ जो मुक्त विद्यालयी शिक्षा में अनुक्रियाशील है वे किन क्षेत्रों से सम्बन्ध रखती है? क्या ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाली बालिकायें इस व्यवस्था का समान लाभ उठा रही है? किन क्षेत्रों की बालिकाओं ने इस व्यवस्था के प्रति अधिक अनुक्रियाशीलता व्यक्त की है?

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था में स्तरवार बालिकाओं की अनुक्रियाशीलता किस प्रकार की है? माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर पर कितनी बालिकाएँ अधिक सहभागी हो रही है? दोनों ही स्तरों पर सत्रवार इनकी सहभागिता किस प्रकार की है? क्या सत्रवार उनके नामांकन में परिवर्तन परिलक्षित होता है?

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में राजस्थान राज्य के अन्तर्गत माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर सत्रवार कुल नामांकन में प्रविष्ट बालिकाओं की सहभागिता कैसी है? अर्थात् इस व्यवस्था में सत्रवार कुल (बालक-बालिकाएँ) नामांकन में से कितने प्रतिशत बालिकाएँ में लाभन्वित हो रही है? क्या सत्रवार कुल नामांकन में बालिका नामांकन की प्रवृत्ति बढ़ी है? इस मुक्त विद्यालयी व्यवस्था में सामान्य, अन्य पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, शारीरिक विकलांग एवं रक्षा संवर्ग की बालिकाओं की सत्रवार कुल नामांकन में अनुक्रियाशीलता की प्रवृत्ति किस प्रकार की है? राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में नामांकित जनसंख्या में बालिकाओं का जिलेवार, स्तरवार, संवर्गवार, क्षेत्रवार एवं माध्यमवार प्रवृत्ति किस प्रकार की है? क्या जनसांख्यिकी अनुपात के अनुसार राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के नामांकन में इनकी सहभागिता है।

इस प्रकार मुक्त राष्ट्रीय विद्यालयी शिक्षा संस्थान में बालिका अनुक्रियाशीलता के संदर्भ में इन सभी प्रश्नों पर गहनता से विचार करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। इन प्रश्नों के साथ-साथ प्रश्न यह भी है कि मुक्त विद्यालयी शिक्षा में बालिका अनुक्रियाशीलता की प्रवृत्ति किस प्रकार की है। अत: इन प्रश्नों के उत्तर जानने हेतु अनुसंधात्री द्वारा अग्रांकित विषय का शोध अध्ययन हेतु चयन किया गया है।

समस्या कथन – राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में बालिका नामांकन एक अध्ययन (जोधपुर जिले केसंदर्भ में)।

अध्ययन के उद्देश्य –

(1) जोधपुर जिले के राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में बालिका नामांकन (सत्र 2005-06 से सत्र 2014-15 तक) की प्रवृत्ति का निम्न संदर्भों में अध्ययन करना।

- **कक्षा स्तर –** माध्यमिक व उच्च माध्यमिक।
- **संवर्गवार –** रक्षा संवर्ग, शारीरिक विकलांग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य जाति।
- **क्षेत्रवार –** ग्रामीण व शहरी।

जनसंख्या एवं न्यादर्श – प्रस्तुत शोध में चूंकि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में बालिका नामांकन का जोधपुर जिले के संदर्भ में अध्ययन करने का उद्देश्य रखा गया है। अत: माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर विभिन्न संवर्ग (रक्षा संवर्ग, विकलांग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य जाति), क्षेत्र (ग्रामीण व शहरी) की वे सभी बालिकाएं जो (सत्र 2005-06 से 2014-15 तक) जोधपुर जिले के राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में नामांकित है, प्रस्तुत शोध अध्ययन की जनसंख्या है।

प्रदत्तों के स्रोत – प्रस्तुत शोध में निम्नलिखित स्रोतों से द्वितीयक प्रदत्ता प्राप्त किए गए-

(1) राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) के मुख्य कार्यालय (दिल्ली) व क्षेत्रीय कार्यालय (जयपुर) में उपलब्ध अभिलेख।

(2) राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की वार्षिक रिर्पोट।

(3) राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के जोधपुर जिले में स्थित अध्ययन केन्द्र।

प्रदत्तों की प्रकृति – प्रस्तुत अध्ययन में संवर्ग, क्षेत्र एवं कक्षा स्तर में नामांकन के रूप में प्राप्त होने के कारण प्रदत्तों की प्रकृति संख्यात्मक (आंकिक) है।

प्रदत्ता संकलन हेतु उपकरण – शोध अध्ययन के उद्देश्यों के अनुसार उपरिलिखित स्रोतों से विस्तृत संख्यात्मक द्वितीयक प्रदत्तों को प्राप्त करने के लिए, स्वनिर्मित समंक सारणी का प्रयोग किया गया है। इसके लिए विभिन्न चर व सत्रवार सारणी निर्मित की गई है।

विश्लेषण प्रक्रिया – प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्राप्त प्रदत्तों का प्रतिशत विश्लेषण एवं रेखाचित्रिय निरूपण द्वारा विश्लेषण किया गया।

जोधपुर – सूर्य नगरी के नाम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए इस जिले की स्थापना 1459 ई. राठौड़ सरदार राव जोधा ने की थी। जिले का क्षेत्रफल 22,850 वर्ग किलोमीटर है।

सन् 2001 की जनगणनानुसार स्त्री पुरुष लिंगानुपात 907 : 1000 है। यहाँ की कुल जनसंख्या 28,86,505 है। ग्रामीण क्षेत्रीय जनसंख्या 66.15% तथा शहरी क्षेत्र में 33.85% है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति क्रमश : 15.81% एवं 2.76% है।

इस जिले में सत्र 2013-14 में पुरुष साक्षरता दर 72.96% एवं महिला

साक्षरता दर 38.64% है। ग्रामीण क्षेत्र में 46.21% तथा शहरी क्षेत्र में 75.54% है।

जिले में माध्यमिक स्तर पर कुल 162 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में से 15 राजकीय माध्यमिक बालिका विद्यालय है। अनुदानित माध्यमिक बालिका विद्यालय एक तथा गैर अनुदानित माध्यमिक बालिका 11 है। इस प्रकार माध्यमिक स्तरीय कुल 389 विद्यालयों में से 27 बालिका विद्यालय है। उच्च माध्यमिक स्तर पर कुल 106 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में से 23 बालिका विद्यालय है। अनुदानित बालिका विद्यालय 3 तथा एवं गैर अनुदानित विद्यालय 7 है। इस प्रकार कुल 201 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में से 33 उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय है।

जोधपुर जिले में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के 3 अध्ययन केन्द्र शहरी क्षेत्र में स्थित हैं।

जोधपुर जिला देश भक्ति साहस, त्याग, संस्कृति तथा विकास के लिए सदा गौरवाशाली रहा है। तथा अपने कलात्मक एवं नैसर्गिक सौन्दर्य के कारण धोरो के मरुस्थल का प्रवेश द्वारा कहे जाने वाले इस जिले की राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में बालिका नामांकन सम्बन्धी प्रदत्तों को सारणी 1 में प्रस्तुत किया है।

सारणी 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

माध्यमिक स्तर पर संवर्गवार बालिका नामांकन प्रवृत्ति – राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यमिक स्तर पर रक्षा संवर्ग में बालिका नामांकन सत्र 2005-06 से सत्र 2009-10 तक (सत्र 2008-09 के अतिरिक्त) यथावत होने के उपरान्त आगामी सत्र में नगण्य 0.9% (कुल 111 विद्यार्थियों में से 1 बालिकाएँ) रहा है। तथा सत्र 2011-12 में यह शून्य दृष्टव्य है। तत्पश्चात् सत्र 2012-13 से सत्र 2014-15 तक नामांकन प्रतिशत आंशिक विचलन के साथ स्थिर बना हुआ है। सत्र 2005-06 में बालिका नामांकन सर्वाधिक 3.9% (कुल 52 विद्यार्थियों में से 2 बालिकाएँ) रहा है। सत्र 2005-06 की तुलना में सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन 2.1% कम हुआ है। अत: कहा जा सकता है कि बालिका नामांकन प्रतिशतता प्रवृत्ति अधोगामी दृष्टिगोचर है।

मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जाति में बालिका नामांकन सत्र 2005-06 से सत्र 2008-09 तक स्थिर, तत्पश्चात् आगामी सत्र में 1.3% की गिरावट दिखाई दी है। सत्र 2010-11 की तुलना में सत्र 2011-12 में नामांकन प्रतिशत में 2.4% की वृद्धि तथा 2012-13 से सत्र 2014-15 तक नामांकन में सतत् गिरावट दृष्ट्व्य है। सत्र 2014-15 में सर्वाधिक न्यूनतम बालिका नामांकन 3.6% (कुल 168 विद्यार्थियों में से 6 बालिकाएँ) रहा है एवं सत्र 2011-12 में सर्वाधिक बालिका नामांकन 9.6% (कुल 124 विद्यार्थियों में से 12 बालिकाएँ) है। सत्र 2005-06 की तुलना में सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन में 2.2% कमी हुई है। स्पष्टत: कहा जा सकता है कि बालिका नामांकन प्रतिशतता प्रवृत्ति अधोगामी दृष्ट्व्य है। है।

मुक्त विद्यालयी शिक्षा में सामान्य संवर्ग के अन्तर्गत बालिका नामांकन सत्र 2005-06 से सत्र 2012-13 तक यथावत रहने के उपरान्त आगामी सत्र में इसमें 4.7% की वृद्धि दिखाई दी है। सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन प्रतिशत सर्वाधिक 35.2% (कुल 168 विद्यार्थियों में से 59 बालिकाएँ) रहा है। सत्र 2005-06 के सापेक्ष सत्र 2014-15 में नामांकन प्रतिशतता में 6.3% वृद्धि हुई है। अत: कहा जा सकता है कि बालिका नामांकन प्रतिशतता प्रवृत्ति ऊर्ध्वगामी दृष्टिगोचर है।

पश्चिमी दिशा में जोधपुर जिले की सीमा जैसलमेर से होती हुई पाकिस्तान की सीमा तक जाती है। अत: जिले में वायु सेना के सैनिक एयर फोर्स क्षेत्र में तथा बनाड छावनी में आर्मी के जवान रहते है। वायु सेना व थल सेना की यहाँ पर अलग-अलग यूनिट बनी हुई हैं। इन सभी यूनिट को केन्द्रीय सरकार के द्वारा विशेष सुविधाएँ प्रदान की जाती है। जिसके कारण इस संवर्ग की बालिकाएँ इन क्षेत्रों में रहते हुए इन विशेष सुविधाओं का लाभ उठा रही होगी तथा अपनी माध्यमिक शिक्षा प्राप्त कर रही होगी।

जिले में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 15.81% है जो कि कुल जनसंख्या के सापेक्ष बहुत कम है। अत: इस संवर्ग की बालिकाओं का मुक्त विद्यालयी शिक्षा में वास्तविक नामांकन कम होना उचित होगा।

जोधपुर जिले में मुख्यत: खरीफ की फसल में बाजरा, मोठ, ग्वार, तिल, मूंग, ज्वार, मिर्च, कपास, मक्का तथा रबी की फसल में गेहूँ, चना, जौ, जीरा, सरसों की खेती होती है। जीरा उत्पादन अत्यधिक होने के कारण जिले में गुजरात की ऊंझा मण्डी के पैटर्न पर जीरा मण्डी बनी है। सामान्य संवर्ग की बालिकाओं का कृषि व इससे सम्बन्धित कार्यो में सहयोग रहता है। फलस्वरूप वह अपने अध्ययन हेतु अधिक समय नहीं निकाल पाती है। अत: समय की नियमितता न होने के कारण इस संवर्ग की बालिकाओं को मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान आकर्षित कर रहा होगा।

माध्यमिक स्तर पर क्षेत्रवार बालिका नामांकन प्रवृत्ति – राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र में बालिका नामांकन में सत्र 2005-06 से सत्र 2010-11 तक (सत्र 2008-09 को छोड़कर) आंशिक विचलन के साथ स्थिर है। तथा सत्र 2011-12 की तुलना में सत्र 2012-13 में नामांकन 0.9% बढ़ा है। सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन सर्वाधिक 37.6% (कुल 168 विद्यार्थियों में से 63 बालिकाएँ) हैं। सत्र 2005-06 के सापेक्ष सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन प्रतिशतता में 8.8% वृद्धि हुई है। अत: कहा जा सकता है कि बालिका नामांकन प्रतिशतता प्रवृत्ति ऊर्ध्वगामी दृष्ट्व्य है।

मुक्त विद्यालयी शिक्षा में शहरी क्षेत्र में बालिका नामांकन प्रतिशत सत्र 2005-06 से सत्र 2010-11 तक (सत्र 2009-10 को छोड़कर) नामांकन प्रतिशत यथावत है तथा सत्र 2011-12 में इसमें 2.6% की कमी दिखाई दी है। तदुपरान्त सत्र 2012-13 की तुलना में सत्र 2013-14 में नामांकन प्रतिशत में पूर्व सत्र के अनुरूप 6.1% दृष्ट्व्य है। सत्र 2014-15 में सर्वाधिक न्यूनतम नामांकन 3.6% (कुल 168 विद्यार्थियों में से 6 बालिकाएँ) है। सत्र 2005-06 में अधिकतम बालिका नामांकन 9.7% (कुल 52 विद्यार्थियों में से 5 बालिकाएँ) रहा है। सत्र 2005-06 के सापेक्ष सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन प्रतिशतता में 6% कमी दृष्टिव्य है। अत: कहा जा सकता है कि बालिका नामांकन प्रतिशतता प्रवृत्ति अधोगामी दृष्ट्व्य है।

जोधपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में विश्नोई सम्प्रदाय के परिवार अधिक निवास करते है। इन परिवारों का मुख्य व्यवसाय अफीम की खेती, उसकी तस्करी तथा पशुपालन करना है। अन्य परिवारों के द्वारा बादले (मेटल की सुराही पर शनील चढ़ाया जाता है।) लाख का सामान, एल्यूमिनियम के खिलौने व सजावटी वस्तुएं तथा जोधपुर चित्र शैली, जिसमें प्रमुख रूप से भूमल निहालदे, ढोला मारु, कल्याण रागिनी, दरबारी जीवन, राजसी ठाठ, मारु के टीले, इत्यादि चित्रों को बनाते समय पीले रंग को प्रधानता दी जाती

है। इन सभी खिलौने, सजावटी वस्तुएं, चित्र शैली बादलें इत्यादि को बनाने में तथा रंगों के संयोजन व चयन करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। जिसमें कि महिलाओं व बालिकाओं की अहम् भूमिका होती है। अत: इन परिवारों की बालिकाओं की शिक्षा पर पूर्ण ध्यान नहीं दिया जाता है। किन्तु फिर भी वे बालिकाएँ जो कि इन परम्परागत कुटीर उद्योगों में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहती है वह राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में नामांकित होकर शिक्षा द्वारा अपनी सृजन क्षमता को उन्नत कर लाभान्वित हो रही होगी।

जिले में अनुदानित माध्यमिक बालिका विद्यालय एक तथा गैर अनुदानित 11 है। एवं राजकीय माध्यमिक बालिका विद्यालय कुल 15 है। अधिकांश बालिका विद्यालय शहरी क्षेत्र में स्थित होंगे। फलत: इन विद्यालयों की भव्य इमारतें व आकर्षक सुविधाओं से आकर्षित होकर शहरी क्षेत्र की बालिकाएँ इस प्रकार के विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त करने में अधिक रुचि रखती होगी।

जोधपुर जिले में माध्यमिक स्तर पर कुल बालिका नामांकन प्रवृत्ति – राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में संवर्ग एवं क्षेत्रवार, माध्यमिक स्तर पर कुल बालिका नामांकन प्रवृत्ति के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि 2005-06 से सत्र 2014-15 तक नामांकन प्रतिशत में घटाव एवं बढ़ोतरी के साथ विचलन दृष्ट्व्य है तथा सत्र 2014-15 में सर्वाधिक बालिका नामांकन 41.1% रहा है तथा सत्र 2005-06 के सापेक्ष सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन प्रतिशतता में 2.6% वृद्धि हुई हैं।

समेकन (Conslidation)– समग्र रूप से राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में इस जिले की बालिका नामांकन प्रवृत्ति के संदर्भ में कहा जा सकता है कि राजस्थान नहर परियोजना से कृषि की पैदावार अच्छी है। वहीं हस्तशिल्प (बंधेज, बादले, एल्ज्यूमिनियम के खिलौने आदि) से तैयार उत्पाद के अच्छे बाजार ने जिले में प्रति व्यक्ति आय को बढ़ावा दिया है। जिससे निवेश का उचित प्रतिफल मिलने के कारण अनेक वृहत, लघु एवं माध्यम उद्योगों की स्थापना हुई है। फलत: विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की वृद्धि हुई है व मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की ओर बालिकाएँ आकर्षित हुई हैं। जिले में मुक्त विद्यालयी शिक्षा के तीन अध्ययन केन्द्रों के शहरी क्षेत्र में उपलब्ध होने के कारण कम दूरी एवं आसान पहुँच वाले अध्ययन केन्द्रों तक बालिकाओं के पहुँचने में सरलता हुई हैं। अत: माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं की नामांकन प्रतिशतता बढ़ी है।

आबादी के लिहाज से राजस्थान में दूसरा स्थान रखने वाले इस जिले में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के मात्र 3 अध्ययन केन्द्र होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं ने शैक्षिक अवसरों का पर्याप्त लाभ उठाया है। जो बालिकाओं की शैक्षिक सजगता को प्रकट करता है किन्तु संभवत: रक्षा संवर्ग की बालिकाओं को सरकार द्वारा दी जा रही विशेष सुविधाओं के कारण तथा अनुसूचित जनजाति संवर्ग बालिकाओं में शैक्षिक जागरुकता एवं मुक्त विद्यालयी शिक्षा के प्रति व्यापक दृष्टिकोण की कमी होने के कारण इन दोनों संवर्गों की बालिकाओं की नामांकन प्रतिशतता अत्यन्त कम है। माध्यमिक स्तर पर सामान्य संवर्ग, ग्रामीण क्षेत्र में बालिका नामांकन प्रतिशतता अधिक दृष्ट्व्य है। संभवत: जिले में खुली शिक्षा प्रणाली के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अध्ययन केन्द्रों की संख्या में बढ़ोतरी करने पर माध्यमिक स्तर पर बालिका नामांकन में वृद्धि की जा सकती है।

राजस्थान की सूर्य नगरी व मरुस्थल का प्रवेश द्वार कहा जाने वाला यह जिला राजस्थान का सबसे बड़ा संभाग है। यहाँ राज्य की कुल आबादी लगभग 5.10% जनसंख्या निवास करती हे। जिले में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में बालिकाओं की माध्यमिक शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता होने के बावजूद भी कुल विद्यार्थियों की तुलना में बालिकाओं का नामांकन 50% से भी कम होना इस ओर संकेत करता है कि यह बालिकाएँ सामाजिक व पारिवारिक कारणों से माध्यमिक शिक्षा का लाभ नहीं उठा पा रही है। अत: इन बालिकाओं को और अधिक जागरुक बनाकर इन्हें राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के लिए और अधिक प्रेरित करने की आवश्यकता है।

उच्च माध्यमिक स्तर पर संवर्गवार बालिका नामांकन प्रवृत्ति – राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में उच्च माध्यमिक स्तर पर रक्षा संवर्ग में बालिकाओं का नामांकन प्रतिशत सत्र 2005-06 में 2.7% रहा, तत्पश्चात् आगामी दो सत्रों में नामांकन प्रतिशत यथावत है। तथा सत्र 2011-12 में सत्र 2014-15 तक बालिका नामांकन प्रतिशत में 1.1% की कमी के उपरान्त अन्तिम सत्र में यह नगण्य 0.8% दृष्ट्व्य है। सत्र 2008-09 में बालिका नामांकन प्रतिशत सर्वाधिक 3.6% (कुल 7 विद्यार्थियों में से 2 बालिकाएँ) रहा है। सत्र 2005-06 के सापेक्ष सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन प्रतिशत में 1.9% की कमी हुई हैं। स्पष्टत: कहा जा सकता है कि बालिका नामांकन प्रतिशतता प्रवृत्ति अधोगामी है।

मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में उच्च माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जाति में बालिका नामांकन प्रतिशतता सत्र 2005-06 की तुलना में सत्र 2008-09 में आंशिक वृद्धि 0.8% दिखाई दी है। तत्पश्चात् सत्र 2009-10 से सत्र 2012-13 तक बालिका नामांकन 6.3% की बढ़ोतरी के साथ यथावत् दृष्ट्व्य है। न्यूनतम बालिका नामांकन सत्र 2014-15 में 4.9% (कुल 132 विद्यार्थियों में से 6 बालिकाएँ) रहा है। सत्र 2005-06 के सापेक्ष सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन प्रतिशत में 2.2% की गिरावट दिखाई दी हैं। स्पष्टत: कहा जा सकता है कि बालिका नामांकन प्रतिशतता प्रवृत्ति अधोगामी दृष्ट्व्य है।

खुली शिक्षा प्रणाली में उच्च माध्यमिक स्तर पर सामान्य संवर्ग के अन्तर्गत बालिका नामांकन प्रतिशतता सत्र 2005-06 से सत्र 2009-10 में आंशिक विचलन के साथ स्थिर है। तत्पश्चात् सत्र 2010-11 में 3.3% की वृद्धि दिखाई दी है। सत्र 2011-12 से सत्र 2005-06 तक बालिका नामांकन में आंशिक विचलन तथा आगामी सत्रों में निरन्तर वृद्धि दिखाई दी है। सत्र 2014-15 में सर्वाधिक नामांकन 47.7% (कुल 132 विद्यार्थियों में से 63 बालिकाएँ) है एवं सत्र 2012-13 के सापेक्ष सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन प्रतिशतता में अत्यधिक वृद्धि 14.4% दिखायी दी हैं। अत: कहा जा सकता है कि बालिका नामांकन प्रतिशतता प्रवृत्ति ऊर्ध्वगामी दृष्टिगोचर है।

जोधुपर जिले में केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संवर्ग की बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सुविधा दी गई है। जिसके अन्तर्गत इस जिले में एयर फोर्स सेन्ट्रल स्कूल तथा आर्मी सेन्ट्रल स्कूल लगभग 10 है। नौकरी में स्थानान्तरण अधिक होने के कारण यह अभिभावक बालिकाओं को इन विद्यालयों में शिक्षा दिलवाना अधिक पसन्द करते होंगे।

जिले में अनुसूचित जाति के परिवार अधिकांशत: ग्रामीण पिछड़े क्षेत्रों में निवास करते है। इस संवर्ग के परिवारों की अफीम की खेती, शराब बनाना व बेंचना तथा कचरा चुगने इत्यादि कार्यों पर अत्यधिक निर्भरता होती है।

जिसके कारण इनकी प्रति व्यक्ति आय भी कम है। अत: इन परिवारों की बालिकाओं की शिक्षा पर पूर्ण ध्यान नहीं दिया जाता है। तथा आर्थिक व सामाजिक कारणों से सभी बालिकाएँ मुक्त विद्यालयी शिक्षा का लाभ नहीं उठा पाती होगी।

जिले में सर्वाधिक जनसंख्या सामान्य संवर्ग की है। अधिकांश परिवार जोधपुरी कोट पेन्ट बनाने, जोधपुरी साफा बनाने व बांधने, बंधेज की साड़ियों की रंगाई करने तथा चमड़े से निर्मित मोजड़ी (जूतियाँ), डूंगरशाही ओढ़नी बनाने इत्यादि परम्परागत उद्योगों से जुड़े हुए हैं। संभावना व्यक्त की जा सकती है कि सामान्य संवर्ग की वे बालिकाएँ जो कि इन उद्योगों के द्वारा परिवार की आर्थिक रूप से सहायता कर रही है वह नियमित अध्ययन नहीं कर सकने के कारण राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में नामांकित होती होगी।

उच्च माध्यमिक स्तर पर क्षेत्रवार बालिका नामांकन प्रवृत्ति – राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में उच्च माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र में बालिका नामांकन प्रतिशत सत्र 2005-06 की तुलना में सत्र 2008-09 में 7.3% की वृद्धि तथा आगामी सत्र में आंशिक कमी दिखाई दी है। सत्र 2011-12 में पूर्व सत्र 2008-09 के समरूप बालिका नामांकन 35.3% दृष्ट्व्य है एवं सत्र 2012-13 से सत्र 2014-15 तक बालिका नामांकन प्रतिशतता में निरन्तर बढ़ोतरी दृष्टिगोचर है। सत्र 2014-15 तक नामांकन प्रतिशतता सर्वाधिक 50.0% (कुल 132 विद्यार्थियों में से 66 बालिकाएँ) रही है। तथा सत्र 2005-06 के सापेक्ष सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन प्रतिशतता में 22.2% की वृद्धि हुई है। अत: स्पष्टत: कहा जा सकता है कि बालिका नामांकन प्रतिशतता प्रवृत्ति ऊर्ध्वगामी दृष्टिगोचर हैं।

मुक्त विद्यालयी शिक्षा में शहरी क्षेत्र में उच्च माध्यमिक स्तर पर बालिका नामांकन में सत्र 2005-06 से सत्र 2009-10 तक (सत्र 2008-09 को छोड़कर) स्थिर तत्पश्चात् सत्र 2010-11 में नामांकन में 4.5% की कमी दिखाई दी है। सत्र 2011-12 की तुलना में सत्र 2012-13 में बालिका नामांकन 1.6% कम होने के उपरान्त अन्तिम सत्र 2014-15 में न्यूनतम 3.0% (कुल 132 विद्यार्थियों में से 4 बालिकाएँ) हैं। तथा सत्र 2009-10 में बालिका नामांकन सर्वाधिक 11.4% (कुल 61 विद्यार्थियों में से 7 बालिकाएँ) रहा है। सत्र 2005-06 के सापेक्ष सत्र 2014-15 में नामांकन प्रतिशतता में (8.2%) कमी दिखायी दी है। अवलोकन से स्पष्ट होता है कि बालिका नामांकन प्रतिशतता प्रवृत्ति शहरी क्षेत्र में अधोगामी दृष्टव्य हैं।

सर्वाधिक परती भूमि तथा विभिन्न प्रकार के बालूका स्तूप वाले इस जिले के खारिया खंगार कस्बे में सफेद सीमेन्ट का राज्य का सबसे बड़ा करखाना हैं यहाँ ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश परिवारों के सदस्य कार्य करते हैं। विभिन्न उद्योगों के साथ-साथ यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है। राजस्थान नहर परियोजना से जिले में सिंचाई की अच्छी व्यवस्था है। जिसके फलस्वरूप यहाँ बाजरा 5000 हेक्टेयर भूमि में उत्पादित होता है। साथ ही ग्वार, मोठ,तिल, मूंग, कपास आदि की भी अच्छी पैदावार होती है। गरिमा गुप्ता (शून्य गुरुत्वाकर्षण वाली फ्लाइट में जीरो ग्रेविटी प्रयोग करने वाली), कु समता शर्मा (चमड़े पर स्वर्ण नक्काशी के लिए प्रसिद्ध), गवरी बाई (साढी मांड गायिका) तथा जमीला बानू (राजस्थान की प्रसिद्ध गायिका) जैसी महान विभूतियों के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में भी बालिका शिक्षा के प्रति जागरुकता आयी है। तथा ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश बालिकाएँ विभिन्न कार्यों में व्यस्त होते हुए भी राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने की चाह रखती होगी। अत: यह बालिकाएँ मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में नामांकित होकर उच्च माध्यमिक शिक्षा का लाभ उठा रही होगी।

ग्रामीण जनसंख्या बाहुल्य इस जिले में ग्रामीण क्षेत्र में जनसंख्या 66.15% तथा शहरी क्षेत्र में 33.85% है। जिसके कारण मुक्त विद्यालयी शिक्षा में इन बालिकाओं का वास्तविक नामांकन कम है। संभवतया शहरी क्षेत्र की यह बालिकाएँ जिले में स्थिति विभिन्न प्रकार के विद्यालयों में नामांकित होकर उच्च माध्यमिक शिक्षा से लाभान्वित हो रही होगी।

जोधपुर जिले में उच्च माध्यमिक स्तर पर कुल बालिका नामांकन प्रवृत्ति – राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में उच्च माध्यमिक स्तर पर संवर्ग एवं क्षेत्रवार बालिकाओं की नामांकन प्रतिशतता देखने से स्पष्ट होता है कि सत्र 2005-06 से सत्र 2014-15 तक (सत्र 2011-12 से सत्र 2012-13 को छोड़कर) बालिका नामांकन प्रतिशतता में सतत् वृद्धि दृष्टव्य है। सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन प्रतिशतता सर्वाधिक 53.0% है। तथा 2005-06 की तुलना में सत्र 2014-15 में बालिका नामांकन प्रतिशतता में 14.1% की अत्यधिक बढ़ोतरी हुई हैं।

समेकन (Consolidation) – जोधपुर जिले के राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में उच्च माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं की नामांकन प्रवृत्ति के संदर्भ में कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक शिक्षा में बालिकाओं का नामांकन प्रतिशत 50% से अधिक होना जिले में बालिकाओं की शैक्षिक प्रगति का द्योतक है। ग्रामीण क्षेत्र तथा हिन्दी माध्यम में बालिकाओं का नामांकन प्रतिशत उच्च होना जिले में बालिका शिक्षा के विकास का बेहतरीन उदाहरण है। सिंचाई और परम्परागत उद्योगों में निवेश के उत्पादन और आय में इजाफा हुआ है। जिससे बालिकाओं में शैक्षिक जागरुकता तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास हुआ है। अत: यह बालिकाएँ मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान से अधिक से अधिक लाभान्वित होने लगी हैं।

जिले में जनसंख्या 15.81% भाग का निर्माण करने वाली अनुसूचित जाति तथा रक्षा संवर्ग के परिवारों की उन्नति के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है। शैक्षिक संस्थानों और नौकरियों में इन दोनों वर्ग के लिए आरक्षण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न ऋण और अनुदानों की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है। संभवतया इन सभी सुविधाओं के मिलने के कारण अनुसूचित जाति व रक्षा संवर्ग की बालिकाओं का मुक्त विद्यालयी शिक्षा के प्रति आकर्षण कम रहा है। जिले में शहरी क्षेत्र में उच्च माध्यमिक स्तर पर कुल 201 विद्यालयों के होने के कारण इस क्षेत्र की बालिकाएँ इन विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने में अधिक रुचि रखती होंगी। फलत: खुली शिक्षा प्रणाली में इन बालिकाओं का नामांकन प्रतिशत कम दृष्टव्य है।

निष्कर्षत: प्रगतिशील जिला जोधपुर में निवेश हेतु अनुकूल माहौल है। आर्थिक स्तर उन्नत होने के कारण उपभोक्ता बाजार का विस्तार हो रहा है। जिससे सभी क्षेत्रों में रोजगार का सृजन हो रहा है। बालिकाओं को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में उच्च माध्यमिक शिक्षा हेतु पर्याप्त व अनुकूल अवसर उपलब्ध होने से जिले की प्रगति व विकास के लिए मजबूत आधार तैयार हो रहा है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. **आप्टे, प्रभा :** भारतीय समाज में नारी, क्लासिक पब्लिशिंग हाउस, जयपुर, 1996

2. **गोयल, अरूना एवं गोयल, एस.एल.:** डिस्टेन्स एज्युकेशन इन द 21 सेन्चुरी, दीप एण्ड पब्लिकेशन्स प्रा.लि. न्यू देहली, 2001
3. **गुड, सी.वी. :** डिक्शनरी ऑफ एज्यकेशन, मैकग्राव हिल कम्पनी, न्यूर्याक, 1989
4. **तपन नीता :** नीड फॉर एमपावरमेन्ट रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर एण्ड न्यू देहली, 2000
5. **दत्ता, आर, 1987 :** डिस्टेन्स एज्युकेशन वर्सेज ट्रेडीशनल हायर एज्युकेशन : ए फास्ट कम्पैरीज इन बी.एल. कॉल एड ऑल (एडी) स्टेडीज इन डिस्टेंस एज्युकेशन न्यू देहली, ए.आई.यू. एण्ड इग्नू इन ओपन एण्ड डिस्टेंस इन फिफ्थ सर्वे एज्युकेशनल रिसर्च (1988-92) वॉल्यूम-1, एन.सी.ई.आर.टी., न्यू देहली।
6. **प्रधान, सुसान्ता कुमार एण्ड प्रधान प्रतिभा 1997 :** एटीट्यूड टुवर्डस ओपन लर्निंग सिस्टम ए कम्परेटिव स्टेडी ऑफ फॉर्मल लेंन्स, इन जनरल ऑफ एज्युकेशनल रिसर्च, वोल्यूम 34(1) जुलाई-सितम्बर, 1997 बायउड पब्लिशिंग कम्पनी इन्क।
7. **प्रेसर हैरीट वी. एवं सेन गीता :** वूमेन्स एम्पावरमेन्ट एण्ड डेमाग्राफिक प्रोसिस मूविंग बियोंड केयर, वोल्यूम-1, पब्लिशिड ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, प्रेस, 2002
8. **मृदुला 1991 :** इकोनोमिक्स ऑफ द ओपन लर्निंग सिस्टम : कम्परेटिव फास्ट ऑफ हायर एज्युकेशन थ्रो इग्नू पी.एच.डी. एज्युकेशन जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी इन फिफ्थ सर्वे एज्युकेशनल रिसर्च (1988-92), एन.सी.ई.आर.टी. न्यू देहली।
9. **मुखोपाध्याय, एम.एण्ड सुजाता, के. 1988 :** ओपन लर्निंग सिस्टम एट स्कूल लेवल जनरल ऑफ एज्युकेशनल प्लानिंग एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन, इन फिफ्थ सर्वे एज्युकेशन रिसर्च (1988-92) वोल्यूम-1, एन.सी.ई.आर.टी. न्यू देहली।
10. **राव, सुधा के, 1988 :** ओपन लर्निंग सिस्टम : कॉनसेप्ट एण्ड फयूचर : जनरल आूफ एज्युकेशनल प्लानिंग एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन, इन फिफ्थ सर्वे एज्युकेशन रिसर्च (1988-92) वोल्यूम-1, एन.सी.ई.आर.टी. न्यू देहली।

सारणी 1:जोधपुर जिले के एन.आई.ओ.एस. में बालिका नामांकन(बालिका नामांकन कुल नामांकन की प्रतिशतता के रूप में)

कक्षा स्तर		वर्ग	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15
माध्यमिक स्तर	संवर्ग	रक्षा संवर्ग	3.9	3.5	3.8	2.7	3.1	0.9	-	1.4	2.1	1.8
		विकलांग	-	-	-	-	-	-	0.9	1.4	0.7	0.5
		अनु.जाति	5.8	5.4	5.8	5.3	4.0	7.2	9.6	6.3	5.4	3.6
		अनु.ज.जाति	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
		सामान्य	28.9	28.5	28.9	28.0	28.5	28.8	28.2	28.9	33.6	35.2
	क्षेत्र	ग्रामीण	28.8	28.6	28.8	26.7	28.6	27.9	32.3	33.2	34.2	37.6
		शहरी	9.7	9.4	9.6	9.4	7.2	9.1	6.5	5.6	6.1	3.6
उच्च माध्यमिक स्तर	संवर्ग	रक्षा संवर्ग	2.7	2.3	2.7	3.6	3.3	2.3	1.2	1.9	1.0	0.8
		विकलांग	-	-	-	-	-	-	-	1.9	-	-
		अनु.जाति	2.7	2.4	2.7	3.5	9.8	9.8	9.5	9.9	8.2	4.9
		अनु.ज.जाति	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
		सामान्य	33.3	33.5	33.3	33.3	32.8	36.1	34.2	33.4	40.8	47.7
	क्षेत्र	ग्रामीण	27.8	27.6	27.8	35.1	34.4	41.7	35.3	39.3	45.9	50.0
		शहरी	11.2	11.4	11.2	5.3	11.4	6.9	9.5	7.9	4.1	3.0

नोट - सारणी के अवलोकन से स्पष्ट है कि जोधपुर जिले में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर विकलांग, अनुसूचित जनजाति संवर्ग में बालिका नामांकन प्रतिशत शून्य अथवा नगण्य मात्र होने से इन संवर्गों की बालिका नामांकन प्रवृत्ति का पता नही लगाया जा सकता है।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महिला कथाकारों के उपन्यासों में मानवीयता

डॉ. राजेश श्रीवास*

* सहा.प्राध्यापक (हिन्दी) सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महा., नवापारा (राजिम) रायपुर (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना – साहित्य मनाव–मानस की विशिष्ट एवं रमणीय अनुभूति है। 'साहित्य का पहला अंग है –भाव, जिसके लिए कल्पना का योगदान अपेक्षित है, परन्तु कल्पना ऐसे जो अनुभूति के आधार पर निर्मित हो।'[1] इसी यथार्थानुभूति की विशिष्ट व्यंजना करने वाला साहित्यिक रूप–विधान कथा (उपन्यास, कहानी) साहित्य है। इसीलिए इसमें ह्रदय को स्पंदित करने की शक्ति होती है। मानव–चेतना समाज–सापेक्ष हुआ करती है और उपन्यास, कहानी–जो मानव चेतना का संवाहक है–नितांत समाज–निरपेक्ष हो ही नही सकता, वह तो जीवन की परिकल्पनात्मक अभिव्यक्ति है, जिसके द्धारा जीवन के सौंदर्यात्मक और आनंदात्मक पक्ष का उद्धाटन होता है। 'साहित्य के सृजन में साहित्यकार के संस्कार, पारिवारिक वातावरण उसके मानस–पटल पर अंकित प्रभाव तथा इस प्रभाव के द्धारा निर्मित विचारधारा और मान्यताओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है।'[2] क्योंकि किसी भी साहित्यकार का जीवन तथा साहित्य संस्कार, अनुभूतिजन्य मान्यताओं एवं विचारधाराओं का उनके साहित्य पर अवश्य प्रभाव पड़ता है। इसीलिए किसी भी साहित्यकार के साहित्य को समझने के लिए उसके जीवन एवं व्यक्तित्व से भली–भाँति परिचित होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि उसका संपूर्ण जीवन किसी न किसी रूप में उसकी रचनाओं में अवश्य प्रतिबिम्बित होता है।

आज के संघर्षशील, यथार्थवादी युग में जीने वाली नारी का दृष्टिकोण उसके पारिवारिक एवं सामाजिक परिपेक्ष्य में परखने के लिए समाज और परिवार को लेकर पनपी अभिनव मान्यताओं की चर्चा कर लेना युक्तिसंगत होगा। भारतीय समाज की संरचना आदिकाल से पुरूषप्रधान रही है। मातृप्रधान समाज के दर्शन यदा–कदा ही मानव–इतिहास में होते है। परन्तु समय परिवर्तनशील होता है और साहित्य के क्षेत्र में सदा ही परिवर्तित समय की प्रतिच्छवि अंकित की जाती रही है। स्वतंत्रता–पूर्व तक के हिंदी कथा–साहित्यों में नारी को घर की चहारदीवारी में सीमित रखकर समाज में उसकी महत्ता, पुरूष सापेक्ष चित्रित की गई। स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत देश की सामाजिक व आर्थिक, राजनीतिक तथा धार्मिक परिस्थितियों में उल्लेखनीय परिवर्तन आये हैं। आज परिवार एवं समाजविषयक अनेक प्राचीन मान्यताएँ टूटती जा रही है और उनका स्थान नयी मान्यताएँ लेती जा रही है। आधुनिक कथा–साहित्य की विधा इस नवीनता और प्राचीनता के संधि–स्थल की ओर संकेत करने में सतत गतिमान है। पारिवारिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य में नारी की मानसिकता को विविध रूपों में रेखांकित करने की चेष्टा आलोच्य वर्षो के उपन्यास–कहानियों में परिलक्षित होती है। विगत दो से तीन दशकों का समय नारी की पारिवारिक और सामाजिक मान्यताओं में होने वाले परिवर्तनों का काल रहा है। वैसे तो यह परिवर्तन स्वतंत्रता संघर्ष के समय से ही दृष्टिगोचर होने लगा था। किन्तु पाँचवे दशक के उपरांत देश के सामाजिक गतिविधियों में बड़ी तेजी से परिवर्तन आया, जो नारी सशक्तिकरण का दौर था। यही वह समय था, जब महिला कथाकारों ने अपने जीवन की विभिन्न घटनाओं, दुखः, दर्द, पीड़ा, संत्रास, कुंठा, घरेलू अत्याचार जैसी अमानवीय घटनाओं पर खुलकर समाज के सम्मुख अपने उपन्यास, कहानियों के माध्यम से बात रखने की साहस की। और अपने अनुभूति की प्रखर अभिव्यक्ति में वे काफी सीमा तक आज सफल भी हो सकी। उन महिला कथाकारों में –महादेवी वर्मा, मन्नू भण्डारी, ममता कालिया, अमृता प्रीतम, कृष्णा सोबती, शिवानी, उषा प्रियंवदा, मैत्रेयी पुष्पा, चित्रा मुद्गल, मधु कांकरिया, मृदुला गर्ग, डॉ. उर्मिला शुक्ल, डॉ. जया जादवानी, श्रद्धा थवाईत, शुभ्रा ठाकुर, डॉ. नलिनी श्रीवास्तव आदि जैसे साहित्यकारों ने परिवार, समाज में घुट रही नारी आवाज को बुलंद की। इस प्रकार आधुनिक महिला कथाकारों की लेखनी ने नारी के उस रूपाभाव को उजागर किया है जो अंधेरी बंद कमरे में सिसक रही थी। महादेवी वर्मा का नारी चिंतन व लेखन नारी वेदना और आत्म–पीड़ा की अभिव्यक्ति के साथ इसीलिए शिक्षा पर भी जोर देता है। महादेवी वर्मा नारी के अधिकारों के प्रति हमेशा सजग व पक्षधर रही है। उन्होंने हमेशा नारी के सम्मान और बराबरी के अधिकारों के लिए पुरजोरता से आवाज उठाई है। नारी अधिकारों पर अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहती है कि 'हमें न किसी पर जय चाहिए, न किसी से पराजय, न किसी पर प्रभुता चाहिए, न किसी का प्रभुत्व। केवल अपना वह स्थान, वे स्वत्व चाहिए जिनका पुरूषों क निकट कोई उपयोग नही है, परन्तु जिनके बिना हम समाज का उपयोगी अंग नही बन सकेंगी।'[3] महादेवी वर्मा ने नारी के शिक्षित होने पर बल दिया है। उनका मानना है कि नारी को यदि सम्मान जनक स्थान प्राप्त हो सकता है तो शिक्षा के माध्यम से ही।

समकालीन परिवेश में न सिर्फ नारी के संघर्षो, चुनौतियों को व्यक्त किया है बल्कि उसकी संवेदनाओं से गहरे जुड़ते हुए नारी मन में विश्वास की रोशनी से सराबोर करने का प्रयास हुआ है। मन्नू भण्डारी के कथा साहित्य में चित्रित नारी आज समाज की संरचना में पुरूष के समकक्ष होने का दावा करती है। 'एक इंच मुस्कान' उपन्यास की रंजना मध्यकालीन भारतीय नारी की मानसिकता में जीने वाली नारी है। संपूर्ण निष्ठा के साथ प्यार समर्पण करना अपना दायित्व समझती है। प्रतिदान स्वरूप पति का संपूर्ण प्यार पाना अपना अधिकार मानना रंजना की स्वभावगत विशेषता है। वह सुशिक्षित एवं सुन्दर है। सामान्य परिवार का होकर भी अपने परिक्षम से

कॉलेज में प्राध्यापिका है और अपनी आर्थिक स्वतंत्रता के साथ-साथ सामाजिक स्वतंत्रता का निर्णय भी स्वंय लेती है। वह अपना जीवनसाथी अमर को बना चुकी है। घरवालो की किसी प्रकार की बाधा अपने विवाह के संबंध में अस्वीकार है। परन्तु अमर की महिला मित्र अमला को लेकर अंतिम सीमा तक विरोध बढ़ जाती है। और बात टुट कर ही रहती है। यहाँ रंजना एक साहसी एवं स्वतंत्र निर्णय लेने वाली नारी के रूप में उपस्थित होती है। जिस साहस के साथ उसने अमर के लिए पिता का घर त्याग दिया था, उसी साहस के साथ अपने प्यार एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए अमर का भी परित्याग करके चली जाती है। अमर उसकी मानसिकता की व्याख्या करता हुआ कहता है-'उसने शुरू से ही अपने आस-पास देखा है कि पति नौकरी करता है। इसके बाद दोनों या तो कहीं घुमने, सिनेमा चले जाते है या किसी को बुला लेते है। .....अब उसे न मेरे मित्र पसंद है न मेरा व्यवहार, न मेरी दिनचर्या। मेरे पुरूष मित्र उसे पसंद नही है और महिला-मित्रों से वह ईर्ष्या करने को विवश है.....दूसरे पति के महिला-मित्रों से ईर्ष्या करने की परम्परा है। वह तो साफ कहती है यह मित्र क्या चीज है ? या तो पत्नी होती है या बहन-भाभी।'[4] रंजना, अमर को संपूर्ण मन की गहराई से प्रेम करती है परन्तु जिस क्षण इस निष्ठा में व्याघात अनुभव करती है किसी साहसी नारी की तरह-अपना मार्ग स्वयं तय कर नये जीवन पथ पर बढ़ जाती है।

सूक्ष्म संवेदनशीलता के धरातल पर नारी का वास्तविक मन अपनी पूरी गहराई के साथ शिवानी के उपन्यास 'कृष्ण कली' में चित्रित हुआ है। नारी-मन की गहरी पकड़ शिवानी में है, और वे अपनी सजग दृष्टि से परिवेश को यथार्थ के धरातल पर अंकित करने में सक्षम है। 'कृष्ण कली' में शिवानी ने नारी की मानसिकता को आंतरिक एवं बाह्य धरातलों पर बड़ी सूक्ष्मता से चित्रित किया है। उपन्यास में अवचेतन की रहस्यात्मकता की थाह पाने के लिए शिवानी का नारी-मन सदैव सचेत रहा है। उपन्यास में एक ओर जहाँ रोमांस से ओत-प्रोत, स्नेह ओर ममता से भीगी हुई नारी का चित्रण है तो दूसरी ओर मानसिक वृत्तियों की जटिलता से जूझती नारी का भी सशक्त चित्रण है। कृष्ण कली, उपन्यास की प्रमुख नारी-पात्र है। 'कली' का जन्म और परवरिश दोनों ही अस्वाभाविक परिस्थितियों में हुए है जिसका कुप्रभाव कली के मानस पर गहरे पड़ता है। कली के चरित्र की ये दुर्बलताएँ कुछ तो उसकी आत्मकुंठा का परिणाम थी कुछ उसे अपनी जन्मदात्री से विरासत में भी मिली थी। कली अपनी विद्रोहणी नारी को लिए अपने अन्तस् की ज्वाला से सारे संसार को फूँकना चाहती थी, संसार के लिए 'बुरी लड़की' बनना अपनी नियति मानने को उसका निष्कलुष हृद्य तैयार नहीं होता, इसे भूलने के लिए वह मसान साधती है, गांजा चरस पीती है, हिप्पियों की गाईड बन उनकी प्रमोद-लीला की प्रेरणास्त्रोत बनती है। कली का मादक सौन्दर्य किसी को वासना की आग में झुलसा देने वाला है तो किसी के संतप्त हृदय पर शीतल प्रलेप का कार्य करता है। अपने अधिकारी शेखरन को वह रहस्यमयी ढंग से अनेक रूपों में प्रभावित करने की कोशिश करती है, परन्तु यह कली का दुर्भाग्य था कि पुरूष की लोलुप दृष्टि ने उसमें मादक सौन्दर्य को ही देख सकी, उसकी भूखी आत्मा को कभी नही देखा। इस संदर्भ में कली सोचती है -'क्या कभी भी कोई उसके अन्तर की व्यथा को नही जान पायेगा ? कोई मुग्ध दृष्टि से उसकी बड़ी-बड़ी आँखों को ही देखता रहता है, कोई निर्लज्ज दृष्टि का अदृश्य भाला उसके सुडौल वक्ष के आर-पार भेदकर उसकी वैकलैस चोली के बंधन शिथिल कर देता है। जितने भी लोलुप पुरूष, उतनी ही विभिन्न-विभिन्न दृष्टियाँ। पर क्या आज तक एक भी दृष्टि में उसे सच्चे-निश्छल स्नेह की ऐसी झलक मिल सकी है।'[5] यही निश्छल स्नेह की प्यास कली को दर-ब-दर भटकाती है। इस भटकाव का अंत प्रवीर के मोहपाश में पड़कर होता है। प्रवीर कली का सिद्धि-सोपान सिद्ध होता है। वह उसके समक्ष अपने हृदय की समस्त पवित्रता से आत्मा का दुख उड़ेल देती है। कली का अतीत गर्व करने लायक नहीं है, इस कारण वर्तमान का ऐश्वर्य भी उसे अतीत की घृणास्पद स्थिति में उबरने नही देता। यही कली की विडम्बना है। कली का आरंभ जितना वीभत्सता लिये था, अन्त उतना ही कारूणिक होता है।

'सूरजमुखी अंधेरे के' में कृष्णा सोबती ने एक ऐसी लड़की (रत्ती) के अनुभवों की कहानी कही है जो बचपन में बलात्कार की शिकार हो जाती है। इस दुर्घटना के परिणाम स्वरूप वह अपने आस-पास के परिवेश को अपने प्रतिकूल पाती है। रत्ती के मनोमस्तिष्क में एक बद्धमूल मानसिक ग्रंथि है, जिसमें वह पूरी तरह गिरफ्तार है -'वह तीव्र इच्छा से भर उठती है और हताश हो अपने में ही लौट आती है। अपने से टकराती है, संघर्षरत होती है। लड़ाई लड़ती है कही बाहर नही, बाहरी शक्ति से नही, अपने से ही-गहरे में कही भीतर-अपनी ही मानसिक ग्रंथि से जिसके कारण वह सिर्फ एक चिथड़ा है जिससे वह एक बार भी समुची औरत नही बन पाती। हर बार कहीं पहूँच सकने की न मारने वाली चाह और हर बार वीरान वापसी अपनी ओर।'[6] कैशी उससे कहता भी है हमेशा अपने से अपने अन्दर लड़ने का कोई फायदा नहीं। पर रत्ती भीतर की लड़ाई को बाहर नही मोड़ पाती। इस मानसिक पीड़ा से छुटकारा पाने का अहसास रक्तिका को कुछ-कुछ असद भाई से मिलने पर होता है। असद से मिल कर वह असद की अकृत्रिम सहृदयता पा अपने आपकों मानों बदले हुए परिधान में पाती है। असद उसके पुराने खोल से मुक्ति दिलाने की शक्ति जुटाता कि इससे पूर्व ही उसकी अचानक मृत्यु रत्ती को एक बार फिर उसी पुरानी आंतरिक घुटन भोंगने को विवश कर देती है। असद के बाद रोहित, मुकुल, राजन, भानुराव, सुमेर सुब्रामनियम, श्रीपत अनेक पुरूष रत्ती की देह पर घात लगाये दिखाई देते है। प्रेम और सहृदयता का नाम लेकर ये सभी रत्ती की ओर मित्रता का हाथ बढ़ाते है पर तुरंत ही वे उसे बिस्तर पर खींचने को बेताब दिखाई देते है। जब-जब रत्ती किसी पुरूष के संसर्ग में आती है वह एक काला जहरीला क्षण हर बार उसे झपट लेता है और रत्ती काठ हो जाती है। आधुनिक उपन्यास में स्त्री-पुरूष का संबंध भावात्मक धरातल पर ही गहराने की अपेक्षा अब नये आयामों के अनुरूप शारीरिक संपर्कों को लेकर ही अधिक मुखर हुआ है। किन्तु रक्तिका का मानस ही सारे फसाद की जड़ है। 'ममता कालिया' का 'बेघर' संजीवनी को इसीलिए 'बेघर' बनाता है, क्योंकि परमजीत संभोग के क्षणों में अपने को पहला पुरूष नही पाता। पुरूष द्वारा पहला होने की धारणा ही नारी के दुर्भाग्य का कारण बने यह हर स्थिति में आवश्यक नहीं। स्वयं नारी भी अपने आपसे इस लड़ाई में कहीं हारी हुई स्वयं को पाती है। रत्ती, सुब्रामनियम से अपनी इसी बेबसी का इकबाल करती है-'जिसने गरीबी को ओढ़ने के लिए कीमती कपड़े पहने हो, जिसके संबंधो की कोई रियासत न हो-दिखाने के नाम पर एक तेवर तक नही.....।'[7] मानों सारी बेबसी रत्ती की अपनी निर्मित की गई है। इस प्रकार 'सूरजमुखी अँधेरे के' अकेली रत्ती की ही कथा है जिसमें स्त्री के मन को परत-दर-परत उकेरने का प्रयास है। मानवीय-मन की नितांत उलझी हुई चाहत और जीवट भरे संघर्ष का संकेत रत्ती के जीवन का संघर्ष है।

भारतीय नारी की सामाजिक-आर्थिक विषमताओं से जन्मी मानसिक

यंत्रणा का अत्यंत मार्मिक चित्रण उषा प्रियंवदा के उपन्यास 'पचपन खम्भे लाल दीवारें' में देखने को मिलता है। छात्रावास के पचपन खम्भे और उसकी लाल दीवारों के सदृश्य ही अपनी हमचाही उलझनों में कैद सुषमा को एक घुटन का तीखा अहसास होता है। उन उलझनों को सुलझाने के लिए नील जैसा सुलझा हुआ युवक सुषमा के जीवन में सहभागी होने की इच्छा व्यक्त करता है किन्तु सुषमा का अन्तर्मन स्वयं अपनी ही खींची सीमा-रेखाओं में बँधा रहता है। इन परिस्थितयों के बीच जीना ही उसकी नियति बन गई है। आधुनिक नारी-जीवन की भी यही विडम्बना रही है कि वह जिन परिस्थितियों को स्वीकार करने के लिए कतई तैयार नहीं उन्हें ही झेलने की विवशता में उसे जीना पड़ता है। परम्परागत बंधनकारा से मुक्ति पाने की स्थिति का स्पर्श करने का चाव लेकर भी भारतीय नारी ऐसा आत्मसाहस नहीं जुटा पाती। यही उसके चरित्र का भावात्मक पहलू उसे दूसरों की तुलना में अकिंचन बना देता है। सुषमा छोटी बहिन नीरू का विवाह धूमधाम से कराती है और स्वयं नील के प्रणय-निवेदन को ठुकराने के लिए विवश कर दी जाती है।

सुषमा महाविद्यालय में इतिहास विभाग की लेक्चरार तथा गर्ल्स होस्टल की वार्डन है। तैंतीस वर्ष की आयु, अपाहिज पिता, छोटे भाई-बहिन तथा माँ की आर्थिक माँग को पूरा करने के निमित्त कर देती है। जीवन की भाग-दौड़ और आजीविका के प्रश्नों में चुपचाप विलीन हो गये वे वर्ष-और अब तो उसके चारों ओर दीवारें खिंच गई थी, दायित्व की, कुंठाओं की, अपने पद की गरिमा और परिवार की।'' '.....कभी-कभी उसका मन न जाने क्यों डूबने लगता। अपने परिवार का सारा बोझ अपने उपर लिए सुषमा काँपने लगती। तब वह चाह उठती कि दो बाँहें उसे भी सहारा देने को हों। इस नीरवता में कुछ अस्फुट शब्द उसे भी सम्बोधन करें।'[8] नील की सबल बाँहे सुषमा के जीवन की नीरसता को रस-स्निग्ध बनाने के लिए आगे बढ़ती है किन्तु सुषमा की आत्मकुंठा उसे नील पर भरोसा नही करने देती है। सुषमा घर से दूर रह कर गर्ल्स कालेज में पढ़ाने और घर रूपया भेजने में ही अपने जीवन की पूर्णता मानने को विवश है। सुषमा का अन्तर्मुखी व्यक्तित्व आत्मपीड़न में ही सुखानुभव करने का अभ्यस्त बन गया है। नील का संपूर्ण समर्पण भी उसमें साहस नही भर पाता है। अकेलेपन का दर्द उसकी नियति बन गया है। भारतीय समाज की यह स्थिति आज की नही है, बल्कि यह पुरूषवादी सोच का परिणाम है। महिला कथाकारों ने इसीलिए लेखनी से अपनी बात रखकर विकृत समाज में बदलाव लाना चाहती है। मैत्रेयी पुष्पा जी ने भी अपनी रचनाओं में जहाँ एक ओर उत्पीड़न, यातना और अपमान का प्रत्यक्ष चरित्र-चित्रण किया है, वहीं उन्होंने आत्मविश्वास और स्वाभिमान जैसी ऊर्जा को अंतर्मन में बिठाने का भी काम किया है। वे रूढ़िवादी परंपराओं में जकड़े वर्चस्वादी समाज को सोते से जगाने का काम बखूबी करती दिखाई देती है। जीवन को परखती-खंगालती उनकी रचनाएँ सामाजिक रीतियों-कुरीतियों के अनेक पक्षों को अपने में समेटे हुए हैं। मैत्रेयी का 'चाक' उपन्यास ग्रामीण परिवेश में स्त्री चेतना को आख्यायित करता है। उपन्यास की नायिका सारंग है। वह अपनी फुफेरी बहन रेशमा की हत्या से विद्रोह हो उठती है। इस गाँव की औरतें पुरूष, अंह, शील और सतीत्व की रक्षा के नाम पर बलि चढ़ा दी जाती है। इसका वर्णन लेखिका ने इस प्रकार किया है कि-'इस गाँव के इतिहास में दर्ज दस्तानें बोलती है-रस्सी के फंदे पर झूलती रूखमणी, कुएँ में कूदने वाली समदेई, करबन नदी में समाधिस्थ नारायणी-ये बेबस औरतें सीता मईया की तरह 'भूमि प्रवेश' कर अपना शील-सतीत्व की खातिर कुरबान हो गई। ये ही नहीं, और न जाने कितनी.....।'[9] मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासों में ब्राहम्णवादी-सामंतवादी पूँजीवादी, बौद्धिक सोच को तोड़ते हुए वंचित, उत्पीड़ित समूहों-आदिवासी, दलित, पिछड़ी जाति की स्त्रियों के क्षमता कों उन्मुक्त और सक्रिय करने पर बल दिया है। इनके उपन्यासों में स्त्री का संघर्ष दरअसल एक ऐसी समाज व्यवस्था के लिए संघर्ष है जिसमें बराबरी हासिल करने की आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक परिस्थितियाँ मौजूद हो। इसी तरह से चित्रा मुद्गल की उपन्यास 'नाला सोपारा' प्रभा खेतान की 'अन्या से अनन्या' मधु कांकरिया के उपन्यास 'ढलती सांझ का सूरज', मृदुला गर्ग के 'कठगुलाब' साथ ही डॉ. जया वादवानी, डॉ. उर्मिला शुक्ल की कहानियों में भी नारी अस्मिता को लेकर, संघर्ष की आधुनिक समस्याओं को रेखांकित किया गया है।

अत: निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि महिला कथाकारों का साहित्य वर्तमान सामाजिक परिवेश से जूझते व्यक्ति के दुखों का साहित्य है। वह जिन्दगीं के सही अर्थो में जीने का पर्याय बनकर टुकड़ों में बँटी आदमी की जिन्दगी को जोड़ने का प्रयास करता है। रचनाकारों ने समाज के विभिन्न मुद्दों पर अपनी लेखनी चलायी है। इनमें समाज के वे तबके शामिल है जिन्हें सदियों से उपेक्षित तथा शोषित किया जाता रहा है। महिला कथाकारों ने कथा साहित्य समाज में हो रहे बदलाव के लिए जन संघर्ष के प्रति पूर्ण समर्पित है। इस दौर की महिला कथाकार मुक्ति का मार्ग तलाशती आधुनिक स्त्री जीवन के विविध पहलुओं को परत-दर-परत उकेरती नजर आती है। चाहे वह स्त्री की 'आर्थिक स्वायत्तता' का प्रश्न हो, या 'यौन सुचिता' का प्रश्न हो या स्त्री के अन्त: संबंधों का प्रश्न हो, अथवा उनकी स्वतंत्र सत्ता एवं अस्तित्व का प्रश्न हो, चाहे पुरूष के हवस का शिकार होती स्त्री का प्रश्न हो, या आधुनिक स्त्री का प्रतिक्रियात्मक आक्रोश हो। उनकी पीड़ा, त्रासदी, संत्रास तथा संपूर्ण कष्टपूर्ण जीवन को महिला रचनाकारों ने सर्जनात्मक स्तर पर पुरूष-समाज की स्त्री-विरोधी मूल्य-मर्यादाओं, मिथकों, आदर्शो एवं विधि-निषेधों आदि की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें तोड़ने के लिए अपने कथा-साहित्य में अपने मन तथा विचार के अनुकूल 'स्त्री-पात्रों' को गढ़ा है और लेखन में उन्हें प्रस्तुत करने का पूरा प्रयास किया है। जिससे समाज में नवचेतना का संचार हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह, डॉ. त्रिभुवन - हिंदी उपन्यास और यथार्थवाद - पृष्ठ - 31
2. शुक्ला, डॉ. इन्दू - साहित्यकार भागवतीचरण वर्मा - पृष्ठ - 01
3. वर्मा, महादेवी - श्रृंखला की कड़ियाँ, अपनी बाते से - आमुख
4. यादव, राजेन्द्र, मन्नू भण्डारी - एक इंच मुस्कान - पृष्ठ - 192
5. शिवानी, कृष्ण कली -पृष्ठ - 130
6. मोहन, डॉ. नरेन्द्र - आधुनिकता और समकालीन रचना संदर्भ - पृष्ठ - 130
7. सोबती, कृष्णा - सूरजमुखी अँधेरे के - पृष्ठ - 85
8. प्रियंवदा, उषा - पचपन खम्भें लाल दीवारें - पृष्ठ - 26
9. पुष्पा, मैत्रेयी - 'चाक' - पृष्ठ - 07

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महात्मा गाँधी और उनका दर्शन

डॉ. श्रीमती बिन्दू परस्ते*

* सहा. प्रा. (हिन्दी) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री अटल बिहारी वाजपेयी, शा. कला एवं वाणिज्य महा. इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – महात्मा गाँधी ना तो एक दार्शनिक थे जिन्होंने गहन अध्ययन एवं मनन के पश्चात एक सुव्यवस्थित दर्शन प्रस्तुत किया हो ना ही वे एक राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने राजनीति को राजनीति मानकर एक नेता की भूमिका निभाई हो और न ही वे एक संत थे जिन्होंने इस जगत को मिथ्या मानकर अपने को ब्रह्म में लीन कर लिया हो। किंतु अजीब बात है – वे यह सब कुछ न होते हुए भी यही सब कुछ थे। अपने जीवन दर्शन को व्यवस्थित रूप देने का अवकाश नहीं था। फिर भी दार्शनिक मुद्रा में कठोर सिद्धांतों का पालन किया। राजनीतिक राजनीतिज्ञ ना होते हुए भी उन्होंने अपने देश और विदेश की राजनीति से हर क्षण सम्बन्ध रखा। गुफावासी संसार त्यागी संत न होते हुए भी मसीहायी अन्दाज प्रखर रहा। उनका सर्व व्यापी व्यक्तित्व अक्षितिज फैला रहा तथा उनके कृतित्व में मानव जीवन के हर पहलू को सधिकार आत्मसात किया। व्यक्ति, परिवार, समाज, जाति, संस्कार, संपत्ति, भोजन, चिकित्सा, वाणिज्य, कला, विज्ञान, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मानव शास्त्र, मनोविज्ञान, प्रेम, सौन्दर्य, विवाह, ब्रह्मचर्य, पठन–पाठन, भाषण, लेखन, सम्पादन, आंदोलन, अहिंसा, सत्य, ईश्वर, धर्म, नीति, नियम, जीवन, मृत्यु, इन सभी विषयों पर उन्होंने चिंतन किया। लोगों ने उन्हें देखा, सुना, पढ़ा, सहमत असहमत हुए, उनका तीव्र समर्थन किया, उनका घोर विरोध किया किंतु प्रेम और श्रृद्धा उन्हें जितना मिला, उतना विश्व में किसी एक व्यक्ति को नहीं मिला, क्योंकि उनके विरोधी भी उन्हें एक व्यक्ति के रूप में प्रेम करते रहे ।

राजदर्शन के महारथियों का नाम यदि इस संदर्भ में लिया जाए तो प्लेटो के बजाय सुकरात का नाम निश्चय ही सार्थक होगा– मार्क्स नहीं रूसो अधिक निकट सिद्ध होंगे –रसेल नहीं तालज्ताप की भाव – भूमि गाँधी जी की अपनी भावभूमि सिद्ध होगी किन्तु इन चिन्तकों का नाम भी गाँधी जी के संदर्भ में लेना न्यायसंगत नहीं होगा क्योंकि गाँधी जी किसी भी रूप में केवल मात्र दार्शनिक नहीं थे। 'मेरा जीवन ही मेरी वाणी है'– कहने वाले गाँधी जी दार्शनिक एवं आंदोलनकर्ता दोनों थे। यदि वे केवल आंदोलन करता होते तो मैजिनी और लेनिन होते, सर्वथा बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाले। किंतु गाँधी जी केवल बहिर्मुखी तो नहीं थे वे अंतर्मुखी भी थे और अंतर्मुखी भी इतने की भीषण आंदोलन के दौर में भी 'स्व' को नहीं भूल पाए। वे हर क्षण अपने कड़े टटोलते रहे, खोजते रहे, प्रयोग करते रहे। किंतु यह अंतर्मुखी प्रक्रिया किसी दम्भिक अहमवादी की 'स्व' को निर्मित कर उसे प्रतिष्ठित करने की प्रक्रिया नहीं थी। यह आत्मबोध की प्रक्रिया थी। इस प्रकार की एक प्रक्रिया से लगातार गुजरते रहने के कारण गाँधी जी न तो विशुद्ध बुद्धि वादी बन सके और न ही एक सन्त की तटस्थता उनमें आरोपित हो सकी। वे बच्चों की तरह खुलकर हंसते थे और संवेदना आने पर खुलकर रोने में भी नहीं हिचकिचाए। करूणा और संवेदना उनमें इतनी थी कि हर किसी का दर्द बाँटने के लिए वह लालायित रहते थे किन्तु अनुशासन में भी इतने कठोर भी थे कि किसी को दण्ड देने में वह नहीं हिचकिचाते थे। उनका व्यक्तित्व विविधता और विचित्रता के साथ एकसपना एवं अनुशासन को इस प्रकार संजोए हुए था कि उनमें व्यक्तित्व और विचारों के विरोधाभास का चमत्कारी सह –अस्तित्व सर्वथा सहज प्रतीत होता है।

महात्मा गाँधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के सूक्ष्म अध्ययन का यदि प्रयास किया जाए तो उसे पर हजारों पृष्ठ लिखने पर भी संतोष नहीं होगा। श्री तन्दूलकर ने आठ भागों में उनकी जीवनी को उतारा है। किन्तु उसे भी पढ़कर लगता है कि बहुत कुछ छूट गया है। उनके जीवन का हर दिन या यह कहना अधिक उपयुक्त होगा, हर क्षण इतना महत्वपूर्ण था कि उनके व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कौनसा क्षण छोड़ दिया जाए और कौनसा क्षण ग्रहण किया जाए, एक समस्या बन जाती है। इसलिए गाँधी जी के जीवन का हर पहलू किसी न किसी रूप में किसी दूसरे महापुरूष के समकक्ष रखा जा सकता है। किन्तु अपने ही विचारों को व्यवहारिक रूप में परिवर्तित करने के लिए स्वयं आंदोलन छेड़ने और उन्हें संचालित करना गाँधी जी के व्यक्तित्व को एक अनुष्ठान प्रदान करता है। इसलिए गाँधी जी का संपूर्ण जीवन हमारे लिए हर पल एक आदर्श प्रस्तुत करता है। उनका जीवन मनुष्य के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

गाँधी जी ने अपने जीवन काल में बहुत कुछ लिखा कई संदर्भों में लिखा। इस प्रकार उनका लिखा हुआ साहित्य काफी व्यापक है। किन्तु उन्होंने अपने विचारों को छोटे या बड़े निबन्धों के रूप में या प्रश्नों के उत्तारों के रूप में लिखा। पुस्तक के रूप में उन्होंने काम ही लिखा। इस दृष्टि से यदि हम गाँधी जी द्धारा किए गए साहित्य का विश्लेषण करें तो हम पाएंगे की मौलिक पुस्तक के रूप में उन्होंने जितना लिखा, उससे कई गुना अधिक उनके विचारों का संकलन प्रस्तुत हुआ। यह एक अजीब बात है कि गाँधी जी ने बहुत कुछ लिखा कई विषयों पर लिखा किंतु अपने दर्शन को क्रमबद्ध रूप में एक थीसिस के रूप में कभी नहीं लिखा। अंतिम दिनों में उनकी श्रद्धा थी कि वह अपने विचारों की थीसिस प्रस्तुत करें किन्तु कर्मयोगी होने के नाते उन्हें जीवन के संघर्षों के ने इतना बांध रखा था कि वे व्यापक व्यापक धरातल पर केवल एकान्तिक लेखन नहीं कर सके। वे अपने विविध कार्यों के बीच मे समय निकालकर निबंध लिखते रहे जो अलग–अलग संकलन के रूप में

प्रस्तुत किया है। अत: गाँधी जी द्वारा लिखे गए, साहित्य की कोस मूल रूप में गाँधी जी के बिखरे हुए विचार ही मान सकते हैं। गाँधी जी से संबंधित दूसरे प्रकार का साहित्य, विशाल है जिसमें गाँधी जी के जीवन से संबंधित है और विचारों से संबंधित है। इसके अतिरिक्त गाँधी जी साहित्य के संबंध में कई बायोग्राफी भी प्रकाशित हुई है।

स्वयं गाँधी जी ने अपने जीवन काल में बहुत अधिक नहीं पढ़ा था किंतु उन्होंने स्वयं अपने द्वारा पढ़ी गई पुस्तकों को उँगलियों पर गिनाया है किंतु उनकी अपनी मौलिकता एवं सृजनशीलता इतनी प्रखर थी कि वे जो कुछ पढ़ते थे उसे आत्मसात करने की प्रक्रिया में उस पुस्तक को अपने अनुरूप ढाल लेते थे। इस संदर्भ में उनके जीवन से संबंधित एक संस्मरण प्रस्तुत है। गाँधी जी ने स्वयं अपनी जीवनी में लिखा है– एक बार दक्षिणी अफ्रीका में रेलगाड़ी में सफर करते हुए उन्होंने टस्किन की लिखी हुई पुस्तक अद्योपांत पढ़ डाली। पुस्तक पढ़ने के बाद उन्हें रात भर चैन नहीं आई और उन्होंने निश्चय कर लिया कि वे अपने जीवन को उसे पुस्तक के अनुसार ढ़ालेंगे और उसी के आधार पर उन्होंने दक्षिणी अफ्रीका में अपना प्रसिद्ध 'फोनेक्स आश्रम संगठित किया। इस संबंध में प्रसिद्ध इतिहासकार लुई फिशर ने लिखा है कि टस्किन की पुस्तक में इतना कोई चमत्कार नहीं था कि किसी के जीवन को रातों–रात बदल दे। यह तो गाँधी जी की विशेषता थी कि जब किसी पुस्तक को पढ़ते थे तो केवल उसमें पाठक नहीं बने रहते थे बल्कि उसमें सह लेखक की भी बन जाते थे और जो कुछ भी उसमें लिखा होता उसे अपनी कल्पना से जोड़ लेते थे। तो इस प्रकार हम देखते हैं कि पुस्तक को पढ़ने में अंतर होता है इसलिए विद्वान के लिए यह आवश्यक होता है कि वह जो कुछ पढ़े उसे पर अपनी मौलिकता की छाप भी छोड़ दें।

यूं तो थोड़ा विरोध हर विचारक में होता है विशेषताया ऐसे विचारक में जो एक लंबे समय तक विचारों की बुनियाद में चिंतन मनन होता है कभी–कभी जो विचारक पहले जो बात करता है उसे बात में बदल देता है कभी पहले जिम मान्यता को उसने प्रतिबद्धित किया है उसे मान्यता को बाद में अस्वीकार कर देता है। गाँधी जी के लेखन में यह प्रवृत्ति कुछ ज्यादा ही है इसलिए उन्हें अक्सर विरोधाभासी विचारक कहा जाता है। समय–समय पर गाँधी जी के सामने ही उन पर यह आरोप लगाया गया है कि इसके प्रतिउत्तार में गाँधी जी की स्वीकारोक्ती बड़ी यांत्रिक है। उन्होंने यही मान्यता प्रतिपादित की है कि वे एक सत्यार्थी है। इस नाते वे हमेशा, हर घड़ी सत्य का अन्वेषण कर रहे हैं सत्य के साथ प्रयोग कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में वे सत्यों के बीच से गुजरते हैं। उनका आज का सत्य निश्चय ही कल का सत्य है। यह सत्य अनुभव जन्म सत्य है, चरम सत्य नहीं। इसलिए हो सकता है कि कल का सत्य आज के सत्य को अस्वीकार कर दे और उस समय गाँधी जी विगत सत्य के साथ जिद के कारण चिपके रहे वे सत्य के अन्वेषक हैं। सत्य का उनका अन्वेषण ही उन्हें इस बात पर अधिक अमादा करता है कि उन्हें यदि विगत कल के कथन का प्रतिवाद करना पड़े तो उन्हें हिचकिचाना नहीं चाहिए।

महात्मा गाँधी जी के जीवन के शुरुआती दौर से लेकर एक महान स्वतंत्रता सेनानी बनने तक के सफर के बारे में उनसे बेहतर आखिर कौन जान सकता है। ऐसे उनकी लिखी अमूल्य किताब सत्य के साथ मेरे प्रयोग पूरे देश, पूरे राष्ट्र, पूरे समाज का मार्गदर्शन पथ प्रदर्शन करती है। इस पुस्तक को 1920 में खत्म किया गया। इस दौरान गाँधी जी एक चर्चित व्यक्ति बन चुके थे। गाँधी जी ने इस पुस्तक का नाम सत्य के प्रयोग इसलिए रखा है कि क्योंकि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम और अभियानों में सत्य के प्रयोग यानी सत्याग्रह के जारिये सभी लड़ाईयाँ लड़ी। इस पुस्तक को गाँधी जी ने गुजराती में लिखा हिंदी में यह पुस्तक गाँधी जी की आत्मकथा सत्य के प्रयोग के नाम से जानी जाती है। हिंद स्वराज महात्मा गाँधी द्वारा लिखी गई प्रसिद्ध पुस्तकों में से एक मानी जाती है। इस किताब को भी गाँधी जी गुजराती भाषा में लिखा है। इसलिए गाँधी जी ने विदेशी सभ्यता संस्कृति की आलोचना की है। साथ ही मौजूदा समय में मानवता की समस्याओं के बारे में भी बताया है। इस किताब की प्रमुख विशेषताएं यह है कि यह प्रश्न उत्तार के प्रारूप में लिखी गई है। इसमें कानूनी पेसे से संबंधित वकीलों, डॉक्टरों तथा रेलवे से जुड़े लोगों और उनके विचारों के बारे में लिखा गया है।

महात्मा गाँधी ने सत्याग्रह का जो मार्ग अपनाया वह केवल राजनीति में ही नहीं मनुष्य के सारे कार्यकलापों के साथ बंधा हुआ है। मनुष्य के व्यक्तिगत जीवन में, पारिवारिक जीवन में, सामूहिक जीवन में, प्रादेशिक राष्ट्रीय जीवन में, सत्याग्रह का प्रयोग किया जा सकता है। गाँधी जी के जीवन में ऐसे बहुत से उदाहरण भरे पड़े हैं, जब उन्होंने जीवन के कई क्षेत्रों में सत्याग्रह का प्रयोग किया है, और सफल भी रहे हैं। इतिहास में हमें कितने ही उदाहरण मिलते हैं जिसमें मनुष्य के जीवन में सत्याग्रह का सफल प्रयोग हुआ है ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. महात्मा गाँधी सत्य के साथ मेरे प्रयोग
2. डॉ. प्रभात कुमार भट्टाचार्य – गाँधी दर्शन
3. गाँधी, हिज लाइफ एंड मैसेज फॉर दी वर्ल्ड – लुई फिशर
4. माय फाउंड नो पीस – वेब मिलर

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय जनता पार्टी में धार जिले की जनजातीय महिला नेतृत्व की भूमिका

दयाराम डावर* डॉ. ममता पाण्डेय डॉ. सीमा सत्या*****

* शोधार्थी, शासकीय महाविद्यालय, जयसिंह नगर, शहडोल (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, जयसिंह नगर, शहडोल (म.प्र.) भारत
*** सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शास. महाविद्यालय, अमरपुर, डिण्डौरी (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल हैं, जो भारत को एक सुदृढ़ एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारतीय जनता पार्टी में प्रत्येक जिले में जनजातीय क्षेत्रीय पंचायतों और राज्य विधानसभा की आरक्षित सीटों का विशेष महत्व है। मध्यप्रदेश के जिलों में भाजपा ने जनजाति समाज के मुद्दों पर अपनी चुनावी रणनीतियाँ तैयार की हैं, और यहाँ की जनजातीय महिलाओं को विशेष रूप से राजनीतिक सक्रियता का अवसर दिया गया हैं।

भारत में जनजाति समुदाय की विशेष सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक पहचान रही है। जनजाति समुदाय लंबे समय तक मुख्यधारा की राजनीति और समाज से अलग-थलग रहा, लेकिन पिछले कुछ दशकों में भारत की राजनीति में जनजाति समुदाय की भागीदारी और विशेष रूप से जनजाति महिला नेतृत्व का महत्व बढा है। भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय राजनीतिक दल में जनजाति समुदाय के सदस्य, विशेष रूप से महिलाएं, अब अधिक सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और नेतृत्व की भूमिकाओं में उभर रही हैं। मध्यप्रदेश में धार जिला पश्चिमी हिस्से में स्थित है और यह आदिवासी समुदायों, विशेष रूप से भील, पंवार और अन्य जनजातियों का गढ़ है। इस जिले में जनजातीय क्षेत्रीय पंचायतों, राज्य विधानसभा और लोकसभा की आरक्षित सीटों का विशेष महत्व है। धार जिले में भाजपा ने जनजाति समाज के मुद्दों पर अपनी चुनावी रणनीतियाँ तैयार की हैं, और यहाँ की महिला को विशेष रूप से राजनीतिक सक्रियता का अवसर दिया गया हैं।

शब्द कुंजी – भाजपा, राजनीति, सांस्कृतिक, सामाजिक-आर्थिक, जनजाति, महिला सशक्तिकरण।

प्रस्तावना – भारतीय राजनीति में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण रहा हैं, लेकिन जनजाति महिला नेतृत्व पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया हैं। मध्य प्रदेश में जहां जनजातीय समुदाय की महत्वपूर्ण संख्या है, भारतीय जनता पार्टी ने समय-समय पर इन समुदायों के बीच नेतृत्व को प्रोत्साहित किया है। मध्य प्रदेश में जनजाति समुदाय का प्रभाव चुनावी राजनीति में विशेष है। राज्य में जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों का बड़ा हिस्सा भाजपा के लिए एक रणनीतिक अवसर है। भाजपा ने विशेष रूप से इन समुदायों में महिला नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल किया है, ताकि वे अधिक प्रभावी रूप से इन समुदायों के मुद्दो को उठाकर अपनी स्थिति मजबूत कर सकें। पार्टी ने महिला सशक्तिकरण के नारे के तहत जनजाति महिलाओं को मंच देने का प्रयास किया।

मध्यप्रदेश के पश्चिम क्षेत्र के धार जिला जनजाति बहुल्य क्षेत्र है, आदिवासी जनजाति समुदाय में सामाजिक व्यवस्था के अंतर्गत परिवार बुजुर्ग महिला मुखिया होती हैं। भारत देश वास्तव में एक विविधतापूर्ण और विशाल राष्ट्र हैं, जिसमें गावों की एक बड़ी संख्या है, और जनजातियों का भी महत्वपूर्ण स्थान हैं। भारत के विभिन्न हिस्सों में खासकर आदिवासी क्षेत्रों में, जनजातियों की बड़ी आबादी बसती हैं। भारत में जनजाति समुदाय की विशेष सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक पहचान रही है। जनजाति समुदाय लबें समय तक मुख्यधारा की राजनीति और समाज से अलग-थलग रहा, लेकिन पिछले कुछ दशकों में भारत की राजनीति में जनजाति समुदाय की भागीदारी और विशेष रूप से जनजाति महिला नेतृत्व का महत्व बढा है। भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय राजनीतिक दल में जनजाति समुदाय के सदस्य, विशेष रूप से महिलाएं, अब अधिक सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और नेतृत्व की भूमिकाओं में उभर रही हैं।

भारत में महिलाओं के प्रति आदर का भाव रहा है उन्हें देवी और शक्ति की उपमा दी गई है। वह परिवार में स्नेहमयी दुलारी बनी है तो माता के रूप में ममतामयी और वात्सल्य की प्रतिभूति धर्मपत्नी के रूप में पति की अनुगामिनी सहचरी, सहयोगी और मार्गदर्शिका आदि सही अर्थो में यह परिवार की धूरी है। कहा गया है कि नारी धरती जैसा फर्ज निभाती है और अपने अंक में समुद्र जैसी ममता समेटे आकाश हो जाती है। महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने के लिये सर्वप्रथम उन्हें विकास के बारे में जाग्रत करना होगा सदियों से होती आ रही बालिकाओं की उपेक्षा और उनके प्रति भेदभाव एक दिन में तो बदला नहीं जा सकता है लेकिन सभ्य समाज के सहयोग से देशभर में उनकी शिक्षा का स्तर ऊँचा उठाने की योग्यताएँ यदि सावधानी पूर्वक बनायी जायें तो स्त्रियों का सशक्तिकरण अवश्य ही संभव है। आज की महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में अपना वर्चस्व दिखा रही हैं। सामाजिक, आर्थिक व्यवसायिक, राजनैतिक, शैक्षणिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक आदि सभी क्षेत्रों में उपलब्धियां बढ़ी है। आज वे किसी भी सम-सामयिक विषय पर किसी भी व्यक्ति के साथ सफलतापूर्वक चर्चा कर सकती है। उसने अपनी संकीर्ण मानसिकता को त्याग कर अपने में आत्मविश्वास पैदा कर लिया

है। आज महिलाएँ अपने दोहरे रूप को भी सफलतापूर्वक अंजाम दे रही है। एक तरह वह कैरियर वूमेन का खिताब हासिल किये हुये है तो दूसरी और होम मेकर के रूप में घर गृहस्थी की तमाम जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वाह कर रही है।

वर्तमान में महिला सही मायने में आधुनिक है, उन्होंने अपनी सामान्य दुर्बलताओं को दूर करके अपने आपको मजबूत करने अपनी स्वतंत्र पहचान कायम करने और पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की कोशिश की है। केन्द्र सरकार ने महिलाओं के चहुंमुखी विकास के लिये वर्ष 2001 के 'महिला सशक्तिकरण वर्ष' घोषित किया। इसमें महिलाऐं अधिक सशक्त है, तो ऐसा ध्येय रखा गया। हाल के वर्षों में महिलाओं ने अपनी विशेष पहचान इस समाज के सामने प्रस्तुत की है, जिसमें वह साहसी, परिपक्व, सहिष्णु और एक मजबूत इरादे वाली महिला के रूप में उभर कर सामने आयी है।

मध्यप्रदेश में धार जिला पश्चिमी हिस्से में स्थित है और यह आदिवासी समुदायों, विशेष रूप से भील, पंवार और अन्य जनजातियों का गढ़ है। इस जिले में जनजातीय क्षेत्रीय पंचायतों, राज्य विधानसभा और लोकसभा की आरक्षित सीटों का विशेष महत्व है। धार जिले में भाजपा ने जनजाति समाज के मुद्दों पर अपनी चुनावी रणनीतियाँ तैयार की हैं, और यहाँ की महिला को विशेष रूप से राजनीतिक सक्रियता का अवसर दिया गया हैं।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन मध्यप्रदेश के धार जिले पर आधारित है। उक्त जिले का चयन सविचार निदर्शन विधि के आधार पर चयन किया गया है। **'भारतीय जनता पार्टी में धार जिले की जनजातीय महिला नेतृत्व की भूमिका'** का अध्ययन प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों पर आधारित है।

द्वितीयक समंक : द्वितीयक समंकों का संकलन, पुस्तकों, पत्र-पत्रिका, जिला सांख्यिकी विभाग, तहसील कार्यालय, विकासखण्ड, कार्यालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय रिपोर्ट, इंटरनेट से प्राप्त सामग्री एवं संबंधित विषय में विगत वर्षों से प्रकाशित लेखों इत्यादि से समंकों का संकलन किया गया है।

प्राथमिक समंक : प्राथमिक समंकों का संकलन धार जिले में 13 विकासखण्ड, 7 विधानसभा पद, 1 ससंद सदस्य, 761 ग्राम पंचायत, नगर परिषदों एवं नगर पालिका क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न राजनीतिक दलों की महिला कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों में दैव निदर्शन विधि द्वारा जनजातीय महिलाओं नेत्रियों का चयन किया। दैव निदर्शन विधि से चयनित जनजातीय महिला उत्तरदाताओं से राजनीति में भूमिका एवं ग्रामीण विकास के अध्ययन के लिए साक्षात्कार अनुसूची के आधार पर ग्रामीण विकास में जनजातीय महिलाओं की भूमिका सम्बन्धित समंक संकलित किये गए।

जनजाति महिलाओं की पंचायत में नेतृत्व – जनजाति महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता सभी राजनीतिक गतिविधियॉ में सम्मिलित होना, स्वैच्छिक रूप से निर्णय लेना, यंत्र के रूप में, निर्णय निरूपण तथा क्रियान्वयन रूप एवं किसी कार्य की सहमति देना या सहमति न देना आदि गतिविधियॉ मे सम्मिलित हैं। स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक राजनितिक संरचना सहभागिता के मूल्य पर आधारित हैं। राजनीतिक व्यवस्था के प्रदान किया गया है। समाज के निर्बल वर्ग, विशेषकर अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्तियों को राजनीतिक सहभागिता का अवसर प्रदान करने के लिए तीन प्रकार की व्यवस्थाओं को मुख्य रूप से अपनाया गया है। प्रथम, अनुसूचित जनजाति समुदाय की सामाजिक-आर्थिक उन्नति के लिए शैक्षणिक कल्याण की योजनाएं अपनायी गयी है। द्वितीय, सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था। इस व्यवस्था के अधीन लोकसभा, विधानसभा एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के कुछ स्थानों में अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में 16 प्रतिशत के लगभग जनजाति महिलाएं प्रतिनिधि बन कर नेतृत्व कर रही हैं।

भाजपा में आदिवासी महिला नेतृत्व की नयी समीकरण – भाजपा गढ़ रही नए समीकरण के माध्यम से आदिवासी जनजाति महिलाओं को नेतृत्वकी नयी अवसर मिल रही हैं। भाजपा को जीत का पर्याय बनाने के लिए जनाधार बढ़ाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपना ही अदांज हैं। जो वर्ग सियासत के लिए कमजोर माने गए, उन्हीं को मजबूत कर भाजपा चुनावी बाजी पलटने के लिए माहिर माने जाते हैं। ऐसा ही एक वर्ग इस लोकसभा, विधानसभा एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में उभर कर सामपे आया हैं, जिसे ताश कर मोदी भाजपा को मजबूत कर रहे हैं। राजनीति मे दशकों तक उपेक्षित आदिवासी वर्ग की राजनीतिक पार्टीयों द्धारा पूछ-परख तो बढ़ी, पर इस जनजाति वर्ग की महिलाओं को अधिक मौका देकर भाजपा नए समीकरण गढ़ रही हैं। आदिवासी जनजाति बहुल राज्य मध्यप्रदेश हो या झारखण्ड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब भी प्रवास पर जाते हैं, तो आदिवासी जनजाति महिलाओं से संवाद अवश्य करते हैं उनकी जीवन शैली, संस्कृति, कला और परंपराओं से न केवल रूबरू होते हैं, बल्कि अपने अनुभव साझा कर उन्हें प्रभावित करने में भी सफल रहत हैं। जनजाति महिलाओं के बीच ऐसा अनुभव कभी नहीं रहा, जब प्रधानमंत्री ने उनके गांवों तक पहुंच कर मुलाकात की हो। मध्यप्रदेश में विशानसभा चुनाव से पहले शहडोल आए प्रधानमंत्री मोदी ने गोंड (कोयतोर), कोल और बैगा वर्ग की महिलाओं के साथ संवाद किया था। लोकसभा से पहले झाबुआ आए थे तो विलुप्त हो रही विशिष्ट पिछड़ी जनजाति सहरिया महिलाओं से बातचीत की थी। तब मोदी की दूरदृष्टि का अंदाज किसी को नहीं था। आदिवासी वर्ग की महिलाओं को नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित करने का यह तरिका कोई भाप नहीं सका था।

भाजपा राजनीति में जनजाति महिला नेतृत्व का योगदान:

1. भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी हैं, जिसमें जनजाति महिलाओं की महत्वपूर्ण योगदान हैं।
2. जनजातीय महिलाओं को विशेष रूप से राजनीतिक सक्रियता का अवसर दिया गया हैं।
3. भारत में जनजाति समुदाय की विशेष रूप से प्राकृतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पहचान रही है।
4. भारत देश में जनजाति समुदाय मूलत: गांवों में निवास करने वाली होती हैं। यह जनजाति समुदायों में महिला प्रधान या नेतृत्व युक्त परिवार होती हैं।
5. भजपा राष्ट्रीय समानता, एकता और अखण्डता के लिए हमेशा से प्रयासरत रही हैं। भाजपा ने यह जनजाति महिला नेतृत्व को मुख्यधारा में लाने के लिए हमेशा से आगो रही हैं।
6. आज भी देश में राष्ट्रीय अखण्डता के मुद्दे उठाना पृथकतावाद से जूझना एवं इस निमित्त समाज को निरन्तर जाग्रत रखने का काम भाजपा ही कर रही है।

जनजातीय महिला नेतृत्व का समीक्षात्मक विश्लेषण :

1. जनजातीय महिला प्रतिनिधियों के क्षेत्र में ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए नेतृत्व की स्थिति।

2. जनजातीय महिला जनप्रतिनिधियों की यामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक विश्लेषण करना।
3. शिक्षण संस्थाओं में जनजाति महिलाओं नेतृत्व से सामाजिक स्तर में परिवर्तन करना।
4. पंचायत राज संस्थाओं में जनजाति महिला नेतृत्व की सहभागिता व सक्रियता का विश्लेषण करना।
5. त्रिस्तरीय पंचायती राज की कार्यप्राणली में जनजाति महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका का विश्लेषण करना।

जनजातीय महिला नेतृत्व की आवश्यकता – भारत की विभिन्न जातियों तथा समाजों मे महिलाओं की स्थिति अत्यन्त पिछड़ी हुई है। महिलाऐं अपने जीवन में परिवार तथा समाज से अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहीं है। सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिवर्तनों के विभिन्न पहलुओं को अभिव्यक्त करना तथा परिवर्तनों पर जनजाति महिला नेतृत्व की चिन्तन के द्वारा मार्ग प्रस्तुत करना ही शोध प्रबंध का प्रमुख उद्देश्य है। केन्द्र तथा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिये विभिन्न प्रकार की योजनाएँ संचालित है जैसे संपूर्ण साक्षरता अभियान, सार्वजनिक प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम, अनुपूरक सम्पोषण कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, महिला बाल एवं विकास कार्यक्रम के साथ ही पंचायती राज संस्थाओं द्वारा स्वैच्छिक संगठनों जैसे महिला मण्डल युवा क्लब स्वावलंबी समूह आदि संस्थाओं को प्रोत्साहित कर महिलाओं को विकास की मुख्य धारा में जोड़ा जा सके। यद्यपि शासन सभी वर्ग की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में सक्रिय है। फिर भी लाभान्वित हो सकने वाली महिलाओं का विकास कार्यक्रमों से जुड़ने के प्रति रूझान कम है इस तथ्य को ध्यान में रखकर उक्त शोध का उद्देश्य धार जिले की जनजातीय महिलाओं में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक आदि परिवर्तनों की जाँच करना तथा विकास कार्यक्रमों में भागीदारी की स्थिति का अध्ययन करना तथा महिला जनजाप्रतिनिधियों के जीवन स्तर में आये बदलाव का विश्लेषण करना है।

वर्तमान स्थिति – वर्तमान समय में आज भाजपा प्रदेश एवं देश में एक प्रमुख राष्ट्रवादी शक्ति के रूप में उभर चुकी है और विभिन्न प्रदेशों एवं देश के सुशासन, विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कृतसंकल्प है। 12 साल पार्टी ने विपक्ष की सक्रिय और शानदार भूमिका निभाई। भारतीय जनता पार्टी में जनजाति महिलाओं की नेतृत्व भारतीय राजनीति में भागीदारी प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही हैं। भाजपा नीतिगत राजनीति के माध्यम से समिति, संगठनों, त्रिस्तरीय पंचायत, विधानसभा और लोकसभा में जनजाति महिलाओं के द्वारा प्रत्येक में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। जनजातीय महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक तरफ जहां भाजपा सरकार ने इस समाज की महिला को राष्ट्रपति पद पर विराजमान किया। वहीं दमसरी ओर प्रदेश स्तर पर भी इस समाज से जुड़ी हूई महिलाओं को बड़े स्तर सशक्तिकरण का माध्यम बनाया। इनमें जनजीय राजनैतिक भागीदारी, जनजातीय महिलाओं पर विभिन्न योजनाओं का प्रभाव, प्रवासन और सामाजिक – सांस्कृतिक रूप से जनजातियों को किस प्रकार प्रभावित करता हैं।

निष्कर्ष – भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल हैं, जो भारत को एक सुदृढ़ एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारतीय जनता पार्टी में प्रत्येक जिले में जनजातीय क्षेत्रीय पंचायतों और राज्य विधानसभा की आरक्षित सीटों का विशेष महत्व है। मध्यप्रदेश के जिलों में भाजपा ने जनजाति समाज के मुद्दों पर अपनी चुनावी रणनीतियाँ तैयार की हैं, और यहाँ की जनजातीय महिलाओं को विशेष रूप से राजनीतिक सक्रियता का अवसर दिया गया हैं।

भारत में जनजाति समुदाय की विशेष सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक पहचान रही है। जनजाति समुदाय लबें समय तक मुख्यधारा की राजनीति और समाज से अलग–थलग रहा, लेकिन पिछले कुछ दशकों में भारत की राजनीति में जनजाति समुदाय की भागीदारी और विशेष रूप से जनजाति महिला नेतृत्व का महत्व बढ़ा है। भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय राजनीतिक दल में जनजाति समुदाय के सदस्य, विशेष रूप से महिलाएं, अब अधिक सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और नेतृत्व की भूमिकाओं में उभर रही हैं। मध्यप्रदेश में धार जिला पश्चिमी हिस्से में स्थित है और यह आदिवासी समुदायों, विशेष रूप से भील, पंवार और अन्य जनजातियों का गढ़ है। इस जिले में जनजातीय क्षेत्रीय पंचायतों, राज्य विधानसभा और लोकसभा की आरक्षित सीटों का विशेष महत्व है। धार जिले में भाजपा ने जनजाति समाज के मुद्दों पर अपनी चुनावी रणनीतियाँ तैयार की हैं, और यहाँ की महिला को विशेष रूप से राजनीतिक सक्रियता का अवसर दिया गया हैं। जिससे धार जिले की जनजाति महिलाऍं अपने क्षेत्रिय मुद्दों और शासकीय योजनाओं को अपनी नेतृत्व क्षमता के द्वारा जन समुदाय एवं समाज के लोगों तक पहुचाने का कार्य बखूबी निभा रही हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मिश्रा, डॉ, गायत्री एवं चर्मकार, बेबी (2022), भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का इतिहास एवं विकास, ijrrss 0(4); अक्टूम्बर–दिसंबर, 2022.
2. वाजपेयी, अटल बिहार (1996), अटल बिहारी वाजपेयी के कुछ भाषण और कुछ लेख, दिल्ली, 1996, 4अ – 225.
3. Constitution and Rules Of Bharatiya Janta Party (New Delhi A BJP Publication)1984.
4. Sisodia, Yatindra Singh and Jha Sumit Kumar (2024); Explaining the BJP's Triumph in the 2023 Madhya Pradesh Electons, Economic & Political weekly EPW (2024), Vol. Lix No. 13.
5. अहुजा, गुरूदास (1996); भारतीय राजनीति भाजपा का आगमन दिल्ली 1996, पेज – 24।
6. वैदय, नरेश कुमार (2023);'जनजाति विकास' रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर एवं नई दिल्ली।
7. श्रीवास्तव, अरूण कुमार (1994) : भारत में पंचायती राज, आर.बी.एस.ए. पब्लिशर्स, जयपुर, पृष्ठ 7।
8. सिसोदिया, यतीन्द्र सिंह (2000): पंचायतीराज एवं अनुसूचित जाति महिला नेतृत्व, रावत रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, पृष्ठ 48।
9. सिंह, लता (1995): 'विकास में महिलाओं की भागीदारी' कुरूक्षेत्र।
10. उपाध्याय, हेमंत कुमार (2024):'आदिवासी महिलाओं के नेतृत्व, भाजपा के नयी समीकरण' नई दुनिया, मार्च, 2024।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कार्यक्षेत्र में तनाव प्रबंधन का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

डॉ. आराधना श्रीवास*

* सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृह विज्ञान) शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय, दमोह (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – तनाव प्रबंधन कार्यक्रम कर्मचारियों को तनाव की प्रकृति और स्त्रोतों, स्वास्थ्य पर तनाव के प्रभावों और तनाव को कम करने के लिए व्यक्तिगत कौशल के बारे में सिखाते है–उदाहरण के लिए, समय प्रबंधन या विश्राम अभ्यास। कार्यस्थल का तनाव आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में एक आम समस्या बन गया है। यदि इसका सही प्रबंधन न किया जाए तो यह न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। तनाव प्रबंधन की उचित रणनीतियाँ अपनाने से व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य और उत्पादकता में सुधार होता है। इस शोध पत्र का उद्देश्य शारीरिक एवं मानसिक तनाव प्रबंधन की प्रभावी रणनीतियों का विश्लेषण करना है।

प्रस्तावना – 'स्वास्थ्य मानव जीवन की शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक व मानसिक निरोगता व सामान्यता की स्थिति है।'

प्रत्येक व्यक्ति को अपना जीवन स्वस्थ एवं सामान्य बनाये रखने के लिये शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का निरन्तर सहारा लेना पडता है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से ही व्यक्ति समय–समय पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं, अर्न्तद्वन्दों तथा परेशानियों से बचकर निकल सकता है। अपने जीवन को सुखमय, शान्तिमय तथा समायोजित बनाने के लिये हम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की अवहेलना नहीं कर सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार–'स्वास्थ्य सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक व सामाजिक निरोग्यता की अवस्था है तथा मात्र बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति को स्वास्थ्य नहीं माना जा सकता।'

तनाव मनोवैज्ञानिक, जैविक एवं पर्यावरणीय कारणों से उत्पन्न होता है जो दीर्धकालिक रूप से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अवसाद एवं चिन्ता जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 2019 में कार्यशील आयु वर्ग के लगभग 15 वयस्क किसी न किसी मानसिक विकार से ग्रस्त थे। इसके परिणामस्वरूप, हर वर्ष अवसाद और चिंता के कारण वैश्विक स्तर पर अनुमानित 12 अरब कार्य दिवसों का नुकसान होता है, जिससे उत्पादकता में लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है।

ब्रेटेन में 2023–24 के दौरान कार्य संबंधित बीमारियों के कारण प्रति व्यक्ति औसतन 17.7 कार्य दिवसों का नुकसान हुआ। विशेष रूप से तनाव, अवसाद या चिंता के मामलों में यह औसत 21.1 दिन प्रति व्यक्ति था।

इन आँकड़ों से स्पष्ट होता है कि कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन न केवल कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह संगठन की उत्पादकता और आर्थिक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव होते है। उचित तनाव प्रबंधन तकनीकों को अपनाने से कर्मचारियों के स्वास्थ्य में सुधार होता है, जबकि तनाव के उच्च स्तर से विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती है।

कार्य तनाव –छोटी मात्रा में तनाव आपको समयसीमा को पूरा करने और काम पर लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित कर सकता है। हालांकि, जब काम से संबंधित तनाव पुराना हो जाता है, तो यह चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और हृदय रोग और उच्चचाप जैसी शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है।

कार्य क्षेत्र में तनाव–प्रबन्धन – स्वस्थ व्यक्ति अपने व्यवसाय से सदैव सन्तुष्ट नहीं रहता है। यदि देखा जाये तो प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उसके व्यवसाय का विशेष महत्व होता है। व्यवसाय के प्रति व्यक्ति का दृष्टिकोण विशेष महत्व रखता है। जो व्यक्ति अपने व्यवसाय से सन्तुष्ट नहीं है वह किसी दशा में अपने आपको स्वस्थ नहीं रख सकता। वास्तव में व्यवसाय से सन्तुष्ट होने के लिये एक विशेष प्रकार का रूख अपनाना पड़ता है। जिस व्यक्ति को अपना व्यवसाय आनंदमय प्रतीत होता है, वह व्यक्ति अपने व्यवसाय से संतुष्ट होता है। यदि किसी व्यक्ति के लिये उसका व्यवसाय केवल धन उपार्जन का साधन मात्र है तो वह व्यक्ति वास्तव में अपने व्यवसाय से संतुष्ट नहीं माना जायेगा। इस प्रकार का व्यवसाय कुछ समय बाद बोझ प्रतीत होने लगता है। अपने व्यवसाय से असन्तुष्ट व्यक्ति तनाव से ग्रसित हो जाता है।

तनाव का शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव– वर्तमान समय में शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होगा जो इस तनाव से मुक्त हो। तनाव अपने आप में अच्छा है न बुरा। यह सिर्फ जीवन की सच्चाई है, अनुसंधान बताता है कि तनाव की चिरकालिक अधिकता रोग पूर्व की स्थिति है प्रकृति ने प्रत्येक व्यक्ति को एक जीवन शक्ति दी है। जो सदा बीमारी रोकने और हमें स्वस्थ रहने में लगी हुई है। यह जीवन शक्ति कार्य करना बंद कर देती है जैसे ही तनाव साधारण सीमाओं से अधिक हो जाता है अत: तनाव की अधिकता तुरन्त रक्तचाप और हृदय गति की अधिकता, रक्तप्रभाव में वसा युक्त अम्लों और शर्कराओं के षामिल होने, माँसपेशियों के तनाव, पाचन प्रक्रिया में उपद्रव आदि उत्पन्न कर देती है।

1.हाइपोथैलेमस से एड्रोनेलिन व कार्टिसोल का अधिक स्त्रावण रक्त	1.पुतलियों का फैलना।

में होना।	
2.माँसपेशियों में अधिक रक्त पहुँचना।	2.फेफड़ों में श्वसन दरका बना।
3.एड्रिनल ग्रन्थि द्वारा अधिक एड्रिनेलिन हार्मोन का स्त्राव। बढना।	3.अत्यधिक पसीना ग्रन्थियों द्वारा स्त्राविक होना हृदय दर का

शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

हृदय स्वास्थ्य – लंबे समय तक तनाव रहने से रक्तचाप बढ़ सकता है और हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है।

प्रतिरक्षा प्रणाली – दीर्घकालिक तनाव प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकता है जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य पर तनाव का प्रभाव– मानसिक अस्वस्थता व्यक्ति की वह मानसिक स्थिति या दशा है जिसमें उसका व्यवहार एवं कार्य असामान्य हो जाते है। मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति का जीवन अव्यवस्थित तथा असन्तुलित हो जाता है ऐसा व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में समायोजन नहीं कर पाता। मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में असफल रहता है परन्तु समय सामान्य रूप से वह अपनी असफलताओं का जिम्मेदार अपने आप को नहीं स्वीकार करता, ऐसा व्यक्ति अपनी समस्त असफलताओं का दोष अन्य लोगों के सिर मढता है तथा परिस्थितियों को प्रतिकूल कहकर स्वयं को दोष मुक्त करने का प्रयास करता है। मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति अपने मुख्य व्यवसाय को न तो अधिक महत्व देता है और न ही उसमें रूचि ही लेता है।

कार्यभार प्रबंधन– अत्यधिक कार्यभार मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। प्रबंधनीय कार्यभार वाले कर्मचारी, काम से अभिभूत कर्मचारियों की तुलना में 27 बेहतर मानसिक स्वास्थ्य की रिपोर्ट करते है।

कार्यस्थल संस्कृति– सकारात्मक कार्यस्थल संस्कृति मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है। प्रबंधकों और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध रखने वाले कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य स्तर 33 अधिक होते है।

कार्यक्षेत्र पर तनाव – हम अनेक कारणों से तनाव का अनुभव कर सकते है।

1. यदि अनुपस्थिति की दर अत्यधिक हो।
2. अपने सहकर्मी आपकी अंर्तक्रिया अथवा अंतवैयक्तिक सम्बन्ध ठीक न हो।
3. संस्थान में सुरक्षा की कमी हो।
4. गुणवत्ता नियंत्रण उचित न हो।
5. कार्य, उलझन, कार्य से असन्तुष्टि, पदोन्नति के अवसर का न होना।
6. संप्रेषण के उचित तरीकों का विकसित न होना।

लक्षणों की पहचान– एकतनाव ग्रसित व्यक्ति अनेक लक्षणों से ग्रसित हो सकता है।

शारीरिक लक्षण	सांवेगिक लक्षण
1. अनिद्राअति सांवेगिक अथवा 2. निरन्तर थकान महसूस करना 3. सिर दर्द 4. त्वचा रोग 5. पाचन सम्बन्धी बीमारियाँ 6. अल्सर 7. भूख न लगना 8. अत्यधिक खाना में कमी। 9. शरीर में दर्द	आक्रमकता अव्यवस्थित रहन-सहन अवधान केद्रण में कमी अवसाद पश्चाताप, असफलता के मनोभावों की उपस्थिति आत्मविश्वास

व्यवहारिक लक्षण:

1. सिगरेट अथवा शराब का अत्यधिक सेवन।
2. चाय कॉफी के सेवन में वद्धि।
3. तम्बाकू का सेवन इत्यादि।

कार्यस्थल पर तनाव के कारण –काम से संबंधित तनाव कई स्त्रोतों से उत्पन्न हो सकता है और तनाव कारक व्यक्तिगत कर्मचारियों, टीम की गतिशीलता, कंपनी की संस्कृति और समग्र उत्पादकता को प्रभावित कर सकते है। दीर्घकालिक तनाव और विशाक्त तनाव नकारात्मक कार्य वातावरण, उच्च टर्नओवर दरों, काम के दौरान उपस्थित न होने और कंपनी के लिए कम दक्षता का कारण बन सकते है।

1. **चुनौती या संलगता का अभाव–** यदि आपको लगता है कि आपके कौशल और प्रतिभा का कम उपयोग किया जा रहा है, तो आप ऊब, असंलगंता और संतुष्टि की कमी से जूझ सकते है।
2. **अस्पष्ट प्रदर्शन अपेक्षाएँ–**जब आपको यह स्पष्ट नहीं होता कि आपसे क्या अपेक्षित है, तो इससे भ्रम, चिंता और तनाव हो सकता है। आपसे जो अपेक्षित है और आप जो करने में सक्षम महसूस करते है, उसके बीच भी बेमेल हो सकता है।
3. **नियंत्रण की कमी–**कार्य प्रक्रियाओं या परिणामों पर कम या कोई नियंत्राण न होने से तनाव का स्तर बढ़ सकता है।
4. **कम वेतन–**ऐसा वेतन जो कार्यभार, अपेक्षित कौशल स्तर या उद्योग मानकों को प्रतिबिंबित नहीं करता, वित्तीय तनाव का कारण बन सकता है, जो कार्यसंबंधी तनाव को और बढ़ा देता है।
5. **अत्यधिक कार्यभार–**लंबे समय तक काम करना, अवास्तविक समय सीमाएँ और लगातार पीछे रहने की भावना आपको परेशान कर सकती है, जिससे थकान, उत्पादकता में कमी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है।
6. **विकास के सीमित अवसर–** विकास के कम अवसर आपको अटका हुआ और कम मूल्यवान महसूस करा सकते है, जिससे निराशा और अलगाव पैदा हो सकता है।
7. **अनिश्चितता–**अपनी नौकरी में क्या अपेक्षा की जाये, जैसे कि नौकरी की सुरक्षा या भविष्य की संभावनाएं, यह न जानना तनावपूर्ण हो सकता है।
8. **संघर्ष–**कार्य वातावरण में सहकर्मियों या पर्यवेक्षकों के साथ पारम्परिक संघर्ष बहुत अधिक भावनात्मक स्थान ले सकता है।
9. **समर्थन की कमी–**समर्थन की कमी से आप अलग-अलग और परेशान महसूस कर सकते है, जिससे तनाव का प्रबंधन करना मुश्किल हो जाता है।
10. **कार्य जीवन असंतुलन–**अपने निजी जीवन के साथ व्यावसायिक जिम्मेदारियों को संतुलित करना कठिन हो सकता है।

तनाव से निपटने की रणनीतियाँ– व्यक्ति के लिये उत्तम शारीरिक विकास तथा स्वास्थ्य संबंधी उपायों एवं नियमों का पालन करना आवश्यक है उसी प्रकार मानसिक विकास तथा स्वास्थ्य की रक्षा तथा संवृद्धि के लिये उपायों का ज्ञान व पालन करना अति आवश्यक है।

1. **समस्या केन्द्रित समायोजी उपाय–** इस तरह के उपायों में व्यक्ति तनावपूर्ण परिस्थिति या समस्या का मूल्यांकन करता हैं।

- **नियंत्रण उपाय–** जब व्यक्ति तनावपूर्ण घटना पर नियन्त्रण कायम करने में सफल होता है तो तनाव की गंभीरता स्वत: कम हो जाती है।
- **पूर्वकथन उपाय–** इसके लिये समाधान के अनेकों विकल्प पहले से

खोज कर रखे जाते है।

2. **संवेग केन्द्रित उपाय–** इस तरह के उपाय में व्यक्ति समस्या से उत्पन्न सांवेगिक अनुक्रिया पर ध्यान केन्द्रित करता है।

- **व्यवहारात्मक उपाय–**व्यक्ति खास तरह के व्यवहार करके अपना तनाव दूर करने का प्रयास करता है।
- **संज्ञानात्मक उपाय–**इसमें तनावपूर्ण परिस्थिति का पुर्नमूल्यांकन किया जाता है।

निष्कर्ष– तनाव के कारण शरीर में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों से अवगत है। अल्पकालिक और दीर्घकालिक तनाव के आधार पर शरीर में ऐसे परिवर्तनों को मापना आसान है, जैसे कि हृदय गति, चयापचय परिवर्तन, श्वसन पद्धति, त्वचा की समस्याएँ आदि। तनाव से कोर्टिसोल का स्तर बढ़ जाता है, जिसके कारण रोग और बीमारी की अधिक घटनाएँ होती है। इसमें हृदय रोग, संज्ञान संबंधी हानि, टाइप 2 मधुमेह आदि शामिल है। कई अध्ययनों ने कार्यस्थल पर तनाव को अस्थमा, पेट के अल्सर, शराब और तंबाकू के दुरूपयोग और अनिद्रा से भी जोड़ा है।

न केवल शारीरिक परिणाम बल्कि मनोवैज्ञानिक परिणाम भी है जो दीर्घकालिक तनाव के कारण समान रूप से समस्या है। अवसाद और चिन्ता सामान्य मनोवैज्ञानिक विकार है, जो इस सदी की पीढ़ी में विकसित हो रहे है। अवसाद एक ऐसी स्थिति है जब व्यक्ति उदासी और निराशा की अनुभूति करता है। चिंता किसी भी अज्ञात चीज के बारे में आशंका या घबराहट की समान्य स्थिति है। ये दोनों समस्याएँ लंबे समय तक तनाव के कारण मस्तिष्क रसायन विज्ञान में परिवर्तन के कारण होती है। चिंतन भी एक अन्य मनोवैज्ञानिक समस्या है, जो तनाव के कारण होती है। यह पिछली घटनाओं के बारे में सोचना बंद करने और उनके बारे में निरंतर सोचने की असमर्थता है। अतीत के बारे में निरंतर सोचने से भविष्य की मनोदशा प्रभावित हो सकती है। अफवाह तनाव के स्तर में और वृद्धि करती है। यहाँ तक कि निराषा और उत्तेजना भी कार्यस्थल तनाव के सामान्य मनोवैज्ञानिक परिणाम है। लंबे समय तक थकावट और कार्यक्षेत्र में रूचि में कमी से बर्नआउट होता है, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति जिस काम में संलग्न है वह ऊर्जा के निम्न स्तर या नौकरी में असंतोष की भावनाओं के कारण नौकरी की मांगों का सामना करने में सक्षम नहीं होता है।

कार्यस्थल में तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना न केवल मानसिक स्वास्थ्य बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। सही तकनीकों और आदतों को अपनाकर हम न केवल कार्यक्षमता बढ़ा सकते है बल्कि एक स्वस्थ और संतुलित जीवन भी जी सकते है। कार्यस्थल पर तनाव को सही ढंग से प्रबंधित करना न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि कार्यक्षमता और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार लाता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।

कार्यक्षेत्र में तनाव प्रबंधन के सुझाव:

1. **समय प्रबंधन–**कार्यों को प्राथमिकता दें, यथार्थवादी समय सीमाएं निर्धारित करें और बढ़ी परियोजनाओं को छोटे, प्रबंधनीय कार्यों में विभाजित करें। अपने कार्यभार को व्यवस्थित करने में मदद के लिए कैलेंडर का और सूचियों का उपयोग करें।
2. **विश्राम तकनीकें–**तनावपूर्ण स्थितियों में मन को षांत करने के लिए गहरी सांस लेने, प्रगतिशील मांसपेशी विश्राम और निर्देशित कल्पना जैसी तकनीकों का अभ्यास करें।
3. **शारीरिक गतिविधि–**व्यायाम आपके मूड को बेहतर बना सकता है, नींद में सुधार कर सकता है और चिंता, अवसाद के लक्षणों को कम कर सकता है। तनाव को दूर करने और सेहत को बेहतर बनाने के लिए पैदल चलना, दौड़ना, योग या टीम स्पोर्ट्स आजमाएँ।
4. **सामाजिक समर्थन–**तनावपूर्ण समय में भावनात्मक समर्थन और व्यावहारिक मदद के लिए मित्रों, परिवार और सहकर्मियों का एक सहायक नेटवर्क बनाएं और उसे बनाए रखें।
5. **सकारात्मक सोच–**अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने से आपको तनाव से अधिक प्रभावी ढंग से निपटने में मदद मिल सकती है। कतृज्ञता का अभ्यास करें, नकारात्मक विचारों को सकारात्मक विचारों मे बदलें और समस्याओं के बजाय समाधानों पर ध्यान केंन्द्रित करें।
6. **स्पष्ट संचार प्रदान करें–**नियमित प्रतिक्रिया और स्पष्ट अपेक्षाएं अनिश्चितता को कम कर सकती है और आत्मविश्वास का निर्माण कर सकती है।
7. **प्रतिस्पर्धी वेतन प्रदान करें–**उचित वेतन वित्तीय तनाव को कम कर सकता है और मनोबल में सुधार कर सकता है।
8. **कार्यभार की संतुलित करें–**कार्य को पर्याप्त रूप से वितरित करने और उच्च मांगों को प्रबंधित करने के लिए संसाधन उपलब्ध कराने से बर्नआउट को रोका जा सकता है।
9. **विकास के अवसर सृजित करना–**उन्नति के लिए स्पष्ट मार्ग विकसित करना तथा प्रशिक्षण और विकास के विकल्प प्रदान करना कर्मचारियों को प्रेरित और संलग्न कर सकता है, जिससे नौकरी से संतुष्टि में वृद्धि होगी।
10. **सहायक वातावरण का निर्माण करें–**टीमवर्क को प्रोत्साहित करना, सहायता प्रणालियां प्रदान करना तथा सकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा देना, कर्मचारियों को मूल्यवान और समर्थित महसूस करने में मदद कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. महेश भर्गव 'शिक्षा मनोविज्ञान' पेज नं. 231–.239
2. श्री जागरन, 'तनाव दूर करने के लिए सोच बदले' 12 जुलाई 2022
3. श्री अरूण कुमार सिंह, उच्चतर सामान्य मनोविज्ञान, मोतीलाल बनारसीदास, बंगलो रोड, जावाहर नगर, दिल्ली।
4. श्री आर. डी. सिंह, स्वास्थ्य मनोविज्ञान, जगदम्बा पब्लिशिंग कम्पनी, दरियागंज, नई दिल्ली।
5. डॉ. मयूरनाथ रेड्डी, मानसिक रोगों की चिकित्सा, 06 फरवरी 2023

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय ज्ञान परम्परा में स्त्री विमर्श

श्रीमती अनीता अग्रवाल*

* पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय, खंडवा(म.प्र.) भारत

शोध सारांश – स्त्री विमर्श समकालीन साहित्य की महान उपलब्धी है। यह महिलाओ को मिले लोकतान्त्रिक अधिकार शिक्षा और स्वावलम्बन का परिणाम है, इसका श्रेय सिर्फ उन्ही को जाता है। इस विमर्श में नारी जीवन के उन पक्षों को प्रस्तुत किया है जिनकी चर्चा से साहित्य और समाज विज्ञान में परहेज किया जाता था। स्त्री विमर्श सिर्फ भारत तक ही सीमित नही है अपितु पूरी दुनिया इसके दायरे में है जहाँ स्त्रियां अपनी पीड़ा और समस्या को ही नही व्यक्त कर रही बल्कि अपनी शक्ति की समीक्षा भी कर रही है। भारतीय चिंतन को नई धारा देने में स्त्री विमर्श ने अपनी विशिष्ट भूमिका निभाई है।काल और परिस्थितयों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों को समकालीन स्त्री शक्ति के अवसरों में बदल दिया है। वर्तमान सन्दर्भ में आधुनिक स्त्री ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सफलता के दम पर अपनी पहचान बनाई है। स्त्री की बदलती सोच परिवार, समाज, धर्म, राजनीति, राष्ट्र और संस्कृति पर नये सिरे से सोचने को प्रेरित किया है। अंग्रेजी साहित्य में भी भारतीय लेखकों द्वारा स्त्री विमर्श पर विचार किया गया है। स्त्री विमर्श एक ऐसा विमर्श है जो जाति, धर्म, वर्ग, वंश, प्रीत और देश आदि से अलग हटकर है, जहां स्त्री अपने उऊपर हो रहे अत्याचार, शोषण, उत्पीडन,उपेक्षा आदि का विरोध करती है। स्त्री विमर्श को पश्चिम से आई एक अवधारणा के रूप में देखा और विचार किया जाता है। स्त्री के स्वभाव, मन और उसकी सम्वेदनाओ को समझने के लिए स्त्री विमर्श एक महत्वपूर्ण दृष्टि है। बदलते हुए समाज में स्त्री के पारंपरिक मंडन को तोड़ने की पहल स्त्री विमर्श है ताकि स्त्री को समानता का अधिकार सम्मान अस्तित्व और स्वतंत्रता प्राप्त हो सके।

प्रस्तावना – स्त्री विमर्श एक वैश्विक विचारधारा है जिसने पूरे विश्व की स्त्रियों का संघर्ष अपने पितृसत्तात्मक समाज के विरोध में देखने को मिलता है। स्त्री विमर्श एक प्रकार का साहित्यिक आंदोलन है जिसके केंद्र में समानता का अधिकार, स्त्री अस्मिता और मुक्ति का सवाल है। यह सब स्त्री को तभी प्राप्त हो सकता है जब पुरुषों की मानसिकता को बदला जाए। स्त्री विमर्श चेतना और जागृति का विषय है। स्त्री की विविध समस्याएं उनके अपने सवाल हैं और उनका अपना अधिकार है। यह सब स्त्री विमर्श के अंतर्गत शामिल है। समय के साथ परिस्थितयों में आए बदलाव के कारण स्त्री की सोच, स्वभाव, स्थिति में बदलाव आना ही स्त्री विमर्श है। स्त्री विमर्श का एक मात्र उद्देश स्त्री को उसकी गुलामी से अवगत करना है तथा उसे उसके अधिकारों और कर्तव्य तथा समाज में परिवार में उसकी क्या स्थिति है इससे अवगत कराना है। स्त्री विमर्श को अंग्रेजी में फेमिनिज्म बोला जाता है। शुरूआत में हिंदी में इसके लिए नारीवाद शब्द प्रचार में रहा। नारीवाद लैंगिक समानता के लिए प्रयास करता है और महिलाओं के जीवन को प्रभावित करने वाली समस्याओं को सुधारने में मदद करता है। पश्चिमी विचारको ने नारी मुक्ति के लिए जो विचार प्रस्तुत किए हैं उन्ही से स्त्री विमर्श का उदय हुआ। यह माना जाने लगा कि स्त्री ने अपना पिंजरा तोड़ डाला, स्त्री की वेशभूषा तथा देह मुक्ति के सवाल तेजी से उठे और धीरे से स्त्री मुक्ति का रूपांतरण देह मुक्ति में हो गया। यह समझा जाने लगा कि यही स्त्री सशक्तिकरण है।

भारतीय ज्ञान परम्परा में स्त्री विमर्श –स्त्री चिंतन उतना ही प्राचीन है जितना हमारा साहित्य। फ्रेडरिक एंजल्स की पुस्तक 'परिवार, निजी संपत्ति और राज्य की उत्पत्ति' के अनुसार व्यक्ति संपत्ति के विकास के साथ स्त्री के शोषण का आरंभ होता है। जिस प्रकार का रिश्ता मजदूरों का पूंजीपतियों से है कुछ उसी प्रकार का रिश्ता स्त्रियों का पुरूषों से है। इस संबंध के क्रूर विरोधाभास आज भी महसूस किये जा रहें है।

जॉन स्टुअर्ट मिल की रचना के अनुसार स्त्री और पुरुष के बीच शरीरिक विषमता जरूर है पर बौद्धिक क्षमता में दोनों बराबर है। वैसे भी विषमता को असमानता मनाना अमानविय है। सिमोन द वोउवार, 'द सेकंड सेक्स' में अकारण नहीं लिखती है कि 'स्त्री पैदा नहीं होती, स्त्री बना दी जाती है'।स्त्री विमर्श समकालीन साहित्य की महान उपलब्धि है यह महिलाओं को मिले लोकतांत्रिक अधिकार, शिक्षा और स्वावलंबन का परिनाम है। इसका श्रेय केवल उन्ही को जाता है। इस विमर्श ने नारी जीवन के उन पक्षों को प्रस्तुत किया है जिनकी चर्चा से साहित्य और समाज विज्ञान में परहेज किया जाता था। स्त्री विमर्श सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है अपितु पूरी दुनिया इसके दायरे में है। यहां स्त्रिया अपनी पीड़ा और समस्या को ही नहीं व्यक्त कर रही है बल्किअपनी शक्ति की समीक्षा भी कर रही है। स्त्रीवादी विमर्श से संबंधी आदर्शों का मूल्य यही रहता है कि कानूनी अधिकारों का आधार लिंग ना बने। आधुनिक स्त्रीवादी विमर्श की मुख्य आलोचना हमेशा से यही रही है कि इसके सिद्धांत एवं दर्शन मुख्य रूप से पश्चिमी मुल्यो एवं दर्शन पर आधारित रहे हैं। नारीवाद राजनीतिक आंदोलन का एक सामाजिक सिद्धांत है जो स्त्रियों के अनुभवों से जनित है। हालांकि मूल रूप से यह सामाजिक संबंधों से अनुप्रेरित है लेकिन कहीं स्त्रीवादी विचारक का मुख्य जोर लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकार इत्यादी पर ज्यादा बल देते हैं।

स्त्री विमर्श का आरम्भ– नारी विमर्श का प्रारम्भ कब हुआ इसके सम्बन्ध में विदवानों में सुनिशचित एक मतता नहीं है। कुछ लोगों के अनुसार इसका

प्रारम्भ 19वीं शताब्दी में हुआ जब पश्चिम में स्त्रियों के माताधिकार और पाश्चात्य संस्कृति में स्त्रियोंके योगदान पर चर्चा होने लगी थी। लेकिन वास्तविकता यह है कि यह विमर्श 20वीं शताब्दी की शुरुआत है।20वीं शताब्दी में भी कुछ लोग इसका आरंभ फ्रांसिसी लेखक सिमोन द बुआ (1949) के प्रकाशन वर्ष से शुरू हुआ और कुछ मैरी एल्मन की पुस्तक 'थिंकिंग अबाउट वीमेन' 1968 के प्रकाशन वर्ष से। लेकिन अधिकाँश विद्वान इस तरह के किसी वर्ष विशेष को स्त्री विमर्श का प्रस्थान बिंदु मनाना उचित नहीं समझते, क्योंकि 20वीं शताब्दी में ही इस पहले भी स्त्री की अलग पहचान उसके स्वतंत्र अस्तित्व और उसके अधिकारों की श्रृंखलाओं को उठाया जाने लगा था। वर्जीनिया वुल्फ ने अपनी पुस्तक 'ऐ रूम आफ वन्स ओन' 1929 में यूरोप और अमेरिका के स्त्री विमर्श को ही नहीं,भारतीय स्त्री विमर्श को भी प्रभावित किया है। हिंदी की घोषित नारीवादी लेखिका प्रभा खेतान भी इस पुस्तक से प्रभावित हुई है। यूरोप और अमेरिका में नारी वाद में 20वीं शताब्दी के आखिरी दशक में खूब जोर पकड़ा।

अंग्रेजी साहित्य में स्त्री विमर्श – अंग्रेजी में लिखने वाले भारतीय लेखकों को कई पीढ़ियों के प्रयासों के पश्चात अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता मिली है, खासकर सलमान रुश्दी द्वारा मिडनाइट्स चिल्ड्रन 1981 के प्रकाशन के बाद से, और अंग्रेजी में भारतीय उपन्यास को आखिरकार एक महत्वपूर्ण साहित्यिक प्रयास के रूप में स्वीकार किया गया है। धीरे-धीरे भारतीय महिला लेखकों ने अंग्रेजी साहित्य में लेखन करना शुरू कर दिया। जिसका मुख्य श्रेय 1997 में द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स के लिए बुकर पुरस्कार जीतने वाले अरुंधति रॉय को जाता है। परंपरागत रूप से, पुरुषप्रधान होने के कारणस्त्रियों को कम महत्व दिया गया।अंग्रेजी में भारतीय महिला लेखक भी पुरुषो की तुलना में आगे बढ़ रही थी। पितृसत्तात्मक धारणाओं के कारण भारतीय महिला लेखकों के काम को कम आंका गया है।

इसके अतिरिक्त, अंग्रेजी में भारतीय महिला लेखक भी पुरुषो की तुलना में आगे बढ़ रही थी। चूँकि अंग्रेजी में लेखन केवल बौद्धिक, समृद्ध, शिक्षित वर्ग के लेखकों के लिए उपलब्ध है, इसलिए ऐसा माना जाता था कि लेखक और उनके लेखन कार्य सामाजिक स्तर से संबंधित हैं, और भारतीय जीवन की वास्तविकता से कटे हुए हैं ।अधिकार उपन्यास दुखी ग्रहणी की मन की व्यथा के बारे में बताते हैं। महिलाओं के उत्पीडन के चित्रों को सही माना जाता है। गीतों और दंतकथाओं के माध्यम से कहानी कहने की मौखिक परम्परा की शुरुआत करने वाली महिलाएँ ही थीं जब धीर-धीरे समाज में साक्षरता फैलने लगी तों इन कहानियों को नाटक व उपन्यास में रूपांतरित किया गया। अंग्रेजी में लिखे गए भारतीय साहित्य की मात्रा विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में लिखे गए साहित्य से कम है, और यह समय की एक छोटी सी सीमा को कवर करता है, जिसकी शुरुआत अंग्रेजी भाषा और शिक्षा के प्रसार के साथ ही हुई। लेकिन पिछले दो दशकों में अंग्रेजी में भारतीय महिलाओं के लेखन में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है, इस अवधि का साहित्य भारत और अन्य जगहों पर प्रकाशित हुआ है।

भारतीय महिलाओं ने पारंपरिक रूप से सौंपी गई भूमिकाओं के आगे समर्पण करके और खुद को हावी होने देकर पितृसत्तात्मक मूल्य प्रणाली की सर्वोच्चता को सचेत रूप से स्वीकार कर लिया है। लेकिन बढ़ती शिक्षा, बेहतर नौकरी के अवसर और अधिकारों और विशेषाधिकारों के बारे में जागरूकता ने लगातार बदलाव की शुरुआत की है लेखिकाएँ ज्यादातर पश्चिमी शिक्षा प्राप्त हैं। मध्यवर्गीय लेखिका महिलाएँ जो अपने लेखन में बाल-विवाह, दहेज, महिलाओं की शिक्षा पर प्रतिबंध, तयशुदा विवाह, सती प्रथा और जबरन विधवा विवाह जैसी दमनकारी संस्थाओं में फँसी उच्च जाति और वर्ग की पारंपरिक हिंदू महिलाओं की दुर्दशा के प्रति अपना असंतोष व्यक्त करती हैं। उत्तर-औपनिवेशिक भारत में महिला लेखकों ने महिलाओं को बदलते सामाजिक परिदृश्य के संदर्भ में रखते हुए, विशेष रूप से ऐसी महिलाओं की मानसिकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अपना खुद का साहित्य रचा है।

अंग्रेजी में भारतीय कथा साहित्य में विषय वस्तु के रूप में महिलाएं कोई नई बात नहीं है, लेकिन उपन्यासकारों का दृष्टिकोण निश्चित रूप से अलग है। 1960के दशक के उपन्यास में भारतीय कथा साहित्य में महिलाओं को विभिन्न गुणों वाली आदर्श स्त्री के रूप में चित्रित किया गया था, जिसमें विद्रोह का कोई स्थान नहीं थी, जबकि बाद के उपन्यासों में महिलाओं को शिक्षित और अपने अधिकारों और विशेषाधिकारों के प्रति जागरूक दिखाया गया है जो समाज में अपने उचित स्थान की मांग कर रही हैं कमला मार्कंडेय, अनीता देसाई, शशि देशपांडे, शोभा डे, भारती मुखर्जी और कुछ अन्य लेखकों ने शुरू में अपने लेखन में किसी भी तरह के नारीवादी पूर्वाग्रह से इनकार किया है, लेकिन गहराई से विश्लेषण करने पर एक मजबूत नारीवादी इरादे का पता चलता है।क्योंकि महिलाओं के मुद्दे उनके कथानक का मुख्य विषय हैं अरुंधति रॉय ने 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' में अलगाव, उत्पीड़न, अवसाद, हताशा और समामेलन के केंद्र से पूरे सांस्कृतिक परिदृश्य की कल्पना की है। गीता हरिहरन, नमिता गोखले, अनीता नायर और मंजू कपूर नामक भारतीय महिला उपन्यासकारों की नई पीढ़ी ने बहुत आलोचनात्मक ध्यान आकर्षित किया है। महिलाओं के बीच बढ़ती साक्षरता के बावजूद और उन्हें अधिक संवैधानिक अधिकार दिए जाने के बावजूद और न केवल सामान्य कल्याण के लिए बहुत बड़ा योगदान देने के बावजूद, बल्कि पारंपरिक रूप से सौंपी गई घरेलू जिम्मेदारियों की उपेक्षा किए बिना परिवार और समाज में एक प्रमुख सहायक भूमिका निभाने के बावजूद, लिंग-केंद्रित समाज समुदाय में उनके रचनात्मक और सकारात्मक योगदान की सराहना करने में विफल रहता है। साहित्य के द्वारा हम किसी भी मुद्दे को उजागर तथा स्थिति को दोहरा सकते है।स्वतंत्रता के बाद से भारत में महिलाओ का रचनात्मक लेखन कार्य निरंतर बढ़ रहा है फिर भी पुरुष प्रधान भारतीय सहित्य ने जान बुझकर उनकी भूमिका को नजरंदाज कर दिया है। हाल के वर्षों में सिमोन डी ब्यूवोइर सेकेंड सेक्स, 1952 बेट्टी फ्रीडन फेमिनिन मिस्टिक, 1963और केट मिलेट सेक्सुअल पॉलिटिक्स, 1970जैसे लेखकों द्वारा प्रस्तुत पश्चिमी नारीवादी सिद्धांतों का प्रभाव देखा गया है। इन प्रभावों के तहत भारतीय महिला लेखकों ने अतीत के साहित्यिक और सामाजिक मानदंड को तोड़ने का सफलतापूर्वक प्रयास किया है। वे अपने पात्रों की मानसिकता में गहराई से उतरते हैं और नैतिकता की एक नई अवधारणा की शुरुआत भी करते हैं।

कविता में भारतीय महिलाएँ–स्वतंत्रता के बाद भारतीय अंग्रेजी कविता ने कई जबरदस्त विकास देखे हैं। महिला काव्य स्वरों का उदय उनमें से सबसे महत्वपूर्ण है। महिला कविता, वास्तव में, एक पत्नी और माँ के रूप में महिला की पारंपरिक भूमिका के खिलाफ एक विद्रोह है।भारतीय महिला कवियों द्वारा पश्चिमी नारीवादी सिद्धान्तो को अंग्रेजी की भारतीय कविताओ में अपनाया।महिला कवियों ने प्रतिरोध और आत्मविश्वास दोनों को व्यक्त करना शुरू कर दिया। तोरु दत्ता (1856-77) अंग्रेजी में लिखने वाली

पहली भारतीय महिला कवि थीं और उनकी रचना में भारतीय नारीत्व के आदर्श उदाहरण, जैसे सीता और सावित्री, महिलाओं को पीड़ित, आत्म-बलिदान की भूमिकाओं में दिखाती हैं।

स्वतंत्रता के बाद बड़ी संख्या में भारतीय महिला कवि परिदृश्य में उभरी हैं और आज भी लिखना जारी रखती हैं। वे प्रेम में हताशा, निराशा और अकेलेपन की भावना को व्यक्त करने में पुरुषों की तुलना में अधिक तीव्र, प्रामाणिक और जरूरी हैं। ऐसी महिला कवियों में कमला दास, लीला रे, मोनिका वर्मा, गौरी देशपांडे, यूनिस डीसूजा, ममता कालिया, सुनीति नामजोशी, मीना अलेक्जेंडर, रोशन अल्काजी हमारा ध्यान आकर्षित करने लायक हैं। कमला दास ने एक जोरदार और मार्मिक स्त्री स्वीकारोक्ति कविता की शुरुआत की। अंग्रेजी में लिखने वाली सभी भारतीय महिला कवियों में कमला दास (1934-2009) का स्थान सबसे ऊपर है। वे स्त्री-पुरुष संबंधों के विषय पर आधारित एक सशक्त और मार्मिक स्त्री-कविता के लिए जानी जाती हैं।महिला लेखिकाएँ सहनशील, आत्म-बलिदान करने वाली महिलाओं के पारंपरिक चित्रण से हटकर पहचान की तलाश करने वाली संघर्षशील महिला पात्रों की ओर बढ़ी हैं, जिन्हें अब केवल उनकी पीड़ित स्थिति के संदर्भ में चित्रित और परिभाषित नहीं किया जाता है। बल्कि उनकी वीर गाथाओं से साहित्य को सजाया जाता है।पहले के उपन्यासों के विपरीत, 1980 के दशक के बाद की महिला पात्र खुद को मुखर करती हैं और विवाह और मातृत्व को चुनौती देती हैं। हाल के लेखकों ने महिलाओं के जीवन को एक आदर्श तक सीमित करने के बजाय, महिलाओं की विविधता और प्रत्येक महिला के भीतर की विविधता दोनों को दर्शाया है।

अमृता प्रीतम के अनुसार-जब कोई पुरुष महिलाओं की शक्ति को नकारता है तो वह अपने ही अवचेतन को नकार रहा होता है ऐसी कई कहानियाँ हैं जो कागजों में नहीं हैं, बल्कि औरतों के शरीर और उनके अंदर लिखी हुई हैं।यह पंक्ति अमृता प्रीतम के लेखों में देखने को मिलती है, पश्चिमी विचारों ने नारी मुक्ति के लिए जो विचार प्रस्तुत किये उन्हीं से स्त्री विमर्श का उदय हुआ।स्त्री की वेशभूषा तथा देहमुक्ति के सवाल तेजी से उठे और धीरे से स्त्री मुक्ति का रूपांतरणदेह मुक्ति में हो गया। यह समझा जाने लगा कि यही स्त्री सशक्तिकरण है अपने शुरूआती विकास में स्त्री लेखन एक निश्चित सन्देश और सन्दर्भ में रूढ़ हो गयासिमोन द बौबा ने कहा था- औरत पैदा नहीं होती बनाई जाती है ।कृपा बाई सत्यानंद अंग्रेजी में उपन्यास लिखने वाली पहली भारतीय महिला थी। उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से हिंदू स्त्री के जीवन की दुर्दशा बयान की थी ।कृपा बाई ने जनाना मिशन स्कूल मेंजाकर महिलाओं को पढाया और मुस्लिम लड़कियों के लिये एक स्कूल भी खोला। कृपा बाई स्त्री के प्रति जागरूक थी और लगातार स्थानीय अखबारों और पत्रिकाओं में लिखती थी। पुरुष प्रधान देश होने के कारण भारतीय पुरुष एक बुद्धिमान स्त्री बर्दाश्त नहीं कर सकता क्योंकि वह स्त्री को अपने से ऊपर देख नहीं सकता था । समय के साथ साथ महिलाओं की स्थिति बदल रही है साथ ही महिला चिंतन और लेखन धारा भी बदल रही है। स्त्री चिंतन इतना ही प्राचीन है जितना हमारा साहित्य है। जॉन स्टुअर्ट मिल की रचना डी सब्जेक्शण ऑफ वूमेन के अनुसार 'स्त्री और पुरुष बौद्धिक क्षमता में दोनों बराबर हैं'। सेकेंड सेक्स के अनुसार 'स्त्री पैदा नही होती स्त्री बना दी जाती है'। हिंदी प्रसिद्ध लेखिका प्रभा खेतान का साहित्य स्त्री जीवन के संघर्ष, मनोकामना, उसकी इच्छा ,पीड़ा एवं मानसिकता का जीवंत उदाहरन है। पुरुष प्रधान संस्कृति रुढ़ी परंपरा का संघर्ष करने वाले नारी का वर्णन उनके लेखों में मिलता है प्रभा खेतान में अपनी रचनाओं में नारीयों को भावनाओं में बहता हुआ ना बता कर और उसके समग्र खड़े होने की मांग है ताकि उनका मानसिक सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक विकास हो विकास हो सके।

निष्कर्ष- लेख महिलाओं के अधिकारों का समाज में उनकी स्थिति पर आधारित है भारतीय महिला लेखको द्धार समाज को महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया है समाज में स्त्री और पुरुष दो गाड़ी के पहिये हैं जब दोनों ठीक बाराबारी में चलेंगे तभी समाज भी परिवार की तरक्की होगी यह विमर्श स्त्री को पुरानी सोच से निकल कर आगे मार्ग प्रशस्त करने का कार्य कर रहा है स्त्री विमर्श के प्रश्नों ने समाज को एक नई सोच प्रदान की है जिसके समाज में एक नई ऊर्जा उत्पन्न हो रही है जो समानता पर आधारित है और स्त्री विमर्श के मध्यम से स्त्री के मन को आत्मविश्वास धर्म मनोबल प्रदान किया गया है। निष्कर्ष रूप में यहीं कहा जाएगा कि अब भारतीय नारीअबला नहीं रही सबला हो चुकी है क्योंकि यह वह शक्ति है जिसके आगे देवता भी नतमस्तक हुए हैं तो पुरुष क्या चीज है, नारी के बिना परिवार, समाज, राष्ट्र की उन्नति नहीं हो सकती है। नारी कोमल है, कमजोर नहीं शक्ति का नाम ही नारी है ।कमजोर और कोमल समझकर जिसको सबने देखा है, वह कमजोर नहीं शक्तिशाली है और सभी गुणों की अवतार है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अभिषेक कुमार गौड़ हिंदी विभाग सागर।
2. आदमी की निगाह में औरत,राजेंद्र यादवराजकमल प्रकाशन 2021 पृष्ठ 15
3. मेरी प्रिय कहानिया,अमृता प्रीतम राजपाल प्रकाशन 2014 पृष्ठ15
4. मोनोग्राफी,रघुवीर सहाय प्रथम संस्करण 2014 पृष्ठ63
5. आधी जमीन,सरोज चौबे अक्तूबर 2001 पृष्ठ79
6. जनसत्ता,चन्द्रभान सिंह यादव जनवरी 11, 2021
7. संध्या तिवारी, अंग्रेजी में उत्तर आधुनिक भारतीय महिला लेखिकाए: आलोचनात्मक चिंताए और रुझान, रिसर्च इंडिया प्रेस ।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उषा प्रियवंदा के उपन्यासों में नारी जीवन के विविध आयाम

डॉ. अर्चना बापना*

* सहा. प्राध्यापक, एडवास महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – नारी, समाज का एक अभिन्न अंग है। 'नारी के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती' है। यही कारण है कि अपने जन्मकाल से ही हिन्दी उपन्यास नारी जीवन और उसकी विभिन्न समस्याओं के प्रति सजग रहा है। प्रेमचन्द पूर्व के उपन्यासों में प्राचीन आदर्शो के प्रति गहरी निष्ठा होने के कारण उपन्यासकारों ने उन्ही आदर्शो के सहारे नारी का चित्रण किया और उन आदर्शो के परिप्रेक्ष्य में ही नारी, जीवन की सार्थकता को दिखाने का प्रयास किया।

प्रेमचन्द के आदर्शो–मुख यथार्थवाद उपन्यासों में परिवार में पुरूष को प्रधान मानते हुए भी वे नारी को समान अधिकार देने के पक्ष में थे। नारी शिक्षा की आवश्यकता मानते हुए भी वे नारी के स्वतंत्र अर्थोपार्जन को उचित नहीं समझते थे और सामाजिक, राजनीतिक कार्यो में नारी की रूचि को श्रेयस्कर माना पर भी पाश्चात्य नारी जीवन को गलत मानते थे।

जैनेन्द्र ने नारी–जीवन को कुछ अधिक गहराई से समझने का प्रयास किया। उन्होने नारी जीवन की विविधता का चित्रण किया। यशपाल ने राजनीतिक दल में काम करने वाली नारी व समाज में नारी के विभिन्न बंधनों का रूप उपस्थित किया। इस समय के उपन्यासों में नारी के प्रेम की समस्या, वैवाहिक असंगति की समस्या और घर बाहर की समस्या पर लेखकों ने दृष्टि– पात किया।

मनोवैज्ञानिक उपन्यासों में पुरूष मन का जितना मनोविश्लेषण मिलता है उतना नारीमन का नहीं मिलता। अधिकांश उपन्यासों में पुरूष के परिपेक्ष्य में ही नारी के मनोविज्ञान का अध्ययन किया गया है। जिसके कारण नारी–मन के बहुत से सूक्ष्म पहलू अछूते रह गये है। नारी के मनोविज्ञान का चित्रण भी कहीं–कहीं ही दिखाई देता है।

कुछ महिला उपन्यासकारों ने नारी जीवन को चित्रित करने का प्रयास किया परन्तु उन्होने भी नारी का केवल स्वप्नशील और भावुक रूप में ही देखा।

उपन्यासकार उषा प्रियवंदा ने नारी जीवन का गहरा यथार्थ और सटीक चित्रण प्रभावशाली ढ़ंग से करने की चेष्टा की है। प्रेमचन्द के होरी, अज्ञेय शेखर की तरह ही उनके उपन्यासों की राधिका, सुषमा और अनुका ये पात्र पाठक पर छाप छोडते हैं।

नारी के हर पहलु और हर विशेषता का चित्रण उषा–प्रियवंदा के उपन्यासों में दिखाई देता है।

आधुनिक हिन्दी उपन्यासों में नारी जीवन के एक और पहलु पर भी प्रकाश नहीं डाला गया है। सन् 1935 के आर्थिक संकट से ही भारतीय नारी अर्थोपार्जन की ओर ध्यान देती आई है और सन्1950 तक हम अनेक पुरूषोचित धन्धों में नारी को प्रवेश करते पाते है। क्लर्क, अध्यापिका, अभिनेत्री, लेड़ी डॉक्टर, लेडी वकील, राजनीतिक कार्यकर्ता, मंत्रालय, दूतावास में भी नारी की प्रतिष्ठा हो चुकी है। परन्तु नारी के इन अनेक रूपों में सें उपन्यासकार लेखक ने केवल दो–तीन की ओर ही ध्यान दिया है इस प्रकार के व्यवसाय अपनाने से उनके पारिवारिक, सामाजिक जीवन में जो परिवर्तन आता है, जिन कठिनाईयों का उसे सामना करना पड़ता है उनका कोई उल्लेख हिन्दी उपन्यासकारों ने नहीं किया है। परन्तु उषा–प्रियवंदा के तीनों उपन्यासों में इस प्रकार की कई समस्याओं का कठिनाईयों का प्रशंसनीय प्रयास हमें देखने को मिलता है।

इसी प्रकार स्वावलम्बिनी नारी के अस्वाभाविक जीवन का और विवाह को अपनी स्वतंत्रता का अपहरण समझ कर उससे दूर रहने वाली नारी का चित्रण हमें हिन्दी उपन्यासों में नहीं मिलता। उषा प्रियवंदा के तीनों उपन्यासों की नायिकाए कुछ हद तक ऐसी ही है, जो स्वावलम्बी तो है और पुरूष विशेष को केवल उतना ही महत्व देती है, जहॉ तक वे उनके विकास में सहायक होते हैं। अन्यथा ये नारियॉ पुरूष से दूर रखकर ही अपना जीवन जीने को प्रस्तुत दिखाई देती है।

स्वालम्बन की इस दौड़ में इसी प्रयत्न में उसे अपने परिवार से अनेक प्रकार का संघर्ष करना पड़ता है उसे प्राचीन संस्कार एवं समाज की रूढिवादिता से जुझना पड़ता था। समाज की संकीर्ण मानसिकता से उसे लोहा लेना पड़ता था। उपन्यासकारों ने उसके संघर्ष को अनदेखा किया था। साथ ही उपन्यासकारों की दृष्टि भी नारी को परिवार व पति से मिलने वाली यातनाओं की और नहीं गई। न उस तेजस्विनी नारी का चित्रण किया गया है जो इन सारी बाधाओं और संकटों को पार करती हुई अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेती है।

नारी जीवन की उपरोक्त बहुत सारी कमियों को उपा प्रियंवदा के उपन्यासों के कारण दूर हो गई है उषा जी ने नारी के पिछडेपन की निन्दा की जगह पुरूष के पिछडेपन का वर्णन किया।

उषा जी ने अपने उपन्यास पचपन खम्भे, लाल दीवारे, रूकेगी नहीं राधिका एवं शेषयात्रा इन तीनों उपन्यासों में नारी जीवन का जो विविधतापूर्ण और सूक्ष्म चित्रण किया है, उसे हम निम्नलिखित प्रकार से वर्गीकृत कर सकते है।

1. भारतीय और पाश्चात्य संस्कारों से प्रभावित नारियॉ।
2. उच्च वर्ग की नारियॉ।

3. उच्च मध्य वर्ग की नारियॉ।
4. मध्य वर्ग की नारियॉ।
5. निम्न वर्ग की नारियॉ।
6. किशोर वर्ग की नारियॉ।

पाश्चात्य और भारतीय संस्कारों से प्रभावित नारियॉ।

1. सुषमा।
2. राधिका।
3. अनुका।

सुषमा मध्य वर्ग की एक शिक्षित युवती है। घर की बड़ी बेटी होने के नाते, पिता की बिमारी में वह घर की जिम्मेदारी संभालती है। दिल्ली के एक कॉलेज में वह अपनी नौकरी एवं घर की जिम्मेदारी निभाने का कार्य पूरी ईमानदारी से करती है। इस प्रकार सुषमा जानती है कि वह अर्थ प्राप्ति का एक साधन मात्र बनी हुई है। क्योंकि पिता उसकी शादी नहीं करना चाहते थे। जिम्मेदारी होने के साथ-साथ सुषमा भी चाहती है कि उसकी शादी हो, उसका घर हो परन्तु घर के जिम्मेदारी के कारण वह शादी नहीं कर सकती। सुषमा एक भारतीय नारी है। इसलिए वह पहले दूसरों के सुख का विचार करती है। कृष्णा मौसी जब उसके विवाह की बात छेडती है तो सुषमा कहती है जीवन में बहुत महत्वपूर्ण काम है, सिर्फ विवाह ही तो नहीं ओर देशों में देखिए बिना शादी किए ही औरते कैसे मजे से रहती है।

नील नामक एक युवक को मित्र बना लेती है वह सुषमा के इस अकेले पन और दु:ख से उभारने का एक सहारा उसे मिल जाता है। नील से सुषमा को सच्चे प्यार है परंतु वह यह खुले तौर पर स्वीकार नहीं कर सकती, अपनी इसी विवशता से उसे चिढ़ है। नील के बिना उसका जीवन अर्थहीन होगा यह जानकर भी वह उससे दूर जाने का निश्चय कर लेती है। सुषमा के मानसिक अर्न्तद्वन्द्व, कर्तव्य, भावना के संघर्ष अशन्ति अतृष्ति आदि मनोभावों के परिस्थिति सापेक्ष मनोवैज्ञानिक चित्र अंकित करने में लेखिका विशेष रूप से सफल हुई है। सुषमा अपने समाज की अनेक अदृष्य में मर्यादाओं और नीति नियमों की चौखट में बंधी है। उसका मानस और अंतकरण उसे कुछ और करने को कहता है तो उसके बाह्य परिवेश की मांग कुछ और ही है।

अत: सुषमा उन भारतीय नारियों का प्रतिनिधित्व करती है, जो आज के आधुनिक युग में भारतीय और पाश्चात्य संस्कारों से प्रभावित होकर, द्वन्द्वावस्था के कारण अपना सुख और चैन खो बैठती है। न वो पूरी तरह से भारतीय जीवन जी सकती है न पूर्णत: पाश्चात्य जीवन अपना सकती है और इस बीच की अनिर्णित और अत्यन्त संघर्षम्य अवस्था में उपन्यास की नायिका जीवन जीने के लिए मजबूर होती है।

राधिका – 'रूकेगी नहीं राधिका' उपन्यास की नायिका राधिका अपने विचारों के अनुसार जीवन जीने वाली उच्चवर्ग की एक स्वतंत्र व्यक्तित्व की युवती है वह मेधावी है तथा उसमें आत्मविश्वास पूर्ण गरिमा है प्रभावशाली व्यक्तित्व वाली वह एक आकर्षक युवती है। अपनी जिद के कारण पिता से झगड़कर पीटरसन संवाददाता के साथ विदेश जाकर राधिका शिकागों विश्वद्यिालय में प्रवेश लेती है। अपने घर की बिगड़ी हुयी असहनीय परिस्थिति से उबरने का राधिका, यह एक अच्छा मार्ग ढूंढ निकालती है। राधिका के लिए विदेश यात्रा एक स्वप्न था, वह एक महत्वाकांक्षी युवती होने के कारण उसे यह स्थान वास्तविकता में ले जाता है।

अन्यत्र कहीं रहने की व्यवस्था न हो सकने के कारण राधिका करीबन एक साल तक डेनियल के साथ ही रह लेती है। राधिका पर भारतीय संस्कारों की छाप गहरी होने के कारण विदेशी संस्कृति की अनेक बातें उसे खटकती है। जब वह विदेश यात्रा से लौटकर पहली बार अपने पापा से मिलने जाती है तो रास्ते में उसे ऊँट मिल जाते हैं तो वह मन ही मन कामना करती है कि उसका पापा से मिलना ठीक तरीके से हो जाए। राधिका को इस बात की निरर्थकता मालूम है परंतु वह बात को दिल से पूरी तरह निकाल भी नहीं सकती। पिता के मिलने पर उन्हें आदर पूर्वक नमस्कार करना, मामा के घर अतिथि धर्म को जानकर कुशलक्षेम पूछना, उनके बच्चों को आशीष देना चाहना। इन सभी छोटी-छोटी बातों से राधिका पर हुए गहरे भारतीय संस्कारों का दर्षन होता है। इसके विपरीत राधिका पर पाश्चात्प आधुनिक संस्कारों का भी पर्याप्त प्रभाव है जैसे विदेश में पढना, साथ में रहना आदि।

अत: राधिका उन नारियों का प्रतिनिधित्व करती है, जो संस्कारों से भारतीय तथा शिक्षा एवं विचारों से पाश्चात्य होती है। संस्कारों एवं विचारों के परस्पर भिन्नत्व के कारण ऐसी नारियों का जीवन एक पहेली बन जाती है। ये किसी भी परिस्थिति एवं परिवेश में संतोष का अनुभव नहीं कर सकती। उनका भविष्य अनिर्णित एवं प्रषनचिन्हित ही रह जाता है।

अनुका

'शेषयात्रा' उपन्यास की नायिका अनुका मध्यवर्ग में पली हुई एक साधारण युवती है बचपन में ही माता-पिता केचल बसने के कारण वह नैनिहाल में पली है। वह स्वभाव से अत्यन्त नर्म-मिजाज और सहनशील है। उसकी शादी डॉ. प्रणव कुमार के साथ तय होती है। एक घरौदे से निकलकर अपने पति के साथ चकाचौध वाली विदेशी दुनिया में अनुका चली जाती है। जीवन के नये सुख और खुशियॉ प्रदान करने वाले पति के प्रति अनुका कृतज्ञता से उसके पैरों पर समर्पित हो जाती है। अनुका की हर बात प्रणव के संकेतों पर चलती है। वह सखी सम्मेलन की सदस्य है परन्तु वहॉ की औरतों के साथ कभी वह खरीदारी के लिए भी नहीं जाती। प्रणव की सलाह के बिना वह कोई भी निर्णय नहीं लेती। बचपन से ही अनुका के व्यक्तित्व को किसी ने अलग रूप से स्वीकार नहीं किया। वह हमेशा किसी न किसी संदर्भ में पहचानी गयी है। आदर्शो को ग्रहण करने वाली वह एक कठपुतली मात्र रह गयी है। अपने स्वत्व को जानने का उसे कभी मौका ही नहीं मिला। अपने जीवन से संबधित निर्णय भी उसने खुद नहीं लिये।

अनुका अपने सौदर्य से भी बेखबर है प्रवासी भारतीयों पर डाक्यूमेंटरी फिल्म बनाने के लिए जब उसे चुना जाता है तब वह उत्तेजना से कॉप उठती है। एक ओर जब वह परिणाम के भय से आंतकित है। तभी दूसरी और अपनी जिंदगी के अत्यधिक आनन्द की चरमसीमा के अनुभव से रोमाचिंत है। घर आये हुऐ बड़े-बड़े मेहमानों से प्रशंसा सुनकर वह शर्म से लाल हो जाती है। उन्हें जलपान देते हुए वह एक सहज स्वाभाविक कुशल गृहस्थिन की तरह लगती है। फिल्म की डायरेक्टर चंद्रिका राणा जब उसे पूछती है कि क्या वह सिर्फ यही काम करती है। तो अनु को यह प्रश्न बमगोले की तरह लगता है। अनु ने इस पर कभी सोचा ही नहीं है। उस समय प्रणव ही आगे बढ़कर सफाई पेश करते हुए कहता है मुझे कैरियर गर्ल नहीं चाहिए थी। मैं चाहता था सरल स्नेहशीला बीबी, जिसके साथ बैठकर मुझे सुख-चैन मिले।

उसी रात से प्रणव के बर्ताव में लाक्षणिक फर्क आता है। उसके व्यवहार में रूखापन आ जाता है। वह सनकी बन जाता है। डॉक्टरी छोड़ के वह फिल्मे बनाने की ठान लेता है। इस निर्णय से अनु चिंताग्रस्त हो जाती है। परन्तु कुछ कहने-सुनने की उसकी हिमत नहीं होती। अनु कों प्यार और विश्वास

के बदले दुनियॉ के ऐशोआराम देने से ही अपनी पति की जिम्मेदारी खत्म होती है ऐसा प्रणव को लगता है। पति के बदले हुए तेवर के सामने अनु विवश है। अनु पति के स्वभाव को जानकर सब कुछ चुपचाप सहना ही उचित समझती है। पति पर बोझ न बनने तथा उन्हे कष्ट न देने का वह प्रयत्न करती है। एक बार पार्टी में प्रणव जब सबके सामने अनु को एक बंधन के रूप में अपनी प्रगति का रोड़ा कह देता है तब अनु अपमान से जल जाती है। पति के कठिन शब्दों से उसका कोमल हृदय घायल हो जाता है। अनु पति के व्यवहार और सनकीपन का अर्थ जानना चाहती है, पर असफल रहती है एक बार प्रणव से झगडा हो जाने पर वह अनु से कहता है, छोड दो मुझे अलग हो जाओं। मुझसे अब तुम्हें कुछ भी संतोष नहीं मिलता।

फिर भी अनु अपने बिगडे हुए दाम्पत्य जीवन के बारे में कुछ नहीं कहती।

अनुका मूलत: एक पारंपरिक और पुराने ख्यालों की भारतीय नारी है। भारतीय संस्कारों की जकड़ में वह आबद्ध है। परन्तु धीरे-धीरे वह अपने को उससे मुक्त करती है। इस प्रकार एक आदर्ष भारतीय नारी है, एक आधुनिक से पाश्चात्य नारी की ओर अनुका की यह यात्रा है।

उच्चवर्ग की नारियॉ- उषाजी ने अपने उपन्यासों में प्रधानता आधुनिक नारियों का चित्रण किया है। आधुनिक युग की उच्च वर्ग की नारियों का रहन-सहन आचार-विचार प्रकृति एवं स्वभाव का यथार्थ वर्णन करने में उषा जी सफल हुई है।

उषाजी ने उच्चवर्ग की जिन नारियों का चित्रण किया है वे अपने वर्ग की प्रतिनिधि पात्र के रूप में है एवं दिखाई देती है। उषाजी के उपन्यासों में निम्नलिखित प्रमुख पात्रों का चित्रण हुआ है। पहला उपन्यास पचपन खम्बे, लाल दिवारे में कौशल्याजी, नील की मॉ, नील की बहन, विद्या, भाभी, विजया, नयनतारा, कारिन, गोगी, अंजलि, अक्षय, के अफसर की पत्नी, क्रिस्त, डॉ. विभाषहा, कीरत, चन्द्रिका राणा, रोजलिन हैं।

कौशल्याजी:- कौशल्याजी सुषमा की कृष्णा मौसी की सहेली है। वही नील की बुआ है। सुषमा की साड़ियॉ कौशल्याजी नील के हाथों होस्टल पहुचाती है वह खुद मेहमान बनकर आती है। कौशल्या जी एक आधुनिका है। वहा सुस्वभावी औरत है। पति के साथ क्लब जाने जैसा आधुनिक रिवाज निभाते हुए भी उसकी संस्कृति प्रतिभा उसके बर्ताव से झलकती है।

नील की मॉ:- नील की मॉ अपने उच्च वर्ग की हैसियत एवं प्रतिष्ठा से रहने वाली एक कुलीन स्त्री है। वह अपने खानदान तथा रहन सहन आदि के बारे में बहुत सतर्क है। नील की मॉ नील की शादी अपने जैसे ही बड़े खानदान में करना चाहती है। सुषमा से प्यार होने के कारण नील जब शादी के लिए तैयार नहीं होता तब कृष्णा मौसी से झगड़ती है कि उनकी भानजी के पीछे नील शादी नहीं कर रहा है। इस प्रकार नील की मॉ संकीर्ण विचारों की तथा अपने ही घेरे में रहने वाली एक अमीर औरत है।

नील की बहन:- नील की बहन एक नवयौवना किशोरी है। सुषमा के प्रति उसके मन में उत्सुकता कुढन तथा खिंचवा का भाव है। अपने भाई को फुसलाने वाली सुषमा की बदनामी करने में वह मॉ का साथ देती है।

विद्या:- विद्या 'रूकोगी नहीं राधा' उपन्यास का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण पात्र है, जो अपने प्रभावशील व्यक्तित्व से पाठकों पर एक अनूठी छाप छोडती है। विद्या राधिका की विमाता है। राधिका कभी विद्या को समझने की कोशिश नहीं करती। विद्या और राधिका के पिता के बीच भी मनमुटाव है इसीलिए वे विद्या से अलग अकेले गंगापार वाली कोठी में रहने लगते है। इससे विद्या अपनी उपेक्षा और अपमान सह नहीं सकती। जब वह जिंदगी से उब जाती है तो एक रात नींद की गोलियॉ खाकर अत्महत्या कर होती है। इस उपन्यास में विद्या एक उच्च वर्गीय शिक्षित स्वाभिमानी नारी का प्रतिनिधित्व करती है।

राधिका की भाभी:- राधिका की भाभी अपने अमीर पिता की एक इकलौती संतान है। उसके पति ने शादी के बाद उसके पिता का सारा कारोबार संभाला है। बेशुमार धन और दौलत का असीम अहंकार उसमें भरा हुआ है। अपनी विदेश यात्रा से लौटी युवा नन्द की शादी हो जाए ऐसी भाभी की इच्छा है। इसलिए वह उसे क्लब ले जाती है।

विजया:- एक सुंदर युवती है। वह मनीष की वागदत्ता है। मनीष के द्वारा अस्वीकार किए जाने पर वह बेहद दु:खी हो जाती है। वह अमीर और ऐयाशी युवक के मनोरंजन का साधन बनी हुई नारी के रूप में विजया को हम पाते है ऐसी नारियॉ जो धनवान युवकों की शान और सुख प्राप्त कर उन्हे भूला देते है। ऐसी ही धोखा खाई हुई आहत नारी का प्रतिनिधित्व विजया करती है।

नयन तारा:- एक अत्यन्त सुंदर युवती है। उसकी सुंदरता किसी प्राचीन मंदिर के स्तम्भ पर खुदी यक्षिणी की बराबरी करती है। मनीष उसकी सुंदरता से प्रभावित है और उसी के पीछे अपनी बागदत्ता विजया से सम्बन्ध विच्छेद कर देता है। मनीष जैसे धनवान युवकों के मनोविनोद का साधन बन जाने वाली नारियों में सें नयनतारा भी एक है।

कारिन:- यह राधिका के मित्र मनीष की सहेली और छात्रा भी है। कारिन एक खूबसूरत युवती है वह किसी भी सुंदर युवक से झट से प्रभावित हो जाती है। कारिन आर्ट इन्स्ट्रीटयूट के रिसर्च ट्रेनिंग में काम कर रही है, जिसे मनीष ही एक अधिकारी के रूप में संभाल रहा है कारिन मनीष को चाहती है। वह मनीष को अपना समझती है। कारिन मनीष के साथ शादी करना चाहती है।

गोगी:- कीरत की लडकी तथा एक अमीर घर की बेटी है। वह उद्धण्ड और लाड प्यार से बिगडी हुई है। उसके बर्ताव की तरह उसके कपड़ें भी अत्यन्त वीभत्स है। गोगी ने कास्मेटिशन का कोर्स किया है वह और उसकी मां दोनो ब्यूटी ट्रटमेंट ले रही है। अपनी मुख-मुद्रा का ख्याल रखना, मेकअप की कई परतें चेहरे पर चढाना ये उनका रोजमर्रा का काम है। गोगी को अगर लडका पसन्द आए तो वे उनकी शादी करा देने। परंतु गोगी का अपने युवा दोस्तो के साथ मजे लुटना और घुमना रहना इन बातों से माता-पिता अनजान है। पाश्चात्य संस्कारों में पली और बिगड़ी हुई गोगी एक साधारण प्रतिनिधि पात्र है।

डॉ. विभा शहा:- डॉ. शहा की पत्नी है। विदेश में रहने वाली यह एक उच्च वर्गीय औरत है। उसकी प्रकृति उच्छखल औरत की तरह है। वह डॉ. प्रणव में बड़ी दिलचस्पी रखती है। विभा का आचार-विचार व्यवहार अत्यन्त मुक्त है। वह नव विवाहित प्रणव की बॉहे पकडकर उसे घर ले जाती है। अनु के मौन रहने पर वह उसे टोकती है। प्रणव उसे कहता है कि अब विभा ही उसे अपनी तरह सब कुछ सीखा दें। विभा को इस बात में अपना सम्मान और प्रशंसा नजर आती है। विभा को अपनी डॉक्टरी पर घमंड है।

चन्द्रिका राणा:- चन्द्रिका राणा न्यूयार्क में टी.बी. स्टेशन में प्रोग्रामों की प्रोडयूसर है, चन्द्रिका पूरी तरह से पाश्चात्य ढंग की औरत है, जो लगातार सिगरेट और बीच-बीच में बोतल से बीयर के घूंट पीती रहती है। अनु की अतिथेया बनकर सबको जलपान देते हुए देखकर चन्द्रिका व्यंग्य से मुस्कुराती है और अनु से पूछती है कि क्या अनु हमेशा सिर्फ यही काम करती है तव अनु निरूत्तर हो जाती है, प्रणव और चन्द्रिका दोंनों एक दूसरे के प्रति

आकर्षित है, इसी कारण प्रणव को अनु के साथ का जीवन लंचर और बेमानी लगने लगता है।

अंजलि:- अंजलि यह राधिका की परिचित मित्र की बडी बहन है। वह एक समाज सुधारक है वह चाहती है कि उसका भाई ऐसी ही किसी कन्या से विवाह करके उसका उद्धार करे जो बहुत बेचारी और निरूपाय है। सामाजिक सुधार के लिए प्रयास करने वाली नारियों का प्रतिनिधि पात्र अंजलि है। परंतु अंजलि ने समाज सुधार के जो उपाय ढूंढे है वे अनुचित एवं असफल होते हुए दिखाई देते है।

अफसर की पत्नि:- अक्षय के अफसर की पत्नि को भारतीय तिब्बतियों में बड़ी रूचि है। वह उनके लिए स्कूल चलाती है जिसमें उन्हे ट्रेनिंग देकर नौकरी करने योग्य बनाया जाता है। उसके घर में ऐसे ही एक गरीब तिब्बती को रसोईये के रूप में रखा है। अपनी अमीरी और अपने समय का सदुपयेग करके समाज के कल्याण के लिए प्रयत्न करने वाली विवेकशील नारियों का प्रतिनिधित्व अक्षय के अफसर पत्नि करती है।

क्रिस्त:- क्रिस्त का असली नाम कृष्णा है। मनीष एक बहुत बडी पार्टी आयोजित करता है। इस पार्टी में क्रिस्त अपने सौदंर्य, श्रेष्ठता और संपत्ति का प्रदर्शन करने के लिए ही आती है। वह अपने मद्यपान की आदत के बारे में चढाचढाकर बातें कर रही है। उसे कोरी शराब पसंद है और उसकी इस पसंद पर उसे गर्व है। क्रिस्त का अंहकारी स्वभाव तथा उसकी निम्न मनोवृत्ति का दर्शन होता है। क्रिस्त का संभाषण भी बडा कृत्रिम और नाटकीय है।

कीरत:- सखी सम्मेलन नामक एक विदेशी संगठन की सदस्या है। उसके पति धनराज ने घर में बार लगवाया है। एक अमीर स्त्री की सारी विशेषताएँ उसमें है। बाहर और पार्टियों में उसका रूप चकाचौंध करा देने वाला होता है। तो घर में वह एकदम सीधी-सादी और अलग दिखाई देती है।

रोजलिन:- अनु की पडोसिन है। यह संवेदनशील दयालु और उदार नारी है जो अनु की कठिन और असहाय स्थिति में अनु की पूछताछ करती है अनु का दिल बहलाने के लिए वह अनु को सहैलियों के पास चली जाने के लिए कहती है। उषा जी ने अपने उपन्यासों में हर वर्ग की नारियों के जीवन का चित्रण किया है। समाज में उच्च मध्यवर्ग ही कुछ नारियों में अपनी आर्थिक स्थिति, सामाजिक स्थान एवं दर्जे को लेकर अत्यधिक आत्म सम्मान की भावना होती है। घमंड से दूर रहती है जिनका आचरण स्वाभाविक होता है।

उच्च मध्यवर्ग की नारियाँ:-

उषा जी द्वारा चित्रित उच्च मध्य वर्ग के प्रमुख पात्र निम्ननुसार है।

1.प्रिंसिपल 2. रमा 3. दिवाकर 4. प्रेमा 5. अनिला 6. नीना 7. दिव्या 8. दिव्या की मॉ 9. नीरजा 10. ज्योत्स्मा पटेल 11. नमिता 12. डौली दीदी

प्रिंसिपल:- सुषमा के कालेज की प्रिंसिपल एक बुजुर्ग, गंभीर महिला है सुषमा के काम से वह संतुष्ट है। सुषमा के प्रति उसके मन में सहज स्नेह एवं सद्भावना है। सुषमा के बारे में ऐसी वैसी बातें सुनकर उन्हें गहरा धक्का पहुंचता है। सुषमा को वे एक गंभीर जिम्मेदार टीचर बार्डन समझती है। सुषमा प्रिंसिपल के प्रति आदर का भाव रखती है। प्रिंसिपल अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाती है।

रमा:- रमा यह राधिका की सहपाठिनी है। रमा राधिका की विमाता विघा की छोटी बहन है। वह एक मुखर और बर्हिमुख प्रवृति की नारी है। रमा राधिका को सीधे स्पष्ट शब्दों में कहती है। न जाने कहॉ-कहॉ का सैर-सपाटा, जाने किस-किस घाट का पानी पीकर तुम आई हो। राधिका के पास रमा को बताने के लिए बहुत-सी बातें होगी ऐसे संभाषण से असभ्यता ही झलकती है।

दिवाकर:- दिवाकर ने मैकमिल युनिवर्सिटी फिजिक्स विषय में डाक्टरेट की है। असंतुष्ट जीवन की त्रुटियों और अभावों से परेशान दिवाकर को दिवाकर की बीबी अपने देश के लिए त्याग करने की बाते सीखाती है।

प्रेमा:- प्रेमा राधिका की मकान मालिकन है। वह एक साधारण गृहस्थीन का प्रतिनिधित्व प्रेमा करती है। प्रेमा एक व्यवहार कुशल औरत है इसीलिए वह राधिका के सामने अपने मकान की तारिफ करती है। वह वहां की अनेक असुविधाओं को सुविधा साबित कर देती है।

अनिला:- राधिका के मकान मालिक एवं अक्षय के मित्र शंकर की बडी बेटी है। वह बीस-इक्कीस बरस की युवती है। वह अक्षय की ओर आकर्षित है। और उससे मुग्ध प्यार करती है। वह सजने संवारने को अतिरिक्त महत्व देती है।

नीना:- नीना राधिका के मकान मालिक की बेटी है। वह कॉलेज में बीए. में पढती है। नीना अल्हड है। वह जोर-जोर से बातें करती रहती है। उसका आचरण और उसकी बातें सहज और अक्रत्रिम है। वह राधिका के विदेश जीवन के बारे में वह कौतहुल भरे प्रश्न करती है। खासकर टेलीवीजन और फिल्मों के विषय में उस ज्यादा दिलचस्पी है। उसके मन है कि अगर मजे की जिंदगी हो तो वह कभी मेहनत से नहीं घबराएगी। नीना को ऐशो आराम और सुविधापूर्ण जीवन पसंद है।

दिव्या:- दिव्या अनु की बचपन की सहेली है। यह उच्च मध्यवर्ग के परिवार की लडकी है। दिव्या की मॉ फैशन बुल औरत है। दिव्या का बचपन बडे से बंगले में फुलवारी, कुत्तों और नौकर चाकरों तथा भाई बहनों के बीच रहने वाली अमीर लडकी है। एम.ए. करते-करते दिव्या की शादी जयन्त से हो जाती है। और दोंनों साथ-साथ आगे पढने के लिए विदेश चले जाते है। इस परिवर्तन से दिव्या बदल जाती है। आत्म विश्वास आचरण का खुलापन, सहज मुस्कान और बर्ताव का सीधापन उसके स्वभाव की महत्वपूर्ण विशेषताएं बन जाती है।

नीरजा:- सखी सम्मेलन की सदस्या है। नीरजा ने दूसरी शादी कर ली है और शादी के दस महीने बाद उसे बेटा हुआ है। वह अपने बेटे का जन्मोत्सव बडे धूमधाम से मनाती है। वह बहुत बड़ी पार्टी का आयोजन करके अपनी सम्पति का प्रदर्शन करती है। नीरजा खुद पढ़ी लिखी जिम्मेदार पद पर नौकरी करने वाल स्वतंत्र व्यक्तित्व की स्त्री है।

ज्योत्स्ना:- एक अधेड़ उम्र की बुजूर्ग स्त्री है जो अपने पति के साथ कैलिफोर्निया में रह रही है। वह अनु और प्रणव से परिचित है। प्रणव को जब वह चन्द्रिका राणा के साथ देखती है तो उसे दु:ख होता है कि अनु इन सब बातों से बेखबर है। अनु को इस बात की खबर करा देना ज्योत्स्मा अपना कर्तव्य समझती है। ज्योत्सना एक जिम्मेदार स्त्री है। वह पुराने ख्यालों की है। अत: दूसरों की भलाई के लिए हमेशा तत्पर रहती है।

निम्न वर्ग की नारियॉ:- उषा जी ने अपने उपन्यासों में ज्यादातर आधुनिक उच्च मध्यवर्ग की नारियों का ही चित्रण किया है। अत: निम्नवर्ग नारियों का चित्रण स्वाभाविक तौर पर बहुत कम हुआ है। प्रसंग कहीं-कहीं निम्न वर्ग की नारियों का चित्रण मिलता है। निम्न वर्ग की इन प्रतिनिधि नारी पात्रों से उनके जीवन की झलक दिखाई देती है ये प्रमुख पात्र है।

1. **मौरी**
2. **देकी**

उषा प्रियंवदा उन कथाकारों में सें एक है। जिन्होंने आधुनिक जीवन की उब छटपटाहट संत्रास और अकेलेपन की अनुभूति के सार को पहचान कर अपने रचनाओं में व्यक्त किया है। उच्च वर्ग के साथ–साथ उन्होने मध्य वर्ग की नारियॉ के जीवन की विभिन्न प्रकार की सामाजिक धार्मिक संस्कृतिक समस्याओं को भी स्त्री चेतना की दृष्टि से बहुत ही सारगर्भित अभिव्यक्ति दी है। भारतीय मध्यवर्गीय परिवार अपनी कन्या का विवाह प्रवासी से कराकर बहुत खुश होते है परन्तु जब अनु का मोहभंग तब होता है जब अमेरिका आने का सौभाग्य दुर्भाग्य में परिणित होता प्रतीत होता है।

भारतीय मध्यवर्गीय परिवार बेहतर अवसर की खोज में जीवन से प्रभावित होकर प्रवासी भारतीयों से अपनी कन्याओं का विवाह करा देने पर स्वंय को बहुत सौभाग्यशाली समझने लगते है परन्तु विदेश जाने के बाद शुरू होता है संघर्ष और मोहभंग का अटूट सिलसिला। आज का व्यक्ति नई परिस्थिति में स्वयं से टूटते हुए जिन्दगी से जूझते हुए आर्थिक संकट से संघर्ष कर रहा है। स्त्री अस्मिता को लेकर बाहरी और भीतरी मोर्चे का अत: संघर्ष लम्बे समय तक चला और इसे सामाजिक साहित्यिक विमर्श का स्वाभाविक हिस्सा उषा जी ने बनाया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. प्रमिला कपूर– भारत में विवाह और कामकाजी महिला पृष्ठ. 4
2. उषा प्रियंवदा– पचपन खंभे लाल दीवारें उपन्यास
3. उषा प्रियंवदा– रूकोगी नहीं राधिका उपन्यास
4. उषा प्रियंवदा– शेष यात्रा उपन्यास

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

रावजोधा की प्रमुख उपलब्धियाँ

डॉ. सुमित मेहता*

* सहायक आचार्य, राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर (राज.) भारत

प्रस्तावना – राजस्थान के इतिहासमें ही नहीं अपितु भारतीय इतिहास में भी जोधपुर राज्य का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। अपनी वीरता, शौर्य, स्वामिभक्ति और बलिदान के लिए विख्यात जोधपुर ने राजस्थान के इतिहास को एक विशिष्ट स्वरूप प्रदान किया है। जोधपुर के राठौड़ नरेशों ने अपने शौर्य और बलिदान से पश्चिमी राजस्थान में अपनी सीमा का निरन्तर विस्तार किया। प्रारम्भिक राठौड़ इतिहास में लगभग सभी शासकों को युद्ध में अपनी जान गवानी पड़ी। राव जोधा द्धारा जोधपुर दुर्ग की स्थापना किये जाने के पश्चात् राठौड़ों को एक सुरक्षित स्थान मिल गया।

राव जोधा को ही राठौड़ साम्राज्य का वास्तविक संस्थापक एवं राठौड़ साम्राज्य को निश्चित स्वरूप प्रदान करने वाला माना जाता है।(1)महाराणा मोकल की हत्या के पश्चात् राव जोधा के पिता राव रणमल ने चित्तौड़ को ही अपना निवास स्थान बनाया था। अनेकों शत्रुओं से घिरे होने एवं अल्पव्यस्क होने के कारण(2) मेवाड़ के महाराणा कुम्भा ने भी मारवाड़ की प्रशासनिक व्यवस्था की ओर अधिक ध्यान नहीं दिया। राव रणमल का पुत्र जोधा भी चित्तौड़ दुर्ग की तलहटी के महलों में रहता था।(3)राव रणमल की हत्या के बाद राव जोधा के सम्मुख अनेकों कठिनाईयां थी। मारवाड़ के सभी प्रदेशों पर अलग-अलग वंशज शासन कर रहे थे। सीवाना पर जैतमालोत, नागौर पर खानजादा, जैतारण पर सिंधल राठौड़ आदि।

राव रणमल की मृत्यु की सूचना प्राप्त होते ही राव जोधा लगभग 700 साथियों(4)के साथ मंडौर की ओर रवाना हो गये। रेउजी के अनुसार जोधा की सेना की प्रथम मुठभेड़ चित्तौड़ के रावत चूंडा की सेना से हुई, जो पहले से ही उनका पीछा कर रही थी। ओझाजी के मतानुसार प्रथम युद्ध कपासन नामक स्थान पर हुआ। रावत चूंडा के पास अत्यधिक सैनिक थे एवं इस युद्ध में जोधा के लगभग 200 सैनिक वीरगति को प्राप्त हो गये। अत: जोधा की सेना अवसर पाकर युद्धभूमि से निकल गई।

मार्ग में जोधा की सेना ने अनेकों युद्धों का सामना किया। अत: सोमेश्वर पँहुचतें-पँहुचतें उसके पास केवल 250 सैनिक ही बचे।(5) जिनका उद्देश्य राव जोधा को सकुशल मंडोर तक पंहुचाना था। सोमेश्वर में पीछा करती हुई मेवाड़ की सेना के साथ जोधा की सेना का भीषण युद्ध हुआ। इस युद्ध में जोधा के लगभग सभी सैनिक मारे गये(6)किन्तु जोधा को सकुशल मंडौर पंहुचा दिया गया। जोधा के चचेरे भाई बरजांग भींवोत को बंदी बना लिया गया।

मंडोर में भी सुरक्षित महसूस न करने के कारण जोधा जांगलू की तरफ निकल गये तथा वहां पर काहुनी नामक गाँव में ठहरे। चित्तौड़ की सेना ने मंडोर पर अपना अधिकार कर लिया।राव जोधा की सूचना प्राप्त होते ही मेवाड़ की सेना ने काहूनी पर आक्रमण कर दिया। अत: जोधा को काहुनी से भी भागना पड़ा। इसके बाद जोधा इधर-उधर भटकता रहा और धीरे-धीरे उसने अपनी सैनिक शक्ति में वृद्धि कर ली।

जोधा का चचेरा भाई बरजांग, जो कि मेवाड़ की कैद में था, कैद से निकल भागा। उसने गागरोन के स्वामी खीचीं-चौहान चाचिगदेव की कन्या से विवाह कर लिया और यहां से पर्याप्त आर्थिक और सैनिक सहायता प्राप्त कर जोधा के पास पँहुचा। पर्याप्त सैन्य बल हो जाने के उपरान्त भी राव जोधा के पास सैन्य बल का अभाव था। अत: राव जोधा ने,सेतरावा के रावत लूणा जिनके पास पर्याप्त घोडे थे, से सहायता मांगी। रावत लूणा की पत्नी जोधा की मौसी थी। रावत लूणा ने तो घोडे देने से इन्कार कर दिया। किन्तु अपनी मौसी के सहयोग से उसको 140 घोडों की सहायता प्राप्त हो गई। पर्याप्त सैन्य बल इकठ्ठा होने के बाद राव जोधा ने मंडौर पर आक्रमण करने का निश्चय किया। उसने अपने विश्वासपात्र मंगलिया काला को दुर्ग की स्थिति का पता लगाने हेतु भेजा एवं स्वयं मंडौर से थोडी दूरी पर अपनी सेना सहित रूक गया। मंगलिया से दुर्ग की स्थिति का पता लगा जोधा ने अर्धरात्रि में दुर्ग पर आक्रमण कर दिया। मेवाड़ी सेना के प्रमुख योद्धा मारे गये और मंडोर दुर्ग पर राव जोधा का अधिकार हो गया।(7) इस तरह से राव जोधा ने मंडोर में अपनी स्थिति सुदृढ़ कर ली। उसके बाद जोधा ने मारवाड़ में स्थापित मेवाड़ की अन्य सैनिक चौकियों पर भी आक्रमण कर दिये। सबसे पहले जोधा ने चौकडी पर आक्रमण किया। जहां पर मेवाड़ के राणा की ओर से जोधा का चचेरा भाई राघवदेव सहसमलोत को नियुक्त किया हुआ था। युद्ध के बाद राघवदेव भाग खड़ा हुआ और चौकड़ी पर जोधा का अधिकार हो गया। उसके बाद उसने कोसाना पर अधिकार किया और सोजत के निकट धणला गांव में मेवाड़ी सेना को पराजित किया। इस तरह से राव जोधा ने मारवाड़ को मेवाड़ी आधिपत्य से मुक्त करवाया।

मंडोर पर आधिपत्य के बाद राव जोधा ने महाराणा कुंभा से अपने पिता की हत्या का बदला लेने की योजना बनाई। इधर महाराणा कुंभा भी मारवाड़ में मेवाडी सेना के परास्त होने एवं अपने कई योद्धाओं एवं सामतों के मारे जाने के कारण क्रुद्ध था। रावत चूंडा भी राव जोधा का प्रबल विरोधी था। जोधा की एक विशाल सेना मारवाड़ पर आक्रमण के उद्देश्य से पाली की तरफ रवाना हुई। अश्वों का अभाव होने के कारण मारवाड़ी सेना बैलगाडियों में सवार होकर ही युद्ध के लिए निकल गई।उधर मेवाड़ की भी एक विशाल सेना मारवाड़ की ओर रवाना हुई। किन्तु जब यह ज्ञात हुआ कि जोधा की

सेना बैलगाड़ियों में आ रही है और वे युद्ध से कदापि पीछे नहीं हटेगें तो मेवाड़ी सेना में आतंक छा गया और वह बिना युद्ध किये ही पाली से वापस लौट गई।

इससे राव जोधा की सेना बहुत ही ज्यादा उत्साहित हो गई और उन्होनें मेवाड़ी भूमि में प्रवेश कर चित्तौड़ दुर्ग के द्वार जला दिये। चित्तौड़ आक्रमण से लौटते समय सेना मेवाड़ के सेठ पदमचंद को बंदी बना लाई। यह सेठ बहुत सारा धन भेंट कर कैद से मुक्त हुआ। सेठ के धन से मेहरानगढ़ किले के निर्माण में भी सहायता मिली। किले के पास सेठ की स्मृति में पदमसागर तालाब बनवाया गया।

सांखला नापा के कहने पर महाराणा कुंभा ने भी राव जोधा से विरोध नहीं बढाया। महाराणा ने राजकुमार ऊदा व सांखला नापा को भेजकर राव जोधा से संधि कर ली। संधि की शर्त के अनुसार आंवले के पेड़ों वाली भूमि महाराणा के और बबूल के पेडों वाली भूमि राव जोधा के अधिकार मे रहेगी।(8)1458 ई. में मंडोर के किले में राव जोधा का राज्याभिषेक हुआ। राव जोधा के नाम पर मंडोर के पास ही जोधेलाव तालाब का निर्माण करवाया गया।(9)1459 में राव जोधा ने एक पहाड़ी पर सुदृढ दुर्ग का निर्माण करवाया। 1516 ई. में राव जोधा ने अपनी माता कोडमदेसर के नाम पर एक तालाब का निर्माण करवाया तथा एक कीर्ति स्तम्भ की स्थापना की।

राव जोधा द्वारा जैतारण के सींधलों पर भी आक्रमण किया गया। सींधलों के द्वारा राव जोधा के चचेरे भाई आसकरण सत्तावत की हत्या कर दी गई थी। नरसिंह सींधल जो कि जैतारण का स्वामी थी उसकी मृत्यु होने के पश्चात् उसका पुत्र मेघा वंहा का स्वामी था। राव जोधा ने अपने पुत्र दूदा को जैतारण भेजा। दोनो के बीच में द्वन्द युद्ध हुआ जिसमें मेघा मारा गया।(10)

छापर-द्रोणमुख के मोंहिलों पर हुई विजय राव जोधा की महत्वपूर्ण विजयों में से थी। राव जोधा भी अब नवीन प्रदेशों को विजित करना चाहता था। छापर के स्वामी अजीतसिंह मोहिल, जो कि राव जोधा का संबंधी भी था, ने मारवाड़ में उपद्रव मचा रखे थे। अत: अजीत सिंह व जोधा के बीच गगराणा में भंयकर युद्ध हुआ जिसमें अजीतसिंह मारा गया। कुछ समय पश्चात् जोधा ने छापर के स्वामी बच्छराज, जो कि अजीतसिंह का भतीजा था, पर भी आक्रमण कर दिया। बच्छराज की मृत्यु हो गई और छापर-द्रोणमुख पर जोधा का अधिकार हो गया। जोधा ने वहां बीदा का नियुक्त कर दिया। लोदी वंश के सामंत सारंगखां और राव जोधा के छोटे भाई कांधल के बीच में युद्ध हुआ जिसमें कांधल की मृत्यु हो गई। कांधल की मृत्यु की सूचना जोधा के पुत्र बीका ने राव जोधा को दी। अपने भाई की मृत्यु का बदला लेने के लिए राव जोधा ने बीका की सेना के साथ मिलकर झांसल नामक स्थान पर सारंगखां से युद्ध किया।युद्ध में सांरगखां की मृत्यु हो गई। इस युद्ध के पश्चात् जोधा का साम्राज्य विस्तार हिसार तक हो गया। भारतीय सत्ता में महत्वपूर्ण माने जाने वाले लोदी वंश के सामंत को पराजित करने के बाद जोधा की गणना उत्तरी भारत के महत्वपूर्ण शासकों में होने लगी।

राव जोधा के पुत्र बीका द्वारा ही बीकानेर की स्थापना की गई। राव दूदा और वरसिंग द्वारा मेडते की स्थापना की गई। मारवाड़ में दृढ़ रूप से सामंत प्रथा की स्थापना भी जोधा के शासन काल में ही मानी जाती है। महाराणा कुंभा की हत्या कर ऊदा मेवाड़ का स्वामी बन गया किन्तु राव जोधा के शौर्य और प्रताप को देख उसने राव जोधा को सांभर व अजमेर दे दिये। अत्यन्त प्रतापी होने के साथ जोधा धार्मिक भी थे। उन्होनें गया व प्रयाग की यात्राएं की और गया में लगने वाले करों को समाप्त कराने का प्रयास किया।

उनकी एक रानी हाडी जसमादेवी ने किले पास रानीसर तालाब और दूसरी रानी चांद कुंवरी ने चांद बावड़ी का निर्माण करवाया। राव जोधा को राठौड़ साम्राज्य का वास्तविक संस्थापक माना गया। अपने शासन काल में उन्होनें राठौड़ साम्राज्य की सीमाओं में अत्यधिक वृद्धि की। मंडोर राज्य को एक विशाल साम्राज्य में परिवर्तित करने के साथ-साथ मारवाड़ में सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित की। 1545 ई को 73 वर्ष की आयु में जोधपुर में राव जोधा का देहान्त हो गया। उनके स्थापित किये हुए साम्राज्य के बल पर ही उनकी पीढ़ियों ने अनेक वर्षों तक शासन किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दशरथ शर्मा, लेक्चर्स ऑन राजपूत हिस्ट्री एण्ड कल्चर, पृ. 85
2. श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 315
3. मारवाड़ रा परगनां री विगत, भाग-1, पृ. 29
4. गौरीशंकर हीराचन्द ओझा, जोधपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 236
5. मारवाड़ रा परगनां री विगत, भाग-1, पृ. 31
6. नैणसी री ख्यात, भाग-2, पृ. 119
7. मारवाड़ रा परगनां री विगत, भाग-1, पृ. 34
8. मारवाड़ रा परगनां री विगत, भाग-1, पृ. 36
9. पं. विश्वेश्वरनाथ रेउ, मारवाड़ का इतिहास, भाग-1, पृ. 91
10. नैणसी री ख्यात, भाग-2, पृ. 131-133

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवैधानिक दृष्टिकोण

विजय लक्ष्मी जोशी *

* सहायक प्राध्यापक, शासकिय विधि महाविद्यालय, शाजापुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – पर्यावरण और प्राणी एक दूसरे पर आश्रित है। यही कारण हैं कि भारतीय चिंतन में पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा उतनी ही प्राचीन हैं जितना मानव जाति का ईतिहास। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के महत्व को समझने के लिए इसे प्राचीन काल से ही जीवन दर्शन के साथ पिरोह कर रखा गया हैं। भारतीय वेदों ने प्राकृतिक शक्तियों को देवी देवताओं का रूप देकर पर्यावरण संरक्षण को ऊँचा दर्जा दिया है। हमारें यहॉ शास्त्रों में कहा गया हैं–

यावत् भूमंडलं धत्ते, सशैलवन काननम्।
तावत्तिष्ठति में दिन्यां संतति: पुत्र पौत्रिकी।।

अर्थात् जब तक धरती पर पर्वत और हरे–भरे वन रहेंगें, तब तक हम और हमारी भावी पीढियॉ जीवित और खुशहाल रहेगी। आधुनिक जीवन शैली और वैश्वीकरण ने पर्यावरण को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। औद्योगीकरण के कारण पर्यावरण प्रदूषण लगातार बढ़ रहा हैं, पर्यावरण प्रदूषण से निपटने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए कई कानून बनाए जा चुके है, किन्तु प्रस्तुत शोध पत्र में उनका वर्णन न करके केवल भारतीय संविधान द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए प्रावधानों का संक्षिप्त में वर्णन कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवैधानिक दृष्टिकोण को समझाया गया है।

शब्द कुंजी– पर्यावरण, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संविधान।

पर्यावरण की परिभाषा :– पर्यावरण शब्द दो शब्दों परि+आवरण से मिलकर बना है। परि का अर्थ है चारों ओर तथा आवरण का अर्थ है वातावरण। अत: पर्यावरण का अर्थ हुआ हमारे चारों ओर का वातावरण। अंग्रेजी भाषा में पर्यावरण को Environment कहते है। Environment शब्द दो अंग्रेजी शब्दों Environ+ment से मिलकर बना है। Environ का अर्थ है to encircle अर्थात घेरना है एवं ment का अर्थ है from all sides अर्थात् चारों ओर से घेरना है। अतएव पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है चारों ओर से घेरने से है। अत: पर्यावरण बाह्य आवरण का द्योतक है।

प्रथम बार पर्यावरण को वृहद रूप में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 2(क) में परिभाषित किया गया है। धारा 2 (क) के अनुसार – 'पर्यावरण के अंतर्गत जल, हवा और भूमि तथा जल, भूमि और हवा तथा मानव प्राणी, अन्य जीवित प्राणी, पौधे, सूक्ष्म जीवाणु तथा संपत्ति और उनके बीच विद्यमान अंतर्सम्बन्ध सम्मिलित है।' उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार पर्यावरण में

(1) भूमि, जल, वायु शामिल है और
(2) भूमि, जल, वायु तथा मानव प्राणियों एवं अन्य

जीवित प्राणियों, पादपों, सूक्ष्म जैविक और सम्पत्ति तथा उनके बीच पारस्परिक संबंध शामिल है।

वुडवर्थ के अनुसार :– 'पर्यावरण शब्द का अभिप्राय उन सब बाहरी शक्तियों एवम् तत्वों से हैं, जो व्यक्ति को आजीवन प्रभावित करते हैं।'

पर्यावरण का सामान्य अभिप्राय उस वातावरण से हैं, जो हमारे चारों ओर फैला हुआ है। जल, वायु, मृदा, वन, वन्य जीव पादप सभी पर्यावरण के घटक है। पृथ्वी पर पर्यावरण की उपस्थिति के कारण ही मानव जीवन का अस्तित्व संभव हो सका है। वायु, जल के बिना मानव जीवन की कल्पना करना अशक्य है। अत: पर्यावरण का संरक्षण मानव जीवन के अस्तित्व के लिए नितांत आवश्यक है।

पर्यावरण संरक्षण :– पर्यावरण संरक्षण से आशय है– पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना एवं प्रकृति के अनवीनीकरण स्त्रोत जैसे–जल, कोयला, डीजल, पेट्रोल आदि को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित रखना।

वर्तमान में आर्थिक विकास हेतु प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण एवं वाहनों, कारखानों से निकलते धुएँ के कारण, कारखानों से नदियों में हानिकारक रसायनों के बहाव के कारण पर्यावरण का अत्यधिक क्षरण हो रहा है एवं पर्यावरण प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है। ओजोन की परत में छिद्र होने के कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा हैं जिससे भविष्य मे बर्फीले ग्लेशियरों के पिघलने के परिणामस्वरूप पृथ्वी पर जल का स्तर बढ़ जाएगा एवं पृथ्वी जल में समाहित हो जाएगी, जिससे मानव जीवन खतरे में आ जाएगा। अत: पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए संवैधानिक दृष्टिकोण :– भारत विश्व के उन चुनिंदा देशों में से एक हैं जिसके संविधान में पर्यावरण संरक्षण को विशेष दर्जा दिया गया है। भारतीय संविधान में मूल अधिकार, राज्य के नीति निदेशक तत्व, जिन्हें संविधान की अंतर्रात्मा कहा गया है, के साथ–साथ मूल कर्तव्यों में भी पर्यावरण संरक्षण को समाहित किया गया है। स्टॉक होम घोषणा 1972 जिसे 119 देशों ने स्वीकार किया जिसमें भारत भी शामिल

था, के परिणामस्वरूप भारत में पर्यावरणीय सोच में चतुर्दिक विकास हुआ, संविधान का 42वॉ संशोधन अधिनियम 1976 इस विकसित सोच का स्पष्ट उदाहरण है। इस संशोधन के द्वारा भारतीय संविधान के नीति निदेशक तत्वों, मूल कर्तव्यों तथा विधायी प्रविष्टियों में संशोधन करके पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीरता को व्यक्त कर संविधान ने पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्ती भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त न्यायपालिका ने सृजनात्मक व्याख्या के द्वारा मूल अधिकारों में स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार को शामिल करके इसे मूल अधिकार का दर्जा दिया है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवैधानिक दृष्टिकोण को निम्नलिखित संवैधानिक प्रावधानों की सहायता से समझा जा सकता है–

अनुच्छेद 21 प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार : – संविधान के अनुच्छेद 21 के अधीन प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के मूल अधिकार के अधीन न्यायपालिका ने स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार को भी शामिल माना है। निम्नलिखित वाद इसके जीवंत उदाहरण हैं–

वाद– सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य

के मामलें में यह अभिनिर्धारित किया गया कि प्रदूषण मुक्त जल एवं वायु के उपभोग का अधिकार अनुच्छेद 21 में प्रदत्त प्राण के अधिकार में शामिल है।

वाद– चरनलाल साहू बनाम भारत संघ

में उच्चतम न्यायालय ने प्रदूषण मुक्त वायु एवं जल को अनुच्छेद 21, 48–क, और 51–क(छ) के अंतर्गत प्रत्याभूत अधिकार माना।

वाद–विरेन्द्र गौर बनाम हरियाणा राज्य

के वाद में मानव गरिमा के साथ जीने के अधिकार के अंतर्गत पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्द्धन, वायु एवं जल प्रदूषण से मुक्त पारिस्थैतिकी संतुलन और आरोग्य को शामिल माना।

वाद– एम.सी मेहता बनाम भारत संघ

के वाद में न्यायालय ने दिल्ली स्थित श्रीराम फूड एण्ड फर्टिलाइजर कंपनी को ऑलियम नामक खतरनाक गैस बनाने से रोक दिया, जब तक कि कंपनी गैस के रिसाव को रोकने हेतु उचित उपाय नहीं अपनाती है। इस वाद में उच्चतम न्यायालय ने प्रदूषण मुक्त पर्यावरण के अधिकार को अनुच्छेद 21 में मूल अधिकार के रूप में विवक्षित रूप से स्वीकार किया।

वाद– एस. के. कूलवाल बनाम राजस्थान राज्य

के मामलें में यह अभिनिर्धारित किया गया कि 'पर्यावरण की शुद्धता, सफाई और स्वास्थय का रख–रखाव संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत वर्णित प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के अंतर्गत आता है।

वाद– राजीव रंजन सिंह बनाम बिहार राज्य

के वाद में यह विचार व्यक्त किया गया कि डिस्टीलरी के बहाव एवं दुर्गंध के जहरीले और हानिकारक प्रभाव से आवासियों को सुरक्षित करने की असफलता संविधान के अनुच्छेद 47 और 48–क के साथ पठित अनुच्छेद 14 और 21 में प्रत्याभूत अधिकार का उल्लंघन है।

वाद– एम. सी. मेहता बनाम भारत संघ

में पत्थर पिसाई से उत्पन्न पर्यावरण संकट को ध्यान में रखकर उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली, फरीदाबाद और वल्लभगढ़ की फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश देते हुए कहा कि 'प्रत्येक नागरिक का शुद्ध वायु एवं प्रदूषण मुक्त पर्यावरण में जीने का अधिकार है।'

वाद– वी. ए. जैकब बनाम सुपरिटेण्डेट ऑफ पुलिस, कोट्टायम

के मामले में न्यायालय ने निर्णय दिया कि अनुच्छेद 21 में जीने के अधिकार के अंतर्गत सुरक्षित पर्यावरण का अधिकार है और सुरक्षित पर्यावरण में सुरक्षित ध्वनि, सुरक्षित हवा की गुणवत्ता भी शामिल है।

अनुच्छेद 32 :– अनुच्छेद 32 नागरिकों को भाग 3 में प्रदत्त मूल अधिकारों को लागू कराने के लिए न्यायालय में लोकहित वाद दायर करने का अधिकार देता है। इस अधिकार का प्रयोग कर कई समाजसेवियों एवं संगठनों ने पर्यावरण संरक्षण के मूल अधिकार को लागू करने के लिए अनुच्छेद 32 के अधीन लोकहित वाद दायर कर पर्यावरण संरक्षण में इस अनुच्छेद 32 के महत्व को सार्थक किया है।

वाद– वेल्लोर सिटिजन्स वेलफेयर फोरम बनाम भारत संघ

के वाद में वेल्लोर नागरिक कल्याण फोरम ने अनुच्छेद 32 के अधीन लोकहित वाद दायर करके तमिलाण्डु में चमड़ा तथा अन्य व्यवसाय करने से निकलने वाले अशुद्ध मलवे से पर्यावरण को होने वाली भंयकर हानि की ओर न्यायालय का ध्यान आकृष्ट करने पर न्यायालय ने चमड़ा कारखाानों को बंद करने एवं प्रत्येक चमड़ा कारखाने पर 10 हजार रूपये प्रदूषण दण्ड लगाने का आदेश दिया।

वाद– इण्डियन काउन्सिल फॉर इनविरोमेंटल लीगल एक्शन बनाम भारत संघ

के वाद में एक पर्यावरण वादी संस्था द्वारा अनुच्छेद 32 के अधीन लोकहित वाद दायर कर देश के रासायनिक कारखानों के आस–पास रहने वाले लोगो की दयनीय स्थिति की ओर न्यायालय का ध्यान आकृष्ट करने पर न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि ऐसे कारखाने जो सरकार से लाइसेंस प्राप्त किए बिना स्थापित किए जाते है और कानून का उल्लंघन करके अपने आस–पास रहने वाले नागरिकों को प्राप्त दैहिक स्वाधीनता को हानि पहुँचाते है, उनके विरूद्ध समुचित कार्यवाही करने की शक्ति न्यायालय को प्राप्त है। न्यायालय ने दोषी कंपनी को पीड़ितों को प्रतिकर देने का आदेश दिया।

अनुच्छेद 48क :– अनुच्छेद 48क संविधान के 42वें संशोधन 1976 द्वारा जोड़ा गया, इसके अनुसार 'राज्य देश के पर्यावरण की संरक्षा तथा उसमें सुधार करने का और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा।'

वाद– सच्चिदानंद पाण्डेय बनाम पश्चिमी बंगाल राज्य

के मामलें में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि जब कभी न्यायालय के समक्ष पारिस्थैतिकी से संबंधित कोई समस्या प्रस्तुत की जाएगी, न्यायालय अनुच्छेद 48क और अनुच्छेद 51क(छ) को ध्यान में रखने के लिए बाध्य है।

वाद– टी. दामोदर राव बनाम एस. ओ. म्यूनिसिपल कारपोरेशन हैदराबाद

के मामले में न्यायालय ने यह अभिमत व्यक्त किया कि अनुच्छेद 48क और 51क(छ) के आलोक में यह स्पष्ट कि पर्यावरण संरक्षण का कर्तव्य केवल नागरिकों पर ही नहीं है बल्कि न्यायालय सहित राज्य के सभी अंगों का दायित्व है।

अनुच्छेद 51क(छ) :– स्टॉकहोम घोषणा 1972 से प्रेरित होकर किए गए 42वें संविधान संशोधन 1976 के द्वारा संविधान के भाग 4क मूल कर्तव्य में 51क(छ) के रूप में पर्यावरण संबंधी नागरिकों का मूल कर्तव्य जोड़ा गया है। संविधान का अनुच्छेद 51क(छ) यह उपबंधित करता है कि 'भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव है रक्षा करे और उनका

संवर्द्धन करे तथा प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखे।

अनुच्छेद 252 :- संविधान के अनुच्छेद 252(1) के अनुसार 'यदि किन्हीं दो या अधिक राज्यों के विधान मंडलों ने यह संकल्प पारित कर दिया है कि राज्य सूची के किसी विषय पर संसद को विधि बनाना वांछनीय है तो संसद उस विषय पर विधि बना सकती है। ऐसी विधि को अन्य राज्य भी संकल्प पारित करके अंगीकार कर सकते है। संसद ने इस अनुच्छेद के तहत विभिन्न राज्य मण्डलों की सहमति पर जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1954 पारित किया है।

अनुच्छेद 253 :- संविधान के अनुच्छेद 253 के अधीन संसद को अंतर्राष्ट्रीय संधियों और करारों के क्रियान्वयन के लिए, चाहे वह राज्य सूची का विषय क्यों न हो भारत के संपूर्ण राज्य क्षेत्र या किसी भाग के लिए विधि बनाने की शक्ति है। संसद ने इस अनुच्छेद में दी गई विधयी शक्ति का प्रयोग कर वायु प्रदूषण निवारण और नियंत्रण अधिनियम 1981 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 पारित किया है।

निष्कर्ष :- अत: निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि भारतीय संविधान ने पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किंतु फिर भी पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में हम पूर्णत: सफल नहीं हो पाये है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण न केवल मानव स्वास्थय पर बल्कि अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की गई **मुद्रा और वित्त रिपोर्ट 2022-23** के अनुसार जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण के कारण 2030 तक जीडीपी में 4.5% तक की गिरावट का अनुमान है। अत: इससे यह स्पष्ट है कि पर्यावरण का संरक्षण करना अति आवष्यक हैं। अत: हम सब को मिलकर यह प्रयत्न करना चाहिए कि हम अपनी आनी वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर एक हरी-भरी पृथ्वी छोड़कर जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. अनिरूद्ध प्रसाद, पर्यावरण एवं पर्यावरणीय संरक्षण विधि की रूपरेखा, चतुर्थ संस्करण, इलाहाबाद, सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन्स, 2006
2. डॉ. जयनारायण पाण्डेय, भारत का संविधान, 42वां संस्करण, इलाहाबाद, CLA, 2009
3. The study IQ, 21 october 2021, पर्यावरण की परिभाषा, 22 march, 2024, https://www.thestudyiq.com.
4. Social-work.in, 22 february 2023, Paryavaran-Kya-hai, 21march,2024, https://socialwork.in.
5. Drishti Ias, How pollution impact Economic growth?, 4 may 2024, https://youtu.be/0Nuyk9lSh70?si=m7PkWfbTXZd47gOj.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

दमोह जिले के पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध संरचनात्मक सुविधाओं का अध्ययन

ललित ताम्रकार* डॉ. आभा वार्ष्णेय**

* शोधार्थी (भूगोल) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, कमला राजा महिला महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – पर्यटन किसी भी क्षेत्र की आर्थिक और सांस्कृतिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दमोह जिला प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों से भरपूरहै।परंतुसंरचनात्मक सुविधाओं की कमी के कारण यह क्षेत्र अपेक्षित पर्यटन विकास प्राप्त नहीं कर सका है।

इतिहास में जाकर यदि देखा जाए तो हमें यह पता चलता है कि इस जिले का पुराना नाम तुंडीकेर था तथा इसे अपना वर्तमान नाम राजा नल की पत्नी रानी दमयंती के नाम से मिला।14वीं शताब्दी में दमोह मुगलों के अधिकार क्षेत्र में रहा तत्पश्चात 15वीं शताब्दी में गौड़ शासक संग्राम शाह ने दमोह को अपने साम्राज्य में शामिल किया। बुंदेलो और मराठों का भी कुछ समय इस क्षेत्र पर अधिकार रहा। इस प्रकार अपने समृद्ध इतिहास के साथ दमोह जिले ने अपना वर्तमान स्वरूप प्राप्त किया। यही कारण है कि यहां पर ऐतिहासिक अवशेष बिखरेपड़े हुए हैं, जिनके उचित रखरखाव से लाभ प्राप्त किया जा सकता है। परंतु वर्तमान में इस जिले के पर्यटन स्थल लाभ प्राप्त करने की स्थिति में नहीं है बल्कि अल्प विकसित होने के कारण आसपास के पर्यटकों के लिए भी अंजान बने हुए हैं। इस अध्ययन का उद्देश्य स्थलों पर उपलब्ध आवश्यक संरचनात्मक सुविधाओं पर विमर्श करना है ताकि इन सुविधाओं की उपलब्धता में जो कमियां है उन पर प्रकाश डाला जा सके एवं भविष्य में इन कमियों को पूरा कर इस क्षेत्र में आदर्श पर्यटन स्थलों का विकास किया जा सके।

अनुसंधान प्रश्न

(अ) दमोह जिले के के पर्यटन स्थलों पर कौन–कौन सी संरचनात्मक सुविधा उपलब्ध हैं?
(ब) इन सुविधाओं में क्या कमियां है?
(स) इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ाने के लिए कौन–कौन से उपाय किए जा सकते हैं?

अनुसंधान विधि–यह शोध गुणात्मक प्रकृति का है। जिसके लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक तथ्योंका प्रयोग किया गयाहै।प्राथमिक तथ्यों के संकलन हेतु सर्वेक्षण एवं क्षेत्रीय अवलोकन किया गया है तथा चयनित स्थानों पर आने वाले पर्यटकों से, आसपास के लोगों से, वहां के कर्मचारीयों आदि से साक्षात्कार करके भी शोधार्थी द्वारा गुणात्मक तथ्यों का संकलन किया गया है। जबकि द्वितीय तथ्यों के संकलन हेतु सरकारी रिपोर्ट, जिले की वेबसाइट, पत्र– पत्रिकाओं आदि का प्रयोग किया गयाहै।

अध्ययन क्षेत्र का परिचय–दमोह जिला मध्य प्रदेश के उत्तर–पूर्वी भाग में स्थित है, जो 23° 09' उत्तरी अक्षांश से 24° 27' उत्तरी अक्षांश तक तथा 79°03' पूर्वी देशांतर से 79° 57' पूर्वीदेशांतर तक फैला है। इसका क्षेत्रफल 7306 वर्ग किलोमीटर है।यह जिला सोनार नदी के दक्षिण–पूर्व में लगभग 12 मील पठारी क्षेत्र में स्थित है तथा यह क्षेत्र 595 मीटर की औसत ऊंचाई में स्थित है।यह जिला भौगोलिक रूप से रीवा–पन्ना के पठारपर स्थित होने के कारण यहां की जलवायु उष्ण कटिबंधीय मानसूनी है। यहां गर्म और आर्द्र ग्रीष्म काल, मध्यम और शुष्क सर्दी तथा वर्षा का मौसम होता है। औसत वार्षिक वर्षा 125 सेंटीमीटर तथा गर्मियों और सर्दियों का औसत तापमान क्रमश: 35.5 डिग्री सेल्सियस तथा 12.5 डिग्री सेल्सियस रहता है।

यह जिला सागर संभाग के अंतर्गत आता है। यह जिला रेल तथा सड़क मार्ग द्वारा अपने आसपास के जिलों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है।यह जिला पश्चिम में सागर से दक्षिण में जबलपुर और नरसिंहपुर से तथा पूर्व में पन्ना और कटनी से घिरा हुआ है। शहर का नाम पौराणिक हिंदू कथाओं के राजा नल की पत्नी दमयंती के नाम पर रखा गया है।

जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल एवं संरचनात्मक सुविधाओं की उपलब्धता

(अ)बांदकपुर–यह स्थान दमोह कटनी–मार्ग पर दमोह से लगभग 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसी स्थान पर भगवान जागेश्वर नाथ स्वयंभू रूप में स्थापित हैं इस कारण इस स्थान को जागेश्वर धाम भी कहा जाता है। इसी मंदिर परिसर में संस्कृत विद्यालय, मुंडन स्थल एवं विवाह मंडप बने हुए हैं यहां का संस्कृत विद्यालय भी अपने धार्मिक प्रशिक्षण हेतु प्रसिद्ध है।इस स्थान की मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर सवा लाख कांवड़ियोंद्वारा लाए गए जल को भगवान शिव पर चढ़ाने से माता पार्वती तथा भगवान शिव के मंदिरों पर लगी दो–दो ध्वज जो माता पार्वती एवं भगवान शिव के प्रतीक हैं एक दूसरे की ओर झुककर आपस में मिलकर अपने आप बंध जाते हैं। इस साक्षात चमत्कार के दर्शन हेतु दर्शनार्थी लाखों की संख्या में यहां उपस्थित होते हैं।

यदि इस क्षेत्र के संरचनात्मक विकास की बात की जाए तो यह क्षेत्र रेल तथा सड़कों द्वारा अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है लेकिन प्रसिद्ध स्थल होने के बाद भी यहां का रेलवे स्टेशन विकसित नहीं है तथा मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। मंदिर क्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्र की बात की जाए तो पता चलता है कि मंदिर का बाहरी क्षेत्र पूर्णत: ग्रामीण है एवं स्वच्छता का अभाव है तथा बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए आवासीय सुविधा नहीं है। यह

क्षेत्र सिर्फ अपने धार्मिक महत्व के कारण ही प्रसिद्धि प्राप्त है किसी अन्य प्रकार के पर्यटन या भ्रमण क्षेत्र न होने के कारण इस क्षेत्र का पर्यटन सीमित है। यद्यपि यह स्थान आसपास के क्षेत्र में 13वें ज्योतिर्लिंग के रूप में विख्यात है परंतु फिर भी उचित प्रचार तथा मार्केटिंग केअभाव में यह क्षेत्र कम पर्यटक प्राप्त कर पा रहा है।

(ब) कुंडलपुर–यह स्थान जैन तीर्थ के रूप में प्रसिद्ध है। यह दमोह–पटेरा मार्ग पर दमोह से लगभग 45 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। यहां पहाड़ी के ऊपर तथा नीचे 58 जैन मंदिर बने हुए हैं जो 16वीं–17वीं शताब्दी में निर्मित माने जाते हैं यहां अंबिका मठ तथा रुक्मणी मठ नाम के दो राज्य संरक्षित स्मारक भी है जिसमें से रुक्मणी मठसे 2002 में चोरी हुई प्रतिमा को पुन: स्थापित कर दिया गया है। वैसे तो इस जगह पर मंदिरों वाले स्थान पर सभी प्रकार की सुविधा पर्याप्त रूप से उपलब्ध है पर मंदिर के चारों ओर का क्षेत्र अभी भी अविकसित और ग्रामीण अवस्था में है जिससे यह पता चलता है कि इस क्षेत्र के पर्यटन का लाभ स्थानीय लोगों को नहीं मिल पा रहा है। यहां विश्व भर से जैन धर्म के अनुयायियों का आगमन होता रहता है। विशेष मौकों पर यहां पर पर्यटकों की संख्या लाखों में भी पहुंच जाती है।

यहां के लोग मुख्य रूप से कृषि कार्य एवं अन्य ग्रामीण कार्यों द्वारा अपना जीवन बसर करते हैं। यदि सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था को देखें तो यह क्षेत्र एक आदर्श क्षेत्र है यहां सुरक्षा हेतु पर्याप्त संख्या में सुरक्षा गार्ड तैनात होते हैं जो 24 घंटे यहां उपलब्ध होते हैं। यहां धार्मिक क्षेत्र की सीमा के अंदर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ छना हुआ जल एवं भोजन की उपलब्धता है जो जैन रीति के अनुसार बनाया जाता है। यद्यपि यह क्षेत्र सड़क मार्ग द्वारा जिला मुख्यालय से ठीक तरह से जुड़ा हुआ है परंतु यहां पर रेल मार्ग अभी तक नहीं पहुंच पाया है जो वर्षों से यहां के लिए प्रस्तावित है। पर्यटकों के लिए आवासीय सुविधा भी पर्याप्त मात्रा में इस स्थान पर उपलब्ध है।

(स) सिंग्रामपुर–यह स्थान दमोह से लगभग 55 किलोमीटर की दूरी पर दमोह–जबलपुर मार्ग पर स्थित सिंग्रामपुर प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण एक मनोरम ग्रामीण क्षेत्र है।यह क्षेत्र ऐतिहासिक पर्यटन, पारिस्थितिक पर्यटन तथा धार्मिक पर्यटन को अपने आप में समेटे हुए हैं क्योंकि यहां बिल्कुल पास–पास ही कई पर्यटन स्थल स्थित है जिसमें सिंगौरगढ़ किला, निदान कुंड (भैंसा घाट), नजाराप्वाइंट, सद्भावना शिखर, रानी दुर्गावती अभयारण्य आदि प्रमुख है। सिंगौरगढ़ किला इस क्षेत्र का सर्वप्रमुख आकर्षण है रानी दुर्गावती इसी किले से अपना राज–काज देखा करती थीं।

सद्भावना शिखर विंध्य पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी है जिसे कलुमर या कालुम्बे नाम से भी जाना जाता है। नजारा पॉइंट का नाम यहां से देखी जा सकने वाले जंगलों के विहंगम दृश्य के कारण पड़ा है जहां से सैकड़ो मीटर की ऊंचाई से सारे जंगल को देखा जा सकता है। निदान कुंड जलप्रपात (भैंसा घाट) भी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है जहां से जल ऊंची पहाड़ी से सुंदर दृश्य बनाते हुए नीचे गिरता है। वैसे तो सिंग्रामपुर के सभी पर्यटन स्थल अपने में अपार संभावनाएं समेटे हुए हैं परंतु यह स्थान वर्तमान में अपनी योग्यता अनुसार पर्यटकों को प्राप्त नहीं कर सका है।

इसके अतिरिक्त यहां सुरक्षा व्यवस्था जंगली क्षेत्र होने के कारण एकदम शून्य है, जिससे हर समय इस क्षेत्र में पर्यटकों के लिए खतरा बना रहता है। यहां किसी भी प्रकार की आवासीय व्यवस्था नहीं है नही पर्यटकों हेतु आसपास खाने–पीने की सुविधा है अत: पर्यटकों को अपने साथ ही भोजन–पानी लाना पड़ता है। इन्हीं सब कठिनाइयों के कारण इस क्षेत्र में पर्यटन अपर्याप्त है।

(द) नोहलेश्वर मंदिर–यह स्थान दमोह से 24 किलोमीटर दूर दमोह–जबलपुर मार्ग पर स्थित नोहटा ग्राम में स्थित है। इस ग्राम में बड़ी संख्या में प्राचीन मंदिरों के ध्वंसावशेष देखे जा सकते हैं। इन सभी अवशेषों मेंनोहलेश्वर मंदिर प्रमुख है जो अभी भीअच्छी अवस्था में है। यह मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का संरक्षित स्मारक है। कलचुरी नरेश युवराज देव प्रथम की रानी नोहला देवी द्वारा निर्मित यह मंदिर नागर शैली में निर्मित है जो वास्तु कला की अनुपम कृतिहै।यह मंदिर भगवान शंकर को समर्पित है।

मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण यहां पहुंचना आसान है। स्वच्छता के मामले में भी मंदिर क्षेत्र अच्छी स्थिति मेंहै। इस क्षेत्र में सिर्फ प्रचार तथा मार्केटिंग का अभाव होने के कारण पर्यटन अपर्याप्त है।

(ई) रानी दमयंती संग्रहालय दमोह–यह संग्रहालय दमोह नगर के मध्य स्थान में ही बना हुआ है। इस संग्रहालय का शुभारंभ 25 अगस्त 1989 ई में तत्कालीन राज्यपाल सरला ग्रेवाल द्वारा किया गया था। यह संग्रहालय एक पुराने किले में बना हुआ है। इस संग्रहालय की 5 वीथिकाओं में कलचुरी काल की विशिष्ट कृतियां प्रदर्शित की गई है।इस संग्रहालय में छठवीं से लेकर 11वीं–12वीं शताब्दी तक की अद्भुत प्रतिमाओं को रखा गया है जिसमें अभिविज्ञान राम,त्रिविक्रम विष्णु, बुद्ध भगवान, हेग्रीव विष्णु अवतार, सूर्य प्रतिमा, नृत्य गणेश, स्वरसुंदरी प्रतिमा आदि प्रमुख है।

जैसा कि ज्ञात है यह संग्रहालय शहर में ही स्थित है अत: यहां पहुंचना आसान है। स्वच्छता एवं सुरक्षा भी शहरी क्षेत्र होने के कारण यहां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। यहां की मुख्य समस्या इस संग्रहालय का उचित प्रचार–प्रसार ना होना है।

तालिका क्र. 01:– जिले के पर्यटन स्थलों पर संरचनात्मक सुविधाओं का विश्लेषण।

क्र.	स्थान	स्वच्छता	सुरक्षा	आवास	परिवहन	भोजन –पानी	मार्के टिंग
1	बाँदकपुर	अपर्याप्त	औसत	अपर्याप्त	पर्याप्त	औसत	औसत
2	कुण्डलपूर	अच्छा	अच्छा	अच्छा	औसत	अच्छा	औसत
3	सिंग्रामपुर	–	अनुप लब्ध	अनुप लब्ध	अपर्याप्त	अनुप लब्ध	अपर्याप्त
4	नोहलेश्वर मंदिर	पर्याप्त	पर्याप्त	–	अच्छा	औसत	औसत
5	रानी दमयंती संग्राहालय	अच्छा	अच्छा	–	अच्छा	पर्याप्त	अपर्याप्त

जिले में पर्यटन की प्रमुख समस्याएं–ऐसे तो दमोह जिले में बहुत सारे पर्यटन स्थल है जिनमें पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं पर यदि ध्यान दियाजाए तो पता चलता है कि देश तथा प्रदेश में पर्यटन हेतु दमोह जिले का नाम कहीं भी नहीं आता। कुछ प्रमुख समस्याएं हैं जिन्हें सुलझाकर दमोह जिले को पर्यटन मानचित्र पर उचित स्थान दिलाया जा सकता है–

(अ) जिले के पर्यटन स्थलों का उनकी विशेषताओं के साथ ठीक तरह से प्रचार–प्रसार नहीं किया जाना।

(ब) परिवहन साधनों तथा मार्गों का अपर्याप्त विकास।

(स) स्थलों का अविकसित तथा जीर्ण अवस्था में होना।

(द) कई स्थलों पर सुरक्षा बलों की अनुपस्थिति होना जिससे सुरक्षा की समस्या होती है।

(ई) पर्यटकों के लिए अच्छे होटलों तथा अन्य आवासीय सुविधाओं की कमी होना।

पर्यटन विकास हेतु सुझाव–जैसा कि इस अध्ययन से हमें ज्ञात होता है कि अध्ययन हेतु चुने गए पर्यटक स्थलों में प्रत्येक की अपनी अपनी समस्याएं हैं। अत: प्रत्येक स्थान के विकास के लिए निम्न सुझाव दिए जा सकते हैं–

(अ) बांदकपुर क्षेत्र में पर्यटन विकास हेतु दूर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए उचित आवासीय व्यवस्था की जानी चाहिए तथा मंदिर के द्वार निर्माण का जो प्लान प्रस्तावित है उसे शीघ्र कार्यान्वित किया जाना चाहिए ताकि मंदिर के अंदर होने वाली भीड़–भाड़ को कम किया जा सके और मंदिर के बाहर लगने वाली अस्त–व्यस्त दुकानों से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। इसके साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

(ब) कुंडलपुर क्षेत्र विशाल जैन तीर्थ क्षेत्र है जिसका प्रचार राष्ट्रीय स्तर पर किया जाना चाहिए। साथ ही यहां प्रस्तावित रेल मार्ग निर्माण पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

(स) सिंग्रामपुर एक अपार संभावनाओं वाला पर्यटन क्षेत्र है परंतु यहां पर पर्यटन के विकास के लिए आवश्यक सभी प्रकार की आधारभूत सुविधाओं का अभाव है। अत: यहां पर चहुँमुखी विकास की आवश्यकता है, जिसमें परिवहन, आवास, स्वच्छता, सुरक्षा, पेय जल, प्रचार–प्रसार सभी शामिल है। यहां मुख्य सड़क से पर्यटन स्थलों तक पहुंचने के लिए सड़कों का निर्माण भी किया जाना चाहिए।

(द) नोहलेश्वर मंदिर की प्राचीनता की प्रादेशिक स्तर पर मार्केटिंग की जानी चाहिएतथा इस स्थान पर आयोजित किए गए नोहलेश्वर उत्सव को और भी व्यापक रूप से प्रतिवर्ष आयोजित किया जानाचाहिए।

(ई) रानी दमयंती संग्रहालय दमोह शहर का मुख्य आकर्षण है। शहर के स्कूली तथा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को इसस्थान केशैक्षणिक भ्रमण हेतु प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे इस स्थान का प्रचार हो सके।

निष्कर्ष– पर्यटन की संभावनाओं की बात की जाए तो दमोह जिले में ऐतिहासिक अवशेष, प्राकृतिक सौंदर्य तथा मनोरंजन के साधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है परंतु निष्कर्ष स्वरूप कहा जा सकता है कि यह जिला पर्यटन की दृष्टि से अभी पिछड़ा हुआ है।इस अध्ययन में जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध संरचनात्मक सुविधाओं और उनकी कमियों का विश्लेषण किया गया है जिसमें पाया गया कि उचित संरचनात्मक सुधारों और सरकारी योजनाओं के माध्यम से दमोह जिले में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। बेहतर सड़क, होटल, स्वच्छता, सुरक्षा और प्रचार–प्रसार से यह जिला एक महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र बन सकता है।

संदर्भग्रंथ सूची:–

1. Damoh.nic.in
2. www.mpinfo.org
3. जॉनसन धीरज, दमोह दर्शन
4. दैनिक भास्कर
5. दमोह दृष्टि पत्र – 2047
6. Bais Priyanka Sing, role of historical monuments of Bundelkhand region of Madhya Pradesh in tourism development (Jiwaji University Gwalior), 2023

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत के पुनरुत्थान के लिए पर्यावरण संरक्षण पर भारतीय दृष्टीकोण एवं उसका समग्र अध्ययन

गरीमा राठौर* महेन्द्र पटेल**

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय विधि महाविद्यालय, अशोकनगर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, शासकीय विधि महाविद्यालय, बीना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत के पुनरुत्थान के लिए पर्यावरण संरक्षण एक महत्त्वपूर्ण विषय है। जो कि मानव जाति के विकास के साथ ही देश यानि भारत का विकास सुनिश्चित है और मानव जाति के लिए उनके पद–पद पर विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण एक आवश्यक प्रक्रिया है जो कि स्वस्थ मन के साथ स्वस्थ मनुष्य को जन्म देती है जिससे व्यक्ति बेहतर तरीके से भारत के पुनरुत्थान में योगदान देगा। जल, जीव, जन्तु, मनुष्य एवं वनस्पति यह सब पर्यावरण का एक भाग है। यदि हम एक विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो हमारे लिए मानव जाति के विकास के लिए पर्यावरण का संरक्षण भी एक महत्तवपूर्ण विषय है। पर्यावरण संरक्षण पुराने काल में कुछ ऐसी परंपराओं के साथ किया जाता था, कि उसका केन्द्र बिन्दु मनुष्य एवं उसके साथ जीव–जन्तु और वनस्पति की रक्षा करना होता था। इसलिए हमें एक होकर मानव जाति के लिए और भारत वर्ष के लिए पर्यावरण संरक्षण को आगे लाना होगा, इसी से ही भारत का पुनरुत्थान निश्चित होगा।

शब्द कुंजी –पर्यावरण, नियम, संरक्षण, वातावरण, व्यक्ति, परंपराऐं, प्राचीन, भारतीय, पुनरुत्थान, दृष्टिकोण, जीवन।

पर्यावरण संरक्षण – पर्यावरण के शब्द में यह ध्वनित होता है कि'परि' एवं 'आवरण' से मिलकर 'पर्यावरण' शब्द का जन्म हुआ। 'परि' अर्थात् चारों ओर एवं आवरण यानि घेरा। मतलब पर्यावरण प्रकृति की ऐसी संरचना है, जो कि हमारे चारों तरफ एक आवरण की तरह है। इसके अन्तर्गत जैविक और अजैविक यानि मृदा, जल, वायु तथा रसायन, पौधे, पशु तथा सूक्ष्म जीवाणु आते है और इन्ही सभी चीजों के संरक्षण को जो स्थलमण्डल, वायुमण्डल एवं जलमण्डल से मिलकर बना है, इसी को पर्यावरण संरक्षण कहा जाता है। इसी के अन्तर्गत विधिक पर्यावरण की बात की जाए, तो विधिक पर्यावरण का आशय उन कानूनों, नियमों, विनियमों और नीतियों से है जो कि किसी देश, राज्य या समाज में व्यवसायिक गतिविधियों, व्यक्तिगत व्यवहार और सामाजिक संबंधों को नियंत्रित करता है।

पर्यावरण संरक्षण मे भारतीय दृष्टिकोण – पर्यावरण संरक्षण में भारतीय दृष्टिकोण एक अलग ही महत्व प्रदान करता है हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत भारतीय दृष्टिकोण पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यधिक आवश्यक है भारतीय परंपरा के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण जैविक और अजैविक एक संरक्षण है जो कि हमारे आसपास रहता है इसके अंतर्गत हमें अपने आसपास की चीजों को संरक्षण प्रदान करना होता है भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का अपना ही महत्व है प्राचीन काल से ही व्यक्तियों के बीच इस विचारधारा को विकसित किया गया है कि पर्यावरण संरक्षण एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है भारतीय दृष्टिकोण को अगर देखा जाए तो पर्यावरण संरक्षण में भारत ने हमेशा ही भाग लिया है उसने कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण जैसे गंभीर मुद्दों पर अपनी सहभागी व्यक्त की है और उसे भारतीय स्तर पर लाने का पुरजोर प्रयास किया है भारतीय दृष्टिकोण की अगर बात की जाए तो हमेशा ही भारत में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक आध्यात्मिक अभिवृद्धि को बढ़ावा दिया है उसने इसे संस्कृत से भी जोड़ा है आदिवासी लोगों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के कई उपायों को उसने शहर में भी लागू करने की प्रक्रिया की है सबसे ज्यादा पर्यावरण संरक्षण जंगलों में अनुसूचित जनजातियों के द्वारा किया जाता है क्योंकि उनका यह मानना होता है कि उनकी देखभाल करने वाला अगर कोई है तो यह पर्यावरण है जहां पर वह जीवित रहते हैं और इसी पर्यावरण के द्वारा ही वह अपनी दिनचर्या को पूरा करते हैं। इसीलिए भारतीय दृष्टिकोण में वनों और जंगलों में रह रहे व्यक्तियों के खान–पान और उनके रहने के तरीके और उनके पर्यावरण संरक्षण के तरीके, इलाज करने के तरीके पर शोध किया जा रहा है, कि किस प्रकार हम पर्यावरण को बचा सकते हैं, क्योंकि अगर हम जागरूक नहीं हुये, तो एक दिन हमारी पृथ्वी खतरे में आ जाएगी और पर्यावरण प्रदूषित होने के कारण व्यक्ति नकारात्मकता से ग्रसित हो जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के द्वारा भारतीय दृष्टिकोण के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों का समुचित प्रबंध किया गया है। पर्यावरणीय विकास के लिए शिक्षा को जागरूकता को बढ़ावा दिया गया है। प्राकृतिक संसाधनों को सिर्फ उत्पादकता के लिए नहीं बल्कि उनकी देखभाल और उनका संरक्षण उनकी महत्वता पर जोर दिया जाने लगा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए जल, जंगल, जमीन इन तीनों ही चीजों पर बहुत ही ध्यान दिया जाने लगा है। हर साल राज्यों के द्वारा 'पेड़ लगाओ और उनकी देखभाल करो' जैसी चीज भी आने लगी हैं। अंकुरण के माध्यम से पेड़ों को लगाना और इसकी मॉनिटरिंग करना एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य माना जाने लगा है। जैसे कि बिजली बचाना क्योंकि बिजली जो होती है वह पानी या फिर खदानों के प्रयोग से बनती है, जिससे कि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होता है। इसको बचाना हमारा नैतिक कर्तव्य है। प्लास्टिक को यूज न करना, इससे बचना यह भी

हमारा एक नैतिक कर्तव्य माना गया है, पर्यावरण संरक्षण के लिए। जैसा कि आप जानते हैं कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत राज्यों में जो कोशिश की जा रही है यह भी पर्यावरण संरक्षण का ही भाग है जैसे कि हर समाज में राज्य में अगर हम अपने स्तर पर पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखते हैं तो पर्यावरण भी हमारा धीरे-धीरे संरक्षित होने लगता है।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर हमारा भारतीय दृष्टिकोण बहुत ही सकारात्मक के साथ कार्य कर रहा है। वह घर-घर जाकर व्यक्तियों को जागरुक कर रहा है, कि किस प्रकार उन्हें पर्यावरण के प्रति चिंतित होना चाहिए। क्योंकि यह वही पर्यावरण है जहां पर आप रहते हैं और श्वांवस लेते हैं। अगर आप अच्छे वातावरण में सांस नहीं लेंगे तो कैसे जिएंगे। पर्यावरण को लेकर पर्यावरण दिवस के दिन कई कार्यक्रम निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक जैसे आयोजन राज्य के द्वारा करवाए जाते हैं। जिससे कि व्यक्तियों के अंदर जागरूकता उत्पन्न हो सके। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत राज्य के द्वारा अंकुर प्रोजेक्ट चलाया गया जिसके अंदर हर व्यक्ति को कुछ पेड़ लगाकर उसकी फोटो को अपलोड करना होता है और इसकी मॉनीटरिंग के लिए उसे हर 2 महीने में फोटो डालकर दिखाना होता है कि वह पौधा कितना बड़ा हो गया है। भारत के पुनरुत्थान के लिए जरूरी है कि हम पर्यावरण संरक्षण को भी महत्व दें। क्योंकि भारत का विकास वहां पर रहने वाली जनता पर निर्भर करता है और यह विकास भी उन्हीं के लिए किया जा रहा है। अगर वह स्वस्थ रहेगें और पर्यावरण भी स्वस्थ रहेगा तो भारत का पुनरुत्थान निश्चित है।

पर्यावरण संरक्षण की आवश्यरकता क्यों है?

5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। आज के युग में पर्यावरण प्रदूषण बहुत तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या एवं इमारतों के कारण पर्यावरण की प्रकृति नष्ट हो रही है, हर जगह घने वृक्ष काटे जा रहे हैं और बिल्डिंगों का निर्माण किया जा रहा है और यह सब पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ है।

आज विश्व भर में पर्यावरण सेवा संसाधनों के विनाश की समस्याएं बढ़ रही हैं। जिसकी स्वाभाविक अभिव्यक्ति पारिस्थितिकी संकटों के रूप में आ रही है। प्राकृतिक अवस्था में परिस्थितिकीय संतुलन अपने आप बना रहता है। लेकिन पिछले कई दशकों में मानव के हस्तक्षेप के कारण कई चीजे होना शुरू हुई है। जिनमें भूकंप आना, बाढ़ आना, मरुस्थलीकरण, जैव विविधताओं को संकट, जीव के विनाश आदि समस्याएं उत्पन्न होने लगी है। परिणाम स्वरुप संतुलन के समय गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं और प्राणी तंत्र और मनुष्य के साथ होने वाले पर्यावरण के इस व्यवहार को हम इस प्रकार छोड़ नहीं सकते। इसी प्रयास में मार्च 2022 में भारत के केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भारत की पर्यावरण स्थिति रिपोर्ट 2022 जारी की। यह रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन, प्रवासन, स्वास्थ्य एवं खाद्य प्रणालियों पर केंद्रित थी। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट और डाउन टू अर्थ पत्रिका का एक वार्षिक प्रकाशन है। जिसमें जैव विविधता, वन, वन्य जीव, ऊर्जा उद्योग, आवास प्रदूषण अपशिष्ट, कृषि एवं ग्रामीण विकास भी शामिल है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट नई दिल्ली स्थित एक गैर लाभकारी सार्वजनिक हित संस्था है। जिसकी स्थापना 1980 में की गई थी। यह संगठन भारत में पर्यावरण खराब नियोजन जलवायु परिवर्तन और पहले से मौजूद नीतियों के बेहतर क्रियान्वन आदि से संबंधित मुद्दों को उठाता है।

वहीं अगर बात करते हैं कि पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता क्यों पड़ी तो इसके बहुत सारे कारण थे। जैसा कि हम जानते हैं कि ग्लेशियर पिघल के समुद्र के पानी के स्तर को बढ़ा रही है, जो कि बाद में बाढ़ का भी काम कर रहा है। और ज्वार भाटा जो कि पहले से काफी ज्यादा बढ़ गया है, यह भी पर्यावरण संरक्षण न होने का एक बहुत बड़ा कारण है।

पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्रीनहाउस के प्रभाव, ग्लोबल वार्मिंग, ब्लैक हॉल इफेक्ट आदि को कम या कंट्रोल करने के लिए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता है। वन क्षेत्र का कम होना एक बहुत बड़ा कारण है कि पेड़ लगातार काटे जा रहे हैं। जिससे कि पर्यावरण संरक्षण में दिक्कतें पैदा हो रही है और पर्यावरण में बहुत सारी प्रजातियां लुप्त हो रही है।

नदियों का जल लगातार प्रदूषित हो रहा है जिसका पर्यावरण संरक्षण करना बहुत ही आवश्यक है। पर नदियों में ज्यादातर गंदी नालियों का पानी मिलाया जा रहा है और पानी दूषित और विषैला होने लगा है।

ग्लोबल वार्मिंग लगातार बढ़ रहा है इसलिए पर्यावरण संरक्षण बहुत ही आवश्यक है। कितने पेड़ हम लगाएंगे जिससे की ठंडक पैदा होगी दिन पर दिन पृथ्वी का टेंपरेचर हर 5-10 सालों में दो डिग्री बढ़ता जा रहा है जो कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी खतरनाक चीजों को जन्म दे रहा है।

मेथेन गैसों के साथ-साथ क्लोरोफ्लोरोकार्बन की भारी उपस्थिति ने ओजोन परत को बड़े पैमाने पर नष्ट कर दिया है। घर पर कई क्षेत्रों में अम्ल वर्षा, त्वचा कैंसर हुआ है इसलिए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

पर्यावरण संरक्षण के तरीके - आज के युग में अगर बात की जाए तो सरकार के प्रयास सराहनीय है। पर सरकार के प्रयास तभी पूरे हो पाएंगे जब व्यक्ति पर्यावरण के लिए अपनी उपस्थिति को प्रासंगिक बनाएगा। अगर आदमी अपनी तरफ से कोई प्रयास न करें तब पर्यावरण का संरक्षण करना सरकार के लिए भी असंभव हो जाएगा। जरूरत है कि हर आम आदमी अपनी जिम्मेदारियां को समझे, वह समझे कि पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए वह कौन से छोटे-छोटे उपाय कर सकता है। हर पुरुष, स्त्री, बच्चों को अपनी-अपनी तरफ से पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए और एक दूसरे को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझ कर जन आंदोलन के रूप में जन भागीदारी को बताना चाहिए। आज का युग वैज्ञानिक युग है। नई-नई खोज और अविष्कार लगातार किये जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण का उपयोग करने के लिए उसे टीवी, रेडियो, समाचार पत्रों, यूट्यूब चौनल जहां भी उसे लगे पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता को बढ़ाना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के तरीको की अगर बात की जाए, तो व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के तरीके और मुख्य विधियों को समझते हैं। जिनसे की पर्यावरण संरक्षण को सरल बनाया जा सकता है। जैसे की प्रथम प्रयास हमें फॉरेस्ट कन्वर्सेशन का करना चाहिए, क्योंकि पेड़-पौधे, हवा, भोजन के साथ-साथ हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले दैनिक उत्पाद शामिल है, जो की वन से हमें प्राप्त होते हैं या फिर वन्य जीवों से हमें प्राप्त होते हैं। ऐसे में हमें चाहिए कि पेड़ों की कटाई को रोका जाए और अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं, जिससे कि पारिस्थितिक संतुलन भी बनाया जा सके और व्यक्ति को इन्हीं सब चीजों की पूर्ति की जा सके। दूसरा तरीका बहुत ही अच्छा है जिसके अंतर्गत हम पानी के उपयोग को संभाल कर कर सकते हैं। क्योंकि हमने देखा है कि व्यक्ति ज्यादातर पानी का उपयोग गलत तरीके से करते है। अगर तीसरे तरीके की बात की जाए तो वेस्ट मैनेजमेंट और रीसाइकलिंग प्रोसेस को हमें अपनाना चाहिए, जिससे कि प्रदूषण कम

फैले और चीजों का उपयोग दोबारा किया जा सके इसी प्रयास में सूती बैग का प्रयोग अगर हम करते हैं और प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाते हैं तो प्लास्टिक के द्वारा हो रहे वायु प्रदूषण, स्थल प्रदूषण को रोका जा सकता है। और जानवरों को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। चौथे स्तर पर अगर बात की जाए तो सॉइल कन्वर्सेशन यानी मृदा संरक्षण यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके द्वारा हम मिट्टी के कटाव को रोक सकते हैं और पृथ्वी पर हो रहे मृदा के दोहन को रोका जा सकता है। पांचवें स्तर पर बात की जाए तो हम वाटर कन्वर्सेशन यानी जल संरक्षण की बात कर रहे हैं। जल संरक्षण हमारे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज दुनिया में कई देश ऐसे हैं, जहां पर जल पूर्ण रूप से खत्म हो चुका है। और भारत भी अवस्था में आने में कुछ ही दूरी पर है, क्योंकि यहां पर बहुत सारी प्राकृतिक नदियां हैं और बरसाती नदियां हैं। उसके बाद भी पानी का कन्वर्सेशन या संरक्षण पूर्ण रूप से नहीं हो पा रहा है।

अगले पर्यावरण संरक्षण की बात करें तो वाइल्डलाइफ प्रोटक्शन यह बहुत ही जरूरी है। इसके द्वारा हम उन प्रजातियों को विलुप्त होने से रोक सकते हैं, जो कि आज खतरे के निशान पर है। इसके लिए पेड़ों की कटाई को रोकना, वहां पर पानी की पूर्ति होना, वहां पर हाईवे का न निकलना, यह सब चीज वाइल्डलाइफ रिजर्व को सुरक्षित रखती हैं।

डाइवर्सिटी संरक्षण यानी जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण एवं जरूरी प्रक्रिया है। इसके द्वारा हमारी जैव विविधता को बचाया जा सकता है।

पर्यावरण संरक्षण में समस्याऐं – पर्यावरण संरक्षण में बहुत सारी समस्याओं को जन्म दिया है। इन समस्याओं में वायु प्रदूषण, जलप्रदूषण, भूमि प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, प्राकृतिक आपदाएं, संसाधनों की कमी, कचरे का प्रबंध, भूजल स्तर गिरना और मिट्टी का क्षरण शामिल है। इसके अलावा जंगलों की कटाई और वनों का उपयोग काफी मात्रा में किया जा रहा है। जिससे मनुष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जल संकट जैसी समस्याएं बढ़ती ही जा रही है। जिससे कि मनुष्य को कई राज्य में पानी उपलब्ध नहीं है, जिसमें राजस्थान इसमें पहले नंबर पर आता है। वहीं पर अगर गुजरात और दिल्ली की बात की जाए तो वहां पर वायु प्रदूषण, कंपनियां होने के कारण चरम सीमा पर है। सही बात तो यह है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मानव स्तर पर कार्य बहुत ही निम्न किया जा रहे हैं। जिससे कि पर्यावरण संरक्षण एक सही दिशा में कार्य नहीं कर पा रहा है। अगर हमें पर्यावरण संरक्षण को करना है, तो मनुष्य को एक सही दिशा में कार्य करना होगा और उसे आगे आकर और भी लोगों को प्रेरित करना होगा। समस्याओं का जन्म मनुष्यों के द्वारा ही होता है और आज जो समस्या, पर्यावरण संरक्षण को लेकर आ रही हैं, उसमें भी कहीं ना कहीं मनुष्य ही जिम्मेदार है। हमें चाहिए कि मनुष्य शिक्षा के साथ-साथ जागरूक भी बने। शिक्षा के महत्व को समझें और अपने दैनिक दिनचर्या में पर्यावरण के प्रति अपनी कर्तव्यों को पूर्ण करें। आज का प्राणी बहुत ही व्यस्त प्राणी है। वह हर उस चीज का उपयोग कर रहा है, जो कि उसके जीवन को सही दिशा की वजह गलत दिशा की ओर ले जा रही है। आज भी कुछ गांव कुछ राज्य ऐसे हैं, जहां पर मनुष्य, जागरूकता को खुद ही बढ़ावा दे रहे हैं। लेकिन वही कुछ राज्य और गांव ऐसे भी हैं, जहां पर प्रदूषण और पर्यावरण का अत्यधिक दोहन हुआ है। हमें चाहिए कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए आज से ही पर्यावरण के प्रति जागरूक हो जाए और अपने आने वाले बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाएं। पर्यावरण संरक्षण में अगर सबसे बड़ी समस्या है, तो वह जनसंख्या समस्या है। प्राचीन काल में जनसंख्या कम होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति के पास भूखंड अत्यधिक हुआ करते थे। जिसके कारण वह कुएं, तालाब, पेड़-पौधे काफी मात्रा में लगाता था और उसका उपयोग भी करता था। अब जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ती जा रही है, प्राकृतिक संसाधन की कमी होती जा रही है और उनका दोहन अत्यधिक हो रहा है। जिसकी वजह से अब पहले जैसे तालाब कुएं का निर्माण नहीं किया जा रहा है। जिससे कि वाटर कन्वर्सेशन में भी कमी आने लगी है और मृदा का संरक्षण भी नहीं हो पा रहा है। हमारी वायु प्रदूषण होने लगी है, हमारा जल भी प्रदूषित होने लगा है और पर्यावरण संरक्षण के नाम पर सिर्फ बातें की जा रही है। लेकिन उसे सकारात्मक रूप नहीं दिया जा रहा है।

निष्कर्ष – जब भी हम पर्यावरण संरक्षण की बात करते हैं तो सकारात्मकता के साथ नकारात्मकता भी आती है, क्योंकि पर्यावरण संरक्षण दोनों को एक साथ लेके चलता है। अगर हम सकारात्मकता की बात करें, तो हर व्यक्ति जो कि पर्यावरण में अपना समय दे रहा है और पर्यावरण में सुधार कर रहा है, साथ में लोगों को जागरूक बना रहा है। ये एक सकारात्मकता है जो कि भारतीय दृष्टिकोण में पाई जाती है। वहीं इसका दूसरा पहलू जो कि नकारात्मक है व्यक्ति पानी को गन्दा कर रहा है, वायु प्रदूषण फैला रहा है, ध्वनि प्रदूषण फैला रहा है, जंगलों को काट रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण जैसी गंभीर समस्याएं पैदा हो रही है। यह एक नकारात्मकता का उदाहरण है। भारतीय दृष्टिकोण में पर्यावरण संरक्षण का महत्व सर्वाधिक है। प्राचीन काल से लेकर वर्तमान युग तक पर्यावरण संरक्षण के लिए कई सारे प्रयास किए गए। आज भी मनुष्य पर्यावरण से जुड़कर कई प्रकार के एनजीओ के साथ मनुष्यों को जाग्रत कर रहा है। हमारे भारत में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूल के साथ-साथ कॉलेजों में भी शिक्षाओं का प्रारम्भ किया जा चुका है। भारतीय युवा अब जागृत हो चुका है और आगे बढ़कर पर्यावरण संरक्षण में भाग ले रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए आज कानूनों का विकास किया जा चुका है। पर्यावरण संरक्षण में हर प्रकार के कानून बनाए जा चुके हैं, जिसके द्वारा हर प्रकार से पर्यावरण के लिए दोहन को रोका जा सके। चाहे भूमि की बात हो या फिर वायु, जल, ध्वनि और अन्य प्रकार के प्रदूषणों की। राज्य सरकार सभी को रोकने के लिए कड़े उपबंध बना रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (परीक्षा मंथन : अनिल अग्रवाल)
2. पर्यावरणीय विधि (चुनौतियाँ, विश्लेषण और भविष्य : अनूप कुमार और प्रो. बी.सी. निर्मल)
3. पर्यावरण एवं पर्यावरण संरक्षण विधि की रूपरेखा (डॉ. अनिरूद्ध प्रसाद)
4. पर्यावरण अध्यपयन (मोतीलाल बनारसीदास)
5. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (माजिद हुसैन)
6. इंटरनेट
7. न्यूनजपेपर लेख जनसत्ता (पर्यावरण की खातिर)
8. पर्यावरण : भारत सरकार (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली : लेखक आर. के. गुप्ता, ऋचा शर्मा)
9. ENN : Environment News Network
10. पर्यावरण पत्रिका : पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की हिन्दी पत्रिका

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

न्याय की देवी : भंगाराम माई (बस्तर के विशेष संदर्भ में)

डॉ. (श्रीमती) बसंत नाग* प्रो. एन. आर. साव**

*** सहायक प्राधयापक (समाजशास्त्र) भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर, कांकेर (छ.ग.) भारत**
**** सहायक प्राधयापक (हिंदी) भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर, कांकेर (छ.ग.) भारत**

प्रस्तावना – प्रत्येक क्षेत्र के जनजातियों की अलग-अलग सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक मान्यतायें होती हैं, जो उनके विशिष्टि पहचान को परिलक्षित करती है। जनजाति समुदाय में मृतकों की पूजा देवतुल्य मानकर की जाती है, आत्माओं का विशिष्ट स्थान होता है। धर्म और जादू-टोना कर मान्यता उनके समाज की आस्थाओं की पूर्ति नहीं करता बल्कि प्रकृति से भी जोड़कर रखता है। धर्म और जादू-टोना शारीरिक और मानसिक आस्थाओं की पूर्ति के साथ-साथ उपयोगी साधन के रूप में समाज में स्थापित प्रचलित मान्यताओं को पूर्नजीवित करती है। धार्मिक शक्तिओं को जब तक नहीं माना जाता, तब तक व्यक्ति और समाज के लिये हितकारी नहीं होता। धर्म लाभदायक और विनाशकारी सिद्ध हो सकता है। जनजाति समाज में जादू-टोना स्थानीय बीमारियों एवं उनके उपचार के स्वरूप का निर्धारण भी करता है। जीववाद एक जनजाति के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। स्थानीय समस्याओं को दूर करने के लिये सार्थक मार्ग प्रशस्त करतें हैं।

बस्तर जनजाति बाहूल्य क्षेत्र है, यह आदिम मनुष्य की सबसे अनोखी और दुर्लभ संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी तक हस्तानांतरित भी करती है। जनजातियों के अपने नियम और कानून हैं।

छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र हमेशा से ही लोगों के लिए आर्कषक का केन्द्र है। जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में अनेक जनजाति निवास करते हैं जिसमें गोड़, मुरिया, दोरला, परजा, भरता, धुवा प्रमुख हैं। इनकी अनोखी परंपराएं रहस्यमयी संस्कृति धार्मिक मान्यताओं से जुड़ी अनेक देवी देवतायें हैं। ऐसी देवी देवताओं से संबंधित एक प्रमुख देवता है जिनकी अद्भूत अदालत है जो प्रत्येक वर्ष मानसून के दौरान आश्चर्यजनक रूप से देवी देवताओं का अदालत लगता है, यहाँपर जज से रूप में स्थापित देवी **'भंगाराम देवी'** है। देवी देवताओं पर मुकदमा चलाया जाता है और जो भी देवी-देवता अपने कार्यों के प्रति दोषी पायें जाने पर दण्ड भी दिया जाता है। यह अदालत भंगाराम देवी मंदिर में तीन दिनों तक चलती है। इस अद्भूद और अनोखे उत्सव में 240 गाँवों के लोग दिव्य अदालत की प्रक्रिया को जानने के लिए एकत्र होते हैं। जिन देवी देवताओं के खिलाफ शिकायतें दर्ज मिलती है उनकी समस्याओं को सुनकर मुकदमा चलायी जाती है। शिकायतें किसी भी प्रकार की हो सकती है- फसल उत्पादन की कमी, स्वास्थ्य संबंधी समस्या, लंबी बीमारी, गवाही के रूप में मुर्गियों को प्रस्तुत किया जाता है। जिन लोगों को अपने प्रश्नों के उत्तर और समस्या का समाधान नहीं मिल पाता तो वह देवता दोषी माने जाते हैं। गवाही देने और आरोप सत्य पाये जाने पर दोषी देवी-देवता के लिए सजा का निर्धारण होता है। देवी-देवताओं के सजा का निर्धारण दो तरीके से होता है उन्हें मंदिर से बाहर निकाल दिया जाता है।कभी-कभी उन्हें जीवन भर के लिए अर्थात् आजीवन कारावास की सजा दी जाती है और दूसरा उन्हें सुधरने का मौका भी दिया जाता है। यहाँ पर परिवारिक देवी-देवताओं से संबंधित एवं ग्राम देवी देवताओं के लिए सजा का निर्धारण होता है। पहले इस मंदिर में महिलाओं का जाना वर्जित था लेकिन विगत दो तीन वर्षो से महिलाओं को भी प्रवेश करने का अधिकार दिया गया है।

8. Andreas and Reschreiter, 2011 The effects of the monetary policy regime shift to inflation targeting on the real interest rate in the United Kingdom, Economic modelling. -Amsterdam [u.a.] : Elsevier, ISSN 0264-9993, ZDB-ID 868243. - Vol. 28, 1/2, pp. 754-759
9. Antonio, 2012, Money Growth and Inflation in the Euro Area: A Time Frequency View. Oxford Bulletin of Economics and Statistics, Vol. 74, Issue 6, pp. 875-885, 2012
10. Ball and Mankiw et al, 1988. "The New Keynsesian Economics and the Output-Inflation Tradeoff," Brookings Papers on Economic Activity, Economic Studies Program, The Brookings Institution, vol. 19(1), pages 1-82.
11. Salunkhe bhavesh, Patnaik Anuradha The Impact Of Monetary Policy On Output And Inflation In India: A Frequency Domain Analysis.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कृषि क्षेत्र के विकास में भूमि सुधार का योगदान

श्रीमती सुमन भवर* डॉ. नीमा चुण्डावत**

* शोधार्थी, भूपाल नोबल्स युनिवार्सिटी, उदयपुर (राज.) भारत
** शोध निर्देशिका (अर्थशास्त्र) भूपाल नोबल्स युनिवार्सिटी, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – आजादी के पूर्व भारत में विभिन्न प्रकार की भूमि व्यवस्था पाई जाती थी जिसके कारण कृषि और किसानो की दयनीय स्थिति होने से भारत में विभिन्न प्रकार की व्यवस्था पाई जाती थी जैसे रैयतवाड़ी व्यवस्था,महालवाड़ी व्यवस्था, जमींदार प्रथा जिसके अंतर्गत जमीदारों द्वारा कृषकों से भूमि कर एकत्रित किया जाता था जमीदार कृषको और राज्यों के मध्य मध्यस्तों का काम करते थे सरकार का कुल आय में भाग जो जमीदार द्वारा एकत्रित किया जाता था उसका 10 से 11 प्रतिशत भाग सरकार के पास जाता शेष भाग जमीदारों को दिया जाता था जिससे उनका गुजारा कर सके।
शब्द कुंजी –किसानो को भूमि सम्बंधित अधिकारों की सुरक्षा,भूमि सुधार कार्यक्रम, रोजगार में वृद्धि।

प्रस्तावना – आजादी के पश्चात भारत में कृषि से संबंधित प्रत्येक क्षेत्र में सुधार हुआ भारत में तीव्र गति से कृषि को आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक था महालवाड़ी व्यवस्था, जमीदार व्यवस्था और रेयतवाडी व्यवस्था में ऐसा अनुमान लगाया गया कि कृषि क्षेत्र का 52% भाग रेयतवाडी व्यवस्था में 40: भाग जमीदार व्यवस्था में शेष महालवाड़ी व्यवस्था का भाग था इस व्यवस्था में सबसे अधिक शोषण कृषकों का जमीदारों द्वारा किया जाता था क्योंकि जमीदार व्यवस्था को असीमित अधिकार दिए गए थे।

भूमि सुधार का अर्थ – भूमि सुधार के अंतर्गत वे सभी कार्य शामिल किये जाते है जिनके द्वारा भूमि का अधिकतम उपयोग करके उत्पादन बडाने में सहायता मिलती है।

प्रोफेसर गुन्नार मिर्डल के अनुसार 'भूमि सुधारों का अर्थ व्यक्ति और भूमि के सम्बन्ध तथा संस्थागत परिवर्तन से है'।

प्रो.सैम्युलयसन ने कहा है कि –'सफल भूमी सुधार के कार्यक्रमों ने अनेक देशों में मिट्टी को सोना में बदल दिया है'।

आजादी के पूर्व भारत में विभिन्न प्रकार की भूमि व्यवस्था पायी जाती थी, जैसे –रैयतवाड़ी व्यवस्था, महालवाड़ी व्यवस्था, जमीदार प्रथा आदि।

रैयतवाड़ी व्यवस्था – रैयतवाड़ी व्यवस्था दक्षिण तमिलनाडु,महाराष्ट्र, बरार,पूर्व पंजाब,असम में लागू की गई थी। इसमें काश्तकारी भूमि का स्वामी होता जब तक वह भूमि पर राज्य को नियमित रूप से कर देता रहता था,तब तक उसे बेदखल नहीं किया जाता। उसे भूमि में काम लेने,बेचने,हस्तांस्तरीत करने या किसी अन्य प्रकार से उपयोग में लाने का अधिकार था। रैयतवाड़ी प्रणाली में स्वामित्व के आधार पर अलग–अलग मालगुजारी तय की जाती थी। मध्य–प्रदेश मे 20 वर्ष, महाराष्ट्र में 30 वर्ष तथा तमिलनाडु में 40 वर्ष के लिए तय की जाती थी।

महालवाड़ी व्यवस्था – महालवाड़ी व्यवस्था विलियम बैंटिक द्वारा आगरा और अवध में लागू कर दिया गया। इस व्यवस्था मे मालगुजारी की दृष्टि से पूरा गाँव ही एक संपूर्ण इकाई माना जाता था। जो भूमि गाँव में खाली होती थी उस पर गांव के समाज का अधिकार होता था। गांव का कोटवार मालगुजारी एकत्रित करता था जिसके लिए उसको होता कमिशन मिलता था। सहभागी को अपनी इच्छानुसार भूमि को प्रयोग में लाने का अधिकार था। यदि सहभागी उस भूमि को छोड़ देता था तो उस पर गांव के समाज का अधिकार माना जाता था।

जमीदारी प्रथा – प्रथम ईस्ट इंडिया कम्पनी के शासन काल में प्रारम्भ हुआ था। ईस्ट इंडिया कम्पनी के गर्वनर कार्लवालिस ने आय बड़ाने के उद्देश्य से उसका ही स्थायी बंदोबस्त कर दिया था। इस प्रणाली में जमीदार को भूमी का स्वामि माना जाता था भूमि संबंधी सभी अधिकार उसी के हाथ में होते थे। सरकार से कृषक का सीधा संबंध नहीं होता था। लेकिन एक मध्यम वर्ग के माध्यम से होता था जिसे जमीदारी कहते थे।

स्वतंत्रता के बाद भूमि सुधार– स्वतंत्रता के बाद भूमि सुधार के कई कार्यक्रम लागू किए गये, उनका मुख्य उद्देश्य कृषि के विकास के साथ–साथ कृषकों एवं भूमिहीन श्रमिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। इस उदेश्य की पूर्ति हेतु भारत सरकार ने भूमि सुधार से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ किये हैं जैसे मध्यस्थों की समाप्ति, काश्तकारी सुधार,कृषि का पुनर्गठन, जोतों की सीमा का निर्धारण।

मध्यस्थों की समाप्ति– स्वतंत्रता के पश्चात् सरकार ने जमीदारी, जागीरदार, इनामदार,आदि सभी मध्यस्थो की समाप्ति कर भूमि पर कृषकों को भू–स्वामी संबंधी अधिकार प्रदान कर दिये हैं। देश की 40 प्रतिशत भूमि पर मध्यस्थ फैले थे।

काश्तकारी सुधार– काश्तकारी सुधार में लगान का नियमन किया गया। काश्तकारों एवं बटाईदारों को उपज का आधे से अधिक भाग लगान के रूप में देना पड़ता था। कई राज्यो ने छोटी जोतों पर लगान को समाप्त किया गया।

कृषि का पुनर्गठन– सरकार ने कृषि पुनर्गठन हेतु अनेक संस्थागत परिवर्तन किये है, ताकि समाजवादी समाज की स्थापना हो कृषि क्षेत्र में सुधार,विकास के लिए नयी तकनीकी और तरीको को अपनाया गया जिससे कृषि का उत्पादन बड़े किसानों की आय मे बड़ोतरी हो यह प्रक्रिया कृषि के

क्षेत्र मे स्थिरता को बड़ावा देने के लिए की जाती है।

अध्ययन का उद्देश्य – प्रस्तुत शोध का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो के विकास में वृधि करना

शोध विधि – प्रस्तुत शोध में प्राथमिक एवं दितियक स्तोतो का अध्ययन किया गया शोध अध्ययन में पुस्तके,पत्र –पत्रिकाओ, आर्थिक सर्वेक्षण प्रकाशित और अप्रकाशित स्त्रोतों का उपयोग कर निष्कर्ष निकाले गए

तालिका क्रमांक 01: कृषि के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि का अनुपात

भूमि का अनुपात	जिला		कुल
	बड़वानी	धार	
1 एकड़ तक	8 (10%)	12 (15%)	20 (12.5%)
1–2 एकड़	22 (27.5%)	25 (31.25%)	47 (29.37%)
2–4 एकड़	24 (30%)	19 (23.75%)	43 (26.87%)
4 एकड़ से अधिक	21 (26.25%)	20 (25%)	41 (25.63%)
किराए की जमीन	5 (6.25%)	4 (5%)	9 (5.63%)

सर्वेक्षण से प्राप्त स्त्रोत– तालिका क्रमांक 01 से यह स्पष्ट है कि लगभग 12.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास एक एकड़ तक भूमि है, लगभग 29.37 प्रतिशत के पास 1 से 1 एकड़ के बीच भूमि है, 26.87 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास 2 एकड़ से 4 एकड़ के बीच भूमि है, 25.63 प्रतिशत के पास 4 एकड़ से अधिक भूमि है। 160 उत्तरदाताओं में से 5.63 प्रतिशत किराए की जमीन पर काम करते है। आंकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि अधिकांश उत्तरदाताओं के पास स्वयं की लगभग 1 से 4 एकड़ कृषि भूमि है।

उपसंहार– भारत में पिछले 70 वर्षो में भूमि सुधार के कई कार्यक्रम प्रारंभ किये गए जिसके अंतर्गत जमीदार उन्नमूलन,अधिकतम जोत सीमा निर्धारण, चकबंदी, लगान एवं पट्टे की सुरक्षा की व्यवस्था की गयी इससे भूमि सुधार की और प्रशंसनीय प्रगति हुई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. जयप्रकाश मिश्र, 2003, कृषि अर्थशास्त्र साहित्य भवन पब्लिकेशन ,आगरा पेज न.171–176
2. डॉ .पी .डी . माहेश्वरी एवं डॉ . शिलचन्द्र गुप्ता ,भारतीय आर्थिक निती, 2006 , कैलाश पुस्तक सदन भोपाल, पेज न. 221–223
3. डॉ. अनुपम गोयल भारतीय अर्थव्यवस्था,एस.बी. पीडी.,(2019–20), पब्लिकेशन ,आगरा मथुरा पेज न .77
4. डॉ.रितु तिवारी, भारतीय अर्थव्यवस्था,(2021), मध्यप्रदेश हिंदी ग्रन्थ अकादमी भोपाल, पेज न. 54–58

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

किशोरियों का साथियों के साथ समायोजन का अध्ययन

डॉ. ममता खपेडिया* रिंकी भाबर**

* सहा. प्राध्यापक (गृह विज्ञान) माता जीजाबाई शा.स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** सहा. प्राध्यापक (गृह विज्ञान) राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – किशोरावस्था किसी भी समाज की वास्तविक पूंजी है। इन्हे राष्ट्र, समाज के विकास के लिए सुरक्षित एवं सुरक्षित किया जाना चाहिए। किशोरावस्था बाल्यावस्था की अंतिम अवस्था है, संपूर्ण बाल विकास में इस अवस्था का बहुत अधिक महत्व होता है यह अवस्था शारीरिक और मानसिक उतथल पुथल भरी होती है। किशोरावस्था लोगों के जीवन में एक कठिन विकास अवधि का प्रतिनिधित्व करती है किशोरावस्था में किशोरी अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करते हैं वर्तमान समय में किशोरिया अपने साथियों के साथ समायोजन में एक विशेष प्रकार का व्यवहार देखने को मिलता है।

समायोजन की अवधारणा सबसे पहले डार्विन ने इसे भौतिक दुनिया में जीवित रहने के लिए एक अनुकूल के रूप में इस्तेमाल किया था मनुष्य अन्य व्यक्तियों पर आश्रित होने से उत्पन्न होने वाली शारीरिक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक मांगों को समायोजन करने में सक्षम है। समायोजन घर की जीवन स्थितियों में, स्कूल में, व्यस्क होने पर कार्य स्थल में, वृद्धावस्था में एक संगठन आत्मक व्यवहार में, समायोजन एक ऐसी प्रक्रिया है जो हमें एक सुखी और सुख हाल जीवन की ओर ले जाती है स्वयं एवं अपने साथियों के साथ समायोजन व्यक्ति के जीवन और शिक्षा में विकास के लिए अति आवश्यक होता है।

समायोजन मुख्यत: तीन बातों पर निर्भर करती व्यक्ति की इच्छाओं, विचारों, प्रेरणाओं, और लक्ष्य, आदि के संबंध में जितना अधिक समन्वय होता है समायोजन उतना ही अधिक अच्छा होता है यदि इसमें आवश्यकता से कम समन्वय हो तो समायोजन दुर्बल होगा। व्यक्ति की इच्छा विचार आचार्य परिणाम और लक्षण आदि की पूर्ति की मात्रा कम और किस रूप में हुई है इस पर समाचार आधारित होता है उनकी पूर्ति कितनी अधिक होगी समायोजन उतना अधिक अच्छा होगा व्यक्ति की इच्छाओं परिणाम लक्षण सामाजिक मूल्यों से कहा तक मेल खाते हैं यह भी समय समायोजन को प्रभावित करता है।

आवश्यता एवं महत्व –किशोरावस्था एक समस्याओं से भारी अवस्था होती है इसे शारीरिक एवं मानसिक उत्ताल–पुथल भारी अवस्था कहते हैं। इस अवस्था में किशोरी को समायोजन में अनेको समस्याओं का सामना करना पड़ता है। किशोरिया राष्ट्र के विकास का एक अच्छा खासा भविष्य है, इसी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शोध अध्ययन हेतु 'किशोरियों का साथियों के साथ समायोजन का अध्ययन' विषय की आवश्यकता है।इस अध्ययन का बहुत अधिक राष्ट्र के विकास हेतु प्रभाव पड़ेगा राष्ट्र के विकास में किशोरावस्था का समायोजन का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है।

उद्देश्य:

1. किशोरियों का साथियों के साथ समायोजन का अध्ययन करना।
2. किशोरियों की शैक्षणिक योग्यता का अध्ययन करना।

प्रतिदर्श इकाई – प्रस्तुत अध्ययन में 50 किशोरियों का चयन किया गया है

अध्ययन के चर –प्रस्तुत शोध अध्ययन में स्वतंत्र चर मे किशोरियों। आश्रित चर किशोरियों का समायोजन एवं शैक्षणिक अध्ययन एवं परिवार का आकार आदि।

समंक संकलन के स्त्रोत – प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्रारंभिक समंक हेतु स्वनिर्मित अनुसूची का प्रयोग किया गया। द्वितीय समंक के लिए लघु शोध, इंटरनेट, पुस्तक, एवं अन्य साधनका प्रयोग किया गया।

सारणीयन एवं वर्गीकरण–

तालिका नं. 01: किशोर –किशोरियों का साथियों के साथ समायोजनके स्तर संबंधित विवरण

क्र.	विवरण	समायोजन का स्तर प्रतिशत में
1	अत्यधिक उच्च स्तर	18
2	उच्च स्तर	15
3	साधारण स्तर	30
4	निम्न स्तर	20
5	अत्यधिक निम्न स्तर	17
		100N=50



तालिका नं. 02: किशोरियों की शैक्षणिक योग्यता से संबंधित विवरण।

क्र.	विवरण	किशोरियों कीशैक्षणिक योग्यता
1	अनपढ़	08
2	प्राथमिक हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी	37
3	उच्च शिक्षा	25
4	अन्य शिक्षा	20
5	तकनीकी शिक्षा	10
		100N=50



निष्कर्ष:

1. किशोरियों का अपने साथियों के साथ क्रमश: अत्यधिक उच्च स्तर,उच्च स्तर, साधारण स्तर, निम्न स्तर ,अत्यधिक निम्न स्तर 18%,15%,30%,20%,17%,प्रतिशत पाया गया।
2. किशोरियों का शैक्षणिक शौध अध्ययन से पाया गया कि किशोरियों का प्रतिशत क्रमशरू अनपढ़, प्राथमिक हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी, उच्च शिक्षा, अन्य शिक्षा 08%, 37%, 25%, 20%,एवं 10%प्रतिशत पाया गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आहूजा राम 2000 'सामाजिक समस्याएं' रावत पब्लिकेशन' दिल्ली।
2. तोमर रामविहार सिंह पारिवारिक 'समाजशास्त्र तथा आदर्श' अजमेर प्रकाशन https://www.ijrti.org/papers/IJRTI2212099.pdf
3. https://g.co/kgs/cxBcbhJ,https://g.co/kgs/jkyJnix,https:/ www.ijrti.org
4. https://www.drishtiias.com/hindi/daily-news-analysis/feminization-of-agriculture
5. https://kurukhtimes.com/node/89

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र एवं रोजगार (नई शिक्षा नीति के सन्दर्भ में)

डॉ. पूजा तिवारी*

* सह प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – शिक्षा के साथ साथ व्यावसायिक शिक्षा का जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। यदि देश का आर्थिक विकास करना है और जनता के जीवन स्तर को उपर उठाना है तो शिक्षा के साथ व्यवसायिक शिक्षा भी जरूरी है ,सभी देशवासियों के सतत विकास के लिए कौशल प्रशिक्षण की नितांत आवश्यकता है।मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है क्योकि वह अपना जीवन सामाजिक मापदंडो के अनुसार ही जीता है ,शिक्षा सामाजिक नियंत्रण का एक सशक्त अभिकरण है ,जिसके कारण मनुष्य पशु से अलग है दोनों में मुख्य फर्क यही है की मनुष्य के पास शिक्षा है वह संस्कृति से ओतप्रोत है आज आवश्यकता इस बात की है की सभी विद्यार्थियों को सामान्य शिक्षा के साथ साथ व्यवसायिक शिक्षा भी दी जाये।इस शोध आलेख के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्रों को विस्तारपूर्वक समझाने का प्रयास किया गया है।

प्रस्तावना – व्यावसायिक शिक्षा एक व्यक्ति को आपेक्षित कौशल के साथ लाभकारी रोजगार या स्वरोजगार के लिए तैयार करती है।व्यावसयिक शिक्षा को अन्य नामो से भी जाना जाता है जिसमे कैरियर और तकनिकी शिक्षा, तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण आदि शामिल है। भारत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 ,1980 को लागु करने के सम्बन्ध में सन 1988 में शिक्षा के व्यावसायिकरण पर केंद्र द्वारा आर्थिक रूप से सरंक्षित योजना (CSS) पूरे देश में प्रारंभ की गयी।

व्यावहारिक कौशल इस शिक्षा का उद्देश्य है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्र से व्यावसायिक विषय को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है ,जिसमे कला, विज्ञान, वाणिज्य, गृह विज्ञान आदि के विभिन्न विषय रखे गयें है जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

व्यावसायिक शिक्षा के कई क्षेत्र हैं जैसे सौन्दर्य और स्वास्थ्य कल्याण, हस्तशिल्प, जैविक खेती, बागवानी, वेब डिजायनिंग, वर्मी कम्पोस्ट ,फैशन डिजायनिंग, कुक्कुट प्रबन्धन पर्यटन, बिक्री कौशल, मेडिकल प्लांट, खुदरा प्रबन्धन आदि।

प्रस्तुत आलेख के माध्यम से इवेंट मेनेजमेंट में केरियर और फैशन डिजायनिंग में विद्यार्थी किस प्रकार से अपना कैरियर बना कर जीविका उपार्जन कर सकते है इसको विस्तारपूर्वक बताया गया है।

इवेंट मेनेजमेंट– इवेंट मेनेजमेंट का अर्थ है आयोजनों का प्रबंधन ,यह कार्य इवेंट मेनेजमेंट कम्पनियों द्वारा किया जाता है। इवेंट मेनेजर का कार्य होता है किसी भी आयोजन के आरम्भ से अंत तक होने वाले हर कार्यक्रम , हर पड़ाव का सुचारू संचालन। आज के युग का महत्वपूर्ण रोजगार इवेंट मेनेजमेंट को कहना अतिश्योक्ति नही होगा।इसका कार्यक्षेत्र महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक फैल चुका हैं।

कार्य क्षेत्र– विवाह समारोह, राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मलेन, फिल्मो के प्रीमियर शो, स्टेज शो, सौन्दर्य प्रतियोगिताये, नये उत्पादों का प्रदर्शन, ऐड शो एवम अन्य बड़े कार्यक्रम या पार्टियाँ आदि।

योग्यताएं – इस कोर्स में एडमिशन हेतु किसी भी विषय के साथ बारहवीं पास होना एवम पी .जी .डिप्लोमा के लिए स्नातक होना जरूरी है।इस कोर्स के लिए विद्यार्थियों की अंग्रेजी में अच्छी पकड़ होना चाहिए।

इस प्रकार से जो यूवा अच्छी तर्कशक्ति, भाषा का ज्ञान, आकर्षक व्यक्तित्व् एवं प्रस्तुतीकरण में माहिर हों उनमे रचनात्मक प्रबन्धन प्रायोगात्मक सोच, व्यवहार कुशलता हो वो अपने इवेंट मेनेजमेंट कम्पनी खोल सकतें हैं, इस क्षेत्र में सबसे अधिक महत्व आपके संपर्क सूत्रों और क्षेत्रों का होता है जितने ज्यादा संपर्क होगा उतने ज्यादा कार्य करने के अवसर होंगें।

इवेंट मेनेजमेंट और जनसंचार से सम्बन्धित पाठ्यक्रम इन संसथानों में उपलब्ध हैं —देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, नेशनल स्कूल ऑफ इवेंट इंदौर जामिया मिलिया इस्लामिया रिसर्च सेटर, दिल्ली, भारतीय जनसंचार संस्थान जे.एन.यू. दिल्ली यसेंट जेवियर्स कॉलेज ऑफ कमुनिकेशन मरीन लाइंस मुंबई, भारतीय विद्या भवन, दिल्ली, मुंबई, चेनई, हैदराबाद, बैंगलोर, कोलकाता, यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे।

फैशन डिजाइनिंग में केरियर – फैशन और ड्रेस डिजाईन का जिक्र आते ही कला का एक उत्कृष्ट नमूना हमारी आँखों को चमकदार रंगों और डिजाइन के माध्यम से चमत्कृत कर देता हैं।तेजी से बढलते ट्रेंड के साथ फैशन के प्रति लोगों की बढती जागरूकता के कारण भारत में ड्रेस डिजाइनर की मांग बढ्ती जा रही हैं, यह भारतीय फैशन डिजाइनर का ही कमाल हैं की भारत की माडल्स दुनिया भर में धूम मचा रही है, आज मनीष मल्होत्रा, नीता लुल्ला, रितु कुमार, तरुण तहिलियानी, रितु बेरी, जे.जे. वलाया, सव्यसाची मुखर्जी, विक्रम फर्निस, मनीष अरोरा, दिवंगत रोहित बल, अनीता डोंगरे, मसाबा गुप्ता।

अनामिका खन्ना और नैंसी त्यागी आदि को सभी लोग पहचानते है इस क्षेत्र में मेहनत के साथ यश और कमाई भी है क्योकि दुनिया में हर सप्ताह फैशन बदल जाता है नित नये डिजाइन बनाना बहुत मेहनत का काम होता है।

शैक्षणिक योग्यता– इस पाठ्यक्रम में मात्र 12 जीपरीक्षा 50% अंको से पास होना जरूरी हैं एवैं स्नातकोतर हेतु स्नातक की परीक्षा 50% अंको के साथ पास होना जरूरी है।

फैशन एवैं ड्रेस डिजाइनिंग का कोर्स करने वाले प्रमुख संस्थान – 1. राष्ट्रीय फैशन तकनीक संस्थान, नई दिल्ली 2. मध्यप्रदेश के विभिन्न महिला पोलिटेकनिक संस्थान 3. एस.एन.डीटी वीमेन यूनिवर्सिटी, मुंबई 4. नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिग, इंदौर 5. नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फेशन टेकनोलोजी ,गांधीनगर, गुजरात।

रोजगार एवम आय की संभावनाएं:

1. फिल्म और टीवी सीरियलों एवम कार्यक्रमों में कास्टयूम डीजायनर के रूप में अवसर।
2 सरकारी एवम प्राइवेट डिपार्टमेंट में हैण्डलूम और कपडा बनाने के क्षेत्र में अवसर।
3 खेल से सम्बन्धित ड्रेस तैयार करने सम्बन्धी व्यापार।
4 फैशन शो ओर्ग नाइज करना।
5 बुटिक और कपड़ो का व्यापार करना।

आरम्भ में आय या वेतन कितना मिलेगा यह कहना मुश्किल है किन्तु अनुभव के साथ साथ अच्छी कमाई होना तय है आज हम देखते है की नैन्सी त्यागी ने फर्श से अर्श का सफर अपनी आत्मनिर्भरता एवम विश्वास से ही तय किया है एक आम लड़की जिसने सिर्फ एक पुरानी सिलाई मशीन से ,आम मार्किट के सस्ते कपडे और साड़ियो से अद्भुद डिजाइन के गाउन तैयार करके कांस तक में धूम मचा दी है कल तक जिस आम लड़की को कोई नही जानता था आज हर व्यक्ति उसके गुणगान कर रहा है।

व्यावसायिक शिक्षा का महत्व आज के समय में बहुत बढ़ गया है ये एक ऐसी शिक्षा है जो विद्यार्थियों को विशेष कौशल और प्रशिक्षण प्रदान करती है जिससे से वे किसी विशेष क्षेत्र में कार्य करने के लिए तैयार होते है।आज के प्रतिसधात्मक युग में सिर्फ पारम्परिक शिक्षा से ही अच्छे रोजगार के अवसर नही मिल पाते इसलिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।सरकार भी इस दिशा में कई कदम उठा रही है जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जो युवाओं को तकनिकी और व्यावसायिक कौशल प्रदान करने के लिए है।

निष्कर्ष स्वरुप व्यवसायिक शिक्षा और रोजगार का एक गहरा सम्बन्ध है जब हम व्यवसायिक शिक्षा को महत्व देते हैं और उसे समाज में उचित स्थान प्रदान करतें हैं ,तब हम रोजगार के अवसरों को बढ़ा सकते है और युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं ,इस दिशा में सरकार ,संस्थाए और समाज सभी को मिल कर प्रयास करना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भंडारी, जयन्तिलाल, केरियर के सोपान, इंदौर।
2. स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन ।
3. वोकेशनल एडुकेशन एंड ट्रेनिंग, दि रोल ऑफ वोकेशनल एजुकेशन इन मोडर्न इकॉनमी ।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

वेद, उपनिषद एवं भारतीय साहित्य में महिलाओं की भूमिका : श्रीमद्भगवद्गीता के विशेष संदर्भ में

भावना तिवारी*

* शोधार्थी (समाज कार्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय दर्शन और साहित्य में नारी की भूमिका सदैव अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। वैदिक युग में महिलाओं को शिक्षा, दर्शन और आध्यात्मिक चिंतन में समान अधिकार प्राप्त थे, जिसके प्रमाण गार्गी, मैत्रेयी और लोपामुद्रा जैसी विदुषियों के विचार-विमर्श से मिलते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता, जो केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक दार्शनिक जीवन दृष्टि है, महिलाओं के आध्यात्मिक अधिकारों और मोक्ष प्राप्ति की संभावनाओं को समान रूप से स्वीकार करती है। गीता में वर्णित कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्ति योग के सिद्धांत न केवल पुरुषों के लिए, बल्कि स्त्रियों के लिए भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आध्यात्मिक उन्नति में लिंग कोई बाधा नहीं है।

इस शोध पत्र में गीता के स्त्री-सशक्तिकरण संबंधी विचारों का विश्लेषण करते हुए भारतीय महिला दार्शनिकों के योगदान को भी समझने का प्रयास किया गया है। साथ ही, यह अध्ययन आधुनिक संदर्भ में गीता के संदेश को नारी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक विकास के लिए एक प्रेरणा स्रोत के रूप में प्रस्तुत करता है। आज जब महिलाएँ शिक्षा, विज्ञान, राजनीति और समाज सेवा में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, तब गीता में वर्णित सिद्धांत अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। यह शोध पत्र इस विचार को प्रमाणित करने का प्रयास करता है कि भारतीय दर्शन में नारी केवल श्रद्धा का नहीं, बल्कि शक्ति और ज्ञान का भी प्रतीक रही है, और गीता का संदेश आज भी महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए उतना ही उपयोगी है जितना प्राचीन काल में था।

शब्द कुंजी – वेद, उपनिषद, गीता, नारी सशक्तिकरण, भारतीय दर्शन, महिला दार्शनिक, भक्ति आंदोलन।

प्रस्तावना – भारतीय दर्शन में स्त्रियों को सदा से ही सम्मानित और विशेष स्थान प्रदान किया गया है। वैदिक युग से लेकर आधुनिक काल तक, महिलाओं ने न केवल धार्मिक और दार्शनिक विचारधारा के विकास में योगदान दिया है, बल्कि समाज के नैतिक और आध्यात्मिक उत्थान में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वैदिक काल में स्त्रियों को शिक्षा, धर्म, राजनीति और दर्शन के क्षेत्र में स्वतंत्रता प्राप्त थी। गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा जैसी विदुषियों ने न केवल ब्रह्मविद्या पर गहन चर्चा की, बल्कि ऋग्वेद और अन्य ग्रंथों की ऋचाओं की रचना भी की। यह दर्शाता है कि उस समय स्त्रियों को केवल गृहस्थ जीवन तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें ज्ञान प्राप्ति और दार्शनिक संवाद में समान अवसर प्रदान किए गए।

महाभारत के भीष्म पर्व में श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख आता है, जो केवल युद्ध और नीति का ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन दर्शन का भी सार प्रस्तुत करती है। श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया ज्ञान, कर्म, भक्ति और ज्ञानयोग के सिद्धांतों पर आधारित है, जो न केवल पुरुषों बल्कि महिलाओं के लिए भी समान रूप से लागू होते हैं। गीता में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भक्ति और ज्ञान प्राप्ति के मार्ग में किसी जाति, वर्ग या लिंग का कोई बंधन नहीं है। श्रीकृष्ण स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि स्त्रियाँ भी पुरुषों के समान मोक्ष प्राप्त करने और आत्मज्ञान के पथ पर अग्रसर होने के योग्य हैं।

भक्ति आंदोलन ने भी महिलाओं को आध्यात्मिक स्वतंत्रता प्रदान की, जहाँ मीराबाई, अक्का महादेवी, संत जनाबाई जैसी महान विभूतियों ने समाज की रूढ़ियों को तोड़कर अपने आध्यात्मिक पथ को चुना। आधुनिक काल में सावित्रीबाई फुले, इंदिरा गांधी, कल्पना चावला, मदर टेरेसा जैसी महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अद्वितीय पहचान बनाई, जिससे यह प्रमाणित होता है कि स्त्रियाँ केवल एक पारिवारिक संरचना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज में परिवर्तन लाने की भी क्षमता रखती हैं।

आज जब महिला सशक्तिकरण और समानता की बात हो रही है, तब श्रीमद्भगवद्गीता और अन्य शास्त्रों के विचार और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। यह शोध पत्र महिलाओं की भूमिका का गहराई से अध्ययन करेगा और यह विश्लेषण करेगा कि किस प्रकार गीता और अन्य शास्त्र नारी सशक्तिकरण के सिद्धांतों को पुष्ट करते हैं। साथ ही यह भी समझने का प्रयास किया जाएगा कि कैसे इन दार्शनिक और धार्मिक सिद्धांतों को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्थान के लिए लागू किया जा सकता है।

यह शोध पत्र महिलाओं की भूमिका का गहराई से अध्ययन करेगा और यह विश्लेषण करेगा कि किस प्रकार गीता और अन्य शास्त्र नारी सशक्तिकरण के सिद्धांतों को पुष्ट करते हैं।

वेदों और उपनिषदों में महिलाओं की भूमिका:

वेदों में महिलाओं का योगदान: वेदों में महिलाओं को न केवल सम्मानजनक स्थान प्राप्त था, बल्कि उन्हें शिक्षा, ज्ञान, और आध्यात्मिकता में भी समान अधिकार दिए गए थे। वैदिक काल में महिलाएँ न केवल गृहस्थ

जीवन का संचालन करती थीं, बल्कि समाज सुधार, धर्म, और दर्शन में भी अपनी भूमिका निभाती थीं। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद में कई ऐसी ऋषिकाओं का उल्लेख मिलता है जिन्होंने वेदों के मंत्रों की रचना की और धर्मशास्त्रों में योगदान दिया।

प्रमुख वैदिक विदुषियाँ

1. **गार्गी वाचक्नवी –** बृहदारण्यक उपनिषद में उनका उल्लेख मिलता है, जहाँ उन्होंने विद्वानों की सभा में महान ऋषि याज्ञवल्क्य से आत्मा और ब्रह्मज्ञान पर गहन शास्त्रार्थ किया। उनकी तर्क शक्ति और ज्ञान के कारण उन्हें तत्कालीन विद्वानों द्वारा ष्ब्रह्म वादिनीष् की उपाधि दी गई थी।

2. **मैत्रेयी –** ऋषि याज्ञवल्क्य की पत्नी, जिन्होंने भौतिक संपत्ति के बजाय ब्रह्मज्ञान को सर्वोच्च माना। बृहदारण्यक उपनिषद में उनके संवाद मिलते हैं, जहाँ वे आत्मा और मोक्ष पर गहन प्रश्न करती हैं। उनकी ज्ञान–पिपासा और दार्शनिक दृष्टिकोण ने उन्हें भारतीय दर्शन में महत्वपूर्ण स्थान दिलाया।

3. लोपामुद्रा द ऋषि अगस्त्य की पत्नी, जिन्होंने ऋग्वेद के कुछ महत्वपूर्ण मंत्रों की रचना की। उनके योगदान से यह स्पष्ट होता है कि वैदिक काल में महिलाएँ न केवल गृहस्थ जीवन तक सीमित थीं, बल्कि धर्म और ज्ञान के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाती थीं।

4. **विश्ववारा –** ऋग्वेद में इनका उल्लेख मिलता है, और उन्होंने कई वैदिक मंत्रों की रचना की। वे वेदों की गहरी ज्ञाता थीं और उनकी रचनाएँ ईश्वर और आत्मा के ज्ञान को विस्तार से समझाने में सहायक हैं।

5. **अपाला –** ऋग्वेद में उनका उल्लेख है, और उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा तथा आरोग्य विज्ञान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उनकी रचनाएँ आयुर्वेद और स्वास्थ्य विज्ञान की नींव रखने में सहायक मानी जाती हैं।

6. **रोमशा, शाश्वती, घोषा और श्रद्धा कामायनी –** ये सभी वैदिक विदुषियाँ थीं, जिन्होंने धर्म, समाज और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दिया और आध्यात्मिक ज्ञान को आगे बढ़ाया।

उपनिषदों में महिलाओं की भूमिका– उपनिषदों में महिलाओं को आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त थे। वे आत्मा, ब्रह्म, और मोक्ष जैसे विषयों पर गहन चर्चा कर सकती थीं। उपनिषदों की शिक्षाओं में यह स्पष्ट किया गया है कि ज्ञान किसी लिंग विशेष का विषय नहीं है, बल्कि वह सभी के लिए खुला है।

1. **गार्गी वाचक्नवी –**उपनिषदों में गार्गी को एक महान दार्शनिक के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने ब्रह्म, आत्मा, और जगत के संबंध में गहन प्रश्न किए। उनका संवाद याज्ञवल्क्य के साथ हुआ था, जिसमें उन्होंने ब्रह्म को 'अव्यक्त तत्व' के रूप में परिभाषित किया। यह चर्चा भारतीय दर्शन के सबसे महत्वपूर्ण संवादों में से एक मानी जाती है।

2. **मैत्रेयी –** उपनिषदों में मैत्रेयी के संवाद विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। उन्होंने यह तर्क प्रस्तुत किया कि 'धन और भौतिक सुख से शाश्वत आनंद प्राप्त नहीं किया जा सकता,' बल्कि केवल ब्रह्मज्ञान से ही वास्तविक मोक्ष संभव है। यह विचार आगे चलकर अद्वैत वेदांत के प्रमुख सिद्धांतों में से एक बना।

श्रीमद्भगवद्गीता में नारी दृष्टिकोण– श्रीमद्भगवद्गीता केवल पुरुषों के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए एक मार्गदर्शक ग्रंथ है। इसमेंस्त्रियों के आध्यात्मिक उत्थान, कर्म, भक्ति और ज्ञानकी समानता को स्पष्ट रूप से बताया गया है। गीता में श्रीकृष्ण ने स्त्रियों को भी मोक्ष प्राप्ति और आत्मज्ञान के योग्य माना है।

स्त्रियों के आध्यात्मिक अधिकार – श्रीमद्भगवद्गीता में नारी के आध्यात्मिक और सामाजिक अधिकारों की जो व्याख्या की गई है, वह स्पष्ट रूप से यह दर्शाती है कि महिलाओं को पुरुषों के समान आत्मज्ञान, भक्ति और कर्मयोग का अधिकार प्राप्त है। वैदिक काल से ही भारतीय परंपरा में महिलाओं को केवल परिवार और समाज तक सीमित नहीं किया गया, बल्कि उन्हें ज्ञानार्जन, धर्म और नीति में भी समान स्थान दिया गया। श्रीकृष्ण स्वयं गीता में यह स्पष्ट करते हैं कि मोक्ष प्राप्ति के मार्ग में लिंग कोई बाधा नहीं है।

स्त्रियों के मोक्ष प्राप्ति का अधिकारकृगीता के नवम्अध्याय में श्रीकृष्ण अर्जुन को समझाते हैं कि जो भी व्यक्ति उनकी शरण में आता है, चाहे वह किसी भी जाति, लिंग या वर्ग का हो, वह परमगति को प्राप्त कर सकता है–

मां हि पार्थ व्यपाश्रित्येऽपिस्युः पापयोनयः।
स्त्रियोवैश्यास्तथाशूद्रास्तेऽपियान्तिपरांगतिम्।। (9.32)

इस श्लोक में श्रीकृष्ण यह स्पष्ट करते हैं कि स्त्रियाँ भी पुरुषों की तरह मोक्ष प्राप्त कर सकती हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि आध्यात्मिक उन्नति के लिए किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है और स्त्रियों को पुरुषों के समान अधिकार दिए गए हैं। यह विचार आधुनिक समय में महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने और आध्यात्मिक स्वतंत्रता प्राप्त करने की प्रेरणा देता है।

गीता में नारी को केवल मोक्ष प्राप्ति तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उनके भीतर स्थित दिव्य शक्तियों का भी उल्लेख किया गया है। श्रीकृष्ण कहते हैं–

मृत्युःसर्वहरश्चाहमुद्भवश्चभविष्यताम्।
कीर्तिःश्रीर्वाक्चिनारीणांस्मृतिर्मेधा धृति क्षमा।। (10.34)

इस श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण स्वयं स्वीकार करते हैं कि स्त्रियों में विद्यमान कीर्ति, श्री (लक्ष्मी), वाणी (सरस्वती), स्मृति, मेधा (बुद्धि), धृति (धैर्य) और क्षमा जैसी विशेषताएँ ईश्वरीय गुणों के समान हैं। यह सिद्ध करता है कि स्त्रियाँ केवल करुणा और सहिष्णुता का प्रतीक ही नहीं हैं, बल्कि उनमें तेज, बुद्धि और शक्ति भी समाहित है। यह विचार स्त्री सशक्तिकरण की उस अवधारणा को बल देता है, जो यह मानता है कि महिलाएँ केवल एक सहयोगी शक्ति नहीं, बल्कि स्वतंत्र और निर्णय लेने वाली इकाई हैं।

गीता का कर्मयोग सिद्धांत भी महिलाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। श्रीकृष्ण कर्म के महत्व को समझाते हुए कहते हैं–

कर्मण्येवाधिकारस्ते माफलेषुकदाचन।
माकर्मफलहेतुर्भूर्मातेसङ्गोऽस्त्वकर्मणि।।(2.47)

इस श्लोक में वे बताते हैं कि मनुष्य को केवल अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, न कि उसके फल पर। यह शिक्षा न केवल पुरुषों, बल्कि महिलाओं के लिए भी समान रूप से लागू होती है। जब महिलाएँ विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैंकृराजनीति, विज्ञान, समाज सेवा, व्यापारकृतब गीता का यह संदेश उन्हें यह प्रेरणा देता है कि वे बिना किसी फल की चिंता किए अपने कर्तव्यों को निभाएँ और आत्मनिर्भर बनें।

भक्ति मार्ग में भी स्त्रियों को पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त हैं। श्रीकृष्ण कहते हैं–

पत्रंपुष्पंफलंतोयंयोमेभक्त्याप्रयच्छति।
तदहंभक्त्युपहृतमश्नामिप्रयतात्मनः।।(9.26)

यह श्लोक यह दर्शाता है कि भगवान किसी भी व्यक्ति की भक्ति को

स्वीकार करते हैं, चाहे वह स्त्री हो या पुरुष। मीराबाई जैसी भक्त कवयित्री इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जिन्होंने सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए भक्ति मार्ग को अपनाया और आध्यात्मिक स्वतंत्रता प्राप्त की। गीता यह सिद्ध करती है कि भक्ति, ज्ञान और आत्मानुभूति के मार्ग में कोई भेदभाव नहीं है, और स्त्रियाँ भी पुरुषों के समान रूप से ईश्वर की कृपा प्राप्त कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त, गीता यह भी स्पष्ट करती है कि आत्मा का कोई लिंग नहीं होता–

वासांसिजीर्णानि यथा विहाय
नवानिगृह्णातिनरोऽपराणि।
तथा शरीराणिविहायजीर्णा–
न्यन्यानिसंयातिनवानिदेही।।(2.22)

इस श्लोक में श्रीकृष्ण आत्मा को शरीर से अलग बताते हैं और यह समझाते हैं कि जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर नए वस्त्र धारण करता है, वैसे ही आत्मा एक शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। यह विचार स्त्री–पुरुष समानता की गहरी अवधारणा को प्रस्तुत करता है। यदि आत्मा न तो पुरुष है और न स्त्री, तो आध्यात्मिक और सामाजिक स्तर पर किसी भी प्रकार का भेदभाव उचित नहीं है। यह विचार आधुनिक समाज में लैंगिक समानता के लिए एक सशक्त दर्शन प्रदान करता है।

गीता का यह दार्शनिक दृष्टिकोण आज के युग में महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन सकता है। यह केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है, जो यह स्पष्ट करता है कि स्त्रियाँ भी आत्मज्ञान, कर्मयोग और भक्ति योग के माध्यम से मोक्ष प्राप्त कर सकती हैं और समाज के उत्थान में समान रूप से योगदान दे सकती हैं। इस प्रकार, गीता का संदेश न केवल प्राचीन भारत की महिलाओं के लिए, बल्कि आधुनिक युग में भी उनके सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए अत्यंत प्रासंगिक है।

भारतीय महिला दार्शनिकों का योगदान:

भक्ति आंदोलन और महिला संत:

1. **मीराबाई –** कृष्ण भक्ति की प्रतीक, जिन्होंने समाज के विरोध के बावजूद अपने भक्ति मार्ग को चुना।
2. **अक्का महादेवी –** कर्नाटक की वीरशैव संत, जिन्होंने शिव भक्ति को आत्मसमर्पण का माध्यम बनाया।
3. **संत जनाबाई –** महाराष्ट्र की संत, जिन्होंने जाति और लिंग भेदभाव को तोड़ते हुए भक्ति का प्रचार किया।
4. **अंडाल (गोदा देवी) –** तमिलनाडु की भक्ति संत, जिन्होंने विष्णु भक्ति को अपने जीवन का आधार बनाया।
5. **कर्मवती देवी –** मध्यकालीन संत, जिन्होंने भक्ति आंदोलन में योगदान दिया और स्त्री स्वतंत्रता पर जोर दिया।

आधुनिक भारतीय महिला दार्शनिक:

1. **सावित्रीबाई फुले –** भारत की पहली महिला शिक्षिका, जिन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए सामाजिक क्रांति की शुरुआत की।
2. **महादेवी वर्मा –** आधुनिक भारतीय साहित्य और नारी वादी विचारधारा की प्रख्यात लेखिका।
3. **सरोजिनी नायडू –** स्वतंत्रता सेनानी और कवयित्री, जिन्हें श्नाइटिंगेल ऑफ इंडियाश कहा जाता है।
4. **मदर टेरेसा –** करुणा और सेवा के प्रतीक, जिन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा की।
5. **माता अमृतानंदमयी (अम्मा) –** आध्यात्मिक गुरु, जो प्रेम और सेवा के माध्यम से समाज कल्याण कर रही हैं।
6. **दया बाई –**समाज सेवा और आदिवासी उत्थान में योगदान देने वाली आध्यात्मिक महिला।

आधुनिक संदर्भ में प्रासंगिकता– श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित नारी सशक्तिकरण के सिद्धांत केवल प्राचीन काल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। वर्तमान समय में, जब महिलाएँ शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, व्यापार और समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, तब गीता का संदेश उनके आत्मनिर्भरता और आत्म–साक्षात्कार के मार्ग को और अधिक स्पष्ट करता है।

गीता यह स्पष्ट करती है कि आत्मा का कोई लिंग नहीं होता और आध्यात्मिक उन्नति का अधिकार सभी को समान रूप से प्राप्त है। आज महिलाएँ न केवल अपने पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों को निभा रही हैं, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिकाओं में भी सफल हो रही हैं। गीता के कर्मयोग और भक्ति योग के सिद्धांत उन्हें यह प्रेरणा देते हैं कि वे बिना किसी बंधन या सामाजिक बाध्यता के, अपने कर्म और आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करें।

इतिहास में, भक्ति आंदोलन के दौरान मीराबाई, अक्का महादेवी, और अन्य महिला संतों ने समाज के बंधनों को तोड़कर यह सिद्ध किया कि भक्ति और ज्ञान का मार्ग सभी के लिए खुला है। गीता में वर्णित विचार, कि ष्मुझे जो कोई भी प्रेम पूर्वक भक्ति अर्पित करता है, मैं उसे स्वीकार करता हूँ,ष इस बात की पुष्टि करता है कि आध्यात्मिकता में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं है।

आज जब महिलाओं को समान अवसरों के लिए संघर्ष करना पड़ता है, तब गीता का कर्मयोग सिद्धांत यह प्रेरणा देता है कि वे अपने अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए प्रयासरत रहें, बिना परिणाम की चिंता किए। शिक्षा, तकनीक, सामाजिक कार्यों और व्यवसाय में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह प्रमाणित करती है कि वेदों और गीता में जो अधिकार उन्हें दिए गए थे, वे केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक रूप से भी सार्थक हैं।

इस प्रकार, गीता का संदेश केवल आध्यात्मिक जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और उनके समाज में योगदान की आवश्यकता को भी बल देता है। यह न केवल धार्मिक ग्रंथ, बल्कि जीवन दर्शन है, जो नारी उत्थान के लिए एक स्थायी प्रेरणा बना रहेगा।

निष्कर्ष – भारतीय दर्शन में महिलाओं को सदैव उच्च स्थान दिया गया है। वेदों, उपनिषदों और श्रीमद्भगवद्गीता में महिलाओं की भूमिका को समान रूप से स्वीकार किया गया है। भक्ति आंदोलन से लेकर आधुनिक समाज तक, महिलाओं ने शिक्षा, सामाजिक सुधार और आध्यात्मिकता के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है।

आज के युग में, जब नारी सशक्तिकरण की बात होती है, तो गीता का संदेश हमें यह बताता है कि आत्मा न तो पुरुष होती है, न स्त्री। अत: हर व्यक्ति को ज्ञान और मोक्ष का समान अधिकार प्राप्त है। इस दृष्टिकोण को अपनाकर हम एक अधिक समावेशी और प्रगतिशील समाज की ओर बढ़ सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. रामसुखदासस्वामी (1976) गीता प्रबोधिनी, गीता प्रेस, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश।
2. देसाई, ए. एस. (1987). समाज कार्य शिक्षा का विकास. एनसाइक्लोपीडिया ऑफ सोशल वर्क इन इंडिया, मंत्रालय, समाज कल्याण, भारत सरकार, दिल्ली।
3. ब्रह्मचारी, नवीनकृष्ण 'विद्यालंकार' (1997, 24 फरवरी). श्रीमद्भगवद गीता, श्रीकेशवजी गौड़ीय मठ, मथुरा। प्रथम संस्करण – ॐ विष्णुपादश्रीश्रीमद्भक्तिप्रज्ञान केशव गोस्वामी महाराज जी की आविर्भाव। पृष्ठ 81, 101, 120, 233।
4. शर्मा, डॉ. अर्चना (2016). भारतीय परंपरा में धर्म की अवधारणा एवं मानवतावाद, (प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व) काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश। पृष्ठ 213–217।
5. गोवेन्द्र, गायत्री एवं गोवेन्द्र, अमृत (2017). श्रीमद्भगवद गीता में तनाव प्रबंधन, देव संस्कृति इंटरडिसीप्लिनरी इंटरनेशनल जर्नल, खंड 10।
6. कृष्ण, डॉ. दत्तू मुरली (2019). भगवद गीता और विज्ञान: एक समीक्षा, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हालिया वैज्ञानिक अनुसंधान, खंड 10।
7. बर्मोला, कैलाश चंद्र (2020, अगस्त), भगवद गीता: संघर्ष समाधान की एक तकनीक. एमिटीबिजनेसजर्नल, एमिटीइंस्टीट्यूट ऑफ बिहेवियर एंड एलाइडसाइंसेज, एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान, जयपुर।
8. सिंह, डॉ. सुषमा (2021). पारंपरिक भारतीय चिकित्सा और बौद्धिक संपदा अधिकाररू एक भारतीय परिप्रेक्ष्य, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लॉ, मैनेजमेंट एंड ह्यूमैनिटी, खंड 4।
9. त्यागी, आयुषी (2022), गीता प्रथम अध्याय पाठ का महत्व और लाभ।
10. भारती, शैलेंद्र (2020). सारेगामा भक्ति।
11. https://www.jagran.com/spiritual/religion-geeta-jayanti-2021-5-shloka-of-geeta-which-give-right-direction-to-life-22290208.html
12. https://youtu.be/ypxjmZ_OFw?si=iZ6Gj_eckhWSQxTJ
13. https://youtu.be/-9oBsKtGd38?si=UzO8tSAvA5GJSGS8
14. https://youtu.be/l2MU7wveU9c?si=ZjVNshSthVhX398D
15. https://youtu.be/s2bbePyJ2_g?si=whjY2h7CCqDGXYaq
16. https://en.m.wikipedia.org/wiki/Bhagavad_Gita
17. https://www.facebook.com/swami.ramdev/videos/881160363675810/?mibextid=rS40aB7S9Ucbxw6v
18. https://dkvaas.org/blogs-1/f/the-importance-of-social-work-in-the-bhagavad-gita

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में पर्यावरण सम्बन्धी कानून एवं नीतियों का अध्ययन

डॉ. नीतू*

* असिस्टैंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) श्री गुरूनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानकमत्ता, ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड) भारत

प्रस्तावना – पर्यावरण शब्द परि+आवरण शब्द से मिलकर बना है, जिसका शाब्दिक अर्थ है ऐसा आवरण जिसके चारों ओर से हम घिरे हुये होते है। अर्थात् हम अपने चारों ओर जिन जीव जन्तुओं, पेड़-पौधो व अन्य अनेक सजीव एवं निर्जीव वस्तुओं को देखते या महसूस करते है, उनसे बने वातावरण को ही पर्यावरण कहते है। इसमें वातावरण या पर्यावरण के अतिरिक्त जलमण्डल, थलमण्डल तथा वायुमण्डल भी सम्मिलित रहते हैं। किसी भी स्थान के भौतिक, जैविक, अजैविक घटको से बने संसार को उस स्थान का पर्यावरण कहते है।

भारतीय संविधान जो 1950 में लागू किया गया था, परन्तु इसे पर्यावरण संरक्षण के प्रावधानों से नहीं जोड़ा गया था। सन् 1972 के स्टॉकहोम सम्मेलन में भारत सरकार ने 1976 में संविधान में संशोधन कर, दो महत्वपूर्ण अनुच्छेद 48ए तथा 51ए (जी) जोड़ दिये। अनुच्छेउ 48ए राज्य सरकार को निर्देश देता है कि वह पर्यावरण की सुरक्षा, वनो की रक्षा, वन्य जीवों की रक्षा एवं उसमें सुधार सुनिश्चित करे। अनुच्छेद 51ए (जी) नागरिको को कर्त्तव्य प्रदान करता है कि वह प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करे, सभी जीवधारियों के प्रति दयालु बने एवं उसका संवर्धन करे।

पर्यावरण संरक्षण में कानून व नियम का महत्वपूर्ण योगदान निम्न हैं-

1. जल अधिनियम, 1974-1977 :- जल प्रदूषण में उद्योगों की वृद्धि तथा शहरीकरण की बढ़ती प्रवृति के फलस्वरूप हाल ही के वर्षो में नदी तथा दरियाओं के प्रदूषण की समस्या काफी महत्वपूर्ण बन गई है। अत: इसे घरेलू तथा औद्योगिक बहिस्त्राव उस जल में नहीं मिलने दिया जाऐं, जो पीने के पानी के स्त्रोत, कृषि उपयोग तथा मत्स्य जीवन के पोषण के योग्य हो, नदी व दरियाओं का प्रदूषण भी देश की अर्थव्यवस्था को निरंतर हानि पहुँचाने का कारण बनता है।

यह अधिनियम 26 मार्च, 1974 से पूरे देश में लागू किया गया। यह अधिनियम भारतीय पर्यावरण विधि के क्षेत्र में प्रथम व्यापक प्रयास है, जिसमें प्रदूषण की विस्तृत व्याख्या की गई है। इस अधिनियम ने एक संस्थागत संरचना की स्थापना की ताकि वह जल प्रदूषण को रोके तथा स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करे। इस कानून ने एक केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डो की स्थापना की। इस कानून के अनुसार, कोई भी व्यक्ति जानबूझकर प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों को पानी में मिला देता है, तो उसे कानून में निर्धारित दंड दिया जायेगा।

जल प्रदूषण को रोकने में जल अधिनियम, 1977 भी एक महत्वपूर्ण कानून है जिसे राष्ट्रपति ने दिसम्बर, 1977 को मंजूरी प्रदान की। जहाँ एक ओर यह जल प्रदूषण को रोकने के लिए केन्द्र तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को व्यापक अधिकार देता है, वहीं जल प्रदूषित करने पर दंड का प्रावधान भी करता है।

यह अधिनियम केन्द्रीय तथा राज्य प्रदूषण बोर्डो को निम्न शक्तियाँ प्रदान करता है:-

1. किसी भी औद्योगिक परिसर में प्रवेश का अधिकार।
2. किसी भी जल में छोड़े जाने वाले तरल कचरे के नमूने लेने का अधिकार।
3. औद्योगिक ईकाइयाँ तरल कचरा तथा सीवेज के तरीकों के लिए बोड से सहमति ले।

2. वायु (प्रदूषण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 :- प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में वायु की गुणवत्ताा और वायु प्रदूषण का नियंत्रण सम्मिलित है। यह अधिनियम 29 मार्च, 1981 को पारित हुआ तथा 16 मार्च, 1981 से लागू किया गया। इस अधिनियम में मुख्यत: मोटर-गाड़ियों और अन्य कारखानों से निकलने वाले धुएँ और गंदगी को नियंत्रित करने का प्रावधान है। 1987 में इस अधिनियम में शोर प्रदूषण को भी शामिल किया गया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ही वायु प्रदूषण अधिनियम लागू करने का अधिकार दिया गया है। अनुच्छेद 19 के तहत केन्द्रीय बोर्ड को मुख्यत: राज्य बोर्ड के काम में तालमेल बैठाने का अधिकार दिए गये है।

इस अधिनियम के अनुसार राज्य सरकार व केन्द्र सरकार दोनों को ही निम्न शक्तियाँ प्रदान की गई है-

1. वायु प्रदूषकों के सैंपल इकट्ठा करना।
2. प्रदूषण नियंत्रित क्षेत्रों में औद्योगिक क्रियाओं को रोकना।
3. अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अनुपालन की जाँच के लिए किसी भी औद्योगिक इकाई में प्रवेश का अधिकार।
4. अधिनियम के प्रावधानों को उलंघन करने वालो के विरूद्ध मुकदमा चलाने का अधिकार।
5. प्रदूषित इकाइयों को बंद करने का अधिकार।

3. वन्यजीवन संरक्षण अधिनियम, 1972 :- वन्यजीवन संरक्षण अधिनियम इसमें सर्वप्रथम सन् 1952 में भारतीय वन्यजीवन बोर्ड का गठन किया गया। इस बोर्ड के अन्तर्गत वन्य-जीवन पार्क और अभायारण बनाए गए। 1972 में भारतीय वन्यजीवन संरक्षण अधिनियम पारित किया गया। इस अधिनियम के अन्तर्गत कृषि, उद्योगों और शहरीकरण से वनों के कटाव को रोका जा सके। वनों के अधिक कटाव से अनेक वन्य जन्तुओं की कई

प्रजातियाँ लुप्त हो गई है या लुप्त होने के कगार पर है। इसी को ध्यान में रखकर सरकार ने यह अधिनियम प्रारम्भ किया है।

इस अधिनियम के मुख्य प्रावधान इस प्रकार है:

1. चिड़ियाघरों व अभयारण्यों में वंश वृद्धि करना।
2. राष्ट्रीय चिड़ियाघरों तथा अभयारणयों में मूलभूत सुविधाओं को बनाए रखना।
3. संकटग्रस्त पौधो को संरक्षण प्रदान करना।
4. संकटग्रस्त वन्यप्राणियों की सूची बनाना तथा उनके शिकार पर प्रतिबंध लगाना।
5. वन्यजीवन के लाभों की जानकारी का शिक्षा के माध्यम से प्रचार करना।

4. वन संरक्षण अधिनियम, 1980 :- भारत सरकार न वनों के संरक्षण तथा वनों के विकास के लिए वन संरक्षण अधिनियम 1980 पारित किया। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य वनों के विनाश कदादे रोकना है देश की स्वतंत्रता के पश्चात राष्ट्रीय वन नीति 1952 घोषित की गई लेकिन वनों के विकास पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया। 1970 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण के प्रति जागरूक होने से वन संरक्षण को भी बल मिला। सन् 1951 से 1980 के बीच वन भूमियों का अपरदन 1.5 लाख हैक्टेयर प्रति वर्ष था अब इस अधिनियम के लागू होने के पश्चात् भूमि का अपरदन 55 हजार हैक्टेयर हो गया है।

इस अधिनियम में निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है-

1. वन सम्बंधी योजनाएँ इस प्रकार हो ताकि वन संरक्षण को बढ़ावा मिले।
2. वनों की कटाई जहाँ तक सम्भव हो रोका जाना चाहिए।
3. पशुओं के लिए चारागाहों को ध्यान रखना चाहिए व चारे उत्पादन हेतु विशेष प्रावधान किया जाने चाहिए।
4. कुछ समय के लिए वनों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगा देना चाहिए ताकि कुछ समय में पुन: पेड़-पौधे उग सके।
5. पहाड़ों, जल क्षेत्रों, ढ़लान वाली भूमियों पर वनों को पूरी तरह से सुरक्षित किया जाना चाहिए।

5. ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण कानून :- भारत में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए अलग अधिनियम का प्रावधान नहीं है। ध्वनि प्रदूषण को वायु प्रदूषण में ही शामिल किया गया है। वायु प्रदूषण अधिनियम 1981 में संशोधन करते हुए इसमें ध्वनि प्रदूषकों को भी वायु प्रदूषकों की परिभाषा के अन्तर्गत शामिल किया गया है।

पर्यावरण अधिनियम, 1986 की धारा 6 के अधीन भी ध्वनि प्रदूषकों सहित वायु तथा जल प्रदूषकों की अधिकता को रोकने के लिए कानून बनाने का प्रावधान है। ध्वनि प्रदूषण अधिनियम, 2000 पारित किया गया है। ध्वनि प्रदूषकों को अपराधिक श्रेणी में मानते हुए इसके नियंत्रण के लिए भारतीय दण्ड संहिता की धारा 268 तथा 290 का प्रयोग किया जा सकता है।

6. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 :- सर्वप्रथम 5 जून, 1972 में स्टॉकहोम में सम्पन्न हुआ। इसी सम्मेलन को देखते हुए, भारत में पर्यावरण संरक्षण के लिए पर्यावरण अधिनियम 1986 पास किया, यह एक बहुत बड़ा अधिनियम है। जो पर्यावरण के समस्त विषयों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य है, वातावरण में घातक रसायनों की अधिकता को नियंत्रित करना। इस अधिनियम में 26 धाराएं है। जिन्हे 4 अध्यायों में बाँटा गया है। यह कानून पूरे देश में 19 नवम्बर, 1986 से लागू किया गया है।

इस अधिनियम के अन्तर्गत निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है-

1. मानव, प्राणियों, जीवों, पादपों को संकट से बचाना।
2. पर्यावरण संरक्षण हेतु सामान्य एंव व्यापक विधि निर्मित करना।
3. पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार करना।
4. विद्यमान कानूनों के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरणों का गठन करना।
5. मानव पर्यावरण के स्टॉकहोम सम्मेलन के नियमों को कार्यान्वित करना।

7. जैव-विविधता संरक्षण, अधिनियम 2002 :- सरकार ने जैव-विविधता संरक्षण अधिनियम वर्ष 2002 में पारित किया। इस कानून का उद्देश्य है जैविक विविधता की रक्षा की व्यवस्था की जाए। भारत विश्व में जैव-विविधता के स्तर पर 12वें स्थान पर है। भारत में लगभग 45000 पेड़-पौधों व 81000 जानवरों की प्रजातियाँ पाई जाती है। जो विश्व की लगभग 7.1 प्रतिशत वनस्पतियों तथा 6.5 प्रतिशत जानवरों की प्रजातियों में से है।

जैव विविधता कानून, केन्द्रीय सरकार को निम्न दायित्व भी सौपता है-

1. उन परियोजनाओं का पर्यावरणीय प्रभाव जांचना जिनसे जैव विविधता को हानि पहुँचने की आशंका हो।
2. स्थानीय लोगों की जैव विविधता संरक्षण की परम्परागत विधियों की रक्षा करना।
3. जैव विविधता अधिनियम, जैव विविधता संरक्षण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

8. राष्ट्रीय जलनीति, 2002 :- राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद ने 1 अप्रैल, 2002 को राष्ट्रीय जल नीति पारित की। जल मानव जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

इसके मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार है-

1. जल के बेहतर उपयोग व बचत के लिए जनता में जागरूक बढ़ाने की बात कही गई है।
2. जल बंटवारे की प्रक्रिया में प्रथम प्राथमिकता पेयजल को दी गई है।
3. इसमें पहली बार जल संसाधनो के विकास की बात कही गई है।

9. राष्ट्रीय पर्यावरण नीति 2004 :- राष्ट्रीय पर्यावरण नीति वर्तमान नीतियों का एकीकरण करती है। न्यायालय द्वारा पर्यावरण से हुई नुकसानी के लिए राहत और दुर्घटना से प्रभावी रूप से शीघ्र निपटने के लिए राष्ट्रीय पर्यावरण नीति चलाई गई।

इस अधिनियम में निम्न उद्देश्य इस प्रकार है-

1. प्रत्येक मानव को एक स्वस्थ्य पर्यावरण का अधिकार है।
2. सत्त विकास का केन्द्र बिन्दु मानव है।
3. विकास के अधिकार की प्राप्ति पर्यावरणीय जरूरतों को ध्यान में रखकर की जानी चाहिए।
4. स्थानीय संस्थाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए शक्तिशाली बनाना।

10. वन अधिकार अधिनियम, 2006 :- वन अधिकार अधिनियम 18

दिसम्बर, 2006 को पारित किया गया है। यह कानून जंगलो में रह रहे लोगों के भूमि तथा प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार से जुड़ा हुआ है। भारत में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में न्यायपालिका द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई।

इस अधिनियम के मुख्य प्रावधान निम्न है–

1. विस्थापन की स्थिति में उनके पुर्नस्थान का प्रावधान करता है।
2. जंगल प्रबंधन में स्थानीय भागिदारी सुनिश्चित करता है।
3. जंगलों में रहने वाले लोगो तथा जनजातियों को उनके द्वारा उपयोग की जा रही भूमि पर उनको अधिकार प्रदान करता है।
4. पशु चराने तथा जल संसाधनों के प्रयोग का अधिकार देता है।

सुझाव :–

1. देश में व्याप्त ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए उससे सम्बन्धित कानूनों को कड़ाई से लागू करे।
2. स्कूल, कॉलेजो, विश्वविद्यालयों में प्रदूषण एक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए। ताकि छात्रों को इसकी जानकारी हो सके और वे इसे अपना ले।
3. रेडियो और दूरदर्शन से प्रत्येक दिन 5 से 7 मिनट का प्रोग्राम प्रसारित किया जाना चाहिए तथा सप्ताह में एक बार इस पर एक लंबा प्रोग्राम दिखाया जाना चाहिए।
4. भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कार्य होना चाहिए कि वह प्राकृतिक पर्यावरण की जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव है, उन सबकी रक्षा करें और उनका संवर्धन करे तथा प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखे।
5. वन संरक्षण अधिनियम में कानून को कड़ाई करना चाहिए ताकि वनों के कटाव पर रोक लगा सके। आज भी चौड़ी सड़को के लिये पेड़ काटे जा रहे है। जिसके कारण लोगों का जीवन संकट में पड़ गया है। प्रदूषण के कारण ही बहरापन, विकलांगता, अंधापन, कैंसर, अस्थमा आदि बीमारियों से लोग ग्रसित हो रहे है।

निष्कर्ष – हमारी नीतियाँ पर्यावरण संरक्षण में भारत की पहल दर्शाती है। पर्यावरणीय सम्बन्धी अधिनियम तो है पर इसका सुचारू रूप से कार्य नहीं किया जा रहा है। भारत में पर्यावरणीय की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। नाले, नदियाँ तथा झीलें, औद्योगिक कचरे से भरी है। दिल्ली में यमुना नदी एक नाला बनकर रह गई है। वन क्षेत्र में कटाव लगातार बढ़ता रहा है। जिसके परिणाम में हमें हाल ही में बिहार में आई भीषण बाढ़ के रूप में स्पष्ट देखने को मिला है। भारत में जिस प्रकार से पर्यावरण कानूनों को लागू किया गया है, उसे देखते हुए लगता है कि इन कानूनों के महत्व को समझा ही नहीं गया है। पर्यावरण नीति को गंभीरता से लागू करने की आवश्यकता है। पर्यावरण को सुरक्षित करने के प्रयासों में आम जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित करने की जरूरत है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शशि शुक्ला एवं एन0के0तिवारी:– पर्यावरण एक परिचय, राम प्रसाद एण्ड संस, आगरा।
2. हमारा पर्यावरण, भारतीय पर्यावरण समिति दिल्ली, पृष्ठ–45
3. तपन बिसवाला, मानवाधिकार, जेनूर एवं पर्यावरण, वीबा, 2008

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जीव विज्ञान की उपलब्धि में इण्टरनेट की उपयोगिता का अध्ययन

डॉ. नाजिया कौशर* रेनुका शर्मा **

* सहायक प्रध्यापक (शिक्षा) डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** सहायक प्रध्यापक (शिक्षा) पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

शोध सारांश – किसी भी अनुसंधान का सबसे आवश्यक एवं मूल्यवान कार्य होता शोध का अध्ययन करना। कोई भी शोधकर्ता अपने पूर्व में जो अध्ययन हुए उनका लाभ लेना पसंद करता है। क्योंकि कोई भी अध्ययन पूर्णत: अलग नहीं होता है। किसी भी राष्ट्र का विकास वहाँ की शिक्षा प्रणाली पर निर्भर करती है। विकसित शिक्षण प्रणाली, सरलता, संसाधनों की उपलब्धता मानव संसाधन, आधुनिक तकनीक इत्यादि राष्ट्र के शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करती है। इस अध्ययन से अभिप्राय है कि जिस विषय पर अनुसंधानकर्ता शोध करने जा रहा है उसके बारे में जो भी सुन्दर व सुखद भविष्य के लिए व्यक्ति सदा से ही अनुसंधान की ओर प्रवृत्ति रहा है।

प्रस्तावना – जीवन में अनेको परिवर्तन हुए है, इन परिवर्तनों में एक हैं इन्टरनेट। इण्टरनेट के माध्यम से हम अनेको जानकारियाँ एक ही समय पर एक ही स्थान पर प्राप्त कर पाते है। इण्टरनेट एक एक ऐसा संचार माध्यम है, जो सूचनाओं का आदान–प्रदान करने में सहायक होता है। इन्टरनेट ने कल्पनाओं को आज यथार्थ में बदल दिया है। जो हमने अपनी बाल्यावस्था में कहानियों में सुना था, वह व्यवहार से लाया जा चुका है। इन्टरनेट ने दुनिया को समेट दिया है। मनुष्य का मन कल्पनाशील है और भी जो नित नये की तलाश में रहता है। उसकी विवेकशीलता, कल्पना, मौलिकता और दक्षता से ही उसे सबसे भिन्न और सर्वोकृष्टता प्रदान की है। मनुष्य ने अपने युगों से प्राप्त अनुभवों एवं उपलब्धियों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांरित किया जाता है। इस हस्तांतरण को हम शिक्षा कहते हैं। शिक्षा एक निर्देशन प्रक्रिया है जैसा कि एक बालक कुछ सम्भावना के साथ उत्पन्न होता है। जो अविकसित दशाओ में होता है, इसका विकास करना होता है तथा एक दिशा प्रदान की जाती है। यह शिक्षा के द्वारा ही प्रदान की जाती है। वास्तव शैक्षिक प्रक्रिया बालकों को अच्छे जीवन की ओर निर्देशन देने प्रक्रिया है। इन सभी तथ्यों का अध्ययन मनोवैज्ञानिक दृष्टिकाण से किया जाना चाहिए, क्योंकि शिक्षा में इनका अत्याधिक महत्व है। यह शिक्षा अध्यापकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों के मध्य अनुकूल वातावरण निर्मित करने में सहायक सिद्ध होगी।

जीव विज्ञान अध्ययन में इण्टरनेट की उपयोगिता – युवाओं के आचरण एवं मानसिकता का ज्ञान आदि कि अध्ययन की आवश्यकता को देखते हुए शोधकर्ता ने इस शोध के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया है कि जीव विज्ञान की उपलब्धि में इण्टरनेट की उपयोगिता के प्रति जागरूकता साकारात्मक सोच, व्यक्तिगत तथा वाह्य जगत से उनके संबंध आदि का बोध कराता है इनके विषय में जानकारी प्राप्त करना।

जीव विज्ञान के अध्ययन और उपलबिध में आई सी टी का संभावित उपयोग बहुत बड़ा है, यह एक बहुत बड़ा उपक्रम है और नए लोगों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है। कंप्यूटर सीखने के प्रोग्राम समूह और वेब सीखने के लिए कई तरह के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिसमें गैर–इंटरैक्टिव सामग्री प्रावधान से लेकर अत्यधिक इंटरैक्टिव छात्र–केंद्रित सीखने के अनुभव शामिल हैं। न्यू साउथ वेल्स स्कूलों में उपयोग की जाने वाली शिक्षण सामग्री में सूचना वेब साइट्स, ट्यूटोरियल या संशोधन सामग्री के रूप में कंप्यूटर लर्निंग पैकेज, छात्रों द्वारा बनाए गए कंप्यूटर लर्निंग पैकेज, वर्चुअल फील्ड ट्रिप, सिमुलेशन और वर्चुअल प्रयोगशालाएँ शामिल हैं। इसके अलावा, छात्र और शिक्षक ई–मेल, समाचार समूहों और चर्चा सूचियों, स्थानीय और वैश्विक संचार दोनों के लिए वीडियोकांफ्रेंसिंग और टेलीकोलैबोरेटिव परियोजनाओं के माध्यम से आपस में संवाद करने के लिए वेब का उपयोग कर रहे हैं। यह लेख छात्र सीखने में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों और स्कूल प्रणाली के भीतर उपयोग में आने वाले इलेक्ट्रॉनिक संचार के रूपों पर ध्यान केंद्रित करेगा। संसाधनों की एक सूची प्रदान की गई है।

जीव विज्ञान और आईटी क्रांति जीव विज्ञान शिक्षण पारंपरिक रूप से तीन अलग–अलग वातावरणों में से एक या अधिक में होता है; व्याख्यान कक्ष या कक्षा, प्रयोगशाला और मैदान ('बाहर')। हालाँकि, मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकी के आगमन के साथ इन तीनों शिक्षण वातावरणों की विशेषताओं को जीव विज्ञान के छात्र के कंप्यूटर डेस्क टॉप पर अनुवाद करने का प्रयास किया जा रहा है। एक शिक्षक और उसके कुछ छात्रों द्वारा इसका परीक्षण करने पर आधारित है, जो जीव विज्ञान शिक्षा में आईटी की भूमिका उपलब्धि परिप्रेक्ष्य देता है, स्कूलों में वीएफटी के उपयोग का एक बहुत ही सकारात्मक विवरण प्रस्तुत करता है।

जीव विज्ञान शिक्षा में अध्ययन में इण्टरनेट की उपयोगिता के एकीकरण से कई महत्वपूर्ण लाभ मिलते हैं जो शिक्षण और सीखने दोनों को बढ़ाते हैं। जो इस प्रकार हैं –

लगाव और प्रेरणा : पारंपरिक शिक्षण विधियाँ कभी–कभी छात्रों का ध्यान आकर्षित करने में विफल हो सकती हैं, खासकर जब जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं से निपटना हो। इंटरैक्टिव सिमुलेशन, शैक्षिक खेल और मल्टीमीडिया प्रस्तुतियाँ जैसे आईसीटी उपकरण छात्रों को अधिक प्रभावी ढंग से जोड़ सकते हैं, जिससे सीखना मज़ेदार हो सकता है और जिज्ञासा को बढ़ावा मिल सकता है।

संसाधानों तक पहुँच : आईसीटी के साथ, छात्र ऑनलाइन संसाधनों के भंडार तक पहुँच सकते हैं जो अन्यथा उपलब्ध नहीं होंगे। डिजिटल पाठ्यपुस्तकें, ऑनलाइन पत्रिकाएँ, शैक्षिक वीडियो और वर्चुअल लैब छात्रों को उनकी भौतिक कक्षा की सीमाओं से परे अन्वेषण करने में सक्षम बनाती हैं।

सहयोग और संचार : आईसीटी उपकरण छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग की सुविधा प्रदान करते हैं, चाहे वे एक ही कमरे में हों या दुनिया के विपरीत छोर पर। गूगल क्लास रूम, जूम और माइक्रोसॉफ्ट टीम्स जैसे प्लेटफ़ॉर्म छात्रों को विचारों को साझा करने, समूह परियोजनाओं पर काम करने और सहजता से संवाद करने में सक्षम बनाते हैं।

सिमुलेशन के माध्यम से व्यावहारिक शिक्षा : विज्ञान एक ऐसा विषय है जो व्यावहारिक, व्यावहारिक अनुभव से बहुत लाभ उठाता है। हालाँकि, कुछ प्रयोग महंगे, समय लेने वाले या खतरनाक भी हो सकते हैं। आईसीटी आभासी सिमुलेशन के उपयोग को सक्षम बनाता है, जहाँ छात्र नियंत्रित वातावरण में प्रयोग कर सकते हैं और वैज्ञानिक घटनाओं का निरीक्षण कर सकते हैं।

वास्तविक समय डेटा विश्लेषण : विज्ञान अवलोकन, माप और विश्लेषण के बारे में है। आईसीटी उपकरण छात्रों के लिए वास्तविक समय में डेटा एकत्र करना और उसका विश्लेषण करना आसान बनाते हैं। चाहे वह मौसम के पैटर्न को ट्रैक करना हो, वर्चुअल लैब में प्रयोग करना हो या बड़े डेटासेट का विश्लेषण करना हो, आईसीटी विज्ञान को अधिक सुलभ और मूर्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

निष्कर्ष – इस अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षों से यह बात स्पष्ट होती है कि विज्ञान शिक्षा में आईसीटी की भूमिका परिवर्तनकारी है। वर्चुअल लैब और सिमुलेशन से लेकर ऑनलाइन सहयोग टूल तक, प्रौद्योगिकी का एकीकरण विज्ञान सीखने के अनुभव को बढ़ाने के लिए रोमांचक संभावनाएँ प्रदान करता है। हालाँकि, आईसीटी के वास्तव में प्रभावी होने के लिए, शिक्षकों को पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित होने की आवश्यकता है, और छात्रों को आवश्यक संसाधनों तक पहुँच होनी चाहिए।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. डॉ. भटनागर ए. बी. एवं डॉ. श्रीमति मीनाक्षी भटनागर (2007) 'मनोविज्ञान और शिक्षा में मापन एवं मूलयाकंन' आर. लाल बुक डिपा मेरठ।
2. https://teachers.institute/pedagogy-of-science/role-of-ict-in-science-education/
3. ce//efaidnbmnnnibpcajpcglclefindmkaj/https://www.ccmb.res.in/hindi/jigyasa-2017-18
4. Bharthi, G. (1984), "A study of self concept and achievement Motivation of early adolescents." Ph.d. psy.Vol, P.541.
5. Gupta p. (1984) "Self concept, dependency and adjustment pattern of adanoloned Institutimalized preadopsents". Vol,1 P.369-70.
6. Kirkland, K., and Hollandsworth, J.G., Jr. (1979). Test anxiety, study skills, and academic performance. J. Coll. Stud. Person. *20,*431 -435. (accessed November 15, 2003).
7. Klymkowsky, M.W., Garvin-Doxas, K., and Zeilik, M. (2003). Bioliteracy and teaching efficacy: what biologists can learn from physicists. Cell Biol. Educ. *2,* 155-161. (accessed November 15, 2003).
8. King, G.A. : Shult I.Z. Sted, K. Gilpin, M & Cathers T. (1993)- "Self Evaluation and self concept of adolescents with physical disabilities", American Journal of occupational therapy 47.2.132-140.
9. Kabal D., Musek J. (2001) "Self and academic achievement Slovenia and France. Personality and individual difference" 30(5): 887-899.
10. ifescied.org/doi/10.1187/cbe.03-11-0022

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय इतिहास में भक्तिकालीन संत पीपाजी का जीवन एवं कृतित्व एक अध्ययन

डॉ. ओमप्रकाश गेहलोत*

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाविद्यालय, शामगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – राव पीपा, जो बप्पा के नाम से भी उच्चारित किये जाते थे। ये बड़े ही प्रसिद्ध शासक रहे है और उनकी प्रसिद्धी का कारण उनका शासक होना नही है, इसका कारण उनके द्वारा राज्य का त्याग कर संत प्रवृत्ति को अपनाना रहा था। राव पीपा सन् 1360 ई. में गद्दी पर बैठे। इनका आरंभिक नाम प्रतापराव खींची था। संत बनने के पश्चात् संत पीपा के नाम से प्रसिद्ध हुए, ये कढ़वाराव के पुत्र थे। कड़वाराव के अन्य पुत्रों में भजनसिंह, चाचदेव व मलयसिंह का नाम आता है। इनमें से मलयसिंह ने मालवा में राघोगढ़ का राज्य स्थापित किया, मलयसिंह ने राघोगढ़ से शेरगढ़ लेकर अपने राज्य राघोगढ़ की स्थापना की एवं राघोगढ़ का स्वतंत्र राज्य अस्तित्व में आया। पीपाजी ने अनेक वर्षो तक गागरोनगढ़ के राज्य पर शासन किया। उस समय के गुजरात, राजपूताना और मध्यभारत के राज्यों की राजकुमारियों से इन्होने विवाह संबंध स्थापित किये। पीपाराव के समय में दिल्ली के सुल्तान ने उनके राज्य पर आक्रमण किया। आक्रमण का कारण गागरोनगढ़ के द्वारा दिल्ली सल्तनत को कर नही देना था। जिसके कारण आक्रमण हुआ। अत: सुल्तान ने अपने सेनापति जिसका नाम जर्दफिरोज था, के सेनापतित्व में लगभग 12000 सैनिको के साथ भयानक आक्रमण किया, परंतु राव पीपा ने अपने अदम्य साहस एवं अप्रतिम शौर्य का परिचय दिया। इस आक्रमण में दिल्ली सल्तनत को मुंह की खानी पड़ी व गागरोनगढ़ पर अधिकार करने का सुनहरा अवसर खो दिया। इस युद्ध में राव पीपा के रण कौशल का प्रदर्शन सबने देखा, हांलाकि इस युद्ध में स्वयं सुल्तान भी सम्मिलित था फिर भी वह इस युद्ध के परिणाम को अपने पक्ष में करने में विफल रहा व उसको दिल्ली खाली हाथ ही लौटना पड़ा।[1]

प्रतापराव ने अपनी प्रजा में भेदभाव नही किया। वे सभी धर्म के लोगो के साथ में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करते थे। प्रतापराव के समय में भक्तिकाल का आगमन हो चुका था। उस समय में संत रामानंद और उनके शिष्य जिनमें कबीर, नानक, दादू, सेना, रविदास जनमानस में ईश्वर के सगुण और निर्गुण दोनो रूपों का गुणगान किया करते थे। उस समय की भक्ति भावना से प्रतापराव भी अपने आप को नही बचा सके। प्रतापराव का मन भी प्रारंभ से ही युग की भावना के अनुरूप था। इन्होने इसी भावना से प्रभावित होकर के प्रकाण्ड विद्वान स्वामी रामानंद से दीक्षा ली और उनके शिष्य बन गए। रामानंद के प्रसिद्ध शिष्यों में कबीर और रैदास उनके बड़े प्रशंसक थे।

तत्कालीन समय में समाज में विशमता व्याप्त थी। धार्मिक, समाजिक, वर्ण,जाति के आधार पर समाज मे घोर निराशा का वातावरण व्याप्त था। इसी आधार पर संतपीपा ने जाति पांति, बाह्य आडम्बर और धर्म के आधार पर किए जाने वाले भेदभाव की आलोचना की। उनकी दृष्टि में मानवमात्र समान है, किसी भी आधार पर उनमें भिन्नता नही करना चाहिए। उन्होने अपने शब्दों के माध्यम से समाज में अलख जगाने का प्रयास किया।

प्रतापराव की रानियों में सीतादेवी का स्थान प्रमुख माना गया है। इन्होने अपने पति के संत बनने के पश्चात् उनका अनुकरण किया व आजीवन उनके साथ रही। सीतादेवी का वास्तविक नाम पद्मावती था। ये राजपुताना के सोलंकी टोड़ाराय की राजकुमारी थी। यही एकमात्र रानी थी, जिसने अपने पति के वैराग्य में उनका साथ दिया व दिव्य स्थान प्राप्त किया। इसी कारण उनको सम्मान के साथ सीता सहचरी कहा जाता है। इनके सम्मान में अनंतदास ने लिखा है–

संपत विपत न जानही, करे कंत की सेव।
सो पतपाता नार है,रहै सबद का भेष।[2]

संत पीपाजी की चार रचनाओ की जानकारी प्राप्त होती है। इन रचनाओं में है पद, साखियाँ, ककहरा और चितावणी।

संत पीपाजी के संबंध में किंवदंती से जानकारी प्राप्त होती है कि इनको भगवान कृष्ण ने दर्शन दिए थे। भरत राजमंडल के अनुसार जब अपनी रानी सीताबाई के साथ में श्रीकृष्ण से भेट करने के लिए द्वारिका पहुंचे। जब उनकी भेंट श्री कृष्ण से नही हुई, तो वे अपनी रानी के साथ में समुद्र में कूद पड़े। फिर समुद्र के अंदर उनकी भेंट श्रीकृष्ण से हुई और ये वहाँ पर अपनी पत्नी के साथ 8 दिन भगवान श्रीकृष्ण के साथ में उनके स्वर्ण भवन में रहे। जब वे बाहर आए तो शंख, चक्र, गदा और पद्म के छापें के निशान के साथ में आए। उनकी पत्नी सीताबाई को रूकमणीजी ने अपनी अंगूठी प्रदान की। इसी के बाद में द्वारिका में छापे देने का क्रम आरंभ हुआ, जो आज तक अनवरत् चल रहा है। ये वही छापा दिया जा रहा जो संत पीपाजी अपने साथ में लाए थे। संवत् 1415 ई. से अगले 25 वर्ष तक संत पीपाजी के शासन करने की जानकारी खिलचीपुर की हस्तलिखित ख्यात् में मिलती है। पीपाराव के कोई संतान नही थी अत: उन्होने कल्याणराव को गोद लिया था।[3]

पीपाजी स्वामी रामानंदजी के शिष्य थे उनको अपने गुरू पर अटूट विश्वास था इसी विश्वास के अनुरूप उन्होने लिखा है–

पीपा गुरू परताप तें,जरगियों रगत विकार।
तन मन सब चाणन हुओ, लागी सबद कटार।।[4]

भक्तिकालीन अन्य संतो के समान संत पीपाजी ने भी गुरू को मुक्तिदाता के रूप में प्रस्तुत किया है और उनके प्रति अगाध प्रेम प्रदर्शित किया है।

संत पीपाजी संत कबीर और संत रैदास के समकालीन थे और वे उनके गुरू भाई थे। संत रैदास ने उनके बारे में लिखा है–

ना कबीर के लच्छमी,ना कोई मेरे ठाठ।
धन पीपा जिण तज्यो,सगरो राज अरू पाट।।[5]

संत पीपा मानवतावादी संत थे दुसरों के दःख से प्रभावित होकर आपने अपनी वाणी के माध्यम से कहा है–

पीपा पर उपकार में,अपने मन को मार।
पीर पराई समझ ले,अपना दुःख निसार।[6]

प्रस्तुत पद के माध्यम से संत पीपाजी का मानवमात्र के प्रति कल्याणकारी भावना प्रतीत होती है। वे आजीवन इसी भावना का प्रचार-प्रसार करते रहे।

संत पीपा ने क्षत्रिय वर्ग द्वारा की जाने वाली हिंसा का विरोध किया है उन्होने हिंसा का स्थान छोड़कर सिलाई का कार्य प्रारंभ करवाने का श्रेय दिया जाता है अतः उनके अनुयाई पीपा दर्जी कहलाते है–
इतिहासकार अम्बादास माथुर ने उनके बारे में लिखा है–

पीपा खींची भक्त थो,छोड़ रजपूती काम।
कपड़ों सीतो हाथ सूं,मन में जपतो राम।।
तबसे चली परंपरा,पीपा दर्जी काम।
सूचिकारी काम से,हुए जगत विख्यात्।।[7]

वर्तमान में राजस्थान राज्य में आहू और कालीसिंध नदि के संगम पर गागरोनदुर्ग स्थित है इसी गागरोनदुर्ग की पर्वतमालाओं के मध्य संत पीपाजी का भव्य मंदिर स्थित है इस मंदिर में संत पीपाजी एवं उनकी पत्नी सीता सहचारी की मुर्तियाँ स्थापित है इनको देखने दूर-दूर से हजारों पर्यटक आते है।

मध्यकालीन संतो में पीपाजी एकमात्र ऐसे क्षत्रिय संत थे जिन्होने क्षत्रिय वर्ण में जन्म लिया और राज्य वैभव का त्याग कर जनमानस की भवना के अनुकूल समाज में व्याप्त कुरूतियों पर प्रहार किया और अपनी वाणी से भक्तिकाल को समृद्धि प्रदान करने का कार्य किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 राजर्षि संत पीपाजी लेखक-ललित शर्मा प्रथम संस्करण:2012 प्रकाशक-राजस्थानी ग्रंथागार सोजती गेट,जोधपुर पृष्ठ संख्या 12
2. राजर्षि संत पीपाजी लेखक-ललित शर्मा प्रथम संस्करण:2012 प्रकाशक-राजस्थानी ग्रंथागार सोजती गेट,जोधपुर पृष्ठ संख्या 65
3. चौहान कुल कल्पद्रुम (चौहान राजपूत की शाखाओं का इतिहास एवं वंशवृक्ष) भाग-प्रथम लेखक-देसाई लल्लुभाई भीमभाई द्वितीय संस्करण 2005 प्रकाशक-राजस्थानी ग्रंथागार सोजती गेट,जोधपुर पृष्ठ संख्या 103
4. राजर्षि संत पीपाजी लेखक-ललित शर्मा प्रथम संस्करण:2012 प्रकाशक-राजस्थानी ग्रंथागार सोजती गेट,जोधपुर पृष्ठ संख्या 23
5. राजर्षि संत पीपाजी लेखक-ललित शर्मा प्रथम संस्करण:2012 प्रकाशक-राजस्थानी ग्रंथागार सोजती गेट,जोधपुर पृष्ठ संख्या 41
6. राजर्षि संत पीपाजी लेखक-ललित शर्मा प्रथम संस्करण:2012 प्रकाशक-राजस्थानी ग्रंथागार सोजती गेट,जोधपुर पृष्ठ संख्या 77
7. राजर्षि संत पीपाजी लेखक-ललित शर्मा प्रथम संस्करण:2012 प्रकाशक-राजस्थानी ग्रंथागार सोजती गेट,जोधपुर पृष्ठ संख्या 45

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों की शैक्षिक अभिलाषाओं का विश्लेषण

राकेश कुमार जीनगर* डॉ. राखी शर्मा **

* शोधार्थी (शिक्षाशास्त्र) विक्रम यूनिवर्सिटी, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सह-प्राध्यापक (शिक्षाशास्त्र) विक्रम यूनिवर्सिटी, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थी बाह्य रूप से एक समान प्रतीत होते हैं, किंतु गहराई से देखने पर प्रत्येक विद्यार्थी अपनी प्रवृत्तियों और अनुभूतियों के आधार पर हर व्यक्ति में भिन्नता पाई जाती है। प्रत्येक व्यक्ति में 'आकांक्षा' नामक एक विशिष्ट गुण विद्यमान होता है, जो उसे अपने भविष्य के प्रति योजनाएँ बनाने और यह लक्ष्य तय करने में मदद करता है। जब कोई व्यक्ति अपनी शिक्षा प्राप्त कर रहा होता है, तब यही आकांक्षा उसे अपने शैक्षिक लक्ष्यों को तय करने और उनकी पूर्ति के लिए प्रेरित करती है। प्रारंभ में ये लक्ष्य केवल कल्पनाओं के रूप में होते हैं, किंतु समय के साथ वे धीरे-धीरे वास्तविक स्वरूप धारण करने लगते हैं।

शब्द कुंजी –शैक्षिक आकांक्षा, यथार्थवाद, आदर्शवाद, शैक्षिक उपलब्धि।

प्रस्तावना – शिक्षा मानव जीवन के विकास का प्रमुख आधार है। इसके माध्यम से व्यक्ति की जन्मजात क्षमताओं का विस्तार होता है, उसकी समझ और दक्षता में सुधार होता है और उसके आचरण में सकारात्मक बदलाव आता है। विद्या के माध्यम से मानव को सभ्य, संस्कारित और एक योग्य नागरिक के रूप में तैयार किया जाता है। आज के समय में हमारे देश में आर्थिक असमानता का स्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसकी वजह से छात्रों को अपनी शिक्षा संबंधी गतिविधियों में भाग लेने के लिए वित्तीय और अन्य प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है जब समाज उनकी शैक्षिक आकांक्षाओं को अव्यावहारिक मानते हुए आलोचना करता है, तो वे विद्यार्थी स्वयं को असहज अनुभव करने लगते हैं, जिससे उनमें मानसिक तनाव उत्पन्न होने की संभावना बढ़ जाती है। मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों के अनुसार, शैक्षिक आकांक्षाओं से जुड़े महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के अंतर्गत किशोर छात्रों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

जब विज्ञान वर्ग का विद्यार्थी अपने लिए भविष्य के शैक्षिक लक्ष्य निर्धारित करता है, तो वह उन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए गंभीर प्रयास आरंभ करता है। किंतु कई बार अपेक्षित उम्मीद के मुताबिक परिणाम न मिलने पर वह उदासी का अनुभव करने लगता है। विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को अन्य वर्गों के विद्यार्थियों की तुलना में अधिक संवेदनशील माना जाता है। यही संवेदनशीलता कभी-कभी उनके के लिए परेशानी का सबक बन जाती है। ऐसी ही समस्याओं में से एक है अपने शैक्षणिक उद्देश्यों में असफल होने के पश्चात हतोत्साह होकर नकारात्मक प्रवृत्तियों की ओर बढ़ना।

शैक्षिक मार्गदर्शन और परामर्श के अभाव में किशोर विद्यार्थी सोशल मीडिया, सामाजिक प्रभाव और बाहरी आकर्षण के प्रभाव में अपनी वास्तविक क्षमताओं से परे जाकर उच्च शैक्षिक लक्ष्य निर्धारित कर लेते हैं। जब ये लक्ष्य पूरे नहीं होते, तो वे दिवास्वप्नों के चक्रव्यूह में उलझकर अपनी ऊर्जा का अपव्यय करने लगते हैं।

समस्या कथन – उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों की शैक्षिक आकांक्षा के स्तर का विश्लेषण।

समस्यात्मक विवरण में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषा

(क) उच्च माध्यमिक स्तर

सामान्य अर्थ– उच्च माध्यमिक स्तर का तात्पर्य उन कक्षाओं से है, जो विद्यालयी शिक्षा के कक्षा 11 एवं 12 के स्तर पर संचालित होती हैं।

विशेष अर्थ –प्रस्तुत अध्ययन में उच्च माध्यमिक स्तर से आशय जिला चित्तौड़गढ में स्थित, राजस्थान बोर्ड से संबद्ध प्राप्त स्कूलों में कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों से है।

(ख) विज्ञान वर्ग

इस अध्ययन में विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों का अर्थ उन छात्रों से है, जो कक्षा 11 एवं 12 में राजस्थान बोर्ड द्वारा निर्धारित विज्ञान विषयों – जैसे रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान एवं गणित आदि विषयों को पढ़ते हैं।

(ग) शैक्षिक आकांक्षा

सामान्य अर्थ– शैक्षिक आकांक्षा का आशय विद्यार्थी द्वारा अपनी वर्तमान शैक्षिक उपलब्धियों के आधार पर भविष्य के लिए निर्धारित शैक्षिक लक्ष्यों और उनकी प्राप्ति की अपेक्षाओं से है।

विशेष अर्थ – प्रस्तुत अध्ययन में शैक्षिक आकांक्षा से आशय जिला चित्तौड़गढ़ के के राजस्थान बोर्ड से संबद्ध प्राप्त स्कूलों में कक्षा 11 एवं 12 में पढ़ने वाले विज्ञान समुह के विद्यार्थियों द्वारा वी.पी. शर्मा एवं अनुराधा गुप्ता द्वारा निर्मित शैक्षिक आकांक्षा मापदंड (EAS&SG & Form P) पर प्राप्त किए गए अंकों से है।

शोध के उद्देश्य – उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययन कर रहे विज्ञान संकाय के छात्रों की शैक्षणिक अभिलाषा का स्तर का विश्लेषण करना।

उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विज्ञान वर्ग की छात्राओं के शैक्षिक आकांक्षा स्तर का अवलोकन करना।

उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विज्ञान वर्ग के छात्र–छात्राओं के शैक्षिक आकांक्षा स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध की परिकल्पनाएँ – उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विज्ञान वर्ग के छात्रों का शैक्षिक आकांक्षा स्तर निम्न है।

उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विज्ञान वर्ग की छात्राओं का शैक्षिक आकांक्षा स्तर निम्न है।

उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विज्ञान वर्ग के छात्र–छात्राओं के शैक्षिक आकांक्षा स्तर में कोई उल्लेखनीय अंतर नहीं है।

शोध की परिसीमाएँ – प्रस्तुत अध्ययन केवल राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले तक सीमित है।

यह अध्ययन राजस्थान बोर्ड से मान्यता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों तक ही सीमित है।

अध्ययन में केवल कक्षा 11 एवं कक्षा 12 में अध्ययनरत विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है।

इस अध्ययन का आधार 120 विद्यार्थियों का नमूना आकार और उनका शैक्षिक आकांक्षा स्तर तक सीमित है।

संबंधित साहित्य सर्वेक्षण

शर्मा, एस. निधि (2002), छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में 'उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक आकांक्षाओं पर माता–पिता के भावनात्मक संबंधों का प्रभाव' विषय पर अनुसंधान किया। अपनी शोध प्रक्रिया में उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि उच्च और निम्न निष्पत्ति वाले विद्यार्थियों के माता–पिता के व्यवहार में भिन्नता पाई जाती है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि जिन विद्यार्थियों के माता–पिता का अपनी संतान के प्रति उच्च सकारात्मक भावनात्मक संबंध होता है, उन विद्यार्थियों का शैक्षिक आकांक्षा स्तर अपेक्षाकृत अधिक होता है। इसके विपरीत, जिन विद्यार्थियों के माता–पिता का अपनी संतानों के प्रति भावनात्मक संबंध निम्न स्तर का होता है, उनके शैक्षिक आकांक्षा स्तर में भी गिरावट देखी गई।

गौतम, अमित एवं चंदेल, एन.पी.एस. (2016), दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट (डीम्ड यूनिवर्सिटी) में 'विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं शैक्षिक आकांक्षा का अध्ययन' विषय पर अनुसंधान किया। अपनी शोध प्रक्रिया में उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षणिक सफलता में महत्वपूर्ण अंतर पाया जाता है, जबकि उनके शैक्षिक आकांक्षा स्तर में कोई सार्थक अंतर परिलक्षित नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अपने अध्ययन में यह भी पाया कि छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि एवं शैक्षिक आकांक्षा के मध्य एक हल्का नकारात्मक सह–संबंध (Negative Correlation) होता है।

यादव, सुनील कुमार (2018), महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी में 'विज्ञान वर्ग के छात्रों की शैक्षणिक आकांक्षाओं पर पारिवारिक परिवेश का प्रभाव विषय पर शोध किया। अपने अध्ययन में उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि जिन विद्यार्थियों का पारिवारिक वातावरण अध्ययन के अनुकूल होता है, उनके शैक्षिक आकांक्षा स्तर में वृद्धि देखी जाती है। विशेष रूप से विज्ञान समुह के छात्रों में यह प्रवृत्ति ज्यादा स्पष्ट रूप से पाई गई।

सिंह, प्रिया (2021), दिल्ली विश्वविद्यालय में 'उच्च माध्यमिक स्तर पर विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों की शैक्षिक आकांक्षा पर विद्यालयी वातावरण का प्रभाव' विषय पर अनुसंधान किया। अपनी शोध प्रक्रिया में उन्होंने यह निष्कर्ष निकला कि जिन विद्यार्थियों को प्रयोगशाला सुविधाएं, अनुभवी शिक्षक तथा परामर्शदाताओं का सहयोग मिला, उनकी शैक्षिक आकांक्षाएं अपेक्षाकृत उच्च स्तर की थीं। इसके विपरीत, संसाधनों की कमी वाले विद्यालयों के छात्रों में शैक्षणिक अभिलाषाओं का स्तर कम दर्ज किया गया।

शेखावत, संजय कुमार (2019), महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में 'राजस्थान के उच्च माध्यमिक स्तर पर विज्ञान वर्ग के छात्रों की शैक्षणिक अभिलाषाओं पर सामाजिक एवं आर्थिक कारकों का प्रभाव' विषय पर शोध किया। अध्ययन में उन्होंने पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों का शैक्षिक आकांक्षा स्तर अधिक था। साथ ही, जिन विद्यार्थियों के परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत थी, उनके शैक्षिक आकांक्षा स्तर में वृद्धि देखी गई।

शोध विधि – इस अध्ययन में वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि (Descriptive Survey Method) का उपयोग किया गया। इस विधि के अंतर्गत क्रॉस–सेक्शनल सर्वे डिजाइन (Cross Sectional Survey Design) को अपनाते हुए समूह तुलना तकनीक (Group Comparison Technique) का प्रयोग किया गया।

अध्ययन चर (Variables)

1. लिंग– छात्र एवं छात्राएं
2. शैक्षिक आकांक्षा स्तर
3. शैक्षिक स्तर– उच्च माध्यमिक स्तर

जनसंख्या एवं नमूना (Population & Sample) – इस अध्ययन में जनसंख्या के रूप में चित्तौड़गढ (राजस्थान) जिले में स्थित उन सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों को शामिल किया गया है, जो राजस्थान बोर्ड अजमेर से मान्यता प्राप्त हैं और जिनमें कक्षा 11 एवं 12 के विज्ञान वर्ग के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

नमूने के रूप में कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत विज्ञान वर्ग के 120 विद्यार्थियों का चयन किया गया। विद्यार्थियों के चयन हेतु बहुस्तरीय यादृच्छिक नमूना चयन विधि (Multi Stage Random Sampling Method) का प्रयोग किया गया।

क्र.	विद्यालय का नाम	लिंग		कुल विद्यार्थी
		छात्र	छात्राए	
1	शहीद मेजर नटवर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ,चित्तौड़गढ़	10	10	20
2	राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, निंबाहेड़ा,चित्तौड़गढ़	10	10	20
3	राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राश्मी, चित्तौड़गढ़	10	10	20
4	राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेगु, चित्तौड़गढ़	10	10	20
5	राजकीय महाराणा सीनियर सैकंडरी स्कूल ,कपासन, चित्तौड़गढ़	10	10	20
6	राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भुपालसागर, चित्तौड़गढ़	10	10	20

अध्ययन उपकरण: इस अध्ययन में उपकरण के रूप में डॉ. वी.पी. शर्मा एवं डॉ. अनुराधा गुप्ता द्वारा विकसित शैक्षिक आकांक्षा मापनी (Educational Aspiration Scale & Inventory & EAS&SG) का

उपयोग किया गया है।

सांख्यिकीय विधियां: इस अध्ययन में वर्णनात्मक (Descriptive) तथा प्राचल सांख्यिकी (Parametric Statistics) तकनीकों का प्रयोग किया गया। आंकड़ों के विश्लेषण एवं परिकल्पनाओं के जांच हेतु निम्न सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया गया है।

माध्यमान (Mean),मानक विचलन (Standard Deviation & SD),क्रांतिक अनुपात (Critical Ratio & CR),सार्थकता स्तर (Significance Level & SL)

प्रदत्त विश्लेषण एवं परिकल्पना परीक्षण:- प्राप्त आंकड़ों को संकलित करने एवं सारणीयन के पश्चात कला एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के मध्य विविध प्रकार की सांख्यिकीय गणनाओं द्वारा निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुए।

अध्ययन परिणाम एवं व्याख्या:

माध्यमान के आधार पर-गणना के अनुसार, छात्रों के शैक्षिक आकांक्षा स्तर का मध्यमान 36.5 है, जबकि छात्राओं का शैक्षिक आकांक्षा स्तर का मध्यमान 39.3 है। इस गणना से स्पष्ट होता है कि छात्राओं की शैक्षणिक अभिलाषा का स्तर छात्रों की अपेक्षा 2.8 अंक अधिक है। यह अंतर दर्शाता है कि छात्राओं का शैक्षिक आकांक्षा स्तर अपेक्षाकृत उच्च है।

प्रमाणित विचलन के आधार पर -गणना के अनुसार, छात्रों के शैक्षिक आकांक्षा स्तर का मानक विचलन 15.2 है, जबकि छात्राओं का मानक विचलन 14.1 है। इस अंतर के आधार पर निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि छात्रों का मानक विचलन छात्राओं की तुलना में 1.10 अधिक है। इसका अर्थ यह है कि छात्रों के शैक्षिक अभिलाषा स्तर में विविधता का स्तर अधिक है, भले ही उनका औसत आकांक्षा स्तर छात्राओं की तुलना में कम हो।

क्रांतिक अनुपात के आधार पर- गणना में प्राप्त क्रांतिक अनुपात का मान 0.63 है, जो कि 0.05 स्तर (1.98) एवं 0.01 स्तर (2.62) पर निर्धारित मानक मूल्यों से काफी कम होता है। इससे स्पष्ट होता है कि प्राप्त मान दोनों ही स्तरों पर असार्थक है। फलस्वरूप, यह परिकल्पना स्वीकार होती है कि विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं के शैक्षिक अभिलाषा स्तर में कोई सार्थक अंतर नहीं है। अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक आकांक्षा स्तर समान है, एवं इस पर लिंग का कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

अध्ययन निष्कर्ष:

1. उच्च माध्यमिक स्तर पर पर पढ़ रहे विज्ञान समुह की छात्राओं का शैक्षिक अभिलाषा स्तर छात्रों की तुलना में आंशिक रूप से अधिक है।
2. विज्ञान वर्ग के छात्रों के शैक्षणिक आकांक्षा स्तर में छात्राओं की अपेक्षा विविधता का स्तर अधिक है।
3. विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं के शैक्षिक आकांक्षा स्तर में कोई सार्थक अंतर नहीं है, अर्थात शैक्षिक अभिलाषा स्तर का संबंध व्यक्ति के लिंग से नहीं होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शर्मा, आर.ए. (2009), शैक्षिक अनुसंधान, लाल बुक डिपो मेरठ।
2. गुप्ता, ए..पी. (2009), सांख्यिकीय विधियां, शारदा पुस्तक भवन इलाहाबाद।
3. जायसवाल, सीताराम (2008), भारतीय शिक्षा का विकास एवं समस्याएं, विद्या प्रकाशक लखनऊ।
4. पाण्डेय, के.पी. (2012), शैक्षिक अनुसंधान, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी।
5. गौतम, अमित, चन्देल, एन.पी.एस. (2016), उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं शैक्षिक आकांक्षा का अध्ययन,दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट आगरा।
6. अग्रवाल, जे.सी. (2010), शैक्षिक मनोविज्ञान, विकास पब्लिशिंग हाउस दिल्ली।
7. मिश्रा, आर.सी. (2011), शैक्षिक अनुसंधान के सिद्धांत, विनय पब्लिकेशन मेरठ।
8. सक्सेना, एन.आर. (2013), शैक्षिक मापन एवं मूल्यांकन, आर.लाल बुक डिपो मेरठ।
9. पाठक, रमेश (2015), शैक्षिक आकांक्षाएं एवं उपलब्धि, ज्ञानदीप प्रकाशन इलाहाबाद।
10. त्रिपाठी, एस.के. (2018), शिक्षा एवं समाजशास्त्र, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी।
11. मिश्र, आर.के. (2017). शैक्षिक आकांक्षाएं और मानसिक विकास, ज्ञानदीप प्रकाशन ,वाराणसी।
12. कुमार, संजय (2015). शैक्षिक मनोविज्ञान,एनसीईआरटी ,नई दिल्ली।

प्रयोजय प्रकति	प्रयोजय संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	स्वतत्रता स्तर	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता स्तर	परिणाम
छात्र	60	36.5	15.2	3.10	118	0.63	0.05 असार्थक	स्वीकृति
छात्रा	60	39.3	14.1				0.01 असार्थक	

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

छठी शताब्दी ईसापूर्व में पर्यावरण चेतना का विकास

डॉ. नीलम सोनी*

* असि. प्रोफेसर, रामसहाय राजकीय महाविद्यालय, शिवराजपुर, कानपुर (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – सृष्टि के प्रारम्भ से ही मानव एवं पर्यावरण का गहरा संबंध रहा है। पर्यावरण के प्रति सभी धर्मों का दृष्टिकोण सकारात्मक रहा है, भारतीय संस्कृति ने पर्यावरण को हमेशा से ही पूजनीय माना है। सिन्धु घाटी सभ्यता से हमें अंसख्य ऐसे उदाहरण प्राप्त होते हैं जिसमें मानव के द्वारा, नीम, तुलसी, पीपल, बरगद, आदि अनेक वृक्षों को पूजने की परंपरा विद्यमान थी जो आज तक चली आ रही है प्रवृति के प्रति यह आस्था हमें पर्यावरण के प्रति सुरक्षा की भावना को जन्म देती है अगर हम पूर्व समय में मुड़कर देखेगें तो हम यह पायेंगे कि प्रकृति ने सिर्फ हमें साफ–स्वच्छ वातावरण दिया है जिसमे मानव ने अपना शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास कर अपने व्यक्तित्व का विकास कर जीवन को सफल बनाया है। अगर हम प्राचीन काल की बात करे तो उस समय का मानव पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक जागरूक था। सिन्धु घाटी की सभ्यता में अनेक वृक्षों की पूजा की जाती थी कहीं न कहीं मानव की यह आस्था मानव एवं पर्यावरण के प्रति प्रेम के दर्शाती है। इसी तरह का प्रकृति प्रेम हमें वैदिक संस्कृति में देखने को मिलता है हमारे महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत में भी मनोरम प्राकृतिक दृश्यों का वर्णन हमे अनेक साहित्यक ग्रंथों में प्राप्त होता है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण मे श्री राम के द्वारा 14 वर्ष के वनवास का समय जो उन्होंने वनों में बिताया था अनेक साहित्यक ग्रंथो में उनका सुन्दर वर्णन प्राप्त होता है। महाभारत मे भी हमे अनेक मनोरम दृश्यों का उल्लेख साहित्यक ग्रंथों से प्राप्त होता है।

जैन एव बौद्ध धर्मों में भी पर्यावरण संरक्षण पर अत्यधिक महत्व दिया गया है दोनो ही धर्मों का मुख्य उद्देश्य था कि हम कार्यों को इस तरह से करे ताकि पर्यावरण को किसी तरह की हानि न पहुंचे क्योंकि मानव की हर गतिविधि पर्यावरण के अंतर्गत ही होती है हर इक सांस पर्यावरण पर ही निर्भर है हमारा यह दायित्व है कि हम पर्यावरण को असंतुलित होने से बचायें क्योंकि जब तक हमारा पर्यावरण सुरक्षित है तभी तक हमारा जीवन भी सुरक्षित है अगर पर्यावरण में असंतुलन उत्पन्न हो जायेगा तो मानव जीवन की गतिविधियाँ प्रभावित होगी। जिससे वह अपने जीवन को की प्रभावित करेगा।

पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारा दायित्व है ताकि हम अपनी आगे आने वाली पीढ़ी को एक सुन्दर स्वच्छ पर्यावरण उपहार स्वरूप दें। हमारे ऋषि, मुनियों ने भौतिक एवं आध्यात्मिक प्रगति पर्यावरण की गोद में ही प्राप्त की हमारे मनीषियों ने चिन्तन एवं मनन स्वच्छ वातावरण में किया। उनके द्वारा किया गया प्रत्यक्ष–परोक्ष रूप में उनका चिंतन समग्र भारतीय वाङ्मय में परिलक्षित होता है

प्राचीन भारतीय वाङ्मय के प्रथम सोपान ऋग्वेद के प्रथम उद्गाता ऋषि ने अग्नि में स्थित उर्जा और जीवन की पहचान कर सर्वप्रथम उसे स्तुत्य माना

अग्निमीडे पुरोहितम् यज्ञस्य देवमृत्विजम् ।
होतारं रत्नधातमम् ।।

अर्थात सर्वप्रथम आधान किये जाने वाले यज्ञ को प्रकाशित करने वाले ऋतुओं के अनुसार यज्ञ संपादित करने वाले (देवताओं) का आह्वान करने वाले तथा धन प्रदान करने वालों में सर्वश्रेष्ठ अग्नि देवता की मैं स्तुति करता हूँ। ऋग्वेद संहिता में इन्द्र, वरुण, पर्जन्य, सूर्य आदि सभी प्राकृतिक तत्वों में देवत्व का आधान किया गया है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति से प्रेम करने की विशेष परंपरा रही है आज से लगभग 2600 वर्ष पूर्व पर्यावरण के प्रति बुद्ध का लगाव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि वे मनुष्य के कृत जानने में सक्षम थे इसलिये उन्होंने न सिर्फ खुद प्रकृति से प्रेम किया वरन् संघ के भिक्षुओं को विशेष निर्देश दिये कि उनके किसी भी कार्य से पर्यावरण को नुकसान न पहुँचे क्यों कि ऐसा माना जाता है कि जिस व्यक्ति का जन्म जैसे वातावरण में होता है वह जीवन पर उसी वातावरण को पसन्द करता है। चाहे गौतम बुद्ध का जन्म हो या सिद्धार्थ से बुद्ध बनने की प्रक्रिया और उसके बाद का उपदेशक जीवन या महापरिनिर्वाण की प्राप्ति सभी प्रकृति के सौम्य घटा में घटित हुई। यही कारण है कि बौद्धधर्म के विकास में कृषि, वन, वृक्ष, और पर्यावरण का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। बुद्ध के उपदेशों मे भी कृषि, वन और वृक्ष इत्यादि उदाहरण मिलते है। बौद्ध शिक्षण में पेड़–पौधों, मानव, पशु–पक्षियों और प्रकृति से एकदम निकट का रिश्ता स्थापित किया गया है जिसमें सदस्य या अदृश्य सभी प्रकार के जीव जंतुओं के कल्याण के लिये सिद्धांत प्रतिपादित किये गये हैं। बौद्ध साहित्य में त्रिपिटक में भी पर्यावरण से संबंधित उपदेश दिये गये हैं। विनय पिटक जिसे बौद्ध धर्म की आचार संहिता कहा जाता है पर्यावरण को संतुलित बने रहने के उद्देश्य से पेड़ काटने से विरत् का उपदेश दिया गया है अगर कोई भिक्षु किसी तरह का पेड़ काटता है तो उसे पाराजिक नामक अपराध में रखा जाता है। इतना ही नहीं बौद्ध परंपरा में बारिश के मौसम में तीन महीने वर्षावास का विधान है जिसमें किसी भी भिक्षु को बाहर निकलने से मना किया गया है ता कि नये पौधों, हरे तृणों का मर्दन न हो तथा एक इंद्रिय वाले जीव वनस्पति को पीड़ा न पहुँचे। बौद्धधर्म का मत है कि सभी जीव–जंतुओं, वनस्पतियों व मनुष्यों का जीवन एक दूसरे से संबंधित है। इसलिए व्यक्ति को सभी जीवों का सम्मान

करना चाहिये। बौद्ध परम्परा अपने समस्त ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों सहित प्राकृतिक विश्व के साथ अपने अंतर को जोड़ने के लिये प्रोत्साहित करती है क्यो कि बौद्ध दृष्टिकोण से किसी भी वस्तु का भिन्न अस्तित्व नहीं है। पर्यावरण की अशुद्धता मन को प्रभावित करती है और मन की अशुद्धता पर्यावरण को दूषित करती हैं। पर्यावरण को शुद्ध करने के लिये हमे अपने मन को शुद्ध करना होगा। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता को बहुत महत्व दिया उन्होंने जल संरक्षण के उपाय किये और भिक्षुओं को जल संसाधनों को दूषित करने से रोका भगवान बुद्ध के उपदेशों में प्रकृति वन वृक्ष और समस्त जीवों का कल्याण महान भूमिका निभाते है। भगवान बुद्ध ने बोधि वृक्ष के नीचे बैठकर ज्ञान के प्रकाश से आलोकित हुए, बुद्ध की विचारधारा में उनके उपदेशों में तथा संदेशों में वृक्षों के प्रति प्रेम तथा अन्य प्राणियों के प्रति असीम अनुराग परिलक्षित होता है इसी, अनुराग में बौद्ध दर्शन का पर्यावरणीय में नैतिकता के तत्व अन्तनिहित है। महात्मा बुद्ध ने आज से ढाई हजार वर्ष पूर्व पथ प्रशस्त कर दिया था, नियम बना दिये थे इन नियमों का सिर्फ उन्होंने स्वयं अनुपालन किया बल्कि भिक्षुओं नागरिकों और श्रेष्ठ जनों को भी इसे अपनाने के लिये प्रेरित किया। गौतम बुद्ध ने स्वयं अपने को प्रकृति मय कर लिया, प्रकृति की गोद लुंबिनी वन में जन्म लिया बोधगया में निरंजना नदी के किनारे पीपल वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया।

मृगो से पूर्ण हरे-भरे वन ऋषिपत्तनम, मृगदाय, सारनाथ में धर्मोपदेश देना प्रारम्भ किया और प्रकृति की गोद में साल वृक्षों के नीचे कुशीनगर में शरीर त्याग दिया। गौतम बुद्ध जीवन भर के स्वयं भिक्षुओं के साथ आम्रवन, वेणुवन, सिसिपावन, न्यग्रोधवन, जम्बुवन लटिठ्कावन आदि में रहे। उन्होंने सम्पूर्ण उपदेशो के लगभग दो तिहाई उपदेश श्रावस्ती के जेतवनराम और पूर्वराम बिहार में ही दिये। पालि त्रिपिटक में कहा गया है कि प्रकृति में पाई जाने बाली सभी चीजें एक दूसरे से जुड़ी हैं। अगुत्तर निकाय के अनुसार बुद्ध का कहना था कि प्रत्येक वन क्षेत्र वन्य जीवों का घर है जब कोई भिक्षु वन क्षेत्र में निवास करे तो उसे उन जीव-जन्तुओं की सुरक्षा करना चाहिये बौद्ध धर्म का प्रथम नीतिगत वचन अहिंसा है बुद्ध का मानना था कि जो व्यक्ति जीव हिंसा कर जीवन यापन करता है उन्हें अपने कर्मो का फल भोगना पड़ता है। बौद्ध ग्रन्थ संयुक्त निकाय में फलदार वृक्ष लगवाने, पुल बंधवाने कुएँ खुदवाने, प्याऊ चलवाने आदि को महान पुण्य कार्य बताया गया है। जिसके बल पर मनुष्य स्वर्ग लोक की प्राप्ति करता है। बौद्ध साहित्य त्रिपिटक में भी पर्यावरण से संबंधित बहुत से उपदेश प्राप्त होते हैं। विनयपिटक जिसे बौद्ध धर्म की 'आचार संहिता' कहा जाता है में बौद्ध संघ और भिक्षु भिक्षुणियों के आचार नियम के साथ ऐसी विभिन्न बातों का वर्णन है जिसमें पर्यावरण एवं पारिस्थितकीय सम्बन्धी ज्ञान प्राप्त होता है। विनयपिटक में वातावरण को संतुलित बने रहने के उद्देश्य से पेड़ न काटने का उपदेश दिया गया गया है, इसके साथ ही भिक्खु पतिमोक्ख में प्राकृतिक तत्वों की सुरक्षा की भावना के कुछ नियम बताये गये है।

महावीर स्वामी ने भी पर्यावरण सुरक्षा से सम्बंधित अनेक उपदेश दिये हैं। उनका मानना था कि किसी भी जीवित प्राणी को मारना या चोट पहुंचाना स्वयं को मारने या चोट पहुंचाने के समान है दूसरों की करुणा स्वयं के प्रति करुणा है, इससे हम अनुमान लगा सकते हैं कि लगभग सभी धर्मो के साथ-साथ हैं कि साथ प्राचीन ग्रंथों में पर्यावरण संबधी निहितार्थो की एक अंतर्निहित प्रकृति है, जो प्रकृति और उसकी रचनाओं के प्रति आचरण का पालन करना था। जैन धर्म मूल रूप से पाँच सिद्धान्तों पर आधारित है, अंहिसा, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह तथा ब्रम्हचर्य इन्ही मार्गो पर चलकर भौतिक तथा आध्यात्मिक रूप से प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा की जा सकती है। जैन धर्म से सम्बंधित साहित्य में न केवल जीव जन्तु वरन् पेड़ पौधों पर दया करने का उपदेश दिया गया है उनका मानना था कि उपभोग से प्राकृतिक संसाधन नष्ट होते है जो आगे चलकर जलवायु और प्रकृति के प्रदूषित होने का कारण बनते है जैन धर्म अपने जीवन जीने के निर्धारित तरीकों के माध्यम से पर्यावरण की बहुत रक्षा करता है जैन धर्म के सिद्धांतों में अहिंसा को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। पौधों, सब्जियों, फलों और अनाजों की तुलना में कीड़े और जानवर अधिक विकसित माने जाते है इसलिए इस धर्म में अन्य सभी जीवित प्राणियों के लिये खाद्य श्रंखला को बरकरार रखते हुए शाकाहारी भोजन को प्रोत्साहित करता है। जैन धर्म का प्रमुख सिद्धान्त बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय तक ही सीमति न होकर उससे कही अधिक बढ़कर सर्वजीय हिताय और सर्वजीत सुखाय तक है सम्पूर्ण जैन साहित्य में पर्यावरण के विषय में सूक्ष्म चिन्तन वर्णित है। जैन धर्म का चिन्तन मौलिक सिद्धांतों से अनुप्राणित है। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव को पर्यावरण के प्रथम सवांहक पुरुष माने जाते है भगवान ऋषभदेव ने असि, मसि, कृषि वाणिज्य और कला का सिद्धांत दिया उन्होंने पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और वनस्पति में जीव की अवधारणा का सिद्धांत प्रतिपादित किया साथ ही पर्यावरण का दायरा असीमित कर दिया। जैन धर्म समस्त जीवों के अस्तित्व एवं विकास में आस्था रखता है। जैन ग्रन्थों में पर्यावरण सरंक्षण के लिये मानव चेतना को जाग्रत करना आवश्यक बताया गया है। अगर मानव में पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना जाग्रत है तो वह कभी भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की नही सोचेगा बल्कि सर्वाधिक विकास के बारे में सोचेगा। जैन साहित्य के अनुसार, जनजागरण के द्वारा जो भी जैन सिद्धांतों को जीवन में अपनाते हुये सभी जीवों को समान माना गया है एवं उनके प्रति मैत्री भाव का विचार रखा गया है अगर हम उनके प्रति हिंसा की नीति को अपनायेंगे तो पर्यावरण प्रदूषण उत्पन्न होगा। महावीर स्वामी ने जिओ और जीने दो का सिद्धांत दिया था। जैन साहित्य ग्रन्थ आचारांग सूत्र में षटकाय जीव निकाय के संरक्षण की बात प्रमुखता से की गयी है। जैन धर्म में श्रमणाचार एवं श्रावकाचार की वैज्ञानिकता को पर्यावरण के सन्दर्भ में प्रतिष्ठित किया गया है। जैन धर्म में पंच महाव्रत अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, अस्तेय हैं। जिनमें अंहिसा को पर्यावरण संरक्षण में सर्वाधिक महत्व दिया गया है। जैन धर्म एवं दर्शन पर्यावरण चेतना व पर्यावरण संरक्षण के चिंतन को संपूर्ण अभिव्यक्ति प्रदान करता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि पर्यावरण के प्रति लगाव एवं संरक्षण की बात सभी धर्मों में की गई है। पर्यावरण पर धर्म का प्रभाव हमेशा ही रहा था कहीं न कहीं धर्म से जैन एवं बौद्ध धर्म दोनों ही धर्मों का प्रमुख उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण था। वर्तमान समय में पर्यावरण के प्रति मानवों के लापरवाही के परिणाम स्वरूप में असंतुलन की स्थिति बढ़ती जा रही है। अगर हम अभी नहीं चेते तो इसका परिणाम घातक जायेगा हमारा ये दायित्व होना चाहिये कि हम पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान दे तथा दूसरों को भी जागरूक करें तभी हम आगे आने वाली पीढ़ियों को भी साफ और सुन्दर पर्यावरण उपलब्ध हो सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. निरंजना श्वेतकेतु बोरा-बौद्ध और जैन दर्शन के विविध आयाम प्रकाशक, निरंजना वोरा 2010, कृष्णा ग्राफिक्स, नारणपुरा जूना

गाँव अहमदाबाद
2. प्रेम सुमन जैन–जैन संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण, प्रकाशक साहित्य निकेतन जयपुर, मुद्रण, 2022
3. डॉ. शिवप्रसाद–जैन धर्म और पर्यावरण संरक्षण, पार्श्वनाथ विद्यापीठ वाराणसी, 2003
4. Bhage Handra Jain Bhaskar-जैन धर्म और पर्यावरण प्रकाशक New Bhartiya Book corporation Edition-2019
5. हरिवंश पुराण सर्ग 18/55
6. Ignited.in
7. Encyclopedia of Jainism
8. https://www.pmindia.gov.in7 संघ
9. गीतांजली कुमारी–धम्मपद में पर्यावरणीय संरक्षण का विश्लेषण, 2019 Jetir March 2019, Volume 6, Issue 3
10. डॉ0 ध्रुव कुमार–बौद्ध धर्म और पर्यावरण (Mediamorcha.com)
प्रभात प्रकाशन
11. Law Bhoomi
12. भारत आर्य–पर्यावरण संरक्षण में बौद्ध दर्शन का योगदान (Introduction Journal of Multidisciplinary Research and Development Vol 4: ISsue 6 : June 2017
13. डॉ0 शबीना बेगम–बौद्ध धर्म में पारिस्थिकी चेतना–प्रवीन मिश्रा
14. पर्यावरण संरक्षण का सिद्धांत जैन दर्शन में daylife.page (प्रो0 डॉ0 सोहन राज तातेड़)
15. Jainavenue-https://jainavenue.org>Jainism and…..
16. डॉ0 रेनू जैन–जैन धर्म में पर्यावरण संरक्षण (शोध मंथन) तश्रि. दखत चजखख 2023
17. Igneted minds journals (https://ignetted.in>)
18. नीतू कुमारी–जैन आगम साहित्य के पर्यावरण चेतना एवं संरक्षण (शोधपत्र) Vol-7 Issues-4 December 2019.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

पृथ्वी पर जलीय चक्र एवं जल चक्र की क्रिया-विधि का अध्ययन

नेहा शर्मा * डॉ. राजू शर्मा **

* शोधार्थी (भूगोल) श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय, पिलीबंगा, हनुमानगढ़ (राज.) भारत
** शोध निर्देशक (भूगोल) श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय, पिलीबंगा, हनुमानगढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – जल पृथ्वी पर एक आधारभूत संसाधन है, जो सभी प्राकृतिक संसाधनों में प्रमुख महत्ता रखता है। जल प्रकृति की रचना में सहभागी होकर सम्पूर्ण जीवमण्डल को आधार प्रदान करता है। इसका वितरण पृथ्वी पर विभिन्न स्थानों पर कई रूपों में पाया जाता है। इसका स्वरूप स्थिति एवं जलवायु के अनुसार परिवर्तित होता रहता है।

पृथ्वी पर जलीय चक्र – गैसीय अवस्था में वायुमण्डल में जलवाष्प के रूप में ठोस अवस्था में, सूक्ष्म हिम कणों के रूप में तथा द्रव अवस्था में, जलबून्दों के रूप में पाया जाता है। ये सभी दशायें तापमान में परिवर्तन के कारण बदलती रहती हैं तथा मौसमी प्रतिरूप को प्रभावित करती हैं। पृथ्वी पर जैविक समुदाय को जल की नियमति आपूर्ति की आवश्यकता होती है। यह जल संतुलित गुणवत्ताायुक्त होना चाहिए मुख्यत: नदियों, झीलों तथा भूमिगत जलभृर्ती से प्राप्त होता है। सागरीय जल लवणीय होने के कारण मानवीय उपयोग के लिए नहीं है। स्वच्छ जल का अधिकांश भाग हिम के रूप में जमा है, जो मानवीय पहुँच से काफी दूर है तथा उसका यथासम्भव उपयोग भी सम्भव नहीं है।

जल चक्र प्रक्रिया



जिलीय चक्र में जुल की जलमण्डल, वायुमण्डल तथा स्थलमण्डल पर नियमित चक्रीय व्यवस्था को सम्मिलित किया जाता है। जल सागर, झील, नदियों, स्थल भाग (मृदा नमी) पौधे आदि से वाष्पीकरण एवं वाष्पोत्सर्जन द्वारा वायुमण्डल में पहुँचता है तथा वहां बदलती मौसमी दिशाओं के अन्तर्गत संघनन द्वारा बादल बनकर यह राशि पुन: वर्षा के रूप में जलमण्डल तथा स्थल मण्डल पर पहुँचती है। जल की विभिन्न रूपों में सम्पन्न होने वाली यह चक्रीय व्यवस्था 'जलीय चक्र' कहलाती है।

जल चक्र में जल का परिसंचरण विभिन्न परिमण्डलों में भी स्वतन्त्र रूप में होता है। इसके अन्तर्गत वायुमण्डल में वायु का उर्ध्वाधर तथा क्षैतिज परिसंचरण एक से दूसरे स्थान पर नमी का स्थानान्तरण जल मण्डल में सागरीय धाराओं द्वारा जल संचलन तथा स्थलमण्डल से नदियों एवं हिमनद द्वारा जल सागरों की ओर जाता है। इसी प्रकार मृदा के वाष्पीकृत एवं पौधों द्वारा वाष्पोत्सर्जित जल स्थल से अन्त:स्पन्दन द्वारा भूमि में पहुँचता है।

जल चक्र की क्रिया-विधि : पृथ्वी पर संचालित होने वाले जल चक्र के मध्य अनेक ऐसे अभिकरण होते हैं जो इसकी गतिशीलता को प्रभावित करते हैं। नमी की अवस्था तथा अवस्थिति में निरन्तर सम्बन्धित परिवर्तन होते रहते हैं तथा जो नमी वायुमण्डल को प्राप्त होती है वह जल, औंस हिम, पाले आदि किसी भी रूप में धरातल या समुद्रों को पुन: प्राप्त हो सकती है। अत: अवस्था एवं अवस्थिति में होने वाले इन परिवर्तनों के फलस्वरूप जलीय चक्र की प्रक्रिया में बाधाएँ आती हैं।

सूर्य से प्राप्त ऊर्जा (तापमान) के कारण महासागरों का जल जलवाष्प का रूप धारण कर वायुमण्डल में प्रवेश करता है। महासागरों में स्थल की ओर चलने वाली पवन इस जलवाष्प को गति देती हैं तथा एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित करती हैं। इसके उपरान्त जलवाष्प का जब संघनन होता है, तो भूसतह पर वर्षा होती है तथा वर्षा से धरातल को प्राप्त होने वाला यह जल नदी नालों के रूप में पृष्ठ पर बहता है और अन्त में महासागरों में प्रवेश कर जाता है। सौर ऊर्जा से यह जलचक्र गति करता है।

इस प्रकार वर्षा से प्राप्त इस जल का कुछ भाग वनस्पतियों द्वारा वाष्पोत्सर्जन होने से विनाश हो जाता है तथा कुछ जल नदियों, तालाबों, झीलों आदि से वाष्पीकरण द्वारा पुन: वायुमण्डल में पहुंच जाता है। धरातल पर होने वाली जलवर्षा के कुछ भाग का भूसतह से नीचे अन्त:स्पन्दन हो जाता है। मृदा में इस जल भण्डार को 'मृदा जल भण्डार' कहते हैं। जिसका पौधों से वाष्पोत्सर्जन द्वारा विनाश होता रहता है। कुछ जल स्रोतों के जल पुन: धरातल पर आ जाता है तथा मृदा जल भण्डार से कुछ भाग नीचे की ओर संचरित हो जाता है। धरातल के नीचे संग्रहीत इस जलीय भाग को 'भूमिगत जल' कहते हैं। इस प्रकार विश्व स्तरीय जल चक्र में निम्न क्रिया विधियाँ महत्त्वपूर्ण हैं –

वाष्पीकरण : वाष्पीकरण के परिणामस्वरूप दृष्टिगत जल अदृश्य वाष्प में बदल जाता है। सौर विकिरण द्वारा पृथ्वी पर स्थित जल के जलवाष्प में

परिणत होने की प्रक्रिया को 'वाष्पीकरण' कहते हैं। इसी प्रक्रिया द्वारा महासागरीय जल वायुमण्डल में पहुँचता है। महासागरों से जल का वाष्पीकरण महाद्वीपों से अधिक होता है। इसका प्रमुख कारण जल की पर्याप्त उपलब्धता होना है। वाष्पीकरण की प्रक्रिया के बारे में लोगों को लगभग 12500 वर्ष पूर्व मालूम था यूनानी विद्वानों ने वाष्पीकरण द्वारा जल स्रोत से जल के ह्रास के बारे में विवरण दिये हैं, लेकिन वाष्पीकरण की क्रिया विधि के बारे में व्यवस्थित जानकारी विगत दशकों से मिलने लगी है।

वाष्पीकरण की प्रक्रिया : वर्तमान में यह स्पष्ट हो चुका है कि वाष्पीकरण द्वारा किसी जलीय सतह का रूपान्तरण गैसीय आवरण में हो जाता है। वाष्पीकरण की गुप्त ऊष्मा ही तरल को वाष्प में बदलती है जो 100°cपर प्रतिग्राम लगभग 539 कैलोरी होती है। गुप्त ऊष्मा की तापीय ऊर्जा तीव्र गति करते हुए कणों से गतिक ऊर्जा के रूप में परिवर्तित हो जाती है। जब किसी तरल अवस्था का वाष्पीकरण होता है तो वाष्प के उपरान्त तरल की ताप ऊर्जा कम हो जाती है। इसका उदाहरण, बौछारों के रूप में गिरने वाला जल है तथा स्नान के दौरान जल का वाष्पीकरण होने से शरीर के तापमान पर पड़ने वाला ऋणात्मक प्रभाव है।

वाष्पोत्सर्जन : वाष्पोत्सर्जन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा पेड़-पौधे अपनी जड़ों से नमी को अवशोषित करके पत्तियों द्वारा पुन: जल को वायुमण्डल में निर्मुक्त कर देते हैं। यह क्रिया पत्तियों में स्थित रन्ध्रों द्वारा सम्पादित होती है। इस प्रक्रिया में भूजल की काफी मात्रा में हानि होती है। इस माध्यम से जल की हानि मुख्य रूप से दिन में होती है। विभिन्न पौधों में वाष्पोत्सर्जन की क्षमता भिन्न-भिन्न होती है। जल चक्र की क्रियाविधि में इसका महत्त्वपूर्ण योगदान रहता है। मरुस्थलीय क्षेत्रों में वनस्पति की मात्रा कम पाये जाने के कारण वाष्पोत्सर्जन कम होता है, जबकि सघन वनस्पति आवरण वाले क्षेत्रों में वाष्पोत्सर्जन तीव्र होने पर जलीय चक्र की क्रिया विधि भी तीव्र रहती है। जलीय चक्र की इस क्रिया विधि का भूजल की मात्रा पर प्रत्यक्ष प्रभाव परिलक्षित होता है। वाष्पोत्सर्जन की मात्रा को मृदा का गठन एवं संरचना भी प्रभावित करते हैं, क्योंकि पौधों की जड़ों को प्राप्त होने वाला जल अन्त:स्पन्दन द्वारा भूमि के अन्दर पहुँचता है। यह जल मृदा गठन की प्रकृति आधार पर ही स्पन्दित होता है।

वर्षा : किसी स्थान विशेष की वर्षा की दर को 'वर्षा की तीव्रता' कहते हैं अर्थात किसी स्थान विशेष में वर्षा प्रतिदिन एवं प्रति घण्टे की दर से हो रही है। जिन स्थानों पर वर्षा की हवाएं सर्वप्रथम प्रवेश करती हैं वहाँ वर्षा अधिक तीव्र होने की संभावना रहती है। अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में वर्षा की तीव्रता अधिक होती है, जबकि कभी-कभी कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी बहुत तीव्र वर्षा होती है। तीव्र वर्षा से लाभ कम तथा हानि अधिक होती है। तीव्र वर्षा से प्राप्त जल का उसी गति से अन्त:स्पन्दन नहीं हो पाता है जिससे भूमिगत जलीय चक्र प्रभावित होता है। वर्षा की कुल मात्रा के आधार पर ही उस क्षेत्र में वनस्पति तथा फसलों का विकास होता है।

वर्षा की मात्रा के साथ-साथ वर्षा के दिनों की संख्या भी महत्त्वपूर्ण होती है। यदि किसी स्थान पर प्राप्त होने वाली कुल वर्षा वर्ष के अधिकांश दिनों में वितरित है तो जलीय चक्र के संतुलित होने के लिए आवश्यक है। कम वर्षा के कारण सूखा पड़ता है अधिक वर्षा के कारण बाढ़े आती हैं। इस प्रकार वर्षा के स्वभाव जलीय चक्र को क्रिया विधि को प्रभावित करता है। वर्षा के साथ हो हिमदृष्टि, ओस, तोषार, आदि भी जल को नियन्त्रित करते हैं। वर्षा की मात्रा के साथ धरातलीय उच्चावच का भी सामंजस्य होता है। वर्षा का स्वभाव तीव्र हो या ढीला, भूसतह का ढाल उसके प्रवाह, अन्त: स्पन्दन तथा वाष्पीकरण को प्रभावित करते हैं।

अन्त: स्पन्दन : वर्षा का पानी जैसे भूसतह पर पहुँचता है, उसके एक भाग को भूमि द्वारा सोख लिया जाता है। पानी के अन्त: स्पन्दन की दर मृदा के संगठन तथा सुरचना से प्रभावित होती है। भूमि के जल को सोखने की क्रिया को 'अन्त: स्पन्दन'कहते हैं। वर्षा से प्राप्त जल का कुछ भाग ढाल के अनुसार प्रवाहित होता है। उसे 'सतही प्रवाह' कहते हैं। मृदा की प्रकृति अन्त: स्पन्दन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। चिकनी मृदा में अन्त: स्पन्दन की दर न्यून होती है, जबकि बलुई मृदा में तीव्र होती है। वर्षा जल अन्त: स्पन्दन द्वारा भूमि रन्ध्रों में पहुँचकर भूमिगत जल के रूप में विद्यमान रहता है। मृदा रन्ध्रों में सामान्य रूप से वायु विद्यमान रहती है। जैसे-जैसे धरातलीय जल भूमि के अन्दर प्रवेश करता है तो इस वायु का स्थान ले लेता है। इस प्रकार वायु की मात्रा कम होने व पानी की मात्रा बढ़ने की स्थिति को 'जलाकान्त स्थिति' कहते हैं। यह भूमि की संतृप्त अवस्था होती है अर्थात् इस सीमा के बाद भूमिगत जल को धारण नहीं करती है।

प्रकृति में जलीय-चक्र की महत्ता: पृथ्वी पर जलीय चक्र विभिन्न जैविक क्रियाओं के लिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि जलीय संचार के बिना जल संतुलन बिगड़ जायेगा और किसी भी तरह का जीवन असम्भव हो जायेगा। जल का वाष्प में परिवर्तित होकर वायुमण्डल में जमा होना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है जिस पर मौसम परिवर्तन निर्भर करता है। पृथ्वी पर वर्षा की क्रियाशीलता जल चक्र द्वारा ही पूर्ण होती है। पृथ्वी पर विभिन्न जैव रसायन चक्रों द्वारा ही पूर्ण होती है। पृथ्वी पर विभिन्न जैव भूरसायन चक्रों के अन्तर्गत अवसादों एवं रासायनिक तत्तवों के संचरण में वनस्पति प्रभावी माध्यम होती है। इस प्रकार जीवमण्डल में ये जैव भूरासायनिक चक्र जल के संचरण द्वारा ही सम्भव होते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Compiled from Tahal Report on Water Resource Planning for the State of Rajasthan : Shekhawati River Basin, 1998, Government of Rajasthan and CGWB, Western Circle, Jaipur, 2005
2. Dynamic Ground water Resource Assessment of India
3. Ground Water Year book Rajasthan (2020-21)
4. Ground Water Year book Rajasthan (2020-21)
5. Report on ground water level Scenario of Rajasthan Year 2020.
6. Source - Peter H. Gleick (editor), 1993, Water in Crisis: A Guide to the World's Fresh Water Resources (Oxford University Press, New York).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

लिंगीय असमानता और चुनौतियां

डॉ. पिंकी सोमकुवर*

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – लैंगिक असमानता एक सामाजिक धारणा है। स्त्री और पुरुष एक जैविक तथ्य है यदि इस तथ्य के साथ किसी प्रकार की असमानता जुड़ जाती है तो यह एक लैंगिक असमानता का रूप ले लेती है। जेंडर एक सामाजिक सांस्कृतिक तथ्य हैं। प्रकृति मे किसी भी प्रकार का भेदभाव लिंग आधारित नहीं होता है। परंतु फिर भी समाज में महिलाओं के साथ प्रत्येक क्षेत्र में भेदभाव होता है–जैसे सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, खेल, मनोरंजन, शिक्षा तथा रोजगार आदि। लिंग असमानता की वजह से महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या, दहेज, घरेलू हिंसा, आर्थिक शोषण, अवसरों की असमानता आदि का सामना करना पड़ता है। और जब यह महिलाएं निम्न जाति से आती है तो उनका शोषण और बढ़ जाता है। अधिकांश धार्मिक कृत्य महिलाओं के हिस्से में आते हैं परंतु जहां संस्कारों की बात हो तो उच्च जातियों में पुरुषों का तो उपनयन संस्कार होता है परंतु महिलाओं का नहीं। आज भी किसी मृत व्यक्ति को अग्नि देने का काम अधिकांशत: पुरुष ही करते हैं बहुत कम मामलों में महिलाओं को इस प्रकार के संस्कार करते हुए देखा जाता है। महिलाओं का समाजिकरण इस प्रकार होता है कि सारे व्रत की जिम्मेदारी उन्हीं पर होती है चाहे वह पति के लिए हो या पुत्र के लिए। देवदासी, नगरवधू इस प्रकार की प्रथाएं भी महिलाओं को धर्म के माध्यम से समाज द्वारा ही दी जाती थी। लैगिक असमानता हमें मॉडर्न कल्चर लिव इन रिलेशनशिप में भी देखने के लिए मिलती है। श्रद्धा वाल्कर, निकी यादव यह हमारा ध्यान आकर्षित करती है। पुरुष का चुनाव आप अपनी मर्जी से करें या परिवार की मर्जी से हो आपको हिंसा का सामना इसमें भी करना पड़ सकता है।

शब्द कुंजी – लिंग असमानता, समानता, अवसर, शिक्षा, शोषण, सामाजिकरण।

प्रस्तावना – लैंगिक असमानता का तात्पर्य लिंग के आधार पर भेदभाव से है परंपरागत रूप से समाज में महिलाओं को एक कमजोर वर्ग के रूप में प्रस्तुत किया गया। महिलाएं घर समाज तथा कार्यस्थल पर शोषण अपमान और सबसे महत्वपूर्ण कदम कदम पर भेदभाव से ग्रसित होती है। महिलाओं की यह समस्या केवल भारत में ही नहीं अपितु विकसित देशों में भी है। स्त्री और पुरुष एक जैविक तथ्य है यदि इस तथ्य के साथ किसी प्रकार की असमानता जुड़ जाती है तो यह एक सामाजिक तथ्य बनकर लैगिक असमानता बन जाती है। जेंडर एक सामाजिक सांस्कृतिक तथ्य है यह किसी प्राकृतिक प्रक्रिया का परिणाम ना होकर सामाजिक संरचना द्वारा निर्मित है इसे बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका सामाजिकरण की होती है। क्योंकि हमारा समाज पुरुष प्रधान है इसलिए महिलाएं क्या करेगी और क्या नहीं करेगी इसका नियंत्रण भी काफी हद तक पुरुषों के हाथों में था। समाज में पुरुष और स्त्री के लिए अलग–अलग व्यवहार की व्यवस्था थी परंतु वर्तमान समय में स्त्रियों की स्थिति में काफी परिवर्तन आया है लेकिन समानता अभी भी दूर है।

सिमोन दी बुआ के अनुसार महिलाओं की बराबरी की बात करते समय हमें उनके जैविक अंतर की वास्तविकता को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। 'औरत पैदा नहीं होती है बल्कि समाज औरत को गढ़ता है।' वह बार–बार इस बात पर जोर देती है कि हमारा धर्म हमारी संस्कृति हमारा समाज लड़कियों को मजबूर करता है स्त्री बनने के लिए। सिमोन के अनुसार इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे धर्म में महिलाओं की पूजा भी होती है। धर्म तो वास्तव में पुरुषों के द्वारा बनाया हुआ एक तरीका है औरतों पर शासन करने का।

नीरा देसाई का मानना है कि हमारा सरोकार केवल सामाजिक घटनाओं से अध्ययन से नहीं है। बल्कि हम कानून की संरचना और महिला मुक्ति के रास्ते में आने वाली हर चीज को बदलना चाहते हैं। ऐसा करने में हम अन्य सामाजिक विज्ञानों के साथ हिंसक संघर्ष में आ जाते हैं जो मूल्य तथा परंपरा की वकालत करते हैं।

बीना मजूमदार के अनुसार जब वह 1975 में प्रकाशित समानता रिपोर्ट की मसौदा समिति का हिस्सा थी तब वह और उनके सहयोगी भारत में महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए एक सामूहिक चेतना बनाने की आवश्यकता पर निर्भर थे। अपनी मध्यमवर्गीय स्थिति और बेहतर शैक्षिक अवसरों के संपर्क के कारण, उन्होंने यह महसूस किया कि, भारत में गरीब वंचित महिलाओं के जीवन के अनुभव के बारे में जागरूकता के लिए कोई चेतना नहीं थी। उन्हें और उनके सहयोगियों को एहसास हुआ की प्रतिबद्धता के लिए काम करने के माध्यम से उन्होंने जो सामूहिक चेतना पैदा की है उसे बनाए रखने की आवश्यकता है।

शोध पत्र के उद्देश्य :

1. ऐतिहासिक परिदृश्य में लिंग असमानता को समझना।
2. डॉ. बी आर अंबेडकर के महिलाओं संबंधी विचार को समझना।
3. हमारी धार्मिक मान्यताएं किस प्रकार लिंग असमानता में भूमिका निभाती है इसका अध्ययन करना।
4. शिक्षा के माध्यम से किस प्रकार लिंग असमानता को दूर किया जा सकता है का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र में द्वितीय आंकड़ों का प्रयोग किया गया

है। अवलोकन पद्धति का भी प्रयोग किया गया है।

संबंधित साहित्य का पुनरावलोकन – फ्रेंच इतिहासकार व विचारक मिशेल फूको (1980) में अपनी पुस्तक द हिस्ट्री ऑफ सेक्सुअलिटी में ज्ञान और सत्ता के चरित्र की बात करते हैं और बताते हैं कि किस तरह ज्ञान और सत्ता स्त्री को अनुकूलित करते हैं। उनके अनुसार शरीर एक ऑब्जेक्ट है जिसे समाज राजनीति व सत्ता अपने अनुसार बनाती व प्रशिक्षित करती है जैसे पुरुष हमेशा से समाज में अपने लिए अधिक स्पेस चाहता है। वही महिलाएं थोड़े से में ही खुद को संतुष्ट पाती है क्योंकि उसे ऐसी सामाजिक निर्मिती दी जाती है कि वह बड़ा न सोच सके। प्रभा खेतान(2010) के अनुसार भारतीय समाज में स्त्री अस्मिता का प्रश्न उठाती है जहां पहचान कि समस्या पुरुष के समक्ष नहीं आती उसकी पहचान स्थाई होती है स्त्री की तो पहचान ही उसकी अपनी नहीं पहले पिता, फिर पति। अगर दोनों ही ना हो यह विचारणीय प्रश्न है जेंडर के संदर्भ में समझा जाए तो स्त्री को सदा ही समाज में कमजोर व आश्रित माना गया जिसके लिए पहले पिता फिर पति के संरक्षण की व्यवस्था की गई।

डॉ. बी आर अंबेडकर (1976) के अनुसार लिंग असमानता का प्रयोग कहीं ना कहीं जाति प्रथा को बनाए रखने के लिए भी किया गया है। एक आदर्श स्थिति के रूप में स्त्री रू पुरुष अनुपात बनाए रखना था इसके लिए 1. स्त्री को उसके मृत पति के साथ सती कर दिया जाए 2. स्त्री को आजीवन विधवा रखा जाए जो जलाने से कुछ कम पीड़ादायक है। 3. विधुरो को ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने को बाध्य किया जाए।4. विधुर का ऐसी लड़की से विवाह कर दिया जाए जिसकी आयु अभी विवाह योग्य ना हो अर्थात लड़कियों का बाल विवाह।

ऊपरी तौर पर देखने वाले व्यक्तियों को हिंदू समाज की सामान्य क्रियाविधि जटिल लगेगी किंतु वह स्त्रियों से संबंधित 3 असाधारण रीतियां प्रस्तुत करता है यह है:

1. शक्तियां विधवा को उसके मृत पति के साथ जलाना।
2. थोपा गया आजीवन वैधव्य, जिसके अंतर्गत एक विधवा को पुन: विवाह करने की आज्ञा नहीं है।
3. बालिका विवाह।

यदि भारतीय समाज में लिंग असमानता की ऐसी कुरीतियों का पालन हो रहा था तो इनको करने के पीछे कोई वैज्ञानिक व्याख्या हमारे सामने नहीं है।

कुछ लोगों ने इसकी व्याख्या करने की कोशिश की परंतु जिसमें वैज्ञानिकता कम लिंग असमानता ज्यादा दिखाई देती है। जैसे ए के कुमार स्वामी(1913) के अनुसार सती सम्माननीय है क्योंकि यह पति पत्नी के बीच शरीर और आत्मा की संपूर्ण एकात्मता और श्मशान से परे तक समर्पण को दर्शाती है क्योंकि इसमें पत्नीत्व को साकार रूप दिया गया है, जैसा कि उमा ने अच्छी तरह उस समय स्पष्ट किया है जब उन्होंने कहा था हे महेश्वर अपने पतिदेव के लिए नारी का समर्पण ही उसका सम्मान है यही उसका शाश्वत स्वर्ग है भावुकता में वह आगे कहती है मेरी धारणा है कि यदि आप मुझसे संतुष्ट नहीं है तो मेरे लिए स्वर्ग की कामना करना बेकार है।

यहां पर दो बातें सामने आती है पहेली पत्नीत्व की धारणा है तो फिर इसी प्रकार पतित्व धारणा भी होनी चाहिए थी पुरुष को भी अपनी मृत पत्नी के साथ सती होना चाहिए था। दूसरा की पत्नी का सामाजिकरण किस प्रकार से हुआ कि उसे सती होना अनिवार्य या योग्य लगने लगा।

इसी प्रकार डॉ केतकर (1907) के अनुसार वह बालिका विवाह की प्रशंसा में कहते हैं एक सच्चे आस्थावान स्त्री या पुरुष को विवाह सूत्र में बंधने के बाद अन्य पुरुष या स्त्री से लगाव या संबंध नहीं रखना चाहिए। इस प्रकार की पवित्रता न केवल विवाह के उपरांत बल्कि विवाह के पूर्व भी आवश्यक है क्योंकि एक अच्छे चरित्र के लिए यही सही आदर्श है। किसी अपरिणिता को पवित्र नहीं माना जा सकता। यदि वह ऐसा करती है तो यह पाप है इसलिए एक लड़की के लिए यह अच्छा होगा कि किसी प्रकार की शारीरिक आवश्यकताएं जागृत होने से पूर्व ही उसे यह पता होना चाहिए कि उसे किससे प्रेम करना है और तभी उसका विवाह हो जाना चाहिए।

मालविका कारलेकर (1998) के अनुसार सत्ता और अधिकार के कारण सदियों से आमतौर पर महिलाएं घरेलू हिंसा की शिकार रही है घरेलू शोषण को इन्होंने 5 कैटेगरी में विभाजित किया है – शारीरिक , यौन, भावनात्मक, आर्थिक तथा मनोवैज्ञानिक। पत्नी को उसके ससुराल वालों और पति द्वारा कई कारणों से शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है यह प्रताड़ना दहेज के लिए, घरेलू कामों के लिए या कभी-कभी केवल संतुष्टि के लिए ही हो सकती है। दुनिया भर में वर्ग, धर्म, समुदाय और भारत की जाति पृष्ठभूमि के मामलों के बावजूद पत्नी को पीटना दुर्व्यवहार का सबसे आम रूप है।

जगन कराडे के अनुसार भारत में पारंपरिक पितृसत्तात्मक मानदंडों ने महिलाओं को घर और कार्यस्थल के भीतर दोयम दर्जे पर पहुंचा दिया है। पुरुषों द्वारा महिलाओं के प्रति भेदभाव पूर्ण व्यवहार पीढ़ियों से उत्साहित है और दोनों लिंगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। हालांकि भारत के संविधान ने पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार दिए हैं लेकिन लिंग असमानता अभी भी बनी हुई है। भारत में भेदभाव का सबसे पहला और प्रमुख कारण मानसिक बनावट है। हम एक पुरुष प्रधान समाज में रह रहे हैं जहां पुरुष सभी निर्णय लेते हैं और महिलाओं को बस सब कुछ स्वीकार करना पड़ता है। रोटी कमाने से लेकर घर चलाने तक का फैसला सिर्फ एक आदमी ही करता है। 21वीं सदी में भी कई महिलाओं के पास अभी भी खुद से जुड़े फैसल फैसले लेने का भी कोई अधिकार नहीं है। शादी से लेकर परिवार शुरू करने तक पुरुष ही हुक्म चलाता है और महिलाएं उसका पालन करती है। शिक्षा का अभाव सभी बुराइयों का मूल कारण है इसलिए ज्योतिबा फुले, नाना जगन्नाथ शंकर सेठ, महर्षी धोंडो केशव कर्वे जैसे कई समाज सुधारक कहते हैं कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का बुनियादी साधन है। और ज्योतिबा फुले ने वर्ष 1848 में पुणे में पहला गर्ल्स स्कूल शुरू किया जिसके परिणाम स्वरूप महर्षी करवे ने महिलाओं के लिए एक विश्वविद्यालय शुरू किया। और डॉक्टर अंबेडकर ने महिलाओं के अधिकार के लिए हिंदू कोड बिल के रूप में एक बिल बनाया। भारतीय महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की एक लंबी परंपरा रही है उनमें से कुछ जिन्होंने बेच मार्ग बनाया है स्वर्गीय डॉ. आनंदीबाई जोशी पहली भारतीय महिला डॉक्टर थी, डॉक्टर कमला सुहानी विज्ञान संकाय में पीएचडी करने वाली पहली महिला थी, राजेश्वरी चटर्जी कर्नाटक की पहली महिला इंजीनियर थी। डॉ चित्रा जयंत नाईक प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं समाज सेविका थी। महात्मा फुले ने महिलाओं को पुरुषों के बराबर ही नहीं बल्कि बेहतर माना है। अपने सार्वजनिक जीवन में वे लिखते हैं कि पुरुष और महिला दोनों मानवाधिकारों का आनंद लेने के लिए समान रूप से योग्य है। कृष्णाराज मैत्री के अनुसार लिंग समीकरण के दो पक्ष है– महिला और पुरुष। हमारा समाज पितृसत्तात्मक होने के कारण निसंदेह पुरुषों

को विशेषाधिकार प्राप्त है।

लैंगिक असमानता के मुख्य कारण – निम्नलिखित है

1. पितृसत्तात्मक समाज
2. सामाजिकरण
3. घर परिवार एवं समाज का दबाव
4. मानसिकता
5. धर्म
6. वैधानिक स्तर
7. अशिक्षा
8. अंधविश्वास
9. आत्मविश्वास की कमी

विभिन्न क्षेत्रों में लैंगिक असमानता

सामाजिक जीवन में – परंपरागत रूप से घरेलू कार्य का तात्पर्य महिला से ही लगाया जाता है। घर में महिलाओं का मुख्य कार्य भोजन की व्यवस्था करना बच्चों के पालन पोषण तथा अतिथि सत्कार रहा है। वर्तमान समय में पुरुष और महिला दोनों ही कार्यशील होते हैं। फिर भी घर की पूरी जिम्मेदारी महिला की ही होती है। यदि पुरुष ऑफिस से आता है तो वह थका होता है परंतु यदि महिला ऑफिस से आती है तो उसकी थकान पर कोई चर्चा नहीं होती है। यदि महिला कोई भी कार्य करती है तो वह अपने पारिवारिक कार्य के अतिरिक्त कार्य होता है।

निर्णय निर्माण क्षेत्र में – गृहिणी होने के बावजूद घर के महत्वपूर्ण निर्णय में महिलाओं की भागीदारी सीमित होती है। घर में खाना क्या बनाया जाएगा यह निर्णय तो महिला ले सकती है परंतु किसी भी प्रकार का आर्थिक निर्णय या बड़े महत्वपूर्ण निर्णय महिला अकेले नहीं ले सकती या उसकी भागीदारी अनिवार्य नहीं होती है। जितनी महिलाओं की आबादी है उस हिसाब से निर्णय निर्माण में उनकी भागीदारी कम है। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि किसी भी महिला की निर्णय निर्माण क्षेत्र में कोई भूमिका नहीं है।

आर्थिक क्षेत्र में – अभी भी अवसरों की असमानता कि वजह से आर्थिक क्षेत्र में महिला और पुरुष में असमानता दिखाई देती है।

कार्यस्थल में – सरकारी नौकरियों में समान काम समान वेतन की पॉलिसी लागू होती है परंतु ऐसे बहुत से कार्य है जहां पर यह नियम लागू नहीं होता है आज भी महिला मजदूर को पुरुष मजदूर से कम मजदूरी मिलती है। खेतों में भी अधिक परिश्रम वाले कार्य महिला मजदूर ही करती है जैसे धान की रोपाई। महिला मजदूर को किसी भी तरह की कोई छुट्टी नहीं मिलती है चाहे वह मासिक चक्र, गर्भावस्था हो, स्तनपान कराने वाली मां हो।

धार्मिक क्षेत्र में – हम चाहे सतत विकास के लक्ष्य में लिंग समानता को शामिल करें, महिला वर्ष मना ले, महिला दिवस मना ले, महिला दिवस पर वेबीनार, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस कर ले परंतु वास्तविकता यही है कि आज भी विभिन्न प्रकार के मंदिरों में महिलाओं को जाने के लिए कानून का सहारा लेना पड़ता है जैसे सबरी माला मंदिर, शनि शिंगणापुर मंदिर। आज भी मॉडर्न सोसाइटी में मंदिरों में पुजारी पुरुष ही है आज भी महिलाओं का साक्षरता दर बढ़ने के बाद भी महिला शंकराचार्य के पद पर नहीं पहुंच पाई है।

राजनीतिक क्षेत्र में – विभिन्न राजनीतिक दल संविधान के दायरे में आते हैं संविधान से हमें समानता का अधिकार प्राप्त होता है परंतु इन्हीं राजनीतिक दलों में भी समानता दिखाई नहीं देती है आजादी के इतने वर्षों के बाद भी सिर्फ एक महिला रक्षा मंत्री बनना कहीं ना कहीं यह दर्शाता है कि देश के महत्वपूर्ण मंत्रालय पुरुषों के पास ही रहते हैं। अधिकांश समय महिला को महिला एवं बाल विकास विभाग दिया जाता है। मैं यह नहीं कहना चाह रही कि यह महत्वपूर्ण विभाग नहीं है। परंतु महिला यदि घर को अच्छे से चला सकती है तो देश को भी अच्छे से चला सकती है। यदि लिंग आधारित असमानता को दरकिनार कर महिलाओं को सभी मंत्रालयों में कार्य करने के मौके मिले तो बेहतर होता। इसके साथ ही राजनीतिक दलों के प्रमुख पदों पर नियुक्ति के समय भी महिलाओं को मौका नहीं दिया जाता। यहां पर ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि भारत में वर्तमान समय तक एक महिला प्रधानमंत्री दो महिला राष्ट्रपति रह चुकी है परंतु अमेरिका जैसे विकसित देश में आज तक कोई महिला राष्ट्रपति नहीं बन पाई है।

विज्ञान के क्षेत्र में – विज्ञान का क्षेत्र सामने आते ही कहीं ना कहीं पर प्रगतिशील विचारधारा सामने आती है परंतु इस क्षेत्र में भी लैंगिक असमानता विद्यमान है वैज्ञानिक समुदाय में नहीं लाओ की संख्या कम है और इसके साथ ही उन्हें कम महत्व के प्रोजेक्ट पर भी लगा दिया जाता है। मुझे लगता है कि स्वर्गीय एपीजे अब्दुल कलाम किसी परिचय के मोहताज नहीं है हम उन्हें एक मिसाइल मैन के नाम से जानते हैं परंतु वहीं दूसरी और मिसाइल विमेन ऑफ इंडिया टेसी थॉमस को पता नहीं कितने लोग जानते हैं। एन ई पी में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत इनको पढ़ाया जाना मैं समझती हूं महिला समानता की ओर यह एक कदम है। निश्चित ही यहां मोहना सिंह, भावना कंठ तथा अवनी चतुर्वेदी महिला फाइटर पायलट की उपलब्धि भी महत्वपूर्ण है।

मनोरंजन के क्षेत्र में – मनोरंजन के क्षेत्र में भी लैंगिक असमानता दिखाई देती है। आप देखते हैं कि मनोरंजन के क्षेत्र में एक्टर लंबे समय तक हीरो की ही भूमिका में रहता है परंतु एक्ट्रेस कुछ समय तक हीरोइन की भूमिका में रहती है फिर समय के साथ वह बहन, भाभी, बहू, सास, दादी आदि के रोल में आ जाती है। इसके अतिरिक्त महिला और पुरुष के पारिश्रमिक में भी अंतर होता है इसके अतिरिक्त अधिकांश फिल्में पुरुष प्रधान चरित्र पर आधारित होती है। हम देखते हैं कि पर्टिकुलर किसी एक एक्टर के नाम से ही फिल्म के हिट होने की गारंटी हो जाती है परंतु एक्ट्रेस के मामले में ऐसा दिखाई नहीं देता है। मनोरंजन के क्षेत्र में महिला को उसके रंग रूप से अधिक आंका जाता है और उन्हें इसी रूप में प्रस्तुत भी किया जाता है। मनोरंजन के क्षेत्र में ही अधिकांश टीवी शो में खलनायक के रोल में महिला को दिखाया जाता है। विज्ञापनों के माध्यम से भी महिलाओं के शारीरिक गुणों का बखान किया जाता है।

खेल के क्षेत्र में – खेल की बात करें तो सर्वाधिक लोकप्रिय खेल क्रिकेट है और हम पुरुष क्रिकेटर्स की कितनी पीढ़ियों से बहुत अच्छी तरीके से परिचित है। वही महिला क्रिकेटर की बात करें तो मुझे लगता है कि अपने सन्यास के बाद भी मिताली राज को जानने वालों की संख्या कम ही होगी। अन्य खेलों में भी महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा कम अहमियत दी जाती है। महिला खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों की अपेक्षा पारिश्रमिक भी कम मिलता है। यदि कभी किसी पुरुष खिलाड़ी का परफॉर्मेंस अच्छा नहीं होता है और उसकी महिला मित्र वहां पर होती है तो भी उसके परफॉर्मेंस के लिए महिला को जिम्मेदार मान लिया जाता है।

आंदोलनों में – स्वतंत्रता आंदोलन में भी महिलाओं का जिक्र कम ही होता है। चिपको आंदोलन देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भी इसकी चर्चा हुई परंतु इसमें भाग लेने वाली महिलाओं से अधिक चर्चाओं में पुरुष ही रहे।

संगठनों में – आज भी ऐसे संगठन हमारे समाज में है जिसमें महिलाओं को कोई उच्च पद प्राप्त नहीं हुए हैं।

लिंग असमानता को दूर करने के उपाय:

1. हमारी ऐसी धार्मिक मान्यताएं जो तर्कपूर्ण नहीं है उनका त्याग करके।
2. महिलाओं को शिक्षित करके।
3. अवसरों की समानता प्रदान करके।
4. जो कानून महिलाओं के लिए बनाए गए हैं उनको सही तरीके से लागू करके।
5. धार्मिक कट्टरता का त्याग करके।
6. समाज में कोई भी व्यक्ति जो किसी भी धर्म, संप्रदाय, जाति, क्षेत्र, भाषा तथा वर्ग का हो यदि वह किसी भी रूप से कन्याूण हत्या, दहेज, घरेलू हिंसा, बलात्कार तथा किसी भी प्रकार के शोषण आदि जैसे कृत्यो में शामिल हो तो उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाए।
7. पाठ्यक्रमों में लिंग आधारित असमानता संबंधित शिक्षा न दी जाए।
8. महिलाएं भी यह सुनिश्चित करें कि उनके लिए बनाए गए कानून का दुरुपयोग ना करें।

निष्कर्ष – समानता एक सुंदर और सुरक्षित समाज की वह नीव है जिस पर विकास रूपी इमारत बनाई जा सकती है। सितंबर 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में एजेंडा 2030 के अंतर्गत सतत विकास लक्ष्यों को रखा गया, जिसे भारत सहित 193 देशों ने स्वीकार किया। इन लक्ष्यों में सतत विकास लक्ष्य पांच के अंतर्गत लैंगिक समानता के विषय को भी शामिल किया गया है।(achieve gender equality and empower all women and girl)। वर्ल्ड इकोनामिक फोरम द्वारा 2022 के ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स में भारत 146 देशों की सूची में 135 में नंबर पर है। इस सूची को बनाते समय 4 बैच मार्क होते हैं– 1 आर्थिक भागीदारी और अवसर 2. शिक्षा प्राप्ति 3. स्वास्थ्य और जीवन रक्षा 4. राजनीतिक अधिकारिता।

महिला और पुरुष समाज के स्तंभ है समाज में लैंगिक असमानता जानबूझकर बनाई गई थी जिससे समानता के स्तर को प्राप्त करने का सफर बहुत मुश्किल हो गया था परंतु अब समय और समाज दोनों ही बदल रहे हैं। सभी चुनौतियों का सामना करते हुए लिंग समानता को बनाना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. Ambedkar B R (1979) Cast in India : their mechanism genesis and development , writing and speeches, Education department Government of Maharashtra volume I
2. खेतान प्रभा (2010) अन्या से अनन्या, राजकमल प्रकाशन संस्करण, नई दिल्ली।
3. Beauvoir, Simone de (1971) The second sex, Oxford University press, New York.
4. Karade Jagan and Asha Suratkal (2017) "Analysis of Gender Inequality in Indian society to Pune city" scholarly research journal for humanity science and english language. Vol 4/22, page 5265.www.srjis.com
5. Karlekar Malavikar(1998) "Domestic Violence" economic and political weekly,Vol 33,no.27,page1741
6. Rege Sharmila (1995) "Feminist pedagogy and sociology for emancipation in India" sociological bulletin, vol 44 issue 2 Sage journal

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आधुनिक कृषि यंत्रीकरण में नवीन तकनिकी ज्ञान का अध्ययन मध्यप्रदेश के बड़वानी एवं धार जिले के सन्दर्भ में

श्रीमती सुमन भवर* डॉ. नीमा चुण्डावत**

* शोधार्थी, भूपाल नोबल्स युनिवार्सिटी, उदयपुर (राज.) भारत
** शोध निर्देशिका (अर्थशास्त्र) भूपाल नोबल्स युनिवार्सिटी, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – आधुनिक कृषि यंत्रीकरण में नवीन तकनिकी ज्ञान को उर्जावान बनाने के लिये परम्परागत तकनीको एवं उपकरणों से कृषि करने के स्थान पर मशीनों का प्रयोग करने से होता है। कृषि कार्यो में नयी किस्म के उन्नत बीज रासायनिक उर्वरको एवं विभिन्न किटनाशक दवाइयों का प्रयोग किया गया जिससे कृषि क्षेत्र में नवीन परिवर्तन हुवा कृषि उत्पादन में वृद्धि होने से रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही। कृषि यंत्रीकरण का अर्थ दकृषि कार्य में पशु शक्ति एवं मानव शक्ति के स्थान पर बिजली, डीजल एवं पेट्रोल से चलने वाली यांत्रिक शक्ति का प्रयोग किया जाता है कृषि यंत्रीकरण कहलाता है। जैसे जुताई एवं बुवाई में ट्रेक्टर, सिचाई के लिये पम्प सेट आदि सभी कार्य यंत्रो व मशीनों से जिए जाते है ।

शब्द कुंजी –नई तकनीक, मशीनीकरण, उन्नत बीज और रासायनिक बीज।

प्रस्तावना – भारत देश कृषि प्रधान है। इसमें अन्य देशों के साथ भारत भी विकासशील देश में शामिल है। वर्तमान मे देश की 139 करोड़ से भी अधिक जनसंख्या निवास करती है। देश की 69 प्रतिशत जनसंख्या गांव में निवास करती हैं। जिनका जीविकोपार्जन का मुख्य संसाधन कृषि है। कृषि प्रधान देश मे लगभग 60 प्रतिशत लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराती है। देश मे घरेलू उत्पाद के रूप मे सबसे बड़ा योगदान कृषि क्षेत्र का ही है जो लगभग उत्पादन की दृष्टि से 18–20 प्रतिशत है। आधुनिक तकनीक और यंत्र उपलब्ध होने के बाद भी छोटे किसान उनका लाभ नहीं उठा पा रहे है। खेती से होने वाले नुकसान के कारण किसान ऐसे दलदल मे फसे हुए है कि वे नई तकनीकी कौशल से अभी भी परिचित नहीं हो पा रहे है। कृषि से संबंधित ऐसे व्यवसाय को ही सामुहिक रूप से अधिक लाभकारी बनाने के लिए सरकार को ऐसे कौशल विकास तकनीकि के माध्यम से जागरूक करने की आवश्यकता है। जिससे किसान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उपयोग कर लाभ प्राप्त कर सकते है। इसके लिए किसानों को वर्तमान मे तकनीकि जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है।

मध्यप्रदेश की सामान्य जानकारी – 1 नवम्बर 1956 को मध्यप्रदेश की स्थापना की गई। मध्यप्रदेश का पुराना नाम सेन्ट्रल प्रोविन्स एण्ड बरार था। मध्यप्रदेश के कुछ भागों मे जनजातीय के लोग बहुसंख्यक है इसलिए इस प्रदेश को जनजाती प्रदेश के नाम से भी जाना जाता है। राज्य के कुल 10 संभाग है तथा कुल 55 जिले है और 313 तहसीलें है। इसी प्रकार 313 कुल विकासखण्ड है।

मध्यप्रदेश में कृषि – मध्यप्रदेश भारत का एक महत्वपूर्ण राज्य है मध्यप्रदेश भारत के मध्य में स्थित है इसलिये मध्यप्रदेश को भारत का हृदय भी कहा जाता है जो अपनी समृद्ध संस्कृति,एतिहासिक स्थलो और प्राक्रतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल है। मध्यप्रदेश की जनसंख्या (20210) के अनुसार 7 करोड़ 26 लाख 26 हजार 809 होने के साथ ही यह भारत की कुल जनसंख्या का 5.99 प्रतिशत है मध्यप्रदेश को सोया प्रदेश के नाम से भी जाना जाता है यहाँ राष्ट्रीय उत्पादन का करीब 60 प्रतिशत सोयाबीन होता है। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है यहाँ की मुख्य फसलें गेहु ,चावल,मक्का और कपास है,दलहन और तिलहन के उत्पादन में मध्यप्रदेश का देश मे पहला स्थान है। खाद्यान उत्पादन मे मध्यप्रदेश का देश में दूसरा स्थान है। यहाँ कई महत्वपूर्ण उद्योग भी स्थित है इनमे सीमेंट ईस्पात और कपड़ा उद्योग शामिल है।

कृषि एवं सम्बद् क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था की दृष्टि से 72.37 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। जहां खेती ही उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है। मध्यप्रदेश में कुल कृषकों की संख्या 1.10 करोड़ है जिनमें कुल खेतीहर मजदूर 74 लाख है। मध्यप्रदेश का कुल क्षेत्रफल 3.08 करोड़ वर्ग हेक्टेयर है।

मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र मे विकास के लिए सरकार ने कई प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर की योजनाएं जारी की है। जैसे – प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,फसल ऋण माफी योजना,कृषि शक्ति योजना। इन तीन योजनाओं को क्रमश: 2016,2018 और 2019 वर्ष में अधिक बल दिया गया है। जिससे किसान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उपयोग कर लाभ प्राप्त कर सके। ये सही जानकारी उन्हें समय से उपलब्ध कराई जाए। कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे है। जैसे– उन्नत बीज की उपलब्धता, भूमी सुधार,रासायनिक उर्वरकों का उपयोग,कीटनाशक दवाइयो की सहज उपलब्धता साथ ही सबसे महत्त्वपूर्ण बात सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता आदि ऐसे अनेक तत्व है जिनकी सहायता से ही कृषि विकास की दशा को उन्नत किया जा सकता है और कृषि विकास को बड़ावा मिल सके। विभिन्न प्रकार से किसानों को खासतौर पर ग्रामीण लोगों को डायरेक्ट बेनीफिट ट्रासंफर जैसी योजनाओं

के माध्यम से लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे है। किसानों को प्रति इकाई क्षेत्रफल से अधिक लाभकारी उपज प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिक तकनीकी से जोड़ा जा रहा है।

अध्ययन के उद्देश्य – प्रस्तुत शोध अध्ययन का मुख्य उद्देश्य आधुनिक कृषि यंत्रीकरण में तकनीकी ज्ञान के प्रभाव को ज्ञात करनौ।

शोध परिकल्पना – मध्यप्रदेश के बड़वानी एवं धार जिले में कृषि विकास एवं तकनीकी परिवर्तनों का अंत संबंध एवं प्रभावों का विशलेषण करने के लिये निम्न शोध परिकल्पनाएँ बनाई गई है।

1. अध्ययन क्षेत्र में कृषि उत्पादन कार्यो के लिये नई पद्धति का ज्ञान हैं।

शोधविधि – प्रस्तुत शोध संबंधी आकड़ो का संग्रहण हेतु प्राथमिकता एवं दितियक स्त्रोतों का प्रयोग किया गया है और इन्ही स्त्रोतों के आधार पर निष्कर्ष निकाले गए शोध मुख्यत: विभिन्न पुस्तके पत्र-पत्रिकाओ शोध पत्रों समाचार पत्रों एवं भू अभिलेख, संखिकी अधिकारी, कृषि अधिकारी ,आर्थिक सर्वेक्षण आदि द्वारा प्रकाशित अप्रकाशित आकड़ो का उपयोग किया गया।

तालिका संख्या 01: सिंचाई के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीक

सिंचाई तकनीक	जिला		कुल
	बड़वानी	धार	
ड्रिप सिंचाई	78 (97.5%)	47 (58.75%)	125 (78.12%)
पानी मोटर	80 (100%)	76 (95%)	156 (97.5%)
पंपिंग सेट	2 (2.5%)	10 (12.5%)	12 (7.5%)
नाली से, क्यारी बनाकर	3 (3.75%)	1 (1.25%)	4 (2.5%)

सर्वेक्षण से प्राप्त स्त्रोत

तालिका संख्या 1 में कृषि सिंचाई के लिए उत्तरदाताओं द्वारा उपयोग की जाने वाली तकनीक को दर्शाया गया है। तालिका देखने से ज्ञात होता है कि बड़वानी और धार जिले में कृषि सिंचाई तकनीक के रूप में सर्वाधिक पानी की मोटर का उपयोग किया जाता है यह तकनीक लगभग 97.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा उपयोग में ली जाती है। ड्रिप सिंचाई तकनीक भी दोनों जिलों में लगभग 78.12 प्रतिशत उत्तरदातो द्वारा उपयोग में ली जाती है। अत: दोनों जिलों में ड्रिप सिंचाई भी काफी लोकप्रिय सिंचाई तकनीक है। उसी प्रकार 7.5 प्रतिशत उत्तरदाता पर्मि्पग सेट तथा 2.5 प्रतिशत उत्तरदाता नालीध्क्यारी बनाकर सिंचाई करते है

तालिका संख्या 02 : कृषि के लिए उपयोग में लिए जाने वाले उपकरण

सिंचाई उपकरण	जिला		कुल
	बड़वानी	धार	
ट्रैक्टर	80 (100%)	80 (100%)	160 (100%)
हार्वेस्टर	42 (52.5%)	35 (43.75%)	77 (48.13%)
वीड कटर	40 (50%)	39 (48.75%)	79 (49.37%)
ट्रांसप्लांटर	41 (51.25%)	38 (47.5%)	79 (49.37%)
थ्रेशर	45 (56.25%)	35 (43.75%)	80 (50%)
स्प्रेयर	34 (42.5%)	46 (57.5%)	80 (50%)

सर्वेक्षण से प्राप्त स्त्रोत

तालिका संख्या 02,बड़वानी और धार जिलों के उत्तरदाताओं द्वारा कृषि के लिए उपयोग में लिए जाने वाले विभिन्न उपकरणों के प्रतिशत को दर्शाया गया है। परिणाम तालिका के अनुसार, दोनों जिलों के सभी उत्तरदाताओं द्वारा अर्थात 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा कृषि के लिए ट्रेक्टर का उपयोग किया जाता है। 50 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा थ्रेशर एवं स्प्रेयर, 49.37 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा वीडकटर एवं ट्रांसप्लांटर तथा 48.13 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा हार्वेस्टर का उपयोग किया जाता है। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि लगभग आधे उत्तरदाताओं द्वारा कृषि के लिए इन सभी उपकरणों का उपयोग किया जाता है।

निष्कर्ष – उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है की बड़वानी और धार जिले में कृषि कार्य हेतु नवीन तकनीको का प्रभाव पड़ा जिससे लगभग आधे से अधिक उतरदाताओ द्वारा कृषि के लिए इन सभी उपकरणों का उपयोग किया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. रीतु तिवारी (2021) , भारतीय अर्थव्यवस्था , मध्यप्रदेश हिंदी ग्रन्थ अकादमी , भोपाल पेज न. 106
2. अनुपम गोयल (2019-20) भारतीय अर्थव्यवस्था ,एस.बी.डी. पब्लिकेशन आगरा-मथुरा पेज न. 146
3. अर्चना यादव ,(2010), कृषि विकाश में तकनिकी परिवर्तन का प्रभाव पीएचडी थीसिस पेज न . 45

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मुंशी प्रेमचन्द के लघु उपन्यास, निर्मला, प्रतिज्ञा का अनुशीलन

डॉ. अर्चना बापना*

* सहा. प्राध्यापक, एडवास महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – लघु उपन्यास साहित्य की ऐसी विद्या है जो स्वरूप की दृष्टि से उपन्यास से छोटी होती है, परन्तु कथावस्तु की दृष्टि से अपने आप में पूर्ण होती है। जिसका प्रभाव वृहत् उपन्यासों के समान ही होता है। हिन्दी साहित्य जगत में भी लघु उपन्यासों से पृथक अस्तित्व के स्वीकार कर लिया गया है। लघु उपन्यास और वृहत उपन्यास में आकार गत अन्तर प्रमुख है। साहित्य में भी इसके पृथक अस्तित्व को स्वीकार किया गया है।

डॉ. घनष्याम मधुप के अनुसार–'लघु उपन्यास में व्यक्ति या समाज के किसी एक कोण का गहन एवं सूक्ष्म चित्रण किया जाता है। प्राय: लघु उपन्यास लेखक के जीवन अनुभवों के संवदेन जन्य चित्र होते हैं। दो तीन पात्रों को लघुकथा फलक के आधार पर अभिव्यक्ति की संयतता से चित्रण करना ही लघु उपन्यास को उपन्यास से पृथकत्व प्रदान करता हैं।'

उपन्यास के समान ही लघु उपन्यास में कथानक, पात्र, चरित्र–चित्रण, देशकाल, वातावरण, भाषा–शैली, उद्देश्य आदि होते है। जिस प्रकार उपन्यास में लेखक अपनी अभिव्यक्ति सशक्त रूप से करते हुए अपनी मान्यताओं और उद्देश्यों को पूर्ण करता है। वह अपनी कृति द्धारा बड़ी प्रखरता, स्पष्टता और साहसिकता से अपनी बात स्पष्ट करता है, उसी प्रकार जीवन मूल्यों की स्थापना और मान्यताओं को अभिव्यक्त करने में लघु उपन्यास भी श्रेष्ठ है, वे भी अपनी बात ज्यादा स्पष्टता और प्रखरता से करते हैं।

आज का मानव जीवन तनावपूर्ण हो गया है व विषम अन्तर्द्वन्द्वों से भरा हुआ है, उलझनपूर्ण तथा अवसाद से भरा हुआ है ऐसे में लेखक के लिए मानव जीवन के हर पहलू को पूर्ण समग्रता से प्रस्तुत करना अत्यन्त दुष्कर कार्य हो गया है। इसी दिशा में लघुउपन्यासकार ने जीवन के खण्ड चित्र को खण्डकाव्य की तरह अपनी अनुभूतियों को व्यक्त करना आरम्भ किया हैं। आकारगत सीमितता होने के कारण लघु–उपन्यास आज श्रेष्ठ स्थान का अधिकारी हो गया है। इसका महत्व साहित्य के क्षेत्र में निर्विवाद है।

प्रेमचन्द ने गबन, गोदान जैसे उपन्यासों की सृष्टि कर साहित्य जगत में तहलका मचा दिया था। उनके दोनो उपन्यास ने ग्रामीण परिवेश को पूरी तरह स्पष्ट किया। उस समय की परिस्थिति, देषकाल, वातावरण को बड़े ही प्रभावोत्पादक रूप में प्रस्तुत किया जिससे इस कृति ने साहित्य जगत में अपना सर्वश्रेष्ठ स्थान बनाया परन्तु वहीं पर उन्होंने निर्मला जैसे लघु उपन्यास की भी सृष्टि की, जिसका स्थान भी साहित्य जगत में गबन, गोदान की दृष्टि से कहीं कम नहीं है। लेखक ने गबन और गोदान में जीवन की पूर्णता को स्पष्ट किया वहीं 'निर्मला' प्रतिज्ञा जैसे लघु उपन्यासों में उन्होंने जीवन के एक खण्ड चित्र को प्रस्तुत किया जिससे यह उपन्यास लघु होते हुए भी प्रभाविता में कोई कमतर नहीं है।

प्रेमचन्द्र कृत निर्मला – प्रेमचन्द्र का सर्वप्रथम लघु उपन्यास सन् 1928 में प्रकाशित हुआ। यह केवल उपन्यास का प्रारम्भ ही नहीं है, अपितु प्रेमचंद के उपन्यासों में बदलाव को भी उपस्थित करता है। इसमें लघु उपन्यास का पूर्ण स्वरूप नहीं परन्तु उसका संकेत अवश्य है।

उपन्यास क्षेत्र में प्रेमचन्द्र का आगमन हुआ तो क्रांति हो गई। विषय और शिल्प सभी में परिवर्तन नजर आने लगे। युग की समस्याएँ का प्रस्फुटन उनकी औपनयासिक कृतियों में दिखाई देने लगा। 'निर्मला' का कथानक सामाजिक समस्या पर आधारित है। इसमें 'निर्मला' का नाम की एक किशोर कन्या और उसके वृद्ध पति के फलस्वरूप उत्पन्न हुई जटिलताओं और विडम्बनाओं का चित्रण है। दहेज की व्यवस्था न हो पाने की वजह से निर्मला के पिता निर्मला का ब्याह अपने प्रथम निश्चयानुसार डॉ. सिन्हा से न कर सके जिससे उन्हें विधुर वृद्ध वकील तोताराम की शरण लेनी पड़ी जो तीन पुत्रों के पिता और शरीर से नितान्त असमर्थ हो चुके थे। वकील तोता राम के तीन पुत्र मंसाराम, जियाराम, सियाराम है। तोताराम का शंकालु हृदय निर्मला के सतीत्व पर भी सन्देह करने लगा। अपनी कामुकता के प्रवाह में वे जो मानसिक पाप करने लग जाते हैं। उसका परिणाम यह हुआ कि निर्मला का सम्पूर्ण जीवन ही विशाक्त हो गया। पुत्र मंसाराम जिस पर पिता को यह सन्देह हो गया था कि उसका अपनी माता निर्मला के साथ अनुचित शारीरिक सम्बन्ध है वे उसको घर से बाहर निकाल देते है। मंसाराम की कारूणिक मृत्यु हो जाती है। निर्मला का मातृ – स्नेह उमड़ पड़ता है परन्तु वह लाचार है। निर्मला और मंसाराम एक दूसरों को प्राणों से भी अधिक प्यारे थे पर दोनों का पारस्परिक प्रेम मांसल नहीं बल्कि सात्विक था। अभागिनी निर्मला ने अपने मातृत्व प्रेम को मंसाराम में केन्द्रित कर लिया तथा मंसाराम ने भी माँ के वात्सल्य को निर्मला में मूर्तिमान पाता था। शंकालु प्रवृत्ति की वजह से अन्त में दोनों लड़के भी हाथ से निकल जाते हैं। एक विषपान कर लेता है, दूसरा साधु के साथ निकल जाता है। फिर दोनों लड़कों की खोज में तोताराम भी घर से निकल जाते है और एक छोटी सी बच्ची को छोड़कर निर्मला की भी मृत्यु हो जाती है। निर्मला की लाश उठाने के समय लौटे, डॉ. सिन्हा जो निर्मला के होने वाले पहले पति थे, का निर्मला के निकट आने के कारण पत्नी की फटकार को सह न सकने के कारण वही पर वे आत्मघात कर लेते है।

प्रस्तुत उपन्यास में अनेक सामाजिक घटनाएँ हैं जिनके मूल में अनमेल विवाह तथा देहज आदि जैसी कुप्रथाएँ ही है जिनके कारण न जाने कितने

भारतीय, उसके बच्चे घुल–धुलकर मृत्यु के मुँह में समाहित हो जाते हैं।

'निर्मला' भारतीय समाज की एक दर्दनाक कारूणिक कहानी है, जिसमें अर्थ से अधिक महत्व सामाजिक कुसंस्कारों को दिया गया है। कथानक संक्षिप्त है। बहुत संगठित है और अन्य उपन्यासों की अपेक्षा तीव्रता से घटित होता है। निर्मला उपन्यास में पात्रों की संख्या कम है। इसमें निर्मला तोताराम, मंसाराम, उदयभानु कल्याणी, कृष्णा आदि ही इस उपन्यास के प्रमुख और गौण पात्र है। निर्मला इसकी नायिका है इसी को लेकर कथानक का निर्माण हुआ है। बाकि अन्य पात्र उसके चरित्र को उभारते है।

निर्मला समाज में नारियों के उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है जो दहेज की कुप्रथा, अनमेल विवाह और असंगतियों के कारण जीवन भर असंतोष, मानसिक अन्तर्द्वन्द और विषम परिस्थितियों से जुझता रहता है और उसी में उसकी मृत्यु हो जाती है। उसकी मृत्यु क्रांति का संदेश देती है। **उपन्यास में परिस्थितियों पर व्यंग्य है। प्रेमचन्द ने अन्त में निर्मला के मुख से कहलाया**

'इसका विवाह सुपात्र के हाथ से करना' इस प्रकार अन्त समस्या का कोई समाधान प्रस्तुत नहीं करता। अत: पूरे उपन्यास में कथानक का विन्यास चरित्रों के घात–प्रतिघात से हुआ है। मनोविज्ञान की प्रवृत्तियों का सहारा अधिकतर लघुउपन्यासों में लिया गया है। निर्मला भी इसका अपवाद नहीं है। प्रेमचन्द का हर पात्र एक जीवंतता का बोध करवाते हैं। पात्र काल्पनिक नहीं बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि पात्र अपने आसपास के है। अनमेल विवाह की शिकार निर्मला के अतृप्त मन का चित्रण प्रेमचंद ने किया है – वह लेटे–लेटे देखती है– जियाराम उसके आभूषण चुराकर भाग रहा है। वह चाहती तो शोर मचा सकती थी, पर नहीं मचाती क्योंकि वह विमाता थी। वह कहती है 'मुझमें सारी बुराईयां ही बुराईयां है, तुम्हारा कोई कसूर नही। विमाता का नाम ही बुरा होता है। अपनी माँ विष भी खिलाये तो अमृत है, मैं अमृत भी पिलाऊँ तो विष हो जाएगा। तुम लोगों के कारण मैं मिट्टी में मिल गई।'

निर्मला के रूप में भारतीय नारी मर्यादा का जो चित्र प्रेमचन्द्र जी ने प्रस्तुत किया है उसकी मसोस एवं मूक वेदना से सहृदय पाठक करूणाद्र हुए बिना नहीं रह सकता।

इस तरह कथानक का गठन, घटनाओं का शीघ्रता से घटित होना, कम पात्र होना, संवादों की संक्षिप्तता, वातावरण का कम चित्रण और उद्देश्य का कथानक में घुला होना ऐसे तत्व हैं जो इसे लघु उपन्यास कहलाने में सहायक हैं।

डॉ. गणेशन के अनुसार – 'यद्यपि सेवासदन तथा प्रेमाश्रम की तुलना में इसका विषय बहुत सीमित है, तो भी समस्या के गहरे अध्ययन और मनोभावों के सूक्ष्मविश्लेषण की दृष्टि से यह प्रेमचन्द्र का सबसे सुन्दर उपन्यास है। कई सांयोगिक घटनाओं के तथा अन्य असंगतियों के होने पर भी निर्मला के पात्रों का क्रमिक विकास विशेषकर उनके मनोभावों का विकास अत्यन्त स्वाभाविक बना है। अनावश्यक तथा विशाल वातावरण के अभाव के कारण श्निर्मलाश् के गठन में जो दृढ़ता आयी है। वह प्रेमचन्द के किसी अन्य उपन्यास में नहीं है।'

इस उपन्यास को हिन्दी का सर्वप्रथम मनोवैज्ञानिक उपन्यास होने का गौरव भी प्राप्त है।

प्रेमचन्द कृत प्रतिज्ञा – 'प्रतिज्ञा' उपन्यास प्रेमचन्द का दूसरा लघु उपन्यास है। यह उपन्यास भी सामाजिक समस्या को आधार बनाकर लिखा गया है। कथावस्तु की दृष्टि से इस उपन्यास में कोई विशेष नवीनता नहीं है। कथा वस्तु का मूलकेन्द्र बिन्दु है विवाह–इसमें प्रेमचन्द ने यदि एक ओर पूर्णा के माध्यम से नारी वैधव्य की तरफ संकेत किया है और विवशता पूर्ण जीवन को उभारा है तो दूसरी और सुमित्रा के माध्यम से नारी के विद्रोही रूप को भी प्रस्तुत किया है जो पुरुष अत्याचारों का निरन्तर विरोध करती रहती है।

अमृतलाल उपन्यास के प्रारम्भ से ही यह प्रतिज्ञा करते दिखाई देते हैं कि वह विधुर हाने के कारण किसी विधवा से विवाह करना चाहते हैं। यही सूत्र इस उपन्यास के मूल में है। अमृतलाल वनिता आश्रम की स्थापना करते है और यह कहते हैं कि 'मैं विवाह करके अपनी प्रतिज्ञा पूरी कर चुका हूँ परन्तु विवाह मैंने किसी विधवा के साथ नहीं किया बल्कि आश्रम के साथ ही किया है।'

अमृतराय के अलावा कमलाप्रसाद, दाननाथ, सुमित्रा, पूर्णा और प्रेमा आदि पात्रों द्वारा कथा को बुना गया है। कमलाप्रसाद और सुमित्रा के वैवाहिक जीवन से सम्बन्धित इस उपन्यास की कथा का दूसरा तत्व विकसित होता है। कमलाप्रसाद से ही पूर्णा की कथा भी जुड़ी हुई है। घटना की स्थिति इस हद तक पहुँच जाती है कि पूर्णा आत्महत्या करने को विवश हो जाती है। अन्तत: समझा बुझाकर अमृतराय पूर्णा को वनिता आश्रम में भेज देता है। वहीं रहकर वह कृष्ण भक्ति में अपना जीवन लगा देती है। स्वयं तो बच जाती है और एक पति पत्नी के जीवन को नष्ट होने से बचा लेती है। इधर – प्रेमा के पिता प्रेमा का विवाह दाननाथ से कर देते हैं। दाननाथ पहले अमृतराय के मित्र रहते हैं। परन्तु बाद में धार्मिक मतभेद के कारण उनमें वैमनस्य हो जाता है। कमलाप्रसाद की नीचता के कारण दाननाथ को समाज में लज्जित होना पड़ता है। इसलिए अपने रास्ते को बदलकर वे अमृतराय से पुन: मित्रता बढ़ा लेते हैं। इन्हीं घटनाओं के साथ आधुनिक सामाजिक व्यवस्था में स्त्री के अधिकार और उसके स्थान की चर्चा भी वे करते है। 'प्रतिज्ञा' उपन्यास की कथावस्तु में ज्यादा विस्तार नहीं है। पात्र संख्या भी ज्यादा नहीं है। पर जितने भी पात्र है वे मध्यमवर्गीय समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसमें मुख्यत: दाम्पत्य जीवन, विधवा विवाह, स्वच्छन्द प्रेम, स्त्री शिक्षा आदि विषयों पर लेखक ने विचार किया है। इसके हर पात्र का सम्बन्ध किसी न किसी समस्या से है। पूर्णा वैधव्य को झेलती है। लेकिन। कमलाप्रसाद की प्रवृत्ति उसे चचंल बना देती है। सुमित्रा विद्रोही नारी है। अमृतराय दाननाथ अन्य पात्र हैं जो उपन्यास की मूल समस्या के आदर्श और यथार्थ पक्ष को उभारते हैं। पात्र संख्या कम है, कथावस्तु में भी ज्यादा विस्तार नहीं है, उद्देश्य जरूर इकहरा नहीं है अत: यह उपन्यास की अपेक्षा लघु उपन्यास की परम्परा के विकास को सूचित करता है।

1970 से 1980 के बीच के उपन्यासों में निम्नवर्गीय व मध्यवर्गीय लोगो की अर्थिक स्थिति परम्परागत रूढिवादिता पारिवारिक स्थिति का चित्रण है।

अत: शिल्प की दृष्टि से जितने प्रयोग उपन्यास साहित्य में हुए उससे अधिक ओर ज्यादातर प्रयोंग लघु उपन्यास विधा में हुए।

वर्तमान युग तक आते–आते उपन्यास साहित्य ने शिल्प कला के कई सौपान तय किए है और आज हमें शिल्प की दृष्टि से अत्यन्त उत्कृष्ट रचनाएँ हिन्दी उपन्यास साहित्य में देखने को मिलती है, यदि यह कहा जाय कि शिल्पगत कलात्मक स्वरूप का विकास उपन्यास की अपेक्षा लघु उपन्यास में अधिक हुआ है तो अनुचित न होगा।

वर्तमान समय में उपन्यास बर्हिजगत की वस्तु ही नहीं अन्तर्जगत की वस्तु है। उपन्यास का मुख्य केन्द्र उसकी कथावस्तु है, जिससे उपन्यास का

ताना–बाना बुना जाता है, परन्तु कथावस्तु के साथ–साथ अन्य तत्वों को भी अपने में समाहित किया जाता है और अलग–अलग तत्व के अस्तित्व की अनुभूति भी पूरी तरह से होती है। वृहत उपन्यासों की तरह निर्मला, प्रतिज्ञा जैसे लघुउपन्यासों में भी हमें अन्य तत्वों की अलग–अलग अनुभूति बराबर होती है।

अत: निर्मला, प्रतिज्ञा जैसे लघु उपन्यास की सृष्टि मुंशी प्रेमचन्द ने की जिसका महत्व उनके वृहत उपन्यासों से कुछ कम नहीं। शिल्प व कथानक सभी दृष्टियों से उनके लघु उपन्यास साहित्य की महत्वपूर्ण विधा बन गयें।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. डॉ. घनश्याम मधुप, हिन्दी के लघु उपन्यास पृ.60
2. 'निर्मला' प्रेमचन्द का लघु उपन्यास है शिल्प दृष्टि से इसमें उन उपन्यासों की अपेक्षा संगठनात्मकता मिलती हैं। डॉ. प्रताप नारायण टण्डन हिन्दी उपन्यास उद्‌भव और विकास पृ. 116
3. प्रेमचन्द – निर्मला पृ. 175
4. डॉ. गणेशन – हिन्दी उपन्यास साहित्य का अध्ययन पू. 67
5. प्रेमचन्द – प्रतिज्ञा पृ. 149

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Study of Effect of Temperature, Light intensity and Irradiation time during Decolouration Process of Methyl Green Dye

Dr. David Swami*

***Department of Chemistry PM College of Excellence SBN Govt. P.G. College, Barwani (M.P.) INDIA**

Abstract : Methyl green is the oldest known synthetic groups. Most basic dyes of this series are beautiful crystalline Compounds with a reflex the colour of which is often complementary to the colour in solution. Methyl green a triarylmethane dye providing toxic effluents can be highly degraded using TiO_2 catalyst. Photo catalytic degradation of methyl green dye have been studied with the help of variety of parameters which are effect of temperature, light intensity and irradiation time. The influence of temperature has been studied in the range from $30^{O}C$ to $55^{O}C$. The rate constant increased with the increase in the light intensity.
Keywords – Methyl green, Toxic, Catalyst, Temperature, Light Intensity.

Introduction - It is well Known that dyes and their degradation by Products originated through oxidation, hydrolysis reactions are highly carcinogenic (1) These substances are highly toxic, Stable to natural decomposition. Decomposition of dye effluents has therefore required increasing attention (2) Earlier studies have shown that a wide range of organic substrates can be completely photo mineralized in the presence of TiO_2 (3) Aqueous degradation of the commonly used textile dye methyl green has already been studied using heterogeneous catalysts such as TiO_2 with artificial visible light source. The aim of this paper is to study the effect of temperature, light intensity and irradiation time during Decolouration process of Methyl green dye.

Experimental: Methyl green was obtained from Loba Chemie. Photo catalyst TiO_2 was obtained from the S.D. Fine Company. All Solutions were prepared in doubly distilled water. Photo catalytic experiments were carried out with 50 ml of dye solution (3.8x10-5 mol dm-3) using 300mg of TiO_2 photo catalytic under exposure to visible irradiation in specially designed double-walled slurry type batch reactor vessel made up of Pyrex glass (7.5 cm height, 6 cm diameter) surrounded by thermostatic water circulation arrangement to keep the temperature in the range of 30±0.3.c. Irradiation was carried out using 500 w halogen lamp surrounded by aluminum reflector to avoid irradiation loss. During photo catalytic experiments after stirring for 10 min slurry composed of dye solution and catalyst was placed in dark for ½ h in order to establish equilibrium between adsorption and desorption phenomenon of dye molecule on photo catalyst surface. Then slurry containing aqueous dye solution and TiO_2 was stirred magnetically to ensure complete suspension of catalyst particle while exposing to visible light. At specific time intervals aliquot (3ml) was withdrawn and centrifuges for 2 min at 3500 rpm to remove TiO_2 particle from aliquot to assess extent of decolourisation photo metrically. Changes in absorption spectra were recorded at 480 nm on double beam UV-Vis, spectrophotometer (Systronic Model No. 166) Intensity of visible radiation was measured by a digital luxmeter (Lutron LX 101). pH of solution was measured using a digital pH meter.

Results and Discussion:

Effect of temperature: One of the advantages of photoreaction is that it is not affected or slightly affected by temperature change (4, 5). The influence of temperature has been studied in the range from $30^{0}C$ to $55^{0}C$. The results are shown in Table 1 and Fig. 1. Increase in temperature led to decrease the rate of degradation. This gradual decrease in the reaction rate values could be attributed to the following reasons: the adsorption rate decreased with increasing temperature because the adsorption is a heat releasing process, increase in reaction temperature tend to increase electron-hole recombination and with increase in temperature the solubility of oxygen in water decreased (6).

Table 1: Effect of temperature: [MG] = 2.5×10^{-5} mol dm^{-3}, pH = 10.0
TiO_2 = 100 mg/ 10 mL, Light intensity = 20×10^{3} lux, Temperature = 30 ± 0.3 ºC.

Temperature (^{0}C)	k × 10^{-4} s^{-1}	$t_{1/2}$ × 10^3 s
30	2.45	2.82
35	2.35	2.94
40	2.12	3.26
45	2.00	3.46
50	1.80	3.85
55	1.75	3.96



Fig. 1: Effect of temperature

Effect of light intensity and irradiation time:

Photocatalytic reaction rate depends largely on the radiation absorption of the photocatalyst. Research studies revealed increase in the degradation rate, with increase in light intensity during photocatalytic degradation. The influence of light intensity on the rate of degradation has been examined at constant dye concentration (2.5 × 10^{-5} mol dm^{-3}) and catalyst loading (100 mg/ 100 mL). Rate constant increased from 1.80 × 10^{-4} s^{-1} to 5.83 × 10^{-4} s^{-1} on increase light intensity from 10 × 10^3 lux to 35 × 10^3 lux.

Table 2: Effect of light intensity: [MG] = 2.5 × 10^{-5} mol dm^{-3}, pH = 10.0

TiO_2 = 100 mg/ 100 mL, Light intensity = 20 × 10^3 lux, Temperature = 30 ± 0.3 ^{o}C.

Light intensity×10^3 lux	k × $10^{-4}$$s^{-1}$	$t_{1/2}$× 10^3 s
10 × 10^3	1.80	3.85
15 × 10^3	2.03	3.41
20 × 10^3	3.37	2.05
25 × 10^3	4.41	1.57
30 × 10^3	4.49	1.54
35 × 10^3	5.83	1.18



Fig. 2: Effect of light intensity

Conclusion : The influence of temperature has been studied in the range from 30^{O}C to 55^{O}C. The rate constant was decreased with increase in temperature photo catalytic reaction rate depends largely on the radiation absorption of the photo catalyst. Rate constant increased with increase in light intensity.

Acknowledgment: Author acknowledgement the support and laboratory facilities provided by Chemistry Department PMCOE S.B.N. Govt. P.G. College, Barwani (M.P.) My sincere thanks to the technical staff of UGC-DAE, CSR, Indore for their kind co-operation and help offered during the work period.

References:-

1. Nam S., Tratnyek P.G. 2000 Reduction of azo dyes with zero valent iron. Water Res. 1837 -1845.
2. Brown M.A., Vito SC. Crit Rev. Environ. Sci. Technol 1993 – 249 – 32.
3. Blake DM Bibliography of work on the photo catalytic removal of hazardous compounds from Water and air USA : National Renewal Energy Laboratory 2001, – 253.
4. Herrara F., Kiwi J., Lopez A., and Nadtochenko V., Environ. Sci. Technol., 1999, 3145.
5. Amiri A. S., Bolton J. R. and Caster S. R., J. Adv. Oxid. Technol., 1996, 18.
6. Jiang Y., Sun Y., Liu H., Zhu F. and Yin H., Dyes and Pigments, 2008, 77.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Role of Judiciary in the Elimination of Juvenile Delinquency in the Present Social Justice System

Vikram Singh Chandel*

***Research Scholar, SOS Jiwaji University, Gwalior (M.P.) INDIA**

Abstract : "A child may be a person who will carry on what you have got started," Abraham Lincoln said over a century ago. He will sit where you are and, after you are gone, he will decide what he thinks is important. You can make any plans you want, but he will determine how they are carried out. He will take control of your churches, schools, colleges, and businesses. He holds the futures of humanity in his hands.Children's crimes are illegal actions that go against social standards. Child misconduct refers to criminal acts committed by children, with behavioral issues being a major cause of youth crimes in India. Child crime is a global issue, and many laws have been made to address it. These children may also engage in other criminal acts, including domestic abuse and disrespect towards women. The juvenile justice court ensures children have their rights, but may punish them in serious cases. The rate of crime among youths under 16 has increased in recent years, possibly due to factors like their upbringing, financial issues, a lack of education, or poor parental care. A concerning trend is the use of very young children, especially those under five to seven years old, as tools for committing crimes, as they are easily manipulated.
Keywords: Juvenile Delinquency, Crimes, Juvenile Justice, Judiciary, IJJO, BNS, BNSS.

Introduction - The Juvenile Justice Act, 2015 was passed to address the increasing crime rate among children under 18. It mandates the establishment of a Juvenile Justice Board and Child Welfare Committee in each locality, focusing on adolescent recovery and care through various adjustment homes. The Act defines a child as someone under 18 years old and classifies them as either in conflict with the law or in need of care and protection. It also includes a provision to treat juveniles between 16 and 18 as adults in cases of serious offenses. The Act also addresses the issue of 39% of Child Care Teachers not enrolling in 2020, highlighting the need for revisions. Key amendments include incorporating genuine offenses with a sentence of more than 7 years without minimum and changing sentences with a sentence of 3 to 7 years from being cognizable to non-cognizable. The Act also amends some provisions related to selection and Child Welfare Committees.

Juvenile courts provide a unique and effective method to address adolescent wrongdoers, providing fundamental security to children who cannot legally protect themselves. The Adolescent Equity Board is a Juvenile Court established under sec- 4 of the Juvenile Justice Act (2015), which mandates the establishment of at least one Juvenile Justice Board in each district, consisting of a Principal Magistrate and two social workers, at least one of whom should be a woman. However, the order passed by the Board was deemed void ab initio in State of Himachal Pradesh v. Happy (2019).

The Board is responsible for handling cases involving children in conflict with the law, which can be appealed to the High Court or Session Court. It can inquire into heinous offenses and conduct preliminary assessments within three months. The Board must inform parents and ensure child rights are protected during the inquiry and rehabilitation process. They can provide a translator if needed, transfer children to committees, and file First Information Reports. The Board also conducts inspections of residential facilities and recommends improvements in service quality.

Juvenile delinquency, involving illegal activities, is on the rise in India due to an increase in crime rates. The Nirbhaya Case of 2012 highlights the heinous offense of rape committed by a 17-year-old girl in a bus, which led to authorities changing the law to punish juvenile offenders, despite their right to think about their actions.

Juvenile delinquency in India is attributed to harsh disciplinary measures by parents and teachers, bad peer company, Attention Deficit Hyperactivity Disorder (ADHD), and other mental disorders. Teenagers often fall prey to harmful new behaviors, leading to illegal acts. Social factors like broken homes, poverty, and beggary also contribute to delinquency in children in India.

The Indian legal system has evolved over time to address juvenile delinquency, with the first legislation being the Apprentices Act of 1850. The Reformatory Schools Act

of 1897 aimed to send children to reformatory schools, while the first Juvenile Justice Act of 1987 aimed to protect, rehabilitation, and reform juvenile delinquents. The Juvenile Justice Act of 2000 and the Juvenile Justice Act of 2015 further emphasized the importance of juvenile justice. The Indian judiciary plays a crucial role in addressing child delinquency, with the Juvenile Justice Board and courts making decisions that affect children. Governments have established Juvenile Courts, Boards, and Child Welfare Committees to regulate minor delinquents. However, the number of crimes committed by children aged 15-16 has increased, largely due to factors such as early-life experiences, dominant masculinity, upbringing, economic chaos, and lack of education.

Difference between child and juvenile: A minor is a person under the age of eighteen who does not have full legal responsibility. A kid accused of a crime goes to a Child Care Centre, while a juvenile is between sixteen and eighteen. Both terms relate to young people, but have different legal meanings.

Juvenile justice and constitution of India: The Indian Constitution is known as the country's fundamental law, outlining the rights and responsibilities of citizens. It also includes rules for the effective functioning of the government. Part III describes the Fundamental Rights of citizens, while Part IV details the Directive Principles of State Policies (DPSP), offering guidelines for creating government policies. Key rights for children's welfare include: the right to free education for children aged 6 to 14 (Article 21A), protection from hazardous work for those under fourteen (Article 24), shielding from abuse by adults (Article 39(e)), safeguarding against human trafficking (Article 39), and ensuring proper nutrition and living standards (Article 47). Additionally, Article 15(3) gives the state special powers to create laws for the upliftment of children and women.

International concerns for juveniles: The Convention on the Rights of the Child, adopted by the UNGA in 1989, prioritizes children's best interests. It emphasizes several rights:

1. Right of survival, ensuring children have a proper standard of living, including healthy nutrition.
2. Right to protection from inhumane practices, trafficking, and armed conflicts.
3. Right to participation, allowing freedom of speech, expression, religion, and opinion.
4. Right to development, covering educational, physical, mental, cultural, and recreational growth.

Article 34 safeguards children from sexual exploitation, while Article 37 states that imprisonment should be a last resort and for the shortest time, promoting children's liberty and focus on their reformation.

The law in the U. K. states that children should not be prosecuted in criminal courts. Delinquency can end with proper reform in remand homes, and only Juvenile Courts should handle these cases. The Children and Young Offenders Act of 1933 and the Criminal Justice Act of 1948 support this. The 1908 Children Act allows for a separate Judicial Board in Juvenile Courts.

The system in the U. S. is simpler. First, the Police Officer will either keep the child in custody or release him. Then, he must inform and hand him over to the Juvenile Court. After the trial, children go to correction homes and are tried as adults only if they are closer to adulthood or commit crimes repeatedly that pose a danger to society.

The International Juvenile Justice Observatory (IJJO): It is an international organization that promotes policies and laws for the development and protection of juveniles worldwide. It also provides information about juveniles in conflict with the law.

1. जागरूकता की कमी - ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में योजना के प्रति जानकारी का अभाव है।

2. तकनीकी समस्याएँ – डाकघरों और बैंकों में ऑनलाइन सेवाओं की कमी के कारण खाता खोलने में देरी होती है।
3. लिंग असमानता – कुछ समुदायों में अभी भी बेटों की तुलना में बेटियों को कम प्राथमिकता दी जाती है।
4. दस्तावेज़ीकरण की समस्याएँ – गरीब परिवारों में आवश्यक दस्तावेज जैसे कि जन्म प्रमाण पत्र, जन्म की सही तारिक आदि का न होना एक बड़ी बाधा है।
5. डिजिटल सारक्षता की कमी – ऑनलाइन बैंकिंग की सुविधा का अभाव और डिजिटल साक्षरता की कमी से योजना का प्रचार-प्रसार सीमित हो रहा है।

समाधान और सुझाव:

1. जागरूकता अभियान -शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों, आँगनवाड़ियों और पंचायतों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाए जाएँ।
2. तकनीकी सुधार – डाकघरों और बैंकों में तकनीकी सुविधाओं में सुधार कर बढ़ावा दिया जाए।
3. महिलाओं की भागीदारी – महिला स्वयं सहायता समूहों को योजना के प्रचार-प्रसार में शामिल किया जाए।
4. सरलीकृत प्रक्रिया – दस्तावेज़ीकरण की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए।

निष्कर्ष – सुकन्या समृद्धि योजना एक महत्वपूर्ण और दूरगामी सोच वाली योजना है, जिसका उद्देश्य बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। यह योजना इन्दौर जिले में बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक प्रभावी पहल है। हालाँकि, इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जागरूकता में वृद्धि, तकनीकी सुधार, और सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता है। यदि इन चुनौतियों को सुलझा लिया जाए तो यह योजना बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुमार, एस. (2023),'सुकन्या समृद्धि योजना : एक वित्तीय समावेशन पहल का विश्लेषण', इंडियन जर्नल ऑफ फाइनेंस एंड इकोनॉमिक्स,12(1),45-60।
2. शर्मा, आर. (2022),'भारत में बालिका सशक्तिकरण: नीतियाँ और प्रभाव', नई दिल्ली: शिक्षा प्रकाशन।
3. यादव, पी. (2021),'ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन और बचत योजनाएँ', मुंबई: सामाजिक अध्ययन संस्थान।
4. मिश्रा, के. (2020),'सामाजिक कल्याण योजनाओं का मूल्यांकन: एक नीति विश्लेषण', वाराणसी: गंगा पब्लिकेशन्स।
5. सिंह, वी. (2018),'महिला कल्याण योजनाएँ और उनका सामाजिक प्रभाव', पटना: राष्ट्रीय नीति अनुसंधान केंद्र।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

स्वामी दयानंद सरस्वती के वैचारिक आंदोलन का भारतीय शिक्षा नीति पर प्रभाव

हीरा लाल अहीर* डॉ. राखी शर्मा **

* शोधार्थी (शिक्षाशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सह-प्राध्यापक (शिक्षाशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – स्वामी दयानंद सरस्वती वह महान संत थे जिन्होंने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तमाम प्रकार के आडंबरों का डटकर विरोध किया। उन्होंने हमेशा ऐसे अमानवीय आचरण के विरुद्ध आवाज उठाई जो समाज के विकास में बाधक थे। स्वामी जी ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने और हिन्दू धर्म के गौरव को पुन: स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इन महान कार्यों के लिए भारतीय समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा।

स्वामी दयानंद सरस्वती के शिक्षा संबंधी विचार और उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधार के प्रयासों का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। उनके विचारों और कार्यों को समझने के लिए विभिन्न रचनात्मक पहलुओं को समग्र रूप से शामिल करते हुए इस विषय पर गहराई से अध्ययन किया गया है।

शब्द कुंजी – स्वामी दयानंद सरस्वती, अज्ञानता, अंधविश्वास, रूढ़िवादिता।

प्रस्तावना – स्वामी दयानंद सरस्वती भारतीय समाज सुधार आंदोलन के प्रमुख पुरोधा थे, जिन्होंने समाज में व्याप्त अज्ञानता, अंधविश्वास और रूढ़िवादिता के विरुद्ध अपने जीवन को समर्पित किया। उनका जन्म सन् 1824 में गुजरात के टंकरा नामक स्थान पर हुआ था। बचपन में उनका नाम मूलशंकर था। स्वामी दयानंद का प्रारंभिक जीवन धार्मिक संस्कारों से परिपूर्ण था, और उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा संस्कृत भाषा में प्राप्त की।

स्वामी दयानंद ने स्वामी विरजानंद के सान्निध्य में वेदों और उपनिषदों का गहन अध्ययन किया। शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत, अपने गुरु के आदेशानुसार उन्होंने समाज में व्याप्त अज्ञानता को दूर करने के लिए देशभर में भ्रमण किया। इसी यात्रा के दौरान उन्होंने अनुभव किया कि समाज रूढ़िवादिता और अंधविश्वास के कारण पतन की ओर बढ़ रहा है। इस स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने सन् 1875 में आर्य समाज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य समाज में सत्य, धर्म और ज्ञान का प्रसार करना था। स्वामी दयानंद ने अपने विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 'सत्यार्थ प्रकाश' नामक ग्रंथ की रचना की, जिसमें उन्होंने समाज को अज्ञानता से मुक्ति दिलाने के लिए सत्य, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तर्क पर आधारित जीवन जीने का संदेश दिया। उनका योगदान भारतीय समाज में एक नई चेतना का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. स्वामी दयानंद सरस्वती के पुनर्जागरण में योगदान का गहनता से अध्ययन करना।
2. सामाजिक कार्यों के माध्यम से मानव कल्याण के लिए किए गए प्रयासों का अध्ययन करना।
3. स्वामी दयानंद के जनकल्याणकारी कार्यों का समाज पर क्या असर पड़ा, इसका अध्ययन करना।
4. स्वामी दयानंद के विचारों का भारतीय समाज में जागरूकता और बदलाव के संदर्भ में अध्ययन करना।

शोध-प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र ऐतिहासिक विश्लेषण एवं वर्णनात्मक दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें शोध सामग्री का संकलन प्रमुख ग्रंथों, पुस्तकों एवं विश्वसनीय स्रोतों से किया गया है। वस्तुत: यह शोध पत्र द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है, जिसमें विभिन्न स्रोतों का अध्ययन कर निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया है।

स्वामी दयानंद सरस्वती ने भारतीय समाज में शिक्षा के महत्व को गहराई से समझा और अपने विचारों के माध्यम से शिक्षा को एक नई दिशा प्रदान की। उनके शिक्षा संबंधी विचारों का विस्तार से उल्लेख उनके प्रसिद्ध ग्रंथ 'सत्यार्थ प्रकाश' के द्वितीय और तृतीय समुल्लास में मिलता है। स्वामी जी का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आत्मिक विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का एक प्रभावी माध्यम बताया और इसे राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी माना।

स्वामी दयानंद का मानना था कि व्यक्ति समाज की सबसे छोटी इकाई है। यदि व्यक्ति का समग्र विकास हो जाए, तो समाज का विकास स्वत: ही संभव है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। इसलिए शिक्षा को हर व्यक्ति तक पहुँचाना आवश्यक है। उनके अनुसार, माता-पिता, शिक्षक और समाज का यह दायित्व है कि वे बच्चों को ज्ञान, अच्छे संस्कार और सद्गुण प्रदान करें ताकि वे समाज के लिए उपयोगी बन सकें।

स्वामी दयानंद ने शिक्षा को समाज और राज्य का महत्वपूर्ण दायित्व बताया। उन्होंने यह सुझाव दिया कि राज्य को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर बालक को उचित शिक्षा मिले। उन्होंने अपने ग्रंथ 'सत्यार्थ प्रकाश' में

उल्लेख किया कि माता-पिता को अपने बच्चों को पांच से आठ वर्ष की आयु के बीच विद्यालय अवश्य भेजना चाहिए। स्वामी जी ने इस बात पर बल दिया कि जो माता-पिता अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजते, उन्हें दंडित किया जाना चाहिए ताकि शिक्षा का महत्व हर व्यक्ति समझे और समाज में निरक्षरता समाप्त हो सके।

स्वामी दयानंद ने शिक्षा को केवल ज्ञान अर्जन तक सीमित न रखते हुए इसे समाज सुधार का महत्वपूर्ण साधन माना। उन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज में व्याप्त अज्ञानता, अंधविश्वास और रूढ़िवादिता को समाप्त करने का प्रयास किया। उन्होंने शिक्षा को व्यक्ति के चरित्र निर्माण और नैतिक उत्थान का आधार माना। उनका विश्वास था कि शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर, संस्कारवान और समाज के प्रति उत्तारदायी बनाती है।

स्वामी दयानंद ने बालक-बालिकाओं दोनों के लिए समान शिक्षा पर विशेष जोर दिया। उस समय समाज में स्त्रियों को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, जिसे उन्होंने समाज के पतन का प्रमुख कारण बताया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शिक्षा का अधिकार हर व्यक्ति को समान रूप से मिलना चाहिए, चाहे वह पुरुष हो या स्त्री। स्वामी जी के अनुसार, जो लोग स्त्रियों को शिक्षा से वंचित रखते हैं, वे समाज के विकास में बाधा उत्पन्न करते हैं।

स्वामी दयानंद ने वैदिक काल के उदाहरण देते हुए बताया कि उस समय स्त्रियां शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी थीं। उन्होंने गार्गी, मैत्रेयी, सुलभा और कात्यायनी जैसी विदुषियों का उल्लेख किया, जिन्होंने ज्ञान के क्षेत्र में महान उपलब्धियां हासिल की थीं। स्वामी दयानंद का मानना था कि यदि स्त्री शिक्षित होगी, तो परिवार और समाज का विकास तेजी से होगा। उनके इन विचारों से प्रेरित होकर महात्मा मुंशीराम और लाला देवराज जैसे आर्य समाज के नेताओं ने कन्या पाठशालाओं की स्थापना की, जिससे स्त्री शिक्षा को बढ़ावा मिला।

स्वामी दयानंद ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए आर्य समाज के 28 नियमों में आर्य विद्यालयों की स्थापना को विशेष स्थान दिया। उन्होंने इन विद्यालयों में वेदों और प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन को अनिवार्य बनाया ताकि विद्यार्थियों को सत्य, धर्म और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जा सके। इसके अतिरिक्त, स्वामी जी ने परोपकारिणी सभा के उद्देश्यों में अनाथ और निर्धन बच्चों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

स्वामी दयानंद सरस्वती का शिक्षा दर्शन आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उनका मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्ति को रोजगार दिलाना नहीं, बल्कि उसे ऐसा नागरिक बनाना है जो अपने कर्तव्यों को समझे और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पालन करे। उनके विचार शिक्षा को व्यक्ति के समग्र विकास का आधार मानते हैं, जो आज के युग में भी अत्यंत प्रासंगिक है।

स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा प्रतिपादित शिक्षा संबंधी विचारों ने भारतीय समाज में जागरूकता और सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से न केवल शिक्षा का प्रसार हुआ, बल्कि समाज में व्याप्त अज्ञानता, कुप्रथाओं और अन्याय के खिलाफ एक नई चेतना का संचार हुआ। उनकी शिक्षा नीति का उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना था, जो ज्ञान, नैतिकता और मानवता के मूल्यों पर आधारित हो।

निष्कर्ष – महर्षि दयानंद सरस्वती ने समाज को जागरूक करने के लिए शिक्षा को सबसे प्रभावी साधन माना। उन्होंने मंदिर निर्माण, विवाह, मृत्यु आदि अवसरों पर अनावश्यक खर्च को हतोत्साहित करते हुए उस धन को शिक्षा के प्रसार में लगाने का परामर्श दिया। उनका विश्वास था कि समाज में व्याप्त अज्ञानता, अंधविश्वास और रूढ़ियों का समाधान केवल शिक्षा के माध्यम से ही संभव है।

स्वामी दयानंद का मानना था कि शिक्षा व्यक्ति को सही-गलत का निर्णय करने की समझ प्रदान करती है। शिक्षा ही मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर, असत्य से सत्य की ओर, और मृत्यु से अमरत्व की ओर ले जाती है। ज्ञान ही वह साधन है जो मनुष्य को जीवन में सफल बनाकर उसे समाज के कल्याण के लिए प्रेरित करता है। स्वामी दयानंद के अनुसार, शिक्षा का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाए और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा दे। उन्होंने अपनी रचना 'सत्यार्थ प्रकाश' में शिक्षा पद्धति का विस्तार से वर्णन करते हुए इस बात पर बल दिया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्या का अर्जन न होकर समाज में नैतिकता, सद्भावना और सेवा के संस्कार उत्पन्न करना भी होना चाहिए।

महर्षि दयानंद सरस्वती के शिक्षा संबंधी विचार आज भी समाज को प्रगति के मार्ग पर ले जाने के लिए प्रेरणादायक हैं। उनका शिक्षादर्शन व्यक्ति के समग्र विकास, समाज के सुधार और राष्ट्र निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण आधारशिला के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. संपादक, पं. भगवद्दत्ता, सत्यार्थ प्रकाश, प्रथम संस्करण, सरस्वती भवन प्रकाशन, दिल्ली ,2012.
2. पराशर, संदीप, स्वामी दयानंद सरस्वती, प्रथम संस्करण, नेशनल बुक ट्रस्ट, दिल्ली ,2005 .
3. भाटिया, सुदर्शन, स्वामी दयानंद सरस्वती, प्रथम संस्करण, ज्ञान गंगा प्रकाशन, दिल्ली, 2004.
4. मित्तल, डॉ. सतीश चंद्र, भारत का सामाजिक आर्थिक इतिहास, प्रथम संस्करण ,प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली,2005.
5. दास, एम.एन., पुरी, बी.एन., चोपड़ा, पी.एन., भारत का सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक इतिहास (खंड 3), प्रथम संस्करण, सागर पब्लिकेशन, नई दिल्ली 1975.
6. शर्मा, रामकिशोर, दयानंद और भारतीय समाज सुधार आंदोलन, प्रथम संस्करण, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2010
7. अग्रवाल, महेश चंद्र, भारत में आर्य समाज का प्रभाव, प्रथम संस्करण, जयपुर, राजस्थान प्रकाशन मंडल, जयपुर, 2013
8. त्रिपाठी, हरिनारायण, महर्षि दयानंद के समाज सुधार कार्य, द्वितीय संस्करण, लखनऊ, साहित्य भवन प्रकाशन, 2011

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

नवीकरणीय ऊर्जा : भविष्य की आवश्यकता

प्रो. रेणुका पाटीदार*

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) भेरुलाल पाटीदार शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू, जिला इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – पृथ्वी पर सभी जीवन रूपों को अपने विकास के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है। हम इसे विभिन्न स्रोतों से प्राप्त करते हैं। इस प्रकार, आप देखते हैं कि कपड़े से लेकर भोजन तक जो कुछ भी आप उपयोग करते हैं, वह सब हम पृथ्वी पर मौजूद संसाधनों से प्राप्त करते हैं। दैनिक मानवीय गतिविधियों के लिए ऊर्जा का मुख्य स्रोत प्राकृतिक संसाधन हैं। हालाँकि, इन संसाधनों का उपयोग करने से हमारे आस-पास का वातावरण भी प्रभावित होता है। इस प्रकार, आप देखते हैं कि हमारे पास नवीकरणीय ऊर्जा और गैर-नवीकरणीय ऊर्जा है। ऊर्जा देश के आर्थिक विकास के लिए प्रमुख संसाधन हैं। प्राकृतिक वातावरण से प्राप्त होने वाला कोई भी स्थाई ऊर्जा स्त्रोत एक अक्षय ऊर्जा स्त्रोत हैं। नवीकरणीय ऊर्जा वह ऊर्जा हैं जो प्राकृतिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न होती हैं और लगातार पुन: भरती रहती हैं। ये स्त्रोत लगातार नवीकृत होते रहते हैं और खत्म नहीं होते। चूँकि विश्व स्तर पर धारणीय सतत विकास की अवधारणा पर जोर दिया जा रहा हैं। अत: यह नवीकरणीय ऊर्जा संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा दिए गए सतत विकास के 17 लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण संसाधन की भूमिका निभाती हैं। इस शोध पत्र में हम नवीकरणीय ऊर्जा के प्रकार , उसके साधन एवं महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानेगे।

शब्द कुंजी – सतत विकास , आर्थिक विकास , प्रदूषण , संयुक्त राष्ट्र संघ।

प्रस्तावना – किसी भी देश के आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा एक आवश्यक संसाधन हैं। बिना ऊर्जा के कोई भी देश आर्थिक विकास की ओर नहीं बढ़ सकता हैं। बढ़ती हुई जनसंख्या और अर्थव्यवस्था के विकास की होड में पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों का तेजी से दोहन हुआ हैं। नतीजतन इन संसाधनों की कमी होती चली गई और मनुष्य को ऐसे संसाधनों की जरूरत महसूस हुई जो प्रकृति की रक्षा करते हुए एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए संसाधनों की बचत करते हुए विकास में भागीदार बने। चूँकि चिंता पूरे विश्व की थी अत: साल 1992 में ब्राजील के रियो डी जनेरियो में पर्यावरण सम्मेलन हुआ। जिसमे धारणीय विकास की अवधारणा पर बल दिया गया। इस सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य था भावी पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करना एवं विश्व के सामने आने वाली तत्काल पर्यावरणीय , राजनीतिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना। 14 अक्टुबर 2016 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में वैश्विक धारणीय विकास लक्ष्य के 17 ऐसे पक्षों को अपनाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई। वास्तव में धारणीय विकास सम्पूर्ण विश्व में मानवीय गरिमा, समृद्धि , जैव मण्डल के संरक्षण तथा शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने से जुड़ा हुआ हैं। भारत के लिए इन चुनौतियों को स्वीकार करना बहुत कठिन हैं। चूँकि संयुक्त राष्ट्र संघ के 17 धारणीय विकास लक्ष्यों में भारत की मुख्य समस्याओं जैसे स्वास्थ्य, खाद्यान, शहरों का बुनियादी विकास, ऊर्जा स्त्रोतों का संतुलित प्रयोग, गरीबी उन्मूलन, असमानता, स्वच्छता, जलवायु परिवर्तन एवं पारिस्थितिकी तंत्र शामिल हैं , इसलिए यह भारत के लिए सामाजिक विकास का सुनहरा अवसर भी हैं।संयुक्त राष्ट्र संघ के 17 लक्ष्यों में से सातवा लक्ष्य सभी के लिए किफायती, विश्वसनीय, टिकाऊ और आधुनिक ऊर्जा तकपहुँचसुनिश्चित करना हैं। सन 1990 से 2010 के बीच बिजली तक पहुँचरखने वाले लोगों की संख्या में 17 बिलियन की वृद्धि हुई हैं और जैसे – जैसे वैश्विक जनसंख्या बढ़ती जा रही हैं वैसे-वैसे सस्ती ऊर्जा की मॉग भी बढ़ती जा रही हैं। जीवाश्म ईंधन पर निर्भर वैश्विक अर्थव्यवस्था और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि हमारे जलवायु तंत्र में भारी बदलाव ला रही हैं। इसका हर महाद्वीप पर स्पष्ट प्रभाव पड़ रहा हैं। इसलिए वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नया अभियान चलाया गया हैं, जो अक्षय ऊर्जा के नाम से जाना जाता हैं। सन 2011 में अक्षय ऊर्जा से वैश्विक बिजली उत्पादन में 20 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी थी जिसमे लगातार वृद्धि हुई हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा के प्रमुख प्रकार – नवीकरणीय संसाधन वे हैं जिनमें समय के साथ फिर से भरने की शक्ति होती है। ये मूलत: पाँच हैं। वे सौर, पवन, बायोमास, भूतापीय और जलविद्युत हैं। वे असीमित हैं और हम उनसे बाहर नहीं निकल सकते।

सौर ऊर्जा – हम जानते हैं कि सूर्य ऊर्जा का एक बड़ा स्रोत है। हम इस ऊर्जा को इकट्ठा करके उसे गर्मी और बिजली में बदल सकते हैं। हमारे लाभ के लिए इसका उपयोग करने के अन्य उपयोगी तरीके भी हैं। हालाँकि, सूर्य हमेशा दिखाई नहीं देता है, फिर भी, हम दिन के समय सौर पैनलों के माध्यम से इसका उपयोग कर सकते हैं।

इससे बिजली की बहुत बचत होगी। सौर ऊर्जा भविष्य है जिसे सभी को अपनाना चाहिए। यह बहुत किफायती भी है। इसके अलावा, यह छोटे समुदायों को बिजली देने के लिए भी पर्याप्त है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम .एन.आर.ई .) के अनुसार, भारत के भूमि क्षेत्र में प्रतिवर्ष 5000 ट्रिलियन-घंटे ऊर्जा प्राप्त होती है और अधिकांश भाग प्रतिदिन 4-7 किलोवाट-घंटे प्रति वर्ग मीटर ऊर्जा प्राप्त करते हैं। इसे फोटोवोल्टिक सेल के माध्यम से विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित

किया जाता है। पूरे देश की बिजली की आवश्यकता की पूर्ति के लिये कुल प्राप्त सौर ऊर्जा का एक छोटा सा हिस्सा ही पर्याप्त है। राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के अनुमान के अनुसार, 3 प्रतिशत बंजर भूमि क्षेत्र को सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल से कवर किये जाने से लगभग 748 गीगावाट बिजली उत्पन्न हो सकती है। जो भारत सरकार द्वारा लक्षित 100 गीगावट से कहीं अधिक है।

'सौर ऊर्जा न केवल वर्तमान में बल्कि 21वीं सदी में ऊर्जा जरूरतों का एक प्रमुख स्रोत बनने जा रही है क्योंकि सौर ऊर्जा निश्चित, शुद्ध और सुरक्षित है।'– प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी

जल ऊर्जा – जल ऊर्जा से तात्पर्य उस शक्ति से है जिसे हम बहते पानी की गतिज ऊर्जा के माध्यम से उत्पन्न करते हैं। पानी का द्रव्यमान बहुत अधिक होता है इसलिए बहते पानी का वेग बहुत अधिक होता है। इस प्रकार, इस वेग का उपयोग करके ऊर्जा बनाई जा सकती है।

हालाँकि, सूर्य के प्रकाश की तरह ही, किसी क्षेत्र में बहता पानी अप्रत्याशित होता है। फिर भी, हम इस ऊर्जा का उपयोग विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, बाँध और कृत्रिम झीलें जरूरत के समय हमारी कई बार मदद करती हैं।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सी.ई.ए.) द्वारा किये गए आकलन के अनुसार, भारत में 1,48,700एम.डब्ल्यू. की आर्थिक रूप से दोहन योग्य पनबिजली क्षमता है। यदि 94,000एम.डब्ल्यू. के पंप स्टोरेज की संभावित क्षमता में छोटी, लघु और सूक्ष्म जल विद्युत परियोजनाओं से लगभग 6700एम.डब्ल्यू. की संभावित क्षमता को शामिल किया जाए तो भारत की जलविद्युत क्षमता लगभग 2,50,000एम.डब्ल्यू. होगी। ऐसे में देखा जाए तो लंबे समय तक टिके रहने, कम लागत और उच्च दक्षता के साथ–साथ कई अन्य लाभों के बावजूद वर्तमान में इसके 30 प्रतिशत से भी कम का दोहन किया गया है। ऐसे में इसका समुचित दोहन कर 5 गीगावाट से कहीं अधिक नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है।

पवन ऊर्जा – पवन ऊर्जा एक बेहतरीन नवीकरणीय संसाधन है। इसका मतलब है हवा को दिशा में घुमाना जो ऊर्जा बनाने में मदद करता है। हम पवन ऊर्जा का उपयोग बिजली बनाने के लिए भी कर सकते हैं। यह बहुत किफायती भी है।

हालाँकि, सौर ऊर्जा की तरह ही, हवा के पैटर्न का भी अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। इसलिए, यह कभी–कभी ठीक से काम नहीं करता है, लेकिन, यह अभी भी एक बढ़िया विकल्प है।

राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (एन.आई.डब्ल्यू.ई.) द्वारा किये गए अध्ययन से ज्ञात होता है कि सात राज्यों– गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में पवन से बिजली उत्पादन की महत्त्वपूर्ण क्षमता है। भूमि सतह से 100 मीटर ऊपर (ए.जी.एल.) इन सात राज्यों की पवन ऊर्जा क्षमता 293 गीगावाट है और 120 मीटर ए.जी.एल. पर क्षमता 652 गीगावाट है। जो भारत सरकार द्वारा लक्षित 60 गीगावाट से कहीं अधिक है। ऐसे में सरकार त्वरित मूल्यह्रास लाभ के माध्यम से निवेश को प्रोत्साहित करके पवन ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा दे रही है।

अगर देखा जाए तो 7500 किमी. लंबी तटरेखा का प्राकृतिक लाभ होने के कारण भारत में अपतटीय पवन ऊर्जा का दोहन करने की अपार क्षमता है। इस अपार संभावना का लाभ उठाने हेतु भारत सरकार ने वर्ष 2015 में राष्ट्रीय अपतटीय पवन ऊर्जा नीति को अधिसूचित किया, जिसका प्राथमिक उद्देश्य देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र (एस.ई.जेट.) में अपतटीय पवन ऊर्जा अवसंरचना में निवेश को प्रोत्साहित करना है।

जैव ईंधन – जैव ईंधन को बायोमास भी कहा जाता है। वे नवीकरणीय ऊर्जा के एक विविध और तेजी से बढ़ते रूप को दर्शाते हैं। हम जीवित चीजों से कई सामग्रियों को ऊर्जा में बदल सकते हैं।

उदाहरण के लिए, हम सड़ते हुए पौधों, कचरे, खाद और यहाँ तक कि सीवेज का भी उपयोग कर सकते हैं। ये ईंधन कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करेंगे। इसके अलावा, यह कचरे के उचित निपटान में भी मदद करेगा। वर्तमान समय में इथेनॉल और बायोडीजल उपयोग में आने वाले सबसे प्रमुख जैव ईंधन में से हैं। इस दिशा में भारत सरकार जैव–ईंधन पर राष्ट्रीय नीति–2018 के माध्यम से सकारात्मक प्रयास भी कर रही है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत और डीजल में 5 प्रतिशत मिश्रण के लक्ष्य के साथ जैव ईंधन के प्रसार में गति लाना है। ऐसे में जैव–ईंधन तेल आयात पर निर्भरता और पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के साथ ही किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक हो सकता है।

महासागर और भूतापीय ऊर्जा – हम इस ऊर्जा को ऊष्मा ऊर्जा से प्राप्त करते हैं। यह ऊष्मा ऊर्जा पृथ्वी के भीतर से निकलती है। यह बहुत ही विश्वसनीय है और हम इसे स्थानीय स्तर पर आसानी से उत्पन्न कर सकते हैं। इसलिए, हम इसे बहुत ही लागत प्रभावी विकल्प के रूप में देखते हैं।

दूसरे शब्दों में, ऊष्मा पृथ्वी के केंद्र से पृथ्वी के मेंटल तक जाती है। इसके परिणामस्वरूप गर्म भूमिगत झरने बनते हैं। इसी तरह, हम इस ऊष्मा का उपयोग कई उद्देश्यों के लिए भी कर सकते हैं। इस प्रकार, भूतापीय ऊर्जा एक नवीकरणीय संसाधन के लिए एक बहुत ही उचित विकल्प है। जैसा कि हम सब जानते हैं कि महासागर धरातल का 70 प्रतिशत भाग घेरे हुए हैं और ज्वार ऊर्जा, तरंग ऊर्जा, थर्मल ऊर्जा आदि रूप ऊर्जा की एक विशाल राशि का प्रतिनिधित्व करते हैं। हमारे समुद्र और महासागरों की ऊर्जा क्षमता हमारी वर्तमान ऊर्जा आवश्यकताओं से कहीं अधिक है। आँकड़ों के अनुसार, ज्वारीय और तरंग ऊर्जा के लिये अनुमानित ऊर्जा क्षमता क्रमश: 12,455एम.डब्ल्यू. और 41,300एम.डब्ल्यू.है। ऐसे में इन ऊर्जा स्रोतों के इष्टतम दोहन हेतु विभिन्न तकनीकों का विकास किया जा रहा है।

जबकि भूतापीय ऊर्जा पृथ्वी के भू–पृष्ठ में संग्रहित ऊष्मा के स्रोत के रूप में होती है, जो सतह पर गर्म स्रोतों के रूप में निकलती है। भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जी.एस.आई.) ने अनुमान लगाया है कि भू–तापीय ऊर्जा से संभावित 10 गीगावाट बिजली क्षमता का दोहन किया जा सकता है।

हरित हाइड्रोजन– यह एक स्वच्छ ऊर्जा स्रोत है जो पवन, सौर और जलविद्युत जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके जल के विद्युत–अपघटन (इलेक्ट्रोलिसिस) के माध्यम से उत्पादित किया जाता है। इस दिशा में ऊर्जा की अपार संभावनाओं को देखते हुए वर्तमान प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2021 में भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य भारत को एक 'हरित हाइड्रोजन हब' बनाना है जो वर्ष 2030 तक 5 मिलियन टन हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और संबंधित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विकास के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा।

भारत सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास– भारत सरकार ने वर्ष 2070 तक नेट–जीरो कार्बन उत्सर्जन तथा वर्ष 2030 तक भारत की अक्षय ऊर्जा स्थापित क्षमता 500 जी.डब्ल्यू. तक विस्तारित करने का लक्ष्य रखा है। जिसे प्राप्त करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा कई प्रयास किये जा रहे हैं, जैसे– राष्ट्रीय बायोगैस और खाद्य प्रबंधन कार्यक्रम, सूर्यमित्र कार्यक्रम, सौर ऋण कार्यक्रम, पी.एम. –कुसुम योजना, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, सौर पार्क योजना, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सी.पी.एस.यू.) योजना, हाइड्रोजन मिशन, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन तथा बजट 2022–23 में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऊर्जा दक्षता, विद्युत गतिशीलता, भवन निर्माण दक्षता, ग्रिड से जुड़े ऊर्जा भंडारण और हरित बॉण्ड के लिये कई घोषणाएँ कीं जो नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन देने में अहम भूमिका निभाएंगी।

ऐसे में अक्षय ऊर्जा में आत्मनिर्भरता भारत की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये भी अहम है। आज आवश्यकता है कि भारत दूसरे देशों के लिये अक्षय ऊर्जा उपकरणों की आपूर्ति का एक स्रोत बने। उपर्युक्त विवरणों के आधार पर यह कहना अतिशयक्ति नहीं होगा कि यह क्षमता भारत में सुनिश्चित की जा सकती है और इसका व्यापक लाभ हम कई आयामों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा का महत्व :

1. नवीकरणीय ऊर्जा से कार्बन और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम होता है वस्तुत: पृथ्वी इनका प्राकृतिक रूप से पुनर्भरण करती रहती है। ये पृथ्वी पर असीमित मात्र में उपलब्ध हैं तथा प्रदूषण रहित होने के कारण पर्यावरण हितैषी हैं।
2. नवीकरणीय ऊर्जा से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होती हैजलवायु परिवर्तन को कम करती हैं।
3. नवीकरणीय ऊर्जा आर्थिक विकास को बढ़ाती है।
4. नवीकरणीय ऊर्जा सेआयात पर निर्भरता कम होती है।
5. नवीकरणीय ऊर्जाअर्थव्यवस्था में विविधता लाती है।
6. नवीकरणीय ऊर्जा से जीवाश्म ईंधनों की अप्रत्याशित मूल्य उतार–चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है।
7. नवीकरणीय ऊर्जा की लागत गैर–नवीकरणीय ऊर्जा की तुलना में कम होती है।
8. नवीकरणीय ऊर्जा गरीबी उन्मूलन में मदद करती हैनवीकरणीय ऊर्जा से समावेशी आर्थिक विकास होता है.।
9. नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बनते हैंजिससे रोजगार के अवसर पैदा होते हैं ।
10. नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों की अपेक्षा सस्ते एवं अधिक वहनीय हैं।
11. नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत ही भविष्य के ऊर्जा संसाधन है जो किसी भी राष्ट्र के धारणीय विकास को सुनिश्चित करेंगे।
12. यह धारणीय विकास लक्ष्य (एस डी जी) –7 'स्वच्छ एवं वहनीय ऊर्जा' के अनुकूल है।
13. चूँकि भारत कर्क रेखा पर अवस्थित है अत: भारत के अधिकांश भागों में वर्षभर सौर प्रकाश उपलब्ध रहता है, जिससे अत्यधिक मात्रा में सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा सकता है।

नवीकरणीय ऊर्जा के लाभ:

1. नवीकरणीय ऊर्जा पर्यावरण के अनुकूल होती है तथा इसमें न्यूनतम या लगभग शून्य कार्बन व ग्रीनहाउस उत्सर्जन होता है। जबकि इसके विपरीत जीवाश्म ईंधन ग्रीनहाउस गैस और कार्बन डाइऑक्साइड का काफी अधिक उत्सर्जन करते हैं।
2. नवीकरणीय संसाधनों से प्राप्त होने वाली ऊर्जा असीमित होती है। इसलिये इसे ऊर्जा का स्थायी स्रोत भी माना जाता है, जबकि जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त होने वाली ऊर्जा के स्रोत सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं।
3. नवीकरणीय ऊर्जा रोजगार सृजन में भी सहायक है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एन्वायरनमेंट एंड वॉटर (सी.ई.ई.डब्ल्यू.) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 100000एम.डब्ल्यू. सौर ऊर्जा और 60000 एम.डब्ल्यू. पवन ऊर्जा क्षमता विकसित करने के लक्ष्य से लगभग 13 लाख (1–3 मिलियन) प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।
4. नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग ऊर्जा के स्रोत के रूप में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को भी कम करेगा। इससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतों में काफी स्थिरता भी आएगी।
5. डब्ल्यू एच.ओ. की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में खाना पकाने में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल की वजह से हर साल 5 लाख मौतें हो रही हैं। ऐसे में अक्षय ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देकर मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है।
6. डब्ल्यू एच.ओ. एस.डी.जी.की रिपोर्ट के अनुसार, अक्षय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने से महिला सशक्तीकरण व लैंगिक समानता (एस.डी.जी.–5) में भी वृद्धि देखने को मिली है।
7. अक्षय ऊर्जा स्रोत ही भविष्य के ऊर्जा संसाधन हैं जो किसी भी राष्ट्र के धारणीय विकास (एस.डी.जी.–7– स्वच्छ एवं वहनीय ऊर्जा) को सुनिश्चित करेंगे। ऐसे में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ निरंतर बढ़ती जा रही हैं। अगर देखा जाए तो भारत पवन ऊर्जा क्षमता व सौर ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान पर है। देश में नवंबर 2022 तक गैर–जीवाश्म ईंधन स्रोतों से कुल 42 प्रतिशत ऊर्जा उत्पादन की क्षमता हासिल की जा चुकी है और इस दिशा में सरकार निरंतर आवश्यक कदम भी उठा रही है। बावजूद इसके इस क्षेत्र में कुछ चुनौतियाँ भी हैं, जो अभीष्ट लक्ष्य की प्राप्ति में बाधक बन रही हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा की चुनौतियाँ:

1. नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत में अभी भी नए अनुसंधान, आधुनिक विकास सुविधाओं तथा बुनियादीढाँचे की कमी है।
2. भारत, नवीकरणीय ऊर्जा के उपकरण अनिवार्य रूप से चीन, जर्मनी आदि देशों से आयात करता है। ऐसे में प्रणाली लागतमें वृद्धि की समस्या इस दिशा में एक गंभीर चुनौती है।
3. शुरुआत में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की स्थापना हेतु निवेश की आवश्यकता होती है। ऐसे में अत्यधिक निवेश की आवश्यकता संस्थाओं तथा आम जनमानस दोनों को हतोत्साहित करती है।
4. हमारे देश में अधिकांशत: अच्छी योजनाएँ राजनीतिक व प्रशासनिक इच्छाशक्ति के अभाव में दम तोड़ देती हैं। ऐसे में इस दिशा में भी भूमि अधिग्रहण की समस्या, सरकारी अनुमोदन मिलने में देरी,सामग्री आपूर्ति सीमा आदि प्रमुख चुनौतियाँ हैं।
5. अक्षय ऊर्जा हेतु आज भी हमारे देश के बैंकों में सुविधाजनक ऋण सुविधा का अभाव है, जिसके कारण इसका लाभ आम जनमानस

आसानी से नहीं प्राप्त कर पा रहा है।

6. इस संदर्भ में आज भी आम जनमानस के बीच जागरूकता की कमी है, जिसके कारण अक्षय ऊर्जा को अपनाने की गति धीमी है।

ऐसे में उपर्युक्त चुनौतियों को दूर करने के साथ ही ग्रीन फाइनेंसिंग एक्सप्रेस, हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन तथा राज्यों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिये। जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को कम करने और अक्षय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने हेतु लोगों, परिवारों, समुदायों, संगठनों, सरकार और अन्य हितधारकों को प्रासंगिक स्तरों पर शामिल किया जाना चाहिये ताकि इस दिशा में व्यापक परिवर्तन लाया जा सके।

इस प्रकार दुनिया की लगातार बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिये अक्षय ऊर्जा संसाधनों का उपयोग समय की मांग है और यह अनिवार्य भी है कि अधिकांश नई ऊर्जा की मांग को नवीकरणीय स्रोतों से पूरा किया जाए।

सारांश – संपूर्ण मानव समाज की बुनियादी जरूरतों की पूर्ति करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में ऊर्जा एक इंजन का कार्य करती है। हम जानते हैं कि जनसंख्या बढ़ने के साथ-साथ ऊर्जा की मांग भी बढ़ती जा रही है। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2040 तक देश में बिजली की खपत 1280 टेरावाट प्रति घंटा हो जाएगी। ऐसे में सीमित जीवाश्म-ईंधन आधारित ऊर्जा स्रोत हमारी भविष्य की इस मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। देश की बढ़ती जरूरतों की पूर्ति हेतु ऊर्जा के नवीकरणीय संसाधनों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

इसलिए प्रकृति प्रदत्त नवीकरणीय उर्जा संसाधनों का अधिक से अधिक प्रयोग करने की जरुरत हैं और इन संसाधनों के विकास के लिए उन्नत तकनीक को विकसित करने की बड़ी चुनौती दूसरी अन्य चुनौतियों के साथ अभी भी मुँह बाहे खड़ी है। हालाँकि मानव ने हमेशा हर चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया हैं और उस पर विजय पाने में हमेशा सफल भी रहा है।

'अब समय आ गया है कि हम अपने ग्रह को जलाना बंद करें और अपने चारों ओर प्रचुर नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करना शुरू करें।' (एंटोनियो गुटेरेस, यू.एन. महासचिव)

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नवीकरणीय ऊर्जा चुनौतियाँ और समाधान (2024) पीटर यांग द्वारा।
2. नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत और जलवायु परिवर्तन शमन (2011) आईपीसीसी द्वारा।
3. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा सौर ऊर्जा परिप्रेक्ष्य (2011)।
4. वैकल्पिक उर्जा : राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक - क्रिस्टोफर ए. साइमन द्वारा ।
5. http://www.drishtiias.com
6. http://www.eia.gov
7. http://www.un.org
8. http://www.india.gov.in
9. http://www.akshayurja.gov.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Digital Farming: New Perspective in Agricultural Development

Dr. Kumud Dubey* Dr. Avinash Dube**

*MLC Govt. Girls P. G. College, Khandwa (M.P.) INDIA
** S. N. Govt. P. G. College, Khandwa (M.P.) INDIA

Abstract : Digital farming combines farmers knowledge with new age technologies. It is the use of technology to improve crop quality and yields. It provides necessary resources, knowledge and skills for farmers to grow crops with proper management of natural resources. Technology has a major role in farming and agriculture practices and with the advent of digital technology, the scope has widened. The more digital farming is adapted the more precise farming can be, which helps to more efficient use of raw material.

Introduction - Agriculture is one of the major sectors in India that provide livelihood to a people. The majority of Indian population depends on agriculture as it is the major source of income. It is the oldest practice in the history of mankind. There has been tremendous growth and evolution in the field of agriculture.

Agriculture is important for more than just food production. It supplies raw materials to business including textiles, medicines and biofuels. Agriculture in India is largely dependent on nature, but climate and global warming issuemake farming unpredictable. The need of the hoursis to educate farmers in the use of modern technology and innovative approaches to increase productivity and raise profitability. Technology has a major role in farming and agriculture practices and with the advent of digital technology, the scope has widened. The use of modern technology has helped farmers to increase the production of crops and livestock.

The use of new technologies has also reduced the cost of production. The adaption of new technology has also led to the development of new methods of marketing and also created new jobs in agriculture sector. The present study deals with new technologies applied in farming sector. Availability of smart and digital apparatus make the farmer more aware with their job so that they can achieve their best in terms of production and also with environment conservation.

Digital Farming can help farmers by:

1. Improve crop yield and quality- By making more information about planting new varieties, fertigation, pest control.
2. Save time and money- By using resources more efficiently.
3. Conserve Inputs: By applying resources precisely.
4. Reduce waste: Precise application of resources.
5. Improve compliance: By ensuring compliance with food standards and nutrition tracking.

Principles of Digital farming: Principles of digital farming includes:

1. Precision farming: Providing crops and soil with the exact amount of water, nutrients and pesticides they need.
2. Robotics: Using autonomous tracks and drones to improve logistics and data collection.
3. Data- analysis: Using big data analysis and remote sensing to improve farm management.
4. Artificial Intelligent: To predict genetic outcomes and plant breeding innovations.
5. Internet of things: To connect farmers directly to consumers.

Emerging Techniques for Digital and Smart Farming:

Digital farming apps: These apps can help farmers make informed decisions in real time by providing a range of features. These include-

1. Agrimarket: It provides the market price of crops in markets within 50 km of the users lacation. It uses the users mobile GPS to automatically capture their location.
2. Agribegri: It is a farming market place app that advice farmers.
3. Pusa Krishi: This app provide information about technologies developed by the IARI (Indian Agriculture Research Institute).
4. Agrivi: This help agranians manage their enterprises by tracking field activities, controlling product quality and checking compliance with standards.
5. IFFCO Kissan App: It provides customized information to Indian farmers make more informed decisions.

6. De- Haat Farmer App: It is a one step platform that provides multiple services as frequent crop reminders, voice calls in regional languages, crop advisories, weather report, local mandi rates.
7. MP KISAN App: For farmers of MP, provides information on crop insurance claim calculation and future insurance premiums.
8. Agri setu: Knowledge and experience sharing platform for farmers, experts, suppliers and Buyers.
9. AgriCentral: A technology based app helps to make better decisions and increase profitability.

Apart from these Many more apps like Cropin Grow ,PM Kisan GOI,ICT 4 farmers , Ag Assist, My Cattle Manager , KISAN,Meghdoot, Mobi Agri, Boomitra Farmer ,Crop Survey,CIC Digital AgriHub, Digitalani Farmer ,Agriappare there which can serve for the betterment for Agriculture.

Soil Sensors: Nature of soil plays crucial role for farmers. By knowing the nature of soil farmer can enhance production and quality of products. Now a days various types of Soil Sensors are available by which one can know about Soil pH, Soil Temperature and humidity, Soil moisture etc.

Remote Sensing tools: Remote sensing tools are another add to help farmers. A small amount of wavelength from electromagnetic spectrum are used in remote sensors having application for agriculture purpose. The energy coming to plants in form of electromagnetic wave can be reflected, absorbed or transmitted by the plant. The reflection, absorption and transmission depends on the nature of plant and wavelength of energy. Remote sensing tools helps farmers in monitoring crop, monitoring water conditions, predicting weather condition, observing soil and air quality.

In addition to above tools devices like food sensors, Guidence and Tracing system, Variable rate input technology, Automatic section control, Automatic machinery and agriculture Robots, Drones can serve crucial role in farming digitalization.

By making use of new farming techniques farmer can achieve optimal crop development.

Digital Farming in Indian Context (Our Region): Digital agriculture has to be customized to be applicable to a typical Indian small farm if we want digital agriculture to be suitable and be available to a majority of Indian farms.Precise financial estimates of the cost of the technology per unit of land, per individual farmer and corresponding savings and return on investments are not available yet in Indian context. Thus, for digital agriculture to succeed in urban areas of India, the innovations must focus on low cast technology, easily portable hardware, policy renovations towards facilitating digital agriculture, renting and sharing platforms for agriculture equipment and machinery.In order to ensure its widespread adoption, the entire value chain will need to work together and come to an agreement on how to address these issues.

To promote digitization in agriculture, Digital agriculture Mission was launched in September 2024 by Govt. of India. In our area digital farming is steadily progressing with government actively promoting the use of technologies like GIS, remote sensing, digital platforms for market assessment and crop advisory services.

Some areas where progress is being made are pilot projects are implemented in certain districts to introduce precision farming practices, crop insurance registration is linked with land records and trainings to educate farmers on using digital tools and platforms. During interaction with farmers of Nimar and Malwa region it is found that the use of digital tools are not so common although they are using apps like *Damini*and social media platform.

Simultaneously some challenges, as not all farmers are comfortable using digital tools, and uneven internet connecting in rural areas, accurate data collection for local area are existing which require continued efforts and ensure equitable access to digital technologies for all farmers.

Conclusion: Digital agriculture is ICT and data ecosystem to support the development delivery of timely targeted information and services to make farming profitable, sustainable, delivery safe, nutrients and affordable food for all.Since farmlands varies in different areas a “one size fits all” management approach won’t work for every farmer. The digital transformation of agriculture has the potential to benefit all farmers independent of size. Not all digital tools benefit all farmers equally but they open the door for a more diverse offering of tailored solutions to bring the most possible benefit to each farmer and each field. As the agriculture is the foundation of civilization and stable economy. We can say that to get more precise farming it is needed to adopt more digital farming.

References: -

1. Beriya Abhishek (2020), Digital Agriculture: Challenges and possibilities in India, CSD working paper series.
2. Mahindru T. (2019), Role of Digital and AI technologies in Indian agriculture: Potential and way forword, NitiAyog, Govt. of India.
3. Narendra V. N. etal. (2019), Digital Agriculture, Bulletin of Environment, pharmecology and life- Science, vol. 8(6), May, pp 164-170.
4. Roy P. &Saha P. (2022), Digital agriculture, the future of Indian farming., food and scientific report, pp 10-14.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Digital Data Protection and Artificial Intelligence: A New Era in the World

Deepika Joshi *

*Research Scholar (Computer Science and I.T.) Janardan Rai Nagar Rajasthan Vidyapeeth University, Udaipur (Raj.) INDIA

Abstract : The modern world is encountering new challenges, and the nature and forms of crime have transformed. Where earlier physical conflicts dominated criminal activities, today, online and digital platforms have taken their place. Most work is now conducted digitally. All government schemes are being provided online, which requires individuals to share their personal information. At the same time, the use of social media compels people to disclose much of their private information voluntarily. However, uploading personal data on social media always carries a risk of misuse. In the present times, digital data is considered the new gold, and the importance of data security is increasing globally. European countries have already implemented strict data protection laws. India is also advancing towards this direction. The introduction of artificial intelligence has brought a modern revolution that has significantly impacted various fields. Every sector is striving to make use of artificial intelligence, highlighting its importance in development. The primary objective of artificial intelligence is to make human life easier and to facilitate operations efficiently. This research paper will discuss the significance and need for digital data protection and how artificial intelligence plays a role in regulating it. It will also examine the current data protection laws and how artificial intelligence contributes to legal frameworks for data security.

Introduction - Human rights are not only necessary but also extremely important for an individual's independent and dignified way of life. Without them, one cannot even imagine living as a human being. If these rights include personal identity and biometric data, they become even more significant. The Universal Declaration of Human Rights (1948) under Articles 8, 12, 17, 18, 19, and 28 is associated with these rights. At the national level, Articles 19 and 21 of the Indian Constitution also pertain to such rights. The Supreme Court has elaborated on these rights through various judgments. In the Aadhaar card case, *Puttaswami (R) vs. Union of India* (2017) 10 SCC, privacy was declared a fundamental right. Human rights are ethical principles that establish certain standards of human behavior. These rights are recognized separately from national and international laws. They are considered "inalienable" rights, meaning they are inherent to humans from birth and remain with them even after death. They are not influenced by a person's age, place of residence, language, or other factors. In this era of modern technology, any individual's information can reach any corner of the world in an instant. A person's personal information may be misused, leading to violations of human and fundamental rights. The issue of data protection was raised in the Indian Parliament in September 2023.

Institution Made Stricter: The institution was made stricter, following the recommendations of the Krishna Committee. However, this issue becomes significant only when discussions about data collection are held for a limited period. However, human rights organizations do not consider it a violation, as the European Union has already established a special law for data collection. Hence, it is seen as a necessary process, but its implementation remains incomplete. India is one of the 27 countries worldwide where individuals are considered guilty of data theft and misuse. The collection of personal data in India is included in the list of potentially harmful activities.

Since the year 2000, information technology has been made stricter, which has led to increased cyber security measures over the last few years. However, business activities related to data protection have not been fully regulated. The Indian government passed the **Personal Data Protection Bill 2023**, which includes regulations on listening to personal data. However, the law is still unclear on some aspects and does not entirely prohibit violations of human rights.

European Union's Data Protection Regulation Law 2016:

1. This law will create new international standards, particularly for the protection of online information on platforms such as Facebook, and will address data

breaches.
2. Due to this new law, the European Union will once again establish control over its data.
3. The European Union has imposed penalties of up to 20 million euro's (24 million dollars) or 4% of the company's annual global revenue for data misuse by companies.
4. This law legally ensures that individuals must be clearly informed about how their data will be used and must give their consent for its usage.

Statistics: The **Constitution of Human Rights** in Article 3 recognizes the importance of digital data protection, aligning with the **Universal Declaration of Human Rights in 1948**.

1. When rights are linked to personal digital data, they become as crucial as the right to property in a traditional sense.
2. With the advent of modern technologies, digital data has become extremely valuable today.
3. Compared to European countries, India lacks stringent digital data laws, leading to increased violations of privacy rights.
4. According to NCRB data (December 2023), 65,893 cybercrimes were registered in India in 2022, marking a 24.4% increase compared to 2021.
5. According to IBM cyber security reports, on average, a cybercrime occurs every 39 seconds, affecting around 2,200 people globally.
6. The Cyber Security Annual Report 2023 highlights an increase in the number of phishing incidents in the Netherlands.
7. Data security issues were not addressed in educational policies.
8. In 2021, the Indian government failed to implement a national cyber security framework.
9. In 2021, there were 7,867 data breaches in India.
10. India lacks a well-established policy on data collection and its use.

Significant Decline in Data Protection: Major data breaches in the world:

1. The largest attack in Paris
2. Inadequate data protection laws - European Union, Iceland
3. Lack of data protection laws - Malaysia, Nauru

Other Countries' Laws:

1. GDPR (General Data Protection Regulation) is the data and privacy protection law of the European Union.
2. It holds a rightful place in human rights concerning data privacy issues.
3. It regulates the collection and use of personal data.
4. It mandates the security of stored data.
5. It allows individuals to control their personal data.
6. It gives people the right to amend and update their information.
7. It provides legal provisions for the excessive collection and misuse of data.
8. In 2020, Article 30 of the GDPR gave rise to the "Right to be forgotten".

USA

1. The USA does not have a uniform federal data privacy law, but it does cover health data, financial data, etc.

Switzerland

1. The data law guarantees the right to privacy.
2. Data processing without an individual's consent is restricted.

Britain

1. The Cyber Crime Act is the strictest in the world.
2. Storing any person's computer information illegally can result in 6 months in jail and a £70 fine.
3. Unauthorized data usage is a criminal offense.

Canada

1. Data must be stored in an encrypted form.
2. It is necessary to report if data is lost or leaked.

Importance of Data Ethics

Aspect	Description
Consent	Information Confidentiality
Security	Data Processing
Citizen Rights	Commercialization
Web User Assistance	Sending Commercial Messages

Key Points of the Personal Data Protection Act, 2003

1. This law applies to the storage of personal digital data.
2. The user must be informed about how their data will be used. If the data is transferred to goods or services outside India, consent is required.
3. Special permission is needed for processing sensitive data, and it should not be used for unauthorized purposes.
4. Organizations must keep personal data accurate, secure, and up-to-date, and delete data once the purpose is fulfilled.
5. Individuals have the right to access, modify, and delete their personal data.
6. If data privacy is violated, legal action can be taken.

Artificial Intelligence (AI): Artificial intelligence is a branch of computer science focused on developing systems that can simulate human cognitive abilities. AI is currently being used in various fields such as education, healthcare, telecommunications, and automation. Many other industries are also adopting AI-based solutions.

AI is classified into the following types:

1. **Specialized Artificial Intelligence**
2. **General Artificial Intelligence**
3. **Human-like Artificial Intelligence**

AI emerged as an academic discipline in the 1950s. Between 1970 and 1975, research in AI led to many significant developments. In the 21st century, AI has become an integral part of digital technology. In 1956, the AI sector was formally established.

The Prime Minister has emphasized India's participation in AI-driven solutions, highlighting its role in

economic growth. The first global summit on AI was held in India on October 29. With the rise of AI, discussions on ethical considerations have also emerged. Ethical AI usage is necessary to prevent harm. Governments worldwide are setting policies to regulate AI applications. AI should be implemented responsibly to avoid misuse.

In 2020, the Indian Data Security Council was established. In the report presented by this council, several government initiatives have been mentioned to ensure a secure, reliable, scalable, and safe cyber space in India. These initiatives in the direction of "Cyber Security by Data Security" include:

1. Cyber Security India Initiative
2. Cyber Hygiene Center
3. National Cyber Crime Reporting Portal
4. Indian Cyber Abuse Reporting Center
5. Information Technology Act 2000
6. Digital Data Act 2023

Conclusion: The government can issue such guidelines for individuals and private organizations that ensure the protection of information infrastructure and keep the process of data protection in place. It should implement such standards that align cyber users' roles with moral integrity and legal framework, preventing potential legal violations and ensuring ethical leadership in society.

References:-

1. Competitive Review / January 2024, 103
2. Civic Cyber Links / June 2022, 27
3. Indian Cyber Security Council - Manuscript
4. Secure Cyber Infrastructure - Policy Framework
5. Information Technology Act 2000 (Government of India)
6. Personal Digital Data Act - Gazette (Government of India)

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

The Future of Fintech and its Role in Streamlining the Commerce Experience

Dr. Preeti Anand Udaipure*

***Assistant Professor, Govt. Narmada College, Narmadapuram (M.P.) INDIA**

7. Relaxation techniques: Try these steps to lower stress - Mayo Clinic. (n.d.). Retrieved June 19, 2024, from https://www.mayoclinic.org/healthy-lifestyle/stress-management/in-depth/relaxation-technique/art-20045368
8. Why Mental Health is Important for Students — McMillen Health. (n.d.). Retrieved June 19, 2024, from https://www.mcmillenhealth.org/tamtalks/student-mental-health

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्राचीन भारतीय प्रतिरक्षा एवं सैन्य संगठन व युद्ध में नैतिक नियमों की उपयोगिता वर्तमान संदर्भ में

डॉ. जे.के.संत*

* सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – रणक्षेत्र में युद्ध किस प्रकार करना चाहिए इस विषय में मनु ने व्यवस्था दी है –राजा को रणस्थल में चाहिए कि वह सेना को टोलियों अथवा जत्थों में आवश्यकता अनुसार विभाजित कर दें। इन जत्थों के अलग–अलग नायकों को नियुक्त उन्हें विभिन्न दिशाओं में स्थापित कर देना चाहिए। इन टोलियों के अलग–अलग नाम रख देना चाहिए जिससे कि उन्हें सुविध पूर्वक संबोधित किया जा सके और युद्ध के लिए आदेश दिया जा सके। यदि सेना अल्प हो तो सेहत युद्ध करना चाहिए और यदि विशाल हो तो उन्हें फैल –फुटकर युद्ध करने का आदेश देना चाहिए। मनु ने व्यूह रचना करके युद्ध करना श्रेयस्कर माना है।(महाभारत में पांडव कौरव के बीच व्यूह रचना करके ही युद्ध में अभिमन्यु को मारा गया था) इसीलिए उनके निर्देश है कि समय और परिस्थिति के अनुसार सूची या वज्र व्यूह बनाकर रणस्थल में युद्ध करना चाहिए। कुशलता पूर्वक युद्ध के लिए इन व्यहों की रचना का समर्थन महाभारत कार, कौटिल्य, कामन्दक आदि के ग्रंथों में भी किया गया है।[1]

युद्ध संचालन के विषय में मनु का आगे कथन है की समभूमि में रथारोहियों तथा अश्वारोहियों से पानी युक्त स्थानों पर नागारोहियों अथवा नौकारोहियों से और वृक्षों,झाड़ियों एवं कंटक वाले स्थलों में धनुर्धारियों एवं खंगचर्मधारण करने वाले सैनिकों को युद्ध में लगाना चाहिए। [2]

मानव धर्मशास्त्रकार ने अपने समय में कुछ ऐसे भू–भागों के नाम भी दिए हैं जहां के सैनिक विशेष कर वीर पुरुष माने जाते हैं। यह भूभाग कुरुक्षेत्र, मत्स्य, पांचाल और शुरसेन है। मनु यह आदेश देते हैं कि इस भूभाग में उत्पन्न योद्धाओं को सेना के अग्रभाग में रखना चाहिए। इन योद्धाओं को उत्साहित करते रहना चाहिए। इनकी हर समय जांच करते रहना चाहिए और इनकी चेष्ठाओं से परिस्थिति का बोध करते रहना चाहिए। इस प्रकार युद्ध संचालन के विषय में धर्मशास्त्र कारों के विचार महत्वपूर्ण है और जिनके व्यावहारिक रूप से आज भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

शत्रु को निर्बल बनाने की नीति–शत्रु को निर्बल बनाने के लिए कर्षण एवं उत्पीड़न की नीति का आश्रय लेना चाहिए। इस विषय में मनु का कथन है कि शत्रु के राष्ट्र को घेर कर, उसका उत्पीड़न करना चाहिए। शत्रु के घास, अन्न, जल और ईंधन आदि को भी नष्ट कर देना चाहिए। राष्ट्र के जलाशयों, नगर के दीवारों एवं परिखाओं को भी नष्ट कर देना चाहिए। रात्रि के समय में शत्रु राष्ट्र को विशेष रूप से त्रस्त करना चाहिए।[3] अन्य आचार्यो के मत का प्रतिपादन करते हुए कर्षण के प्रति कामन्दक का यह मत है कि राजा को कोष और दंड से रहित कर देना चाहिए और प्रधानमंत्री का वध करवा देना चाहिए।

युद्ध के नैतिक नियम – शास्त्रों में धर्म युद्ध के कतिपय नियमों का उल्लेख किया गया है। मनु युद्ध को वीरता प्रदर्शन संबंधी कृत्य मानते हैं। मनु ने छल कपट द्वारा योद्धा के वध की भर्त्सना की है। उन्होंने कुछ ऐसी परिस्थितियों का उल्लेख किया है जिसमें मानव का युद्ध स्थल में वध नहीं करना चाहिए। यदि हम गंभीरता पूर्वक इन परिस्थितियों की विवेचना करें तो कुछ सिद्धांत हमारे सम्मुख उपस्थित होते हैं जो इस प्रकार हैं –

(1) आयुध अथवा वहान विहीन शत्रु को मारना धर्म विरुद्ध है–आयुध अथवा वहां के अभाव के कारण जो व्यक्ति युद्ध करने में किसी प्रकार असमर्थ है, ऐसे व्यक्ति की असमर्थता का लाभ उठाकर उसका वध कर देना धर्मयुद्ध के विरुद्ध है। इस सिद्धांत की स्थापना में मनु ने कुछ उदाहरण दिए हैं , जो देखने योग्य हैं– भूमि पर स्थित (वाहन विहीन) व्यक्ति का वध नहीं करना चाहिए।आयुध रहित अथवा टूटे हुए आयुध वाले भीत अथवा व्रणयुक्त पुरुष का रणभूमि में वध नहीं करना चाहिए। इसी प्रकार वह पुरुष जो कवच रहित या नग्न है, उसका भी वध नहीं होना चाहिए।

(2) अपने विपक्षी अथवा शत्रु को सचेत करके युद्ध करना चाहिए–जो व्यक्ति असावधान अथवा युद्ध क्षेत्र में अचेत है, उनसे युद्ध नहीं करना चाहिए। जो व्यक्ति रणक्षेत्र में अचेत हो एवं दूसरे से युद्ध में संलग्न होने के कारण असावधान हो उसका वध किया जाना धर्मयुद्ध के नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। इस सिद्धांत के समर्थन में धर्मशास्त्रकारों का आदेश है कि सोते हुए, दूसरे से युद्ध में संलग्न अथवा भूमि पर बैठे हुए पुरुष का वध नहीं करना चाहिए।

(3) युद्ध न करने वाले का वध नहीं करना चाहिए– इस सिद्धांत में मनु का आदेश है कि जो व्यक्ति युद्ध नहीं कर रहा है केवल दर्शक है उसका वध नहीं करना चाहिए। [4]

(4) पराजय स्वीकार करने वाला व्यक्ति भी अवध्य होता है– इस सिद्धांत का उल्लेख करते हुये मानव धर्मशास्त्र कारों ने कहा है कि जिस व्यक्ति ने रणस्थल में अपनी पराजय स्वीकार कर ली है और विजेता योद्धा की शरण ग्रहण कर ली है तो ऐसा व्यक्ति अवध्य है अर्थात रणस्थल में हाथ जोड़े हुए,सिर के बाल खोले हुए, मैं तुम्हारा हूं ऐसा कहने वाले का वध नहीं करना चाहिए।

(5)पुरुषत्व विहीन व्यक्ति से युद्ध नहीं करना चाहिए– इस सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए रण–स्थल में नपुंसक के वध किए जाने का निषेध

किया गया है (इसी लिए महाभारत में श्रीखंडी का वध नहीं किया गया था)।

(6) भयाक्रान्त व्यक्ति का वध नहीं होना चाहिए– जो व्यक्ति युद्ध नहीं करना चाहता युद्ध से डर कर अथवा घबराकर भागना चाहता है ऐसे व्यक्ति का वध नहीं किया जाना चाहिए।

(7) निर्मम एवं क्रूर अस्त्रों का प्रयोग नहीं करना चाहिए– धर्म युद्ध के अंतिम सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए मनु का कथन है कि शत्रु का वध ऐसे आयुधों से नहीं करना चाहिए,जिसके प्रयोग से मनुष्य को विशेष पीड़ा पहुंचती है और जिनका प्रयोग क्रूरताऔरनृशंसता प्रदर्शन हेतु किया जाता है। इसी सिद्धांत के दृष्टि को ध्यान में रखकर उन्होंने क्रूर आयुधों, कर्णी (जो वाण विधकर कठिनाई से निकाले जा सकें) विष आदि से बुझाए गए तथा प्रज्वलित अग्नि युक्त अस्त्र–शस्त्रों के प्रयोग का सर्वथा निषेध किया है । क्योंकि ऐसे शास्त्रों के प्रयोग से वीरता का विशेष प्रदर्शन नहीं हो पता है बल्कि क्रूरता एवं नृशंसता का ही प्रदर्शन होता है। इस प्रकार शास्त्रकारों ने युद्ध में छल कपट ढूंढता का आश्रय लेकर शत्रु का क्रूरता एवं नृशंसता पूर्वक वध करना उचित नहीं माना है। वीरता प्रदर्शन करते हुए नियमानुसार शत्रु का पराजय करना तथा मनु के मतानुसार धर्म युक्त है इस प्रकार धर्म युद्ध नियमों की चर्चा आवस्तबधर्मसूत्र याज्ञवल्क्य स्मृति रामायण महाभारत शुक्र नीति आदि गन्थों में भी पाई जाती है। [5] गौतम ऋषि का कहना है कि जिन्होंने अश्व सारथी आयुध खो दिये हो, जिन्होंने हाथ जोड़ लिये हो, जिनके केश भागते–भागते बिखर गए हो जिन्होंने पीठ दिखा दी हो जो भूमि पर बैठ गए हो जो भाग कर वृक्ष पर चढ़ गए हो, जो दूत हो जो गाय या ब्राह्मण हो इनको छोड़कर किसी अन्य को समरांगण में मारना या घायल करना पाप नहीं है। [6] बौधायन धर्म सूत्र ने विषाक्त बाणों कर्णियों से मारना निसिद्ध माना है।[7] यही बात शांतिपर्व में भी कही गई है।

वर्तमान संदर्भ में अनुकरणीय – प्राचीन भारतीय राज्यशास्त्रीय चिंतन का नवमूल्यांकन करते समय हम देखते हैं कि प्राचीन भारतीय संस्थायें तथा उनका संगठन अत्यधिक प्रभावशाली था। प्रतिरक्षा व्यवस्था एवं सेना का संगठित स्वरूप आज के संगठित संदर्भ में भी उतना ही उपयोगी है जितना पहले था। सेना के प्रकार उनके अलग–अलग चिन्ह, सेना के अधिकारियों की दक्षता, युद्ध का उचित समय, व्यूह बनाकर सेना का आगे बढ़ाना इत्यादि बातें आदि भी बहुत कुछ बातें सिखाती हैं। युद्ध के नैतिक तरीकों को ही उचित माना है। विजयी राजा का पराजित राजा के प्रति सम्मानित कर्तव्य की भावना अनुकरणीय तथ्य है। इसी आधार पर भी राम ने सुग्रीव तथा विभीषण को जीता हुआ राज्य लौटा दिया था। अपनी अधीनता में नहीं रखा था। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के समय ताशकंद समझौता के अंतर्गत भी ऐसा ही किया गया था। संक्षेप में हम यह कह सकते हैं कि इस समय भी विश्व प्राचीन भारतीय राज्य शास्त्रियों का ऋणी है। एक बात अधिक ध्यान देने योग्य है कि युद्ध के समय राजा स्वयं युद्ध क्षेत्र में आगे रहता था। आज भी सेनापतियों तथा शासको को गंभीरता से इस पर विचार करना चाहिए।

निष्कर्ष – उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि भारतीय वांगमय में इस बात पर जोर दिया गया है कि पराजित राजा के राज्य का अपहरण नहीं किया जाना चाहिए, वरन उसकी शक्ति को सीमित कर उसको अपना मित्र बना लेना ही श्रेयस्कर होता है। और इसी में विजयी और विजित दोनों राज्यों का कल्याण निहित है। इस पर विशेष प्रकाश डालते हुए आचार्य कौटिल्य ने विजयी राजा को विशेष सावधानी बरतने का सुझाव दिया है। कौटिल्य के अनुसार विजेता राजा को अपने धर्म, प्रजा पर अनुग्रह करो कि मुक्ति, दान और प्रजा के कल्याण हेतु कार्यों द्वारा विजित प्रजा को प्रसन्न करना चाहिए।[8] जिस व्यक्ति ने अपने राजा के निमित्ता विशेष परिश्रम किया है, उसको विशेष अधिकार एवं धन देना चाहिए। विजेता राजा को अपने नवीन राज्य की प्रजा के अनुकूल ही वेशभूषा, भाषा एवं आचरण करना चाहिए। वहां के देवता, समाज, उत्सव, विहार आदि के प्रति भक्ति प्रदर्शित करनी चाहिए।[9] ईसवी चौथी से दसवीं शताब्दी तक इस सिद्धांत का बहुत अधिक पालन किया जाता था। गुप्त राजवंश के महान सम्राट समुद्रगुप्त का प्रयाग में जो स्तंभाभिलेख है उसमें भी यही सूचित होता है, कि उस समय इस सिद्धांत का पूरा अनुसरण किया गया था। कालिदास ने भी इस प्रथा का उल्लेख किया है, इलियट और डाउसन ने भी इसका उल्लेख किया है। प्रतिरक्षा व्यवस्था एवं सेना का संगठित स्वरूप आज के संगठित संदर्भ में भी उतना ही उपयोगी है, जितना पहले था। हम यह कह सकते हैं कि इस समय भी विश्व प्राचीन भारतीय राज्य शास्त्रियों का ऋणी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अर्थ0 10/6, द्रोर्णापर्व 75/27, 87/22–24, कर्णपर्व 11/14 व 29, कामन्दकीय, 19/40–55, अग्निपु0, 242/7–8
2. मनु 07/192
3. रेचंन कोशदण्डाभ्यां महामात्य वधस्त्था।
   एतत्कर्षण मित्या छुराचार्या: पीड़नम।। कामन्दकीय 08/58
4. नायुद्धमानं पश्यतं।। मनु0, 7/92 उत्तरार्ध, प्रथम–द्वितीय शब्द
5. आपस्तम्ब0 2/5/10/12 महाभारत, भीष्मपर्व 1/27–32 यज्ञ 01/326
6. गौतम0, 10/17–18
7. बौधायन धर्मसूत्र, 1/10/10, अर्थ0 13/4 में भी इन नियमों का उल्लेख पाया जाता है।
8. स्वर्ध कर्मानुग्रह परिरदामान कर्मभिश्च प्रकृति प्रिय हितान्यनवर्तेत 13/5
9. तस्मात्समान शील वेषभाषा चारतामुपगच्छेत
   देशदैवतसमाजोत्सव विहारेषु च भक्तिमनुवर्तेत।। अर्थ0 13/5

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

21वीं सदी का भारत और गांधीवाद

डॉ. नीरज कुमार *

* सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – महात्मा गांधी ने आजादी से पहले जिन समस्याओं पर विचार किया था और जो समाधान सुझाया था उनकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है और आगे भी बने रहने की पूरी संभावना है क्योंकि वे विशेषकर भारत के संबंध में गहरी समझ और नैतिकता पर आधारित रहे हैं। चाहे भारत के आर्थिक विकास और बढ़ती अमीरी के बीच संपत्ति के असंतुलित वितरण का सवाल हो या मशीनीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रयोग से विशाल जनसंख्या के रोजगार का सवाल, अति उपभोक्तावाद की ओर बढ़ते कदम और पर्यावरण की समस्या, हिंसा का बढ़ता स्तर, विरोध के शांतिपूर्ण संसाधनों की आवश्यकता और विश्व गुरु बनने तथा वसुधैव कुटुंबकम को चरितार्थ करने के लिए उनके विचार नये भारत में भी प्रासंगिक रहेंगे। महात्मा गांधी के शिष्यों ने संविधान और सरकारी योजनाओं में उनके विचारों को अपेक्षा से बहुत कम स्थान दिया। वर्तमान केन्द्र सरकार जो महात्मा गांधी के विचारों का समर्थक नहीं रही है वह अपनी कई स्कीमों और योजनाओं में महात्मा गांधी के विचारों का समर्थन करते दिखाई देती है।

शब्द कुंजी – उपभोक्तावाद, जनसंख्या, रोजगार, अहिंसा, असमानता।

प्रस्तावना – सोने की चिड़िया कहलाने वाला भारतवर्ष अंग्रेजी शासन के अधीन आकर पंगु हो गया था। इस देश के संसाधनों को ब्रिटेन के लिए लुटा खसोटा गया। जहां तक संभव हुआ भारत और उसके लोगों को चुसा गया, इसके धन–संपत्ति को सोख लिया गया। जब भारत आजाद हुआ उस समय यहां औद्योगिक विकास लगभग नग्न्य था। 1947 में भारत की साक्षरता 18 प्रतिशत थी। गरीबी का साम्राज्य था। तकनीक, आधारभूत ढ़ांचा और अर्थव्यवस्था का नये सिरे से निर्माण करना था। 15 अगस्त 1947 को संविधानसभा में दिए प्रसिद्ध भाषण ट्रिस्ट विद डेस्टिनी में भारत के अंतरिम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल ने कहा था, 'मध्यरात्रि की इस बेला में जब पूरी दुनिया नींद के आगोष में सो रही है, हिन्दुस्तान एक नई जिंदगी और आजादी के वातारण में अपनी आंख खोल रहा है।'[1]

उदारवादी प्रतिनिधि लोकतंत्र की खर्चीली शासन प्रणाली को सफलतापूर्वक अपनाकर और भारतीय लोकतंत्र की समाप्ति एवं तानाशाही शासन की स्थापना की समस्त नकारात्मक भविष्यवाणियों को धता बताकर दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना हुआ है जिसपर हर भारतीय को गर्व है इसलिए भी कि भारत में दुनिया के प्राचीनतम लोकतंत्र विद्यमान रहे थे। आजादी के बाद पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से प्राथमिकताओं के अनुसार भारत प्रगति करता रहा भले गति अपेक्षाकृत धीमी रही। भारत आर्थिक सुधार और उदारीकरण 1991 में किया। इसके साथ ही अपनी अर्थव्यवस्था को दुनियाभर के निवेशकों, वस्तुओं और सेवाओं के लिए खोला तो कुछ धीमी चाल के बाद रफ्तार पकड़ ली है। कोरोना काल में अर्थव्यवस्था में संकुचन के बाद भरपाई करते हुए भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत की छलांग लगाई थी। सामान्य परिस्थितियों में अधिकतम विकास दर 2010 में 8.5 प्रतिशत दर्ज की गई थी।[2] साल 2014 से 2023 के बीच भारत के जीडीपी में कुल 83 फीसद की बढ़त दर्ज की गई है। नौ सालों की वृद्धि दर के मामले में भारत चीन से सिर्फ एक फीसदी नीचे रहा है क्योंकि चीन की जीडीपी में 84 फीसद की बढ़त दर्ज की गई है।[3] इसी दौरान भारत ब्रिटेन, फांस, कनाडा, इटली और ब्राजील की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। लाइव मिंट के मुताबित, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी पिछले साल अक्टूबर में अनुमान लगाया है कि भारत साल 2027–28 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। आईएमएफ के साथ ही वैश्विक वित्तीय फर्म मॉर्गन स्टैनली ने भी पिछले साल अनुमान लगाया है कि 2027 तक भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।[4] अगर भारतीय जीडीपी मौजूदा औसत छह–सात फीसद की दर से भी आगे बढ़ती रहती है तो भी वह साल 2027 तक जर्मनी और जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी, क्योंकि इन देशों के लिए छह–सात प्रतिशत बढ़ोतरी तकरीबन असंभव ही है, क्योंकि जर्मनी और जापान की विकास दर क्रमश: ढाई और डेढ़ प्रतिशत ही है।[5]

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विजुअल कैपिटलिस्ट के अक्टूबर 2022 के जीडीपी के आंकड़ों के हिसाब से दुनिया के दस अमीर देशों की सूची इस तरह बनेगी :–

10. इटली, 1.99 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर
9. रूस, 2.113 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर
8. कनाडा, 2.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर
7. फ्रांस, 2.778 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर
6. ब्रिटेन, 3.199 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर
5. भारत, 3.469 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर
4. जर्मनी, 4.031 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर
3. जापान, 4.301 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर
2. चीन, 18.321 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर

1. अमेरिका, 25.035 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर[6]

1990 में चीनी अर्थव्यवस्था भारत की तुलना में थोड़ी ही बड़ी थी, लेकिन आज चीन की जीडीपी भारत से 5.46 गुणा बड़ी है।[7] चीन ने 1978 में और भारत ने 1991 में अपने यहां आर्थिक सुधार शुरू किए। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का महत्वकांक्षी लक्ष्य रखा है।[8] आज भारत दुनिया के कुल जीडीपी के चार फीसद का हिस्सेदार है। 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था 20 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी।[9] अमेरिकी विनिवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि भारत 2075 तक न केवल जापान और जर्मनी बल्कि अमेरिका को भी पीछे छोड़ते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वर्तमान में, भारत जर्मनी, जापान, चीन और अमेरिका के बाद दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। निवेश बैंक ने लिखा है कि नवाचार, प्रौद्योगिकी, उच्च पूंजी निवेश और बढ़ती श्रमिक उत्पादकता आने वाले वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था की मदद करेगी।[10] अर्थशास्त्र में 2001 के नोबल पुरस्कार विजेता माइकल स्पेंस का मानना है कि भारत का वक्त आ चुका है। प्रोफेसर माइकल स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में डीन हैं, उन्होंने बीबीसी से कहा, 'भारत जल्द ही चीन की बराबरी कर लेगा। चीनी अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ेगी लेकिन भारत की नहीं।'[11]

भारत या किसी भी देश को किसी भी क्षेत्र में प्रगति करने के लिए अपने संसाधनों का समुचित प्रयोग करते हुए आर्थिक प्रगति आवश्यक है। सौभाग्य से नये भारत में आर्थिक विकास तेजी से हो रहा है। भारत उभर रहा है। आज भारत न केवल अर्थिक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है बल्कि सामरिक क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता और प्रगति की ओर अग्रसर है। ग्लोबल फायरपावर की वेबसाइट के अनुसार अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत चौथी सबसे बड़ी सैन्य ताकत है। चन्द्रयान, मंगलयान, शुक्रयान की इसरो की परियोजनाओं के माध्यम से भारत अंतरिक्ष विज्ञान और व्यावसाय में स्थान बना रहा है। जेनरिक दवाओं का सबसे बड़ा उत्पादक है। कोविड 19 संकट में भारत ने वैक्सीन उपलब्ध कराकर दुनिया में संकट के समय अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्लोबल साउथ के देशों में भारत की छवी अच्छी बनी है। भारत के तकनीकी, शैक्षणिक और आर्थिक विकास से ये देश प्रेरणा ले रहे हैं। भारत इन देशों का नेता बनकर उभरा है। भारत को पश्चिमी देशों में भी महत्व दिया जा रहा है।

भारत में मध्यम वर्ग की बड़ी आबादी को उपभोक्ता के रूप में देखा जा रहा है। जिसपर दुनिया भर के बहुराष्ट्रीय कंपनियों और औद्योगिक देशों की नजर है। बड़ी संख्या में कामगार वर्ग की उपलब्धता, अंग्रेजी जानने वाले तकनीशियनों आदि के कारण भारत दुनिया का बैक ऑफिस बना हुआ है और मैनुफैक्चरिंग के क्षेत्र में प्रगति की ओर अग्रसर है। इंटरनेट के क्षेत्र में भी भारत आगे की ओर है। भारत का साक्टवेयर के क्षेत्र में अग्रणी स्थान है।

इस प्रगतिशील नये भारत में राष्ट्रपिता, महान विचारक, नेता और कर्मयोगी महात्मा गांधी की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान महान भारत के सपने देखे थे। भारत की कई चुनौतियों और समस्याओं पर विचार किया था। उन समस्याओं से नया भारत भी जुझ रहा है। एक सशक्त, उन्नत, खुशहाल और महान राष्ट्र बनना है तो भारत को उन चुनौतियों से पार पाना होगा।

प्रख्यात अमेरिकी अर्थशास्त्री स्टीव हैंके जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय में एप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रोफेसर हैं, जिन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन की आर्थिक सलाहकार परिषद में भी काम किया है। बीबीसी हिंदी से बात करते हुए वो कहते हैं,'भारत समस्याओं से दबा हुआ है। इंग्लैंड में भारतीय मूल के राणा मित्तर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में आधुनिक चीन के इतिहास और राजनीति के प्रोफेसर हैं और चीन पर उन्होंने कई किताबें लिखी हैं। उन्होंने बीबीसी हिंदी को एक ईमेल इंटरव्यू में बताया कि भारत को अपने युवाओं को अधिक कुशल बनाने और शिक्षा पर अधिक खर्च करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा,'भारत की जनसंख्या युवा है, लेकिन चीन अभी भी शोध और विकास पर अधिक खर्च करता है, इसलिए भारत को अपनी जनसंख्यिकी से पूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए शिक्षा पर अधिक निवेश करना होगा।'[12]

आर्थिक असमानता का व्यापक दायरा है। जिससे देश की एक बड़ी आबादी बहुत की कम आय पर विपरीत परिस्थितियों में जीवन यापन कर रही है। भारत तीसरी अर्थव्यवस्था भी बन जाएगी तो भी इसमें ज्यादा सुधार होने की संभावना नहीं है। आलोक पुराणिक मानते हैं, 'जहां एक ओर भारत दुनिया की तीसरी शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने की ओर कदम बढ़ा रहा है। वहीं, इससे आर्थिक गतिविधियों में बढोतरी होगी जिसका लोगों को फायदा मिलेगा। लेकिन इससे आम लोगों की जिंदगी और उनकी आर्थिक समृद्धि में नाटकीय बदलाव होने की संभावना कम है।'[13] 2023 में ऑक्सफैम ने वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की वार्षिक बैठक के दौरान अपनी वार्षिक असमानता रिपोर्ट 'सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट : द इंडिया स्टोरी' में बताया है कि भारत के सबसे अमीर 1 प्रतिशत लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा है। देश की आधी यानी 50 प्रतिशत आबादी के पास इंडिया की कुल संपत्ति का सिर्फ 3 प्रतिशत है। इसके अनुसार भारत में अरबपतियों की कुल संख्या 2020 के 102 से बढ़कर 2022 में 166 हो गई है। भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की संयुक्त संपत्ति 660 अरब डॉलर (54.12 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंच गई है। यह एक ऐसी राषि है जो 18 महिने से ज्यादा के पूरे केन्द्रीय बजट को फंड दे सकती है।[14]

जब यह देश 1950 में लोकतांत्रिक घोषित हुआ तो देश में प्रजातांत्रिक समाजवाद स्थापित करने की घोषणा की गई थी। क्या कारण है कि यह लक्ष्य आज भी ध्रुवतारे की तरह कहीं दूर ठिठका हुआ लगता है। अरबपति खरबपति हो गए हैं और निर्धन और निर्धन हो हाने की राह पर चल दिए।[15]

प्रति व्यक्ति की दृष्टि से देखा जाए तो भारत की स्थिति अभी भी बहुत खराब है। भारत में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 2.6 हजार अमेरिकी डॉलर है तो अमेरिका में ये आंकड़ा 80 हजार डॉलर से ज्यादा है।16 भारत में प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय 2.6 हजार डॉलर है लेकिन इसमें अरबपतियों की आय भी सम्मिलित है। यहां एक ओर दुनिया के सबसे सुविधाभोगी लोग हैं तो दूसरी ओर घोर अभाव में कठिनतम स्थिति में किसी तरह जीवन यापन करते लोग भी हैं।

महात्मा गांधी उद्योगवाद को विशेषकर भारत के लिए पसंद नहीं करते थे जिसकी ओर भारत बढ़ रहा है तथा इसमें अभी बहुत प्रयास करके उंचाईयां छूने के लिए दृढ़ संकल्पित है। नये भारत में महात्मा गांधी के इस बात को स्वीकार करते हुए उद्योगवाद से दूर जा पाना मुश्किल है यही आज की वास्तविकता है। औद्योगिक उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर मशीनों का प्रयोग होता है। महात्मा गांधी हर तरह के मशीन के खिलाफ नहीं थे। उन्होंने कहा था कि व्यक्ति के परिश्रम की बचत मशीन का लक्ष्य होना चाहिए और प्रामाणिक मानव-कल्याण का विचार, न कि लोभ, उसका हेतु होना चाहिए।

लोभ के स्थान पर प्रेम को बिठा दीजिए, फिर सब ठीक हो जायगा। व्यक्ति के परिश्रम की बचत मशीन का लक्ष्य होना चाहिए और प्रामाणिक मानव-कल्याण का विचार, न कि लोभ, उसका हेतु होना चाहिए। लोभ के स्थान पर प्रेम को बिठा दीजिए, फिर सब ठीक हो जायगा। 17 वे सिंगर की सिलाई की मशीन का स्वागत करते हैं। वे कहते हैं कि मेरा विरोध यंत्रों के लिए नहीं है, बल्कि यंत्रों के पीछे जो पागलपन चल रहा है, उसके लिए है। 18 वे आगे कहते है कि उनसे मेहनत जरूर बचती है, लेकिन लाखों लोग बेकार होकर भूखों मरते हुए रास्तों पर भटकते हैं। समय और श्रम की बचत तो मैं भी चाहता हूं, परंतु वह किसी खास वर्ग की नहीं, बल्कि सारी मानव-जाति की होनी चाहिए। कुछ गिने-गिनाये लोगों के पास संपत्ति जमा हो ऐसा नहीं, बल्कि सबके पास जमा हो ऐसा मैं चाहता हूं। आज तो करोड़ों की गरदन पर कुछ लोगों के सवार हो जाने में यंत्र मद्दगार हो रहे हैं।[19] उनका कहना था कि सबसे पहले वैज्ञानिक सत्यों और आविष्कारों को निरे लोभ के साधन नहीं रहना चाहिये।[20]

महात्मा गांधी भले ग्रामीण और श्रम प्रधान अर्थव्यवस्था के पक्षधर रहे हैं लेकिन नया भारत उद्योगवादी, शहरी और बाजार अर्थव्यवस्था की ओर ही बढ़ रहा है। महात्मा गांधी के विचार इसके माध्यम से फैल रही आर्थिक असमानता को कम करने और सर्व कल्याण के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। औद्योगिकरण के परिणामस्वरूप जो असमानता और शोषण की परिस्थितियां उत्पन्न होती है उससे निपटने के लिए साम्यवादी क्रांति के विकल्प के रूप में गरीबों-वंचितों के लिए और एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए महात्मा गांधी के विचार महत्व रखते हैं। पूंजीपतियों में जो स्वार्थपरता है उससे उन्हें उपर उठाना चाहते हैं और उनको सबके कल्याण के लिए कार्य करने वाले योग्य साधन के रूप में बदल देना चाहते हैं। उद्योगपतियों को संपत्ति का न्यासी बना देना चाहते हैं।

वे मानते थे कि यदि वे उपकार की भावना रखकर अपनी बुद्धि का उपयोग करें तो राज्य का ही काम करेंगे। ऐसे लोग संरक्षक बनकर रहते है, और किसी भी रूप में नहीं। मैं बुद्धिशाली आदमी को अधिक कमाने दूंगा, उसकी बुद्धि को कुंठित नहीं करूंगा। परंतु उसकी अधिकांश कमाई राज्य की भलाई के लिए वैसे ही काम आनी चाहिए, जैसे कि बाप कि सारे कमाऊ बेटों की आमदनी परिवार के कोष में जमा होती है। वे अपनी कमाई के संरक्षक बनकर ही रहेंगे।[21] महात्मा गांधी कहते हैं, यदि समाज का हरएक सदस्य अपनी शक्तियों का उपयोग व्यक्तिगत स्वार्थ साधने के लिए नहीं बल्कि सबके कल्याण के लिए करे, तो क्या इससे समाज की सुख-समृद्धि में वृद्धि नहीं होगी? हम ऐसी जड़ समानता का निर्माण नहीं करना चाहते, जिसमें कोई आदमी अपनी योग्यताओं का पूरा-पूरा उपयोग कर ही न सके। ऐसा समाज अन्त में नष्ट हुए बिना नहीं कर सकता। इसलिए मेरी यह सलाह बिलकुल सही है कि धनवान लोग चाहे करोड़ों रुपये कमायें (बेशक ईमानदारी से ही), लेकिन उनका उद्देश्य सारा पैसा सबके कल्याण में समर्पित कर देने का होना चाहिए।[22]

यही निहितार्थ लिए हुए जॉन रॉल्स अपने प्रक्रियात्मक न्याय सिद्धांत में बताते है कि समाज के योग्य और संपत्तिशाली लोगों की कमाई में समाज के सबसे कमजोर को अवसर की समानता को बढ़ाने के लिए लाभ मिलना चाहिए। वे समाज को एक जंजीर की तरह देखते हैं और कहते है कि यह समाज उतना ही मजबूत माना जाएगा जितना की उस जंजीर की सबसे कमजोर कड़ी। इसलिए समाज को मजबूत बनाने के लिए ऐसी कमजोर कड़ी को खोजकर सबसे पहले मजबूत किया जाना चाहिए।

ऐसे ही विचार 2023 में ऑक्सफैम ने वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की वार्षिक बैठक के दौरान अपनी वार्षिक असमनता रिपोर्ट 'सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट : द इंडिया स्टोरी' में व्यक्त किये गये हैं कि भारत के 10 सबसे अमीरों पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाने से 1.37 लाख करोड़ रुपए जुटाए जा सकते हैं। यह 2020-2023 के लिए हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर मिनिस्ट्री (86,200 करोड़ रुपए) और आयुष मंत्रालय (3050 करोड़ रुपए) के अनुमानित फंड्स से 1.5 गुना ज्यादा है। इतने पैसों से देश के सभी बच्चों को स्कूल भेजने के लिए पूरा पैसा मिल सकता है। ऑक्सफैम ने कहा, 'अगर भारत के बिलियनेयर्स पर उनकी टोटल वेल्थ पर 2 प्रतिशत की दर से एक बार टैक्स लगाया जाए, तो इससे देश में अगले तीन साल तक कुपोषित लोगों के पोषण के लिए 40,423 करोड़ रुपए की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।'[23]

संपत्ति का व्यापक असमान वितरण न केवल सामाजिक भेदभाव उत्पन्न करता है बल्कि सत्ता पर संपत्तिशाली का अनुचित प्रभाव भी स्थापित कर देता है। इस बुराई से भी महात्मा गांधी वाकिफ थे। आज भारत में ऐसा होता हुआ दिखाई देता है। सत्ता पर भारत के उद्योगपतियों के प्रभाव के आरोप विपक्ष द्धारा लगाए जाते रहे हैं। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया को माना जाता है। भारत की अधिकांश मीडिया संस्थान पूंजीपतियों के स्वामित्व में हैं। महात्मा गांधी का विचार था कि जब तक मुठीभर धनवानों और करोड़ों भूखे रहने वालों के बीच भारी अन्तर बना रहेगा, तब तक अहिंसा की बुनियाद पर चलने वाली राज-व्यवस्था कायम नहीं हो सकती।[24] उन्होंने यहां तक कहा था कि अगर धनवान लोग अपने धन को और उसके कारण मिलने वाली सत्ता को खुद राजी-खुशी से छोड़कर और सबके कल्याण के लिए सबके साथ मिलकर बरतने को तैयार न होंगे, तो यह तय समझिये कि हमारे देश में हिंसक और खूंख्वार क्रांति हुए बिना न रहेगी।[25]

महात्मा गांधी ने स्वतंत्र भारत के लिए सपना देखा था कि आजाद हिन्दुस्तान में देश के बड़े से बड़े धनवानों के हाथ में हुकूमत का जितना हिस्सा रहेगा, उतना ही गरीबों के हाथ में भी होगा; और तब नई दिल्ली के महलों और उनकी बगल में बसी हुई गरीब मजदूर बस्तियों के टूटे-फूटे झोंपड़ों के बीच जो दर्दनाक फर्क आज नजर आता है, वह एक दिन को भी नहीं टिकेगा।[26]

क्या नये भारत में भी गरीबों पिछड़ों की हितों की रक्षा के लिए महात्मा गांधी के उपर्यूक्त विचार की प्रासंगिकता नहीं रहेगी? अवश्य रहेगी। भारतीय संविधान के भाग 4 में राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व में अनुच्छेद 39 के खंड (ख) और (ग) में राज्य द्धारा अनुकरणीय नीति तत्व में कहा गया है कि (ख) समुदाय के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस प्रकार बंटा हो जिससे सामूहिक हित का सर्वोत्तम रूप से साधन हो; और (ग) आर्थिक व्यवस्था इस प्रकार चले जिससे धन और उत्पादन साधनों का सर्वसाधारण के लिए अहितकारी संकेंद्रण न हो।[27] इस लक्ष्य को प्राप्त करना सरकारों का दायित्त्व है। जिसे प्राप्त करने में महात्मा गांधी के विचार सहायता करते हैं।

महात्मा गांधी कहते हैं, 'भारत में लाखों लोग ऐसे हैं जिन्हें दिन में केवल एक ही बार खाकर संतोष कर लेना पड़ता है; और उनके उस भोजन में भी सूखी रोटी और चुटकीभर नमक के सिवा और कुछ नहीं होता। हमारे पास जो कुछ भी है उस पर हमारा और आपका तब तक कोई अधिकार नहीं है जब

तक इन लोगों के पास पहनने के लिए पूरा कपड़ा और खाने के लिए पूरा अन्न नहीं हो जाता।'[28] नये भारत में स्थिति ऐसी नहीं है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य सुरक्षा के माध्यम से इससे पार पाया जा सका है। समृद्धि का विस्तार हो रहा है। लेकिन महात्मा गांधी ने आर्थिक समानता के लिए कार्य करने का अर्थ बताया था कि एक ओर से जिन मुटठीभर पैसे वाले लोगों के हाथ में राष्ट्र की संपत्ति का बड़ा भाग इकटठा हो गया है, उनकी संपत्ति को कम करना; और दूसरी ओर से जो करोड़ों लोग अधपेट खाते और नंगे रहते हैं, उनकी संपत्ति में वृद्धि करना।[29] आज के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा सकता है।

भारत 2023 में चीन को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया है। भारत के पास विश्व भूमि का 2.4 फीसदी है लेकिन यहां विश्व की 18 फीसदी आबादी बसती है। भारत के लिए इतनी आबादी को सुविधाएं उपलब्ध कराना एक चुनौती है तो अवसर भी है। भारत के पास युवा आबादी की बड़ी संख्या है। ऐसा किसी अन्य देश के पास नहीं है। इन्हें कुशल बनाकर अवसर के रूप में बदला जा सकता है।

ब्लूमबर्ग ने संयुक्त राष्ट्र के विश्व जनसंख्या डैशबोर्ड के हवाले से बताया कि भारत की जनसंख्या 1.428 142.86 करोड़ से अधिक है। जबकि, चीन की आबादी 1.425 अरब 142.57 करोड़ है।[30] यूएनएफपीए की रिपोर्ट के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत 15 से 64 वर्ष आयु वर्ग में हैं। इसके अलावा 7 प्रतिशत 65 से ऊपर के आयु वर्ग में हैं। विभिन्न एजेंसियों के अनुमान से पता चला है कि भारत की जनसंख्या लगभग तीन दशकों तक बढ़ती रहने वाली है।[31] भारत चाहता है कि युवा शक्ति का लाभ उठाकर अर्थव्यवस्था को उंचाई पर ले जाया जाये। माना जाता रहा है कि उदारीकरण और वैश्वीकरण अवसरों को बढ़ाते हैं और रोजगार में वृद्धि करते हैं लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक के एक अध्ययन पर आधारित यह विश्लेषण काबिल-ए-गौर है कि 1999-2000 में अगर जीडीपी 1 प्रतिशत बढ़ती थी तो रोजगार में 0.39 प्रतिशत का इजाफा होता था। 2014-15 तक आते-आते स्थिति यह हो गयी कि 1 प्रतिशत जीडीपी बढ़ने से सिर्फ 0.15 प्रतिशत रोजगार बढ़ता है। मतलब जीडीपी बढ़ने, पूंजीपतियों का मुनाफा बढ़ने से अब लोगों को रोजगार नहीं मिलता। इसलिए जब कॉरपोरेट मीडिया अर्थव्यवस्था में तेजी-खुशहाली बताए तो भी उससे आम लोगों को खुश होने की कोई वजह नहीं बनती।32 आज चांद पर जाने की जितनी चिंता है, धरती पर रोजगार को लेकर नहीं। गांधी विज्ञान के विरोधी न थे, लेकिन उन्हें 'इकोनॉमी' को लेकर ज्यादा चिंता थी। वे देश के बेरोजगारों को लेकर चिंतित थे, जो 21वीं सदी में बड़े पैमाने पर बढ़ रहे हैं। वस्तुत: आज सिर्फ आर्थिक वृद्धि देखी जाती है, रोजगार घट रहे हैं कि बढ़ रहे हैं, इससे मतलब नहीं होता।[33]

हालांकि वर्तमान में फिर से दुनियाभर में अर्थव्यवस्था के खूलेपन के स्थान पर संरक्षतावाद दिखाई देने लगा है। आत्मनिर्भरता की बात भी की जाने लगी है। भारत के प्रधानमंत्री भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आत्मनिर्भरता की नीति पर चल रहे हैं। यह महात्मा गांधी के स्वदेशी की भावना को ही अभिव्यक्त करता है। महात्मा गांधी के अनुसार, 'स्वदेशी की भावना का अर्थ है हमारी वह भावना, जो हमें दूर को छोड़कर अपने समीपवर्ती प्रदेश का ही उपयोग और सेवा करना सिखाती है।' अर्थ के क्षेत्र में मुझे अपने पड़ोसियों द्वारा बनायी गयी वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए और उन उद्योगों की कमियाँ दूर करके, उन्हें ज्यादा सम्पूर्ण और सक्षम बनाकर उनकी सेवा करना चाहिए।'[34] महात्मा गांधी का मानना था कि आर्थिक और औद्योगिक जीवन में हमने स्वदेशी के नियम को भंग किया है। इसीलिए जनता की अधिकांश गरीबी का कारण विदेशों पर निर्भरता है।[35]

महात्मा गांधी की सबसे बड़ी चिंता भारत की विशाल आबादी को काम उपलब्ध कराने की थी मशीनीकरण और उद्योगवाद का विरोध संपत्ति के संकेन्द्रण के साथ-साथ बेरोजगारी बढ़ने की चिन्ता भी थी। नया भारत में मशीनीकरण और औद्योगिकरण जोर शोर से हो रहा है। बेरोगारी दर बढ़ रही है। ऐसे में पकौड़े तलने जैसे रोजगार भी सुझाए जा रहे हैं। बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए स्व-रोजगार, कुटीर उद्योग को सरकार द्वारा मुद्रा योजना और कई योजनाओं के माध्यम से महात्मा गांधी के विचारों पर चलने का प्रयास हो रहा है। महात्मा गांधी का कहना था कि देश के हर नागरिक को पूरा काम देने वाली अर्थव्यवस्था खड़ी करने के लिए हमें उद्योगवाद का, केन्द्रित उद्योग-धंधों का और अनावश्यक यंत्रों का त्याग करना होगा।[36] भारत सरकार ने स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और इसके साथ लघु और कुटीर उद्योगों के विकास पर भी पूरा ध्यान देना शुरू कर दिया है। कोशिश यह है कि भारत अब आयात आधारित अर्थव्यवस्था से निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था बने।[37] महात्मा गांधी को डर था कि भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश के लिए बेरोजगारी की समस्या को मशीन से बढ़ावा मिल सकता है। उन्हें यह भी डर था कि ऐसे यंत्र नहीं होने चाहिए जो काम न करने के कारण आदमी के अंगों को जड़ और बेकार बना दें।[38] उन्होंने कहा है कि यंत्रों से काम लेना उसी अवस्था में अच्छा होता है, जब कि किसी निर्धारित काम को पूरा करने के लिए आदमी बहुत ही कम हों या नपे-तुले हों। पर यह बात हिन्दुस्तान में तो है नहीं। यहां काम के लिए जितने आदमी चाहिए, उनसे कहीं अधिक बेकार पड़े हुए हैं।[39]

निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के साथ ही साथ घरेलू उपभोक्ताओं के मांग में भी वृद्धि के प्रयास किये जा रहे हैं ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था का तेजी से विकास हो और लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। वर्तमान समय में उच्च जीवन स्तर मापने का तरीका उच्च उपभोग का स्तर है। ऐसे अर्थशास्त्र से उपभोक्तावाद को बढ़ावा मिलता है। उपभोक्तावाद जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण का कारण है। ऐसे में अनियंत्रित उपभोग को बढ़ावा देने के स्थान पर नियंत्रित रूप में अभावों में जीवन यापन कर रहे लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की जरूरत है। यदि जीवन स्तर के मामले में लोगों का आदर्श अमेरिका की जीवन शैली होगी तो पर्यावरण का विनाश और बढ़ जाएगा। एक आकलन के अनुसार अमेरिका की जनसंख्या तो विश्व की कुल जनसंख्या की मात्र 4.42 प्रतिशत है लेकिन वह विश्व के संसाधनो का करीब 28.97 प्रतिशत का उपभोग करती है।[40] वैश्विक आबादी को भौतिक संसाधन मुहैया कराने और सम्पन्नता के इस सार्वभौम जीवन-स्तर तक उठाने के लिए एक नहीं बल्कि अनेक ग्रहों की जरूरत पड़ेगी।[41]

महात्मा गांधी के जीवन काल में पर्यावरण प्रदूषण बड़ा मसला नहीं था फिर भी उनके विचार भविष्य की समस्याओं के लिए भी प्रासंगिक रहे हैं। जैसा कि उनका एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण उद्धरण कि 'पृथ्वी पर सभी की जरूरतों के लिए काफी संसाधन उपलब्ध हैं लेकिन सभी के लालच के लिए जगह नहीं है,'[42] उनके विचार उपभोग को संतुलित बनाने में हमारी सहायता करती है। महात्मा गांधी ने भारत के लोगों की जीवन शैली के मान्य सिद्धांत सादा जीवन उच्च विचार को अपनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा था कि

यदि सादा जीवन जीने योग्य है तो यह प्रयत्न भी करने योग्य है, चाहे वह प्रयत्न किसी एक ही व्यक्ति या किसी एक ही समुदाय द्धारा क्यों न किया जाये।[43] इस तरह आज मानव जीवन पर सबसे बड़े संकट के रूप में प्रकट पर्यावरण संकट की समस्या के प्रति महात्मा गांधी के विचार संवेदनशील बनाता है जिसकी नये भारत में इसकी ज्यादा जरूरत पड़ती रहेगी।

नये भारत में हिंसा पर नियंत्रण भी पाना होगा। मणिपुर में कुकी और मैतेई विवाद से उत्पन्न हिंसा हो या नूह (मेवात) की हिंसा या नक्सली हिंसा, जम्मू और कश्मीर तथा देश के अन्य स्थानों पर नागरिकों द्धारा की गई हिंसा देश को परेशानी में डालता है और जान-माल का नुकसान करता है। जबकि शांतिपूर्ण साधनों से विरोध दर्ज किया जा सकता है या अपनी मांगे मनवाई जा सकती है। नये भारत में ऐसे हिंसा का कोई स्थान नहीं रहना चाहिए। अहिंसा के पूजारी के रूप में प्रसिद्ध महात्मा गांधी यहां महत्वपूर्ण प्रेरणा प्रदान कर सकते हैं। जहां अहिंसक साधनों का प्रयोग किया भी जाता है तो भी उसमें बहुत सी खामियां होती है वहां भी महात्मा गांधी के विचार सहायता कर सकते है। उनका सत्याग्रह का अस्त्र हमें सहायता प्रदान कर सकता है। महात्मा गांधी साध्य और साधन की एकता में विश्वास करते थे। अहिंसा को सत्य तक पहुंचने का साधन मानते हैं। उनका विचार था कि गलत साधन से सही साध्य तक नहीं पहुंचा जा सकता। इसलिए विरोध जताने के एक समुचित अहिंसात्मक साधन के रूप में सत्याग्रह का आविष्कार किया। वे सत्याग्रह के संबंध में बताते थे कि सत्याग्रही का अन्यायी को परेशान करने का इरादा कभी नहीं होता। वह उसे डराना भी नहीं चाहता; हमेशा उसके हृदय से अपील करता है। यही होना भी चाहिये। सत्याग्रही का उद्देश्य अन्याय करने वाले को दबाना नहीं, बल्कि उसका हृदय-परिवर्तन करना होता है।[44] महात्मा गांधी कहते थे कि अगर हम खुद को अपने शत्रु की स्थिति में रखकर उसके दृष्टिकोण को समझें, तो संसार के तीन-चौथाई दु:ख-दर्द और गलतफहमियां मिट जायें । तब या तो हम अपने शत्रु के साथ जल्दी सहमत हो जायेंगे या उसके बारे में उदारतापूर्वक विचार करेंगे।[45] वे मानते हैं कि सत्याग्रह में जबरदस्ती का लवलेश भी नहीं होना चाहिये। हमें अधीर नहीं बनना चाहिये; और हम जिन साधनों को अपना रहे हैं, उनमें हमारी अटल श्रद्धा होनी चाहिये।[46]

भारत अतीत का अपना समुचित स्थान पाना चाहता है। भारत की भूमि अध्यात्म की भूमि रही है। भारत ने दुनिया को योग दिया है, अहिंसा, सहिष्णुता, शांतिपूर्ण सह अस्तित्व और वसुधैव कुटुंबकम के विचार दिये हैं। महात्मा गांधी इन सबमें विश्वास रखते थे। सर्वधर्म समभाव के संबंध में उनका कहना था कि सब धर्म एक ही स्थान पर पहुंचने के अलग-अलग रास्ते हैं। अगर हम एक ही लक्ष्य पर पहुंच जाते हैं, तो अलग-अलग रास्ते अपनाने में क्या हर्ज है? वास्तव में जितने मनुष्य हैं उतने धर्म हैं।[47] धर्मो की आत्मा एक है, परंतु वह अनेक रूपों में प्रकट हुई है।[48] महात्मा गांधी मानते हैं कि कम या अधिक संसार के सभी बड़े बड़े धर्म सच्चे हैं।[49] सभी धर्म समान और आदरणीय हैं। अहिंसा हमें सिखाती है कि हम दूसरों के धर्मों का वैसा ही आदर करें जैसा हम अपने धर्म का करते हैं।[50]

महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रिका से भारत आने के बाद अपने राजनीतिक गुरू गोपाल कृष्ण गोखले के सलाह के अनुसार पूरे भारत का भ्रमण किया और भारत की खूबियों और खामियों को जाना समझा। उनके विचारों में वह गहराई दिखती है। गरीबी, असमानता, विशाल आबादी, कृषक समाज की आवश्यकता, उद्योगवाद, बेरोजगारी आदि समस्याओं पर भारत के संबंध में व्यावहारिक विचार रखें जिनका आज भी महत्व बरकरार है। उनको भारतीय धर्म, संस्कृति, मूल्यों और मान्यताओं की गहरी समझ थी। इन्हीं में उन्होंने अपना जीवन निर्देशक सिद्धांत सत्य और अहिंसा को अपना कर उसी के अनुसार भारत को गढ़ने का सपना देखा था। उनके विचार कोरे आदर्शवादी नहीं हैं। व्यवहारिकता पर आधारित हैं इसलिए दुनिया भर में इन विचारों से सीखा जा रहा है। नये भारत में भी उनके विचारों से प्रेरणा प्राप्त किया जा रहा है। महात्मा गांधी के विचारो को अपनाकर ही भारत दुनिया में वसुधैव कुटुबंकम, सर्वधर्म समभाव और शांति के उदान्त आदर्शों का विस्तार किया जा सकता है और भारत इसी से विश्व गुरू की भूमिका को चरितार्थ कर पाएगा। अत: आज के भारत में महात्मा गांधी के विचारो की भूमिका अभूतपूर्व है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रामचन्द्र, गुहा, 2012, *भारत नेहरू के बाद*, पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया, गुड़गांव, पृष्ठ 7
2. अनंत प्रकाश, मोदी सरकार में भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, कितनी बदलेगी आम लोगों की जिंदगी, 28 जुलाई 2023, http://www.bbc.com/hindi देखा गया 7 अगस्त, 2023
3. वही
4. वही
5. वही
6. दुनिया के 10 सबसे अमीर देश कौन हैं और भारत किस पायदान पर है, 17 जनवरी 2023, http://www.bbc.com/hindi देखा गया 7 अगस्त, 2023
7. जुबैर अहमद, भारत क्या चीन को अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर पीछे छोड़ देगा? विशेषज्ञों का जवाब, 15 अक्टूबर 2022, http://www.bbc.com/hindi देखा गया 10 अगस्त, 2023
8. वही
9. सुरेश सेठ, आर्थिक छलांग की असली सूरत, देश तीसरी आर्थिक षक्ति बनेगा लेकिन क्या होगा आम आदमी पर असर, 7 अगस्त, 2023, http://www.jansatta.com देखा गया 7 अगस्त, 2023
10. कुमार विवेक, गोल्डमैन सैक्स : 2075 तक अर्थव्यवस्था में अमेरिका को भी पीछे छोड़ देगा भारत, जाने कौन होंगे टॉप-3 देश, 11 जुलाई 2023, http://www.amarujala.com देखा गया 7 अगस्त 2023
11. अनंत प्रकाश, पूर्वोक्त
12. जुबैर अहमद, पूर्वोक्त
13. अनंत प्रकाश, पूर्वोक्त
14. ऑक्सफैम की रिपोर्ट : 1 प्रतिशत अमीरों के पास देश की 40 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति, 50 प्रतिशत आबादी के पास सिर्फ 3 प्रतिशत संपत्ति, 17 जनवरी 2023, http://www.bhaskar.com देखा गया 10 अगस्त 2023
15. सुरेश सेठ, पूर्वोक्त
16. अनंत प्रकाश, पूर्वोक्त
17. गांधीजी, 1955, *सर्वोदय*, भारतन् कुमारप्पा (संपादित), नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, पृष्ठ 49
18. गांधीजी, 1949, *हिन्द स्वराज्य*, अमृतलाल ठाकोरदास नाणावटी (हिन्दी अनुवाद), नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, पृष्ठ ळीं

19. वही
20. गांधीजी, *सर्वोदय*, पूर्वोक्त, पृष्ठ 48
21. गांधीजी, 1959, *मेरा समाजवाद*, आर.के.प्रभु (संग्राहक), नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, पृष्ठ 27
22. वही, पृष्ठ 25
23. ऑक्सफैम की रिपोर्ट, पूर्वोक्त
24. गांधीजी, 1951, *रचनात्मक कार्यक्रम : उसका रहस्य और स्थान,* तृतीय परिवर्धित आवृत्ति, काशिनाथ त्रिवेदी (हिन्दी अनुवाद), नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, अहमदाबाद, पृष्ठ 40
25. वही
26. गांधीजी, *मेरा समाजवाद*, पूर्वोक्त, पृष्ठ 28
27. *भारत का संविधान,* 2021, विधि और न्याय मंत्रालय, विधायी विभाग, भारत सरकार, पृष्ठ 21
28. गांधीजी, *मेरा समाजवाद*, पूर्वोक्त, पृष्ठ 24
29. वही, पृष्ठ 27
30. रिजवान नूर खान, भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बना-चीन को पीछे छोड़ा, यूएस तीसरे नंबर पर, 19 अप्रैल 2023, http://www.hindieconomictimes.com देखा गया 10 अगस्त 2023
31. वही
32. आलोक टंडन, जनवरी-जून 2016, *नेहरू और अम्बेडकर : भारतीय आधुनिकता के दो चेहरे,* अभय कुमार दुबे (संपादित), *प्रतिमान : समय समाज संस्कृति*, वर्ष 4, अंक 7, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 18-19
33. शंभुनाथ, अक्टूबर 2019, *गांधी के प्रयोग : सत्य और उत्तर-सत्य,* शंभुनाथ (संपादित), *वागर्थ,* भारतीय भाषा परिषद की मासिक पत्रिका, वर्ष 25, अंक 291, पृष्ठ 7
34. गांधीजी, 1960, *मेरे सपनों का भारत*, आर.के.प्रभु (संग्राहक), नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, पृष्ठ 127
35. वही, पृष्ठ 130
36. गांधीजी, 1963, *ग्राम स्वराज्य,* हरिप्रसाद व्यास (संग्राहक), नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, पृष्ठ
37. सुरेश सेठ, पूर्वोक्त
38. गांधीजी, *हिन्द स्वराज्य*, पूर्वोक्त, पृष्ठ 15
39. गांधीजी, *मेरे सपनों का भारत*, पूर्वोक्त, पृष्ठ 108
40. विपुल सिंह, 2015, *पर्यावरण पर मानव पदचिन्ह : पर्यावरण परिवर्तन के ऐतिहासिक संदर्भ,* ट्रिनिटी प्रेस, नई दिल्ली, पृष्ठ 146
41. कमल नयन काबरा, जनवरी-जून 2016, *विकास का नया विमर्ष बनाम उपभोक्तावाद,* अभय कुमार दुबे (संपादित), *प्रतिमान : समय समाज संस्कृति*, वर्ष 4, अंक 7, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 153
42. विपूल सिंह, पूर्वोक्त, पृष्ठ 77
43. गांधीजी, *ग्राम स्वराज्य,* पूर्वोक्त, पृष्ठ 15
44. गांधीजी, *सर्वोदय*, पूर्वोक्त, पृष्ठ 94
45. वही, पृष्ठ 95
46. वही
47. गांधीजी, 1957, *सत्य ही ईश्वर है*, आर.के.प्रभु (संपादित), नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, पृष्ठ 58
48. वही, पृष्ठ 57
49. वही
50. गांधीजी, *सर्वोदय*, पूर्वोक्त, पृष्ठ 28

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

English for a Specific Purpose: Essay Writing for Undergraduate Students in North India

Dr. Omprakash Upadhyay*

***Assistant Professor (English) Kamla PG College, Dholpur (Raj.) INDIA**

Abstract : English for a Specific Purpose (ESP) focuses on tailoring language instruction to meet the academic or professional needs of learners. In North India, undergraduate students often face challenges in essay writing due to linguistic and structural differences between English and their native languages. This research paper explores the importance of ESP in enhancing essay writing skills among North Indian students, analyzing the challenges they face and providing pedagogical strategies to improve their proficiency.

Introduction - English has become an essential tool for academic and professional success worldwide. In North India, where English is widely used in higher education, undergraduate students often struggle with essay writing due to linguistic interference, limited exposure to English, and inadequate training in academic writing conventions. English for a Specific Purpose (ESP) offers a focused approach to address these challenges by customizing language instruction to meet students' academic needs.

This paper aims to analyze the essay writing difficulties faced by North Indian undergraduate students and propose effective strategies within the ESP framework to enhance their writing proficiency.

Challenges Faced by North Indian Undergraduate Students in Essay Writing

Linguistic Interference: The influence of native languages such as Hindi, Punjabi, and Bengali often leads to grammatical errors and awkward sentence structures in English essays.

Limited Vocabulary and Expression: Many students struggle with academic vocabulary and fail to express complex ideas clearly.

Lack of Understanding of Essay Structure: Students often struggle with thesis statements, coherence, cohesion, and logical argumentation.

Grammar and Syntax Issues: Common errors include subject-verb agreement, incorrect tense usage, and misplaced modifiers.

Inadequate Exposure to Academic Writing: The lack of academic writing training in schools and universities leaves students unprepared for university-level essays.

ESP-Based Strategies to Improve Essay Writing Skills

Needs Analysis: Identifying specific linguistic and academic needs of students can help tailor the instruction accordingly.

Explicit Teaching of Essay Structure: Introducing students to thesis statements, topic sentences, supporting details, and conclusion strategies.

Lexical Development: Incorporating vocabulary-building exercises to enhance students' academic language proficiency.

Grammar-Focused Activities: Implementing targeted grammar instruction to address common errors.

Process-Based Writing Approach: Encouraging brainstorming, outlining, drafting, peer review, and revision to improve writing quality.

Use of Technology: Digital tools such as Grammarly, Turnitin, and online writing labs can provide feedback and help students refine their writing skills.

Interactive Learning Methods: Group discussions, peer evaluations, and workshops can make the learning process more engaging and effective.

Case Study: Implementation of ESP Strategies in a North Indian University

A study was conducted in a North Indian university where ESP-based essay writing instruction was introduced to undergraduate students. The intervention included structured lessons on essay writing, vocabulary enhancement, and grammar exercises. Pre- and post-intervention assessments showed significant improvement in students' writing clarity, coherence, and grammatical accuracy.

Conclusion: ESP-based instruction plays a crucial role in enhancing essay writing skills among North Indian undergraduate students. By addressing linguistic challenges and incorporating structured writing strategies, students can

develop their academic writing proficiency. Future research can explore the long-term impact of ESP interventions and the role of digital tools in further improving essay writing skills.

References:-

1. Basturkmen, H. (2010). Developing Courses in English for Specific Purposes. Palgrave Macmillan.
2. Dudley-Evans, T., & St John, M. J. (1998). Developments in English for Specific Purposes: A Multi-Disciplinary Approach. Cambridge University Press.
3. Hyland, K. (2006). English for Academic Purposes: An Advanced Resource Book. Routledge.
4. Jordan, R. R. (1997). English for Academic Purposes: A Guide and Resource Book for Teachers. Cambridge University Press.
5. Swales, J. M., & Feak, C. B. (2012). Academic Writing for Graduate Students: Essential Tasks and Skills. University of Michigan Press.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

सोनभद्र जिले में मनरेगा का क्रियान्वयन : एक सामाजिक अंकेक्षण

डॉ. गुंजन श्रीवास्तव*

* सहायक प्रवक्ता (समाज शास्त्र) दि महाराजा सैय्याजी राव विश्वविद्यालय, वड़ौदरा (गुजरात) भारत

प्रस्तावना – सरकार द्वारा चलायी जाने वाली विभिन्न प्रकार की योजनाओं में वर्तमान में सर्वाधिक महत्वपूर्ण योजना मनरेगा है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (नरेगा) 7 सितम्बर 2005 को अधिसूचित किया गया था। प्रथम चरण में यह सुविधा 200 जिलों में उपलब्ध करायी गई थी। अगले 3 वर्षो में क्रमिक रूप से 600 जिलों में इसे लागू करना था। वर्ष 2007–08 में इस कानून का विस्तार 330 अतिरिक्त जिलों में किया गया, जबकि बाकी जिलों को इसमें शामिल करने की अधिसूचना 01 अप्रैल 2008 को जारी की गई।

भारत सरकार द्वारा नरेगा उत्तर प्रदेश राज्य में 2 फरवरी 2006 में प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक ग्रामीण परिवार को 100 दिन का अकुशल श्रमिक के रूप में रोजगार प्रदान करने की गारंटी के रूप में प्रारम्भ किया गया। वर्तमान में मनरेगा श्रमिको की औसत मजदूरी 289/– रुपये प्रतिदिन हो गई है। तदुपरान्त शीघ्र ही यह योजना राज्य के 22 जिलों में 5 वर्ष के लिए शुरु की गई, ये जिले आजमगढ़, बांदा, बाराबंकी, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, जौनपुर, कौशाम्बी, खेरी, कुशी नगर, ललितपुर, महोबा, मिर्जापर, प्रतापगढ़, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, सोनभद्र हैं।

सोनभद्र जिले का भौगोलिक, प्रशासनिक, सामाजिक व आर्थिक विवरण : भारत देश के प्रमुख राज्य उत्तर प्रदेश की जनसंख्या लगभग 16.61 करोड़ तथा क्षेत्रफल 241 हजार वर्ग किलोमीटर है। राज्य के कुल 70 जिलों में सोनभद्र मात्र एक ऐसा जनपद है, जहाँ सबसे ज्यादा प्राकृतिक खनिज, जल ऊर्जा, वन सम्पदा एवं प्राकृतिक सुन्दरता मौजूद है। सोनभद्र का क्षेत्रफल 6.788 वर्ग किलोमीटर है, जो कि प्रारम्भ से ही जनजातिय संस्कृति का केन्द्र रहा है। सोनभद्र जनपद का सृजन 4 मार्च 1989 को किया गया था। यह 23.52 और 25.32 उत्तरी अंक्षाश तथा 82.33 पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। इसकी सीमा बिहार, झारखण्ड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ से मिलती है। यहाँ औसत वर्षा 1134 मिलीमीटर आंकी गई है। अधिकांशत: पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण जल संचय का कोई उचित प्रबन्ध न होने के कारण हर वर्ष जनपद को सुखे का सामना करना पड़ता है।

प्राकृतिक बनावट की दृष्टि से जनपद को 4 भागों में विभाजित किया जा सकता है– उत्तर की गंगा, सोन, कर्मनाशा और बेलन का मैदानी भाग, दक्षिण का सोन, रेण, बिजुल, कनहर से प्रभावित कैमूर रेंज का पठारी भाग, पूरब का बेलन, कर्मनाशा का मैदानी भाग तथा पश्चिम का बेलन का मैदानी भाग। दुद्धी, नगवा, घोरावल, अगोरी आदि का अधिकतम भाग वनों से आच्छादित है। जनपद के 75 प्रतिशत भागों में वन है जिनसे इमारती लकड़िया, आँवला, हर्रा, बहेड़ा, मछुआ, बीड़ी, पत्ता, आम आदि वस्तुएँ प्राप्त की जाती है। जनपद का 25 प्रतिशत भाग मैदानी है, जहाँ खेती–बारी होती है।

सारिणी संख्या–1: सोनभद्र जिले की जनांकिकी, सामाजिक व आर्थिक स्थिति

		पुरुष	महिला	योग
1.	जनसंख्या (हजार में)	971.34	891.21	1862.60
2.	साक्षरता दर	74.92%	52.14%	64%
3.	गरीबी रेखा के नीचे परिवारों की संख्या (1997–98)	163893 (ग्रामीण)	6898 (नगरीय)	170791
4.	अनुसूचित जाति (हजार में)	–	–	421.66
5.	अनुसूचित जनजाति (हजार में)	–	–	385.02

स्रोत : सांख्यिकीय पत्रिका, जनपद–सोनभद्र, कार्यालय–अर्थ एवं सांख्याधिकारी अर्थ एवं संख्या प्रभाग, वर्ष 2005

नोट : उपर्युक्त आँकड़े जनपद के वर्ष 2011 के जनगणना के आँकड़ो पर आधारित है तथा निर्धनता रेखा के नीचे के परिवारों की संख्या का आधार 1997–98 वर्ष है।

शोध प्रारुप : सोनभद्र में कुल 8 विकास खण्ड है; दुद्धी, घोरावल, राबर्ट्सगंज, चतरा, नगवा, चोपन, श्योरपुर, वभनी। पूरे ब्लॉको में से एक ब्लॉक नगवा का चुनाव साधारण दैवनिदर्शन पद्धति द्वारा (Simple Random Sampling Method) किया गया। इस ब्लॉक के सम्पूर्ण गाँवों में से केवल दो गाँव का चयन उद्देशीय विधि द्वारा किया गया था, जो कि नक्सलवादी क्षेत्र के रूप में पहचाना जाता है। इस सर्वेक्षण हेतु जुलाई, 2008 में अध्ययन क्षेत्र में जाया गया। तत्पश्चात् साक्षात्कार पूर्व निरीक्षित किये हुए प्रश्नावली का प्रयोग करके परिवार के मुखिया से मनरेगा से सम्बन्धित क्रियाकलापों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, जिसको प्रस्तुत अध्ययन में विश्लेषण द्वारा मनरेगा से सम्बन्धित योजनाओं के उपयोग एवं प्राप्त होने वाले सुविधाओं के बारे में प्रदर्शित किया है, जिसके अन्तर्गत दो गाँवों रामपुर तथा करौंदिया के 284 परिवारों का अध्ययन शामिल है। व्यैक्तिक सूचना पुन: सर्वेक्षण क्षेत्र में अक्टुबर 2009 में एकत्रित किया गया था, जिसके अन्तर्गत दोनों गाँवों के 100 व्यक्तियों का अध्ययन शामिल है जो कि मनरेगा के अन्तर्गत लाभान्वित हो रहे थे और इन सूचनाओं को श्रेणीबद्ध तरीके से प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र मनरेगा के अन्तर्गत कार्योजित मजदूरों के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक स्थिति में होने वाले व्यापक परिवर्तन पर आधारित है।

मनरेगा के अन्तर्गत प्रदत्ता आय-व्यय का विवरण : सोनभद्र में मनरेगा का प्रारम्भ 2 फरवरी 2006 को प्रथम चरण के साथ ही हुआ था। अप्रैल 2010 तक नगवा ब्लॉक के रामपुर व करौंदिया गाँवों के लिए अवमुक्त राशि क्रमश: 3.28 तथा 6.31 लाख रुपये हैं, जबकि सम्पूर्ण सोनभद्र क्षेत्र के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा के लिए आवंटित राशि 10262.85 लाख रुपये हैं जिनमें चालू वित्तीय वर्ष (2009-10) के द्वारा हुआ खर्च मात्र 3258.91 लाख रुपये ही है। सारणी-2 से प्राप्त सरकारी आँकड़े इस तथ्य को स्पष्ट करते हैं कि वर्ष 2006-07, वर्ष 2007-08 व वर्ष 2008-09 के दौरान मनरेगा के अन्तर्गत सरकार द्वारा

सारिणी संख्या-2: विभिन्न वित्तीय वर्षो के अनुसार मनरेगा के अन्तर्गत लाभान्वित परिवारों पर किये गये खर्च का विवरण

	खर्च का विवरण(लाख रुपये में)	2006-07	2007-08	2008-09
1.	प्रारम्भिक अवशेष धनराशि	0	0.657	2.94
2.	वर्ष में प्राप्त धनराशि	3.08	13.95	21.72
3.	अन्य प्राप्तियाँ (ब्याज सहित)	0.00	0.00	0.02
4.	कुल उपलब्ध धनराशि	3.08	14.63	24.60
5.	कुल व्यय धनराशि	2.44	10.57	24.12
6.	कुल व्यय धनराशि के सापेक्ष श्रम एवं सामग्री पर व्यय धनराशि का अनुपात	62: 37	62:38	49 : 51

स्रोत : www.sonbhadra.nic.in

सारिणी संख्या-3: मनरेगा के अनतर्गत लाभान्वित परिवारों की संख्या व जानकारियों का वर्षवार विवरण

		2006-07	2007-08	2008-09
1.	कुल जॉबकार्ड धारक परिवारों की संख्या	198	410	410
2.	वर्ष के दौरान रोजगार की मांग करने वाले परिवारों की संख्या	48	75	115
3.	वर्ष के दौरान रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों की संख्या	48	75	115
4.	वर्ष के दौरान प्रति परिवार औसत कार्य दिवसों की संख्या	35	55	40
5.	बैंक/पोस्ट ऑफिस में बचत खाता खोलने वाले परिवारों की संख्या	0	0	200
6.	वर्ष के दौरान 100 दिनों का रोजगार पाने वाले परिवारों की संख्या	0	5	12

सारिणी संख्या-4: मनरेगा से लाभान्वित होने वाले परिवारों का वर्गीकरण

लाभान्वित	संख्या	प्रतिशत
हाँ	102	35.90
नहीं	182	64.10
योग	284	100.00

सारिणी संख्या-5: रोजगार योजना में रोजगार प्राप्त सदस्यों की संख्या के अनुसार वर्गीकरण

सदस्य संख्या	संख्या	प्रतिशत
1	64	62.70
2	29	28.40
3	7	6.90
4	2	2.00
योग	**102**	**100.00**

उपलब्ध करायी गई धनराशि पूर्ण रूप से व्यय नहीं की जा सकी और प्रत्येक वर्ष आवंटित धनराशि का कुछ अंश अवशेष रह गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि या तो सरकारी आँकड़ो को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया या फिर उस क्षेत्र में कार्य को आशानुरुप सम्पन्न नहीं कराया गया। एक अन्य तथ्य यह उजागर होता है कि इसकी नींव में भ्रष्टाचार फलित हो रही है। वर्ष 2006-07 व वर्ष 2007-08 के दौरान जहाँ श्रम पर व्यय सामग्री पर व्यय के अनुपात में अधिक है, किन्तु वहीं वर्ष 2008-09 में यह अन्तर काफी कम है जो कि श्रम व सामग्री पर व्यय के सन्दर्भ में भ्रष्टाचार को प्रदर्शित करता है (द्रेज, ज्यां, खेड़ा, रीतिका व सिद्धार्थ, 2008)।

सारिणी-3 से स्पष्ट है कि मनरेगा के माध्यम से औसत 100 दिन के रोजगार का लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया है। ग्राम पंचायत रामपुर में 2008-09 के दौरान पंजीकृत 410 परिवार है। वर्ष 2006-07 में 35 प्रतिशत, वर्ष 2007-08 में 55 प्रतिशत तथा वर्ष 2008-09 में 40 प्रतिशत कार्यदिवस प्रत्येक परिवार द्वारा निर्मित किये गये, जिनमें पूरे 100 दिन का रोजगार वर्ष 2006-07 में 0 प्रतिशत, वर्ष 2007-08 में 1.2 प्रतिशत तथा वर्ष 2008-09 में 2.92 प्रतिशत परिवारों को ही प्राप्त हुआ। आँकड़ो से स्पष्ट है कि ऐसे परिवार की संख्या बहुत कम है जिन्होंने वर्ष में 100 दिन का रोजगार प्राप्त किया (कौशिक, जगबीर, 2010)।

सारिणी-4 व सारिणी-5 द्वारा जुलाई 2008 में मनरेगा से लाभान्वित परिवारों का वर्गीकरण स्पष्ट होता है, जिसमें 35.9 प्रतिशत परिवार ही मनरेगा से लाभान्वित हुए थे जिसमें 62.7 प्रतिशत लोग परिवार के एक मात्र सदस्य थे जो कि रोजगार प्राप्त कर सके थे, जिससे मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त मजदूरी में अनियमितता परिलक्षित होती है।

मनरेगा द्वारा लाभान्वित एवं प्रभावित व्यक्तियों के सामाजिक, आर्थिक एवं व्यैक्तिक विवरण का अध्ययन :

सारिणी संख्या-6: पारिवारिक मासिक आय तथा व्यय के अनुसार उत्तरदाताओं का वर्गीकरण

मासिक आय			मासिक व्यय		
आय (रु0)	संख्या	प्रतिशत	व्यय (रु0)	संख्या	प्रतिशत
200-900	127	44.7	300-900	82	28.9
900-1800	110	38.70	900-1800	135	47.5
1800-2700	32	11.30	1800-2700	37	13.00
2700-4500	15	5.30	2700-6000	30	10.60
योग	284	100.00		284	100.00

सारिणी संख्या-7: मनरेगा द्वारा लाभान्वित परिवारों पर पड़ने वाले विभिन्न प्रकार के प्रभावों का वर्गीकरण

क्र.	विभिन्न प्रभाव	हाँ (%)	नहीं (%)	पता नहीं (%)
1	आर्थिक स्थिति में सुधार	25	65	10
2	भरण-पोषण में सहायक	10	80	10
3	ऋण भुगता में सहायक	45	50	5
4	चिकित्सा में सहायक	40	45	15
5	पारिवारिक कलह में वृद्धि	70	20	10
6	दहेज में वृद्धि	75	15	10
7	सामाजिक समरसत्ता में वृद्धि	65	18	17

नोट : उपर्युक्त आँकड़े अक्टुबर 2009 में किये गये पुन: सर्वेक्षण के दौरान व्यैक्तिक अध्ययन द्वारा लिये गये हैं, जिसमें 100 व्यक्तियों का अध्ययन सम्मिलित है।

जुलाई 2008 में किये गये सर्वेक्षण के दौरान 284 उत्तरदाताओं में 193 पुरुष व 91 महिलायें सम्मिलित की गई। प्रस्तुत सर्वेक्षण क्षेत्र में जनजातिय समुदाय की बाहुल्यता है, जहाँ पिछड़ा वर्ग 14.1 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति 15.1 प्रतिशत है, वहाँ जनजातियों का प्रतिशत 70.8 प्रतिशत के लगभग है। सारिणी संख्या-6 मासिक पारिवारिक आय-व्यय को स्पष्ट करता है, जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि आय की तुलना में व्यय अधिक है क्योंकि जहाँ न्यूनतम मासिक पारिवारिक आय 200/- रुपये है वहीं न्यूनतम मासिक पारिवारिक व्यय 300/- रुपये हैं। दूसरी तरफ अधिकतम मासिक पारिवारिक आय 4500 रुपये व मासिक पारिवारिक व्यय 6000/- रुपये है अर्थात लगभग सभी परिवार जीविकोपार्जन हेतु कर्ज लेने के लिए विवश है।

सारिणी संख्या-7 से स्पष्ट है कि मनरेगा के अन्तर्गत लाभान्वित परिवारों में से 45 प्रतिशत ग्रामीण निर्धन ऋण भुगतान कर पाने में सक्षम सिद्ध हो रहे हैं; वहीं इसका दूसरा पक्ष यह दर्शाता है कि मनरेगा के द्वारा ग्रामीण ऋण ग्रस्तता को प्रोत्साहन प्राप्त हो रहा है। भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में भी साहूकार प्रथा व्याप्त है, जिनके द्वारा मनमाने ब्याज दर पर ग्रामीण निर्धनों को कर्ज उपलब्ध कराया जा रहा है (अधिकारी, अनन्दिता और भाटिया, कार्तिका : 2010)। सामान्य मजदूर यह सोचता है कि भविष्य में काम मिलने पर वह इसे चुका सकने में सक्षम सिद्ध होगा। किन्तु जब भविष्य में उसे काम प्राप्त नहीं हो पाता तो उसकी स्थिति पहले से ज्यादा बदतर हो जाती है। इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव आने वाली पीढ़ी पर पड़ेगा, जब विरासत में उसे धन, सम्पत्ति, जमीन प्राप्त न होकर कर्जा प्राप्त होगा और निर्धनता का दुष्चक्र पूर्व रूप में कायम रहेगा और पीढ़ी दर पीढ़ी निरन्तर चलता रहेगा। रामपुर ग्राम पंचायत की दौलतिया (35 वर्ष) अब काफी खुश है। उसका कहना है कि 'फाकाकशी के दिन लद गये तो छोटका बेटा कलुआ स्कूल जाने लगा है और हम दो साल से सोचते-सोचते रेड़ियो भी खरीद लिये।' इससे स्पष्ट है कि मनरेगा के द्वारा एक तरफ तो ग्रामीणों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहन प्राप्त हो रहा है वहीं दूसरी ओर अधिक से अधिक मजदूरी प्राप्त करने की लालसा में ये बाल श्रम को भी प्रोत्साहित कर रहा है। 40 वर्षीय विधवा सतवंशी अपने बच्चों को काम पर भेजने के लिए मजबूर है।

मनरेगा ने ग्रामीणों को खरीद क्षमता तथा आमदनी को भी प्रभावित किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी की दर और कार्यदिवसों की संख्या में वृद्धि से ग्रामीण परिवारों की आमदनी बढ़ गई है। आमदनी बढ़ने के फलस्वरुप ग्रामीण परिवारो की अनाज, अन्य आवश्यक वस्तुएँ खरीदने और शिक्षा एवं स्वास्थ्य की देखभाल करने की क्षमता में वृद्धि हुई है। (देखे सारिणी-5, सारिणी-6, सारिणी-7) मनरेगा के माध्यम से प्राप्त मजदूरी के द्वारा ग्रामीण अपने कृषि के लिए आवश्यक निवेश (खाद, बीज व कीटनाशक आदि) का खर्च वहन कर पा रहे हैं, इसके साथ ही उनके पास जो भी भूमि उपलब्ध है, उसमें सब्जियों या कम मौसमी चक्र वाले फसल लगाकर अपने परिवार के जीविकोपार्जन के लायक थोड़ा बहुत अन्न या सब्जियाँ अवश्य उपजा ले रहे हैं, जबकि इससे पूर्व गाँव में इनकी भूमि अभिसिंचित व बंजर अवस्था में पड़ी रहती थी।

मनरेगा से प्राप्त मजदूरी वर्ष में अल्प समय के लिए ही सही पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराती है और जो लोग अक्सर फाके की स्थिति में अपना जीवन व्यतीत करते हैं उन्हें भोजन उपलब्ध कराती है। करौंदिया पंचायत के बनारसी का कहना है कि 'भला हो सरकार व पंचायत का, जिन्होंने यहाँ काम चालू करवाकर मुझ जैसे भूमिहीन व्यक्ति को मजदूरी पर लगाया, जिससे मेरे घर-परिवार के लिए रोजी कमाने का आसरा मिला।'

सारिणी संख्या-7 से स्पष्ट है कि मनरेगा सामाजिक समरसत्ता का द्योतक भी सिद्ध हो रहा है क्योंकि मनरेगा के अन्तर्गत जातीय असमानता को प्राथमिकता न देकर निर्धनता को प्राथमिकता दी जा रही है। यहाँ क्षत्रिय, वैश्य, शुद्र, ब्राह्मण सभी एक समान है, जिससे ग्रामीण भारत में व्याप्त जातीय गुट की अवधारणा स्वत: ही कमजोर सिद्ध हो रही है। मनरेगा के अन्तर्गत समान कार्य के लिए समान वेतन उपलब्ध कराया जा रहा है।

मनरेगा का सबसे बड़ा योगदान गाँवों के विकास में वहीं के ग्रामवासियों की सहभागिता तथा साथ में उन्हें रोजगार की प्राप्ति भी हुई है। मनरेगा के माध्यम से मजदूर अपना व अपने परिवार का खर्च वहन करने में सक्षम हो गया है, किन्तु मनरेगा का अन्य दुष्प्रभाव यह है कि यह ग्रामीणों के समक्ष सीमित काम को प्रस्तुत कर देगा। सरकार द्वारा 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराकर ग्रामीण निर्धनों से तालाब बनवाया जा रहा है। स्कूल, भवन व सड़क आदि बनवाये जा रहे हैं किन्तु इसके अन्तर्गत किसी भी प्रकार की प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं है जो कि ग्रामीणों के जीवन में उत्तरोत्तार वृद्धि तय करें। प्रत्येक गाँव की कुछ पारम्परिक विशिष्टता होती है, सरकार द्वारा उस विशिष्टता को प्रशिक्षण द्वारा प्रोत्साहित न करके उन्हें ऐसे कार्यो में नियोजित किया जा रहा है, जिसकी एक सीमा है, जिससे उस क्षेत्र के पारम्परिक उद्योगों पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। अत: इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि योजना के अन्तर्गत कृत्रिम रोजगार की वृद्धि में मुख्य रोजगार की हानि होगी, इससे हानिकारक दुष्चक्र स्थापित हो सकता है। रोजगार गारंटी कार्यक्रम का उद्देश्य बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना था परन्तु इससे कार्यरत रोजगारों का ही क्षय होने लगा।

मनरेगा व महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक प्रस्थिति पर प्रभाव : सारिणी संख्या-8

सामाजिक समावेशन	2006-07	2007-08	2008-09
वर्ष में सृजित मानव दिवस	1613	4130	4599
(अ) कुल			
(ब) कुल में अनु0 जाति	45	43	155
(स) कुल में अनु0 जनजाति	1485	4032	8878
(स) कुल में महिलायें	785	1655	2105

स्रोत : www.sonbhadra.nic.in

रामपुर गाँव की कुल जनसंख्या 1428 में 704 पुरुष व 724 महिलायें हैं। अत: जनसंख्याओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व पुरुषो की अपेक्षा अधिक है। साथ ही सारिणी संख्या-9 से स्पष्ट है कि मनरेगा के अन्तर्गत कुल सृजित मानव दिवसों में महिलाओं की भागीदारी लगभग 50 प्रतिशत है। जनजातिय क्षेत्रों में महिलाओं को अन्य समाज की अपेक्षा ज्यादा अधिकार प्राप्त होते हैं। लिये गये उत्तरदाताओं में 91 महिलायें व 193 पुरुष वर्ग है। मनरेगा के अन्तर्गत महिलाओं को प्राप्त सबसे प्रमुख लाभ आर्थिक आत्मनिर्भरता है, जिसके फलस्वरुप वह कई महत्वपूर्ण विषय पर स्वयं निर्णय लेने में सक्षम हो गई है। मनरेगा के माध्यम से महिलाओं के हाथों में पहुंचे धन तथा अनाज से '**मानव विकास सूचकांक**' में आशाजनक वृद्धि हुई है (कटारिया सुरेन्द्र : 2010)। सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि मनरेगा में मजदूरी कर रही महिलाओं ने अपनी आजीविका को पशु खरीदने, उनका उपचार कराने, बच्चों की पढ़ाई, रोगोपचार, पेयजल, पौष्टिक भोजन, बर्तनों तथा वर्षो से बची रही किसी मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति में लगाया। जबकि दूसरी तरफ पुरुष अपनी मजदूरी शराब सेवन करने पर व्यय करता है, जैसा कि सारणी संख्या-7 से स्पष्ट है कि इससे सामाजिक नैतिकता का पतन हुआ है और पारिवारिक कलह में वृद्धि हुई है। साथ ही मनरेगा के माध्यम से महिलायें आवश्यक घरेलू सामान जैसे सिलाई मशीन, बर्तन, कपड़े, गहने खरीद रही है किन्तु इससे दहेज को प्रोत्साहन मिल रहा है। सारिणी संख्या-7 के अनुसार 75 प्रतिशत ग्रामीणों का ऐसा मानना है।

मनरेगा का अन्य अप्रत्यक्ष प्रभाव यह है कि पुरुष वर्ग धीरे-धीरे महिला वर्ग पर आश्रित होता जा रहा है तथा पुरुषो का बच्चों की शिक्षा, माता-पिता व परिवार की जिम्मेदारी से अलगाव होता जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं पर काम का बोझ अत्यन्त बढ़ गया है क्योंकि उन पर घरेलू व बाहरी काम दोनों का दबाव बढ़ गया है और उन पर दोहरा उत्तरदायित्व भी बढ़ गया है, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक दोहन हो रहा है, जो कि उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है, क्योंकि परिवार का सर्वांगीण विकास तभी सम्भव है, जबकि पति-पत्नी में परस्पर सहयोग हो किन्तु नकारात्मक सम्बन्ध बच्चों के पालन-पोषण पर दुष्प्रभाव डालती है।

रामपुर ग्राम पंचायत की महिला प्रधान मनभावती का कहना है कि 'इससे गाँव में खुशियाँ ही खुशियाँ आ गई। महिलाओं की स्थिति में पहले की अपेक्षा काफी सुधार हुआ है, कम से कम छोटी-मोटी जरूरतों के लिए वह अब किसी की मोहताज नहीं है।' यद्यपि सर्वेक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि कार्यस्थल पर महिलाओं को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में कोई उचित प्रबन्ध नहीं कियागया क्योंकि न तो वहाँ शिशुओं की देख-रेख हेतु क्रेंच की व्यवस्था है और न ही कोई चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध है। महिलाओं को सामान्यत: पुरुषों की सहायक के रूप में पैसा दिया जाता है जो कि सामान्य मजदूरी से काफी कम होता है। यद्यपि ग्रामीण क्षेत्र में कृषि क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के योगदान के बावजूद उन्हें कृषक का दर्जा प्रदान नहीं किया जाता। वहीं मनरेगा के अन्तर्गत महिलाओं को प्राथमिकता प्रदान की गई है और उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन प्रदान किया जा रहा है (खैरा, रीतिका व नायक, नन्दिनी : 2009)।

मनरेगा और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रभाव : रामपुर गाँव की अधिकांश ग्रामीण जनसंख्या जनजातिय हैं, अत: उनकी प्रकृति पर निर्भरता स्वत: ही सम्भव है। मनरेगा का उद्देश्य सामाजिक वानिकी में वृद्धि करना है चाहे वह जलसंरक्षण के अन्तर्गत तालाब अथवा बंधी के निर्माण द्वारा अथवा वनारोपण द्वारा। वन वर्षा एवं भूमिगत जल स्तर के लिए उत्तरदायी होते हैं। वृक्षारोपण तथा वन संरक्षण सूखा रोकने के लिए अवश्य सम्भावी है। रामपुर व करौंदिया की सूची पड़ी पहाड़ियों को हरा-भर कर पर्यावरण सुधार का कार्य किया गया।

सारिणी संख्या-9: निर्मित स्रोत

कार्य का नाम	2006-07	2007-08	2008-09
बंधी 1 (अपूर्ण)	1 (अपूर्ण)	1 (अपूर्ण)	
तालाब	1	0	0
पौधारोपण	-	-	पूर्ण
निजी भूमि पर तालाब	0	1	3

स्रोत : www.sonbhadra.nic.in

इसी गाँव के कृषक जो अपनी जमीन बंजर जैसी होने के कारण मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते थे, इस योजना के अन्तर्गत बंधी व तालाब के निर्माण हो जाने के बाद जमीन को सिंचित बना सके। फसल की पैदावर एक चक्रक से बढ़कर तीन चक्र हो गई है।

रामपुर व करौंदिया गाँव में एक तरफ सार्वजनिक स्रोतों का निर्माण कियागया किन्तु जिन सार्वजनिक स्रोतों की अधिक आवश्यकता थी उनके स्थान पर महत्वहीन स्रोतों का निर्माण किया गया जिसमें पानी भी उपलब्ध नहीं है। रामपुर एक पहाड़ी गाँव है जिसमें खेत ढलान पर स्थित है। अत: वर्षा ऋतु में पानी का बहाव तीव्र गति से आता है और खेतों को विनष्ट कर देता है, ऐसे में गाँव में चेकडेम की अधिक आवश्यकता है, जबकि गाँव में 5 तालाबों का निर्माण कर दियागया है और बाँध के नाम पर मात्र 2 वह भी अपूर्ण बाँध है।

मनरेगा तथा नक्सलवाद :

सारिणी संख्या- 10: विकास योजनाओं से पूर्ण लाभ प्राप्त न होने में विभिन्न प्रकार की कठिनाईयों का वर्गीकरण

क्र.	कठिनाईयाँ	संख्या (284)	प्रतिशत
1.	यातायात की असुविधा	240	84.5
2.	प्रधानों द्वारा अवहेलना/रिश्वतखोरी	200	70.4
3.	प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अवहेलना/रिश्वतखोरी	221	77.8
4.	गरीबी	150	52.8
5.	योजनाओं की जानकार का न होना	162	57.0
6.	शिक्षण संस्थाओं का न होना या दूर होना	68	28.9
7.	स्वास्थ्य/बिजली/पानी की सुविधा	118	41.5
8.	नक्सलियों/दलालों का भय	100	35.2

नक्सलवाद के प्रादुर्भाव का प्रत्येक राज्य में पृथक कारण है किन्तु मूलभूत कारण निर्धनता है और निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रमों द्वारा निश्चित रूप से इस समस्या का समाधान अवश्य सम्भव है। मनरेगा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इसकी पहुँच देश के प्रमुख नक्सलवादी क्षेत्रों तक है। रामपुर-करौंदिया जाने वाली सड़क को कागजों पर कई बार बनाया गया। अब राष्ट्रीय समविकास योजना के अन्तर्गत 1.6 करोड़ की लागतसे बनने वाली सड़क आज भी अधूरी ही है किन्तु इस क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा मनरेगा के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो में कोई बाधा नहीं पहुँचायी जाती। सारिणी

संख्या–10 से स्पष्ट है कि मनरेगा जैसी विकास योजना के पूर्ण लाभ प्राप्त न होने में विभिन्न प्रकार की कठिनाईयों में 77.8 प्रतिशत लोगों का मानना है कि प्रशासनिक अधिकारी व रिश्वतखोर जिम्मेदार हैं। उसके पश्चात् 70.4 प्रतिशत प्रधानों को जिम्मेदार मानते हैं जबकि नक्सलियों के भय को मात्र 35.2 प्रतिशत लोग ही जिम्मेदार मानते हैं। अत: इससे स्पष्ट है कि नक्सलवाद को प्रोत्साहित करने में कहीं न कहीं प्रशासनिक अधिकारियों का बहुत बड़ा योगदान है। पूर्व राष्ट्रगति वी0वी0 गिरि का मानना था कि 'बेरोजगारी सब समस्याओं की जड़ है। इसी के कारण देश में नक्सलवाद को बढ़ावा मिला है।' (कटारिया, सुरेन्द्र : 2010) बेरोजगारी व निर्धनता के परिणामस्वरुप जो युवा वर्ग नक्सलवादी गतिविधियों में संलग्न रहते थे, उनकी संख्या में भी काफी कमी आयी है, जो इस तथ्य को उजागर करता है कि यदि प्रकरणों का विकास होगा तो गाँव का विकास होगा जो भविष्य में नक्सलवाद को स्वत: समाप्ति की ओर अग्रसर होगा।

मनरेगा के माध्यम से पिछड़े गाँव विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित हो रहे हैं, जिससे गाँव में दूरसंचार माध्यमों का आवागमन हो रहा है। सरकारी कर्मचारियों के सम्पर्क में आने से उन्हें अन्य कार्यक्रमों से सम्बन्धित जानकारी भी प्राप्त हो रही है। मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त मजदूरी से पुरुष मजदूरों द्वारा रेड़ियो, मोबाइल जैसे संचार के साधनों का प्रयोग भी बढ़ रहा है, जिससे उन्हें गाँव से बाहर देश के अन्य भागों में होने वाली गतिविधियों की जानकारी होती है जिससे उनमें जागरुकता में वृद्धि होती है और अज्ञानता में कमी आती है, क्योंकि नक्सलवादियों द्वारा सामान्यत: उनकी अशिक्षा व अज्ञानता का ही लाभ उठाया जाता है।

निष्कर्ष व सुझाव : उपर्युक्त सर्वेक्षण के माध्यम से कुछ प्रश्नों का उत्तर खोजने का प्रयास किया गया है, स्थानीय दबंग एवं प्रभावी व्यक्तियों एवं अन्य निहित स्वार्थो पर कितना प्रभावी अंकुश लगा है? योजना के लक्षित लाभान्वित दुर्बल–गरीब वर्ग के लोग योजना का कितना लाभ उठा पा रहे हैं? अपने अधिकारों एवं हकों की पहचान करने की कितनी जागरुकता उनमें आयी है? क्रियान्वयन से जुड़ी प्रक्रियाओं में कितनी सहभागिता दुर्बल–लाभान्वित वर्ग को मिल पा रा है? मनरेगा के सन्दर्भ में कुछ सुझाव निम्न है:

1. मनरेगा ग्रामीणों को सीमित कार्य उपलब्ध कराता है, जिसके फलस्वरुप उनके परम्परागत व्यवसायों को क्षति पहुँच रही है। अत: मनरेगा के अन्तर्गत ऐसे प्रावधानों को सम्मिलित करना आवश्यक हैं जिससे स्थानीय संसाधनों का दोहन भलीभांति हो सके और वे स्वयं के आय सृजन में सक्षम हो सकें व जिससे उनके जीवन को एक गति व निरन्तरता प्राप्त हो सके।
2. मनरेगा का उद्देश्य अधिकारों से वंचित समूह को समान अधिकार उपलब्ध कराना है ताकि वे जीवन–यापन के न्यूनतम जीवन–स्तर को प्राप्त कर सकें। इसके अन्तर्गत मजदूरी में वृद्धि करना व बेरोजगारी भत्ता उपलब्ध कराना सम्मिलित किया जाये ताकि इससे जुड़ने वाले व्यक्ति को किसी तरह का आर्थिक नुकसान न हो और सामाजिक शोषण से भी उनकी रक्षा की जा सके।
3. ग्राम सभा का उपयोग मनरेगा के सामाजिक अंकेक्षण में अधिक सार्थक रूप से किया जा सकता है। यदि ग्राम सभा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की जानकारी एवं जागरुकता के स्तर को इस उद्देश्य के साथ बढ़ाया जाये कि वे मनरेगा का काम लेते हुए उसकी कमियों को इंगित कर सके।
4. ग्रामीण जनता में शिक्षा जानकारी एवं जागरुकता बढ़ाकर उन्हें 'शासित' वाली मानसिकता से उबारना है तथा अपने हक व अधिकारों को पहचान कर सामाजिक अंकेक्षण में प्रभावी जनसहभागिता करने में सक्षम बनाना है तो दूसरी ओर क्रियान्वयन तंत्र को पारदर्शी, जवाबदेह एवं संवेदनशील बनाने तथा उसमें सामाजिक अंकेक्षण की स्वीकार्यता बढ़ाकर उसे शासक वाली मनोवृत्ति से निकालकर लोक–सेवक मनोवृत्ति में ढालने की तरफ उन्मुख करना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. अधिकारी, अनिन्दता और भाटिया, कार्तिका, 2010,'नरेगा वेज पेमेन्ट्स : केन वी बैक ऑन द बैंक्स', इकोनॉमिक एण्ड पॉलिटिकल वीक्ली, xiv(1), 2 जनवरी : 30–37।
2. द्रेज, ज्यां; खेड़ा, रीतिका; सिद्धार्थ, 2008,'नरेगा में भ्रष्टाचार : मिथक और वास्तविकता', योजना वर्ष : 53(8), अगस्त : 15–16।
3. खेरा, रीतिका और नायक, नन्दिनी 2009 :'वूमेन वर्कर्स एण्ड पर्सेप्शन्स ऑफ द नेशनल रूरल इम्प्लायमेन्ट गारंटी एक्ट', इकोनॉमिक एण्ड पॉलिटिकल वीक्ली,xiv(43) 24 अक्टुबर : 49–57।
4. केसरी, अर्जुनदास, 1994,'यह सोनभद्र है', लोकरुचि प्रकाशन, सोनभद्र।
5. सिंह, रघुवंश प्रसाद, 2008, 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के दो साल', योजना वर्ष : 53(8), अगस्त : 7–10।
6. सांख्यिकीय पत्रिका, जनपद सोनभद्र, कार्यालय अर्थ वं सांख्याधिकारी अर्थ व संख्या प्रभाग, वर्ष 2005।
7. www.sonbhadra.nic.in
8. कौशिक, जगबीर, 2009,'नरेगा गरीबो का सुरक्षा कवच', कुरुक्षेत्र, वर्ष : 56(2), दिसबर : 3–8।
9. कटारिया, सुरेन्द्र, 2009,'आर्थिक मंदी से जूझने में नरेगा का योगदान', कुरुक्षेत्र, वर्ष: 56(2), दिसबर : 9–12।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Impact of Ayushman Bharat Scheme on Beneficiaries in Rewa, Madhya Pradesh

Eshika Agrawal* Dr. Kumud Shrivastava**

*Research Scholar (Economics) Govt. TRS College, Rewa (M.P.) INDIA
** Professor (Economics) Govt. TRS College, Rewa (M.P.) INDIA

Abstract : The Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan arogya Yojana (AB-PMJAY) is India's flagship health insurance scheme aimed at providing financial protection to economically vulnerable populations. This study examines the impact of the scheme on beneficiaries in Rewa, Madhya Pradesh, focusing on access to healthcare, financial relief and health outcomes. Through a mixed methods approach combining surveys and interviews, this paper highlights both the benefits and challenges faced by beneficiaries. Findings indicate improved healthcare access but also reveal gaps in awareness and hospital participation. Policy recommendations are proposed to enhance the scheme's effectiveness.

Introduction - Healthcare affordability remains a significant challenge in India, particularly for low-income populations. The Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB-PMJAY) was introduced in 2018 to provide cashless secondary and tertiary healthcare to over 500 million beneficiaries. This paper investigates how the scheme has affected the beneficiaries in Rewa, Madhya Pradesh, focusing on financial relief, hospital accessibility and service utilization.

Research Objectives:

1. The research will assess the demographics, accessibility and impact of Ayushman Bharat Yojana on population of Rewa.
2. To assess the impact of Ayushman Bharat scheme on healthcare outcomes and financial burden reduction in the region.
3. To evaluate the accessibility and utilization of healthcare services under the scheme.
4. To identify barriers faced by beneficiaries in availing scheme's benefits.

Research Highlights: The research for assessing the situation of Ayushman cardholders in Rewa had gone through several stages which includes use of stratified sampling method to conduct survey of around 100 beneficiaries and interviews from around 20-25 persons, health personnel's, and government officials.

Field Survey Report

(Collected data of about 100 Ayushman card holders through survey and interviews.)

Total Ayushman cardholders surveyed	100
Percentage of cardholders using the scheme for hospitalizations	65% (65 beneficiaries)
Average no. of hospital visits per year (per beneficiary)	2.5
Average distance travelled to nearest empanelled hospital	15km
Average claim amount reimbursed (per hospitalizations)	20,000
Percentage reduction in healthcare costs after using the scheme	60%
Percentage of claims rejected	8%
Beneficiaries reporting satisfaction with services	75%

Further Analysis

1. Demographics of respondents

i. Male – 55%
ii. Female – 45%

2. Age groups:

i. 18-30 years – 20%
ii. 31-50 years – 45%
iii. 51-70 years – 25%
iv. Above 70 years – 10%

3. Financial Impact:

i. Average healthcare expense saved using Ayushman card: Rs 25,000/year per household.
ii. Percentage of respondents reporting no out of pocket expenses: 60%

4. Satisfaction levels:

i. Very satisfied- 50%
ii. Somewhat satisfied- 30%
iii. Neutral- 10%
iv. Dissatisfied- 10%

Analysis of survey reports:

i. Around 65% of surveyed cardholders actively use the

scheme, showing significant adoption but leaving a sizeable portion unutilized.

ii. Beneficiaries report an average 60% reduction in out of pocket expenses, indicating improved affordability.

iii. An average distance of 15km to hospitals suggests moderate accessibility but may be a barrier for rural populations.

iv. A satisfaction rate of 75% shows positive perception but leaves room for addressing grievances related to claim rejections.

Conclusion: The questions arose at the starting of the research or the hypothesis proclaimed have been turned out to be true and explained briefly throughout the report.

The healthcare services provided are quite affordable and easily accessible to people seeking healthcare aid, thus benefitting them in the best way possible for all those who cannot afford quality treatment for several diseases.

Thus, it ensures welfare of people since:

i. The scheme is well- utilized, with a significant majority relying on public hospitals.

ii. Financial relief is notable, reducing financial pressure on patients.

iii. Awareness campaigns enhancing scheme's reach and effectiveness.

iv. Helping people with different socio-demographic background.

Challenges associated to the

PM-JAY-AB scheme: Though, this scheme of government comes with several benefits, it also includes several leakages or loopholes:

i. Firstly, India is not a corruption free nation, starting from the making of Ayushman cards to availing services and free treatment involves various malpractices.

ii. Hospitals sometimes charge unnecessarily from patients in order to increase the bill to avail the full insurance amount by the government.

iii. Not every hospital in a district is empanelled to provide its benefits, somewhere in rural areas only a few hospitals are authorized to provide treatments under AB PM-JAY scheme.

Recommendations:

i. Firstly, regular verification of beneficiaries should be done to check proper functioning of the scheme.

ii. Secondly, hospitals empanelled under the scheme should also remain under continuous check to create a corruption free environment from people.

iii. Policymakers should be more focused on increasing hospital network coverage and improving claim processing systems.

iv. Proper grievances redressed mechanism should be enforced.

v. The hospital network should be increased to provide healthcare access in private hospitals along with government ones.

Reference:-

1. Personal Research.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय चित्रकला के वर्तमान आयाम व प्रो0 भगवती प्रकाश काम्बोज

कुलदीप कुमार* डॉ. निशा गुप्ता**

* शोधार्थी (चित्रकला) जे0 के0 पी0 पीजी कॉलेज, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत
** एसोसिएट प्रोफसर (चित्रकला) जे0 के0 पी0 पीजी कॉलेज, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – चित्रकला का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना मानव सभ्यता का विकास। जैसे जैसे मानव का विकास हुआ वैसे –वैसे उसकी कला भी विकसित होती गयी। कला का उदय मानव की सौन्दर्य भावना का परिचायक है। आधुनिक कला विभिन्न आयामों के साथ पल्लवित एवं पुष्पित हो रही है। भारतीय चित्रकला के आधुनिक युग का प्रारम्भ 20वीं सदी से माना जाता है। अवनीन्द्रनाथ ठाकुर भारतीय चित्रकला के पुनरूद्धारक रूप में प्रतिष्ठित हुए। इन्होंने देशी–विदेशी शैलियों का अध्ययन किया। नन्दलाल बसु अवनीन्द्रनाथ ठाकुर के प्रिय शिष्यों में से एक रहे हैं, जिन्होंने जलरंग व टेम्परा में ही प्राय: अपने चित्रों को बनाया है। कला और पहाड़ों के प्राकृतिक सौन्दर्य के प्रति प्रो. काम्बोज का लगाव जन्मजात है। प्रो. भगवती प्रकाश काम्बोज का जन्म 15 अगस्त 1928 ई. में देहरादून में हुआ था। इनके पिता का नाम गौरीशंकर था। बचपन से ही इनमें चित्रकला व प्राकृतिक सौन्दर्य के प्रति विशेष रूचि रही।

प्रस्तावना – चित्रकला का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना मानव सभ्यता का विकास। मनुष्य ने जिस समय प्रकृति की गोद में आँखें खोली उसी समय से ही उसने अपनी मूक भावनाओं को तूलिका के माध्यम से गुफाओं व चट्टानों की भित्तियों पर अभिव्यक्त किया। उसके जीवन की कोमल भावनाएँ तथा संघर्षमय जीवन की सजीव झांकियाँ उस समय की कलाकृतियों में आज भी सुरक्षित है। जैसे जैसे मानव का विकास हुआ वैसे –वैसे उसकी कला भी विकसित होती गयी। कला का उदय मानव की सौन्दर्य भावना का परिचायक है। रवीन्द्रनाथ टैगोर के शब्दों में– 'कला में मनुष्य अपनी अपने विचारों की अभिव्यक्ति करता है।'

भारतीय चित्रकला का विकास मानव सभ्यता के विकास के साथ–साथ ही आरम्भ होता है। आरम्भ से ही मनुष्य अपनी मन:स्थिति को तूलिका के माध्यम से चट्टानों व गुफाओं की भित्तियों पर अभिव्यक्त कर सहज आनन्द की अनुभूति करता आया है।

किसी समय विशेष में मनुष्य जिस माहौल में रहा है अर्थात् उसके बीते असभ्य व सभ्य जीवन, शासक के आचार विचार, धार्मिक प्रभाव आदि ने चित्रकार की अभिव्यक्ति को गहराई से प्रभावित किया है। इसी कारण चित्रकार ने कभी स्वतंत्र होकर चित्रण किया तो कभी अपने संरक्षक को खुश करने के लिए। धार्मिक भावना ने मानव हदय को कठोर , हिंसक व आदिम प्रवृति से सहज कोमल मनोंभावों की ओर रूपान्तरित किया। बौद्ध धर्म का इसमें प्रमुख स्थान रहा है। गोतम बुद्ध से प्रभावित होकर अनेक बौद्ध भिक्षुओं ने अजन्ता की जातक कथाओं पर आधारित भित्ति चित्रों का निर्माण किया। ऐसा लगता है मानो असंख्य बौद्ध भिक्षु अपनी छैनी तथा तूलिका के माध्यम से सृजन करते हुए भगवान बुद्ध की साधना में लीन हो गये। इन भित्ति चित्रों पर किसी चित्रकार का नाम नहीं मिलता, लगता है कि गुरू–शिष्य के मधुर सम्बन्ध और समर्पण की भावना इन चित्रों में उतर आई हो। सम्भवत: शिष्य ने इसलिए अपना नाम नहीं लिखा क्योंकि उसमें उसके गुरू का भी कार्य था और गुरू ने इसलिए नहीं लिखा कि उसमें शिष्य का भी चित्रण कार्य था।

पोथी चित्रण में बौद्ध धर्म से प्रेरित पाल चित्रशैली तथा जैन धर्म से प्रेरित अपभ्रंश चित्रशैली ने ताडपत्र चित्रण मे प्रसिद्धि पाई।राजस्थानी शैली की मेवाड, मारवाड, हाडौती, ढूँढाडी शैलियाँ लघु चित्रों के रूप में फली फूली। किशनगढ चित्रशैली में निहालचन्द द्वारा बनाये गये बनी–ठनी के सौन्दर्यपूर्ण चित्र को भारतीय मोनालिसा की संज्ञा दी जाती है। भारतीय और ईरानी शैलियों के योग से बनी मुगल चित्रशैली ने अकबर, जहॉगीर, शाहजहाँ के समय में विशेष प्रसिद्धि पाई व शासक ने अपने शासक की रूचि के अनुरूप चित्रण किया। पहाडी चित्रशैली में भगवान कृष्ण की लीलाओं का बडा सुन्दर चित्रण किया गया।

अंग्रेजी शासन में पनपी कम्पनी शैली में चित्रकारों ने अंग्रेज अधिकारियों के अनुरूप चित्रण किया। पाश्चात्य प्रभाव भारतीय कला पर स्पष्ट आने लगा। राजा रविवर्मा ने यूरोपीय तकनीक से प्रभावित होकार तैल माध्यम में पौराणिक चित्र बनाये। अवनीन्द्रनाथ टैगोर के प्रयासों से चित्रकला के विकास की यह धारा बंगाल शैली से होते हुए आधुनिक कला संगठनों की ओर बढती चली गयी। आज कलाकार अपने मनोभावों की अभिव्यक्ति के लिए स्वतन्त्र चित्रण कर रहा है।

मुख्य भाग – आधुनिक कला विभिन्न आयामों के साथ पल्लवित एवं पुष्पित हो रही है। भारतीय चित्रकला के आधुनिक युग का प्रारम्भ 20वीं सदी से माना जाता है। राजा रवि वर्मा केरल के प्रसिद्ध कलाकार थे जिन्होंने यूरोपियन शैली का अनुकरण करके भारतीय देवी–देवताओं तथा पौराणिक व्यक्तियों के चित्रों को तैल माध्यम में चित्रित किया है। वे भारत में तैल–चित्रण तकनीक को प्रारम्भ करने वाले अग्रणी कलाकार के रूप में जाने जाते हैं। श्रीकृष्ण और बलराम, रावण, सीता और जटायु, शकुन्तला, इन्द्रजीत की विजय, हरिश्चन्द्र आदि उनकी प्रमुख कृतियाँ हैं।

अवनीन्द्रनाथ ठाकुर भारतीय चित्रकला के पुनरूद्धारक रूप में प्रतिष्ठित हुए। इन्होंने देशी–विदेशी शैलियों का अध्ययन किया। बाद में ई0वी0 हैवेल की प्रेरणा के फलस्वरूप ही भारतीय कला के स्रोत अजन्ता, एलोरा तथा राजपूत शैलियों का भी अध्ययन किया। भारतीय कला को विदेशी दासता से मुक्त कराने में अपना सम्पूर्ण जीवन लगा दिया। इन्होंने जापानी चित्रकारों के प्रभाव

से एक नई विधि 'वाश टैकनीक' को जन्म दिया।

नन्दलाल बसु अवनीन्द्रनाथ ठाकुर के प्रिय शिष्यों में से एक रहे हैं, जिन्होंने जलरंग व टेम्परा में ही प्राय: अपने चित्रों को बनाया है। साथ ही आपने वाश टैकनीक में भी अनेक प्रसिद्ध चित्रों की रचना की है। हरिपुरा कांग्रेस अधिवेशन की चित्र सज्जा में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

'भारतीय कला-परम्परा में विनोद बिहारी मुखर्जी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है। आपकी कला में विविधता है। भित्ति चित्र, कोलाज, वुडकट तथा केलीग्राफी आदि सभी प्रकार का कार्य आपने किया है। मुखर्जी की कला भारत की आधुनिक चित्रकला के विकास की वह कड़ी है जिसने उसे ऐसी स्वायत्तता प्रदान की जिसका आज वह सुख भोग रही है। आपने अतीत को अनदेखा नहीं किया बल्कि उसके आवश्यक पक्षों को नये युग के सन्दर्भ में प्रस्तुत किया। पुल, जंगल, मन्दिर का घण्टा तथा मध्यकालीन हिन्दी सन्त आपकी कुछ प्रसिद्ध कृतियाँ है।'[1]

अमृता शेरगिल एक प्रतिभापूर्ण नारी-कलाकार थी। आज जब हम भारतीय चितेरों की बात करते हैं, तो अमृता का नाम आते ही एक ऐसा व्यक्तित्व सामने आ खड़ा होता है, जिसकी कला पूर्व और पश्चिम की कला शैलियों के संगम के रूप में ही नहीं बल्कि भारत में आधुनिक कला के जन्मदाता के रूप में प्रतिष्ठित की जा सकती है। अमृता शेरगिल पहली भारतीय महिला थी जिन्होंने बीस वर्ष की अल्पायु में ही विदेशों में अपना सिक्का जमा लिया था। वधु का शृंगार, केले बेचते हुए, हाट जाते हुए, गणेश-पूजा, हल्दी पीसती औरतें, चारपाई पर विश्राम करती स्त्री, आदि आपके प्रसिद्ध चित्रों में से हैं।

'दाढ़ी व जुल्फों के श्वेत बालों से आवृत नारंग हँसमुख चेहरा, सफेद खादी का कुर्ता-पायजामा पहने, नंगे पैर, लम्बे कद का, लम्बे डग भरता व्यक्तित्व था एम0एफ0हुसैन का, उस हुसैन का जो स्वयं एक जिन्दा तस्वीर थे। ख्याति तो यूँ अनेक भारतीय चित्रकारों को मिली, पर प्राय: कॉफी हाउस में तथा युवावर्ग के बीच जब कला की चर्चा होती है तो हुसैन का नाम अवश्य अपने आप आ जायेगा। जो सम्मान व लोक प्रियता पिकासो को मिली है वही भारत में हुसैन को दिलखोलकर मिली है, सभी ओर से मिली है। सन् 1973 ई0 में गणतन्त्र दिवस पर भारत सरकार ने पद्म भूषण की उपाधि से हुसैन को सम्मानित किया था।'[2]

हुसैन बुनियादी तौर पर एक प्रतीकवादी चित्रकार थे जिन्होंने असंख्य चित्रों की रचना की हैं। चित्रों में घोड़े की आकृति हुसैन का प्रतीक बन चुके थे। वहीं दूसरी ओर 'रजा की रंगों के प्रति संवेदनशीलता निरन्तर बढ़ती गयी है।'

कला और पहाड़ों के प्राकृतिक सौन्दर्य के प्रति प्रो. काम्बोज का लगाव जन्मजात है। नई सृजनात्मक प्रकृति की पहचान उनके काम में स्पष्ट दिखलाई पड़ती है। प्रो. भगवती प्रकाश काम्बोज का जन्म 15 अगस्त 1928 ई. में देहरादून में हुआ था। इनके पिता का नाम गौरीशंकर था। बचपन से ही इनमें चित्रकला व प्राकृतिक सौन्दर्य के प्रति विशेष रूचि रही।

'प्रो0 काम्बोज का विवाह 31, जनवरी सन् 1959 में पारिवारिक रीति-रिवाज के अनुसार श्रीमती इन्दिरा से हुआ। इनकी पत्नी की शिक्षा बी0ए0 थी। उस समय ग्रेजुएट होना बहुत बडी बात मानी जाती थी। श्रीमती इन्दिरा तीन भाईयों में अकेली बहन थी। प्रो0 काम्बोज की दो पुत्रियाँ और एक पुत्र है। सबसे बडी पुत्री श्रीमती श्रुति काम्बोज ने एम0एस0सी0 रसायन विज्ञान से की तथा एम0 फिल0 की डिग्री प्राप्त की। डॉ0 ऋचा काम्बोज ने नेशनल म्यूजियम से एम0ए0 हिस्ट्री ऑफ आर्ट से किया और गाल्ड मेडलिस्ट रही तथा डॉक्टरेट की डिग्री भी प्राप्त की। ये एम0 के0 पी0 पीजी कॉलेज, देहरादून में विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। इस प्रकार इनका पूरा परिवार शिक्षा के क्षेत्र से जुडा रहा। प्रो0 काम्बोज का जीवन बहुत ही आनन्द से व्यतीत हो रहा था अचानक ही फरवरी 2016 में इनकी पत्नी का स्वर्गवास हो गया।'[3]

इन्होंने चित्रकला में परास्नातक की डिग्री डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज देहरादून से प्राप्त की। ये मृत्युपर्यन्त कला सृजन में सलंग्न रहे तथा विभिन्न एकल तथा सामूहिक कला प्रदर्शनियों में प्रतिभागिता करते रहे। इन्होंने देहरादून में कला के क्षेत्र को विस्तार देने के लिए अथक प्रयास किये। प्रो. बी.पी. काम्बोज अपनी कलाकृतियों के माध्यम से जनमानस के हृदय में सौन्दर्य रूपी दीपक को प्रकाशित करना चाहते थे। वे समाज को अध्यात्मिकता, आपसी प्रेम, सौहार्द की भावना, समाज सेवा तथा देश-भक्ति का संदेश देना चाहते थे। उनके चित्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम और लगाव स्पष्ट झलकता है। उन्होंने अपने चित्रों में लकड़ी के प्राकृतिक पोत का प्रभाव सौन्दर्यपूर्ण ढंग से दर्शाया है। बुश से छिटकने के बाद उनके भावों को रंगों ने प्रेरणा के नये आयाम दिये है। निरंतर नई सृजनात्मक प्रवृति की पहचान बन चुके इस महान शख्सियत की कृतियों ने सरहद की सीमाओं को लांघा है। प्रो. काम्बोज जी की कला के प्रति रूचि, लगन व निष्ठा के मूल मन्त्र को साबित करने का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने ड्राइंग एण्ड पेंन्टिग में एम.ए. किया और एक चित्रकार के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की।

राष्ट्रीय आधुनिक कला वीथिका, नई दिल्ली तथा ललित कला अकादमी में आपका कार्य प्रदर्शित होता रहा। उन्होंने उत्तरांचल में कला की गतिविधियों को गति प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किये। कलाधरोहर के सरंक्षण तथा प्रतिभावों को संगठित करने के उद्देश्य से उन्होंने वहाँ उत्तरांचल कला परिषद का गठन किया। इस परिषद् का अध्यक्ष इन्हें ही नियुक्त किया गया। इन्होंने सरकार को कला की चेतना जगाने के लिए सुझाव दिये, जिससे इन्हें सरकार की ओर से सहयोग भी मिला। देहरादून में पहली प्रदेश स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिससे नवोदित कलाकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिला। वे आगरा कॉलेज आगरा में कला विभाग में फैकल्टी ऑफ डीन रहे। वे कला शिक्षा में आदर्श शिक्षक की भूमिका को हमेशा प्रभावपूर्ण मानते थे। उनका मानना था कि हमारी शिक्षण पद्धति में मोटिवेशन नहीं है, इसी कमजोरी ने कला से जुड़े लोगों को ऐसी छूट प्रदान की है, जो नवोदित कलाकार सीखने की उम्र में अवार्ड के सपने देखने लगते है। मूल लक्ष्य से भटककर श्रेष्ठता को छूना असम्भव ही है। युवाओं का समय से पहले अधिक महत्वकांक्षी होना कला के क्षेत्र के लिए लाभप्रद नहीं है। वे कहते थे कि आधुनिक कला शैली से कलाकार प्रभावित है और कुछ नया करने की ललक में निरंतर परिवर्तन आम हो गया है।

कला और कलाकार के प्रचार-प्रसार के लिये अब छोटे-बड़े शहरों में कला वीथिकाएँ खुल गई है, जिनके द्वारा कलाकारों को प्रसिद्धि भी प्राप्त हो रही है। कला को जन-साधारण तक पहुँचाने तथा नये कलाकारों को आगे आने के अवसर प्रदान कर रही वीथिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. समकालीन कला, अंक 19, जून 2001, पृष्ठ संख्या 03
2. आधुनिक भारतीय चित्रकला डॉ. गिर्राज किशोर अग्रवाल पृष्ठ संख्या 52
3. चिन्मय मेहता, उत्तराँचल की कला प्रकृति पर्यावरण एवं समाज से प्रतिबद्ध चित्रकार काम्बोज क कला सम्पदा एव वैचारिकी, अंक 10-मई-जून 2004

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

सरकारी कामकाज में हिंदी : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. आराधना सिंह*

* एसोसिएट प्रोफेसर (हिन्दी) मंगलायतन विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है, लेकिन सरकारी कामकाज में इसके व्यापक उपयोग को लेकर अब भी कई चुनौतियॉ बनी हुई है। यह शोध आलेख सरकारी कामकाज में हिन्दी की वर्तमान स्थिति, उसके संवैधानिक प्रावधानों, प्रशासनिक बाधाओं, तकनीकी चुनौतियों और संभावित समाधान उपायों का विश्लेषण करता है। हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए नीति सुधार, तकनीकी विकास, प्रशासनिक प्रशिक्षण और कानूनी अनुवाद की आवश्यकता पर चर्चा की गई है। अत: सरकारी कार्यों में हिन्दी का प्रभावी उपयोग प्रशासनिक दक्षता पारदर्शिता और जनता की सहभागिता को बढ़ाने में यह आलेख सहायक हो सकता है।

शब्द कुंजी – सरकारी कामकाज, राजभाषा हिंदी, प्रशासनिक भाषा, भाषा नीति हिंदी और संविधान, सरकारी कार्यालयों में हिंदी, तकनीकी विकास और हिंदी, भाषा संबंधी चुनौतियॉ।

प्रस्तावना – हिन्दी हमारी मातृभाषा है, जिसके उत्थान की कामना सदैव भारतीय जनमानस में रही है। कभी भारतेन्दु ने निजभाषा उन्नति में ही समस्त उन्नति की बात कही थी यह उनकी चिन्ता भी थी और चिन्तन भी कि भाषा यदि उन्नत हो तो राष्ट्र भी उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा।

भारत एक बहुभाषी देश है जहां विभिन्न भाषाएं और बोलियां बोली जाती है स्वतंत्रता के बाद, हिन्दी को राजभाषा के रुप में स्वीकार किया गया, ताकि प्रशासनिक कार्यों में एकता और सुगमता लाई जा सके। हालांकि सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को लेकर अभी भी कई चुनौतियां बनी हुई हैं।

संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत हिन्दी को भारत के राजभाषा के रुप में स्वीकृत किया गया था। यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि हिन्दी देश की एक व्यापक रुप से बोली जाने वाली भाषा है और इसे अधिकांश लोग समझते थे। हिन्दी को सरकारी कामकाज की भाषा बनाने का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों को सुगम बनाना और जनता तक सरकार की नीतियों व योजनाओं को सहज रुप से पहुंचाना था।

राजभाषा अधिनियम 1963 के अनुसार हिन्दी और अंग्रेजी दोनो ही केन्द्र सरकार के कार्यालयों में उपयोग की जाती हैं, साथ ही राज्यों को उनकी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्य करने की अनुमति दी गई हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जाती है, जैसे कि हिन्दी कार्यशालाएं, राजभाषा पुरुस्कार और कम्प्यूटर पर हिन्दी टाईपिंग को बढ़ावा देना।

यद्यपि आधुनिक जीवन के विभिन्न व्यवहार क्षेत्रों में हिन्दी का प्रयोग होने लगा है। इसीलिए प्रयोजनमूलक स्तर पर हिन्दी ने विभिन्न विषयों तथा कार्य क्षेत्रों में अपने-अपने विषय के अनुसार अपना विशिष्ट रूप धारण कर लिया है। सरकारी कामकाज में प्रयुक्त होने वाली भाषा को कार्यालयी हिन्दी कहा जाता है। कार्यालयी संदर्भ में भी हिन्दी एक विशेष प्रयुक्ति के रूप में उभरी है। वास्तव में कार्यालय की सबसे बड़ी इकाई प्रशासन है जिसके अंतर्गत सरकार को देश के आर्थिक, राजनैतिक, सुरक्षात्मक, शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक आदि अनेक दृष्टियों से प्रशासन का भार संभालना पड़ता है। अत: इन सभी कार्यों में प्रयुक्त भाषा कार्यालयी भाषा होती है। कार्यालयी हिन्दी का स्वरूप सामान्य बोलचाल की हिन्दी से भिन्न होती है। इसकी प्रकृति प्राय: तकनीकी और औपचारिक होती है और वह काव्य, नाटक, उपन्यास, कहानी आदि से अलग होती है। इसमें जो कुछ कहा जाता है वह बंधे बंधाये वाक्यों या परिभाषिक शब्दावली के भीतर कहा जाता है।

मसौदा-टिप्पणी लेखन, पत्राचार, संसदीय कार्य और प्रतिवेदन लेखन से लेकर सरकारी नीति संबंधी विवरण तक के साहित्य की भाषा अपने-अपने रूप को लिए होती है।

प्रशासनिक कार्यालयों में हिन्दी प्रयोग को वरीयता मिल रही है, बैंक, जीवन बीमा निगम, डाकतार, रेल, आयकर, दूरसंचार, भारत पेट्रोलियम गैस विविध एजेन्सी इस तरह के अन्य कई कार्यालयों में हिन्दी प्रयोग को वरीयता मिल रही है।

विगत वर्षों में हिन्दी का कृष्ण पक्ष ही था कि अधिकारिक स्तर पर वह अपने ही देश के प्रशासन की जुबान नहीं बन पाई। अत: हिन्दी प्रयोजनमूलक हिन्दी के रूप में नये अंदाज में आई किन्तु इसमें भी कुछ खामियाँ निकली। विद्वानों का विचार है कि ये कमियाँ मुख्य रूप से अनुवाद, पारिभाषिक शब्दावली और भाषिक संरचना तथा प्रयुक्ति के स्तर की है। ये कमियाँ और दुर्बलताएँ ही कार्यालयीन हिन्दी की समस्याएँ है। दरअसल प्रशासन के क्षेत्र में संवैधानिक अनिवार्यता के तहत देश के विभिन्न कार्यालयों में जब हिन्दी प्रयोग की बात उठी तब धीरे-धीरे कुछ समस्याएँ भी उठी। इनमें पहली समस्या अनुवाद की थी। अनुवाद के द्वारा अंग्रेजी की जगह आई नई हिन्दी अंग्रेजी से भी कठिन लगने लगी। अवधेश प्रताप सिंह के अनुसार, 'अनुदित हिन्दी में अंग्रेजी के शब्दों के लिए नए-नए गढ़े हुए हिन्दी शब्दों का प्रयोग किया जाने लगा, जिसमें अर्थ पर कम, शब्दों पर अधिक बल दिया जाता है,

परिणामत: वह हिन्दी लोगों के गले नहीं उतर रही है।'[1]

हिन्दी के माधयम से सरकारी कामकाज करने हतु अंग्रेजी में स्थित सारी कार्यालयीन साम्रगी की सुलभ हिन्दी में लाना समय की मांग बन गई। वैसे ही देश में कार्यालयीन अनुवाद की आवश्यकता बढ़ती गई। कार्यालयीन सामग्री के अनुवाद में होने वाली समस्याएँ यह है कि उसकी भाषा मूलत: अमिधामूलक तथा अनालंकृत होती है। कार्यालयीन अनुवाद में एक तरफ प्रत्येक शब्द के साथ बाध्य रहना पड़ता है तो दूसरी तरफ ऐसे अनुवाद को कृत्रिमता एवं अटपटेपन से भी बचना पड़ता है डॉ. राजमणि तिवारी का कथन सही है कि 'कार्यालयी अनुवाद करते समय अनुवादक को छूट लेने की स्वतंत्रता नहीं है। उसे प्रत्येक शब्द का अनुवाद करने की बाध्यता सी प्रतीत होती है। इसका परिणाम यह होता है कि अनुवाद की भाषा कृत्रिम और अटपटी बन जाती है।'[2]

चूंकि देश की राष्ट्रभाषा हिन्दी है। सरकारी कामकाज हिन्दी में करने को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है, मगर सरकारी विभागों का कामकाज हिन्दी में करने की नसीहत देने वाली केंद्र सरकार के सर्वोच्च मंत्रालय से हिन्दी गायब हो गई। इम्फाल और नार्थ ईस्ट के राज्यों से सूचनाओं के जबाव हिन्दी में आते है लेकिन दिल्ली स्थित मंत्रालयों को हिन्दी नहीं आता। प्रधानमंत्री (पीएमओ) में कामकाज जरूर हिन्दी में होता होगा लेकिन पत्राचार अंग्रेजी में हो रहा है। सूचना के अधिकार के तहत यहाँ से कोई जानकारी हिन्दी में मांगिये। आपको जबाव अंग्रेजी में मिलेगा। हाल ही में संगम नगरी के पार्षद के सवाल का जबाव अंग्रेजी में (पीएमओ ने) भेजा। केन्द्र सरकार के मंत्रालय और विभाग अपना जबाव अंग्रेजी में देते है।'देश की सर्वोच्च जांच एजेंसी सीबीआई के दतर ने हिन्दी मे जबाव दिया।'[3]

किसी भी राष्ट्र में एक या एक से अधिक भाषायें होती है जो सरकारी या प्रशासनिक कार्य के लिए उपयोग की जाती है। जैसे भारत में हिन्दी और अंग्रेजी प्रशासनिक कार्य के लिए उपयोग की जाती है और कुछ राज्य सरकारें हिन्दी के स्थान पर अपने राज्य की भाषा का प्रयोग करती है ऐसी स्थिति में आम बोलचाल की भाषा और प्रशासनिक कार्यालयों की भाषा में बहुत अंतर होता है।

सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग की आवश्यकता का सर्वप्रमुख कारण प्रशासन को सशक्त बनाने के लिए प्रशासन की भाषा जनता की भाषा होनी चाहिए ताकि आम नागरिक आसानी से सरकारी नीतियों, योजनाओं और नियमों को समझ सकें। हिन्दी में सरकारी कामकाज करने से यह लक्ष्य पूरा किया जा सकता हैं।

हिन्दी भाषा का प्रशासनिक रूप अंग्रेजी के ढांचे पर विकसित हुआ। इसलिए 'प्रशासनिक या कार्यालयी हिन्दी और आम हिन्दी भाषा में स्वरूप, सरंचना, वाक्य गठन, शब्द भंडार आदि के स्तर पर बहुत अंतर पाया जाता है। प्रशासनिक कार्य मूल रूप में अंग्रेजी में होता है, उसके बाद हिन्दी में उसका अनुवाद किया जाता है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि अंग्रेजी रूप को ही प्रमाणिक माना जाता है।'[4]

कानूनी एवं संवैधानिक बाध्यता होने से हिन्दी को संविधान में राजभाषा का जो दर्जा दिया गया है जिससे यह अनिवार्य हो जाता है कि सरकारी कामकाज में इसका प्रयोग होना चाहिए।

पिछले कुछ वर्षो से यह अनिवार्य कर दिया गया है कि 'प्रशासनिक रिपोर्ट, सरकारी पत्रिकायें, संसद को दी जाने वाली रिपोर्ट सरकारी पत्र, आदेश आदि जहाँ तक हो अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी में भी प्रकाशित की जाये। भारत सरकार के आदेश के अनुसार सरकारी संकल्पों और विधायी अधिनियमों में धीरे-धीरे अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी का प्रयोग करने और जनता की सहायता करने के विचार से जहाँ तक संभव हो सके उन्हें अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी में भी निकाला जाये।'[5]

हिन्दी की उन्नति में अनुवाद कार्य का अभूतपूर्व योगदान है। अनेक हिन्दीतर क्षेत्रों की हिन्दीतर श्रेष्ठ रचनायें अनुवाद के कारण हिन्दी में आ गई है, जिनके कारण हिन्दी निश्चय ही समृद्ध होती जा रही है।

हिन्दी के विकास में सरकार द्वारा उठाये गये कदम – शासकीय स्तर पर विविध योजनाओं का क्रियान्वयन शुरू हुआ तो, हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु रहा है। त्रिभाषा सूत्र का निर्माण एवं क्रियान्वयन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। केन्द्रीय सरकार द्वारा शुरू की गई कई योजनाओंके प्रलोभन हिन्दी अध्ययन, अध्यापन, अनुसंधान एवं विकास में सहायक सिद्ध हुए है। कई सेवाभावी संस्थाएँ जैसे -भारतीय हिन्दी परिषद् दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा (मद्रास), राष्ट्रभाषा प्रचार समिति (वर्धा) महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा प्रचार सभा (पुणे) नागरी प्रचारिणी सभा (काशी), दक्षिण के राज्यों में कार्यरत अनेक संस्थाएँ और महाराष्ट्र हिन्दी परिषद जब से संविधान में हिन्दी को राजभाषा का पद प्राप्त हुआ है तब से प्रशासनिक स्तर पर अनेक योजनाएँ एवं कार्यक्रम कार्यालयों में हो रहे है। हिन्दी लेखन प्रोत्साहन एवं प्रतियोगिता में कर्मचारीगण व्यापक संख्या में भाग ले रहे है। यद्यपि कार्यालयी हिन्दी में हिन्दी के मानकरूप का प्रयोग किये जाने का प्रयास हो रहा है। इस मानक हिन्दी की वर्णमाला, इसे लिखने का ढंग, वाक्य संरचना, व्याकरण आदि निश्चित किया गया है, ताकि सभी वर्गों के अधिकारी कर्मचारी उसी के अनुरूप कार्य कर सके। केन्द्रीय हिन्दी निर्देशालय तथा वैज्ञानिक शब्दावली आयोग इस मानक हिन्दी या राजभाषा के विकास, रूप-स्थिरीकरण एवं इसकी समृद्धि की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहे है। विभिन्न कार्यालयों के लिए उपयोगी शब्दावली का भी निर्माण किया गया है। बहुभाषिक कोश भी तैयार किये गये है।

हिन्दी में सरकारी कार्यो में चलन से सम्पूर्ण देश में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होती है और प्रशासनिक कार्यों में स्वदेशी भाषाओं को बढ़ावा मिलेगा।

हिन्दी का प्रयोग करने से सरकारी अधिकारी और आम जनता के बीच संवाद अधिक प्रभावी और पारदर्शी होगा।

सरकारी कामकाज में हिन्दी प्रयोग की चुनौतियॉं – जहॉ सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग की आवश्यकता पर बल दिया जाता है किन्तु किन्तु व्यावहारिक दृष्टिकोण से देखे तो हिन्दी प्रयोग में आने वाली चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं।

सर्वप्रथम अंग्रेजी का बढ़ता प्रभाव आधुनिक समय में सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में अंग्रेजी का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है, जिससे हिन्दी को प्रशासनिक कार्यों में वह स्थान नहीं मिल पा रहा है जो उसे मिलना चाहिए।

सरकारी दस्तावेजों वेबसाईटो और कम्प्यूटर प्रणालियों में हिन्दी का पूर्ण रुप भी से उपयोग करने के लिए पर्याप्त तकनीकी संसाधनो की भी कमी हैं।

भारत के अधिकांश कानून और सरकारी नियम अंग्रेजी में बनाए गए है, जिससे हिन्दी में इनका अनुवाद और प्रयोग करना जाटिल हो जाता हैं। सरकारी कार्यो में हिन्दी प्रयोग की एक और समस्या वह है, भारत का बहुभाषी होना। भारत में विभिन्न भाषाएँ और बोलियां बोली जाती है कई राज्यों में

हिन्दी को अपनाने में संकोच किया जाता है क्योंकि वहाँ की क्षेत्रीय भाषाओं का अधिक प्रभाव हैं।

सरकारी दफ्तरों में हिन्दी प्रयोग को बढ़ावा न मिलने का एक कारण यह भी हैं कई सरकारी अधिकारी और कर्मचारी अंग्रेजी को ही प्राथमिकता देते है जिससे हिन्दी का प्रयोग सीमित हो जाता हैं।

सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के उपाय :-

1. **नीतिगत सुधार –** केंद्र और राज्य सरकारों को ऐसी नीतियां बनानी चाहिए, जो हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करें और इसे प्रशासनिक कार्यों का अभिन्न अंग बनाएं।
2. **तकनीकी विकास –** सरकारी वेबसाईटों, सॉफ्टवेयर और दस्तावेजों में हिन्दी को प्रमुखता देने के लिए तकनीकी सुधार किए जाने चाहिए।
3. **हिन्दी में प्रशासनिक प्रशिक्षण–** सरकारी कर्मचारियों के लिए हिंदी में कार्य करने का प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए ताकि वे इसे सुगमता से प्रयोग कर सकें।
4. **हिंदी में कानूनों का अनुवाद –** सभी महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों, कानूनो और नीतियों का हिन्दी में अनुवाद किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों को समझने में सुविधा हों।
5. **प्रेरणादायक योजनाएँ–**हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए सरकारी कर्मचारियों को प्रोत्साहन देने की योजनाएँ चलाई जानी चाहिए जैसे हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वालो को पुरुस्कार देना।

सारांश– इस प्रकार हम यही कह सकते हैं कि हिन्दी का भविष्य स्वर्णिम है क्योंकि हिन्दी एक जीवंत भाषा है, इसकी सर्वांगीण उन्नति होगी, वह अपनी देश भाषाओं की प्रवृत्तियों, शब्दावली आदि को आत्मसात कर उत्तारोत्तार देश व्यापक बनेगी इसमें तनिक भी संदेह नहीं। आज तूफान के बादल भले ही छाये हो, वातावरण में गड़गड़ाहट भले ही सुन पड़ती हो पर वह समय दूर नहीं है जब बादल छटेंगे, आकाश निर्मल होगा और स्वच्छ वातावरण की शरदकालीन निर्मल सूर्य रश्मियों में राष्ट्रभाषा हिन्दी का मुख उत्फुल्लित दिख पड़ेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. अर्जुन चव्हाण, मीडिया कालीन हिन्दी स्वरूप एवं संभावनाएँ, राजकमल प्रकाशन।
2. डॉ. अर्जुन चव्हाण, मीडिया कालीन हिन्दी स्वरूप एवं संभावनाएँ, राजकमल प्रकाशन।
3. अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका, कृतिका, प्रकाशन वर्ष –12–13
4. डॉ. हरिमोहन, प्रशासनिक हिन्दी, तक्षशिला प्रकाशन, पृ. 52
5. डॉ. कृष्ण कुमार गोस्वामी, प्रयोजनमूलक भाषा और कार्यालयी हिन्दी, वाणी प्रकाशन,पृ. 12
6. डॉ. संजीव कुमार जैन,अनुवाद विज्ञान, कैलाश पुस्तक सदन।
7. कैलाश नाथ पाण्डेय, प्रयोजन मूलक हिन्दी की नई भूमिका।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के प्ररीक्षणार्थियो की उपलब्धि अभिप्रेरणा का सृजनात्मकता के संदर्भ में अध्ययन

राधा रानी गौतम* डॉ. खेल शंकर व्यास**

* शोधार्थी (शिक्षा) पेसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, उदयपुर (राज.) भारत
** डीन (शिक्षा) पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – शिक्षा जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति का एक सशक्त माध्यम है।यह व्यक्ति की नैसर्गिक प्रवृत्तियो का शोधन व मार्गी–करण कर उसे समाज का सक्रिय सदस्य बनाती है। ताकि वह अपने उत्तरदायित्वो का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर सके। वर्तमान समय में शिक्षा के उद्देश्य बदल चुके हैं। आज शिक्षा का उद्देश्य न केवल पाठ्यक्रम संबंधी ज्ञान प्रदान करना है बल्कि सह–पाठ्यक्रम व सहगामी क्रियाओ संबंधी जानकारी प्रदान करना भी है, जो कि अनुभव आधारित होता है और इसके लिए विद्यार्थियों का सृजनशील होना आवश्यक है अत: आज शिक्षा का उद्देश्य बालकों को सृजनात्मक बनाने पर बल देता है इसलिए पाठ्यक्रम की रचना इस प्रकार करनी चाहिए ताकि विद्यार्थी अधिक सर्जनशील बन सके, क्योंकि एक सर्जनशील बालक ही अपने अनुभवों, कलाओं, ज्ञान व कौशलों के आधार पर स्वयं को जीवन की विपरीत परिस्थितियों में समायोजित करने की सामर्थ्य रखता है।

अत: आवश्यकता है कि हम बालक के अंदर सृजनात्मक संबंधित विभिन्न गुण जैसे – भावना प्रबंधन, संबंधित घटनाओं के मध्य संबंध बनाना, नवीन विचार उत्पन्न करना संसार में दिए हुए पैटर्न ढूंढना आदि गुणों का विकास कर सके यदि छात्र का बुद्धि स्तर बढ़ेगा तो स्वत: ही उसका प्रभाव उपलब्धि अभिप्रेरणा पर पड़ेगा।

शब्द कुंजी – शिक्षक, शिक्षण परिक्षण संस्थान, उपलब्धि अभिप्रेरणा, सृजनात्मकता।

समस्या कथन – शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत प्ररीक्षणार्थियो की उपलब्धि अभिप्रेरणा का सृजनात्मकता की संदर्भ में अध्ययन।

उद्देश्य :

1. B.Ed संस्थान के प्ररीक्षणार्थियो की उपलब्धि अभिप्रेरणा का अध्ययन।
2. STC संस्थान के प्ररीक्षणार्थियो की उपलब्धि अभिप्रेरणा का अध्ययन।
3. B.Ed संस्थान के प्ररीक्षणार्थियो की सृजनात्मकता का अध्ययन करना।
4. STC संस्थान के प्ररीक्षणार्थियो की सृजनात्मकता का अध्ययन करना।
5. B.Ed एवं STC के प्ररीक्षणार्थियो की उपलब्धि अभिप्रेरणा सृजनात्मकता के मध्य सह सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

परिकल्पनाएं :

1. B.Ed एवं STC संस्थान के प्ररीक्षणार्थियो की उपलब्धि अभिप्रेरणा में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. B.Ed एवं STC संस्थान के प्ररीक्षणार्थियो की सृजनात्मकता के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. B.Ed एवं STC संस्थान के प्ररीक्षणार्थियो की उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं सृजनात्मकता के मध्य कोई सहसम्बन्ध नहीं है।

शोध विधि

अनुसंधान प्रारूप : प्रकरण की प्रकृति व उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए इस अनुसंधान में सर्वेक्षण अनुसंधान विधि का उपयोग किया गया है।

तकनीक

स्तरीय न्यादर्श तकनीक – प्रस्तुत अध्ययन में स्तरीय न्यादर्श तकनीक का प्रयोग किया गया है इसमें अनुसंधानकर्ता विशिष्ट लक्षणों के आधार पर छोटे–छोटे समजात समूह बनाता है तथा जनसंख्या के स्तरों को निश्चित करता है।

जनसंख्या व न्यादर्श

1. **जनसंख्या**– कोटा शहर के शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के प्ररीक्षणार्थी।
2. **न्यादर्श**–B.Ed एवं STC शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के 100 प्ररीक्षणार्थियो को लिया गया है जिसमें 50 छात्र एवं 50 छात्रों को सम्मिलित किया गया है।

आंकड़े संकलन की योजना

प्रयुक्त उपकरण: प्रस्तावित शोध अध्ययन में निम्न उपकरणों का उपयोग किया गया है।

1. **उपलब्धि अभिप्रेरणा**– वी. पी. भार्गव का अभिप्रेरणा मापनी
2. **सृजनात्मकता**– इसके लिए Divergent Production Ability Test Bettery (K.N. Sharma) का उपयोग किया गया इस बैटरी में 6 उप – जांच है यह मुख्य चार सृजन क्षमताओं के साथ–साथ कुल सृजनात्मकता को भी नापती है।

3. आंकड़े का विश्लेषण

1. मध्य
2. मानक विचलन
3. टी–परीक्षण

आंकड़े का विश्लेषण

1. **माध्य–** इसको ज्ञात करने के लिए दो या दो से अधिक स्कोर को जोड़कर उसे स्कोर की संख्या से विभाजित कर देते हैं।
2. **मानक विचलन –** निराश्रित चर को आश्रित चर से तुलना करके विचलन निकाल सकते है।
3. **टी – परीक्षण –** जब दो जनसंख्या के औसत का अंतर निकालना होता है, तब टी–परीक्षण का उपयोग करते है द्य या जब दो माध्यो की तुलना की जाती है।
4. **सहसम्बन्ध –** परस्पर आश्रित चरो के मध्य किसी भी प्रकार के प्रमाण को ज्ञात करने हेतु सहसम्बन्ध का प्रयोग किया जाता है।

आंकड़े का विश्लेषण

परिकल्पना– 1

B.Ed एवं STC के प्ररीक्षणार्थियो की उपलब्धि अभिप्रेरणा में कोई सार्थक अंतर नही है।

उपलब्धित अभिप्रेरणा

सारणी (गणना)

	N	Mean	S.D	S.E	T.Value	निष्कर्ष
B.Ed	50	60.79	7.31	0.333	0.333	सार्थक अंतर
STC	50	60.55	7.21	0.727		नही है।

सारणी से पता चलता है कि B.Ed के कुल प्ररीक्षणार्थियो के प्राप्तांको का मध्यमान एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 60.79 तथा 7.31 और STC के कुल प्ररीक्षणार्थियो के प्राप्तांकों का मध्यमान व प्रमाणिक विचलन 60.55 तथा 7.21 प्राप्त हुआ दोनों वर्गों के प्राप्तांकों से प्राप्त प्रमाणिक त्रुटि का मन 0.726 प्राप्त हुआ तथा 'टी' का मन 0.333 प्राप्त हुआ। स्वतंत्रता के अंश 98 पर उपरोक्त 'टी' का मन 0.05 स्तर पर दिए गए स्थानीय मान से कम है। अत: परिकल्पना 0.05 स्तर पर स्वीकृत सिद्ध होती है।

निष्कर्ष अत: यह निष्कर्ष निकलता है कि दोनों वर्गों का उपलब्धि अभिप्रेरणा में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

परिकल्पना– 2

B.Ed एवं STC के प्ररीक्षणार्थियो की सर्जनात्मकता के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं है।

सारणी (गणना)

hy=2	N	Mean	S.D	S.E	T. Value	निष्कर्ष
B.Ed	50	129.86	18.659	1.9028	0.515	सार्थक अंतर
STC	50	128.88	19.387			नही है।

उपरोक्त सारणी का अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि B.Ed के प्राप्तांको का मध्यमान एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 129.86 तथा 18.659 और STC के प्ररीक्षणार्थियो के प्राप्तांक को का प्राप्तांको का मध्यमान व प्रमाणिक विचलन क्रमश: 128.88 तथा 19.389 प्राप्त हुआ। टी प्रशिक्षण सांख्यिकीय विधि के अंतर्गत दोनों वर्गों के प्राप्तांकों से ज्ञात प्रमाणिक त्रुटि का मन 1.9028 प्राप्त हुआ तथा टी–मान 0.515 प्राप्त हुआ स्वतंत्रता के अंश 98 पर उपरोक्त टी का मान 0.05 स्तर पर दिए गए सरणी मान से कम है। अत: परिकल्पना 0.05 स्तर पर स्वीकृत सिद्ध होती है।

निष्कर्ष – अत: यह निष्कर्ष निकलता है कि B.Ed एवं STC के प्ररीक्षणार्थियो की सर्जनात्मकता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

परिकल्पना– 3

B.Ed एवं STC के प्ररीक्षणार्थियो की उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं सृजनात्मकता में कोई सार्थक सहसंबंध नहीं है।

सारणी (गणना)

Hy=2	N	Mean	S.D.	(dx)(dy)		निष्कर्ष
उपलब्धि अभिप्रेरणा	100	60.67	725	29697.71	0.540	सामन्य धनात्मक प्रभाव पड़ता है।
सृजनात्मकता	100	129.37	19.01			

उपरोक्त सारणी का अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है की न्यादर्श में चयनित समस्त प्ररीक्षणार्थियो की उपलब्धि अभिप्रेरणा के प्राप्तांकों का मध्यमान एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 60.67 तथा 7.25 और सृजनात्मकता का मध्यमान एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 109.37 तथा 19.01 प्राप्त हुआ। जबकि इसके प्राप्तांको के विचलनों की गुणनफल का योग 2967.71 प्राप्त हुआ तथा सहसंबंध सांख्यिकी विधि द्वारा इनके मध्य सहसंबंध का मन 0.540 है। जो की धानात्मक सहसम्बन्ध है अर्थात सृजनात्मकता में वृद्धि होने पर उपलब्धि अभिप्रेरणा में सामान्य वृद्धि होती है।

निष्कर्ष – अत: या निष्कर्ष निकलता है की उपलब्धि अभिप्रेरणा व प्ररीक्षणार्थियो की सृजनात्मकता का सामान्य प्रभाव पड़ता है।

परिणाम – प्रस्तुत अध्ययन के परिणामों से निष्कर्ष निकलता है की सृजनात्मकता का बालकों की उपलब्धि अभिप्रेरणा पर सामान्य धनात्मक प्रभाव पड़ता है। अत: जिसमें शब्द निर्माण योग्यता, कहानी लेखन समस्या समाधान योग्यता विभिन्नता एवं समानता को परखने की योग्यता, वाक्य व शीर्षक निर्माण की योग्यता आदि पाई जाती है वह बालक सृजनशील होते हैं। और इन गुणों से उन्हें परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने को करने में सहायता मिलती है।

सभी विद्यार्थियों में अलग–अलग गुण होते हैं सामान्यत: देखा गया है कि जिन विद्यार्थियों का आकांक्षा स्तर एवं अध्ययन रुचि अधिक होती है, उनकी अकादमिक उपलब्धि भी उच्च होती है। परंतु यह पूर्णतया अनिवार्य नहीं है कि जिन प्ररीक्षणार्थियो में सृजनात्मकता स्तर उच्च थे उनकी अध्ययन रुचि का स्तर व स्मरण शक्ति उच्च हो तथा यह भी स्पष्ट रूप से देखा जाता है जिन प्ररीक्षणार्थियो में उपलब्धि अभिप्रेरणा उच्च हो उनके सृजनात्मकता स्तर में भी भिन्नता होती है।

अत: निष्कर्ष रूप में समस्त प्ररीक्षणार्थियो की उपलब्धि अभिप्रेरणा व सृजनात्मकता में सामान्य सहसम्बन्ध है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. Ai Xiao Xia(08 June 2010)"Creativity And Academic Achievement: An Investigation Of Gender Differences".
2. Abdullah N., Aizan H.T., Sherir J., Kumar Vijay, Malaysia (2009),"Relationship Between Creativity And Academic Achievement: A Study Of Gender Differences".
3. Anwar M.N., Anees M., Asma Khizar, Md. Gulam M.N. Pakistan, 2012,"Relationship Of Creativity Thinking With The Academic Achievement Of Senior Secondary Students".
4. Boloandifar S. Nooreen Noordin, 2013, Malaysia, "Investigation the Relationship Between Creativity And

Academic Achievement", Vol 65.
5. Eladi S., Batdi V., 2015, Turkey,"The Effect Of Different Application On Creativity Regarding Academy Achievement A Meta Analysis".
6. Gajda, 2016 "Effect Of Creativity and Academic Achievement (A Meta Analysis)".
7. Kotreshwaraswami A., 2014, Malaysia, "A Study Of Relationship Between Creativity And Academic Achievement Of Secondary School Puplis.
8. Meera K.P., Remya P. 2015, "Effect of Extensive Reading and Creativity On Academic Achievement In English Language".
9. Naderi H. Abdullah R. Aizan H.T., V. Kumar, Malaysia, 2009, "The Relationship Between Creativity And Academic Achievement".
10. Taylor & Francis, Joseph C. Bentley, Feb. 1966,"The Journal Of Education Research Creativity And Academic Achievement".

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मध्य प्रदेश में कृषि विकास की आधारभूत संरचना (फसल में नियोजन का अध्ययन)

डॉ. भावना भटनागर*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) पी.एम.सी.ओ.ई., शासकीय स्नानतकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – मध्य प्रदेश भारत का एक प्रमुख कृषि राज्य है और यहाँ की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। कृषि न केवल राज्य के लोगों को भोजन उपलब्ध कराती है, बल्कि यह रोजगार का एक प्रमुख स्रोत भी है। इस कारण से कृषि को राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है। कृषि विकास के विभिन्न प्रयासों के माध्यम से ही विश्व के विकसित राष्ट्र आज आर्थिक विकास के शिखर पर पहुँच चुके हैं। इंग्लैंड, जर्मनी, रूस और जापान जैसे देशों के विकास में कृषि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और तीव्र औद्योगिकीकरण के लिए आवश्यक आधार प्रदान किया।

मध्य प्रदेश में कृषि का इतिहास कोई नया इतिहास नहीं है बल्कि यह एक प्राचीन व्यवसाय है। भारतीय समाज में कृषि को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। कृषि विकास के महत्व को स्पष्ट करते हुए डॉ. बी.सी. सिंह ने कहा कि 'सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए कृषि विकास पहले होना चाहिए और यदि किसी क्षेत्र के विकसित होने से दूसरे क्षेत्र के आर्थिक विकास में बाधा आती है तो वह विकसित क्षेत्र कृषि ही होगा जो अन्य क्षेत्रों के विकास को बाधित करेगा।' इस अध्ययन से यह स्पष्ट है कि कृषि का प्रत्येक राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान होता है क्योंकि कोई भी राष्ट्र खाद्य पदार्थों में आत्मनिर्भरता प्राप्त किए बिना आर्थिक विकास की कल्पना भी नहीं कर सकता।

मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि यह राज्य की बढ़ती हुई जनसंख्या को पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री उपलब्ध कराती है। औद्योगिक क्षेत्र में बड़े-बड़े उद्योगों को कृषि से ही कच्चा माल उपलब्ध कराया जाता है जैसे कि सूती वस्त्र, चीनी, चाय, कॉफी, जूट, लकड़ी, वनस्पति घी, तेल आदि उद्योग कच्चे माल के लिए मुख्यत: कृषि पर ही निर्भर होते हैं। साथ ही अन्य लघु उद्योगों को भी कृषि द्धारा ही कच्चा माल उपलब्ध कराया जाता है।

कृषि विकास के माध्यम से राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है। कृषि विकास का उद्देश्य है कि कृषि आधारित वस्तुओं का अधिक उत्पादन, अधिक आय, अधिक रोजगार और किसानों के लिए बेहतर जीवन स्तर। इस अध्ययन के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि कृषि विकास ही आर्थिक विकास की कुंजी है और यदि राष्ट्र इस लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल रहता है तो स्वाभाविक है कि उस देश का आर्थिक विकास प्रभावित होगा और उसकी समस्त विकास प्रक्रिया अवरुद्ध हो जाएगी।

शब्द कुंजी – कृषि, मध्य प्रदेश, अर्थव्यवस्था, रोजगार, विकास।

फसल नियोजन– म.प्र. एक बड़ा राज्य है। जहाँ किसान ऋणग्रस्त एवं दरिद्र है जिनके पास बहुत छोटे-छोटे कृषि भू-खण्ड है। अत: आर्थिक प्रेरणाओं के फलस्वरूप इनके फसली ढाँचे को परिवर्तित किया जाता है लेकिन अध्ययन के पश्चात् यह बात स्पष्ट होती है कि अभी भी सीमांत कृषक व्यवस्थित रूप से कृषि कार्य करने में असमर्थ है क्योंकि इसके पीछे मूल कारण प्रथम तो भू-खण्ड का आकार छोटा होना है द्धितीय किसान के पास पूँजी के अभाव में निवेश की क्षमता नहीं है तृतीय इनके पास तकनीकि ज्ञान का पर्याप्त अभाव है। इसकी वजह से कृषक व्यवस्थित रूप में कृषि कार्य संपन्न नहीं कर पाते।

वर्तमान युग में फसल नियोजन आधुनिक कृषि का एक महत्वपूर्ण अंग है।तथा स्वस्थ एवं कुशल कृषि व्यवस्था की दृष्टि से यह आवश्यक भी है क्योंकि नियोजन के अभाव में देश के आर्थिक संसाधनों का न तो कुशलतम् उपयोग हो पाता है और न ही उत्पादकता में वृद्धि होती है। अत: फसल नियोजन राज्य की कुशल कृषि व्यवस्था के लिए आवश्यक है। सामान्यता फसल नियोजन के अन्तर्गत कृषि क्षेत्र में कुछ आवश्यक कदम उठाए जाते है। जिनसे प्रथम तो भूमि का सही उपयोग होता है और दूसरे कृषि उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि होती है जिससे कृषकों को आय में वृद्धि होती है। सामान्यता इसके विभिन्न रूप है जो निम्न प्रकार है

(1) फसलों के परिवर्तन का स्वरूप:– फसल नियोजन के अन्तर्गत सबसे प्रथम यह कार्य किया जाता है कि प्रतिवर्ष भूमि के टुकड़े पर फसलों का परिवर्तन किया जाए जिससे मिट्टी की उर्वरता दीर्घकाल तक बनी रहती है और भूमि को पड़ती रूप में छोड़ने की संभावनाएँ कम हो जाती है, साथ ही फसलों के परिवर्तन से नवीन फसल के पौधों में रोग और महामारियों पर नियंत्रण रखने में सहायता मिलती है।

अत: फसल नियोजन की दृष्टि से प्रतिवर्ष नहीं तो कम से कम तीन वर्ष में फसलों में परिवर्तन करना आवश्यक है।

(2) मिश्रित फसल पद्धति का अपनाना:– फसल नियोजन के अन्तर्गत दूसरा कदम यह उठाया जाता है कि कृषि भूमि पर एक ही वक्त में एक ही खेत

में एक से अधिक फसलें बोई जाती हैं यह पद्धति तब अधिक उपयोगी होती है जबकि एक फसल तो अधिक गहरी जड़ों वाली हो और उसके पौधे एक दूसरे से काफी दूरी पर लगाए जाएं तथा दूसरी फसल छोटे पौधों वाली हो जिन्हे कि पहली फसल के दो पौधों के बीच लगाया जाए। इस प्रकार एक ही खेत में एक ही समय में दो फसलों का एक साथ बोना मिश्रित फसल पद्धति कहलाती है। इसका लाभ यह होता है कि प्रथम तो यह दोनों फसले अच्छा उत्पादन देगी और यदि किसी कारणवश एक फसल नष्ट होती है तो दूसरी फसल कम से कम किसान की लागत निकालने में मदद करेगी।

(3) फसलों का वितरण:- फसल नियोजन के अन्तर्गत तीसरा कदम यह उठाया जाता है कि किसान के पास उपलब्ध भूमि में प्रथम तो कौन सी फसलें कौन से क्षेत्र में उगाई जाएँ तथा कितने क्षेत्र में वास्तव में फसल बोई जाए। यही स्थिति जब प्रदेश स्तर पर लगा की जाती है। तो इस बात का अध्ययन किया जाता है कि किस क्षेत्र में कौन सी फसल का उत्पादन किया जाए तथा उस क्षेत्र में कितनी कृषि भूमि पर यह फसल बोई जाए। इसका एक लाभ यह होता है कि उस क्षेत्र में फसल से संबंधित मिट्टी परीक्षण कर फसल को बोया जाता है। जिससे उत्पादन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है और कृषक को विशिष्टीकरण के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में आय प्राप्त होती है।

फसल नियोजन की आवश्यकता:- म.प्र. एक कृषि प्रधान राज्य है तथा कृषि म.प्र. के निवासियों के जीवन का मूल आधार भी है, इसलिए यह आवश्यक है कि प्रदेश में फसल नियोजन को प्राथमिकता के आधार पर अपनाया जाए। फसल नियोजन के अपनाने से प्रदेश की कृषि एवं अर्थव्यवस्था दोनों को ही पर्याप्त लाभ प्राप्त होगें। म.प्र. में फसल नियोजन के लिए व्यापक संभावनाऐं है। लेकिन पिछड़ेपन के कारण इसको अपनाने के अवसर बहुत कम दृष्टिगोचर होते है। जबकि फसल नियोजन आर्थिक समृद्धि को दृष्टि से आवश्यक है। अत: म.प्र. में इसको अपनाने की अत्यन्त आवश्यकता है और इसको अपनाने के लिए जो महत्वपूर्ण कार्य किए जा सकते है वे निम्न प्रकार हैं।

(1) गहन एवं सूक्ष्म अनुसंधान:- फसल नियोजन एक गतिशील प्रक्रिया है अत: इसको अपनाने के लिए बहुत गठन अनुसंधान करना आवश्यक है और इसके लिए वैज्ञानिकों को विशेष कार्य करने होगें। जिसमें सर्वप्रथम इस बात को प्राथमिकता के आधार पर देखना होगा कि राज्य के किन क्षेत्रों के लिए कौन सी फसल उपयुक्त है। इस दृष्टि से कृषि वैज्ञानिकों को अनुसंधान के माध्यमों से फसलों के क्रम में परिवर्तन करना होगा। द्वितीय फसल नियोजन के लिए यह भी आवश्यक है। कि कृषि वैज्ञानिकों को विभिन्न फसलों की ऐसी किस्मों का विकास करना होगा जो कि जलवायु की विषमताओं को सहन कर ले और अधिक उत्पादन भी दे सके। तृतीय कृषि वैज्ञानिकों को प्रदेश स्तर पर ऐसी फसलों का विकास करना होगा जो कि प्रदेश में उपलब्ध विभिन्न मिट्यिों के अनुकूल हो क्योंकि प्रदेश में आज भी ऐसी फसलें बोई जाती है जो मिट्टी के अनुकूल नहीं होती हे। परिणामस्वरूप न तो भूमि का सही उपयोग होता है और नही उचित मात्रा में उत्पादन प्राप्त होता है। जिससे प्रदेश की कृषि व्यवस्था आज भी पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाई है। साथ प्रदेश में अभी भी फसलों की पोषण आवश्यकताओं की सही जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। जिसके कारण फसलें विभिन्न बीमारियों का शिकार होती है। अत: यह आवश्यक है कि फसलों की पोषण आवश्यकताओं का ठीक-ठीक पता लगाया जाए और विभिन्न फसलों के रोगों, महामारियों का पता लगाया जाए तथा मिट्टी द्वारा छोड़े गये नाइट्रोजन तत्वों का फसलों पर क्या विपरीत प्रभाव पड़ा है इसकी भी जानकारी प्राप्त की जाए। यह कृषि वैज्ञानिकों के अध्ययन का विषय है जो फसल नियोजन के लिए आवश्यक है। और यह सब जानकारियाँ गहन एवं सूक्ष्म अध्ययन द्वारा ही संभव है।

(2) फसलीय ढाँचे का अध्ययन:- म.प्र. में फसल नियोजन जैसी कोई नीति अभी तक प्राथमिकता क्रम पर लागू नहीं हैं जिसके कारण खादय एवं व्यापारिक फसलों के बीच कोई व्यवस्थित प्रक्रिया नहीं अपनाई जाती है। अत: सरकार को कृषि वैज्ञानिकों के माध्यमों से यह अनुसंधान कराना होगा कि प्रदेश में व्यापारिक एवं खाद्य फसलों के मध्य वितरण की व्यवस्था क्या है तथा कृषकों की कीमतों तथा लगान प्रेरणाओं के प्रति क्या प्रतिक्रिया है, और यह फसल नियोजन के लिए आवश्यक भी है।

(3) कृषकों को प्रेरित एवं प्रशिक्षित करना:- म.प्र. में कृषि एवं कृषकों के पिछड़ेपन का मूल कारण कृषि के प्रति अप्रशिक्षित होना है। इस दृष्टि से वे फसल नियोजन के प्रति अनभिज्ञ है। अत: यह आवश्यक है कि राज्य सरकार ऐसी व्यवस्था करे जिससे कृषकों को कृषि अनुसंधान के परिणामों की सूचना प्रभावशाली ढंग से दी जा सके तथा उन्हें नई कृषि तकनीकि अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। इससे किसानों में एक नवीन जागरूकता उभर कर आयेगी और वे फसल नियोजन के प्रति पूर्ण रूप से प्रेरित होंगे।

(4) वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना:- फसल नियोजन की आवश्यकता को देखते हुए यह आवश्यक है कि कृषक नवीन कृषि तकनीकि को अपनाए। ऐसी स्थिति में कृषकों को नवीन तकनीकि अपनाने पर कृषि क्षेत्र में अतिरिक्त निवेश का बोझ उठाना पड़ेगा। अत: उन्हें इस बोझ को उठाने के लिए राज्य सरकार को वित्तीय सहायता भी उपलब्ध करानी होगी, इसके लिए सरकार प्रयोग की दृष्टि से फार्म प्रदर्शन करने होंगे साथ ही कृषि क्षेत्र में प्रचलित नवीन तकनीकों के प्रभाव का क्रियात्मक प्रदर्शन करना भी आवश्यक है जिससे कृषकों को उचित एवं प्रभावी मार्गदर्शन दिया जा सके। परिणामस्वरूप किसान वित्तीय सहायता व नवीन तकनीकि को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

(5) प्रेरणास्पद योजनाएँ लागू करना:- फसल नियोजन के यह आवश्यक है कि विभिन्न फसलों के बीच उचित संतुलन स्थापित किया जाये और इसके लिए आवश्यक है कि सरकार को प्रेरणादायक योजनाएँ लागू करना होगी। ऐसी दशा में सरकार इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उचित किस्म के बीजों एवं रासायनिक खादों को सस्ती दर पर कृषकों को उपलब्ध कराए तथा जो किसान इन योजनाओं के अनुरूप उत्पादन करके अधिक फसल देते है। उन्हें राज्य स्तर पर सरकार पुरस्कृत करें।

ऐसी दशा में कृषकों को प्रोत्साहन प्राप्त होगा और वे सरकारी योजनाओं के प्रति विशेष रूप से जागरूक होंगे। जिससे फसल नियोजन को अपनाने में सफलता प्राप्त होगी।

उक्त अध्ययन के आधार पर स्पष्ट है कि म.प्र. में फसल नियोजन की मूलभूत आवश्यकता है, और यह तभी संभव है जब सरकार और किसान मिलकर इस दिशा में प्रयास करें कृषक इस कार्यक्रम में जागरूक हों और नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हो तथा सरकार किसानों को फसल नियोजन के प्रति प्रेरित करने के लिए बीज, खाद, पानी आदि रियायती दरों पर उपलब्ध कराए तथा फसलों के उत्पादन में करों की छूट तथा वित्तीय

सहायता उपलब्ध कराए तभी उत्पादन वृद्धि संभव है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. म.प्र. एक भौगौलिक अध्ययन डॉ. प्रमिला कुमार, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
2. कृषि अर्थशास्त्र डॉ. जय प्रकाश मिश्र, साहित्य भव पब्लिकेशन, आगरा
3. भारतीय कृषि का अर्थ तंत्र डॉ. एन.एल. अग्रवाल, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर
4. कृषि विकास की समस्याएं श्री कृष्ण कुमार उमाहिया, मित्तल पब्लिकेशन, नई दिल्ली
5. भारतीय अर्थशास्त्र डॉ. चतुर्भुज मामोरिया, डॉ. एस.सी. जैन साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
6. भारतीय अर्थ व्यवस्था श्री मिश्र पुरी हिमालया पब्लिशिंग हाउस, मुंबई
7. कृषि अभियंत्रण प्रो. श्री रंधावा चौहान, रामा पब्लिशिंग हाउस, मेरठ
8. कृषि अर्थशास्त्र के सिद्धांत प्रो. श्री के.एन. सहाय, कॉलेज बुक डिपो, जयपुर
9. कृषि अर्थशास्त्र श्री एस.सी. मित्ताल, ऑरिएन्टल पब्लिशिंग हाउस, आगरा
10. संख्यिकी के मूल तत्व डॉ. श्री के.एन. नागर, मीनाक्षी प्रकाशन, मेरठ
11. सांख्यिकी डॉ. श्री बी.एन. गुप्ता, साहित्य भवन, आगरा
12. अर्थशास्त्र डॉ. श्री वी.सी. सिन्हा, साहित्य भवन पब्लिशर्स, आगरा
13. कृषक जगत डॉ. साधन गंगराडे, कृषक जगत भवन, इन्दिरा प्रेस कॉम्प्लैक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
14. रिसर्च मैथ्डोलॉजी डॉ. आर.एन. त्रिवेदी, डॉ. डी.पी. शुक्ला, कॉलेज बुक डिपो, जयपुर
15. रिसर्च मैथ्डोलॉजी डा. बी.एम. जैन, रिसर्च पब्लिकेशन, जयपुर
16. अनुसंधान प्रतिधियाँ श्री सी.एम. चौधरी, सबलाइम पब्लिकेशन्स, जयपुर
17. समाजिक अनुसंधान राम गोपाल सिंह भारती, मध्य प्रदेश ग्रंथ अकादमी, भोपाल 179
18. अनुसंधान परिचय पारसनाथ राय, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा
19. प्रारंभिक कृषि अभियांत्रिकी डॉ. हरेन्द्र सिंह चौहान, प्रकाशन निदेशालय, गोविन्द बल्लभ पन्त, प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, नैनीताल
20. जिला साख्यिकी पुस्तिका जिला दतिया
21. जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, जिला दतिया-2002
22. वही 2006
23. वही 2007
24. वही 2009
25. रिसर्च लिंक डॉ. रमेश सोनी, डॉ. सत्यम सोनी, वर्धमान अपार्टमेन्ट ओल्ड पलासिया, इन्दौर
26. कुरूक्षेत्र (मासिक पत्रिका) ललिता खुराना ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली 2002-2010
27. योजना (मासिक पत्रिका) 538 योजना भवन संसद मार्ग, नई दिल्ली
28. मध्य प्रदेश कृषि सांख्यिकी कृषि सांख्यिकी संचालनालय, भोपाल 2002 - 2010
29. मध्य प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, भोपाल
30. म.प्र. की आधारभूत कृषि सांख्यिकी 2002 - 2010
31. समाचार पत्र
1. दैनिक भास्कर, ग्वालियर
2. दैनिक नई दुनिया, ग्वालियर
3. दैनिक जागरण, ग्वालियर
4. दैनिक हिन्दुस्तान टाइम्स
5. दैनिक अमर उजाला
32. उन्नत कृषि यंत्रों पर दी जानेवाली सुविधाएं कृषि अभियांत्रिकी, संचालनालय, म.प्र. भोपाल
33. कृषि यंत्रों का रखरखाव श्री भीमसिंह, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली
34. Agricultural Economics Pranav K. Desai, Boitech Books, Delhi 180

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

'संचार के आधुनिक साधन मोबाईल' का युवाओं के सामाजीकरण पर प्रभाव का अध्ययन कसरावद शहर के महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के विशेष सन्दर्भ में

डॉ. उषा यादव*

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, कसरावद, जिला- खरगोन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान समय में मोबाईल फोन दुनिया में पहले की संचार तकनीकों जैसे- टेलीविजन, रेडियो, समाचार पत्रो आदि की तुलना में तेजी से फैल रहे है। युवा वर्ग के बीच इस डिवाइस का उपयोग और भी ज्यादा लोकप्रिय हो गया है। और इसके इस्तेमाल पहुँच, सुक्ष्म समन्वय, सुरक्षा और मुक्ति के साधन के रूप में किया जाता है। मोबाईल फोन युवाओं और उनके साथियों के समूहो, माता-पिता और बच्चो के बीच एक सीधा संचार चैनल प्रदान करते है। इसलिए यह डिवाईस साथियों और परिवार के साथ-साथ सामाजिक सम्पर्क व बंधन को भी बडाता है। मोबाईल नये-नये फंक्शन के साथ युवाओं को सीखने के लिए प्रेरित कर समाजीकरण की प्रक्रिया को प्रभावी बनाता है। युवाओं के समाजीकरण पर मोबाईल फोन के प्रभाव अध्ययन करने के लिए शासकीय महाविद्यालय कसरावद के अध्ययनरत स्नातक स्तर के विद्यार्थीयों का द्वैव निदर्शन पद्धति से चुनाव कर शोध सम्बधी आकडे एकत्रित कर उनके विश्लेषण के परिणाम युवाओं के समाजीकरण पर मोबाईल फोन पर प्रभाव को उजागर करते है।

शब्द कुंजी –सामाजीकरण,युवा, संचार के आधुनिक साधन मोबाईल फोन इत्यादि ।

प्रस्तावना – मानव शिशु जन्म के समय किसी भी मानव समाज में भाग लेने योग्य नही होता है। वह केवल एक प्राणीशास्त्रीय इकाई के रूप में इस संसार मे आता है जो केवल रक्त, मांस एवं हडिडयों से बना एक जीवित पुतला मात्र होता है। उसमे किसी प्रकार के न तो गुण होते और नही अवगुण होते है। वह न तो सामाजिक होता है,न असामाजिक और न समाज विरोधी ही । समाज के रीति – रिवाजों, प्रथाओ,मुल्यों एवं संस्कृति से वह अनभिज्ञ होता है । वह नही जानता कि किसके प्रति कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए और समाज उससे क्या अपेक्षाए रखता है, किन्तु वह कुछ विशिष्ट शारिरिक क्षमताओं के साथ पैदा होता है, इन क्षमताओं के कारण ही वह बहुत कुछ सीख लेता है, समाज का क्रियाशील सदस्य बन जाता है और संस्कृति को ग्रहण करता है, लेकिन सीखने की क्षमता सामाजिक सम्पर्क से ही विकसित होती है उदाहरणार्थ, मानव में भाषा का प्रयोग करने की क्षमता और अपने विचारो को अभिव्यक्त करने की क्षमता होती है जो समाज के सम्पर्क से ही व्यावहारिक रूप धारण करती है । सामाजिक सम्पर्क के कारण ही व्यक्ति समाज के रीति – रिवाजों, प्रथाओ, मूल्यों, विश्वासों, संस्कृतिएवं सामाजिक गुणों को सीखता है और एक सामाजिक प्राणी का दर्जा प्राप्त करता है । सामाजिक सीख की इस प्रकिया को समाजीकरण कहते है ।

इस प्रकार समाजीकरण की प्रक्रिया प्राणीस्त्रीय प्राणी को सामाजिक प्राणी में बदल देती है , मानव को पशु स्तर से ऊचा उठाकर मानव समाज में सम्मिलित करती है । अत:यह मानव को मानव की संज्ञा प्रदान करने वाली प्रक्रिया है ।

वर्तमान युग सूचना क्रांति का युग माना जा रहा है । जिसमें सूचनाओं कों बडे ही प्रभाव पूर्ण रूप से एक स्थान से दुसरे स्थान तक पहुचाया जा रहा है । इस सूचना क्रांति ने मानव के पूराने सूचना स्त्रोतो को समाप्त ही कर दिया जो किसी समय में सूचना पहुचाने के मुख्य कारगर साधन के रूप में उपयोग में लाए जाते थे उनकी जगह अब आधुनिक साधनो जैसे इन्टरनेट, टीवी ,समाचार पत्र- पत्रिकाएँ, और इन सभी से अत्यधिक प्रभावशील एवं उपयोग में सर्वाधिक आसान मोबाईल फोन ने ले ली है । जिसके माध्यम से व्यक्ति अपनी सूचनाएँ, विचार, भावनाए, कार्यो को अपने दोस्तो, परिवार के सदस्यों, कार्य क्षेत्र पर कार्यरत व्यक्तियों आदि को बहुत ही आसानी से कही से भी सूचनाए पहुचाते है। जिस कारण मोबाईल फोन आज सर्वाधिक उपयोग और उपभोग किया जाने वाला आधुनिक साधन बन गया है।जो मानव जीवन को प्रभावित कर मानव की दिनचर्या का एक अहम हिस्सा बन गया है। विशेष रूप से युवाओं के समाजीकरण के बारे में यह एक सक्रिय और सामूहिक प्रक्रिया है। जहॉ माता- पिता, साथी, शैक्षणिक संस्थान और मीडिया इस प्रक्रिया में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। एक युवा, वयस्क दुनिया में सम्मिलित होने के लिए किसी समाज के मूल्यों मानदण्डो और विश्वासों को कैसे आत्मसात करते है। किशोरो की मुक्ति पारिवारिक दायरे से स्वतंत्र होने और अपने स्वयं के विश्वासों और मूल्यो के साथ स्वतंत्र सामाजिक अभिनेताओ के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने की प्रक्रिया है।

हॉलाकि पिछले कुछ दशकों मे मोबाईल फोन पर अध्ययन तेजी के लोकप्रिय हुए है परन्तु युवाओ के समाजीकरण पर मोबाईल के प्रभावों का अध्ययन अनुसंधान का एक अपेक्षाक्रत नया क्षेत्र हैं।

समाजीकरण– समाजीकरण को एक ऐसी प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। जिसके माध्यम से हम किसी समाज या सामाजिक

समूह के तौर –तरीको को सीखते है। ताकि हम उस समाज के क्रियाशील सदस्य बनकर कार्य कर सकें।

युवा–युवास्था या किशोर अवस्था का अंग्रेजी शब्द Adolescence से लिया गया है जो मूल रूप से लैटिन भाषा का शब्द है। जिसको अर्थ है 'बडा होना' या 'परिपक्व होना' या 'वयस्कता में बढना' इस अवस्था को मानव विकास में एक संक्रमण कालीन चरण के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। जहॉ जैविक, संज्ञानात्मक, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और समाजिक विशेषताए आमतोर पर बच्चो जैसी मानी जाने वाली विशेषताओं से बदलकर वयस्क जैसी मान जाने वाली विशेषताओं मे बदल जाती है।

मानव का सामाजीरण उसके आसपास व्याप्त पारिवारिक पर्यावरण, सामाजिक पर्यावरण, भौतिक पर्यावरण और मानव द्धारा उपयोग की जाने वाली वह प्रत्येक वस्तु जिससे उसका जीवनयापन सम्भव हो, पर निर्भर करता है।

मोबाईल फोन एक ऐसा ही आधुनिक साधन है जिससे मानव का न केवल दिन बल्की हर पल प्रभावित होता है। और मानव प्रजाति में सर्वाधिक युवा पीढी इस संचार क्रांति के आधुनिक साधन मोबाईल से प्रभावित हो रही है। जिनका एक पल भी बिना मोबाईल फोन के नही गुजरता और ना ही कोई कार्य कर पाते है। जिस पर केवल उनका वर्तमान बल्कि भविष्य भी निर्भर करता है। इतिहास साक्षी है जब भी किसी साधन या वस्तु चाहे वह प्राकृतिक हो या मानव निर्मित ने अत्यधिक प्रभावित किया जाता है तो वह उसके सामाजीकरण या समाज का एक अभिन्न अंग बन जाता है। यही तथ्य वर्तमान समय में मोबाईल पर चरितार्थ होता दिखाई दे रहा है अगर उसका अत्यधिक उपयोग किया जाता है और उसने मानव को बहुत अत्यधिक प्रभावित किया है।

संचार के आधुनिक साधन – अपने विचारों, बातों, इच्छाओं, भावनाओं को समाज में, समूहो में परिवार में, या व्यक्तियों को प्रभावी व नवीन तरीको से पहुचाने के साधनो को हम संचार के आधुनिक साधन कहते है।

मोबाईल–मोबाईल को 'हिन्दी में दूरसंचार यंत्र कहते है।' अर्थात दो संदेश वाहको या संदेश वाहक और संदेश लेने वाले के मध्य दुरी कितनी भी हो, एक दुसरे को संदेश बहुत ही सरल–सहज रूप से पहुच जाता है।

अध्ययनरत विद्यार्थी–अध्ययनरत विद्यार्थी युवाओं का वह वर्ग है जो अपने जीवन को दिशा देने के लिये अपने सामाजीकरण की प्रक्रिया में शिक्षा की भूमिका को मजबूत करने के लिए किसी भी शासकीय या अशासकीय शिक्षण संस्थान से ज्ञानार्जन कर रहे है।

3. अध्ययन पद्धति :– प्रस्तुत शोध–पत्र में शोध अध्ययन पद्धति निम्नानुसार निर्धारित की गई है।

1. अध्ययन पद्धति :–स्वउद्देश्य पूर्ण निदर्शन पद्धति शोध–पत्र की अध्ययन पद्धति है।

2. अध्ययन का समग्र :–अध्ययन का समग्र शासकीय महाविद्यालय कसरावद में अध्ययनरत विद्यार्थियों को समग्र निर्धारित किया गया है।

3. अध्ययन की इकाई :– शासकीय महाविद्यालय कसरावद में अध्ययनरत विद्यार्थी अध्ययन की इकाई है।

4. तथ्यो का संकलन :– तथ्यो का संकलन प्राथमिक व द्धितीयक पद्धतियों के माध्यम से किया गया है।

अ. प्राथमिक स्त्रोत :–साक्षात्कार अनुसूचि के माध्यम से प्राथमिक तथ्यों का संकलन किया गया है।

ब. द्धितीयक स्त्रोत :–पूस्तके पत्र–पत्रिकॉए व इन्टरनेट के माध्यम से द्धितीय तथ्यों को एकत्रित किया गया है।

5. शोध प्रक्रिया :– शोध–पत्र को पूर्ण करने के लिए सर्वप्रथम तथ्यों के संकलन के लिए द्धितीयक स्त्रोतों का उपयोग किया गया , इसके पश्चात एक साक्षात्कार अनुसूचि का निर्माण कर 50 अध्ययनरत विद्यार्थीयों से साक्षात्कार अनुसूचि के विकल्पयुक्त प्रश्नों के उत्तरों को प्राप्त किया गया है। जिसके बाद प्राप्त तथ्यो को मास्टर–चार्ट के माध्यम से सांख्यिकीय रूप प्रदान कर कुछ मुख्य प्रश्नों का चित्रमयी प्रदर्शन किया गया है।

निस्कर्ष :–प्रस्तुत शोध –पत्र में विकल्पयुक्त प्रश्नो के निस्कर्ष निम्नलिखित है

1. प्रस्तुत शोध विषय के अनुसार प्रश्न पूछा गया कि आप मोबाईल का प्रयोग किस आयु से कर रहे हे पर सर्वाधिक 95.6% उत्तरदाताओं ने कहॉ कि वे 13 वर्ष की उम्र से मोबाईल का प्रयोग कर रहे है।



2. प्रस्तुत शोध विषय के प्रश्न मोबाईल उपयोग का कारण पूछने पर सर्वाधिक 66.6% ने कहॉ कि वे अपनी व्यक्तिगत रूचि के कारण मोबाईल रखते है , 13.4% कहॉ कि उनके दोस्तो के पास मोबाईल है इसलिए उन्होने भी मोबाईल लिया है। 3.7% ने कहॉ कि उन्होने अपने अभिभावकों की इच्छा से मोबाईल लिया है। और 16.3% ने उत्तर दिया कि वे मोबाईल का प्रयोग केवल संचार उपकरण के रूप में करते है।



3. प्रस्तुत शोध विषय के अनुसार प्रश्न पूछा गया कि क्या युवाओं पर मोबाईल फोन का प्रभाव हैपर सर्वाधिक 60 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार कहॉ गया कि युवाओं पर मोबाईल फोन का प्रभाव अत्यधिक रूप से है,क्योकि वर्तमान समय में युवावर्ग के पास यदि मोबाईल फोन न हो तो वह अपने आप को अधुरा व असहाय महसूस करते है। साथ ही वे अपना सर्वाधिक समय मोबाईल पर विभिन्न प्रकार के कार्यो को कर आपना समय व्यतीत करते है। जबकि 13 प्रतिशत का कहना है कि मोबाईल फोन का युवाओं पर आंशिक रूप से प्रभाव है। क्योकि आज का युवा अपने भविष्य की चिन्ता में इस प्रकार लगा रहता है कि वह नये आधुनिक साधनो को भी भूल जाता है।

और अपने ही कार्यो में व्यस्त रहता है। 17 प्रतिशत उत्तरदाताओं मानना है कि युवा वर्ग पर वर्तमान समय में मोबाईल फोन का प्रभाव बिलकुल नहीं हुआ है क्योंकि उनके अनुसार युवा वर्ग के पास मोबाईल फोन से भी ज्यादा आधुनिक साधन उप्लब्ध है जिसके माध्यम से वे मोबाईल का भी कार्य कर लेते है, या उन्हे आवश्यकता ही नही पडती। सबसे कम 10 उत्तरदाताओं ने प्रस्तुत प्रश्न पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाई।



4. प्रश्न पूछा गया कि क्या मोबाईल फोन के द्वारा सामाजीकरण कि प्रक्रिया पर प्रभाव पडता है। पर सर्वाधिक 44 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सहमती जताई है, उत्तरदाताओं का कहना है,कि वर्तमान में युवाओं का सामाजीकरण मोबाईल फोन के माध्यम से निर्धारित हो रहा है। आज मोबाईल फोन केवल सूचनाओं के आादान प्रदान का ही साधन मात्र नहीं रह गए है, बल्कि मोबाईल के माध्यम से आज व्यक्ति मनोरंजन के साथ ज्ञान अर्जन भी कर रहे है। जिससे उनके कार्य आसान होते जा रहे है। 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने आंशिक रूप से सहमति जताई है क्योकि उत्तरदाताओं के अनुसार वर्तमान परिस्थितियों में मोबाईल का युवाओं के जीवन में महत्व बढा है पर उनके सामाजिक पहलु विषय पर व्यापक रूप से प्रभाव नहीं पडता। शेष 18 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना है कि मोबाईल फोन से किसी भी प्रकार का कोई भी प्रभाव समाजीकरण पर नही पडता क्योकि उत्तरदाता मानते है कि मोबाईल फोन केवल संचार के साधन से अधिक कुछ नही है, जिसका उपयोग केवल आवश्यकता पडने पर ही किया जाता है।



5. मोबाईल फोन के माध्यम से मानव विकास में किस प्रकार के परिवर्तन आए है, पर सर्वाधिक 30 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार मोबाईल फोन के आने से मानव की दिनचर्या में आधुनिकता का प्रभाव बढा है साथ हि बाहरी दुनिया से लगातार जुडा रहता है, जिससे उसे प्रत्येक घटना की जानकारी बडी तेजी से व सटीक प्राप्त हो जाती है। जबकि 20 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है कि मोबाईल फोन के द्वारा व्यक्ति में तकनिकी ज्ञान व उसकी समझ का विकास हुआ है जिससे वह आज अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग बडी आसानी से कर सकता है, जो उसके बौद्धिक विकास के लिए अति महत्वपूर्ण सिद्ध हुई है। 26 प्रतिशत का कहना है,कि मोबाईल के माध्यम से मानव समाज में दुरिया कम हुई है जिससे वे अपने परिजनो के हरदम नजदीक रहते है, और हर समय उनकी खबर भी प्राप्त हो जाती है। 24 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार व्यक्ति के विकास को मोबाईल फोन ने किसी भी तरीके से प्रभावित नही किया है।



सुझाव : वर्तमान सर्वेक्षण और अध्ययन के परिणामों को ध्यान में रखते हुए कुछ सुझाव इस प्रकार है :

1. मोबाईल का प्रयोग इस प्रकार होना चाहिए कि वह उपयोगकर्ता के बीच सराहनीय और उचित साबित हो।
2. जब युवा मोबाईल फोन से जुडते है या उनका उपयोग करते है तो उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि वह केवल सुरक्षित सोशल नेटवर्किंग साइट का ही उपयोग करें।
3. मोबाईल का प्रयोग रचनात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए।
4. मोबाईल के अधिक प्रयोग के नकारात्मक परिणामों को कम करने के लिए शिक्षण संस्थानों को कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए।
5. अभिभावको और शिक्षकों को युवाओं पर नजर रखनी चाहिए कि वह मोबाईल का उपयोग किस प्रकार की गतिविधि के कर रहे है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सामाजिक शोध एवं सांख्यिकी - रविन्द्र नाथ मुखर्जी।
2. सामाजिक शोध एवं सांख्यिकी - डी.एन. श्रीवास्तव।
3. समाजशास्त्र के मूल तत्व - गुप्ता एण्ड शर्मा।
4. सामाजिक विचारक - रविन्द्र नाथ मुखर्जी।
5. सामाजिक विचारक का इतिहास - रामनाथ शर्मा।
6. Arnett, J.(1995) Adolescent's uses of Media For Sely-socialzation,journl of Youth and Adulescence,
7. Chen,Y.F. (2009 may) The Mobile Phone and Socialization: Family vs Friends.
8. Kalogeraki Stefania,Papadaki Morina. The Impact of Mobile Phones on Teengers Socialization and Emancipaton .University of Crete Greece.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

The Role of Incubation Centers in Nurturing Startups: Fostering Innovation, Growth, and Sustainability

Anchal Ramtake*

***Asst. Professor (Zoology) Rajabhoj Govt. Degree College, Mandideep, Distt. Raisen (M.P.) INDIA**

Abstract : This paper examines the pivotal role of incubation centers in nurturing startups, innovation, growth, and sustainability. Incubation centers provide early-stage startups with crucial resources such as office space, mentorship, funding access, and networking opportunities, which help reduce the risks and challenges associated with entrepreneurship.

The paper traces the evolution of incubation centers, from their early days supporting small-scale manufacturing businesses and ideas to their modern role across diverse industries like technology with a focus on India's growing startup ecosystem,

The paper explores various types of incubators, such as private, public, university-based, sector-specific, and virtual, highlighting the range of services they offer, including mentorship, technical infrastructure, business development support, and market entry strategies.

The paper concludes that while India's startup ecosystem is rapidly growing, further expansion of incubation support and infrastructure is necessary to sustain this momentum and drive long-term success.

Keywords: Incubation Centers, Startups, Innovation, Growth, Sustainability, Mentorship, Funding, India.

Introduction

1. Definition and Overview -an organization or facility that provides support to early-stage startups and entrepreneurs to help them develop and grow their businesses. It offers a range of services, including office space, mentor ship, access to funding, networking opportunities, and business development resources. The goal of an incubation center is to nurture startups by reducing the risks and challenges they face during their initial stages, thereby increasing their chances of success and long-term sustainability.

inculcation centers have evolved over the years from supporting small-scale, manufacturing businesses to providing a wider range of services across diverse industries, including technology, healthcare, social enterprises, and more. They vary in structure, with some being privately funded by venture capitalists or corporations, while others are public or university-based, often focusing on economic development or academic research.

2. History and Evolution of Incubation Centers- The concept of business incubation dates back to the early 1950s when the first incubators were created to assist small manufacturing businesses in overcoming financial and operational difficulties. However, it was in the 1980s and 1990s that incubators gained significant momentum, particularly in technology-based industries, as the global economy shifted towards innovation and entrepreneurship. Incubation centers today have expanded beyond their original manufacturing-focused roles to support a diverse range of industries, from information technology to social enterprises. This evolution reflects a growing recognition that innovation is vital for economic development and that nurturing entrepreneurial talent is essential to driving this innovation.

Objective- To Study The Role of Incubation Centers in Nurturing Startups Fostering Innovation, Growth, and Sustainability.

Aims- It aims to highlight how these incubation centers act as catalysts for innovation, growth, and sustainability by providing:

1. **Resources**: Offering shared office spaces, infrastructure, and access to advanced technology at reduced costs.
2. **Mentorship**: Guiding startups with expertise in business strategy, market research, and operational challenges.
3. **Networking Opportunities**: Connecting entrepreneurs with investors, industry leaders, and peer networks.
4. **Funding Access**: Helping startups secure seed funding, grants, or venture capital through partnerships.
5. **Skill Development**: Providing workshops, training programs, and seminars to enhance entrepreneurial skills.

6. **Market Entry Strategies**: Assisting in refining product ideas and scaling them to meet market demands.
7. **Sustainability Goals**: Encouraging green practices and innovation that align with long-term environmental and social sustainability.

Study Material- For this paper Magazine, newspaper, Govt of India report on STARTUP are used as a secondary data source .

Data Source- This topic underscores the importance of incubation centers as hubs of support, fostering a conducive environment for startups to thrive and contribute to economic growth and technological advancement.

Startup India In Numbers (Jan 2016-Dec 2020)

1. 41,317 startups recognized by DPIIT
2. 4.7 Lac jobs reported by 39,000+ startups
3. Rs 4,509 Crore of investments made in 384 startups through the Fund of Funds scheme
4. 590+ districts with at least one recognized startup
5. 44% of the recognized startups have at least one woman director
6. 30 States and UTs have a dedicated startup policy

(Data Published by the DPIIT Govt of India "Evolution of Start UP in India" Capturing the 5-Year story)

Types of Incubators: Incubators vary in their structures, services, and target markets. Understanding the different types of incubators is crucial for identifying how each caters to specific needs within the startup ecosystem:

1. **Private Incubators**: These are typically profit-driven entities supported by venture capitalists, angel investors, or private firms. Their primary focus is on high-growth, scale startups, often in technology or innovative sectors. They provide resources such as seed funding, business mentoring, and market access in exchange for equity or a stake in the startup.
2. **Public Incubators**: Sponsored by government agencies or non-profit organizations, public incubators are often part of national or regional economic development programs. They tend to focus on job creation, local economic growth, and supporting social enterprises. Public incubators may offer more affordable or subsidized services compared to private incubators and are typically less equity-driven.
3. **University-Based Incubators**: These incubators are run by universities or academic institutions and are focused on fostering innovation emerging from academic research or student ventures. They are often aligned with the institution's research and development goals, helping startups leverage intellectual property, research collaborations, and academic networks.
4. **Sector-Specific Incubators**: Some incubators cater to startups within a specific industry or sector, such as biotechnology, clean energy, or fintech. These incubators provide specialized resources and mentorship that are specific to the industry, allowing startups to connect with key players and experts in their fields.
5. **Virtual Incubators**: With the rise of digital technologies, virtual incubators have emerged as a flexible alternative to traditional incubators. They offer online resources, mentorship, and networking opportunities to startups located anywhere in the world, providing a more accessible option for entrepreneurs who may not be able to attend a physical incubator.

Key Services and Offerings: Incubators provide a variety of services and resources that help early-stage startups address critical challenges. These offerings can be broadly categorized into tangible resources and intangible support:

Tangible Resources

1. **Office Space**: Many incubators provide affordable office space, which is often equipped with essential office furniture, internet access, and conference rooms. This allows startups to minimize overhead costs and focus on their core business activities.
2. **Technical Infrastructure**: Startups may have access to specialized equipment, technology platforms, or software that would otherwise be too expensive for them to purchase on their own.
3. **Legal and Administrative Support**: Incubators often assist with legal matters, such as business registration, intellectual property protection, and contract negotiations. They may also offer administrative support in areas like accounting and human resources.
4. **Intangible Support**
5. **Mentorship and Guidance**: One of the most significant benefits of incubation centers is access to experienced mentors. These mentors can offer valuable advice on business strategy, product development, marketing, and scaling operations.
6. **Networking Opportunities**: Incubators facilitate connections between startups, investors, potential clients, and other entrepreneurs. These networks are crucial for gaining access to funding, partnerships, and market opportunities.
7. **Training and Workshops**: Incubators often provide educational programs that help entrepreneurs develop essential skills in areas such as business management, sales, and financial planning.
8. **Access to Funding**: Many incubation centers assist startups in securing early-stage funding by connecting them with investors, including venture capitalists, angel investors, and grant opportunities. Some incubators also offer direct funding or seed investment in exchange for equity.

Incubation centers provide a range of services to help startups grow and succeed. Key services typically offered include:

1. **Mentorship and Guidance**: Experienced mentors and industry experts provide advice on business strategy, operations, marketing, fundraising, and scaling.
2. **Business Development Support**: Assistance with business planning, product development, market research, and customer acquisition strategies.

3. Networking Opportunities: Access to a network of investors, entrepreneurs, industry professionals, and potential customers to facilitate partnerships, funding, and collaboration.

4. Office Space and Infrastructure: Provision of affordable office space, high-speed internet, meeting rooms, and other resources to support day-to-day operations.

5. Access to Funding: Introduction to investors, venture capitalists,
and angel investors, as well as opportunities to pitch for funding

6. Workshops and Training: Regular workshops, seminars, and training sessions on key business topics such as finance, marketing, legal issues, and technology.

7. Legal and Administrative Support: Help with company registration, intellectual property protection, tax planning, and compliance with local regulations.

8. Technical Support: Access to tech resources, including software, hardware, or technical expertise for product development and prototyping.

9. Marketing and Branding Assistance: Support in creating a brand identity, developing marketing strategies, and improving digital presence.

10. Product and Market Validation: Guidance on testing products and services in the market, gathering feedback, and iterating based on real customer input.

These services help startups reduce risk, increase their chances of success, and accelerate growth.

Data & Journey : India's startup ecosystem has experienced significant growth, supported by a network of incubation centers that provide essential resources and mentorship to emerging businesses. Here's an overview of the current landscape:

1. Number of Startups and Incubators:

a) Startups: As of 2018, India had approximately 50,000 startups, with around 8,900 to 9,300 being technology-driven. In 2019 alone, about 1,300 new tech startups were established, indicating the formation of 2-3 tech startups daily.

b) Incubators: The number of incubators in India has seen a substantial increase, growing fifteen-fold over the past two decades, largely due to proactive incubation policy initiatives between 2008 and 2020. Data from Traxcn indicates that there are approximately 718 accelerators and incubators in the country.

2. Incubation Support and Challenges: Despite the growing number of startups, only 8.2% undergo incubation. Notably, 10% of incubators support 98% of these incubated startups, highlighting a concentration of resources within a limited number of incubators. (Economic Times)

India has about 0.8 incubators per million people, which is significantly lower compared to countries like the USA, UK, and China, each having 8-10 incubators per million. This disparity underscores the need for expanding incubation infrastructure to support the burgeoning startup ecosystem. (Economic Times)

3. Regional Distribution: South India leads in the number of startup incubators, with institutions like IIT Madras and IIM Bangalore playing pivotal roles in fostering innovation and entrepreneurship. (The New Indian Express)

4. Economic Impact: The average value of assets for every 100 incubated startups by the ninth year from incorporation is estimated at ₹ 10,627 crore, reflecting the significant economic contributions of incubated startups over time. (The New Indian Express)

Government Initiatives: The Indian government has approved a 10-billion-rupee ($119 million) fund to support the growing space sector, aiming to bolster its share in the global commercial space market by 2033. This fund will benefit 40 startups, with support varying between 100 million and 600 million rupees depending on their maturity level.

Conclusion: In summary, while India's startup ecosystem is expanding rapidly with increasing numbers of startups and incubators, there remains a need to enhance incubation support and infrastructure to sustain and accelerate this growth.

References:-

1. Daily NEWS PAPER
2. Report Published By Govt of India on "Evolution of Start UP in India" Capturing the 5-Year story)
3. Analysis of DPIIT (Dept of Promotion of Industry and Internal Trades
4. Atal Innovation Mission of NITI Ayog Govt of India

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Between the Space and the Earth : A Study of 'Orbital' as Creative Non-Fiction

Dr. Kiran Sitole*

***Asst. Prof. (English) Govt. Holkar Science College, Indore (M.P.) INDIA**

Abstract : Creative non-fiction is a genre of literature that blends factual accuracy with narrative storytelling for an immersive and informative experience. "Orbital," by Samantha Harvey a beautiful scientific novel fits within this category which takes readers on a journey of space exploration. Samantha Harvey weaved scientific reality by literary techniques to convey real scientific principles with human experience and human emotion in her novel. This paper examines the structure, themes, characters and all over impact of "Orbital" as a creative non-fiction novel. My paper highlights how it bridges the gap between empirical knowledge and artistic expression of author.

Introduction - Difference between fiction and non-fiction have often been blurred in literature, particularly in the genre of creative non-fiction. "Orbital" is an example of informative and engaging storytelling. This novel allows readers to experience the mysterious marvels of space while maintaining a connection with human experience. The Booker Prize-winning novel by Samantha Harvey, offers a contemplative exploration of human existence with experience of six astronauts aboard the International Space Station Set over a single day.Author writes experience of these individuals as they complete sixteen orbits around Earth, each chapter corresponding to one orbit. This structure of writing allows readers to drown in joy into the astronauts' reflections on life, death, identity, and the interconnection of humanity. *Writing style is not one to be rushed either.* Harvey wrote clearly and articulately, with poetry and lyricism about science and beauty, geopolitics and personal stories. The whole package of Space Voyage is wrapped up in the grandeur of history and the humbleness of human insignificance within the immensity of the universe. This is a small novel but it has a BIG message.

"How are we writing the future of humanity? We're not writing anything, it's writing us. We're windblown leaves. We think we're the wind, but we're just the leaf…….
…..Some metal separates us from the void; death is so close. Life is everywhere, everywhere."

Space, by comparison, or at least the nearest region of space – "Earth's back garden" – seems more knowable and less lonely. With this extreme slender and stretchy her fifth novel, Harvey makes an ecstatic travel with an imagined crew on the International Space Station, and looks back to Earth with a lover's eye. Orbital goes into flight for a single day, though a day is a different kind of thing up here, where "the whipcrack of morning arrives every ninety minutes" and the sun is "up-down-up-down like a mechanical toy". It's a nicely giddying structural ploy to align each and every chapter with an orbit of the Earth: 16 orbits all together. The mobile narrative sends out probes into past and future, but all is held in the looping motion of elliptical travel.

Samantha used amazing vocabulary in Orbitalto illustrate things that might be missing at home like anticipated things, O nigiri, Skiing etc. It begins with stunning display of literary brilliance, its first half alive with breathtaking imagery and profound ideas of life and space. But as it progresses, its demand high reading skills. However, Orbital Offers a Fascinating thought provoking journey of space, not just once but sixteen times. Samantha Harvey never been visited to space but how beautifully she painted the practical aspects of life in space station in her words. She represented the eating, sleeping, work out and toileting habits in widely praised language. For its beautiful presentation Guardian Describes Orbital as an uplifting book in its blurb.

The story is set over the course of one 24-hour period on board the International Space Station. There are four astronauts and two cosmonauts who are following the journey of the first manned space craft to land on the moon since 1972 as well as a terrifying typhoon developing over the Pacific Ocean. During this day on board the ISS, they will orbit the earth sixteen times,

"*they'll see sixteen sunrises and sixteen sunsets, sixteen days and sixteen Nights*"

To assist the reader, Harvey has provided a map of their orbits across the globe so when they talk about what they can see from the window, we can track it for ourselves. It is the artistic beauty of characterisation that connect us with characters Characterization in orbital is subtle and focused on the astronauts' inner lives and perspectives, rather than elaborate backstories or dramatic conflicts, with each character representing a different facet of humanity's

relationship with space and Earth. The characters are not necessarily developed as individuals with complex personal dramas, but rather as representations of different aspects of humanity, such as faith, grief, and the search for meaning. **Anton (Russian):** Described as sentimental and reflective. **Chie (Japanese)** is portrayed as methodical and wise. **Shaun (American)**Leans on his faith and sees the universe as a testament to design. **Pietro (Italian)** Considered the mind of the spacecraft. **Nell (British)**works for commitments. **Roman (Russian)**The commander, described as dextrous and capable.

The profound weirdness of experience makes Harvey's imaginative act all the more impressive. The account certainly doesn't lack verisimilitude. But the parts of the novel that stuck with me most were not the disorientating lack of gravity but the moments of reflection about what could be seen of the Earth spinning below. "Orbital" employs an unique narrative structure that intertwines factual exposition with character-driven storytelling. By using a first-person perspective, the novel places readers in the body of astronauts, scientists, and engineers, offering an intimate glimpse into the psychological and physical realities of space travel. The book's stylistic choices, including detailed descriptions and introspective monologues, enhance the reader's immersion in the subject matter.

"We matter greatly and not at all. To reach some pinnacle of human achievement only to discover that your achievements are next to nothing and that to understand this is the greatest achievement of any life, which itself is nothing, and also much more than everything. Some metal separates us from the void; death is so close. Life is everywhere, everywhere.sm"

One of the key strengths of "Orbital" is its ability to present scientifically accurate information within a compelling narrative. Isolation in space, the fragility of human existence, bonds they form with each other and emotions for Earth. Real scientific phenomena, such as microgravity effects on the human body and the physics of orbital mechanics, are seamlessly integrated into the storytelling, making complex concepts accessible to a general audience. It beautifully presents the earth from space.It is so beautiful, that globe.

"Because who can look at man's neurotic assault on the planet and find it beautiful? Man's hubris. A hubris so almighty it's matched only by his stupidity."

Over the sixteen orbits tracked by the novel, dazzling descriptions of the planet rhythmically recur. There is Africa, "chiming with light" that is almost audible. Gran Conaria's gorges pile the island up "like a sandcastle hastily built". There is the "soft brushed nickel" of the Mediterranean; Uzbekistan, an "expanse of ochre and brown"; the "clean and brilliant Indian Ocean of blues untold", Man-made border of light is visible on Earth: a long trail of lights between Pakistan and India – and even that disappears in the daytime. The light which strikes and stabs, sparkles and shimmers is able to make boundaries otherwise there is "no wall or barrier: no tribes, no war or corruption or particular cause for fear"; instead "a rolling indivisible globe which knows no possibility of separation".

"The earth, from here, is like heaven. It flows with colour. A burst of hopeful colour. When we're on that planet we look up and think heaven is elsewhere, but here is what the astronauts and cosmonauts sometimes think: maybe all of us born to it have already died and are in an afterlife. If we must go to an improbable, hard-to-believe-in place when we die, that glassy, distant orb with its beautiful lonely light shows could well be it."

This is the Earth as experienced in the universe. The Earth majesty coexisting with, and increasingly shaped by, its temporarily dominant species. Individually as a human we are powerless in the face of nature. Collectively as a team we've utterly transformed every part of it in a plethora of deeply unknowable ways.

Creative non-fiction novel"Orbital" plays an essential role in bridging the gap between scientific understanding and public engagement. By employing a narrative approach, the book makes space exploration more relatable and emotionally resonant. Its reception among readers and critics highlights the growing appreciation for works that combine factual rigor with compelling storytelling, fostering greater interest in space sciences.

It exemplifies the power of creative non-fiction in transforming educational content into an engaging literary experience. By maintaining scientific authenticity while exploring human emotions and challenges, the novel serves as a model for how literature can contribute to scientific literacy and appreciation. As the genre "Orbital" will remain inspiring curiosity and understanding about the universe we inhabit.

However, some readers may find the novel's lack of a conventional plot challenging. "Orbital" prioritizes introspection and philosophical inquiry over traditional narrative structure, which may not appeal to those seeking a plot-driven story. Nonetheless, for readers open to a meditative and poetic exploration of existence, the novel offers a rewarding experience.

References:-

1. Orbital,Samantha Harvey, Jonathan Cape (UK)2 November 2023 Grove Atlantic,(US)5 December 2023
2. Orbital by Samantha Harvey, - Review, The *Guardian 2025*
3. Orbital by Samantha Harvey- Review, Goodreads *2025*
4. Samantha Harvey's 'Orbital' and the art of looking back at Earth, Joshua Ferris,*The New York Times,* Dec. 5, 2023 *2025*
5. Samantha Harvey's 'Orbital' explores humanity through the eyes of astronauts,review, *The Washington Post,2025*
6. Samantha Harvey's 'Orbital' and the future of space fiction, *Science Fiction Studies,2025*
7. Orbital by Samantha Harvey, Daisy Butter, 10 February 2025
8. Language of waves and light, Review, Kate McLoughlin, TLS, Current Issue

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राष्ट्र निर्माण एवं शैक्षिणिक समस्याएँ एक अध्ययन

श्रीमती चित्रमाला भिमटे*

* सहा. प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शास. महाविद्यालय, लामता, जिला बालाघाट (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – शिक्षा विहीन समाज के विकसित राष्ट्र की कल्पना करना किसी भी देश के लिए संभव नहीं है शिक्षित समाज ही राष्ट्र विकास की अवधारणा को साकार कर सकने में समर्थ है। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास हो पाना संभव है। यह शिक्षा ही है, जो एक आम व्यक्ति को समाज से अलग एक विशिष्ट स्थान दिलवाने का सामर्थ्य रखती है।

'साविद्या या विमुक्तये' अर्थात शिक्षा वहीं जो मुक्त करती है, मुक्ति का अर्थ तमाम बंधनों, अधविश्वायें। एवं कुरीतियों से मुक्ति पाना और नयी समझ के माथ नई दृष्टि का निर्माण करने से है। यदि सीधे तौर पर देखा जाय तो शिक्षा से सीधा लाभ ज्ञान और तथ्यों की समझ जागृत करना है न कि कुछ रटे तथ्यों की लम्बी सूची तैयार करना। अच्छी शिक्षा का मकसद मानव में सोचने तथा विचार करने की क्षमता पैदा करता है अपने आने वाले कुल के लिए ऐसी क्षमता पैदा कर सकना, जिसके माध्यम से ऐसे विषयों को अलग करने लायक हो जाए जिन पर ओर विचार करने की आवश्यक्ता है। यह छामता हग अच्छे अध्ययन से ही प्राप्त कर सकते हैं। यही अत्यंत महत्वपूर्ण कारण है जो हमें स्कूली तथा अन्य आगे की शिक्षाओं को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। बेहतर शिक्षा ही हमें वस्तु की परख करने की क्षमता प्रदान करती है।

शिक्षा ही वह माध्यम हे जो हमारे भीतर सही दृष्टिकोण, सही विचार तथा सही निर्णय लेने की क्षमता पैदा करती है। जिससे हम अपने आपकों जीवन की विषम परिस्थितियों के अनुरुप आसानी से ढाल लेते हैं। शिक्षा जीवन में हमें मही फैमला लेने में मदढगार सिद्ध होती है आप प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कभी न कभी समस्यायों, तनाव तथा दुख से गुजरना पड़ता है। इनमें हग बच नहीं सकते किन्तु ऐसी परिस्थितियों का एक शिक्षित व्यक्ति बेहतर तरीके से सामना कर सकता है। बल्कि ऐसी समस्याओं के भविष्य में आने पर स्वयं को पहले ही तैयार कर लेता है।

शिक्षा एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है जिसका न ही कोई आदि है और न ही अंत। मानव जन्म से लेकर अपने अस्तित्व के धूमिल होने तक शिक्षारत रहता है बस यदि कुछ बदलता है तो वह है– शिक्षा का स्वरुप, माध्यमिक शिक्षा, उच्च तथा व्यावसायिक एवं तकनीकि शिक्षा इत्यादि। विकास और आधुनिकता की दौड़ में आगे बने रहने के लिए एक नई शिक्षा व्यवस्था है– प्रोफेशनल एजुकेशन यह पारम्परिक एकेडमिक एजुकेशन से सर्वदा भिन्न है यह समस्त शिक्षाएँ हमें अपने क्षेत्र का विशेषज्ञ बनाती है यही विशेषता राष्ट्र विकास के घटकों के रूप में प्रयुक्त होकर विकास व उन्नति को सुदृढ़ करती है।

शब्द कुंजी – राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, विकास।

उद्देश्य:

1. राष्ट्र निर्माण में शिक्षा के बढ़ते कदम का अध्ययन करना
2. शैक्षणिक समस्याओं का अध्ययन करना।
3. शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक समस्या के समाधान का अध्ययन करना।

अध्ययन की शोध प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन द्वितीयक संमको पर आधारित है, जिसमें मुख्य रुप से आकड़ों से संग्रहण हेतु शासकीय, पत्र–पत्रिकाओं, सख्यिकीय पुस्तिका, इन्टरनेट आदि का सहारा लिया गया है।

अध्ययन की प्रासंगिकता – प्रत्येक शोध कार्य का एक निश्चित उद्देश्य एवं प्रत्येक उद्देश्यपूर्ण कार्य का अपना महत्व होता है उपलब्ध साहित्य की समीक्षा से स्पष्ट होता है कि आज शिक्षा का महत्व राष्ट्र निर्माण व विकास में महत्वपूर्ण है शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, शिक्षार्थी, शिक्षाविदों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है इस शोध पत्र के माध्यम से शिक्षा सम्बंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त होगा तथा इसमें उभरने का मार्ग प्रशस्त होगा।

राष्ट्र निर्माण में शिक्षा के बढ़ते कदम – शिक्षा विकास का आधारमूलक सत्य है इसी शिक्षा रुपी साध्य से हम विकास रूपी साधन को प्राप्त कर सकते है। विश्व के लगभग सभी समाजों और कालों में शिक्षा का महत्व एक समान बना रहता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय अन्य क्षेत्रों की तरह शिक्षा के मामले में भी हमारी स्थिति अत्यंत चिन्तनीय थी, लेकित 1947 के बाद भारत में प्रारम्भिक शिक्षा के उन्नयन हेतु प्रभावशाली प्रयास हुए।

किसी भी राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक ने संयोजित होने वाले कारको में शिक्षा एक महत्वपूर्ण एवं आधारभूत कारक है सुदृढ़ समाज के निर्माण में प्रारंभिक शिक्षा मजबूट नीव की भूमिका निभाती है अगर नींव ही कच्ची हो तो समाज के सृजनात्मक विकास की परिकल्पना करना संभव नही होता है।

सर्वप्रथम शिक्षा के महत्व को समझने एवं निवारण हेतु 1935 में केन्द्रीय परामर्श बोर्ड का गठन किया गया था। इसके पश्चात से प्रारम्भिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लगातार प्रयास होते रहे। 1986 में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम और 1992 में उसमें किये गये संशोधन तथा इसकी कार्ययोजना के अनुरुप सबको प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए पहल की गयी। 1994 यह कार्यक्रम देश के 7 राज्यों के 42 जिलों में लागू किया गया। ये 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में माध्यमिक स्तर पर व्यवसायिक शिक्षा को प्राथमिकता दी गयी। 1985–1986 में प्रत्येक जिले में औसतन एक नवोदय विद्यालय स्थापित करने का कार्यक्रम शुरु किया

गया था। सन 2020 में नई शिक्षा नीति लागु की गई जिसमे आत्मनिर्भरता कौशल विकास उद्यमशीलता के द्वार सबके लिए खोल दिए गए।

भारत में शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार भारी माजा में अनुदान देती है भारत में शिक्षित व्यक्ति का औसत जहाँ स्वतंत्रता पश्चात 1951 में मात्र 18.33 प्रतिशत था। वही सरकार द्वारा शिक्षा के प्रति लगातार सजगता व प्रयास के कारण 1961 में 28.0 प्रतिशत तथा बर्ष 2011 की जनगणना आंकड़ों के अनुसार यह बढ़कर 74.04 प्रतिशत हो गया किन्तु बारीकी से अवलोकन किया जाय तो यह स्पष्ट होगा कि यह अभी अन्य तमाम विकासशील देशों के औसत से काफी कम है।

भारत के साक्षरता की स्थिति

वर्ष	पुरुष	महिला	कुल साक्षरता
1961	40.36	15.33	28.33
1971	45.95	21.97	34.45
1981	56.38	29.76	43.57
1991	64.13	39.23	52.21
2001	75.86	54.16	65.38
2011	82.14	65.46	74.04

शैक्षणिक समस्याएँ:

1. अवैतनिक ओर कम योग्यता वाले शिक्षक– अवैतनिक व कम योग्यता वाले शिक्षक कई बार शासन वेतन समय पर उपलब्ध नहीं करवा पाती तथा उनकी आजीविका का एकमात्र साधन वही होता हे अत: वह शिक्षक का पद त्याग देते है। विशेष पाठ्यक्रम को पढने के लिए अलग से शिक्षकों की भती नहीं हो पाती।
2. आपूर्ति और वर्दी की लागत– आपूर्ति चोर नदी की लागत भूमि व विद्यार्थी को शक्षण के दौरान कि तीने व यूनिफॉम की नि:शुल्क व्यवस्था नहीं हो पाती, जिससे प्रवेश कम होते है।
3. लड़किया होना (लैंगिक भेदभाव)
4. प्रकोप और महामारी
5. मातृभाषा और साक्षरता का प्रभाव
6. शिक्षा में बुनियादी ढाँचे की कमी
7. वित्तीय संसाधन और शिक्षा तक पहुँच में असमानता
8. आनलाइन शिक्षा प्रणाली में असमानता
9. आर्थिक स्थिति कमजोर
10. विद्यालयों, महाविद्यालयो पर स्थानीय जवाबदेही की कमी
11. शिक्षा का व्यवसायीकरण एवं विसंस्कृतीकरण
12. संकीर्ण शिक्षा प्रणाली एवं भौतिकतावादी दृष्टिकोण
13. नैतिक शिक्षा, मूल्य, आदर्श अप्रासंगिक हो चुके है।
14. शिक्षको की कमी – विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की पूर्ति नहीं की जाती है जिससे सभी विद्यार्थिकी समस्या को हल कर पाना संभव नहीं हो पता है।

समाधान :

1. शैक्षणिक संस्थानों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि।
2. पाठ्यक्रमों को व्यवसायिक दृष्टिकोण पर तैयार करना।
3. शैक्षणिक अनुसंधानों पर विशेष जोर देना।
4. स्वायत्ता विद्यालयों तथा शिक्षण विभागों का विकास करना।
5. गैर सरकारी विद्यालयों को अनुदान प्रदान करना।
6. विद्यालय में कई पालियों में शिक्षण कार्य सम्पन्न करना।
7. छात्राओं के लिए विशेष सुविधाओ से युक्त होस्टल की व्यवस्था।
8. नेशनल ओपन स्कूल की तर्ज पर अधिक शिक्षण संस्थानों को खोलने के लिए प्रोत्साहित करना।
9. शिक्षण गुणवता को बनाये रखने के लिए औचक निरीक्षण की व्यवस्था।
10. शैक्षणिक व्यवस्था को पूर्णरुपेण पारदर्शी बनाना।
11. सिखने के विविध विकल्प प्रदान करना – विविध शिक्षण अवसर प्रदान करके शिक्षार्थी की जरूरतों और रुचियों को बेहतर ढंग से पूर्ण करने के लिए प्रयास करे।

निष्कर्ष – शिक्षा एक अनमोल रत्न है इसकी प्राप्ति जितनी ही हो, वह कम ही प्रतीत होगी जिस प्रकार रत्न शरुआत में पत्थर के आकार का होता है उसे बाद में जरूरत के अनुसार तराशकर अनमोल बना लिया जाता है। ठीक उसी तर्ज पर शिक्षा व्यवस्था को आवश्यक्ता और समय के साथ परिवर्तित कर अनमोल बनाया जा सकता है।

आज जरुरत इस बात की है कि स्कूली शिक्षा समाप्त कर जो युवा बाहर निकलते है, उनके अध्ययन के विषयों की बुनियादी जानकारी का व्यवहारिक पक्ष मजबूत हो। लोकतंत्र में राष्ट्र की जिम्मेदारी, नागरिको के कंधो पर होती है। यह वह तय करते हैं. कि उनक समाज का विकास किस दिशा में आगे बढ़े। इस जिम्मेदारी को वहन करने के लिए सुनिश्चत की गई शिक्षण व्यवस्था को क्या पुर्वमूल्यांकन की आवश्यक्ता है। यदि हाँ तो पुर्वमूल्यांकन का क्या आधार होगा क्या यह उद्देश्य के आधार पर सर्वसम्मत होगी या आवश्यक्ता के आधार पर ऐसे तमाम प्रश्न आज युवायों के जहन में है, जो कि कल के राष्ट्र निर्माता भी होगें।

शिक्षा का आधार चाहे जैसा भी हो किन्तु 21 वीं सदी की शिक्षण व्यवस्था में इस बात को ध्यान देना अनिवार्य है कि शिक्षा को आने वाले वाले समय में उद्योग तथा समाज से सीधे जोड़ा जाये। इसके लिए आवश्यक्ता होगी उत्तम शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाओं की जिसके लिए एकेडमिक, औद्योगिक, और सरकारी तीनो क्षेत्रो को अपनी–अपनी भागीदारी ईमानदारी के साथ निभानी होगी। इन तीनों क्षेत्रो के संयुक्त प्रयास से, भारत की महाशक्ति बनकर विश्व पटल पर चमकेगा। जिसके लिए शिक्षा राष्ट्र विकास की कुजी के रूप में कार्य करेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. बहादुर सिंह करुण, 'शिक्षा राष्ट्र विकास की कुंजी',कुरुक्षेत्र, पेज नम्बर (30–32) सितम्बर 2006
2. महेन्द्र सिंह यादव महेन्द्र,'मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रो में प्रारम्भिक शिक्षा का बदलता परिदृश्य', कुरुक्षेत्र, सितम्बर 2006, पेज नम्बर 34
3. कुंड प्रतिभा, 'शिक्षा क्षेत्र के लिए प्रावधान', योजना, मार्च 2016 पेज नम्बर (59–62)
4. डॉ. चन्द्रपाल,'महिला शिक्षा के अनसुलझे पहलू', कुरुक्षेत्र मार्च 2005, पेज नम्बर (25–27)
5. जे. पी. सिंह,'शैक्षणिक पद्धति समाजशास्त्र : अवधारणाएँ एवं सिद्धांत', सन 2017 फिल लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली।
6. कुमार पार्थिव:'शिक्षा हो आया ग्रामीण भारत में सामाजिक बदलाव', कुरुक्षेत्र दिसम्बर 2015, पेज नम्बर–18
7. यादव प्रसाद बद्री के, भारतीय शिक्षा का स्वरुप समस्या और समाधान, बौद्ध अध्ययन विभाग दिल्ली, भारत 2021

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्र निर्माण में योगदान का अध्ययन

डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे*

* सहा. प्राध्याापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, शास. महाविद्यालय, लालबर्रा, जिला बालाघाट (म. प्र.) भारत

प्रस्तावना – किसी भी राष्ट्र की प्रगति एवं खुशहाली में शिक्षा व्यवस्था का बहुत महत्व पूर्ण योगदान रहा है। आजादी के बाद भारत में शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिले है। तथा राष्ट्रीय शिक्षा नितियों में समय-समय में बदलाव लाए गए जिससे की राष्ट्रीय प्रगति में नए आयाम प्राप्त हो सके। इसी व्यवस्था के अन्तर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लाई गई जो 21 वी सदी की पहली शिक्षा नीति है। जिसका लिये हमारे देश के विकास के अनिवार्य आवश्यकताओ को पूरा करना है। यह नीति भारत की परम्पदरा और सांस्कृतिक मुल्यो के आधार पूरा कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर बल देती है। यह नीति इस सिद्धांतो पर आधारित है कि शिक्षा से न केवल साक्षरता सख्या ज्ञान जैसी बुनयादी क्षमताओ के साथ साथ उच्चतर स्तर की तार्किक और समस्या समाधान सम्बंधी क्षमताओ का विकास हो सके।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में राष्ट्रीय सेवा योजना को एक विषय के रुप में विद्यार्थियो को पसंद के रुप में चुनने तथा उसके राजगार प्राप्ती कर सके ओपन इलेक्टिव विषय के रुप चुनने का अवसर होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना वर्तमान समय में शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियो के व्यक्तित्व में बदलाव लाने तथा राष्ट्र की सेवा का सबसे अच्छा माध्यम है प्रारीभ से ही छात्रो को राष्ट्रीय सेवा के प्रति जागरुक करने का प्रयत्न होता रहा है सन 1950 में प्रथम शिक्षा आयोग ने विद्यार्थियो को राष्ट्रीय सेवा के लिए भावना के आधार पर प्रवेश के लिए संस्तुति की। इसके साथ ही तत्कालीन प्रधानमंत्री प. जवाहर लाल नहरु के सुझाव पर डॉ. सी डी देशमुख की अध्यक्षता में आयोग बनाया गया जिसका उद्देश्य छात्रो को स्नातक कक्षाओ में प्रवेश के पूर्व राष्ट्रीय सेवा अनिवार्य रुप सें करने की प्रोफेसर के जी सैउद्दीन जो विभिन्न देशो में युवाओ की राष्ट्रीय सेवाओ का अध्ययन कर चुके थे उनका कहना था की राष्ट्रीय सेवा स्वंय सेवका के आधार पर प्रारंभ कि जानी चाहिए प्रारंभ से ही राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठ भूमि में चिंतन की धारा रही है। एक विद्यार्थी को उच्च शिक्षा संबधी सुविधाए उपलब्ध कराने के लिए समाज को बहुत कुछ व्यय करना पड़ता है। अत: यह त्रण उतारने के लिए उसे कम से कम अपने आस पास के समुदाय में कुछ समाज सेवा के कार्य अवश्य करना चाहिए। जिस समाज में हम रहते है उसके प्रति भी हमे अपना दायित्व निभाना होता है। स्वतंत्र देश में केवल राजनैतिक स्वतंत्रता ही पर्याप्त नही है अपितु आर्थिक एवं समाजिक स्तर पर बेहतर कार्य करके इन बुराईयो कम कर सके इसमे उच्च शिक्षित युवाओ कि अहम भूमिका है यदि इन युवा वर्ग को समय पर पर्याप्त मार्ग दर्शन तथा अवसर मिले तो असमानता कि खाई को पाटने में कारगार साबित होंगे। भविष्य में देश की बागडोर सभालने वाली पीढी को समाज के विभिन्न वर्गो को तथा दलितो एवं शोषित लोगो की समस्याओं का प्रत्यक्ष एवं व्यवहारिक बोध हो ताकि वह उनकी एवं स्वयं की समस्याओ को हल कि दिशा में प्रवृत हो सके। 18 से 25 वर्ष की आयु में आदर्शवाद, देशप्रेम और कुछ कर गुजरने की चाहत से भरी हुई तरुणाई को ऐसे संस्कार एवं मार्गदर्शन दिए जाने चाहिऐ जो कि उन्हे श्रम की निष्ठा तथा प्रजातार्न्रिक विचारधारा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं अनुशासन रख सके। राष्ट्रीय सेवा योजना के क्रियावयन में प्रशासनिक तथा समाजिक सरोकारो कि महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश की राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियाँ देश में अग्रणी रही है यह सब स्वयं सेवको की निष्ठा एवं सकारात्मक सोच से ही सभंव हो सका है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी 24 सिंतबर 1969 से ही राष्ट्रीय सेवा योजना आरंभ की गई है। इस इकाई से अनेक विद्यार्थी जुडकर राष्ट्र की निरंतर कर रहे है।

शब्द कुंजी – राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा, व्यक्तित्व विकास।

अध्ययन की शोध प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन द्वितीयक संमको पर आधारित है, जिसमें मुख्य रुप से आकड़ों से संग्रहण हेतु शासकीय, पत्र-पत्रिकाओं, सख्यिकीय पुस्तिका, इन्टरनेट आदि का सहारा लिया गया है। अध्ययन की प्रासंगिकता - प्रत्येक शोध कार्य का एक निश्चित उद्देश्य एवं प्रत्येक उद्देश्यपूर्ण कार्य का अपना महत्व होता है उपलब्ध साहित्य की समीक्षा से स्पष्ट होता है राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को रेखांकित किया गया है जिससे युवा जुड़कर राष्ट्र की निस्वार्थ भाव से सेवा करके स्वयं का राष्ट्र के लिए योगदान सुनिश्चित कर सकते है। इस कार्यो से राष्ट्रीय प्रेम एवं देश सेवा का युवाओं में जोश जज्बा तथा उत्साह उत्पन्न होगा तथा सामाजिक सेवा सांस्कृतिक मूल्यों को स्थापित करने में सहायता प्रदान होगी।

राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य- समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थीयो के व्यक्तित्व का विकास करना है देश की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिणक, सांस्कृातिक एवं ऐतिहासिक मुल्यो से अवगत कराना है।

राष्ट्रीय सेवा योजना की थीम- स्वास्थ्य जन स्वतच्छता एवं व्यकक्तिगत स्वास्थ रही है सत्र 2024-25 के लिए लक्ष्य थीम - 'मेरा युवा भारत माय भारत के लिए युवा डिजिटल साक्षरता के लिए युवा।'

राष्ट्रीय सेवा योजना का लायल – शिक्षा द्वारा समाजसेवा एवं समाज सेवा द्वारा शिक्षा है इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थीयो से अपेक्षा कि जाती कि वे जो जिस समाज में कार्य करते है उसे समझने का प्रयास करे समुदाय कि तुलना में स्वयं को समझना समुदाय की जरूरत और समस्याओं की पहचान करना तथा उन्हें समस्या के समाधान की प्रक्रिया में भागीदारी

बनाना स्वयं में सामाजिक एवं नागरिक जिम्मेदारी का बोध विकसित करना समूह में रहने और जिम्मेदारियां को बांटने के लिए जरूरी क्षमता विकसित करना, नेतृत्व गुण एवं लोकतांत्रिक प्रवृत्ति विकसित करना, राष्ट्रीय अखंडता और सामाजिक सदभाव बनाए रखना।

योजना के क्रियान्वयन में प्रशासनिक एवं सामाजिक सरोकारों की अहम् भूमिका – प्रदेश की राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में देश में अग्रणी रही है। यह सब युवा पीढ़ी की सकारात्मक सोच से ही संभव हुआ है। भारत में युवा प्रवर्तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी 24 सितंबर 1969 से राष्ट्रीय सेवा योजना आरंभ की गई थी। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है। इसका लक्ष्य शिक्षा द्वारा समाज सेवा तथा समाज सेवा के माध्यम से जीवन मूल्यों की शिक्षा प्राप्त करना जिससे कि विद्यार्थी जिस समाज में वह कार्य करे उससे वह बेहतर तरीके से समझने का प्रयास करें एवं समाज की मूलभूत आवश्यकताओं का अनुभव करें, उनकी कठिनाइयों को समझने तथा यथासंभव समस्या के समाधान के लिए सक्रिय रहे। स्वयं में सामाजिक एवं नागरिक भावना के दायित्व का बोध हो सके। सामाजिक सहभागिता के लिए निपुणता प्राप्त करें।

राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क स्थित सूर्य मंदिर के रथ के चक्र पर आधारित है। सूर्य मंदिर का यह विशाल चक्र सृजनात्मक शक्ति, गतिशीलता एवं अपार ऊर्जा का प्रतीक है जो काल एवं स्थान से परे जीवन में गति का महत्व बताता है। इस प्रतीक चिन्ह में मुख्य रूप से दो रंग आ रहे हैं। इसकी पृष्ठभूमि में नीला रंग ब्रम्हाण्ड का प्रतीक है तथा लाल रंग उत्साह एवं स्फूर्ति का इस प्रकार से यह प्रत्येक चिन्ह यह प्रदर्शित करता है कि स्वयंसेवकों को ऊर्जावान होकर वैश्विक स्तर पर परिवर्तन लाने एवं उसे उन्नत करने के लिए ऑठो पहर गतिमान रहना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धांत वाक्य Not me but you अर्थात मैं नहीं आप है। जो प्रजातांत्रिक ढंग से रहने के लिए तैयार करना है एवं नि:स्वार्थ सेवा भाव की भावना विकसित करना है। यह सिद्धांत हमें दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करने वाले बनने के लिए प्रेरित करता है। साथ एक दूसरे के प्रति सम्मान के भाव जागृत करता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना में नियमित गतिविधि – राष्ट्रीय सेवा योजना में नियमित गतिविधियों के अंतर्गत एक वर्ष में कम से कम 120 घंटे का कार्य करना होता है। अनिवार्य गतिविधियों पात्रता में अभिमुखीकरण में राष्ट्रीय सेवा योजना का दर्शन, प्रेरणा गीत, नागरिकता बोध, यातायात नियमो, का पालन, पी टी योग, खेल एवं पर्यावरण जागरुकता की गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है। सत्र 2024-25 में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने मेंरी माटी मेंरा देश, एक पेड़ माँ के नाम, विद्यावान, साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरुकता, इको क्लब, एड्स के प्रति जागरूकता।

जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम सहभागिता करके स्वयं सेवक राष्ट्रीय दायित्व का भलीभांति निर्वहन करते हैं, अनुशासन में रहकर कार्यों को ईमानदारी के साथ पूर्ण करते है एवं मिलजुलकर कार्यों को करते हैं। इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित होती है तथा सामाजिक, राजनीति, एवं आर्थिक पहलुओ को जानने का अवसर प्राप्त होता है विद्यार्थियों में गीत संगीत के माध्यम से बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना से व्यक्तित्व का विकास होता है सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयं सेवकों के साथ ग्रामीण जनो के मध्य जाकर, उनके सुझावों एवं सहयोग से स्वच्छता, पर्यावरण जागरूकता, नालियों की साफ सफाई एवं नारों के माध्यम से जन मानस में जन जागृति का संदेश दिया जाता है।

आज के वर्तमान समय में व्यक्तित्व विकास की महती आवश्यकता महसूस की जा रही है उनके लिखित एवं मौलिक संप्रेक्षण तथा संवाद, क्षमता होनी चाहिए साथ ही नेतृत्व देने एवं टीम के साथ काम करने की योग्यता, समस्या का समाधान करने की क्षमता किसी कार्यकम को आयोजित करने एवं संचालन करने की क्षमता विकसित करने में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

विशेष शिविर– राष्ट्रीय सेवा योजना में नियमित गतिविधियों के तहत विद्यार्थियों को अपने रिक्त समय का सदुपयोग संरचनात्मक कार्य में करने का अवसर मिलता है। वर्ष एक बार गोद ग्राम या अन्य ग्राम में आयोजित शिविर में उन्हें जीवन का अमूल्य अनुभव प्राप्त करते हैं। सात दिवसीय विशेष शिविर इकाई के 50% विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होता है। शिविर के माध्यम से विद्यार्थी ग्राम में प्रभात फेरी के माध्यम से जन जागरण करते हैं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी दी जाती है। एक साथ मिलकर कार्य करना, परियोजना कार्य में समन्वय, के साथ हाथ बटाना या मिलकर कार्य करना आदि की सिख मिलती है। तथा शिविर के दौरान प्रत्येक स्वयं सेवक अनुशासन में रहकर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते है।

जागरूकता कार्यक्रम के आयोजनों में राष्ट्रीय सेवा योजना का सहयोग – 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत हरियाणा से की थी। इस योजना से पुरे जीवन काल में शिशु लिंगानुपात में कमी को रोकने में मदद मिली है। मतदाता जागरुकता, पोषण आहार, आद्र भूमि दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, युवा दिवस, सयुक्त राष्ट्रक संघ स्थापना दिवस, अग्नि शमन दिवस, गांधी जयंती एवं भारत के महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में राष्ट्रीय सेवा योजना की हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस प्रकार के कार्यो से स्वयं सेवकों में समाज के प्रति संवेदनशीलता, जागरूकता एवं सेवा भाव की भावना पनपती है तथा समाज को जागरूक करने में अग्रणी भूमिका में रहते है जल है तो कल है, पर्यावरण के दुश्मन तीन पाउच पन्नीस पॉलिथीन, मानव मानव एक समान जात पात का मिटे निशान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे अनेक प्रेरणादायी नारो से गांव-गांव में जाकर, शिविर तथा नियमीत गतिविधियो के माध्यम से समाज में जन जागरूकता का अभियान चलाया जाता है इससे जन मानस में कार्य करने तथा युवाओं को सहयोग देने की भावना पनपती है तथा प्रजातांत्रिक विचारधारा, वैज्ञानिक सोच एवं स्वप्रेरणा तथा अनुशासन की भावना प्रबल होती है।

सुझाव :

1. राष्ट्रीय सेवा योजना में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए सत्र के प्रारंभ में जानकारी दी जानी चाहिए।
2. नियमित गतिविधियों में विशेष शिविर के लिए अनुदान राशि में वृद्धि की जानी चाहिए।
3. NCC की तरह NSS के स्वयंसेवकों के लिए ड्रेस कोड की राशि प्रदान की जानी चाहिए।

4. विद्यार्थियों के सतत व्यापक मूल्यांकन में NSS के विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक प्रदान करने की नीति बननी चाहिए।

निष्कर्ष – राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की भावना विकसित होती है एवं युवाओं को उच्च शिक्षा के साथ–साथ पाठ्येतर गतिविधियों के भाग लेने से स्वयं सेवको के व्यक्तित्व में निखार आता है समुदाय से जुड़ाव होता है एवं समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों को दूर करने में सहायता करते है तथा इस प्रकार के कार्यो से समाज के कमजोर वर्ग के प्रति सवेदंशीलता, सहानुभूति एवं मिलजुलकर कार्य करने की भावना उत्पन्न होती है एवं समय–समय पर आयोजित स्वास्थ्य शिविरो एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों सहभागिता से नागरिक दायित्व का विकास होता है उन्हें राष्ट्र के प्रति प्रेम देश की एकता अखंडता एवं बंधुत्व बढ़ाने के लिए युवा वर्ग आगे रहकर कार्य करते हैं, जिसे नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के साथ–साथ परिस्थितियों को समझने की शक्ति उत्पन्न होती है, अंत: राष्ट्रीय सेवा योजना अत्यंत महत्वपूर्ण इकाई है, जिससे जुड़कर युवा अपना बेहतर भविष्य बना सकता है। एवं राष्ट्र की निस्वार्थ भाव से सेवा में सदैव तत्पर रहते है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. राष्ट्रीय सेवा योजना के मैनुअल 2006 भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, नई दिल्ली।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. उच्च शिक्षा विभाग विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन वर्ष 2023–24।
4. राष्ट्रीय सेवा योजना भारतीय इंटरप्राइजेज, मथुरा, उत्तर प्रदेश।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मध्यप्रदेश के धार जिले में ग्रामीण महिला साक्षरता का वितरण प्रतिरूप : एक भौगोलिक अध्ययन

डॉ. किरण मण्डलोई*

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़नगर, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – किसी भी देश के समग्र विकास के निर्धारक घटकों में प्रमुख घटक साक्षरता है। देश के बहुआयामी विकास हेतु प्राकृतिक एवं मानवीय संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, परन्तु अभी भी देश के समग्र विकास हेतु आवश्यक कुशल एवं प्रशिक्षित जनशक्ति का अभाव है। किसी भी देश का समान व वर्ग का आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक विकास करना है तो समाज की आधी आबादी अर्थात् महिलाएं जो कि विकास की मुख्य धारा में नहीं हैं उन्हें शिक्षित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

भारत जैसे विकासशील देशों में आज भी ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं में साक्षरता का स्तर अपेक्षाकृत न्यून है। प्रस्तुत अध्ययन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में प्राचीन समय से ही महिला शिक्षा का अभाव रहा है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बावजूद विभिन्न जातियों एवं वर्गों में विभक्त समाज में साक्षरता उसकी अपनी विशेषताओं द्वारा निर्धारित होती है। जिन समाजों में महिलाओं को परिसंचरण की स्वतंत्रता है या नहीं है, किन्तु उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है उन समाजों में महिला साक्षरता के प्रति प्रतिकूल प्रभाव हैं।

शब्द कुंजी –साक्षरता, बहुआयामी, संसाधन, आदिवासी, आर्थिक स्थिति।

प्रस्तावना – किसी भी देश-प्रदेश के विकास को परखने का सर्वोत्तम उपाय वहां की महिलाओं की शिक्षा से आंकलन लगाया जा सकता है। महिलाएं परिवार रूपी गाड़ी की धुरी हैं। महिलाओं का शिक्षित होना अति आवश्यक है क्योंकि वे ही परिवार को शिक्षित करती हैं। इसलिए गाँधीजी ने कहा था कि 'एक लड़की कि शिक्षा एक लड़के से अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि लड़के को शिक्षित करने पर वह अकेला शिक्षित होता है परंतु एक लड़की की शिक्षा से पूरा परिवार शिक्षित होता है।' शिक्षा आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है, पथ-प्रदर्शक, है निर्माण है एवं विकास है।

भारत के विकास में महिला साक्षरता का बहुत बड़ा योगदान है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता है कि पिछले कुछ दशकों से ज्यों-ज्यों महिला साक्षरता में वृद्धि होती गई है, वैसे-वैसे भारत विकास के प्रत्येक पथ पर अग्रसर हुआ है। जो व्यक्ति समझकर पढ़ना-लिखना एवं हस्ताक्षर करना जानते हैं, साक्षर कहे जाते हैं। असाक्षरता, व्यक्ति एवं समाज दोनों के विकास में बाधक हैं। स्वामी विवेकानंद के अनुसार- 'केवल पुस्तकीय ज्ञान से काम नहीं चलेगा। हमें उस शिक्षा की आवश्यकता है जिससे कि व्यक्ति अपने स्वयं के पैरों पर खड़ा हो सकता है।'

साहित्य समीक्षा :

1. **त्यागी गुरसरनदास एवं विजय कुमार (2009) : 'उदीयमान भारत में शिक्षा'–** किसी भी व्यक्ति समाज तथा देश के समग्र विकास में आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास के निर्धारक घटकों में प्रमुख घटक साक्षरता है। 'साक्षरता वास्तव में न तो पढ़ाई-लिखाई है और न ही कोई विशेष योग्यता। साक्षरता पढ़ने-लिखने की मनोदशा का एक यंत्र है।'

2. **डॉ. दीपारानी (2019) : 'उत्तराखण्ड के जनपद टिहरी में जनसंख्या का प्रतिरूप : एक भौगोलिक अध्ययन'–** साक्षरता मानव प्रकृति की सर्वोत्तम रचना है। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान प्रदान करती है और ज्ञान अनंतिम शक्ति है। साक्षरता और शिक्षा को सामान्यत: सामाजिक विकास के संकेतकों के तौर पर देखा जाता है।

3. **गजराज नेगी एवं विजय बहुगुणा (2019) : 'साक्षरता का स्थानिक वितरण प्रतिरूप – उत्तराखण्ड राज्य के गैरसैण विकासखण्ड (जनपद चमोली) के संदर्भ में : एक भौगोलिक अध्ययन'–** शोध क्षेत्र में भौगोलिक जटिलताओं के अध्ययन के कारण शिक्षा के स्तर में पर्याप्त लैंगिक साक्षरता अंतराल दृष्टिगोचर होता है।

4. **डॉ. जियालाल राठौड (2024) : 'जनजाति क्षेत्र का साक्षरता परिदृश्य एवं सामाजिक परिवर्तन शहडोल संभाग के विशेष संदर्भ में'–** शोध पत्र में महिला एवं पुरुष साक्षरता का अध्ययन किया है। वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा भी रोटी, कपड़ा और मकान आदि की तरह मूलभूत आवश्यकता बनती जा रही है।

श्रीमती हंसा मेहता समिति (1962), कोठारी कमीशन (1964-66), नारी शिक्षा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1980) शिक्षा की चुनौतियां : नीतिगत परिप्रेक्ष्य, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार (1986), राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (1987-88), राममूर्ति समिति रिपोर्ट (1990), जनार्दन रेड्डी समिति (1992) एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) आदि विभिन्न नीतियों/समितियों के माध्यम से महिलाओं में शिक्षा के सही विकास और राष्ट्रीयजीवन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला है।

अध्ययन क्षेत्र :

अध्ययन क्षेत्र पश्चिमी मध्यप्रदेश का आदिवासी बाहुल्य जिला है। इस जिले का धरातल भौगोलिक संरचना की दृष्टि से बहुत ही असमान है। जिले के उत्तर में मालवा का पठार, मध्य भाग पर्वतीय (विंध्याचल पर्वत श्रेणी) तथा दक्षिण में नर्मदा घाटी व निमाड़ का मैदान है। अध्ययन क्षेत्र की भौगालिक स्थिति मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग में 22°43' से 23°10' उत्तरी अक्षांश एवं 74°28' से 75°42' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए वहां के भौतिक एवं आर्थिक संसाधन बहुत अधिक प्रभावित करते हैं। शिक्षा भी इन्हीं ससाधनों के अभाव के कारण पिछड़ जाती है।

अध्ययन का उद्देश्य : प्रस्तुत अध्ययन में विन्ध्य पर्वत एवं नर्मदा नदी के मध्य वनाच्छादित भू-आकृतिक रूप से विषम एवं पिछड़े भागों में स्थित आदिवासी बाहुल्य जिला धार (म.प्र.) की महिलाओं की शिक्षा के प्रति जागरूकता को जानने का प्रयास किया गया है।

शोध विधि : प्रस्तुत शोध अध्ययन द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है। द्वितीयक शोध आंकड़ों का संकलन विभिन्न प्रकाशित जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, जनगणना पुस्तिका गजेटियर (2011) तथा अन्य पुस्तकों एवं पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से किया गया है। अध्ययन को रुचिकर एवं वैज्ञानिक बनाने के लिए विभिन्न तालिकाओं, आरेखों एवं मानचित्र का प्रयोग किया गया है।

महिला साक्षरता का वितरण : भारत में भी विश्व के अन्य देशों की साक्षरता का प्रादेशिक वितरण असमान है। इसी प्रकार धार जिले में भी महिला साक्षरता का वितरण असमान पाया गया है। आर्थिक दृष्टि से उन्नत क्षेत्रों में साक्षरता सामान्य से अधिक एवं पिछड़े क्षेत्रों में कम पाई जाती है। किसी भी देश में साक्षरता का मापदण्ड प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद का उच्च होना ही नहीं है अपितु शिक्षा के लिए प्रति व्यक्ति आय उच्च होने के साथ-साथ वहां का सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक एवं प्राकृतिक वातावरण भी उच्च होना चाहिए।

धार जिले में जनसंख्या का असमान वितरण है। जिले की कुल जनसंख्या वर्ष 2011 के अनुसार 2185793 व्यक्ति है, जिसमें पुरुष 1112725 एवं महिला 1073068 है। जिले की कुल जनसंख्या में से ग्रामीण जनसंख्या 1772572 व्यक्ति है। कुल ग्रामीण जनसंख्या में से पुरुष 895113 एवं महिलाएं 877459 हैं।

धार जिले की कुल साक्षरता 2011 के अनुसार 59 प्रतिशत है जिसमें पुरुष साक्षरता 68.95 प्रतिशत एवं महिला साक्षरता 48.77 प्रतिशत है। जिले में कुल 08 तहसीलें (बदनावर, कुक्षी, मनावर, सरदारपुर, गंधवानी, धरमपुरी एवं डही) तथा 13 विकासखण्ड हैं। इन विकासखण्डों में 1477 आबाद ग्राम हैं जिनका अध्ययन इस प्रकार है।

तालिका क्रमांक 01 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक 01 से स्पष्ट है कि धार जिले की विकासखण्डों में से धार विकासखण्ड में सबसे अधिक महिलाएं साक्षर (45.40 प्रतिशत) हैं। इसका कारण इस विकासखण्ड के धार मुख्यालय के समीप होने के कारण यातायात एवं शिक्षा की व्यापक सुविधाएं उपलब्ध हैं। धार विकासखण्ड मालवा पठार पर कृषि एवं उद्योग के कारण स्त्रियों को अधिक स्वतंत्रता तथा प्रतिष्ठा मिली हुई है। इसी प्रकार सबसे कम साक्षर महिलाएं 24.80 प्रतिशत एवं सबसे अधिक असाक्षर महिलाएं 75.20 प्रतिशत बाग विकासखण्ड में है। इसका मुख्य कारण है, इन दुर्गम पर्वतीय व वनीय क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक पिछड़ेपन की जनसंख्या का एक बड़ा भाग भूमिहीन, पिछड़ी तथा अनुसूचित जाति, जनजातियों में रूढ़िवादी समाजों में स्त्री साक्षरता पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता है। अध्ययन क्षेत्र में अधिकांश ग्रामीण अधिवास ऐसे हैं जहां यातायात, विद्यालयों तथा पर्याप्त शिक्षकों की सुविधाओं का न होना एवं महिला शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी है।

तालिका क्रमांक 02 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक 02 से स्पष्ट है कि धार जिले की कुल 08 तहसील के 13 विकासखण्ड में कुल 1535 ग्राम निर्धारित हैं। उनमें से निवासरहित ग्राम 58 तथा निवासित ग्राम 1477 हैं। शोध अध्ययन में 1477 ग्रामों को शामिल किया गया है।

धार जिले में ग्रामवार महिला साक्षरता के वितरण को पांच भागों में बांटा गया है। (1) जिले में अति उच्च साक्षरता (80 से अधिक) 8 ग्रामों में अर्थात सबसे कम 0.54 प्रतिशत पाई गई है। (2) उच्च साक्षरता (60-80 प्रतिशत) 88 ग्रामों में अर्थात 5.96 प्रतिशत। (3) मध्यम साक्षरता (40-60 प्रतिशत) 636 ग्रामों अर्थात 43.06 प्रतिशत (4) निम्न साक्षरता (20-40 प्रतिशत) 624 ग्रामों में अर्थात 42.25 प्रतिशत (5) जिले में अति निम्न साक्षरता (0-20 प्रतिशत) 121 ग्रामों में अर्थात 8.19 प्रतिशत ग्रामों में ही पाई गई है।

महिला साक्षरता के वितरण को प्रभावित करने वाले कारक

1) भौगालिक कारक 2) आर्थिक कारक 3) सामाजिक करक
4) सांस्कृतिक कारक 5) राजनीतिक कारक

महिला साक्षरता में वृद्धि – मध्यप्रदेश सरकार ने समाज के सभी वर्गों की महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं कल्याण की दृष्टि से विभिन्न योजनाएं लागू की गई, जैसे लाड़ली लक्ष्मी योजना, सर्वशिक्षा अभियान, बालिका शिक्षा, कन्या साक्षरता प्रोत्साहन, मुख्यमंत्री साइकिल योजना, गांव की बेटी एवं आधुनिक यंत्र लेपटॉप एवं स्कूटी आदि योजनाओं के माध्यम से जिले में महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है।

निष्कर्ष – जिला धार आदिवासी जनजातीय क्षेत्र में अंधविश्वास, रूढ़िवादिता, गरीबी, अज्ञानता एवं निजी उदासीनता के कारण उनकी मानसिकता भी कुछ वैसी ही बनी हुई है कि वे शिक्षा के महत्व को कम समझते हैं। ऐसे लोगों को समझाना ही होगा कि उच्च शिक्षा ही नहीं बल्कि साक्षरता भी उनके निजी एवं व्यावसायिक जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। संक्षेप में कह सकते हैं कि साक्षरता की सार्थकता महिलाओं की शिक्षा एवं स्वरोजगार में रुचि से मानव प्रतिष्ठा में वृद्धि करके राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है। वर्तमान में जिले की महिलाओं में राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन देखने को मिलता है। खासकर बालिकाओं/महिलाओं की शिक्षा/साक्षरता उन्हें छोटे परिवार के प्रति जागरूक बनाती है। वे विवाह भी जल्दी नहीं करती हैं तथा परिवार को शिक्षित एवं नियोजित हेतु सचेत रहती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पण्डा बी.पी. (2004) : 'जनसंख्या भूगोल', मध्यप्रदेशस हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
2. त्यागी गुरसरनदास एवं विजय कुमार (2009) : 'उदीयमान भारत में शिक्षा', अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा।
3. कुमार प्रमिला एवं शर्मा श्रीकमल (2015) : 'मध्यप्रदेश : एक भौगोलिक अध्ययन', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
4. डॉ. दीपारानी (2019) : 'उत्तराखण्ड के जनपद टिहरी में जनसंख्या

का प्रतिरूप : एक भौगोलिक अध्ययन' ISSN: 2249-894x, UGC APPROVED JOURNAL No. 48514, Vol.-8, May - 2019.
5. ब्रजेश कुमार पाण्डेय (2019) : 'जनसंख्या की साक्षरता एवं व्यावसायिक संरचना की विशेषताएं' ISSN: 2347-2944, 2582-2454, Vol.-11, Dec - 2019.
6. डॉ. जियालाल राठौर (2024) : 'जनजाति क्षेत्र का साक्षरता परिदृश्य एवं सामाजिक परिवर्तन : शहडोल संभाग के विशेष सन्दर्भ में' ISSN: 2249-894x, Vol.-14, Dec - 2024.

तालिका क्रमांक 01: जिला धार : विकासखण्डवार महिला साक्षरता 2011 (प्रतिशत में)

महिला साक्षरता	विकासखण्ड												
	बदनावर	सरदारपुर	तिरला	धार	नालछा	गंधवानी	बाग	कुक्षी	डही	निसरपुर	मनावर	बाकानेर	धरमपुरी
साक्षर	43	31.40	33.60	45.40	37.90	29.50	24.80	34	30.40	42	38.90	40.90	41.70
निरक्षर	57	68.60	66.40	54.60	62.10	70.50	75.20	66	69.60	58	61.10	59.10	58.30

स्त्रोत : सर्वे ऑफ इंडिया (2011)



तालिका क्रमांक 02: जिला धार : विकासखण्डवार ग्रामीण महिला साक्षरता का वितरण प्रतिरूप (प्रतिशत)

क्र.	विकासखण्ड का नाम	साक्षरता वितरण एवं ग्रामों की संख्या					ग्रामों की संख्या
		0-20	20-40	40-60	60-80	80 से अधिक	
1	बदनावर	03	48	87	25	02	165
2	सरदारपुर	32	102	53	04	00	191
3	तिरला	13	79	43	10	00	145
4	धार	01	11	73	11	01	97
5	नालछा	20	73	74	11	02	180
6	गंधवानी	21	90	31	03	00	145
7	बाग	18	56	45	01	00	90
8	कुक्षी	05	20	21	01	00	47
9	डही	03	44	14	00	00	61
10	निसरपुर	03	12	38	03	01	57
11	मनावर	01	26	65	02	01	95
12	बाकानेर	01	25	70	07	00	103
13	धरमपुरी	02	36	51	11	01	101
	योग	**121**	**624**	**636**	**88**	**08**	**1477**

स्त्रोत : सर्वे ऑफ इंडिया (2011) एवं शोधार्थी एवं परिकलित।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आचार्य विशुद्धसागर के साहित्य में अध्यात्म और दर्शन : एक समीक्षात्मक दृष्टिकोंण

डॉ. रचना तैलंग* दिलीप कुमार जैन**

* प्राध्यापक (हिन्दी) शास. हमीदिया कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिन्दी) शास. हमीदिया कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – ***'अध्यात्म और चिंतन मानव जीवन के महनीय तत्व हैं जो जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं। अध्यात्म के द्वारा हम अपनी आत्मा के स्वरूप को पहचानने का उपक्रम करते हैं। चिंतन हमें वस्तु के मूल स्वरूप को जानने की प्रेरणा प्रदान करता है। जब हमारा चिंतन सकारात्मक होता है तो व्यक्ति को वस्तु का मूल स्वरूप समझ में आता हैं इस मूल स्वरूप को जानने के पश्चात् व्यक्ति अध्यात्म की जिस दिशा में अग्रसर होता है वही उसके आत्मकल्याण का प्रबल आधार बनता है। भव-भव से बंधन मुक्त होने का एक ही उपाय है कि व्यक्ति आत्मा के स्वरूप को पहचाने और मोक्षमार्ग पर अग्रसर होकर मुक्ति को प्राप्त करे।'***

श्रमण संस्कृति वीतराग मार्ग की परिचायक है, इसे दूसरे शब्दों में दिगम्बर संस्कृति भी कहा जाता है। यह संस्कृति अहिंसा, अपरिग्रह, तप, त्याग व संयम की शिखर ऊँचाईयों की द्योतक है। भगवान ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर व 24 तीर्थंकरों ने दिगम्बरत्व को धारण कर तपश्चर्या के जिस मार्ग पर अपने जीवन को लगाया था उससे दिगम्बरत्व की अवधारणा भारतीय सांस्कृतिक चेतना की अक्षय निधि बन गई थी।

दिगम्बर संस्कृति का जीवन और जगत से गहरा संबंध रहा है इसमें अध्यात्म और दर्शन का अत्यंत गंभीरता से अध्ययन देखने को मिलता है। ऐसी मान्यता है कि जब तक मानव चिंतन करता रहेगा तब तक उसके जीवन में दर्शन का महत्व बना रहेगा। अर्थात जीवन और जगत के विश्लेषण से ही दर्शन का जन्म होता है। मानव ने सर्वपथम 'स्व' पर चितंन किया। तत्पश्चात् अपनी निकटतम वाह्य वस्तुओं पर चिंतन किया। इस प्रकार 'स्व' और 'पर' चिंतन 'स्व' और 'पर' का चिंतन नहीं दर्शन के उद्भव का प्रथम सोपान है। 'कुछ दार्शनिकों का चितंन यदि तर्क पर आधारित है तो किसी का आश्चर्य पर।'[1] किसी ने संदेह को अपने चिंतन का माध्यम बनाया तो किसी ने आत्मतत्त्व, बुद्धि, प्रेम, बाह्य जगत, आदि को प्रधानता दी है। इस तरह दर्शन की उत्पत्ति जिज्ञासा, संदेह या मानसिक अशांति से होती है। मन के अन्दर अन्वेषण और शोध की प्रवृत्ति का जाग्रत होना दर्शन का विषय है।

1. भारतीय दर्शन का मूल स्रोत – भारतीय दर्शन के मूल स्रोत के रूप में 'दु:ख निवृति के उपाय की जिज्ञासा।' अत: जीवन के प्रति उदासीनता, बैचेनी, और असंतोष की भावना से दर्शन का प्रारंभ होता है। 'इसीलिए गौतम बुद्ध ने शांति की खोज में वनों एवं पर्वतों की कंदराओं में जाकर जीवन के लक्ष्यों पर विचार किया और यही से उनका दर्शन प्रारंभ हुआ।'[2]

भारतीय दार्शनिकों ने तत्व के साक्षात्कार या उपलब्धि को दर्शन कहा है। सबसे प्रमुख तत्त्व आत्मा है। कहा भी है– 'आत्मानि विज्ञायते सर्वभिदम विज्ञातम भवति' अर्थात जो आत्मा को जान लेता है। 'मुक्तिपूर्वक तत्त्वज्ञान प्राप्त करने के प्रयास को ही दर्शन कहा है।'[3] अत: 'दर्शन शब्द का व्युत्पत्तिजन्य अर्थ है – देखना, विचारना, श्रद्धा करना।'[4]

यहाँ पर एक सीधा सा प्रश्न खड़ा होता है कि जीवन में दर्शन की आवश्यकता क्यों हुई। इसके पीछे मुख्य कारण यह समझ में आता है कि मनुष्य दर्शन जगत से जुड़कर विभिन्न प्रकार का ज्ञान जीवन में प्राप्त करना चाहता है। दर्शन अर्थात दार्शनिक चिंतन की 'बुनियाद'। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि दर्शन उस तत्त्व की खोज करता है जिससे जगत के दु:खों का निवारण हो और किसी उपाय के द्वारा सर्वोच्च सुख की प्राप्ति की जाए। अत: सांसारिक दु:खों के बंधान की निवृत्ति ही जिसे मोक्ष कहा गया है, भारतीय दर्शन का मुख्य लक्ष्य रहा है।

2. आचार्य विशुद्धसागर का दर्शन और अधयात्म – आचार्य विशुद्धसागर का सृजन मुख्य रूप से दर्शन और अध्यात्म को ही केन्द्र बिन्दु मानकर लिखा गया है। आचार्य श्री का मानना है कि सांसारिक प्राणी भौतिक चकाचौंध में अपने जीवन के मुख्य लक्ष्य को भूलकर इस संसार में ऐसा उलझ जाता है कि उसे इस उलझन के परिणामों को भवों-भवों तक भोगना पड़ता है। यही वजह है कि आचार्य श्री व्यक्ति को वाह्य वस्तुओं के प्रति अनासक्त होकर आत्मतत्त्व से जोड़ने की प्रेरणा देते हैं, क्योंकि अध्यात्म साधारण को असाधारण बना देता है। साधारण मनुष्य इच्छाओं के वशीभूत अतृप्ति में जीता है और असाधारण मनुष्य इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर आत्मसुख की अनुभूति करता है। साधारण व्यक्ति को सांसारिक सुख की तलाश होती है जबकि असाधारण व्यक्ति करुणा के भाव को अपनी आत्मा में जागृत कर उसे सम्यक्दर्शन का अंग बनालेता है। साधारण व्यक्ति मोह में जीता है और असाधारण व्यक्ति मोह छोड़कर पुरुषार्थ के द्वारा मोक्ष की ओर अग्रसर होता है। आचार्य श्री का मानना है कि यदि व्यक्ति आत्मसुख की प्राप्ति करना चाहता है तो उसे ममत्व भाव को छोड़ना पड़ेगा, क्योंकि विषय कषाय में जीने वाला व्यक्ति उस शीतल सरोबर का आनंद प्राप्त नहीं कर सकता जो वो चाहता है। इसके लिए उसे विषय कषायों के दल-दल से निकलकर आत्मविशुद्धि में रमण करना होगा। आचार्य श्री लिखते हैं–

'विषयों की ज्वाला में
जलने वालों को

समाधि जल से पूर्ण
चैतन्य शीतल सरोवर का
सुख प्राप्त नहीं होता।
वह विषय कषायों के दलदल में फँसकर
आत्मविशुद्धि से हीन
होकर रो रहा है।'[5]

इस भौतिक संसार के क्रियाकलापों में व्यक्ति यह भूल जाता है कि उसे जो कुछ इस संसार में दिख रहा है वही सत्य है। जबकि ऐसा नहीं है। जो सत्य है वो नजर इसलिए नहीं आता क्योंकि व्यक्ति की दृष्टि जब तक बाह्य जगत की ओर रहेगी तब तक वह आंतरिक सुख की अनुभूति नहीं कर सकता है। पुण्य के प्रभाव से यदि मान-सम्मान और यश की प्राप्ति होती है तो यह सब सामयिक है। इसका कोई स्थायी अस्तित्व नहीं है। इन अस्थिर चीजों के प्रति लगाव व्यक्ति को अपने लक्ष्य से भटकने के लिए विवश कर देता है। इस सत्य को जानने के लिए आचार्य श्री कहते हैं-

मत भूल जाना
जो दिख रहा है
लोक यश
मान-सम्मान
वह पुण्य का
विपाक है।
पाप-विपाक के
आने पर दर-दर
भटकना पड़ता है।
अत: विपाक के
मर्म को जान।'[6]

आत्मसुख को प्राप्त करने के लिए हमें चिंतन-मनन करते हुए अध्यात्म की ओर प्रवृत्ता होना होगा। अध्यात्म की अनुभूति वही कर सकता है जिसने संकल्पित भाव से संयम को धारण किया हो। संयम के द्वारा व्यक्ति असद् वृत्तियों का परित्याग कर सद्वृत्तियों की ओर प्रवृत्त होता है। ये सद्वृत्तियाँ व्यक्ति के जीवन में शुचिता का संचार करते हुए निर्मल भावों का प्रादुर्भाव कर आत्मप्रेरणा देकर सुख को प्राप्त करने की ओर इंगित करती हैं जो कि हमारे जीवन का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। संयम के महात्म्य को प्रतिपादित करते हुए आचार्य श्री लिखते हैं।-

'सुख का साधन है
संयम भाव
दुर्गत से रक्षक है
संयम भाव
सुगति का साधन है
संयम भाव
प्राणी मात्र की
प्रवृत्ति की निवृत्ति है
संयम भाव
संयम पर जो जीता है,
वह पूज्यता को पाता है।'[7]

इस प्रकार आचार्य विशुद्धसागर द्वारा अध्यात्म, दर्शन के स्वरूप को अपने सृजन के माध्यम से जिन उदात्त भावों के साथ अभिव्यक्ति प्रदान की है वह नि:संदेह जगत के प्राणियों के लिए मोक्षमार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रेरणा प्रदान करती है। वास्तव में देखा जाये तो उनका समग्र सृजन अध्यात्म और दर्शन से ओतप्रोत है। मानव के अंदर व्याप्त उसकी शक्ति और ऊर्जा को जागृत करने के लिए आचार्य श्री ने जो अध्यात्म की संजीवनी प्रदान की है तथा उससे आम श्रावकों में जो जागृति आयी है वह निश्चित रूप से उनके आत्मकल्याण की भावना को पुष्ट करेगी और उनका जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में समर्थ हो सकेगा।

निष्कर्ष - आचार्य विशुद्धसागर अध्यात्म और दर्शन के पुरोध हैं। अध्यात्म हमें आत्मदर्शन की प्रेरणा देता है और चिंतन के द्वारा हम इस भौतिक जगत के सत्यासत्य को जानने का प्रयास करते हैं। भौतिकता की चकाचौंध में फंसा हुआ व्यक्ति अध्यात्म के महत्व को नहीं समझ पाता और चिंतन की भावना उसमें जाग्रत नहीं होती। इसीलिए वह जीवन के उन मूल्यवान क्षणों को भी यूँ ही व्यतीत कर देता है, जो कि उसके लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं। विवेक और बोध की जाग्रति प्रत्येक मनुष्य में अपरिहार्य मानी गयी है, जब तक हम आत्मचिंतन के द्वारा उस जीवन के मूल उद्देश्य को समझने का प्रयास नहीं करेंगे तब तक जीवन को अर्थवान बना पाना कदापि संभव नहीं है। इसलिए व्यक्ति को चाहिए कि वह जीवन के मूल उद्देश्य को समझने का प्रयास करे, आत्मकल्याण की ओर प्रवृत्त हो, मोह के बंधनों से छुटकारा पाने का प्रयत्न करे, विकारों से दूरी बनाते हुए यह प्रयास करे कि उसे आत्मविशुद्धि के माधयम से कल्याण की दिशा में प्रवृत्त होकर जीवन को सार्थक बनाना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Phylosphy being in wonder (दर्शन का उद्भव और आश्चर्य), प्लेटो का कथन।
2. जैन काव्यों का दार्शनिक मूल्यांकन, - डॉ. जिनेन्द्र जैन, पृष्ठ-129
3. भारतीय दर्शन चटर्जी एवं दत्त, पुस्तक भंडार पटना, पृष्ठ-01,
4. सर्वदर्शन संग्रह (माधवाचार्य), भाष्यकार - प्रो. उमाशंकर शर्मा 'ऋषि', पूर्व पीठिका -पृष्ठ-26।
5. ज्ञायक भाव, (घातक), आचार्य विशुद्धसागर, पृष्ठ-389
6. वही, (कर्म विपाक), पृष्ठ-425
7. वही, (संयम धार्म), पृष्ठ - 259

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

किशोरावस्था के विद्यार्थियों के शैक्षणिक दबाव पर योग का प्रभाव

अनीता स्वामी* डॉ. उषा राठौर**

* शोधार्थी (शिक्षा) एचबीयूटीटी कॉलेज, एमडीएस विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत
** शोध मार्गदर्शक (शिक्षा) एचबीयूटीटी कॉलेज, एमडीएस विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध का मुख्य उद्देश्य किशोरावस्था के विद्यार्थियों के शैक्षणिक दबाव पर योग के प्रभाव का अध्ययन करना है जिससे कि वर्तमान में विद्यार्थियों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव को कम किया जा सके इस हेतु शोधकर्त्री ने शोध की प्रयोगात्मक विधि अपनाते हुए 100 विद्यार्थियों पर अध्ययन किया जो कि जयपुर शहर के विद्यालय से चुने गये थे। प्रयोग के लिए दो समूह प्रयोगात्मक व स्वतंत्र समूह बनाये गये उनमें 50-50 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसके पश्चात् विद्यार्थियों पर पूर्व व पश्चात् आंकड़ों के एकत्रीकरण हेतु (अकेडमिक स्ट्रेस स्केल – श्रीनिवास एवं कुमार रेड्डी) उपकरण प्रशासित किया गया तथा प्रयोगात्मक समूह को योगाभ्यास कराया गया प्रमुख सम्प्राप्तियों में पाया गया कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक दबाव के मध्यमानों में सार्थक अन्तर नहीं है प्रदत्तों के विश्लेषण में मध्यमान, मानक विचलन व टी टेस्ट सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया गया है अध्ययन में पाया गया कि योगाभ्यास का प्रभाव विद्यार्थियों के शैक्षणिक दबाव को कम करने में पड़ता है।

शब्द कुंजी –किशोरावस्था, विद्यार्थी शैक्षणिक दबाव, योग।

प्रस्तावना – मानव जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है जन्म से लेकर मृत्यु तक अनवरत गति से शिक्षा मानव के विकास में अपना योगदान देती है शिक्षा के माध्यम से ही आज प्रत्येक देश ने अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक अस्मिता को अभिव्यक्ति दी है। जन्म से बालक का आचरण पशुवत होता है पर शिक्षा उसके व्यवहार में परिवर्तन लाकर उसके जीवन को सुन्दरता, प्रसन्नता व उत्कृष्ठता से भर देती है। प्राचीनकाल से शिक्षण व्यवस्था के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है।

विद्यालयीकाल में ही बालक बाल्यावस्था से किशोरावस्था में प्रवेश करता है अपने विद्यालयी अध्ययनकाल में जैसे-जैसे वह आगे बढ़ने लगता है वैसे-वैसे बढ़ने लगती है जिम्मेदारियाँ, आशाएँ व अपेक्षाएँ और ये ही उसके जीवन को प्रभावित करने लगती है।

12 मार्च 1930ई0 को महिला संगठनों द्वारा मेरठ में एक सभा का आयोजन किया गया था जिसमे सैकडो की संख्या में महिला सदस्यों ने पुरे जोश के साथ अपनी सहभागिता की थी। इस सभा की अध्यक्षता का दायित्व तत्कालीन समय की महान स्वतन्त्रता सेनानी उर्मिला शास्त्री जी को दिया गया था।[3] इस सभा में विदेशी शाक्ति के विरूद्ध अनेकों प्रस्ताव पारित किये गये थे जैसे स्वदेशी वस्तुओ को बढावा, नशाखोरी पर रोक, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार आदि। इस प्रकार कि बैठकों में महिला हिस्सेदारी के कारण ही सामान्य नारी शाक्ति में भी विश्वास का पैमाना बढने लगा था और उनके होसलों में भी वृद्धि का भाव झलकने लगा था। इस घटना के पश्चात 17 जुलाई 1930 ई0 को ब्रिटिश पुलिस द्वारा उर्मिला शास्त्री जी को गिरफ्तार करके उन्हे न्यायालय के सामने प्रस्तुत किया गया और उन पर आरोप लगाया कि उन्होने दुकानों के सामने पिकेंटिग व छात्रों को आन्दोलन के लिए उकसाया है। न्यायाधीश ने उनके समक्ष एक प्रस्ताव रखा कि अगर वह क्षमा माग ले तो उन्हें छोड दिया जायेगा[4] लेकिन शास्त्री जी ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया इसके बाद जज साहब ने छ: माह के कारावास की सजा सुनाई।

इसी क्रम में 11 अप्रैल 1930 ई0 को एक सभा हापुड परिक्षेत्र की नारीशक्ति द्वारा भी की गई और उसमें चर्चा व परिचर्चा के पश्चात कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें विदेशी वस्त्रों व शराब की दुकानों का पुरजोर विरोध करना था और स्वदेशी को बढावा देने के साथ साथ सूत कातने के लिए भी महिलाओं को प्रेरित किया गया[5]। महिलाओं द्वारा शराब व विदेशी कपडों की दुकानों पर पिकेटिंग करना इतना अधिक प्रभावशाली रहा कि विलायती वस्त्रों के विक्रेताओं ने स्वयं मिलकर ही यह तय किया कि वह एक वर्ष तक विलायती कपडा अपनी दूकानों पर नहीं बेचेगें[6]। महिलाओं के इन साहसिक कार्यो से आम जनमानस के हौसलों में लगातार वृद्धि हो रही थी और वह भी अब महिला शाक्ति के साथ आकर खडा हो गया था।

आगे चलकर कुछ विदेशी कपडों के अन्य व्यापारियों को भी अपने ऊपर ग्लानि महसूस होने लगी थी और उन्होने भी विदेशी वस्त्रों को बेचना ही बन्द कर दिया था[7]। इसमें हिन्दू और मुस्लिम व्यापारी एक साथ थे। इससे हिन्दू मुस्लिम एकता भी समाज में दिखाई दे रही थी। महिलाओं के इस आन्दोलन को तत्कालीन छात्रों का भी सहयोग प्राप्त हुआ उन्होंने आन्दोलन के प्रचार प्रसार हेतु प्रत्येक स्थानो पर छोटे छोटे पम्पलेट बॉटे। छात्रों ने अपनी परीक्षा तक त्याग दी तथा कुछ सगंठनों का भी निर्माण किया। जैसे-

1. हिन्दुस्तानी सेवा दल
2. यंग कामरेड लीग
3. स्टूडेन्ट खादी लीग

जिससे समाज में प्रचार प्रसार हो सके और आम जनमानस आन्दोलन से जुड सके[8]।

ब्रिटिश सरकार की गुप्तचर शाखा ने एक रिर्पोट में बताया कि मेरठ परिक्षेत्र के 75 प्रतिशत स्टूडेन्ट आन्दोलन में भाग ले रहे है[9]।

इसके अतिरिक्त स्वदेश निर्मित खादी को प्रोत्साहित करने व पहने हेतु महिलाओं ने घर घर जाकर जनसामान्य को प्रेरित किया जिससे घरेलू उत्पाद बाजार में विदेशी उत्पाद से मुकाबला कर सके। जिससे हमारा कृषक समाज समृद्ध हो सके और कृषि पलायन न हो।

आन्दोलनकारी महिलाओं में मुख्य रूप से विधावती,उर्मिला शास्त्री, प्रकाशवती सूद एवं कुसुमलता गर्ग का योगदान अतुलनीय था।इनके जनसामन्य द्वारा कुछ उपनाम भी रखे हुए थे जैसे- तूफान मेल,पंजाब मेल,कालका मेल[10]। सभी महिलाओं के अथक प्रयासों द्वारा विदेशी कपडो और शराब की दुकानों के बहिष्कार व नमक कानून उल्लघंन के बारे लोगों में जनजागरण फैलाया करती थी[11]।

इस तरह की गतिविधियों से ब्रिटिश सरकार की कानून व्यवस्था धवस्त सी हो गयी थी ।ब्रिटिश सरकार ने मेरठ नमक आन्दोलन को दबाने हेतू लगभग 6000 लोगों को कारागार में डाल दिया। मेरठ जिले की महिलाओं का इस तरह से राष्ट्रीय आन्दोलन में भाग लेना एक महत्वपूर्ण बात थी इससे पूर्व वह इतनी सक्रिय कभी भी नही हुई थी[12]।

इसी समय सी0 आई0 डी0 विभाग की एक रिर्पोट सामने आयी जिसमें बताया गया की मेरठ परिक्षेत्र की महिलाओं कि हिस्सेदारी राजनैतिक गतिविधियों में भी लगातार बढती जा रही है। शासक वर्ग ने चिन्तित होकर महिलाओं पर भी मुकदमें चलाने प्रारम्भ कर दिय गये।कुछ महिलाओं को कठोर कारावास तक की सजा सुनाई तथा कुछ को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया[13]।

निष्कर्ष : उपरोक्त शोधपत्र के सभी साक्ष्य स्पष्ट रूप से यह इंगित कर रहे है कि नमक आन्दोलन विदेशी वस्त्र व शराब बन्दी में मेरठ की महिला शक्ति ने सक्रिय भूमिका निभाई महिलाओं की भागीदारी से ही यह आन्दोलन कभी धीमा नही पड़ा। उन्होंने जेलों की यातनाओं से कभी भय नही खाया और वह निरन्तर आन्दोलन के पथ पर अग्रसर रही। इस शोध पत्र के माध्यम से सुझाव है कि महिला सेनानियों पर साहित्य सृजन अविरल गति से होना चाहिए ताकि शोध के क्षेत्र से जुडे लोगों को बिना किसी परेशानी साहित्य उपलब्ध हो सके बिना किसी कठिनाई के वह शोध के क्षेत्र में अपना योगदान दे सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. साक्षात्कार ,राधामोहन गर्ग
2. हिन्दुस्तान टाइम्स: 24 अप्रैल,1930
3. यू0पी0पुलिस सीक्रेट ऐब्सट्रेक्ट,1930,पैरा 333डब्लू।
4. उर्मिला शास्त्री, माई डेज इन प्रिजन/कारागार,हार्पर कालिन्स पब्लिशर्स, नोयडा,2012,पृ0 2
5. हिन्दुस्तान टाइम्स 24 अप्रैल 1930

6. एस0 ए0 लखनऊ,यू0पी0 पुलिस डिपार्टमेंट प्रोसीडिग्स 1930, फाइल नं0151; यू0पी0पुलिस सीक्रेट ऐब्सट्रेक्ट : 10 मई, 1930 पैरा 398;(एच)
7 लीडर, 12 जून, 1930
8 हिन्दुस्तान टाईम्स, 14 अप्रैल 1930
9 यू0पी0पुलिस सीक्रेट ऐब्सट्रेक्ट : 10 मई, 1930,पैरा 407 (बी)
10 साक्षात्कार ,राधामोहन गर्ग
11 यू0पी0पुलिस सीक्रेट ऐब्सट्रेक्ट, 1930 पैरा 420 (एच)।
12 यू0पी0पुलिस सीक्रेट ऐब्सट्रेक्ट, 1930 पैरा 836 (वाई)
13 यू0 पी0 पुलिस सीक्रेट ऐब्सट्रेक्ट 17 मई 1930 पैरा 441(जी)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जीएसटी का समीक्षात्मक अध्ययन

डॉ. आलोक कुमार यादव*

* मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट, इंदिरा गाँधी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – 'एक देश, एक कर और एक' बाज़ार की अवधारणा के साथ सम्पूर्ण भारत में 1 जुलाई 2017 से गंतव्य और उपभोग आधारित अप्रत्यक्ष कर के रूप में जीएसटी व्यवस्था लागू की गई। जब इसे लागू किया गया है तब से सरकार ने इसे देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला कहा है वही ने विपक्ष ने इसे जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताया। यह कर व्यवस्था अपनी प्रारम्भिक रूकावटो के बाद अब परिपक्वता की ओर बढ़ रही है। लगभग 40 प्रकार के कर और उपकर(सेस) के स्थान एक टैक्स जीएसटी होने से व्यवसायियों और टैक्स प्रेक्टिसनर के कार्यों में सरलता आई है। जीएसटी लागू करते समय सरकार का दावा था कि इससे कीमतों की कमी आएगी जो आम उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।

टैक्स इनवॉइस, रजिस्ट्रेशन और रिटर्न फाइल करते समय पोर्टल के बार-बार अवरोधों के कारण आवश्यक औपचारिकताएँ समय पर पूर्ण नहीं हो सकी। जीएसटी लागू होने के शुरुवाती समय में विकास दर में गिरावट देखी गयी इसी प्रकार कर संग्रह भी अपेक्षाओं के अनुरूप संग्रहित नहीं हो सका। लेकिन विगत तीन वित्तीय वर्षो में कर संग्रह में आशातीत वृद्धि हुई है। सापेक्ष दृष्टिकोण से जीएसटी का मिश्रित प्रभाव देखा गया है। प्रस्तुत अध्ययन में इसकी विवेचना की गई है। यह शोधपत्र द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है। शोधपत्र मौजूदा साहित्य पर आधारित है और इसमें इंटरनेट स्रोतों का उपयोग किया गया है। विभिन्न लेखों, शोधों, सरकारी रिपोर्टों, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, विभिन्न वेबसाइटों और इंटरनेट पर उपलब्ध सूचनाओं का अध्ययन किया गया है।

शब्द कुंजी – जीएसटी, जीएसटीएन, इनपुट टैक्स क्रेडिट, रजिस्टर्ड डीलर, कम्पोजीशन स्कीम, वेट औरआबकारी शुल्क।

प्रस्तावना – विश्व में सर्वप्रथम जीएसटी सिस्टम को वर्ष 1954 में फ्रांस ने लागू किया था। 1 जुलाई 2017 को जीएसटी कर व्यवस्था अपनाने वाला भारत 161 वां देश था। भारत में संघीय ढांचे के कारण दोहरी जीएसटी प्रणाली अपनाई गई अर्थात केन्द्रीय जीएसटी और राज्य जीएसटी। जिसका भार वस्तु या सेवा के अंतिम उपभोक्ता पर पड़ता है। जीएसटी लागू होने के बाद उत्पन्न हुई विभिन्न स्थितियाँ एवं प्रतिक्रियाएँ परिलक्षित हुई जो इसके मूल्यांकन में महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में दृष्टिगोचर हो रही है जो इस प्रकार है:-

1. सरकारी राजस्व में वृद्धि – जीएसटी लागू होने के बाद सरकारी राजस्व में लगभग दोगुनी से ज्यादा वृद्धि हुई। प्रारम्भ में जीएसटी से कर संग्रह उम्मीद से कम रहा, लेकिन धीरे-धीरे इसमें वृद्धि हो रही है। जिसे निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका क्रमांक 1: वर्षवार सकल जीएसटी संग्रह और रजिस्टर्ड करदाताओं की संख्या

वर्ष	सकल जीएसटी संग्रह (करोड़ रु. में)	रजिस्टर्ड करदाताओं की संख्या (लाख में)
जुलाई 2017 से मार्च 2018 तक	7,40,648	105.09
2018-19	11,77,369	120.82
2019-20	12,22,116	122.34
2020-21	11,36,801	129.97
2021-22	14,88,227	136.32
2022-23	18,07,680	139.55
2023-24	20,18,249	145.43
2024-25 नवम्बर 2024 तक	14,56,709	148.16

स्रोत : *https://cbic-gst.gov.in*

प्रारम्भ में अर्थव्यवस्था में सुस्ती, करदाताओं में असमंजस, बिना बिल के माल की पूर्ति के कारण कर संग्रह अपेक्षित रूप से नहीं हुआ, लेकिन अप्रैल 2018 से ई-वे बिल व्यवस्था लागू होने से कर चोरी पर अंकुश लगने से वर्ष 2023-24 में वस्तु और सेवा कर के रूप में 20-18 लाख करोड़ रूपये का कर संग्रह हुआ है। वित्तीय वर्ष की प्रथम दो तिमाही में 2024-25 नवम्बर 2024 तक 14-57 लाख करोड़ का राजस्व प्राप्त हो चुका है।

2. रजिस्टर्ड व्यवसायियों की संख्या में वृद्धि: जीएसटी से पहले देश में करीब 66 लाख उद्यमी इनडायरेक्ट टैक्स के लिए रजिस्टर थे। जीएसटी में नवम्बर 2024 तक 1.48 करोड़ रजिस्टर्ड करदाता हो गए थे अर्थात टैक्स बेस दोगुना हो गया है। पंजीकृत व्यापारियों की संख्या में दुगुनी वृद्धि से जहाँ एक ओर जीएसटी संग्रह की राशि में वृद्धि हुई है, वहीं इसका अनुकूल प्रभाव आयकर संग्रह पर भी पड़ा है। आयकरदाताओं की संख्या भी डेढ़ गुना हो गयी है।

3. विकास दर में गिरावट- जीएसटी लागू होने के बाद कोविड के कारण

लागू लॉक डाउन के कारण बाजार मंदी की गिरफ्त में आ गया एवं विकास दर घट गयी। लेकिन अब अर्थव्यवस्था पुन: पटरी पर आ गयी है, आर्थिक गतिविधियाँ तेज हो गयी है। परिणामस्वरूप 2023-24 में जीडीपी 7% वृद्धि हुई है। इस प्रकार भारत विश्व में विकास दर के मामले में सर्वाधिक तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था बन गया है।

4. महँगाई में वृद्धि- जीएसटी लागू करते समय कहा गया था कि एक देश एक कर होने एवं कर पर कर लगने के दुष्प्रभाव के दूर होने से लोगों को वस्तुएँ सस्ती मिलेगी, लेकिन व्यवहार में आम उपभोग की वस्तुओं के मूल्य जीएसटी लागू होने के बाद घटने के बजाय बढ़े हैं, क्योंकि कई करमुक्त वस्तुएँ जीएसटी के दायरे में आ गई हैं एवं कई वस्तुएँ ऊँचे कर खण्ड में रखी गयी हैं। सेवाओं पर कर की दर बढ़ने से सेवाएँ भी महँगी हो गयी हैं। व्यापारी भी जीएसटी की आड़ लेकर बढ़े हुए भावों पर माल बेच रहे हैं और इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दे रहे हैं।

5. छोटे कारोबारियों के लिए समस्याएँ - जीएसटी लागू से सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना छोटे व्यापारियों को करना पड़ रहा है। श्रम शक्ति के अभाव और कम्प्यूटर का ज्ञान नहीं होने से हिसाब-किताब रखना मुश्किल हो रहा है। सर्वर प्राय: सही कार्य नहीं करता है, जिससे लंबी कतारें देखी जा सकती हैं। खुदरा व्यापार या कुटीर उद्योग समाप्त प्राय: है। जीएसटी ने खासकर छोटे कारोबारियों के लिए कई समस्याएँ खड़ी कर दी हैं। जैसे कानून का पालन करना, परिचालन लागत में वृद्धि, सिस्टम का ऑनलाइन होना, नई तकनीक का इस्तेगाल, कर बोझ बढ़ना आदि।

6. छोटी इकाइयों पर प्रतिकूल प्रभाव - लघु एवं मंझले उद्योगों (एसएमई) के द्वारा जीएसटी की बारीकियाँ नहीं समझने के परिणामस्वरूप उनके कारोबार पर असर पड़ा है और उनका उत्पादन घटा है। विशेषकर टैक्सटाइल एवं गारमेण्ट क्षेत्र में काम करने वाले कई स्थायी एवं अस्थायी कारीगर मजदूर छंटनी का शिकार हुए हैं।

7. कर की दरों के ज्यादा खण्ड- जीएसटी के समीक्षक जीएसटी में कर की दरों के सात खण्ड रखने की आलोचना में इसे 'नई बोतल में पुरानी शराब' जैसा कहते है, क्योंकि उत्पादन शुल्क और वेट में भी लगभग इतने ही कर खण्ड थे। जीएसटी में विभिन्न वस्तुओं के लिए अनिवार्य, आरामदायक एवं विलासिता की दृष्टि से अलग-अलग कर खण्ड समझ में आते हैं, लेकिन एक ही प्रकृति की वस्तुओं पर कर की दरों की विविधता इसे जटिल बनाती है जैसे एक हजार रु. मूल्य तक वाले रेडीमेड गारमेण्ट पर 5% जीएसटी, एक हजार रुपये से ज्यादा वाले गारमेण्ट्स पर 12% जीएसटी लगता है। समान माल पर दरों की विविधता के कारण बिलिंग में कठिनाइयाँ आ रही हैं।

जीएसटी को सरल, सहज एवं सफल बनाने के लिए सुझाव- जीएसटी लागू करते समय जो व्यवसायियों और आम जनता को सपने दिखाये गए थे वे धूमिल हुये हैं एवं आशंकाएँ हकीकत में बदलती हुई दिख रही हैं। देश की आर्थिक स्थिति और जीएसटी के क्रियान्वयन के दोषों, कमियों एवं कठिनाइयों को देखते हुये निम्न प्रयास किये जाने चाहिए-

1. जीएसटी अधिनियम को सरल बनाना - इसके क्रियान्वयन में छोटे व्यापारियों के हितों की अनदेखी की गई है। समय रहते सरकार को यथाशीघ्र इनकी समस्याओं को तुरंत दूर करने की आवश्यकता है। खुदरा, खाद्य, कपड़ा, मार्बल, बीड़ी उद्योग, कंज्यूमर गुड्स और ड्यूरेबल कंपनियाँ के लगभग 70% व्यवसायी अपने बहीखातों का कम्प्यूटरीकरण नहीं कर पा रहे हैं। थोक और खुदरा व्यापारियों के बीच इसी कारण संघर्ष भी बढ़ रहा है। कानून को सरल और पारदर्शी बनाकर पुन: परिभाषित करने की आवश्यकता है।

2. कर की दरों का युक्तिकरण- एक जैसी समान प्रकृति की वस्तु पर दोहरी या तिहरी दरें समाप्त करके एक दर लागू की जाना चाहिए। जैसे विभिन्न इलेक्ट्रिक सामानों पर 5%, 12%, 18% एवं 28% की दरें हैं। इससे भ्रम की स्थिति निर्मित होती है। इन अलग-अलग दरों की बजाय एक या दो समन्वित दरें लागू करने से सरलता बढ़ेगी। करयोग्य माल को 28% की दर से 18% एवं 12% के कर खण्ड में लाने के प्रभावी प्रयास करने चाहिए।

3. उपभोक्ताओं तक लाभ पहुँचाना - जीएसटी में कई वस्तुओं की दरें पूर्ववर्ती उत्पाद शुल्क वेट अन्य कर की तुलना में कम रखी गयी हैं। इस दृष्टि से वस्तुएँ सस्ती होनी चाहिए, लेकिन व्यवहार में उत्पादकों एवं व्यापारियों ने वस्तुओं के मूल्य नहीं घटाए हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दरों में कमी का फायदा उपभोक्ताओं तक पहुँचे। इसके लिए वस्तुओं के मूल्यों की समीक्षा के साथ मुनाफाखोरी पर कड़ी कार्यवाही करना चाहिए।

4. रिटर्न्स की संख्या में कमी करना- एक वित्तीय वर्ष में 37 रिटर्न्स का भय समाप्त किया जाना चाहिए। सभी करदाताओं के लिए तिमाही रिटर्न की व्यवस्था लागू की जानी चाहिए, इससे करदाताओं को कागजी कार्यवाही से काफी राहत मिलेगी, यद्यपि अभी अक्टूबर माह में सरकार ने जीएसटी कौंसिल की अनुशंसा पर 5 करोड़ रुपये तक के कारोबारियों के लिए तिमाही रिटर्न भरने की राहत दी है, लेकिन व्यावहारिक रूप से यह व्यवस्था सभी करदाताओं के लिए होना चाहिए।

5. सरल एवं सुलभ सॉफ्टवेयर जरूरी- आधारभूत तैयारी किये बिना जीएसटी लागू करने के कारण जीएसटीएन एक उन्नत और प्रभावकारी सॉफ्टवेयर विकसित नहीं कर पाया। जीएसटी के लिए बनाया गया सहयोगी बुनियादी ढाँचा इतना मजबूत नहीं है कि निजी क्षेत्र इसको सहज स्वीकार कर सके। आम शिकायत है कि बहुत-सी चीजों की जानकारी छोटे व्यापारियों के पास अब तक नहीं पहुँच पाई है।

6. व्यावसयिक सहजता एवं निर्भयता का वातावरण तैयार करना - मुक्त और निर्बाध बाजार सहजता व निर्भयता के वातावरण से पल्लवित होता है जबकि जीएसटी जिस रूप में आया है, उससे धारणा विपरीत ही निर्मित हुई है। अत: इस धारणा को तोड़ने के लिए सरकार को अविलंब पुरजोर अभियान चलाना चाहिए।

7. निर्बाध एवं सुचारु ऑनलाइन व्यवस्था - आधी अधूरी तैयारियों के साथ जीएसटी लागू करने छोटे कारोबारियों को जीएसटी अपनाने में विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कारोबारियों के लिए जीएसटी नेटवर्क से जुड़ने, दस्तावेज अपलोड न कर पाने, सभी को पासवर्ड न मिलने, पर्याप्त नेटवर्क का अभाव आदि परेशानी का कारण बने हुए हैं। ऐसे में छोटे कारोबारियों को पर्याप्त समय, प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग की आवश्यकता है। सरकार को इस ओर पर्याप्त ध्यान देना चाहिए, ताकि छोटे कारोबारियों को राहत मिले।

8. माल परिवहन के अव्यावहारिक प्रावधान में सुधार - जीएसटी लागू होने के बाद ट्रांसपोर्टेशन सम्बन्धी इसके कड़े एवं अव्यावहारिक प्रावधान के कारण ट्रांसपोर्टर जीएसटी का भय बताकर मनमाना किराया वसूल करने के साथ अनावश्यक प्रपत्रों की माँग करते हैं। सरकार को परिवहन सम्बन्धी प्रक्रिया सरल बनानी चाहिए, ताकि माल का सरलता एवं सहजता से परिवहन किया जा सके।

9. जॉबवर्क की दरों को माल की दरों के अनुरूप बनाना – जॉबवर्क को जीएसटी में सेवा क्षेत्र मानकर इस पर 18 की दर से जीएसटी लगता है, जबकि कई जॉब वर्क वाले ऐसे माल हैं, जिन पर कर की दर 5% या 12% है, ऐसी स्थिति में इनपुट टैक्स क्रेडिट निर्मित माल पर देय टैक्स से ज्यादा हो जाती है, इससे इसके समायोजन एवं वापसी में कठिनाई आती है।

10. पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाना – पेट्रोलियम पदार्थों की दरें देश भर में एक जैसी रहे, इसके लिए डीजल, पेट्रोल आदि पेट्रोलियम पदार्थों को भी शीघ्र ही जीएसटी के अंतर्गत लाया जाना चाहिए, इससे वेट की दरों की विसंगति दूर होगी और राज्यों की मनमानी बढ़ोतरी या प्रतिस्पर्धा से मुक्ति मिलेगी।

निष्कर्ष – अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जीएसटी का विभिन्न क्षेत्रों और उद्योगों पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा है। जीवन में परिवर्तन होना अति आवश्यक है, लेकिन परिवर्तन एक सीमा तक अच्छा होता है। जीएसटी से जहां सरकार को बहुत अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है; वहीं करदाता को पूंजी का नुकसान हुआ है। कई ऐसे प्रावधान है जिसके कारण छोटे व्यवसाय और उद्यमी को पूंजी के लिए गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर ढांचे में सरलता, सुशासन और नवप्रवर्तन के द्वारा व्यवसाय में तेजी लाई जा सकती है जिससे व्यवसाय की प्रतिस्पर्धी दुनियां में जीएसटी संबंधित शंकाओ के प्रति कॉर्पोरेट और जनता का विश्वास बनाने में मदद मिल सके। जीएसटी के कार्यान्वयन को निर्बाध बनाने के लिए एक मजबूत देशव्यापी आईटी नेटवर्क और बुनियादी ढांचे में सुधार होना अत्यावश्यक है। जीएसटी संबंधी सभी समस्याओं के निराकरण होने पर ही जीएसटी 'एक राष्ट्र, एक कर और एक बाजार' के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। जीएसटी अब भारतीय राजस्व व्यवस्था का एक अनिवार्य अंग बन गया है। तमाम कठिनाइयों और उलझनों के बावजूद अब पीछे कदम लेना सम्भव नहीं है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Taxmann's GST Law & Practice,CA (Dr.) Arpit Haldia, CA Mohd. Salim)
2. वस्तु एवं सेवा कर, डॉ.सुभाष गुप्ता,नीलम नाहर, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रन्थ अकादमी,भोपाल, 2021
3. माल और सेवा कर डॉ.एच.सी मेहरोत्रा, प्रो. वी.पी. अग्रवाल, साहित्य भवन पब्लिकेशन, 2020
4. Goods And Services Tax And Custom Duty GST by CA Anoop Modi, CA Mahesh Gupta and CA Nikhil Gupta, SBPD Publications, 2021
5. https://cbic-gst.gov.in/pdf/faq-gst-hindi.pdf
6. https://www.icai.org/post/study-material-nset
7. http://www.gstclub.in/news/1913/Year-wise-and-State-wise-GST-collection-2017-2024
8. https://taxguru.in/goods-and-service-tax/review-gst-act.html
9. https://hindi.business-standard.com/opinion/editorial-there-should-be-a-comprehensive-review-of-gst-rates-id-390623

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Sanskrti as A Treasure of Knowledge and Inspiration for the Youth

Dr. Seema Sharma*

***Professor (English) Govt. Sanskrit College, Ujjain (M.P.) INDIA**

Introduction - Today we are living in a global world, where the distance between two persons belonging to different countries, different cultures and different age makes no difference. We are united through the net system and social media with the whole world. "As we say in Sanskrit:"

'अयं निज: परोवेति गणना लघुचेतसाम्
इदार चरितानां तु वसुधैव कुकम्बकम्'[1]

The meaning of this verse in Mahahpanished is that the world is a family.

This tells us that the suktis in Sanskrit written thousands of years ago have a great message for the young generation. The young generation needs motivation and inspiration to achieve their goals. Therefore it is said by Bhartiihari a saint and a feet who wrote Shatakatrayam means three Shataks. Neetishetkam, Shrinagar Shatakam and Vaigya Shatakam in Sanskrit.

'प्रारम्यते न खलु विघ्नभयेन नीचै:
प्रारम्य विघ्नविहता विरमन्ति मध्या:
विघ्नै: पुन: पुनरपि प्रतिहन्यमाना:
प्रारम्य चोत्तमजना न परित्यजन्ति'[2]

The Shloka means that flar of obstacles, the low class people being nothing at all. The middle class people begin but stop when disturbed by the obstacles, while the first class people do not fly away because of obstacles, they complete their work once the have begun.

Anuthor great learned author of Sanskrit Literature is Chanakya who was a philosopher, jurist and royal advisor. His original name was Vishnu Gupta yet he is recognized for his pen name Kautilya He wrote Chanakya Neeti which also guidas the young generation. "Chanakya Niti Shastra" is a collection of poverbs and practical wisdom that generally focuses on the moral, ethical and practical aspects of life. The world Niti means policy or ethics.

Chanakya writes"

'परोक्षे कार्सहन्तारं प्रत्यक्षेप्रियवदिनम्
वर्जयेत्तादृश मित्रं विषकुम्भं प्योमुखम्।'[3]

This means that the person who is sweet before you and destroys your projects behind you is like a "Vishkumbh" or a container of milk with poison on its lid, We should leave such friends.

Chanakya says in Chanakya NeetiDarpan.

'अतिरूपेण वै सीता अतिगर्वेण रावण:।
अतिदानाद् बलिविद्धौ अतिसर्वत्र वर्जयेत।।'[4]

This means that excess of anything is useless because Sita was cheated because of her beauty, Ravan was killed because of excess of pride and Bali was captured because of excess of donation.

These type of teachings are necessary for the youth. As whatever they learn from their surroundings affects their future. If Sanskrit literature is given proper importance in everybody's education, the life they are going to live will be bright.

'अधमा धनमिच्छन्ति धनंमानं च मध्यमा:।
उत्तमा मानमिच्छन्ति मानोहिमहतां धनम्।।'[5]

The lowest type of people love money, the middle type of people love money and respect, but the best people need only respect.

In Neetisatkam, Bhartrihari teaches many good messages through the verses in Sanskrit.

'निन्दन्तु नीतिनिपुणा यदि वास्तुवन्तु
लक्ष्मी: समविशतु गच्छतु वायशेष्टम्
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा
न्यायात् पथ: प्रविचलन्ति पदं न धीरा:।'[6]Shlokana85

Our Puranas also give a new way to live life. Today the pollution problem is the biggest problem throughout the world. The importance of trees is described in : Bhavishya Puran.

'अश्वत्थमेकं पि चुन्दमेकं न्याग्रोद्यमेकंदश: चिंचिणीकान।
कापेत्थाज्ञविल्वामलकी त्रयं च पंचम्ररोपी नरकं न पश्मेत्।।'[7]

IOne Peepul, One Neem, One Vat, Ten Chichd,, Three Bel, Three Amla, Five mango tree, the plantation of these

trees help the person to reach salvation.

References:-

1. महोपनिषद अध्याय 6 मंत्र 71 Mahopanished Chapter 6 Mantra 71.
2. Bhartihari, Nitisatkam Allahabad Ram Narainlal publisher Author, P.P Sharma p.no.4
3. "Chankya NeetiDarpan" Chapter -2, Bhargav to Pustak Bhawan Gayaghat Varanasi to 2017. P.No-9
4. IBID, p.no.16
5. IBID, p.no.41
6. Bhartihari Nitisatkam Choukhamba publications Varanasi 2009, p.no.100
7. Sankhipta Bhavishya puran gan, 1992, Geetapress Gorakhpur

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Perceived Social Support and Optimism among Caregivers of Breast Cancer Patients

Reena Salvi* **Dr. Rashmi Singh****

*Research Scholar (Psychology) Mohanlal Sukhadia University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Assistant Professor (Psychology) Mohanlal Sukhadia University, Udaipur (Raj.) INDIA

Abstract: Cancer is a life-affecting illness that not only affects the patients but also the caregivers who suffers emotionally, psychologically and economically. Social Support and Optimism are the psychological aspects that help caregivers to cope up with the various issues during caregiving phase. Social support prevents the caregivers from isolation and the burden of responsibilities and equips them with the resources. Optimism enables caregivers to seek hope amid chaotic times. **Objective:** the objective of the research is to measure the relationship between social support and optimism of caregivers of breast cancer patients. **Methodology:** Ninety caregivers of individuals with breast cancer were recruited for the study. Multidimensional Scale of Perceived Social Support (MSPSS) and Revised Life Orientation Test (LOT-R)were used to gather information of perceived social support and optimism. Sociodemographic data sheet was used to obtain various information related to caregivers and patients. The Pearson correlation coefficient was performed for data analysis. **Results:** The correlation coefficient (r) value between social support and optimism is 0.87 which indicates a strongpositive relationship between both variables. The P value is <0.01 which indicates a significant statistical relationship. **Conclusion:** It can be stated that level of perceived social support is associated with the level of optimism.
Keywords: Social Support, Optimism, Caregivers, Breast cancer.

Introduction - When a person faces problems in life, they need someone from whom they can seek support during that crucial time. Especially, in the time of physical illness individuals needs thedependency on the other person. Usually that person is among their family member or someone very close to them. This person is termed as caregiver. When a patient is suffering from chronic disease caregivers have to take accountability of a patient, that not only creates a burden on them,but it is a big toll on caregiver's mental and physical well-being too. Cancer is one of the chronic diseases. According to WHO "cancer is a large group of diseases characterized by uncontrolled growth of abnormal cells that can invade adjoining parts of the body and spread to other organs". There are many types of cancer that are common among people across the globe but breast, cervical, oral, lung and colorectal cancer are most found among them. In the present study breast cancer patient's caregivers are studied.

Breast Cancer: There are 2 major form of breast cancer- "invasive ductal carcinoma" and "invasive lobular carcinoma". First one in found in 70-80% cases and second one is detected in 10-15% cases. Breast cancer can be stratified in 5 stages. In stage 0, cells remain duct and not spread to surrounding tissue. "In stage 1, size of tumor is <2cm;" "in stage 1, size is 2-5 cm;" "in stage 2, size is 2-5 cm;" "in stage 3, tumor size is >5 cm;" "in stage 4, tumor spread out in distant body organs". The symptoms of breast cancer include swelling in the breast, bleeding or sudden release from nipple, itching and rash around the nipple and swelling on breast. The Cause of cancer includes aging (above 40), genetics, late menopause, menstruating before 12 years are and late menopause (above 55) etc.

Caregivers : Caregivers are persons who offers support and assistance to people who have physical or mental health conditions, disabilities or other needs that make it difficult for them to care for themselves. This can be rewarding and challenging but on all over this, it is an emotional distress, fatigue and burnout responsibility. This include helping with daily tasks, managing medical treatments, offering emotional support and more. The responsibility can be a burden to the caregivers who are already juggling with hectic schedule and responsibility.

Perceived Social Support: Perceived social support denotes to an entity's subjective faith that they have a reliable network of supportive relationships, feeling cared for, respected and having their social needs met, rather than the actual support received. Social support and social network play a vital role during caregiving period. It is a crucial factor that influences the wellbeing of both the caregivers and patients. When caregivers are provided

support by the family, friends, and healthcare professionals, they can easily manage their stress and provide effective care. The cancer patients who are provided with the strong social support they exhibit a greater emotional resilience, enhanced quality of life and improved treatment adherence.

Optimism: Optimism is a mindset characterized by a simple hope of positive occurrences and a belief in the possibility of a good future, often linked with increased levels of well-being and resilience. Optimism affects the living standards of life, psychological well-being and many aspects of life. It works as a buffer against stress and promoting positive coping mechanisms. A study revealed that quality of life is adversely related with caregiving burden and positively linked with optimism. Also, optimism predicts well-being and quality of life among caregivers (Ruisoto et al., 2019).

There is a need to understand the inter-relations between caregiving, perceived social support, and optimism because it is essential for developing the interventions that helps in enhancing the wellbeing of both caregivers and cancer patients.

Review of Literature

A study revealed that dense tumors, younger caretakers and support in patient's everyday activities are significantly linked with high caregiver burden (Ge & Mordiffi, 2017). Caregiver sometimes experience declined quality of life and face psychological problems. Wadhwa et al. (2013) stated that caregivers of advanced cancer patients have exhibit decreased quality of life and mental health associated with care-recipient's inferior physical and emotional well-being along with simultaneously assisting others and working outside the home. These studies show the value and importance of caregiver's research.

Goldstein et al. (2004) stated that greater level of burden is associated with limited social networks, more restricted daily activities and young age. Eom et al. (2013) revealed that decreased level of perceived social support is linked with increased level of depression and lower level of quality of life. Ong et al. (2018) stated that perceived social support mediates the association between caregiving burden and resilience. It is vital for medical experts, mainly professionals who communicate and provide facilities to support caregivers, to encourage and recognize helpful relative and friends' circle that can assist to interpret caregiving load.

Pinquart & Duberstein (2005) found a negative correlation between optimism and depressive symptoms. Psychological techniques also increase positive outlook towards future. Barakat & Ibrahim (2020) in a study explained that giving psycho-educational intervention promotes optimism among caregivers. Sometimes, journaling in positive ways also helps in remaining optimistic. Mackenzie et al. (2008) stated that expressive positive and future-focused writing improves caregiver's optimism and his outlook towards his present situation.

Objectives :

1. To assess the perceived social support and optimism among caregivers.
2. To study the relationship between perceived social support and optimism.

Hypothesis (H_1)

1. There is a relationship between perceived social support and optimism.

Methodology

Sample : The total of 90 participants using non-probability sampling were recruited. The inclusion criteria were 21-45 age, caregivers of breast cancer, at least literate, stage 2,3, and 4 of cancer. Exclusion criteria consisting mental illness and occurrence of stressful event within 6 months expect caregiving burden.

Measures:

1. The Multidimensional Scale of Perceived Social Support: The instrument evaluate the perception of individuals towards their social circle and network with three sub-measures including "family, friends and significant others". It was constructed by Zimet, Dahlem, Zimet and Farley in 1988. Each sub-scales consists four items and rated on 7-point Likert scale.
2. Life Orientation Test-Revised (LOT-R): It is an instrument constructed by Michael Scheier, Charles Carver, and Michaela Bridges in the year of 1994 to measure "dispositional optimism—the general expectation that good things will happen in the future". The LOT-R contains of ten items**: "**3 positive items", "3 negative items", "4 filler items" rated on 5-point Likert Scale.

Statistical Interpretation: Data was interpreted through SPSS software. The Descriptive analysis and correlations analysis was applied to find results.

Results: According to table no.1 caregiver's mean age is 36, majority of the caregivers are male (65.6%), 37.8 % caregivers are literate, married (78.9%), 41.1% caregivers are children of patients. Caregivers giving care from 3 month or less are 43.3% and stages 2,3 and 4 each consists 33% of caregivers. Table no. 2 shows the score of social support 52.92±19.95 which is moderate level and score of optimism 16.32±5.14 which show moderate level of optimism among caregivers of breast cancer. Table no. 3 shows significant positive strong correlation between social support and optimism (r-0.87, P<0.01).

Sociodemographic and Patients related Characteristics (Table no. 1)

		Mean	N %	Range	Standard Deviation	Number
Age		36	100.0%	57	14	
Gender	Male		65.6%			59
	Female		34.4%			31
Education	Literate		37.8%			34
	Matriculation		20.0%			18

	Post-Mat riculation		17.8%			16
	Graduate		24.4%			22
Marital Status	M		78.9%			71
	UM		21.1%			19
Relation with Patients	Spouse		28.9%			26
	Parents		0.0%			0
	Children		41.1%			37
	Sibling		6.7%			6
	Others		23.3%			21
Phase Of Treat ment	<3 months		43.3%			39
	<=6 months		28.9%			26
	<=1 year		13.3%			12
	>1 year		14.4%			13
Stage	2		33.3%			30
	3		33.3%			30
	4		33.3%			30

Mean Score and Standard Deviation of Perceived Social Support and Optimism among Caregivers (Table no.2)

	N	Range	Mini.	Maxi.	Mean	Std. Deviation
Optimism	90	16	6	22	16.32	5.136
Perceived Social Support	90	72	12	84	52.92	19.953

Correlation between Perceived Social Support and Optimism (Table no.3)

		Social Support	Optimism
Perceived Social Support	Pearson Correlation	1	.872**
	Sig. (2-tailed)		.000
	N	90	90
Optimism	Pearson Correlation	.872**	1
	Sig. (2-tailed)	.000	
	N	90	90

**. Correlation is significant at the 0.01 level (2-tailed).

Discussion: The current research sought to investigate the correlation between perceived social support and optimism in caregivers of the breast cancer patients. The result indicated a strong positive correlation (r=0.872) between the two variables. These findings suggest that the caregivers who feels they receive more levels of social support generally showsmore optimism. This research is consistent with the findings of Tras et al. (2021) which indicated a positive relationship between perceived social support and optimism. Perceived social support and optimism are predictors of life satisfaction and resilience and less emotional distress (Yalcin, 2011; Sabouripour and Roslan, 2015; Trunzo and Pinto, 2003). The strong correlation value suggests that perceived social support significantly influences the caregiver's optimism. This could be due to caregivers obtaining emotional, informational, and practical support from family, friends, and healthcare providers, which enhances their sense of hope and resilience. When caregivers receivesupport, they are more inclined to keep a positive outlook, adjust to the challenges and, deliver improve care to the patient.Insufficient support can resultin heightened stress, emotional exhaustion and a decline in overall health. Optimism affects the stress level and coping directly or indirectly by affecting available social support (Daugall et al., 2001).

Social support and optimism are important factors to lessen the caregiving burden (Hou & Chen, 2024). Higher perceived social support is correlated with increased quality of life and lesser caregiving burden (Nightingale et al., 2016). Shiba et al. (2016) found that informal social support from the family members and relatives is related with lesser caregiving burden. Diaz et al. (2020) stated that optimism is a key factor that affects perceived subjective burden and perceived social support. Optimism is positively correlated with Quality of life and negatively linked with caregiving burden (Rusioto et al.,2019).

Sociodemographic characteristics plays vital role in level of perceived social support and optimism. There are majority of caregivers were males in the study. A study among caregiver found that male caregivers had lesser perceived social support than the female caregivers (Hernandez-Padilla et al., 2021). 41.1% of caregiver were children of patients and their average age was 36. Heinze et al. (2015) stated that younger age cohorts seek support from family member and relative as their main source of support. Whereas older groups consider their friends and communities as a major source of support. 78.9% caregiver were married. A study conducted on the age group of 20-30 years old adults revealed that single individual has lower support from their own significant other and but has higher support from families compared to person who are in relationships (Adamczyk & Segrin, 2015).

There are also many studies explains the relationship between optimism and sociodemographic levels. A study conducted on two age groups (25-30year old and 45–50-year-old) and among male-females. It was found that 25–30-year age cohort had greater optimism level and females had higher level of optimism (Mishra, 2013). Ben-Zur et al. (2012) stated that married people are more optimistic than single individuals including divorced and widowed. However, studies related to sociodemographic characteristics varies according to cultures.

Conclusion: It can be established that level of perceived social support and optimism among caregivers of breast cancer is on moderated level. The association between perceived social support and optimism is significant. The hypothesis is also accepted. The sociodemographic characteristics were also explained to evaluate the results better.

Implications: As the study shows the positive strong correlation between perceived social support and optimism:

1. There should be the enhancement of the social support networks which can improve caregiver's emotional resilience.
2. The integration of mental health interventions like

counselling and support group with the cancer care programs can be done to address the caregiver stress and promote positive coping mechanisms.
3. There can be an online and community-based support networks which helps in providing accessible emotional and informational assistance particularly for the caregivers who are struggling with the isolation.
4. Medical professionals should also be trained to help and guide the caregivers.
5. Healthcare providers should be trained to play a proactive role in fostering the optimism by offering reassurances, clear communication and resources to caregivers.

Limitations:

1. In the conducted research, the age group was limited to 21–40-year-old. In future studies older age group can be considered.
2. The research focused particularly on caregivers of breast cancer. Other specific forms of cancer patients' caregivers should be studied specifically.
3. This study was conducted on a sample of 90 caregivers which are limiting the generalizability of findings to larger or more diverse caregiver populations.
4. The study focuses on perceived social support and optimism, without considering other psychological variables like stress, anxiety and other coping strategies.
5. The data collection method relied on self-reported perceptions, which are influenced by the social desirability bias or the emotional state at the tome of the survey. The studies could have qualitative interviews or observational methods to complement the self-reported data.

Suggestion:

1. The further studies can implement and evaluate the support-based interventions like caregiver training programs or psychological counselling, which will help to assess the structure support which improves optimism.
2. There can be a comparative study between caregivers of different patient groups which will provide a broader understanding of caregiving challenges.
3. There can be longitudinal research in which there can be a tracking of the caregivers over an extended period which will provide an insight how perceived social support and optimism differ throughout the different stages of the caregiving experiences.

References:-

1. Adamczyk, K., & Segrin, C. (2015). Direct and indirect effects of young adults' relationship status on life satisfaction through loneliness and perceived social support. *Psychologica Belgica*, *55*(4), 196.
2. Ben-Zur, H. (2012). Loneliness, optimism, and well-being among married, divorced, and widowed individuals. *The Journal of Psychology*, *146*(1-2), 23-36.
3. Díaz, A., Ponsoda, J. M., & Beleña, A. (2020). Optimism as a key to improving mental health in family caregivers of people living with Alzheimer's disease. *Aging & mental health*, *24*(10), 1662-1670.
4. Dougall, A. L., Hyman, K. B., Hayward, M. C., McFeeley, S., & Baum, A. (2001). Optimism and traumatic stress: The importance of social support and coping 1. *Journal of Applied Social Psychology*, *31*(2), 223-245.
5. Eom, C. S., Shin, D. W., Kim, S. Y., Yang, H. K., Jo, H. S., Kweon, S. S., ... & Park, J. H. (2013). Impact of perceived social support on the mental health and health related quality of life in cancer patients: results from a nationwide, multicenter survey in South Korea. *Psycho Oncology*, *22*(6), 1283-1290.
6. Ge, L., & Mordiffi, S. Z. (2017). Factors associated with higher caregiver burden among family caregivers of elderly cancer patients: a systematic review. *Cancer nursing*, *40*(6), 471-478.
7. Goldstein, N. E., Concato, J., Fried, T. R., Kasl, S. V., Johnson-Hurzeler, R., & Bradley, E. H. (2004). Factors associated with caregiver burden among caregivers of terminally ill patients with cancer. *Journal of palliative care*, *20*(1), 38-43.
8. Hafez Afefe Barakat, A., & Mohammed Ibrahim, Z. (2020). Psycho-educational Intervention: Its effect on the psychological distress and optimism among family caregivers of patients with bipolar disorder. *Egyptian Journal of Health Care*, *11*(4), 1106-1118.
9. Heinze, J. E., Kruger, D. J., Reischl, T. M., Cupal, S., & Zimmerman, M. A. (2015). Relationships among disease, social support, and perceived health: a lifespan approach. *American journal of community psychology*, *56*, 268-279.
10. Hernández Padilla, J. M., Ruiz Fernández, M. D., Granero Molina, J., Ortíz Amo, R., López Rodríguez, M. M., & Fernández Sola, C. (2021). Perceived health, caregiver overload and perceived social support in family caregivers of patients with Alzheimer's: Gender differences. *Health & social care in the community*, *29*(4), 1001-1009.
11. Hou, C. H., & Chen, P. L. (2024). Optimism, Social Support, and Caregiving Burden among the Long-Term Caregivers: The Mediating Effect of Psychological Resilience. *International Journal of Mental Health Promotion*, *26*(9).
12. Mackenzie, C. S., Wiprzycka, U. J., Hasher, L., & Goldstein, D. (2008). Seeing the glass half full: Optimistic expressive writing improves mental health among chronically stressed caregivers. *British journal of health psychology*, *13*(1), 73-76.
13. Mishra, K. K. (2013). Gender and age related differences in optimism and good life. *Indian Journal*

of Social Science Researches, *10*(1), 9-17.

14. Nightingale, C. L., Curbow, B. A., Wingard, J. R., Pereira, D. B., & Carnaby, G. D. (2016). Burden, quality of life, and social support in caregivers of patients undergoing radiotherapy for head and neck cancer: A pilot study. *Chronic illness*, *12*(3), 236-245.
15. Ong, H. L., Vaingankar, J. A., Abdin, E., Sambasivam, R., Fauziana, R., Tan, M. E., ... & Subramaniam, M. (2018). Resilience and burden in caregivers of older adults: moderating and mediating effects of perceived social support. *BMC psychiatry*, *18*, 1-9.
16. Pinquart, M., & Duberstein, P. R. (2005). Optimism, pessimism, and depressive symptoms in spouses of lung cancer patients. *Psychology & Health*, *20*(5), 565-578.
17. Ruisoto, P., Contador, I., Fernández-Calvo, B., Palenzuela, D., & Ramos, F. (2019). Exploring the association between optimism and quality of life among informal caregivers of persons with dementia. *International psychogeriatrics*, *31*(3), 309-315.
18. Ruisoto, P., Contador, I., Fernández-Calvo, B., Palenzuela, D., & Ramos, F. (2019). Exploring the association between optimism and quality of life among informal caregivers of persons with dementia. *International psychogeriatrics*, *31*(3), 309-315.
19. Sabouripour, F., & Roslan, S. B. (2015). Resilience, optimism and social support among international students. *Asian Social Science*, *11*(15), 159.
20. Shiba, K., Kondo, N., & Kondo, K. (2016). Informal and formal social support and caregiver burden: The AGES caregiver survey. *Journal of epidemiology*, *26*(12), 622-628.
21. Tras, Z., SUNBUL, M. G., & Baltaci, U. B. (2021). Investigation of the relationships between optimism, perceived social support, and hope. *ie: inquiry in education*, *13*(1), 11.
22. Trunzo, J. J., & Pinto, B. M. (2003). Social support as a mediator of optimism and distress in breast cancer survivors. *Journal of consulting and clinical psychology*, *71*(4), 805.
23. Wadhwa, D., Burman, D., Swami, N., Rodin, G., Lo, C., & Zimmermann, C. (2013). Quality of life and mental health in caregivers of outpatients with advanced cancer. *Psycho oncology*, *22*(2), 403-410.
24. Yalçýn, Ý. (2011). Social support and optimism as predictors of life satisfaction of college students. *International Journal for the Advancement of Counselling*, *33*, 79-87.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

इतिहास के आइने में भारतीय ज्ञान प्रणाली

डॉ. खुमेश सिंह ठाकुर* डॉ. जी. एल. मालवीय**

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, गंजबासौदा, जिला- विदिशा (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, गंजबासौदा, जिला- विदिशा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय ज्ञान प्रणाली का पुनरूद्धार और अनुकूलन राष्ट्र की समद्ध बौद्धिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ इसे आधुनिक समाज की मांगों के साथ सरेखित करने के लिए महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक रूप से भारत दार्शनिक विचारधाराओं का अग्रणी रहा है जिसकी समद्ध परम्पराओं की व्यापता प्राचीन से लेकर समकालीन समय तक है। इसमें वेद, उपनिषद, सांख्य, योग, मीमांसा और साथ ही जैन धर्म और बौद्ध धर्म शामिल है जिसकी परिणिति भक्ति दार्शनिक पराम्परा और आधुनिक काल में स्वामी विवेकानन्द जैसे आधुनिक विचारकों के योगदान में हुई है। इन शिक्षाओं के केन्द्र में मानव आत्म-सुधार आत्म-खोज यात्रा के विभिन्न मार्ग और एक दैवीय संबंध की खोज का चिंतन निहित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने एक व्यापक रूपरेखा प्रदान की है जो शैक्षिक पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली को शामिल करने को प्रोत्साहित करती है, जो सीखने के लिए एक समग्र और समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में इसके महत्व पर प्रकाश डालती है। वर्तमान परिपेक्ष्य में यह सर्वोपरि है कि भारतीय अपने अस्तित्व की प्राप्ति के लिए खुद को मन के उपनिवेशवाद से मुक्त करे। इस उद्देश्य पूर्ति के लिए भारतीय ज्ञान पराम्परा का पालन करना महत्वपूर्ण है जिसमें आत्म-ज्ञान के लिए सभी आवश्यक तत्व शामिल है और यह मानव जीवन और अनुभव के हर पहलू का समाधान प्रदान करती है।

प्रस्तावना – प्राचीन सिंधु घाटी की सभ्यता से लेकर आज तक भारत की बौद्धिक परंपराओं में जिज्ञासा परीक्षण और अन्वेषण की भावना आ रही है सदियों से भारतीय विद्वान वैज्ञानिक और दार्शनिक नवाचार के मामले में सबसे आगे रहे हैं और मानव ज्ञान तथा समझ की सीमाओं को आगे बढाते रहे हैं **'भारतीय ज्ञान'** काफी हद तक परंपरा पर आधारित है। मानव सभ्यता की उदय से ही परंपराएं पीढ़ी दर पीढ़ी निरंतर रूप से आगे बढ़ती रही, जो भारतीय सभ्यता को दुनिया की सबसे पुरानी जीवित सभ्यता बनती हैं। साथ ही परंपराओं में सुधार भी होते रहे हैं और **'भारतीय ज्ञान'** विकसित होता रहा है। भारतीय ज्ञान प्रणाली का पुनरुद्धार और अनुकूलन राष्ट्र की समृद्ध बौद्धिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ ऐसे आधुनिक समाज की मांगों के साथ संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण है जो सीखने के लिए एक समग्र और समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में इसके महत्व पर प्रकाश डालती हैं।

भारत 'ज्ञान भूमि' शब्द का साक्षात उदाहरण है। यह पहचान न केवल उल्लेखनीय कलाओं, वस्तुकला, खगोल विज्ञान, विज्ञान, चिकित्सा (आयुर्वेद), भाषण, साहित्य, दर्शन और इंजीनियरिंग के उद्भव और प्रसार से स्थापित होती हैं बल्कि वैदिक साहित्य, वेद, उपनिषद और उपवेद जैसे विशिष्ट प्रणालियों और ज्ञान ग्रन्थों की विद्यमानता से भी होती है जिन्होंने प्राचीन काल से लेकर आज तक भारत का मार्गदर्शन किया है। भारतीय ज्ञान प्रणाली पीढ़ी दर पीढ़ी ज्ञान के व्यवस्थित संचरण को दर्शाती है। इस बात को रेखांकित करना जरूरी है कि भारतीय ज्ञान प्रणाली महज एक परंपरा के बजे एक व्यवस्थित संरचना है और ज्ञान हस्तांतरण की प्रक्रिया है।

भारतीय ज्ञान शुद्ध के साथ कुछ अनोखा है जो जो प्राचीन काल से भारतीय उपमहाद्वीप में ज्ञान के निरंतर प्रवाह को दर्शाता है। अनूठी विशेषता यह है कि 'भारतीय ज्ञान' का उद्देश्य व्यक्ति के समग्र विकास के लिए उसे भौतिकवादी और आध्यात्मिक जीवन के लिए योग्य बनाना है विष्णु पुराण कहता है 'सा विद्या या विमुक्ताये' इस प्रकार ज्ञान का उद्देश्य मुक्ति (दुख और बंधन से) के रूप में परिभाषित किया गया है। ईषावास्योपनिषद में आध्यात्मिक ज्ञान को विद्या और भौतिक ज्ञान को अविद्या कहा गया है। मण्डक उपनिषद में विद्या 'पराविद्या' और अविद्या को 'अपरा विद्या' कहा गया है।

भारतीय ज्ञान प्रणाली ने अध्ययन शैलियों की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से जीवन, समाज और ब्रह्मांड को समझने के लिए व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किए हैं। आयुर्वेद और योग से लेकर वेदांत और न्याय की दार्शनिक अंतर्दृष्टि तक भारतीय ज्ञान प्रणाली स्थायित्व और सद्भाव में निहित बहुलवधि परंपरा का उदाहरण है भारतीय ज्ञान प्रणाली का अध्ययन करने का उद्देश्य जिज्ञासा और प्रश्न पूछने के वैकल्पिक तरीकों के प्रति व्यक्तियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाना है इसका उद्देश्य ज्ञान के बारे में दृष्टिकोण को बदलना और वैज्ञानिक विचारधारा की संरचना को नया रूप देना है। मूलभूत रूप से इसका उद्देश्य ज्ञान परंपराओं के बारे में चिंतन की लिए एक वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना है।

भारतीय ज्ञान प्रणाली- ऐतिहासिक पृष्ठभूमि – प्राचीन काल से ही भारत के कई सत्ताओं का सामना किया है जिन्होंने इसकी समृद्ध अर्थव्यवस्था का दोहन करने और इसके समृद्ध सांस्कृतिक मूल्यों, दार्शनिक परंपराओं और मान्यताओं को खंडित करने की कोशिश की है। प्राचीन काल से लेकर मध्यकालीन और आधुनिक काल तक के युगों में भारत ने अपनी ज्ञान व्यवस्थाओं, सांस्कृतिक विरासत और मूल्य प्रणालियों को सफलतापूर्वक संरक्षित किया है।

भारतीय ज्ञान प्रणाली में प्रलेखित ज्ञान के क्षेत्र में वेद ज्ञान के सबसे पुराने ग्रंथ हैं। संस्कृत में वेद का अर्थ है 'ज्ञान'। इस प्रकार आदर्श रूप से

कोई भी ज्ञान वेद का ही एक हिस्सा है। हालांकि, विद्वानों की दृष्टि से वेद के ज्ञान को चार वेदों– ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अर्थववेद के रूप में प्रलेखित किया गया है। चार उपवेद भी है– आयुर्वेद (चिकित्सा का अध्ययन) गंधर्ववेद (प्रदर्शन कलाओं का अध्ययन) धनुर्वेद (धनुर्विद्या और युद्ध का अध्ययन) और शिल्पवेद (वास्तुकला का अध्ययन)। वेदों में दार्शनिक और व्यवहारिक ज्ञान दोनों शामिल है। उपनिषद् दार्षनिक शिक्षाओं का ध्यान केंद्रित करते है। वेदों की अवधारणा को सरल भाषा में समझाने के लिए पुराण लिखे गए हैं। इनकी पांच विशेषताएं हैं, जैसे ब्राह्मण की रचना, उनका विनाश और जीर्णोद्धार, देवताओं और कुलपिताओं की वंशावली मनु के शासनकाल जिन्हें मन्वंतर कहा जाता है, और राजाओं की जाति का इतिहास। वैदिक परंपरा से 18 पुराण और 18 उपपुराण और जैन परंपरा के तीन पुराण है।

भारतीय दर्शन के अभिन्न अंग उपनिषद् मानसिक और शारीरिक अवस्थाओं से भिन्न आत्म के सार की खोज करते हैं। वे दो मार्ग प्रस्तुत करते हैंरू निवृत्ति (अनासक्त आत्मज्ञान) और प्रवृति (सहज क्रिया) अद्वैत वेदांत जो अपने अद्वैतवाद के लिए जाना जाता है, जो मानता है कि आत्मा और ब्रह्म एक समान है और अनुभवजन्य दुनिया माया (भ्रम) के रूप में है। इसी तरह भट्ट मीमांसा 'आत्मा' की परिवर्तनकारी लेकिन शाश्वत प्रकृति की खोज करती है जैन धर्म में जीव और अजीव का द्वैतवाद और बौद्ध धर्म में कर्म और पुनर्जन्म के नैतिक उत्तारदायित्व को मानते हुए स्थायी 'स्व' को अस्वीकार किया जाता है।

मध्यकालीन भारत में भक्ति आंदोलन ने भक्ति में निहित एक दार्षनिक परिवर्तन को विशिष्ट रूप दिया और समानता पर जोर दिया। दक्षिण भारत (7वीं–12वीं शताब्दी) और उत्तरी क्षेत्रों (12वीं–17वीं शताब्दी) तक इसका प्रसार था। श्री चेतन्य महाप्रभु, श्री तुलसीदास, श्री कबीर, और श्री नानक जैसे संतों ने शगुण और निर्गुण परंपराओं के माध्यम से ईश्वर के प्रति एक निष्ट भक्ति और प्रेम को बढ़ावा दिया और भक्ति–आस्था के माध्यम से मुक्ति की राह दिखाई। इस आंदोलन ने स्थानीय भाषाओं और सार्वभौमिक भाईचारे के महत्व को रेखांकित किया।

आधुनिक काल में स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंदो और सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे समकालीन दार्शनिकों ने भारतीय ज्ञान परंपरा के सार को महत्वपूर्ण रूप से रेखांकित किया। विवेकानंद ने तर्कसंगतता, शिक्षा और सार्वभौम धर्म के सिद्धांतों पर बोल दिया जिसे वे 'मानवतावाद' के रूप में परिभाषित करते हैं। इसके अलावा वे सत्य और सेवा के मूल्यों को जीवन के मूल सिद्धांतों के रूप में देखते हैं। विवेकानंद की दार्षनिक संरचना इस विचार पर आधारित है कि प्रत्येक आत्मा में अंतर्निहित देवत्व होता है जिसे आत्म प्रयास, अनुशासित प्रशिक्षण और उचित शैक्षिक मार्गदर्शन के माध्यम से अनुभव किया जाता है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन का दर्शन अद्वैत वेदांत में निहित है जो भारतीय दर्शन की एक और गैर–द्वेतवादी परंपरा है। इसी तरह सर अरविंदो के दार्शनिक विचार आदर्शवाद, यथार्थवाद, प्रकृतिवाद और व्यावहारिकता के संश्लेषण को प्रस्तावित करता है उनका तर्क है कि आध्यात्मिकता, रचनात्मकता और बौद्धिकता एक स्वस्थ व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक घटक है।

इस प्रकार भारतीय ज्ञान प्रणाली एक गतिशील और विकासशील सांस्कृतिक संरचना और परंपरा का प्रतिनिधित्व करती है जिसने अपने मूल विचारों और सिद्धांतों को बनाए रखते हुए सतत रूप से विभिन्न ऐतिहासिक कालों के लिए स्वयं को ढाला है। इसके घटक चित्त, शरीर और आत्मा के बीच आवश्यक संबंधों को रेखांकित करते हैं। यह प्रणाली सांस्कृतिक पहचान को मान्यता देती है और संरक्षित करती है, अंतर– सांस्कृतिक संचार को बढ़ावा देती है और विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक दृष्टिकोणों को समृद्ध करती है जो भौतिक और आध्यात्मिक कल्याण की खोज को शामिल करता है और सभी तत्वों की परस्पर निर्भरता को स्वीकारता है।

भारतीय ज्ञान प्रणाली वर्तमान परिपेक्ष्य में – औपनिवेशिक शासन के प्रारंभ से ही भारतीय ज्ञान परंपराओं को जानबूझकर हाशिए पर डाल दिया गया। मैकाले के 'मिनट ऑन एजुकेशन' 1835 में वर्णित औपनिवेशिक शिक्षा नीतियों ने स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को न्यूरोसेंट्रिक (पश्चिमीकरण) प्रतिमानों से बदलने का प्रयास किया जिससे भारतीयों की कई पीढ़ियां अपनी बौद्धिक विरासत से दूर हो गई। आधुनिक काल में उपनिवेशीकरण की प्रक्रिया वैश्विक स्तर पर विभिन्न उपनिवेशवादियों और औपनिवेशित आबादी के बीच भिन्नताओं को दशति हुए कई सार्वभौमिक चरणों और मौलिक सिद्धांतों को शामिल करने के रूप में व्यापक रूप से जाने जाती है। इन सिद्धांतों में भूमि और संसाधन का विनियोग, औपनिवेशिक उद्यमों के लिए खेती और स्वदेशी सांस्कृतियों और परंपराओं का योजनाबद्ध रूप से विघटन शामिल है। जब औपनिवेशिक ताकतों ने भारतीय क्षेत्रों को अधीन किया तो उन्होंने न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया बल्कि शिक्षा प्रणाली परंपराओं, प्रशासन, वास्तुकला और सांस्कृतिक परिपाटियों में हस्तक्षेप सहित विभिन्न तरीकों से भारतीय आबादी पर औपनिवेशिक मानसिकता भी थोपी। जिसका सबसे गंभीर प्रभाव चेतना के दायरे में हुआ।

उपनिवेशीकरण से मुक्त होने से में स्वदेशी ज्ञान के महत्व को बहाल करना शामिल है। चेतना को समझने और सत्य को जानने के साधन के रूप में भारतीय दर्शन मन (मानस) को बहुत महत्व देता है स्वयं (आत्मा) को समझना व्यक्तित्व कल्याण (सुख) और परम मुक्ति (मोक्ष) को बढ़ावा देता है। सांख्य, न्याय और वेदांत जैसी भारतीय परंपराएं नैतिकता और अस्तित्व समझने के लिए और रूपरेखा प्रदान करती है जो मन, शरीर और आत्मा के बीच परस्पर क्रिया पर जोर देती है। भारतीय दर्शन की खोज जीवन के संतापों का निवारण और दुख (संसार) से मुक्ति पाने से उत्पन्न हुई है। चार्वक भौतिकवादियों को छोड़कर अधिकांश विचारधाराओं ने सच्चे आत्म के बारे में अज्ञानता को दूर कर मुक्ति (मोक्ष या निर्माण) प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

वर्तमान समय में जब भारत अपनी प्राचीन विरासत के अनुरूप वैश्विक मंच पर अपनी मौजूदगी पुन: स्थापित करने प्रयास कर रहा है तो भारतीय जनता के लिए यह जरूरी है कि वह औपनिवेशिक मानसिक अधीनता के अवशेषों से खुद को मुक्त करें और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जुड़े। ऐतिहासिक रूप से भारत दार्शनिक विचारधाराओं का अग्रणी रहा है जिसकी समृद्ध परंपराओं की व्याप्तता प्राचीन से लेकर समकालीन समय तक है, इसमें वेद, उपनिषद, साख्य, योग, मीमांसा और साथ ही जैन धर्म और बौद्ध धर्म शामिल है जिसकी परिणिति भक्ति दार्शनिक परंपरा और आधुनिक काल में स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंदो, सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे आधुनिक विचारकों के योगदान से हुई है। इन शिक्षाओं के केंद्र में मानव आत्म–सुधार, आत्मा–खोज, यात्रा के विभिन्न मार्ग और देवीय संबंध की खोज का चिंतन निहित है।

दार्शनिक परम्पराएं दु:ख से मुक्ति और अस्तित्व के सच्चे अर्थ की

अवधारणाओं से जुड़ी हुई है। इन दार्शनिक आयामें के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परम्परा ने सभी के लिए संधारणीयता और समानता पर सतत रूप से जोर दिया है। इसमें जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चिंतन भी शामिल है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण भी शामिल है प्रत्येक गांव के जंगलों और पेड़ों के प्रबंधन में औषधीय पौधों, ईंधन की लकड़ी और निर्माण सामग्री की स्थायी तौर पर कटाई के लिए एक कुशल कार्य प्रणाली शामिल थी जो उनके प्राकृतिक रूप से नवीनीकरण की गति के अनुरूप थी भारत की स्वदेशी शिक्षा प्रणाली और कौशल विकास पद्धतियों से कई स्वदेशी भारतीय उद्योग धंधे फले-फूल और भारत में निर्मित सामान को दुनिया भर में सराहनीय महत्व दिया गया। इन भारतीय ज्ञान प्रणालियों के ऐतिहासिक महत्व का मूल्यांकन उनके आर्थिक मूल्य के संबंध में उस समय करना आवश्यक है जब उनके महत्व की तुलना आज के उच्च तकनीक उद्योग से की जा सकती है। 5वीं शताब्दी में फले-फूले महान गणितज्ञ और खगोलशास्त्री आर्यभट्ट ने गणित और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शून्य एवं दशमलव प्रणाली पर उनके अग्रणी कार्यो ने इन विषयों में महत्वपूर्ण प्रगति की नींव रखी। आर्यभट्ट ने यह क्रांतिकारी विचार भी प्रस्तुत किया कि पृथ्वी अपनी दूरी पर घूमती है, जो उनके समय से बहुत आगे की अवधारणा है। प्रसिद्ध संस्कृत व्याकरणविद पाणिनि ने अष्टाध्यायी विकसित की, जो भाषा विज्ञान पर एक व्यापक ग्रंथ है और अपनी गहराई तथा परिष्कार में अद्वितीय है। पतंजलि के योग सूत्र जो दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व के हैं, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण की खोज में दुनिया भर के लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं और उनका मार्गदर्शन करते रहे हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में, आयुर्वेद की प्राचीन भारतीय प्रणाली को स्वास्थ्य और कल्याण के लिए इसके समग्र दृष्टिकोण के वास्ते विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मान्यता दी गई है। आयुर्वेद पर दो मौलिक ग्रंथ चरक संहिता और सुश्रुत संहिता में मानव शरीर रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान और औषध विज्ञान के बारे में बहुमूल्य ग्रंथ है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, नवाचार और उत्कृष्टता के उदाहरणों से भरी पड़ी है। प्राचीन भारतीय के जटिल धातु विज्ञान से लेकर जंतर-मंतर वैधशालाओं के परिष्कृत खगोल विज्ञान तक, विज्ञान प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित की दुनिया में भारत के योगदान को नकारा नहीं जा सकता।

भारतीय ज्ञान प्रणाली- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 - भारत सरकार ने भारत की ज्ञान प्रणालियों को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिससे गर्व और सांस्कृतिक प्रशंसा की भावना फिर से जागृत हुई है। पुरावशेषों के प्रत्यावर्तन ने इस पुनरुत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देशों से उल्लेखनीय वापसी हुई है। इन प्रयासों ने न केवल भारत की खोई हुई विरासत को पुन: प्राप्त करने में मदद की है, बल्कि देश की प्राचीन संस्कृति पर नए सिरे से गर्व भी जताया हैं। इसके अलावा, कई आईआईटी में भारतीय ज्ञान प्रणालियों के लिए उत्कृष्टता केन्द्रों की स्थापना एक दूरगामी पहल है जिसका उद्देश्य आयुर्वेद, योग पारंपरिक भारतीय गणित जैसे क्षेत्रों में अंत: विषय अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना है। ये पहल हमारी समृद्ध बौद्धिक विरासत के साथ गहरा संबंध बढ़ा रही है और सांस्कृतिक गौरव तथा नवाचार के एक नए युग को प्रेरित कर रही है।

आयुर्वेदिक, योग और अन्य पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को बढ़ावा देने की सरकार की पहलों ने भी प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना ने इन प्राचीन चिकित्सा प्रणालियों को मानकीकृत वह लोकप्रिय बनाने में मदद की है। इसके अतिरिक्त 9 नवंबर 2014 को आयुष मंत्रालय की स्थापना ने पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणाली को काफी बढ़ावा दिया है। मंत्रालय ने आयुर्वेद, योग प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध तथा होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों को मानकीकृत और लोकप्रिय बनाया है, जिससे मुख्य धारा की स्वास्थ्य सेवा में उनकी अधिक स्वीकृति हुई है और उन्हें उसमें शामिल किया गया है। इसके अलावा, योग को वैश्विक मंच पर ले जाने के सरकार के प्रयासों के भी लाभकारी परिणाम सामने आए हैं, संयुक्त राष्ट्र ने 2014 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया, जो कल्याण और आध्यात्मिकता के क्षेत्र में भारत की स्थायी विरासत का प्रमाण है।

भारतीय ज्ञान प्रणाली का पुनरुद्धार और अनुकूलन राष्ट्र समृद्ध बौद्धिक विरासत को संरक्षित करने और इसे आधुनिक समाज की मांगों के साथ सरेखित करने के लिए महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने एक व्यापक रूपरेखा प्रदान की है जो शैक्षिक पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली को शामिल करने को प्रोत्साहित करती है, सीखने के लिए एक समग्र और समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में इसके महत्व पर प्रकाश डालती हैं। यह नीति पारम्परिक ज्ञान को समकालीन वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के साथ एकीकृत करने का अनूठा अवसर प्रदान करती है। भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए, यह आवश्यक है कि शैक्षणिक संस्थान प्राचीन ज्ञान प्रणालियों को वर्तमान चुनौतियों का सामना करने के तरीकों से अनुकूलित करने के लिए विद्वानों और चिकित्सकों के साथ सहयोग करें। पुनरुद्धार की प्रक्रिया सैद्धांतिक चर्चाओं से आगे बढ़नी चाहिए और इसमें ज्ञान के विशाल भंडार को प्रलेखित (दस्तावेजित) करने और संरक्षित करने के लिए व्यावहारिक प्रयास शामिल होने चाहिए जो विभिन्न रूपों, जैसे कि ग्रंथ, मौखिक परम्पराएं, अनुष्ठान और स्थानीय प्रथाएं है। इस ज्ञान को सूचीबद्ध करने और इसे भावी पीढ़ियों के लिए सुलभ बनाने के लिए महत्वपूर्ण शोध किए जाने चाहिए। इसके अलावा, यह पता लगाने के लिए की अंतर विषयी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिससे भारतीय ज्ञान प्रणाली सम्पोषणीय विकास, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र में कैसे योगदान दे सकता है।

भारतीय ज्ञान मीमांसा संरचना में आत्म-अस्तित्व की धारणा ने अपना सर्वोच्च महत्व बनाएं रखा है। आज के वैश्विक युग में यह समझना आवश्यक है कि पूरी दुनिया में सूचनाओं की बाढ़ आई हुई है लेकिन ज्ञान की कमी है। दुनिया एक भ्रम का रूप ले रही है परिणामवश हम पर्यावरणीय मुद्दों, जलवायु परिवर्तन, भूख और महामारी जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और हम जो कुछ भी हासिल करते हैं वह अक्सर मानव जीवन की कीमत पर होता है। भारत की दार्शनिक विचारधारा में पर्यावरण को जड़ ना मानकर क्रियाशील एवं जुड़ी हुई व्यवस्था माना जाता है, जहां मानव अन्य प्रणालियों के साथ मिलकर रहते हैं। प्रकृति के अस्तित्व को पवित्र तथा पूजनीय समझा जाता है। भारतीय ज्ञान संस्कृति में, गुरु-शिष्य परम्परा एक प्राचीन परंपरा है जिसमें गुरु शिष्य को ज्ञान प्रदान करता है और इसकी जड़े वैदिक काल से हैं ऋग्वेद में गुरु को 'आत्मज्ञान का स्रोत और प्रेरक व्यक्तिगत विकास की आधारशिला' के रूप में वर्णित किया गया है। गुरु और उसके शिष्य के बीच का रिश्ता एक मां और उसके अजन्मे बच्चों के बीच के रिश्ते जैसा होता है। वैदिक काल के अंत में एक विशिष्ट प्रकार का साहित्य विकसित हुआ जिसे

सूत्र कहा जाता है। यह साहित्य वेदों से विशेष रूप से वेदांगो से गहराई से जुड़ा हुआ है। छह वेदांग है: शिक्षा, व्याकरण, छंद, निरुक्त, कल्प और ज्योतिष। इस परिपेक्ष्य में अपनी जड़ों को स्वीकार करना और विश्व का मार्गदर्शन करना महत्वपूर्ण है जैसा कि भारत ने प्राचीन काल से परम्परागत रूप से किया है। इसलिए इन बदलते समय में यह सर्वोपरि है कि भारतीय अपने अस्तित्व की प्राप्ति के लिए खुद को मन से उपनिवेशवाद से मुक्त करें।

निष्कर्ष

भारतीय ज्ञान प्रणाली को उपनिवेशीकरण से मुक्त करने की प्रक्रिया में– भारतीय ज्ञान प्रणाली का पुनरुद्धार और अनुकूलन राष्ट्र समद्ध बौद्धिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ इसे आधुनिक समाज की मांगों के साथ संरेखित करने के लिए महत्वपूर्ण है। भारतीय ज्ञान प्रणाली महज एक परंपरा के बजाय एक व्यवस्थित संरचना है और ज्ञान हस्तांतरण की प्रक्रिया है। भारतीय ज्ञान प्रणाली ने अध्ययन शैलियों की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से जीवन, समाज और ब्रह्मण को समझने के लिए व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किए हैं। भारत 'ज्ञान-भूमि' शुद्ध का साक्षात उदाहरण है। यह पहचान न केवल उल्लेखनीय कलाओं, वास्तुकला, खगोल विज्ञान, चिकित्सा (आयुर्वेद) भाषाओं, साहित्य दर्शन और इंजीनियरिंग के प्रसार और उद्भव से स्थापित होती है, बल्कि वैदिक साहित्य वेद उपनिषद और उपवेद जैसे ज्ञानग्रन्थों और विशिष्ट प्रणालियों को विद्यमानता से भी होती है। जिन्होंने प्राचीन काल से लेकर आज तक भारत का मार्गदर्शन किया है। भारत बौद्धिक परम्पराओं में जिज्ञासा, परीक्षण और अन्वेषण की भावना रही है, सदियों से भारतीय विद्वान वैज्ञानिक और दार्शनिक नवाचार के मामले में सबसे आगे रहे हैं और मानव ज्ञान तथा समझ की सीमाओं को आगे बढ़ाते रहे है, जो भारत की ज्ञान प्रणालियों के महत्व और देश की वृद्धि एवं विकास में योगदान करने की क्षमता पर प्रकाश डालता है। जैसे-जैसे हम अपनी समृद्ध बौद्धिक विरासत के खजाने को खोलते हैं, हम नवाचार, खोज और प्रगति के एक नए युग को प्रज्वलित करते हैं जो चराचर जगत की उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. राधाकृष्णन, सर्वपल्ली, भारतीय दर्शन (दो खंड), राजकमल प्रकाशन, 2014
2. कौशाम्बी, डी. डी., प्राचीन भारत : एक परिचय, पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस, 2012
3. थापर, रोमिला भारत का इतिहास, पेंगुइन बुक्स इंडिया, 2015
4. हबीब, इरफान, भारतीय इतिहास में निबंध: एक मार्क्सवादी दृष्टिकोण की ओर, ओरिएंट ब्लैकस्वान, 2018
5. दासगुप्ता, सुरेन्द्रनाथ, भारतीय दर्शन का इतिहास (पांच खंड), मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स, 2004
6. दत्त, बिभूतिभूषण और सिंह, अवधेश नारायण, हिन्दू गणित का इतिहास, मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स, 2004
7. जिमर, हेनरिक, भारतीय कला और सभ्यता के दर्शन, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी प्रेस, 2015
8. मैकडोनेल, ए. ए., वैदिक माइथोलॉजी, मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स, 2002
9. गोण्डा, जान, वैदिक साहित्य, ओटो हैरासोवित्ज वेरलाग, 1975
10. सांकृत्यायन, राहुल, बौद्ध दर्शन, किताब महल, 2009

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा आर्थिक विकास में योगदान एक समग्र विश्लेषण मालवा और निमाड़ क्षेत्र के विशेष सन्दर्भ में

डॉ. सुनिता तोतला* सपना सोनी**

* सह प्राध्यापक, श्री क्लॉथ मार्केट कन्या वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, स्कूल ऑफ कॉमर्स, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – मध्य प्रदेश के मालवा और निमाड़ क्षेत्र अपने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक संसाधनों के लिए प्रसिद्ध हैं। इन क्षेत्रों में उच्च शिक्षण संस्थानों का विकास न केवल शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है, बल्कि यह क्षेत्रीय और राज्य-स्तरीय आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आज, जब वैश्वीकरण और डिजिटल युग के प्रभाव के कारण अर्थव्यवस्थाएं तेजी से बदल रही हैं, उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका केवल शिक्षण तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में भी उभर रहे हैं। यह अध्ययन मालवा और निमाड़ क्षेत्र में उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा आर्थिक विकास में किए गए योगदान का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करता है और उनके प्रभाव को गहराई से समझने का प्रयास करता है।

शब्द कुंजी – उच्च शिक्षा, आर्थिक विकास, शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थी, शिक्षण संस्थाए।

प्रस्तावना – भारत दक्षिण एशिया में स्थित भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा देश है। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। लेकिन शिक्षा की स्थिति अत्यंत चिंताजनक एवं बदहाल है एक और जहाँ प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक घोर व्यापारीकरण बड़ा हैं फलस्वरूप बड़े पैमाने पद प्रतिभाएं योग्य शिक्षा पाने से वंचित रह जाती हैं(Milton Walter.1976)

मध्यप्रदेश – म.प्र. भारत का एक राज्य हैं जिसकी राजधानी भोपाल हैं। म.प्र. 1 नवंबर 2000 तक क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य था, इस दिन मध्य प्रदेश राज्य से 14 जिले अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई। 2011 की जनगणना के अनुसार म.प्र. की साक्षरता 70.60% थी जसमें पुरुष साक्षरता 80.5% व महिला साक्षरता 60.0% थी।(http://www.census2011.co.in/)वर्ष 2017 के आकड़ों के मुताबिक राज्य में 114,418 प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय और 3851 उच्च विद्यालय व 4765 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है।

मालवा – मालवा महाकवि कालिदास की धरती हैं यहां की धरती हरी - भरी धन धान्य से भरपूर रही हैं। मालवा ज्वालामुखी के उदगार से बना पश्चिमी भारत का एक अंचल हैं । पश्चिमी भाग तथा राजस्थान के दक्षिण पूर्वी भाग से गठित यह क्षेत्र प्राचीन काल से ही एक स्वतंत्र राजनैतिक इकाई रहा हैं। मालवा के अधिकांश भाग का गठन जिस पठार के द्वारा हुआ हैं उसका नाम भी इसी अंचल के नाम से मालवा का पठार हैं यह वर्तमान में लगभग 47760 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फेला हुआ हैं तथा इसके अंतर्गत धार, झाबुआ, रतलाम, देवास, इंदौर, उज्जैन, आगर, मंदसौर, सिहौर, रायसेन, राजगढ़ तथा विदिशा आदि जिले आते हैं(https://hi.wikipedia.org/wiki)।

निमाड़ – निमाड़ मध्य प्रदेश के पश्चिमी ओर स्थित है। इसकी भौगोलिक सीमाओं में निमाड़ के एक तरफ विन्ध्य पर्वत और दूसरी तरफ सतपुड़ा हैं, जबकि मध्य में नर्मदा नदी है। पौराणिक काल में निमाड़ अनूप जनपद कहलाता था। बाद में इसे निमाड़ की संज्ञा दी गयी। फिर इसे पूर्वी और पश्चिमी निमाड़ के रूप में जाना जाने लगा। निमाड़ का जिले के रूप में गठन ब्रिटिशराज में नेरबुव डिवीजन में हुआ था जिस का प्रशासनिक मुख्यालय खण्डवा में था। निमाड़ अंचल में निम्न जिले आते है-बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन,। निमाड़ क्षेत्र में निम्न शहर आते है -बड़वाह, बड़वानी, बुरहानपुर, हरसूद,खंडवा,खरगोन, जूलवानिय, बमनाला, भीकनगावं, मूँदी, सनावद (https://hi.wikipedia.org/wiki)।

किसी देश के विकास के लिए मानवीय संसाधनों का विकास करना आवश्यक होता हैं। मानवीय संसाधनों के विकास की दृष्टि से उच्च शिक्षा का महत्वपुर्ण स्थान हैं। उच्च शिक्षा सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक परिवर्तन का 1 शक्तिशाली माध्यम हैं। उच्च शिक्षा देश के आर्थिक विकास के जरिये जनसाधारण के जीवन की गुणवत्ता में योगदान देती हैं। एक सशक्त समाज तथा एक समर्थ व जीवंत अर्थव्यवस्था के निर्माण करने की दृष्टि से शिक्षा के व्यापक उद्देश्य और भूमिका को दरकिनार कर सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को बाजार शक्तियों के भरोसे छोड़ दिया हैं। इन नीतियों के फलस्वरुप देश में उपाधि प्राप्त बेरोजगारी की फौज खड़ी हो गई है, जो चिंताजनक हैं। किसी भी समाज अथवा राज्य की शिक्षा उसकी आर्थिक स्थिति पर निर्भर करती हैं। शिक्षा के द्वारा सामाजिक, आर्थिक विकास होता हैं। शिक्षा सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक वातावरण तैयार करती है जिससे राष्ट्रीय विकास होता हैं (http://hindimedia.in)।

साहित्य का पुनरावलोकन

द कंट्रीब्यूशन ऑफ एजुकेशन टू इकोनोमिक ग्रोथ: इम्प्रिडेंस फ्रॉम नेपाल, यह शोध पत्र नेपाल के आर्थिक विकास में शिक्षा के योगदान की भूमिका

का अध्ययन करता है। इस शोध पत्र में यह प्रर्दशित किया गया है कि नेपाल के सकल घरेलू उत्पादन में तथा नेपाल के आर्थिक व सामजिक विकास में शिक्षा का काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस शोध पत्र का विश्लेषण आर्थिक विकास में शिक्षा के योगदान का समर्थन करता है। यह शोध पत्र का न्यूनतम वर्ग विधि के द्धारा प्राप्त विश्लेषण के आधार पर प्राप्त परिणामों से यह स्पष्ट होता है, कि प्राथमिक, द्धितीयक, तृतीयक और उच्चतर स्तर पर शिक्षा और आर्थिक विकास में दीर्घकालीन सहसंबंध पाया जाता है। जोहांसन कंटीग्रेशन परीक्षण से प्राप्त परिणामों से यह निष्कर्ष निकलता है कि शिक्षा तथा आर्थिक विकास में गहरा संबंध है। इसका अर्थ होता है कि प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा नेपाल व एशिया की प्रति व्यक्ति वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में योगदान करती है। **(दहल व अन्य, 2016)।**

यह शोधपत्र उच्चतर शिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास पर एक तुलनात्मक अध्ययन के संबंध में प्रस्तुत किया गया है। इस अध्ययन के माध्यम से, विभिन्न उच्चतर शिक्षा संस्थानों के आर्थिक प्रदर्शन को तुलनात्मक रूप से विश्लेषण किया गया है और उनके बीच विभिन्न प्राथमिकताओं का मुकाबला किया गया है। इस अध्ययन के परिणामस्वरूप, भारत में उच्चतर शिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास में संस्थानों के प्रकार, स्थान, उपलब्ध संसाधनों, शिक्षा गुणवत्ता, अनुसंधान एवं नवाचार, और विपणन योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस अध्ययन के माध्यम से, भारतीय उच्चतर शिक्षा संस्थानों के आर्थिक विकास में सुधार करने के लिए नीतियों और योजनाओं को सुझाव दिए जाते हैं **(पाटिल, और जोशी, 2016)।**

यह एक समीक्षा शोध है जो शिक्षा के आर्थिक विकास के प्रभाव पर आधारित है। साहित्यिक समीक्षा के आधार पर स्पष्ट है कि शिक्षा का आर्थिक विकास में योगदान सकारात्मक, नकारात्मक या कुछ नहीं हो सकता है। शिक्षा के आर्थिक विकास में योगदान का निर्धारण करने के तीन अलग-अलग तरीके हैं, (अं) लाभ मुआवजा विश्लेषण शिक्षा एक निवेश है जो उत्पादकता में सुधार करता है और मौद्रिक और गैर-मौद्रिक रिटर्न प्रदान करता है (ब) मानव संसाधन प्रवृत्ति शिक्षा के माध्यम से भविष्य की आवश्यकता वाले कर्मचारियों की पूर्ति हो सकती है जो आर्थिक विकास को प्राप्त करने के लिए उपयुक्त हों और (स) शिक्षा और आर्थिक विकास विश्लेषण शिक्षा का आर्थिक विश्लेषण में महत्वपूर्ण गुणक होता है। देश के आर्थिक विकास पर शिक्षा के प्रभाव/योगदान पर अनुसंधान की कमी है। जो भी थोड़ी सी शिक्षा के प्रोजेक्ट इंडिया में उपलब्ध हैं, वे हमारे नीति निर्धारित करने वालों को शिक्षा क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रबुद्ध नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए, भारत के आर्थिक विकास में शिक्षा के योगदान पर अनुसंधान की आवश्यकता है और हमारे नीति निर्माताओं को शिक्षा – प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा और शिक्षा अनुसंधान पर जनसाधारण व्यय को बढ़ाने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है **(Mitra. and Rout, 2018)।**

प्रस्तुत शोध लेख भारत के आर्थिक विकास में शिक्षा की भूमिका से सम्बंधित है इसमें यह गया कि शिक्षा एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जो शिक्षार्थी को नवोन्मेषक, शोधार्थी, प्रशिक्षक, कुशल व्यापारी, कुशल उत्पादक, कुशल श्रमिक तथा विवकेशील उपभोक्ता बनाती है। गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा कुशल उत्पादक, कुशल उपभोक्ता आदि का निर्माण करती है तथा यह प्रभावी आर्थिक विकास को बढ़ावा प्रदान करती है **(रीना, 2018)।**

शोध की परिकल्पना

H(1): मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रभाव मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में सकारात्मक है।

शोध के उद्देश्य:

1) उच्च शिक्षण संस्थाए मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में किस प्रकार योगदान दे रही हैं ? आदि के विषय में महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत होना।

'शोध कार्य के अंतर्गत शोध हेतु, शोध क्षेत्र के रूप में 'मालवा एवं निमाड़' के निम्न जिलों व उनकी शासकीय शिक्षण संस्थाओं को लिया गया जिनका वर्णन निम्नानुसार है'

शोध कार्य हेतु **इंदौर जिले** जिले के निम्न शासकीय महाविद्यालयों को शोध क्षेत्र के रूप में लिया गया :-

तालिका क्रमांक 1: शोध कार्य हेतु चुने गए इंदौर जिले के शासकीय महाविद्यालय

क्र.	महाविद्यालय का नाम	स्थान	जिला
1	शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर	इंदौर	इंदौर
2	महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय स्नात्कोत्तर कन्या महाविद्यालय किला भवन	इंदौर	इंदौर
3	श्री अटल बिहरी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय	इंदौर	इंदौर

(http://highereducation.mp.gov.in)

शोध कार्य हेतु **खंडवा जिले** के निम्न शासकीय महाविद्यालयों को शोध क्षेत्र के रूप में लिया गया –

तालिका क्रमांक 2: शोध कार्य हेतु चुने गए खंडवा जिले के शासकीय महाविद्यालयों

क्र.	महाविद्यालय का नाम	स्थान	जिला
1	शासकीय महाविद्यालय	हरसूद	खंडवा
2	श्री नीलकंठेश्वर स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय खंडवा	खंडवा	खंडवा
3	शासकीय कन्या महाविद्यालय	खंडवा	खंडवा

(http://highereducation.mp.gov.in)

शोध परिकल्पना का विश्लेषण एवं मूल्यांकन

शोध परिकल्पना का मूल्यांकन

प्रश्नावली की विश्वसनीयता तालिका

क्रमांक 3: Reliability Statistics

Cronbach's Alpha	N of Items
0.893	40

मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में उच्च शिक्षण संस्थानों की महती भूमिका का मूल्यांकन करने के लिए प्रश्नावली का निर्माण किया गया जिसके अन्तर्गत जनसांख्यिकी डाटा के अलावा 40 प्रश्नों को स्केल पर आधारित करके प्रश्नावली की विश्वसनीयता का आँकलन किया गया। प्रश्नावली की विश्वसनीयता का मान 0.893 अभिप्राय है 89.3 प्रतिशत प्रश्नावली विश्वसनीय है,जिसका सत्यापन क्रानवेक अल्फा द्धारा किया गया है, अत: परिणामस्वरूप प्रश्नावली के विश्लेषण को आगे बढ़ाया जा सकता है।

H(1): मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रभाव मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में सकारात्मक है।

तालिका क्रमांक 4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

दोनों कारकों मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रभाव एवं आर्थिक विकास के मध्य पियर्सन सहसंबंध परीक्षण करने पर 0.747 मान प्राप्त हुआ है, तथा सार्थकता मूल्य (p-value) का मान 0.000 जो स्तरीय मान 0.05 से कम है। अत: यह निष्कर्ष निकलता है कि दोनों कारकों के मध्य पियर्सन मान व सार्थकता मूल्य (p-value) स्तर मान 0.05 से कम होने पर कारकों के मध्य मजबूत व सार्थक संबंध है। साथ ही मॉडल समरी में प्रतिगमन विश्लेषण का प्रयोग दोनों कारकों के मध्य सकारात्मक संबंध को ज्ञात करने हेतु किया गया है। मॉडल समरी के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि, लिनियर सहसंबंध गुणांक ठका मान 0.747 है, व आर. स्क्वेयर (0.557) है। अत: यह निष्कर्ष निकलता है कि दोनों कारकों के मध्य संबंध है। आर.स्क्वेयर (गुणांक का निर्धारण) का मान 0.557 प्राप्त हुआ है, जो यह दर्शाता है कि मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रभावके मापदण्ड पर 55.7% है। मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रभाव एवं आर्थिक विकास के बीच संबंध को जानने के लिए 'अनोवा परीक्षण' का प्रयोग किया गया है। तालिका के अध्ययन से ज्ञात होता है कि ऋका मान 627.26 है, जो सारणीमान 2.47 से अधिक है व सार्थकता मूल्य .000[a] है, जो स्तरीय मान 0.05 से कम है। अत: यह निष्कर्ष निकलता है कि परिकल्पना **H(1): मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रभाव मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में सकारात्मक है सत्य सिद्ध होती है।**

तालिका क्रमांक 5: Coefficients[a]मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रभाव एवं आर्थिक विकास

Model	Unstandardized Coefficients		Standardized Coefficients	T	Sig.
	B	Std. Error	Beta		
1(Constant)	3.74	.586		6.38	.000
मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा	.495	.020	.747	25.04	.000

a. Dependent Variable: **आर्थिक विकास**

तालिका के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि दोनों चरों के मध्य Coefficients[a]ज्ञात किया गया है। मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास को निर्भर चर तथा मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा को स्वतंत्र चर माना गया है। इस अध्ययन हेतु सबसे पहले बीटा स्तर का प्रयोग किया गया है। तत्पश्चात् टी टेस्ट (t) का उपयोग किया है। तालिका के अध्ययन से ज्ञात होता है कि t टेस्ट का मान 6.38 है, जो अधिक है। लिनियर समीकरण Y = 3.74 + .495X है, जो कि सकारात्मक रेखीय संबंध को इंगित करता है।

शोध निष्कर्ष – शोध अध्ययन के परिणामों के आधार पर, यह स्पष्ट होता है कि उच्च शिक्षा लोगों को एक अवसर प्रदान करती है जिससे वे सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक मसलों पर सोच-विचार कर सकते हैं। इससे उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए योजना बनाने और कार्रवाई करने की क्षमता मिलती है, जो आर्थिक सुधार और सामाजिक समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण है। उच्च शिक्षा और प्रौद्योगिकी क्षमता का ध्यान रखने से लोग अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करते हैं, जिससे उन्हें विभिन्न रोजगार के विकल्पों में नौकरी प्राप्त करने का मौका मिलता है। शिक्षा से समृद्धि प्राप्त करने वाले व्यक्ति अधिक उच्च और अधिकतर वाणिज्यिक या औद्योगिक क्षेत्रों में सक्रिय हो सकते हैं, जिससे समृद्धि और विकास का सृजन हो सकता है। इस रूप में, शिक्षा को एक नौकरी की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण साधन माना जा सकता है जो समाज के अधिकांश को समृद्धि और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ने में मदद कर सकता है (www.allresearchjournal.com)

मालवा और निमाड़ क्षेत्र में स्थापित उच्च शिक्षण संस्थानों ने न केवल युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई है, बल्कि रोजगार सृजन, शोध एवं विकास, और औद्योगिक विकास के माध्यम से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी गति दी है। इन संस्थानों के माध्यम से स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा मिलता है, जिससे क्षेत्रीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग और उनके प्रभावी प्रबंधन की संभावना बनती है। यह अध्ययन मालवा और निमाड़ क्षेत्र में उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा आर्थिक विकास में किए गए योगदान का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करता है और उनके प्रभाव को गहराई से समझने का प्रयास करता है (http://www.socialresearchfoundation.com)

शिक्षा की चुनौतियाँ एवं समाधान – प्रश्न उठता है कि वे कौन सी चुनौतियां हैं जिनका सामना करने की कवायद शिक्षक-शिक्षा को करनी है। इसका उत्तर देने के लिए शिक्षा के समक्ष जिन क्षेत्रों से चुनौतियां सामने आ रही हैं अथवा भविष्य में और तीव्र होकर सामने आने की आशंका है उन्हें तीन प्रमुख भागों में बांटा जा सकता है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण भाग के अन्तर्गत आर्थिक क्षेत्र से उत्पन्न होने वाली चुनौतियां हैं। आर्थिक क्षेत्र से उत्पन्न होने वाली चुनौती के पश्चात सामाजिक क्षेत्र से उत्पन्न होने वाली चुनौती पर चर्चा की जाए तो स्पष्ट होता है कि शिक्षक की वास्तविक कसौटी समाज है। यह कहने में कदापि संकोच नहीं होना चाहिए कि शिक्षक की सामाजिक प्रतिष्ठा को काफी आघात पहुंचा है जिसका जिम्मेदार वह स्वयं है। अपनी खोई प्रतिष्ठा को प्राप्त करना तभी संभव है जबकि शिक्षक द्वारा इसके लिए ईमानदारी से प्रयास किया जाय। किन प्रयासों, कार्यों, मूल्यों, मान्यताओं को छोड़ा जाय और किनसे जुड़ा जाये यह तय करने के लिए देश, काल और परिस्थिति के अनुसार बुद्धि, विवेक और ज्ञान का सहारा लेकर विमर्श करना आवश्यक है। अंतिम चुनौती भरा क्षेत्र राजनीतिक है। यद्यपि अपने देश में लोकतांत्रिक शासन-प्रणाली प्रचलित है तथापि नीतिगत अस्पष्टता अथवा व्याख्या भिन्नता के कारण कभी-कभी कुछ व्यवधान आ जाते हैं। आंतरिक एवं बाह्य दबाव समूह भी निर्णयों को प्रभावित करते हैं। आंतरिक स्तर पर राजनैतिक दल तथा बाह्य स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं दबाव समूह का कार्य करती हैं जिससे नीतियों के निर्माण तथा उनके क्रियान्वयन पर प्रभाव पड़ता है (https://educationforallinindia.com)

उपसंहार – उच्च शिक्षण संस्थान केवल शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आर्थिक विकास के केंद्र बिंदु भी बन सकते हैं। शिक्षा किसी भी समाज के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास की आधारशिला है। उच्च शिक्षण संस्थान, विशेषकर विश्वविद्यालय और तकनीकी संस्थान, न केवल ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं, बल्कि नवाचार, उद्यमिता, और सामाजिक सुधार के लिए मंच भी तैयार करते हैं। मध्य प्रदेश के मालवा और निमाड़ क्षेत्र, जो अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संपदा के साथ-साथ कृषि और औद्योगिक गतिविधियों के लिए जाने जाते हैं, इन क्षेत्रों में उच्च शिक्षण संस्थानों का प्रभाव दूरगामी है।

मालवा और निमाड़ क्षेत्र में स्थापित उच्च शिक्षण संस्थानों ने न केवल युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई है, बल्कि रोजगार सृजन, शोध एवं विकास, और औद्योगिक विकास के माध्यम से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था

को भी गति दी है। यह अध्ययन मालवा और निमाड़ क्षेत्र में उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा आर्थिक विकास में किए गए योगदान का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करता है और उनके प्रभाव को गहराई से समझने का प्रयास करता है।

शिक्षा में तकनीकी साधनों का सही उपयोग समृद्धि और विकास में वृद्धि का माध्यम बनता है। प्रौद्योगिकी के उपयोग से शिक्षा क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का प्रयोग होता है, जिससे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में जानकारी प्राप्त होती है। यह छात्रों को आधुनिक समय की मांगों के अनुसार तैयार करता है और उन्हें उच्चतम गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करता है। इससे वे अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं, जो उन्हें नौकरी और अन्य अवसरों में सफलता की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करती है। साथ ही, शैक्षिक संसाधनों का उपयोग करके छात्रों को बुनियादी ढांचों और मूल सिद्धांतों की समझ प्राप्त होती है। यह उन्हें अच्छी अधिकारता और विचारशीलता प्रदान करता है, जिससे उनकी नौकरी और व्यापार में सफलता मिलती है। इस प्रकार, शैक्षिक संसाधनों का सही उपयोग करना आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कारक होता है जो समृद्धि और सामाजिक विकास में मदद करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. https://www.allresearchjournal.com/archives/2020/vol6issue2/PartE/6-11-146-542.pdf
2. http://www.census2011.co.in/census/state/madhya+pradesh.html
3. दहल गंगाधर व अन्य (2016), द कंट्रीब्यूशन ऑफ एजुकेशन टू इकोनोमोनिक ग्रोथ इभिडेंस फ्रॉम नेपाल, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ अप्लाईड रिसर्च, वाल्यूम 4(1), पृष्ठ संख्या: 326-327)
4. hhttp://www.educationportal.mp.gov.in/Public/Schools/ssrs/State_School_Block.aspx?MP=1
5. hhttps://educationforallinindia.com/issues-challenges-indian-education-system-is-facing/
6. https://hi.wikipedia.org/wiki/मध्य_प्रदेश/शिक्षा
7. https://hi.wikipedia.org/wiki/मालवा/प्रमुख_स्थान_एवं_नगर
8. https://hi.wikipedia.org/wiki/निमाड़
9. https://highereducation.mp.gov.in/
10. hhttp://hindimedia.in/depending-on-the-quality-of-higher-education/?print=print
11. Mitra A. and Rout, H.S (2018) Education and Economic Development: A Review of Literature PRAGATI: Journal of Indian Economy. Volume 5, Issue 1, pp. 81-110)
12. Meyer, Milton Walter.(1976)." *A Short History of the Subcontinent". South Asia*. pages no. 1, ISBN 0-8226-0034-X)
13. पाटिल, अभय और जोशी, नीति. (2016). भारत में उच्चतर शिक्षा संस्थानों का आर्थिक विकास एक तुलनात्मक अध्ययन. अर्थविज्ञान और योजना, 19 (2), 65-82)
14. रीना (2018) ने शोध लेख भारत के आर्थिक विकास में शिक्षा की भूमिका, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एडभांस एकेडेमिक स्टडीज, वाल्यूम-1 स्पेशल इश्यू, पेज संख्या: 305-398)
15. http://www.socialresearchfoundation.com/upoadreserchpapers/6/161/1708190841091st%20ravindra%20modi.pdf

तालिका क्रमांक 4:Model Summary[b] मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रभाव एवं आर्थिक विकास

Model	R	R Square	Adjusted R Square	Std. Error of the Estimate	Change Statistics					Durbin-Watson
					R Square Change	F Change	df1	df2	Sig. F Change	
1	.747a	.557	.557	3.39	.557	627.26	1	478	.000	2.12

a. Predictors: (Constant), **मूल्यपरक रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रभाव**

b. Dependent Variable: **आर्थिक विकास**

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

चित्रा मुद्गल की कहानियों में स्त्री – जीवन के विभिन्न आयाम

प्रकाश वारकले*

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, क्रांतिकारी शहीद छितुसिंह किराड़ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीराजपुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – छात्र जीवन से ही चित्राजी ने लेखन की शुरूआत की है। अपने पिता के सुख–समृद्ध जीवन को त्यागकर उन्होंने अपने पति अवधनाराण मुद्गल के साथ बंबई जैसे महानगर में झोपट्टी में जीवनयापन की कल्पना में ही उन्हें अधिक प्रिय और श्रेयस्कर प्रतीत हुआ। अत्याधुनिक संसाधनों से परिपूर्ण जीवन को अस्वीकार करके महानगरीय जीवन के परिवेश को स्वीकार कर लिया है। परिवेश के बदलाव के साथ रिश्तों में आ रहे परिवर्तनों को सहज रूप से स्वीकार कर लिया है।

रिश्तों में आ रहे अजनबीपन युवा पीढी का मोहभंग और मानवीय रिश्तों को लेकर मानसिक उलझनों तथा जीवन–संघर्ष से जूझते महानगरी व्यवस्था में आम बात है।

चित्राजी का समस्त साहित्य समकालीन यथार्थ समस्याओं के रूप में केन्द्रित रहा है। उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से महानगरीय जीवन के अजीबोगरीब उतार–चढाओं को देखा है। मात्र पैसा प्रेम का स्थान नहीं ले सकता। 'गेंद' कहानी में वृद्धाश्रम में रहने वाले सचदेवा का बेटा विनय लंदन में नौकरी करता है। विनय की पत्नी डॉक्टर है। पत्नी की मृत्यु के पश्चात् भरा पूरा परिवार होने के बावजूद अकेले जिंदगी जीने के लिए मजबूर है। वहीं छोटे से बिल्लू को रिश्तों की परख नहीं है इसलिए अपने दादा को भी अंकल कह कर ही संबोधित करता है। शहर नाम के सीमेंट के इस जंगल में मनुष्य की मनुष्यता खो रही है जहाँ बच्चे ही अपने माँ–बाप से विमुख हो रहे हैं।

स्वाधीनता के बाद भारतीय समाज औद्योगीकरण के फलस्वरूप विशाल महानगरों का निर्माण हुआ, जिसने गाँवों की सभ्यता और संस्कृति को अभाव, घुटन, अकेलापन, अपराधीकरण जैसे समस्याओं को जन्म दिया। महानगरीय आदमी दूसरों का ऊपर उठाने और अधिक कुछ पाने की कोशिश में भागते फिर रहा है जिसकी संवेदनशीलता और ईमानदारी रफू हो गई।

लेखिका ने महसूस किया कि पाश्चात्य सभ्यता का आकर्षण एवं संक्रमण अन्धानुकरण तथा फैशनपरस्ती में डूब गया परिणामस्वरूप पीढियों में बढता अन्तर, दिखाई देने लगा। महानगरीय चकाचौंध के पीछे अंधकार से बेखबर ग्रामीण व्यक्ति अपनी परंपरा तथा परिवेश से कटकर शहर की और भाग रहा है। इस स्थितियों के कारण महानगरीय जीवन में विसंगतियाँ और विद्रूपताएँ बढती रही।

साहित्य के क्षेत्र में कहानी का स्वरूप भी बदलता रहा है। भीतर ही भीतर उसने झूठ, फरेब, शोषण, भ्रष्टचार एवं अन्याय की ऐसी दीवारें खड़ी कर दी है कि जिसमें हमारे मूल्य और विश्वास का दर्द घुटने लगा है।

समकालीन हिन्दी कहानियों में महानगरीय चित्रण के रूप में नगरी जीवन की अनेक विसंगतियाँ उत्पन्न की है।

गाँव का आर्थिक ढाँचा कृषि पर निर्भर है जबकि नगर का ढाँचा पूरी तरह से नितांत भिन्न स्वरूप का है। नगरी जीवन में आर्थिक दृष्टि पर ही अनेक विसंगतियाँ दिखाई देती है। महानगरों में सामाजिक और राजनैतिक मूल्यों में तेजी से क्षरण होने लगा है। जिनमें राष्ट्रीय एकता, सामाजिक उत्थान, देश प्रेम आदि मूल्य घटते गये इसके स्थान पर स्वार्थ और अवसरवाद ने जगह ले ली है।

महानगरों में जीविका एवं आवास की समस्या से स्वंय व्यक्ति उलझ रहा है। लेखिका चित्रा मुद्गल ने समाज में व्याप्त सामाजिक यथार्थ को सिद्धांत से अनुभव किया है। मध्यवर्गीय समुदाय की रचनाओं को उन्होंने अपनी लेखनी से समृद्ध किया है। चित्राजी ने समाज सेविका के रूप में कारखानों से जुड़ी स्त्रियों के संगठन से जुड़कर उन्होंने स्त्री समस्याओं को हल करने का काम किया है। विशेष रूप से झोपड़ीपट्टी के श्रमिक लोगों में चेतना पैदा करने की दृष्टि से स्त्री संगठनों से गहरा लगाव रहा है। चित्राजी ने सामाजिक जीवन की प्रतिबद्धता के साथ तथा जीवंतता के साथ उजागर किया है।

महानगरीय जीवन के निम्न और मध्यवर्गीय नारी चरित्रों को लेकर उनके अन्तरद्वंद्वों के साथ विश्लेषित किया है। उन्होंने नारी जीवन के यथार्थ को बड़ी गहराई के साथ महसूस किया है। चित्राजी ने 'अपनी वापसी' कहानी में शकुन नामक प्रोढा की कथा में ढलती उम्र में शारीरिक शक्ति क्षीण होने पर परेशानिया सहकर बच्चों और पति के व्यवहारों को उपेक्षित करती है। 'दरमियान' में मध्यवर्गीय नौकरी पेशा नारी की परेशानियों का उल्लेख किया है। 'लिफाफा' कहानी में पुत्र–पुत्रियों के भेदभाव की चर्चा की है।

'इस हमाम में कहानी संकलन में भूख', फातिमाबाई कोठे पर नहीं रहती, 'चेहरे', 'अपने गिरेबान' जैसी रचनाओं में बंबई महानगर की निम्न समाज की नारी का त्रस्त जीवन कथा व्यक्त की गई है जिसमें झोपड़ीपट्टी में रहने वाली कामवाली बाई का यथार्थ चित्रण उल्लेखनीय है। 'फातिमा बाई कोठे पर नहीं रहती' रेड–लाईट एरिया में रहने वाली वेश्याओं का चित्रण किया गया है। 'अपने गिरेबान' में उच्च वर्ग की नारियाँ खेल–खेल में अपनी पत्नियों के साथ दैहिक संबंधों में अपना मनोरंजन ढूंढती है।

'जगदम्बा बाबू गाँव आ रहे हैं' संकलन में 9 कहानियाँ है। जिनमें मुआवजा', 'सौदा','अभी भी','ताशमहल', 'प्रमोशन','हस्तक्षेप' जैसे कहानियाँ उल्लेखनीय है।

'मामला आगे बढेगा' कहानी संग्रह में 12 कहानियाँ हैं। सभी कहानियाँ

महानगरी जीवन से संबंधित है।' 'जिनावर' कहानी 7 कहानियाँ है तथा 11 लघु कथाएँ हैं। जिनमें प्रमुख रूप से समाज और लोकोपवाद आदि कहानियाँ पठनीय है।

'लपटे' कहानी संग्रह में 7 कहानियाँ और 4 लघु कथाएँ हैं। चार लघुकथाओं में जातिवादी जड़ों का चित्रण है।

'बयान' कहानी में 29 लघुकथाएँ है जिनमें विभिन्न चरित्रों का उल्लेख हैं।

'आदि-अनादि' भाग 3 में 59 कहानियाँ है जो विभिन्न विषयों से संबंधित है।

कुल मिलाकर 184 कहानियाँ तथा 28 लघु कथाएँ हैं। जो अनेक विषयों से संबंधित है। इनमें 'अभी भी', 'लकड़बग्घा' 'लक्ष्मी', 'जिनावर', आदि कहानियाँ पठनीय है।

'केंचुल' कहानी में कमला अपने गुजारे के लिए शराब बनाकर बेचती है। वह लड़ना चाहती है पर स्त्री की त्रासदी को अच्छी तरह से जानती है। नारी अपने सम-सामयिक समाज में अपनी अस्मिता और सुरक्षा के लिए जी तोड़ प्रयत्न करती है।

'प्रेत योनि' में नायिका अपने परिवार के दोहरे आचरण से आश्चर्य चकित है। कुछ कहानियों में खून के रिश्ते भी मानवीय संबंधों में अपनी निरर्थकता प्रदर्शित करते है।

कुछ कहानियों में भावुक चरित्रों की संवेदनाओं का उल्लेख किया गया है।

मिनाक्षी मिश्रा ने भी 'चित्रा मुद्गल के कथा साहित्य में स्त्री जीवन की विविध छबियों का चित्रण किया है।

कुछ कहानियों में ग्रामीण विधवा स्त्री की व्यथा, निम्नवर्ग की पारिवारिक समस्याएँ तथा मधु नाम की दुर्घटनाग्रस्त अपाहिज नारी की दशा का चित्रण किया है। बयान' नामक कहानी में अनिता गुप्ता नाम की लड़की का बलात्कार की शिकार होने से बचने की कथा व्यक्त की है। 'बाघ' कहानी में अवसरवादी मध्यमवर्गीय समाज का चित्रण किया गया है। 'रिश्ता' लघुकथा में मार्था' नामक नर्स का चित्रण किया गया है। जिसमें हर मरीज की यमाँ बनकर उसकी सेवा करती है। मानदण्ड' में दलित स्त्री की 'छुआ छूत' से परेशान नारी का चित्रण किया गया है। प्राध्यापक कस्बे आमघाली किशनराव ने अपने प्रबंध में चित्रा मुद्गल के कथा साहित्य में व्यक्त नारी जीवन संघर्ष में चित्रा जी के कथा साहित्य में नारी संघर्ष की कथा दी है। सफेद सोनारा' कहानी में एक अध्यापिका को प्रेम में धोखा मिलता है। 'तकिया' कहानी में चित्रा जी ने एक नौकरीपेशा औरत का चित्रण किया है जिसका एक छोटा बच्चा है जिसके कारण उसे नौकरी में वक्त नहीं मिल पाता इसलिए वह आया के भरोसे बच्चे संभालने का काम करती है। 'हथियार' कहानी में नौकरी करने वाली युवती की कथा है, जिसके माता-पिता अलग रहते हैं। उसकी माँ अपने दूसरे पति से त्रस्त हो चुकी है। युवती को न तो अपनी माँ के पास रहना है, न पिता के साथ।

'जब तक विमलाएँ हैं' कहानी में विमला अपने औलाद की नाइंसाफी के विरुद्ध आवाज उठाती है। 'अभी भी' कहानी में शिल्पा ससुराल वालों के सामने विद्रोह करती है। 'प्रेतोयोनि' कहानी में लड़की घर में नजरबंद है। क्योंकि उसकी माँ नौकरी करने अन्यत्र जाती है और बच्चे को घर में नजरबंद कर नौकरी में चली जाती है।

नौकरीपेशा कहानी की ललिता को अपने पति की जिम्मेदारी वहन करना पड़ती है। ललिता अपने बॉस को भोजन के लिए आमंत्रित करती है तब ललिता का पति बॉस के प्रति संदेह करता है। ललिता का पति ललिता को संदेह की दृष्टि से ही देखता है।

'मोर्चे पर' कहानी में रिना नाम की विधवा भी अपने पति सुदीप के शहीद होने के बाद तनाव से घिर जाती है। 'स्टेपनी' में नौकरीपेशा नायिका आया की गृहस्थी संभालने के साथ नौकरी भी करती है इसलिए उसे नौकरी और गृहस्थी दोनों की जिम्मेदारी वहन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है पति के आंतक को उसे चुपचाप सहना पड़ता है। 'सौदा' कहानी में अनपढ मासूम ग्रामीण स्त्री गेंदा को नौकरी का लालच देकर दलाल उसे बाजार में बेच देता है।

'फातिका बाई कोठे पर नहीं रहती' कहानी रेड-लाईट ऐरिया की वेश्याओं की यातना भरी जिंदगी का चित्रण किया गया है।

'रूना घर आ रही है' कहानी में रूना एक श्रीमन्त आदमी से प्रेम करती है। उसे विवाह की मंजूरी अभी मिल गई है, किन्तु एक शर्त पर शादी को टाल दिया जाता है। शर्त यह है कि बुआ की शादी होने पर ही रूना की भी शादी होगी। इस शर्त पर रूना टूट जाती है।

'लाक्षागृह' की नायिका नौकरी करती है। नायिका सुन्दर नहीं है। उसकी अन्य बहनों की शादी हो जाती है किन्तु नायिका असुन्दर होने से अविवाहित रह जाती है। भूख' कहानी की नायिका लक्ष्मा अपने छोटे बच्चें को भी भिखारिन को देने में तैयार होती है।

इस प्रकार चित्रा मुद्गल की कहानियों में नारी के संघर्ष को व्यक्त किया गया है। अक्सर यह देखा गया है कि स्त्री के विवाह में कई बार किसी न किसी कारणों से वैवाहिक संबंधों में रूकावटें डालने का हथकंडा अपनाया जाता है। वस्तुत: आर्थिक स्थिति के कारण ही नारी को संबंधों में रूकावटें शुरू होती है।

चित्रा मुद्गल के कथा साहित्य में भावबोध - यथार्थ के प्रति वर्तमान दृष्टिकोण, स्त्री-पुरुष संबंधों में परिस्थितिजन्य बदलाव, काम संबंधों में दृष्टि, महानगरी जीवन की प्रवृत्तियाँ, भूलें और मानवी संबंधों में परिवर्तन, वर्तमान सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक परिवेश के प्रति जागरूकता आदि संदर्भ में वैचारिक दृष्टिकोण भावबोध के अंतर्गत समाहित होते हैं। आधुनिकता के नाम पर साहित्य में दमित वासनाओं और यौन कुंठाओं की विकृतियाँ आज के युग में उभरने लगी है।

चित्रा मुद्गल की कहानियों में मध्यवर्गीय नारी की द्वंद्वात्मक स्थितियों का चित्रण किया गया है।

महानगरीय परिवेश जैसी परिस्थितियों में महानगरीय निवासियों की जीवन शैली, उनकी समस्याएँ, संस्कृति आदि महानगरीय निवासी बोध व्हलाता है। मानवीय सामाजिक व्यवस्था का वृहत् रूप महानगर तक जाता है।

महानगर की विभिन्न विशेषताओं और विषमताओं को लेकर महानगरी जीवन से जुड़े विविध पहलुओं का अध्ययन ही महानगरी बोध के दायरे में आता है।

कहानियाँ अपने समय के यथार्थ को कहीं न कहीं अभिव्यक्त की जाती हैं। कहानियों का स्वरूप, किरदार, वेशभूषा, खानपान,उपमा, प्रतिमान, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक सूचना आदि बिन्दु यथार्थ ज्ञान के दायरे में व्यक्त होती है।

रामायण, महाभारत काल में पूर्ण व्यवस्थित समाज के दर्शन होते हैं।

ऋग्वेद काल से लेकर सत्यनारायण की कथा तक पता चलता है कि हाँ बड़ी-बड़ी नावें बनाई जाती थी और परिवहन का प्रचुर मात्रा में व्यापार तथा आवागमन के लिए उपयोग होता था।

मुंशी प्रेमचंद की कहानियाँ उस युग का ऐसा यथार्थ चित्रण करती है कि पढने वालों के सामने घटना जीवन्त प्रतीत होती थी।

चित्रा मुद्गल की 'केंचुल' कहानी में बंबई हाशिये पर रहने वाले वर्ग से सम्बन्द्ध कहानी है। इस वर्ग के रहन-सहन, तंगहाल जिंदगी और नई पीढी के लड़के-लड़कियों में अपने भावी जीवन के संबंध में निर्णय लेने की क्षमता का अंकन किया है।

उनके लेखन में 'सफेद सिनारा' (1967), 'दशरथ का वनवास' (1973), 'जहर ठहरा हुआ'(1990), 'लाक्षागृह' (1982)।

'दशरथ का वनवास' में एक ऐसे पिता को अपने पुत्र के प्रति संवेदना व्यक्त हुई है। जो उनसे संबंध तोड़ चुका है। यहाँ तक कि उनके श्राद्ध तक में शामिल नहीं रहा। इसका कारण है, बचपन में पुत्र के प्रति पिता का कठोर व्यवहार, तो क्रूरता की हद की तरह असंवेदनशील था। पिता की मृत्यु के बाद पुत्र को एक पार्सल मिला, जिसमें वही साइकिल बंधी हुई है, जिसके एक दिन चुपके से सवारी करने में बड़ी बेरहमी से पीटा गया।

अग्निरेखा में एक बीमार लकवाग्रस्त स्त्री की कुंठा का चित्रण किया गया है। उसे लगता है कि वह छोटी बहन के प्रति ईर्ष्यालु हो गई है। वह परिचर्चा के बहाने उसके पति पर डोरे डाल रही है। यह कथा यद्यपि मनोवैज्ञानिक है लेकिन समकालीन जिंदगी में इसका कोई विशेष प्रभाव परिलक्षित नहीं दिखाई देता है।

इस दौरान चित्रा मुद्गल की 'पाली का आदमी', 'शिनाख्त' हो चुकी है' 'केंचुल', 'लाक्षागृह', 'बावजूद इसके', मामला आगे बढेगा', 'अभी', 'इस हमाम में जैसे उल्लेखनीय कहानियाँ आई।

'पाली का आदमी' में एक ऐसे व्यक्ति की परेशानी का चित्रण किया गया है, जो बचपन की शादी और उससे हुई कन्या को नकार कर नगर में यफैक्टरी में उच्च पद पर कार्यरत रहा। और उसने दूसरी शादी कर ली। उसने दूसरी पत्नी से यह तथ्य छिपा रखा है। पत्नी किसी स्कूल या कॉलेज में पढाती है। पति को फैक्टरी की दूसरी पाली में काम करना पड़ता है जिसका एकमात्र मकसद उत्पादन बढाना है। पत्नी से कम मुलाकात होने के बावजूद उसका जीवन एक ढर्रे पर चल रहा है। इस बीच उसकी पहली पत्नी से हुई बच्ची बड़ी हो चुकी है, जिसका विवाह होने वाला है। वह अपने पिता को एक मार्मिक पत्र लिखती है कि वह उसे आकर कम से कम आशीर्वाद तो दे जाए। उसकी बहन भी उसे पत्र लिखती है कि बेटी के विवाह में आर्थिक सहायता देकर अपना पूरा फर्ज करें। इस पत्र को पाकर वह पसोपेश में पड़ जाता है।

'शिनाख्त हो गई है' में किसी महानगर में एक बच्चे के समय पर स्कूल से न लौटने पर उसकी माँ की मानसिक चिन्ता बढ जाती है। 'केंचुल' कहानी में तंगहाली में जिंदगी अपने भावी जीवन के बारे में कुछ निर्णय लेने की क्षमता प्रदर्शित करता है।

'लाक्षागृह' की लड़की असुन्दर होने से विवाह न कर पाने में अक्षम है। इस कथा की सारी समस्या औरत होना है क्योंकि विवाह के लिए औरत का सुन्दर होना जरूरी है।

'एक लंबी कहानी' में एक पुरुषवादी मानसिकता के शिकार, मौज-मस्ती का जीवन जीने वाले और स्त्री को भोग सामग्री मानने वाले क्रूर पति के विरुद्ध उसी पढी लिखी, संवेदनशील पत्नी के विद्रोह और उसकी ज्यादतियो सह न पाने पर स्वतंत्र जीवन जीने का निर्णय लेती है।

'मामला आगे बढेगा अभी' में एक घरेलू नौकर तथा अभिजात वर्ग के दाम्पत्य जीवन के विरोधाभासों का अंकन किया गया है। अन्याय करने वाले मालिक के प्रति प्रतिशोध की भावना व्यक्त की गई है।

'इस हमाम में' कहानी में बतलाया गया है कि नारी किसीभभी वर्ग की हो उसे पति के अत्चार को सहना ही पड़ता है। निम्नवर्ग की औरतें तो बिना किसी झिझक के पति को तंग कर दूसरा विवाह कर लेती है। किन्तु उच्च वर्ग की औरतें ऐसा नहीं कर पाती। क्योंकि वे पति की आर्थिक स्थिति पर जींदा है। लेखिका का कहना है कि स्त्रिों का स्वतंत्र होने के लिए आर्थिक दृष्टि से स्वावलंबी होना जरूरी है।

'जहर ठहरा हुआ', 'रूना आ रही है', 'अनुबंध' और त्रिशंकु में कहीं सास बहू के संबंधों का तनाव कहीं पुरुष की सोच है कि उसे पुत्री के रूप में संतान नहीं चाहिए। एक दिन उसे पता चलता है कि उसकी माँ और पत्नी साथ-साथ गर्भवती है। जिससे वह लज्जा का अनुभव करता है।

त्रिशंकु में झोपड़ीपट्टी में रहने को विवश जिंदगी जीने वाले समाज का चित्रण किया गया है जिसमें पति रिकशा चलाता है और पत्नी घर में सफाई का काम करती है।

'सौदा' कहानी में दलित वर्ग की एक स्त्री के अपने ही गुंडे पति के विरुद्ध खड़ी होने के संकल्प का चित्रण है।

चित्रा मुद्गल की कहानी 'भूख' बंबई की झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाली नितान्त गरीब लोगों की कहानी है, जो भूख की पीड़ा झेलने के लिए शिशुओं को भिखारिनों के वेश में,रेल्वे स्टेशनों पर जेब काटने वाली,सहायता देने वाली औरतों का चित्रण किया गया है।

'जगदम्बा बाबू गाँव आ रहे हैं' में निम्नवर्ग की एक ऐसी माँ की भावनाओं का चित्रण किया गया है, जिसके अपंग बेटे को बड़े तामझाम के साथ पहिया गाड़ी दी जाती है, पर दूसरे ही दिन बहाना बनाकर वापस ले ली जाती है। इस कहानी में एक निर्धन माँ की भावनाओं का मार्मिक अंकन किया गया है। इसके साथ ही नेताओं और व्यवस्था के छद्म भरे नाटक का भी पर्दाफाश किया गया है।

'जिनावर' में एक गरीब तांगे वाले की दयनीय पारिवारिक स्थिति और अपनी घोडी के प्रति गहरी संवेदनशीलता की अभिव्यक्ति की गई है। 'अपने गिरेबान में बंबई के अभिजात समाज की कथा है जहाँ क्लबों में 'वाइफ रूवैपी' में अपनी पत्नियों की अदला-बदली कर मजे लूटने का खेल खेला जा रहा है।

चित्रा मुद्गल की कहानी 'ऐंटिकपीस और नीले चौखाने वाला कम्बल' कहानियों में मध्यम वर्ग की बेचारगी का चित्रण किया गया है। 'ऐंटिक पीस' कहानी में माँ अपनी बहन की समृद्धि से इतनी प्रभावित है कि सदा उसके साथ उसके सामने बिछी रहती है। उसे खुश रखने के लिए वह अपने पति और बच्चों तक कीपरवाह नहीं करती। इसकी पढी-लिखी बेटी, जो बेकारी से मुक्ति पाने के लिए जूझ रही है, यह सब पसंद नहीं करती पर माँ की अपने को बड़ा दिखाने की कुंठा इतनी जबरदस्त है कि घर में पहले से पड़ी चीजों उन्हें उपहार देने के लिए बेचैन रहती है। 'नतीजा' कहानी में सेक्स का धंधा को करने वाली औरतों की बच्चियों के एक होम का चित्रण किया गया है, जिसकी संचालिका का अपना सर्वस्व समर्पित करने के बाद भी उसकी किसी स्कूल की भर्ती परीक्षाओं में असफलता को लेकर निराशा ही हाथ लगी।लेखिका ने संचालिका की हताशा का बहुत अच्छा अंकन किया है।

'बेईमानी' में प्लेटफार्म पर रूकी ट्रेनों में पत्रिकाएँ बेचने वाले हॉकरों की मजबूरियों का चित्रण किया गया है।

'जगदम्बा बागू गाँव आ रहे है' में संकलित कहानियों में 'सौदा', 'अभी भी', 'ताशमहल', 'प्रमोशन' आदि कहानियों में केवल पढी-लिखी कामकाजी महिलाओं की दशा की ही स्थिति नहीं दशीयी है अपितु अनपढ नारी भी अपनी अस्मिता के प्रति सचेत और जागरूक है तथा रूढ़ संस्कारों और अवमूल्यन को झटक कर सुस्पष्ट रूप से इस अवधि की कहानियों में भी हाशियों पर जीने वाले पात्रों का चित्रण किया है।

उनकी कहानियों में ईर्ष्या-द्वेष और स्वार्थपूर्ण पारिवारिक संबंधों का चित्रण बहुत उत्तम रीति से व्यक्त किया गया है। इस कहानी में भी 'बाघ' अपनी केन्द्रीयता में सांप्रदायिकता विरोधी कहानी व्यक्त की गई है।

Moreover, the atheists spread the concept that Christians were immoral. Smith noted that the nineteenth British atheists had a strong belief that "Religion was immoral: it was destructive of personal happiness, intellectually false, anachronistic and in general socially pernicious" (Smith 207). Notable atheists such as Charles Bradlaugh campaigned against the realities of the American, French, and British societies, characterised by the suffering poor people and the rich who accumulated all the wealth and lived in comfort. For atheism, the inequalities in the culture served as evidence against God's element of Providence and involvement in people's lives. For instance, in 1865, Bradlaugh wrote a booklet which stated that "….Thelabourer may pray, but, if work be scant and wages low, he pines to death while praying…. Prayer to the Unknown for aid gives no strength to the prayer" (Bradlaugh 1-8). Annie Besant stated similar thoughts in her 1885 essay Is Christianity a Success. For instance, Annie notes the "heavens can be won by a prayer, when the earth is lost" (Besant 280). Beviremphasises Annie refers to a 'lost earth' due to the injustices in the world, such as inequality, as mentioned by Bradlaugh (72). The atheists, therefore, spread their ideologies to eliminate the belief in God as an obstacle to societal morality and progress.

The Growth of Atheists and Rise in Blasphemy : The description of the origin and growth of atheism in the nineteenth century is incomplete without analysing the succession of leaders who began and developed the concepts. Literature has often recognised atheists such as Thomas Paine, Richard Carlile, Robert Owen, Holyoake, and Charles Bradlaugh. These atheists played significant roles in the spread of atheism across Britain and represented different strands of atheism (Rectenwald 84). Arguably the most important pioneer of atheism was Thomas Paine, whose remarkable works and publications such as Common Sense, The American Crisis, Rights of Man, and The Age of Reason became incredibly influential to atheists and secular circles. In his analysis of Thomas Paine's life in the Rediscovering Thomas Paine, Richard Bernstein noted that his followers from the United States, France, and Britain had celebrated him as a courageous pioneer of human liberty (875). He was a great freethinker who sought to liberate humans from tyranny and any forms of ignorance and superstition (875). David Nash recognises the Age of Reason as the most important writings of Paine in the English atheist circles. This is notably because the publication contained emotive, musical, and concise condemnations of religious doctrines and its adverse effects on humanity. However, despite the Age of Reason and other Paine's being essential to the growth of atheism, the literature has a gap in analysing individual publications and elements in the works that contributed to the development and spread of atheism.

While the atheists played a critical role in the growth of atheism, they also led to the rise in blasphemy-related prosecutions. The law against blasphemy and blasphemous individuals in the West, especially England, Wales, and France, was a common-law offence for over three centuries (Hunter 68). However, the nineteenth century was at the height of the prosecutions. For instance, in the article Thomas Paine "The Age of Reason" Revisited, Prochaskanoted that Thomas Paine wrote the Age of Reason while in prison for his public condemnations of religious establishments (568). As early as 1814, brothers Daniel Eaton Houston and George Houston were put on trial under the blasphemy laws for publishing the rewritten version of Baron D'Holbach's Story of Jesus Christ. Titled

Ecce Homo, the book portrayed Jesus as a mere historical figure (Walter 36). In his work World Crimes, Joss Marsh gives an account of Richard Carlile's life, including blasphemy-related prosecution for reprinting Thomas Paine's works (214). In 1818, the Society for the Suppression of Vice prosecuted Carlile for reading Paine's Age of Reason during his trial. He was convicted for blasphemy and spent six years in prison.

Historian JM Robertson analysed the case of Susannah Wright, a worker who helped run Richard Carlile's shop when he was in prison. She spent eighteen months in prison for publishing writings against the Christian religion (Robertson 37). However, the early prosecutions of atheists for blasphemy only caused more libel and public outrage. By the year 1825, the authorities in most Western countries gave up prosecuting atheists and released blasphemy prisoners. However, the reprieve proved temporary. In 1857, Thomas Pooley was prosecuted for blasphemy by clergyman Paul Bush (Toohey 320). In the 1860s, Charles Bradlaugh went into trial to defend his publication National Reformer (de Villiers 84). While the next decade offered a reprieve for the atheists, the prosecutions for blasphemy resumed in 1877, involving several court cases. Atheists such as Henry Cook, Charles Bradlaugh, WA Hunter, Annie Besant, and Edward Truelove were prosecuted and imprisoned for blasphemous publications and messages (Kaslem 79).

Conclusion: The literature suggests English mechanick tradition, the rise of nonconformity, Epicureans, and the French Revolution were the origins of atheism in most English countries and led to the development of different strands of atheism. The succession of atheism leaders from Thomas Paine to Charles Bradlaugh spread blasphemous messages such as immorality of Christianity, lack of rationality of the Bible, and non-existence of God. The blasphemous ideologies led to rising in trials and prosecutions of the atheists and their followers. In essence, the literature about the growth of atheism and blasphemy in the nineteenth century is comprehensive, with scholars giving reasonable attention to the subject.

References:-

1. Amphlett Micklewright. "The Local History of Victorian Secularism." Local Historian. (1969) 7:221-227
2. Berman, David. A History of Atheism in Britain: From Hobbes to Russell. Routledge, 2013.
3. Bernstein, Richard B. "Rediscovering Thomas Paine." NYL Sch. L. Rev. 39 (1994): 873.
4. Besant, Annie. An Autobiography. Penguin Books, 2005.
5. Bevir, Mark. "Annie Besant's Quest for Truth: Christianity, Secularism and New Age Thought." The Journal of Ecclesiastical History 50.1 (1999): 62-93.
6. Bradlaugh, Charles. "Labour's Prayer," in Charles Bradlaugh, A Selection of the Political Pamphlets of Charles Bradlaugh (New York: Augustus M. Kelley, 1970), 1-8.
7. Conrad, Nickolas G. Marginalization of Atheism in Victorian Britain: The Trials of Annie Besant and Charles Bradlaugh. Diss. Washington State University, 2009.
8. De Lubac, Henri. The Drama of Atheist Humanism. Ignatius Press, 1995.
9. De Villiers, Roland. "Circumstances of Publication: Progressive Politics and the Obscene Science of Annie Besant, Charles Bradlaugh, and."Obscenity and the Publication of Sexual Science in Britain, 1810-1914 (1914): 84.
10. Dulles, Avery Cardinal. "The DeistMinimum." First Things: A Monthly Journal of Religion and Public Life 149 (2005): 25-31.
11. Griffiths, Robert. "Shelley and the Old and New Atheism." PN Review 38.2 (2011): 25.
12. Hill, Christopher. "The English Bible and the Seventeenth Century Revolution. 1993." David Katz, The Bible in English History (Forthcoming from OUP) (1994).
13. Hill, Christopher. The World Turned Upside Down: Radical Ideas During the English Revolution. Penguin UK, 2020.
14. Hunter, Ian. "Religious Offences and Liberal Politics: From the Religious Settlements to Multi-cultural Society." (2005).
15. Ilardo, Joseph A. "Charles Bradlaugh: Victorian Atheist Reformer." Communication Quarterly 17.4 (1969): 25-34.
16. Jager, Colin. "Shelley After Atheism." Unquiet Things. University of Pennsylvania Press, 2014. 224-243.
17. Jones, Peter. "Blasphemy, offensiveness and law." British Journal of Political Science 10.2 (1980): 129-148.
18. Kalsem, Kristin. In Contempt: Nineteenth-Century Women, Law, and Literature. The Ohio State University Press, 2012.
19. Marsh, Joss. Word crimes: Blasphemy, Culture, and Literature in Nineteenth-Century England. University of Chicago Press, 1998.
20. Mary Poovey, Making a Social Body: British Cultural Formation. Chicago: The Universityof Chicago Press, 1995.
21. Nash, David. "The (Long) Nineteenth Century." The Oxford Handbook of Atheism. Oxford University Press, 2013. 212-228.
22. Pasquale, Frank L. "A Portrait of Secular Group Afûliates." Atheism and Secularity [2 volumes] (2009): 43.
23. Prochaska, Franklyn K. "Thomas Paine's The Age of Reason Revisited." Journal of the History of Ideas 33.4 (1972): 561-576.
24. Quinault, Roland E. "The Fourth Party and the Conservative Opposition to Bradlaugh 1880-1888." The

English Historical Review 91.359 (1976): 315-340.
25. Rectenwald, Michael. Nineteenth-Century British secularism: science, religion and literature. Springer, 2016.
26. Robertson, John Mackinnon. History of Free Thought in the Nineteenth Century. Vol. I. GP Putnam's Sons, New York, 1930.
27. Robilliard, St John, and John A. Robilliard. Religion and the law: Religious liberty in Modern English law. Manchester: Manchester University Press 1984.
28. Robson, Robert, ed. Ideas and Institutions of Victorian Britain: Essays in honour of George Kitson Clark. New York: Barnes & Noble, Inc., 1967.
29. Royle, Edward. Victorian infidels: The Origins of the British Secularist Movement, 1791-1866. Manchester University Press, 1974.
30. Smith, Francis B. "The Atheist Mission, 1840-1900." Ideas and Institutions of Victorian Britain (1967): 205-235
31. Toohey, Timothy J. "Blasphemy in Nineteenth-century England: the Pooley Case and Its Background." VictorianStudies 30.3 (1987): 315-333.
32. Walter, Nicolas. Blasphemy: Ancient & Modern. London: Allen Lane, 1973.
33. Wright, Terence R. "The Religion of Humanity: The Impact of ComteanPositivism on Victorian Britain." (1986).
34. Yates, Bryan M., A Prosecution Fraught with Danger: The Trial of Charles Bradlaugh and Annie Besant. MA Thesis, Arizona State University Press: 1996.
35. Zuckerman, Phil, ed. Atheism and Secularity [2 volumes]. ABC-CLIO, 2009.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति एवं सामाजिक समस्याएँ : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

रुची गौतम*

*अतिथि शिक्षक (विधि) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – विश्व में मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता के विकास के साथ महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के प्रति चिंता बड़ी है। भारत में गुलामी की अवधि में सामाजिक स्थितियाँ क्रमश: बिगड़ती गयी और परतंत्रता की मानसिकता ने राष्ट्रकवि मैथलीशरण गुप्त की पंक्तियों को इस प्रकार चरितार्थ किया– 'हम कौन थे क्या हो गए और क्या होंगे अभी आओ विचारे आज मिलकर ये समस्याएं सभी' आजादी के बाद 73 वर्षों की विकास यात्रा में देश में महिलाओं, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और सामाजिक मान्यताओं के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन की सुगबुगाहट अवश्य लक्षित है। लेकिन इस विशाल और अनगिनत विविधता वाले देश में इस परिवर्तन का अंश नगण्य ही है। संविधान में महिलाओं को पुरूषों के समान ही अधिकार दिए है, अत्याचारों से दबी उनकी दयनीय जीवन स्थितियों को रूपांतरित करने और सामाजिक, आर्थिक तथा विधिक पहचान बनाने के लिए कई कल्याणकारी मान्यताएं दी है। लेकिन उनकी विकास की स्थिति और दशा आज भी चिंतनीय है।

शब्द कुंजी – महिला, अधिकार, समानता, परिस्थिति, सामाजिक, समस्या, परिवार भूमिका।

प्रस्तावना – किसी भी सभ्य समाज की स्थिति उस समाज में स्त्रियों की दशा देखकर ज्ञात की जा सकती है। महिलाओं की स्थिति में समय–समय पर देश काल के अनुसार परिवर्तन होता रहा है। समय के साथ भारतीय समाज में अनेक परिवर्तन हुये जिससे महिलाओं की स्थिति में दिन–प्रतिदिन गिरावट आती गई तथा गरीब महिलाओं पर इसका अधिक प्रभाव पड़ा, क्योंकि सैकड़ों वर्षों की परतन्त्रता के कारण भारतवर्ष विश्व के सबसे गरीब देशों में से एक है। समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका उतनी ही प्रमुख है जितनी कि शरीर को जीवित रखने के लिये जल, वायु और भोजन है। स्त्रियां ही संतति की परम्परा में मुख्य भूमिका निभाती है फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आधुनिक कहे जाने वाले समाज तक स्त्रियां उपेक्षित ही रही है। उन्हें कम से कम सुविधाओं, अधिकारों और उन्नति के अवसरों में रखा जाता रहा है, इसी कारण महिलाओं की परिस्थिति अत्यन्त निचले स्तर पर है। भारतीय समाज की परम्परागत व्यवस्था में महिलायें आजीवन पिता, पति और पुत्र के संरक्षण में जीवन–यापन करती रही है। भारतीय संविधान में पुरूषों एवं महिलाओं को समान दर्जा और अधिकार दिये जाने के बावजूद इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि विकास और सामाजिक स्तर की दृष्टि से महिलायें अभी पुरुषों से काफी पीछे हैं। भारतीय समाज में महिला आज भी कमजोर वर्गों में शामिल है। महिला परिवार की आधारशिला है और सामाजिक विकास बहुत कुछ उसी के सद्प्रयासों से सम्भव है। जिस समाज की महिलायें उपेक्षा और तिरस्कार का शिकार होती है वह समाज कभी प्रगति नहीं कर सकता।

महिलाओं के ऊपर सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, शैक्षणिक, व्यवसायिक एवं अन्य अनेक ऐसी निर्योग्यतायें लाद दी गई है जिसके कारण उन्हें जीवन में आगे बढ़ने एवं व्यक्तित्व का समुचित विकास करने का अवसर नहीं मिलता। ये निर्योग्यतायें उनके लिए बहुत बड़ी चुनौतियां एवं समस्यायें बनकर उभरी है। इन निर्योग्यताओं के कारण कार्य में दक्षता, योग्यता एवं कुशलता होने के बावजूद ये महिलायें न तो सार्वजनिक क्षेत्र में अपना योगदान कर सकती थी और न शिक्षा प्राप्त कर सकती थी, न उच्च संस्थानों में नौकरी कर सकती थी और न किसी प्रकार का धार्मिक कार्य बिना पुरूष के सम्पादित कर सकती थी। पुरूष वर्ग के साथ खानपान पर प्रतिबन्ध था। महिलाओं के लिये उच्च शिक्षा के दरवाजे पूर्णतया बन्द थे जिससे उन्हें विवशतापूर्ण जिन्दगी घर की चहारदीवारी के अन्दर व्यतीत करनी पड़ती थी। इन्हें पढ़–लिखकर नौकरी करने के अधिकारों से वंचित रखा गया था। महिलाओं की बदतर स्थिति के लिये मूलरूप से ही लड़कों, लड़कियों को संस्कार रूप में मिलने वाली सोच जिम्मेदार है, उसके बाद पारिवारिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक परम्पराये, मूल्य तथा रीति–रिवाज इस दृष्टिकोण की ओर पुष्टि करते हैं। अत: इस सोच में बदलाव लाना महिला विकास की सबसे बड़ी चुनौती है। महिलाओं की शिक्षा पर बल देते हुये विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948) के ये ऐतिहासिक शब्द भी ध्यान देने योग्य है, जो निम्न हैं –

'शिक्षित स्त्री के बिना शिक्षित पुरूष हो ही नहीं सकता। यदि पुरुषों और स्त्रियों में से केवल किसी एक के लिये सामान्य शिक्षा का प्रावधान करना हो तो यह अवसर स्त्रियों को दिया जाना चाहिए क्योंकि यह शिक्षा स्वयंएमेव अगली पीढ़ी को प्राप्त हो जायेगी।'

सन् 1963 के वनस्थली विद्यापीठ में भाषण देते हुये पं. जवाहर लाल नेहरू ने भी इसी तथ्य को दोहराया था कि लड़के की शिक्षा केवल एक व्यक्ति की शिक्षा है परन्तु एक लड़की की शिक्षा सम्पूर्ण परिवार की शिक्षा है। उपरोक्त विवेचन से महिलाओं के लिये शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्व

स्पष्ट होता है लेकिन स्त्री शिक्षा इतनी आवश्यक होते हुये भी उपेक्षित है इसलिये महिलाओं के सामने यह एक जटिल समस्या एवं चुनौती के रूप में उभरकर सामने आयी है। शैक्षिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक आदि सभी दृष्टियों से महिलायें अभी भी पिछड़ी हुई है। कानूनी और संवैधानिक दृष्टि से अनेक अधिकार प्राप्त होने और योजनागत विकास कार्यक्रमों के प्रावधानों के बावजूद महिलाओं की परिस्थिति शोचनीय ही है।

स्वामी विवेकानन्द के कथनानुसार कोई राष्ट्र तब तक अपना पूर्ण विकास नहीं कर सकता जब तक कि उसका प्रत्येक नागरिक राष्ट्र के विकास में भागीदार नहीं बनता।

इस प्रकार स्त्री एक अच्छे समाज और अच्छे राष्ट्र का स्रोत होती है। विद्या से ही व्यक्ति संकीर्ण मानसिकता और रूढ़िवादिता की जंजीरों को तोड़ सकता है। यदि स्त्री शिक्षित है तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। शिक्षा ही हमें सामाजिक भेदभावों और ऊँच-नीच की भावनाओं से उबारने का काम करती है। इसलिये स्त्रियों का शिक्षित होना बहुत आवश्यक हो जाता है क्योंकि उसके विचार ही उसके बच्चे होते है अगर वह अपने बच्चों को इन रूढ़िगत विचारों से दूर रखे और यह बताये कि कोई छोटा या बड़ा नहीं होता। व्यक्ति के कार्य और विचार ही उसे छोटा या बड़ा बनाते हैं। यदि माता अपने बच्चों में जाति-भेद और धर्म-भेद रहित विचारों का बीजारोपण करे तो आगे चलकर वह एक ऐसा वृक्ष बनेगा जिसमें सामाजिक-समरसता से पूर्ण फल लगेंगे जो बिना किसी भेदभाव के छाया भी प्रदान करेगा।

इस प्रकार एक शिक्षित स्त्री एक शिक्षित देश को जन्म देती है। यदि हम इतिहास पर नजर डालें तो हमें ऐसी बहुत सी विदुषी स्त्रियों के नाम मिल जायेंगे जिन्होंने अपनी विद्यता का लोहा मनवाया था और इस प्रकार इतिहास में अपना नाम अमर करवा लिया था। ऐसी स्त्रियों में अपाला, घोषा, गोपा, सावित्री, मैत्रेयी और गार्गी जैसी अन्य अनेक स्त्रियों के नाम मिलते हैं जिन्होंने विद्यार्जन कर स्त्रियों के अस्तित्व को गौरव प्रदान किया था। उनकी शक्ति थी उनकी विद्या, लेकिन बाद के कालों में उनकी यह शक्ति उनसे छीनी जाने लगी। उन्हें विद्या से रहित कर दिया गया और यही उनकी स्थिति की अवनति का कारण बना। देखा जाये तो आज भी वो स्थिति प्राप्त नहीं कर पाई है। हालांकि कुछ हद तक उसने अपने को उबारा है, लेकिन अभी भी पूर्णरूपेण उन्नति होना बाकी है। सामाजिक कुरीतियों का उसे शिकार बनाया गया। छोटी उम्र में विवाह प्रारम्भ हुये, उपनयन संस्कार से उसे वंचित किया जाने लगा, फलस्वरूप उसका व्यक्तित्व कुंठित हो गया है।

बाल-विवाह के कारण शिक्षा उससे छिन गई और तब यह केवल सभ्रान्त परिवारों की स्त्रियों तक ही सीमित हो गई या पुरूष की संकीर्ण मानसिकता, स्त्री को शिक्षा से वंचित होना पड़ा जिसके कारण वह पर्दा-प्रथा, सती प्रथा, नियोग-प्रथा आदि अनेक बुराईयों की बेड़ियां काटने में असक्षम हो गई क्योंकि उसका हथियार 'शिक्षा' उससे छीना जा चुका था। शिक्षा जो कि सिर्फ सर्वांगीण विकास ही नहीं करती बल्कि हमें समाज में व्याप्त बुराईयों से लड़ने की शक्ति भी प्रदान करती है। वो हमें अपने अधिकारों के प्रति सचेत करती है।

साहित्य अवलोकन - अनेक समाजशास्त्रियों, जनसंख्याविदों तथा शिक्षाविदों ने स्त्रियों की सामाजिक स्थिति का अनुभवात्मक अध्ययन किया है तथा अपने विश्लेषण के द्वारा महिलाओं की सामाजिक, व्यवसायिक गतिशीलता तथा पुरूषों के समान शैक्षणिक व सामाजिक अधिकार, परिवार में निर्णय निर्धारक भूमिका तथा प्रदत्ता परिस्थिति को नकार कर, अर्जित प्रस्थिति द्वारा अपनी क्षमता के नये आयामों को उद्घाटित करना, के सन्दर्भ में विभिन्न मत प्रस्तुत किये गये हैं। यहाँ शोध आलेख से सम्बन्धित विभिन्न समाजशास्त्रियों, जनसंख्याविदों तथा शिक्षाविदों के साहित्य का अवलोकन किया गया है जिसमें इनके अध्ययन के निष्कर्षों का संक्षिप्त विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

मीनाक्षी मुखर्जी (1988) का मत है कि पुरूषों से स्वतन्त्र स्त्रियों की पहचान की अभिव्यक्ति वैचारिक दृष्टि से सम्भव है परन्तु व्यवहारिक तौर पर नहीं। एक पुरूष की अपेक्षा एक स्त्री के लिये सामाजिक अनुपालन अधिक आवश्यक है। सामान्यत: एक महिला की पहचान स्वयं और अन्य लोगों के द्वारा पुरुषों के साथ एक पुत्री, एक पत्नी और एक माँ के रूप में की जाती है। मीनाक्षी का मानना है कि परिवार ही स्त्रियों को गुलाम बनाने वाली संस्था नहीं है। समाज की प्रकृति ही ऐसी है कि जिसमें स्त्रियों के साथ अनादर रूप में व्यवहार किया जाता है।

माग्रेट कारमैक (1779) ने विश्वविद्यालय की 500 छात्राओं के अध्ययन के दौरान पाया कि लड़कियां कॉलेज जाना और लड़कों से मित्रता करना चाहती थीं लेकिन वे ये भी चाहती थीं कि उनका विवाह उनके माता-पिता तय करें। वे अपनी नव स्वतन्त्रता का भोग भी करना चाहती हैं लेकिन साथ ही साथ पुराने मूल्यों को भी बनाये रखना चाहती हैं।

गोविन्द केलकर (1981) ने अपने अध्ययन में पाया कि हरित क्रान्ति वाले क्षेत्र पंजाब में स्त्रियों को दिन-भर कामकाज के बाद पति की सेवा भी करनी पड़ती है। स्त्री द्वारा उलटकर जवाब देना, ठीक तरह से भेजन न परोसना या कभी-कभी पारिवारिक मामलों में बोलना उनका अपराध माना जाता है और इसके लिये उनकी पिटाई भी होती है।

कॉपर ने कानून की नजर में महिलाओं की स्थिति को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। इस अध्ययन के आधार पर महिलाओं की संवैधानिक स्थिति, प्रभुता, अधिकार, सम्पन्नता, कानूनी शक्ति इत्यादि को समझा जा सकता है। वस्तुत: महिलाओं की परिस्थिति को उच्च बनाने की दृष्टि से इनके पक्ष में कानून निर्मित किये गये हैं, किन्तु भारतवर्ष में पुरूष प्रधान समाज होने के कारण भारतीय महिलाओं का एक प्रमुख एवं विचारणीय भाग कानून के प्रावधान से अनभिज्ञ रह गया है फिर भी भारतीय समाज की उच्च वर्गीय महिलाओं ने इसका लाभ उठाकर अपनी सामाजिक परिस्थिति को उच्च किया है।

मिश्र (1981) ने अपने अध्ययन के द्वारा यह बताने का प्रयास किया है कि जब तक सामाजिक-सांस्कृतिक बाधायें समाप्त नहीं होगी तब तक भारतीय महिलाओं का सर्वांगीण विकास सम्भव नहीं है। महिलाओं के प्रति पुरूषों की दृष्टि में परिवर्तन आवश्यक है।

आज भी बहुत से ऐसे ग्रामीणजन हैं जो वासनात्मक निषेध के कारण अपनी बालिकाओं को घर के बाहर नहीं जाने देते और बाल्यावस्था में ही विवाह कर देते है। वस्तुत: आज भी महिलायें पुरुष की नजर में महिला और मात्र महिला है, इसके अतिरिक्त वे कुछ नहीं हैं और पुरुषों का वासनात्मक लक्ष्य बनी हुई हैं। इस दृष्टि में परिवर्तन अपरिहार्य है।

गोस्वामी तुलसीदास ने भी अपने रामचरित मानस के द्वारा इस तथ्य की पुष्टि की है। महिलाओं में अद्वितीय क्षमता पायी जाती है। इन्होंने भक्ति साहित्य, राजनीति, शिक्षा, विज्ञान, तकनीकी, चिकित्सा, सेना इत्यादि सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जाकर अपनी अदभूत प्रतिभा का अनोखा परिचय दिया है। आज महिलाओं को पहचानने की आवश्यकता है। ये सब कुछ कर

सकती है। एक ओर बहुत अच्छी व्यवस्था कर सकती है तो दूसरी ओर समाज में क्रान्ति भी ला सकती है। पुरुषों की सेवा करने में समक्ष है तो पुरूषों को झुकने और उनसे अपनी सेवा कराने की क्षमता भी रखती है।

भारतीय महिलाओं की भूमिका के विभिन्न स्वरूप – विवाह मूलक परिवार में स्त्री की भिन्न-भिन्न परिस्थितियों होती है उदाहरण के लिए बेटी, पत्नी, बहू, माँ इत्यादि। इन परिस्थितियों से सम्बन्धित भूमिकाओं का निर्वाह करना होता है एवं प्रत्येक भूमिका निर्वाह के समय उनसे समपर्ण एवं भेदभाव की भावना की अपेक्षा की जाती है। वहाँ भी उसे निम्न परिस्थिति प्राप्त होती है एवं उनका कोई पृथक व स्वतंत्र अस्तित्व नहीं होता। इस प्रकार स्त्रियों की परिस्थितियों में उतार-चढ़ाव पाया गया है, परन्तु यह परिस्थिति सम्बन्धी उतार-चढ़ाव अचानक परिलिक्षित नहीं हुआ अपितु यह एक क्रमिक प्रक्रिया का परिणाम है। समाज में जैसे-जैसे परिवर्तन व बदलाव आते गये वैसे-वैसे स्त्रियों की स्थिति में भी परिवर्तन होते गये।

जब व्यक्ति की भूमिकाएं अनेक हो जाती है तो उन भूमिकाओं में कभी-कभी संघर्ष की स्थिति आ जाती है व्यक्ति अपनी सभी भूमिकाओं का पूर्ण और यथोचित निर्वाह नहीं कर पाता जिन महिलाओं को घर के भीतर और बाहर कार्य करना पड़ता है वे न तो घर में और न ही घर के बाहर अपने दायित्वों का पूर्ण रूपेण पालन कर पाती है। ग्रामीण समाज की शिक्षित लड़कियों के लिए उचित वर नहीं मिल पाता, जो मिलता भी है उसकी मांग इतनी अधिक होती है कि लड़की के पिता उन मांगों को पूरा करने में असमर्थ होते है। वैवाहिक समस्या एक ज्वलंत समस्या है। आज की शिक्षित महिलायें जिसका शिकार है।

इससे बड़ी कोई विडम्बना नहीं हो सकती कि पुरूष समाज ने समाज की इस आधी दुनिया को अत्याचारों की क्रूर जंजीरों में जकड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी हैं उसको कुचलने मसलने और उसके उपभोग से भिन्न अस्तित्व को स्वीकारने के संदर्भ में पुरुषों का सदैव दोहरा मानदण्ड रहा हैं महिला देह उसकी एक मात्र पहचान बना दी गई हैं वह पुरूष की इच्छा, वासना और निरंकुशता के नियंत्रण का अवांछित दंश भोगने को विवश रहती हैं। महिलाएं चूंकि शारीरिक शक्ति और क्षमताओं में पुरुष से कमजोर होती है इसलिए पुरूष जगत ने उन्हें अपनी पाशविक शक्ति के बल से बलात्कार, अपहरण, पिटाई तथा अन्य अत्यंत अमानुशिक अत्याचारों से दबा रखा हैं। प्रतिदिन के समाचार पत्र, पत्रिकाओं, रेडियो, टी.वी. तथा अन्य सूचना के माध्यमों से महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों का खुलासा पढ़कर रोगटे खड़े हो जाते हैं। बलात्कार महिलाओं के लिए सबसे बड़ी गाली तो है ही, अत्याचार की राक्षसी लीला भी है, लज्जा और ग्लानि से सारे पुरूष समाज का सिर झुक जाता है जब समाचार पत्रों में यह लाईन पढ़ने को मिलती हैं-'कोलकाता में एक पिता द्धारा अपनी नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार।' दरअसल नारी की पुरानी व नई स्थिति में कोई ज्यादा फर्क नहीं आया हैं, वरना मुल्क की आजादी के इतने वर्षों बाद भी लाखों माँ-बहनें, वेश्यावृत्ति करने को मजबूर नहीं होती। सैकड़ों बहनें दहेज के नाम पर मारी ना जाती या आत्महत्या करने को मजबूर न की जाती।

नारी की स्थिति में कोई फर्क तभी आ सकता है जब नारी अपनी सोच बदलेगी। दरअसल गुलामी के बंधन तभी टूटते हैं, जब बंधनों में जकड़ा आदमी अपने आप को आजाद महसूस करता हैं। महात्मा गांधी ने कहा था 'कई बार ऐसी परिस्थिति बन जाती है जब जेल में रहकर आदमी ज्यादा आजाद होता है, बजाय बाहर रहकर अनुचित कानूनों के मानने के।' आज यही स्थिति नारी पर लागू होती है।

भारतीय समाज में कामकाजी महिलाओं की वर्तमान स्थिति एवं समाज का बदलता स्वरूप – प्राचीन समय में महिलाओं को घर के बाहर काम करने के लिए नहीं जाने दिया जाता था, उनका मूल कार्य घर में रहकर घर के कामकाज करना था। महिलाएँ चूल्हों पर भोजन पकाती थी तथा सामान्य रूप से संयुक्त परिवार प्रथा का प्रचलन था। परिवार बड़ा होने के कारण प्राय: छोटे-बड़े सभी कार्य घर की महिलाओं को ही करने होते थे।

भारतीय सामाजिक संरचना पुरुष प्रधान है। पुरुष घर से बाहर काम करने जाते हैं एवं महिलाएं अपने घरेलू कार्य का संभालने में लगी रहती है। बच्चों का पालन-पोषण एवं परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करना उनका मुख्य कार्य है। आर्थिक उपार्जन उनका कार्य क्षेत्र नहीं रहा है। यद्यपि इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि प्राचीन काल से महिलाएँ प्रकृति प्रदत्ता वस्तुओं एवं कृषि कार्य में संलग्न रही है। आधुनिक युग में महिलाएं कामकाजी होने के साथ-साथ सफल गृहणियाँ भी सिद्ध हो रही है, लेकिन कभी किसी ने ध्यान नहीं दिया होगा कि महिलाएँ किस प्रकार सभी कार्यों का समायोजन करती होगी। वर्तमान युग में कामकाजी महिलाएँ बदलते हुए वैश्विक दौर में समय के साथ बदलते परिवेश के साथ अपना सामंजस्य करने में सक्षम हो रही है। सरकारी या निजी कार्यस्थल व घर के काम में अपने प्रबन्धन की भूमिका बखुबी से निभाती है।

धीरे-धीरे शिक्षा का विकास होने लगा, नवीन तकनीकी प्रकाश से पुरुषों के समान प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं भी आगे आने लगी। भारत में औसतन प्रत्येक घर की महिलाएं घर के बाहर या घर पर कुछ ना कुछ आय अर्जन करने में लगी है। साथ-साथ अपने निजी जीवन को भी गतिशील रखने के प्रयास करती है। कामकाजी महिलाएं अपने परिवार और अपने भविष्य को संवारने के लिए कार्य करती है। इतनी महगाई के युग में केवल घर के पुरूष की आय पर ही निर्भर रहना और उस पर खर्च का बोझ लादना अकेले बैल से खेत जुतवाने के समान है।

भारत में कुल 73 प्रतिशत साक्षरता, ग्रामीण क्षेत्र में 57.9, शहरी क्षेत्र में 79.1 प्रतिशत रही है। महिला शिक्षा के बढ़ते स्तर ने महिलाओं को कामकाजी होने की प्रेरणा दी है। फलत: उनकी प्रवृत्ति कामकाजी हो गयी है। आज वे विविध भूमिका का निर्वाह कर रही है, आज वे सभी क्षेत्रों में पुरूषों के समान पदों पर आसीन है। राजनीतिक सत्ता का क्षेत्र हो या आई.ए.एस. ऑफिसर की कुर्सी, अभिनय की अभिव्यक्ति हो या नृत्यांगना का नृत्य, साहित्य का क्षेत्र, ललित कला, आंगन, राग-रागिनीयों की सरगम हो या चित्रकारी की चितेरी, चिकित्सक या कानूनी सलाहकार, प्रशासन का क्षेत्र हो या शिक्षिका प्रोफेसर का दायित्व, ज्ञान विज्ञान हो या कलात्मक प्ररतुति, महिलाओं के कामकाज का विस्तार सभी क्षेत्रों में हुआ है। कामकाजी महिलाएं अपनी योग्यता से न केवल धन अर्जित करती है, अपितु वे अर्जित धन से पारिवारिक आर्थिक संरचना में अपना योगदान देकर आर्थिक संबल प्रदान करती है। महिलाओं का आर्थिक उपार्जन आर्थिक क्षेत्र में उनकी आत्म निर्भरता को प्रदर्शित करता है।

कामकाजी पत्नी को दोहरी नहीं, तीहरी भूमिका निभानी पड़ती है। पत्नी, मां और कामकाजी नारी। परिवार और कार्यक्षेत्र का दायित्व सफलतापूर्वक निभाने की होड़ में उसमें तनाव पैदा हो जाता है और उसका प्रभाव उसकी कार्यक्षमता पर पड़ता है। वह न तो कार्यालय में अपनी क्षमता का उपयोग कर पाती है और घर में भी वह सही ढंग से अपने उत्तरदायित्व

को नहीं निभा पाती है। अत: एक कामकाजी नारी को सफलतापूर्वक कार्य करने के लिए पारिवारिक वातावरण का सहयोग आवश्यक होता है तभी वह अपनी कार्यक्षमता का सही उपयोग कर सकेगी। तभी वह आगे बढ सकेगी और उन्नति कर सकेगी। वह समाज में स्वयं का और परिवार का स्थान बना सकेंगी। इससे उसके परिवार की भी प्रतिष्ठा बढेगी, सम्मान बढेगा।

समाज में आज कामकाजी नारी का सम्मानीय स्थान है। वह घर से बाहर जाकर सक्रिय हो रही है। आज समाज में ऐसा कोई कार्य नहीं है जो नारी की सीमा एवं योग्यता के बाहर हो। साथ ही नारी ने अपनी घरेलू भूमिका को भी निभाया है। आज भी घर की मुख्य जिम्मेदारी उसकी है। कामकाजी नारी के लिए घर एवं कार्यालय की दोहरी जिम्मेदारी होती है। दोनों ही भूमिकाएँ अपने-अपने स्थान पर महत्वपूर्ण है। किसी को भी नजर अंदाज किये बिना सुचारू रूप से निभाने में नारी के सामाने अनेक समस्याएँ आती है।

सामान्यत: परिवारजन अक्सर कामकाजी नारी के सम्बन्ध में गैर - कामकाजी नारी सोचती है कि कामकाजी नारी की स्थिति अच्छी है। उसे अतिरिक्त अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त है। किन्तु व्यवहार में कामकाजी नारी पारिवारिक दायित्वों से मुक्त नहीं है। कार्यक्षेत्र से घर आते ही वह एक घरेलू नारी बन जाती है।सभी आवश्यक घरेलू कार्य उसे ही करने पड़ते है। मैं रोजाना सुबह एक अध्यापिका को स्कूल जाते हुए देखती हूँ। उनके पति कार में उन्हें छोडने जाते है। तब उन की अध्यापिका के चहरे पर हँसी को देखकर सोचती हूँ कि क्या पारिवारिक वातावरण के सहयोगपूर्ण हाने पर उसकी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

साथ ही अन्य महिला जो कार्यालय जाती है बहुत थकी-थकी सी लगती है। ऐसा लगता है कि कार्यालय जाना उसकी मजबूरी है। वह जिम्मेदारियों के बोझ तले दबी हुई है। उसके पारिवारिक वातावरण सहयोग पूर्ण नहीं होने से उसकी कार्यक्षमता में कमी हो रही है।

एक कामकाजी महिला को उसका पारिवारिक वातावरण सहयोग करता है तो अधिक कार्यकुशलता से कार्य करती है। जब वह अपने कार्यालय से थकी हुई लौटती है तब उसके परिवार के लोग उसकी परिस्थिति को देखते हुए उसका सहयोग करते है तो वह भी अपने परिवारजनों की भावनाओं का आदर करती है तथा उनका सम्मान करती है। वह उनके साथ समय व्यतीत करती है तथा अपने परिवार में अच्छे से समायोजित हो पाती है।

निष्कर्ष - अत: महिलाओं की अभाव, अत्याचार, घुटन, कुरीतियों तथा पशुओं से भी बदतर जीवन स्थितियों को आजादी प्राप्ति के बाद बदलने का सिलसिला प्रारम्भ अवश्य हुआ। पहले दशक में विस्तृत सर्वेक्षण कर विकास की नीतियों के चरण निर्धारित किए गए। महिला दशक की वैचारिकता ने उनके विकास के मुद्दों की नयी दिशा प्रदान की। इतिहास में पहली बार महिलाओं के विकास कार्यक्रमों में भागीदारी की पहचान बनना प्रारम्भ हुई। शिक्षा तथा कल्याण कार्यक्रमो का सुप्रभात दिखाई दिया तथा अधिकारों ओर समानता के प्रति जागरूकता के विकास की झलक मिलने लगी।

कामकाजी महिलाओं को चूकि घर बाहर दोनों जगह भूमिका का निर्वाह करना पड़ता है फलस्वरूप उन पर कार्य का बोझ तो बढ़ता ही है साथ ही कार्य स्थल पर एवं परिवार दोनों ही स्थान पर उनका कार्य प्रभावित भी होता है। दोहरी भूमिका इनके थकान का कारण भी है। अधिकांश महिलाओं के पास परिवार में मदद के लिए कोई सदस्य ना होने के कारण उन्हें घरेलू नौकरानियों की आवश्यकता होती है। कार्यस्थल में यौन शोषण, लिंग विभेदीकरण एवं असुरक्षा जैसी समस्याओं से ये महिलाएं जूझती हैं। अधिकांश महिलाओं के नौकरी करने का कारण आर्थिक विवशता है किन्तु अनेक महिलाएं आर्थिक स्वतन्त्रता एवं अपनी विशिष्ट पहचान बनाने के लिए भी नौकरी करती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मीनाक्षी मुखजी : रियलिटी एण्ड रियलिज्म, इडियन वुमन ऐज प्रोटेगनिस्ट्स इन फोर नाइटींथ सेंचुरी नॉवेल्स, इकोनॉमिक एण्ड पॉलिटिकल वीकली, 1884
2. राम आहूजा : भारतीय समाज, रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली 2002
3. गोविन्द केलकर : इम्पैक्ट आफ ग्रीन रिवोल्यूशन आन वीमेन्स वर्क पार्टीसिपेशन एण्ड सैक्स, सेन्टर फॉर पोलिसी रिसर्च, नई दिल्ली, 1881
4. मैत्रेयी कृष्णराज : रिपोर्ट आन वर्किंग वीमेन साइंटिस्ट्स इन बाम्बे एस.एन.डी.टी,.वीमेन यूनिवर्सिटी रिसर्च यूनिट आन वीमेन स्टडीज, बम्बई, 1971
5. दीपा माथुर : वूमेन, फैमिली एंड वर्क, रावत पब्लिकेशन जयपुर, 1992
6. सुधीर श्रीवास्तव : वूमेन इमपावरमेंट, टाटा मैग्रोहिल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1985
7. मीनाक्षी व्यास : मिडिल एंड लोअर क्लास वर्किंग वूमेन, सौम्या पब्लिकेशन, मुंबई, 2002
8. सोरन सिंह : सिडियूल कास्ट इन इंडिया एंड डाईमेन्शन ऑफ सोशल चेंज, ज्ञान पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1997
9. नृपेन्द्र कुमार : पार्टीसीपेशम ऑफ वूमेन इनसोसाटी, एशिया पब्लिकेशन हाउस, मुंबई, 1982
10. प्रतिमा कपूर : द स्टडी ऑफ एडजस्टमेंट ऑफ वर्किंग वूमेन इन इंडिया, आगरा पब्लिकेशन, 1986
11. ए0 एस0 अलटेकर : द पोजिशन ऑफ वूमेन इन हिन्दू सिविलाइजेशन, मोतिलाल बनारसी दास, वाराणसी।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत की 5 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था : चुनौतियाँ और रोडमैप

डॉ. विवेक कुमार पटेल* श्री राजपाल यादव**

* सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय, मऊगंज (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय, मऊगंज (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – आज भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। लगभग 3.7 ट्रिलियन डॉलर की वर्तमान GDP के साथ भारत न केवल अपने विशाल जनसंख्या, बल्कि अपने विविध संसाधनों, नवाचार क्षमता और युवा कार्यबल के दम पर वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है।भारत 21वीं सदी में विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्तियों में से एक बनने की ओर अग्रसर है। सरकार ने वर्ष 2024–25 तक देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है जो एक महत्त्वपूर्ण और प्रेरणादायक लक्ष्य है।यह लक्ष्य न केवल भारत की आर्थिक क्षमता को दर्शाता है, बल्कि वैश्विक मंच पर देश की भूमिका को भी पुनर्परिभाषित करता है।

यह लक्ष्य केवल आर्थिक वृद्धि का आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उस समावेशी विकास की दिशा में एक कदम है, जिसमें देश के प्रत्येक वर्ग को आर्थिक समृद्धि का लाभ मिल सके। यह 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' जैसे अभियानों के माध्यम से घरेलू उत्पादन, रोजगार सृजन और निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देने का एक मंच भी है।आज भारतने अमेरिका, चीन, जापानऔर जर्मनी के बाद विश्व की 5 वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। अब भारत के पुनरूत्थान के लक्ष्य अर्थात विकसित भारत– 2047 की ओर तेजी से ये अर्थव्यवस्था अग्रसर बनी हुई है। हालांकि, इस विकास यात्रा में कई बाधाएँ भी हैं। वैश्विक आर्थिक मंदी, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ, भू–राजनीतिक तनाव, ऊर्जा संसाधनों की सीमाएं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र की कमियाँ तथा असमान क्षेत्रीय विकासये सभी ऐसे कारक हैं जो इस लक्ष्य की राह में रोड़े अटका सकते हैं।भारत ने 2023 में जी – 20के 17वें सम्मलेन की अध्यक्षता सफलतापूर्वक करके विश्व भर को 'वसुधैव कुटुम्बकम' की अवधारणा से परिचित कराकर एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य One Earth, One Family & One Future का प्रेरक सन्देश दिया है।

इस शोध आलेख के माध्यम से हम यह समझने का प्रयास करेंगे कि भारत को इस आर्थिक लक्ष्य तक पहुँचने के लिए किन प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, और साथ ही यह भी देखेंगे कि इन चुनौतियों से पार पाने के लिए क्या रणनीतियाँ अपनाई जा सकती हैं। साथ ही हम एक समग्र रोडमैप प्रस्तुत करेंगे, जो भारत को आर्थिक रूप से न केवल मजबूत बनाएगा, बल्कि उसे वैश्विक नेतृत्व की ओर भी अग्रसर करेगा।

कुंजी शब्द – सकल घरेलू उत्पाद, डिजिटल इंडिया,स्टार्टअप इंडिया,सकल मूल्य वर्धित,लॉजिस्टिक्स MSME, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, जीएसटी, ड्रोन, सेंसर, AI और IoT,रिमोट सेंसिंग,GIS, समर्थन मूल्य, BPO, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020

भारत की वर्तमान आर्थिक स्थिति

1. भारत की GDP(सकल घरेलू उत्पाद) – भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। वर्ष 2023 में भारत की GDP (सकल घरेलू उत्पाद) लगभग 3.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँच चुकी है, जो इसे विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाती है। यह उपलब्धि देश की निरंतर विकासशील नीतियों, उद्यमिता, तकनीकी प्रगति और जनसंख्या की उत्पादकता का परिणाम है।भारत की अर्थव्यवस्था कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्रों पर आधारित है, जिसमें सेवा क्षेत्र का योगदान सबसे अधिक है। सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य सेवा और टेलीकॉम जैसे क्षेत्र भारत के आर्थिक इंजन बन चुके हैं। इसके अलावा, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे सरकारी कार्यक्रमों ने नवाचार और निवेश को प्रोत्साहित किया है।विदेशी निवेशके क्षेत्र में भी भारत एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है। विदेशी कंपनियाँ भारत में निर्माण, टेक्नोलॉजी और रिटेल सेक्टर में भारी निवेश कर रही हैं, जिससे रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हो रही है।



ऊपर दिए गए ग्राफ में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर को 2010 से 2024 तक दर्शाया गया है। यह ग्राफ भारत की अर्थव्यवस्था में समय के साथ आए उतार–चढ़ाव को स्पष्ट रूप से दिखाता है।

1. 2010–2016 तक स्थिर वृद्धि रही है – 2010 में GDP वृद्धि दर 8.5% थी, जो 2012 तक घटकर 5.5% हो गई।इसके बाद 2014–2016

के बीच अर्थव्यवस्था ने पुन: गति पकड़ी और वृद्धि दर 7.5%–8% तक पहुंच गई।

2. 2017–2019 तक धीमी वृद्धि रही है – 2017 से GDP वृद्धि दर में गिरावट शुरू हुई, जो 2019 में 4.2% तक पहुंच गई। यह गिरावट मुख्यत: वैश्विक आर्थिक मंदी और घरेलू आर्थिक चुनौतियों के कारण हुई थी।

3. 2020 में Covid–19 का प्रभाव रहा है – 2020 में महामारी के कारण GDP वृद्धि दर –5.8% तक गिर गई, जो रिकॉर्ड निम्न स्तर था। यह गिरावट लॉकडाउन और आर्थिक गतिविधियों में ठहराव का परिणाम थी।

4. 2021–2023 तक वृद्धि की पुनर्प्राप्ति हुयी है – 2021 में अर्थव्यवस्था ने तेजी से वापसी की और GDP वृद्धि दर 9.7% तक पहुंच गई। हालांकि, इसके बाद 2022 और 2023 में क्रमश: 6.99% और 7.58% की स्थिर लेकिन धीमी गति से विकास हुआ।

5. 2024 वृद्धि में स्थिरीकरण आया है – 2024 में GDP वृद्धि दर लगभग 6.2% रही। यह पिछले वर्षों की तुलना में कम है लेकिन स्थिरता को दर्शाती है। उच्च ऊर्जा कीमतें, RBI की सख्त मौद्रिक नीति, और वैश्विक आर्थिक दबावों ने इस धीमी गति को प्रभावित किया।

भारत की अर्थव्यवस्था लंबी अवधि में लगभग 6% की औसत वृद्धि दर बनाए रखने की उम्मीद है। हालांकि, ऊर्जा कीमतें, वैश्विक व्यापार संबंध, और घरेलू नीतियां इस पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती हैं। यह विश्लेषण भारत की अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को दर्शाता है, जो गंभीर चुनौतियों के बावजूद पुनर्प्राप्ति करने में सक्षम रही है।भारत की अर्थव्यवस्था लंबी अवधि में लगभग 6% की औसत वृद्धि दर बनाए रखने की उम्मीद है। हालांकि, ऊर्जा कीमतें, वैश्विक व्यापार संबंध, और घरेलू नीतियां इस पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती हैं।यह विश्लेषण भारत की अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को दर्शाता है, जो गंभीर चुनौतियों के बावजूद पुनर्प्राप्ति करने में सक्षम रही है।

2. सेवा क्षेत्र का GDP में योगदान – भारत के सेवा क्षेत्र ने पिछले कुछ दशकों में अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और यह देश की GDP का प्रमुख घटक बन गया है।नीचे सेवा क्षेत्र के योगदान का विस्तृत विवरण दिया गया है:

1. **सकल मूल्य वर्धित (GVA) में हिस्सेदारी:** वित्त वर्ष 2014 में सेवा क्षेत्र का GVA में योगदान50.6% था, जो वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर लगभग 55% हो गया है सेवा क्षेत्र की वास्तविक वृद्धि दर महामारी के बाद वित्त वर्ष 2023–25 में औसतन 8.3% रही, जबकि महामारी से पहले यह दर 8% थी।

2. **रोजगार सृजन:** सेवा क्षेत्र देश के कुल कार्यबल का लगभग 30.7% रोजगार प्रदान करता है।यह क्षेत्र आधुनिक सेवाओं और कौशल आधारित रोजगार को बढ़ावादेता है, जिससे श्रमिकों के कृषि और विनिर्माण से सेवा क्षेत्र की ओरस्थानांतरण को प्रोत्साहन मिलता है।

3. **सेवाओं का निर्यात:** भारत वैश्विक सेवा निर्यात में सातवें स्थान पर है, जिसकी हिस्सेदारी 4.3% है। वित्त वर्ष 2025 के अप्रैल–नवंबर महीनों में सेवाओं के निर्यात में 12.8% की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है।

4. **वित्तीय प्रदर्शन और निवेश:** नवंबर 2024 तक सेवा क्षेत्र को कुल बकाया बैंक ऋण रू48.5 लाख करोड़ था, जिसमें सालाना आधार पर 13% वृद्धि दर्ज की गई।वित्त वर्ष 2025 (अप्रैल–सितंबर) में सेवा क्षेत्र को क्र 5.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का FDI प्राप्त हुआ, जिसमें बीमा और वित्तीय सेवाओं ने प्रमुख भूमिका निभाई।

5. **डिजिटल सेवाओं का विस्तार:** ऑनलाइन भुगतान, ई–कॉमर्स, और मनोरंजन प्लेटफॉर्म जैसे डिजिटल सेवाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे सेवा क्षेत्र को मजबूती मिली है।

6. **औद्योगिक सेवाकरण:** विनिर्माण उत्पादन में सेवाओं के उपयोग और उत्पादन के बाद मूल्य संवर्धन के माध्यम से सेवा क्षेत्र अप्रत्यक्ष रूप से GDP में योगदानकरता है।

7. **नीतिगत समर्थन:** सरकार ने नीतिगत सुधारों, निवेश प्रोत्साहन, कौशल विकास, और बाजार तक पहुंच सुगम बनाकर सेवा क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद की है। इसके अलावा, लॉजिस्टिक्स और भौतिक अवसंरचना पर ध्यान केंद्रित करनेसे इस क्षेत्र को महामारी के बाद तेजी से उबरने में सहायता मिली।

भारत का सेवा क्षेत्र आर्थिक विकास का मुख्य आधार बना हुआहै। डिजिटल सेवाओं और उच्च तकनीक सेवाओं की बढ़ती मांग इसे और अधिक सशक्तबना रही है। साथ ही, वैश्विक स्तर पर इसकी निर्यात क्षमता भी लगातार बढ़ रही है।

3. कृषि, विनिर्माण, और MSME **क्षेत्रों का** GDP **में योगदान–** भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि, विनिर्माण और MSME (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) क्षेत्रों का योगदान महत्वपूर्ण है। नीचेइन तीन क्षेत्रों के GDP में योगदान का विस्तृत विवरण दिया गया है:

1. **कृषि क्षेत्र–**कृषि क्षेत्र भारत के GDP में लगभग 14% का योगदान करता है, हालांकि इसके हिस्से में गिरावट देखी गई है।2024–25 के दूसरे तिमाही मेंकृषि क्षेत्र की विकास दर 3.5% रही। हाल के वर्षों में, कृषि क्षेत्र नेऔसतन 5% वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है।कृषि क्षेत्र ग्रामीणभारत की रीढ़ है, जहां 45% श्रमिक कार्यरत हैं। यह न केवल GDP में योगदानदेता है बल्कि ग्रामीण आय और जीवन स्तर सुधारने में भी सहायक है।कृषि से जुड़े उद्योग जैसे डेयरी, मत्स्य पालन और पोल्ट्री भी अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं।

2. **विनिर्माण क्षेत्र –** विनिर्माण क्षेत्र का GDP में योगदान 13–14% के बीच है। 2023 में यह आंकड़ा 12.93% था। 2023–24 में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर 1.4% रही, जबकि 2022–23 में यह 4.7% थी।उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (PLI) योजनाओं और राज्य स्तरीय औद्योगिक नीतियों ने इस क्षेत्र को बढ़ावा देने का प्रयास किया है।औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के अनुसार, जनवरी 2025 में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 5.5% रही।

3. MSME **क्षेत्र –** MSME क्षेत्र भारत के GDP में लगभग 30% का योगदान करता है। सरकार ने इसे 2025 तक 50% तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन यह लक्ष्य अभी अनिश्चित है।MSME ने लगभग 20.39 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान किया है, जिसमें औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रकार के उद्यम शामिल हैं। MSME कुल औद्योगिक उत्पादन का लगभग 45% और भारत के निर्यात का 40% से अधिक हिस्सा प्रदान करता है।

मुख्य चुनौतियाँ – भारत ने 2024–25 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। हालांकि, इस लक्ष्य को हासिल करने की राह में कई चुनौतियाँ हैं, जिनमें प्रमुख हैं–

1. **बेरोजगारी और कौशल विकास–**

1. **युवा आबादी का दबाव:** भारत की जनसंख्या में युवाओं का बड़ा हिस्सा है। हर साल लाखों युवा रोजगार के लिए तैयार होते हैं, लेकिन उनके लिए पर्याप्त नौकरियाँ उपलब्ध नहीं हैं।

2. **संगठित और असंगठित क्षेत्र:** असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लोगों की संख्या अधिक है, जहाँ स्थिर रोजगार और सामाजिक सुरक्षा की कमी है।

3. **तकनीकी परिवर्तन:** ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों ने पारंपरिक नौकरियों को प्रभावित किया है, जिससे नई चुनौतियाँ उत्पन्न हुई हैं।

4. **कौशल का अभाव:** कई युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित नहीं होते।

5. **प्रशिक्षण संस्थानों की कमी:** ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण केंद्रों की कमी है।

6. **नीति और क्रियान्वयन में अंतर:** सरकार की 'स्किल इंडिया' जैसी योजनाओं का उद्देश्य सराहनीय है, परंतु इनके क्रियान्वयन में अनेक खामियाँ देखी गई हैं।

2. **अवसंरचना की कमी –**

1. **परिवहन अवसंरचना की चुनौतियाँ:** देश के कई हिस्सों में सड़कों, रेलवे और बंदरगाहों की स्थिति अभी भी खराब है।मालवाहन और यात्री परिवहन की धीमी गति आर्थिक विकास को बाधित करती है।लॉजिस्टिक्स की उच्च लागत भारतीय उत्पादों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे करती है।

2. **ऊर्जा क्षेत्र की असमानताएँ:** ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में अब भी बिजली की अनियमित आपूर्ति एक बड़ी समस्या है।अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने की योजनाएँ हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन धीमा है।

3. **शहरी अवसंरचना की कमी:** तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बावजूद स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स और शहरी सुविधाएँ अभी भी अधूरी हैं।जल निकासी, यातायात प्रबंधन, और कचरा निपटान जैसे बुनियादी ढांचे में कमी से आर्थिक गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं।

4. **डिजिटल अवसंरचना की असमान पहुँच:** डिजिटल इंडिया अभियान के बावजूद, कई ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में इंटरनेट की धीमी गति और सीमित पहुँच देखी जाती है।डिजिटल कौशल और ई-गवर्नेंस सेवाओं की कमी भी एक बाधा है।

5. **नीति और निवेश से संबंधित समस्याएँ:** अवसंरचना परियोजनाओं में देरी, भूमि अधिग्रहण की समस्याएँ, और नौकरशाही प्रक्रिया निवेशकों को हतोत्साहित करती हैं।सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

3. **विनिर्माण क्षेत्र में पिछड़ापन–**भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 15-17% के बीच है, जबकि चीन जैसे देशों में यह 25-30% से अधिक है। 'मेक इन इंडिया' जैसी योजनाओं के बावजूद यह क्षेत्र अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पाया है।

1. **अपर्याप्त आधारभूत संरचना**: कई क्षेत्रों में बिजली, परिवहन, लॉजिस्टिक्स आदि की सुविधाओं की कमी विनिर्माण इकाइयों को प्रभावित करती है।

2. **तकनीकी पिछड़ापन:** ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और आधुनिक उत्पादन तकनीकों का सीमित उपयोग प्रतिस्पर्धा में भारत को पीछे रखता है।

3. **कुशल श्रमबल की कमी:** तकनीकी रूप से प्रशिक्षित श्रमिकों की उपलब्धता सीमित है, जिससे उत्पादकता प्रभावित होती है।

4. **नीतिगत जटिलताएँ:** लाइसेंसिंग, जीएसटी, लेबर लॉ आदि की जटिलताओं के कारण कई उद्यमों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

5. **निवेश में कमी:** घरेलू और विदेशी निवेशकों का विश्वास बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है, विशेषकर जब 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार सीमित हो।

4. **नीतिगत जटिलता और क्रियान्वयन की धीमी गति–**

1. **नीतियों की जटिलता:** भारत में कई बार नीतियाँ अच्छी मंशा से बनाई जाती हैं, लेकिन उनका ढांचा इतना जटिल होता है कि जमीनी स्तर पर लोगों के लिए उन्हें समझना और अपनाना मुश्किल हो जाता है।व्यापार, निवेश और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने वाली नीतियाँ अक्सर विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के बीच समन्वय की कमी से प्रभावित होती हैं।

2. **नियमों और मंजूरियों की भरमार:** 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की दिशा में सुधार तो हुए हैं, परंतु आज भी छोटे और मध्यम उद्योगों को विभिन्न प्रकार की मंजूरियाँ और क्लियरेंस लेने में लंबा समय लगता है।कर प्रणाली में भी कई बार अस्पष्टता और अनिश्चितता देखने को मिलती है।

3. **क्रियान्वयन में देरी:** कई बार योजनाओं की घोषणा हो जाती है, लेकिन उनका क्रियान्वयन समय पर नहीं हो पाता, जिससे आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी पड़ती है। बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं में देरी और लागत बढ़ना आम समस्या है।

4. **नीति और जमीनी हकीकत में अंतर:** कई योजनाएँ जमीनी जरूरतों से मेल नहीं खातीं। उदाहरण के लिए, डिजिटल इंडिया जैसी योजनाएँ ग्रामीण इलाकों में नेटवर्क और डिजिटल साक्षरता की कमी से पूरी क्षमता से लागू नहीं हो पातीं।

5. **जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय दबाव–**

1. **खेती और खाद्य सुरक्षा पर असर:** भारत की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण बेमौसम बारिश, सूखा, और गर्मी की तीव्र लहरें कृषि उत्पादन को प्रभावित करती हैं, जिससे खाद्य आपूर्ति और किसानों की आय पर असर पड़ता है।

2. **जल संसाधनों की कमी:** ग्लेशियरों के पिघलने, भूजल स्तर के गिरने और वर्षा के पैटर्न में बदलाव के कारण जल संकट गहराता जा रहा है, जो कृषि, उद्योग और घरेलू उपयोगतीनों को प्रभावित करता है।

3. **तटीय क्षेत्रों में खतरा:** समुद्र स्तर में वृद्धि और चक्रवातों की बढ़ती आवृत्ति तटीय राज्यों की अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से पर्यटन और मछली पालन पर नकारात्मक असर डालती है।

4. **वायु और जल प्रदूषण:** तेजी से औद्योगिकीकरण और शहरीकरण ने भारत के कई प्रमुख शहरों को विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार कर दिया है। इससे जनस्वास्थ्य, श्रम उत्पादकता और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में हानि होती है।

5. **जैव विविधता का नुकसान:** जंगलों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से भारत की जैव विविधता खतरे में है, जो दीर्घकालिक सतत विकास के लिए आवश्यक है।

6. **अपशिष्ट प्रबंधन की समस्याएँ:** शहरीकरण के साथ ठोस कचरे और प्लास्टिक की समस्या गंभीर होती जा रही है, जिसका प्रभाव मिट्टी,

जल और समुद्री जीवन पर पड़ रहा है।

7. हिन्द महासागर असुरक्षा एवं अन्तकराष्ट्रीय व्यापार : अप्रैल 2025 में थाईलैंड में सम्पन्न हुए बिम्सिटेक के 6 वें शिखर सम्मेलन में हिन्द महासागर से जुडे, भारत एवं अन्यं तटीय देशों के मध्यी आपसी व्या पार के साथ ही सामुद्रिक सुरक्षा का प्रश्न भी छाया रहा । विश्व के तीसरे सबसे बड़ा महासागर के रूप में हिन्द महासागर वर्तमान भू-राजनीति के केन्द्र में आता जा रहा है । इस महासागर ने हमेशा न केवल भारत की सामुद्रिक सुरक्षा की है, बल्कि अन्तेराष्ट्रीय व्यापार और सांस्कृतिक संबन्धों को भी मजबूत किया है । इसका क्षेत्रफल 74 मिलियन वर्ग किलोमीटर है और वर्तमान में इसके तटवर्ती देशों की संख्याक 40 है ।

रोडमैप: 5 ट्रिलियन डॉलर की ओर-

1. औद्योगिक विकास और विनिर्माण को बढ़ावा देना-

1. बुनियादी ढांचे का विकास: औद्योगिक कॉरिडोर, लॉजिस्टिक्स हब, और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का तीव्र विकास।परिवहन, बिजली, जल आपूर्ति और डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाना।

2. 'मेक इन इंडिया' को सशक्त बनाना: घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए नीतिगत सुधार। रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनने की रणनीति।

3. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग को समर्थन: आसान ऋण सुविधा, तकनीकी उन्नयन और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ना।क्लस्टर आधारित विकास मॉडल अपनाना।

4. श्रम और भूमि सुधार: श्रम कानूनों को लचीला बनाना, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देना।भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना।

5. नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा: अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाना।स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों के साथ तालमेल।

6. हरित और टिकाऊ औद्योगिकीकरण: पर्यावरण अनुकूल तकनीकों का उपयोग।ऊर्जा कुशल उत्पादन प्रणाली को प्रोत्साहन।

2. कृषि क्षेत्र का आधुनिकीकरण-

1. तकनीकी उन्नयन और स्मार्ट खेती: ड्रोन, सेंसर,AI और IoT जैसी आधुनिक तकनीकों को खेती में अपनाना।रिमोट सेंसिंग और GIS डेटा के माध्यम से मौसम पूर्वानुमान और फसल प्रबंधन।स्मार्ट इरिगेशन और जल संरक्षण तकनीकों का प्रयोग।

2. कृषि शिक्षा और प्रशिक्षण: किसानों को नई तकनीकों और आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी देना।एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विस को मजबूत करना।किसान उत्पादक संगठनों के जरिए सामूहिक प्रशिक्षण और संसाधनों की पहुँच बढ़ाना।

3. मूल्य श्रृंखला का विकास: उत्पादन से लेकर बाजार तक एक सशक्त सप्लाई चेन का निर्माण।भंडारण सुविधाओं, कोल्ड स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना।किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने के लिए ई-नाम (E-Nam) और डिजिटल प्लेटफॉर्म का विस्तार।

4. वित्तीय समावेशन और निवेश: किसानों को आसान ऋण उपलब्ध कराना।निजी और विदेशी निवेश को आकर्षित करना, विशेष रूप से एग्रीटेक स्टार्टअप्स में।कृषि बीमा योजना को व्यापक और पारदर्शी बनाना।

5. टिकाऊ और जैविक खेती को बढ़ावा: जैविक खाद, कीटनाशक और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देना।मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखना और इसके परीक्षण को नियमित करना।पर्यावरण-संवेदनशील खेती की ओर बदलाव।

6. नीति सुधार और कृषि कानून: किसानों को उनके उत्पाद की उचित कीमत मिले, इसके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की व्यवस्था को मजबूत करना।फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना द केवल गेहूं और चावल पर निर्भरता कम करना।मंडी व्यवस्था में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करना।

3. सेवा क्षेत्र का विस्तार-

1. आईटी और आईटीईएस का विकास: भारत की आईटी कंपनियां विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। निर्यात को और बढ़ावा देना होगा।उभरती तकनीकें जैसे AI, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा में कौशल विकास।डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाना।

2. पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र: भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करना।ई-वीजा प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाना।बुनियादी सुविधाएं (सड़कें, होटल्स, गाइड्स) में सुधार।

3. स्वास्थ्य सेवा : मेडिकल टूरिज्मको प्रोत्साहन, भारत की सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं।ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में टेली मेडिसिन का विस्तार।निजी व सार्वजनिक अस्पतालों की साझेदारी (PPP मॉडल) को बढ़ावा।

4. शिक्षा और कौशल विकास: एडटेक स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करना।ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म को ग्रामीण भारत तक पहुंचाना।विदेशी छात्रों के लिए भारत को शिक्षा केंद्र बनाना।

5. वित्तीय सेवाएं: डिजिटल बैंकिंग और फिनटेक स्टार्टअप्स को सहयोग देना।वित्तीय समावेशन के लिए जनधन, UPI, रूपे जैसे प्लेटफार्म को और मजबूत बनाना।

6. व्यावसायिक सेवाएं : लॉजिस्टिक्स, कंसल्टिंग, कानूनी सेवाओं, अकाउंटिंग आदि में नवाचार।वैश्विक कंपनियों के लिए बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (BPO)में भारत की स्थिति को और मजबूत करना।

7. सरकारी नीतियाँ और समर्थन: सेवा क्षेत्र को GST में राहत देना।स्टार्टअप्स और MSME के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएं।

4. डिजिटल और भौतिक अवसंरचना का विकास-

1. परिवहन नेटवर्क का सशक्तिकरण: भारत माला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार।सागर माला योजनासे बंदरगाहों का आधुनिकीकरण और समुद्री परिवहन को बढ़ावा।रेलवे के आधुनिकीकरण सेमी-हाई स्पीड ट्रेनों, विद्युतीकरण और स्मार्ट स्टेशनों का विकास।गति शक्ति योजना, बहु-मोडल कनेक्टिविटी के लिए समेकित अवसंरचना योजना।

2. शहरी अवसंरचना का विकास: स्मार्ट सिटी मिशनके अंतर्गत तकनीकी समाधान, सुरक्षित आवास, जल आपूर्ति और स्वच्छता।मेट्रो रेल नेटवर्कका विस्तार।सड़क एवं फ्लाईओवरनिर्माण में निजी भागीदारी (PPP मॉडल) को बढ़ावा।

3. ऊर्जा अवसंरचना: नवीकरणीय ऊर्जा (सौर,पवन) में निवेश। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने हेतु सौभाग्य योजना।ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर का निर्माण।

4. **डिजिटल अवसंरचना :** भारतनेट योजनाके तहत ग्राम पंचायतों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाना।5G नेटवर्क का तेजी से विस्तार और 6G की तैयारी।डिजिटल इंडिया मिशनके जरिए ई-गवर्नेंस और डिजिटल सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना।

5. **डिजिटल शिक्षा और स्वास्थ्य:** ई-विद्या, स्वयं, और दीक्षा पोर्टलके माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा।Esajeevani और टेलीमेडिसिन सेवाओं के जरिए ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती।

6. **डेटा केंद्र और साइबर सुरक्षा:** हाइपरस्केल डेटा सेंटर की स्थापना।डेटा स्थानीयकरण और साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना।

5. **शिक्षा और कौशल विकास-**

1. **नई शिक्षा नीति (NEP) 2020 का प्रभावी कार्यान्वयन:** शिक्षा को अधिक समग्र, लचीला, बहुआयामी और कौशल आधारित बनाने की दिशा में यह नीति एक बड़ा कदम है।

2. **प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार:** बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता (Foundational Literacy and Numeracy) पर विशेष ध्यान।

3. डिजिटल शिक्षा का विस्तारय ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल संसाधनों की पहुंच सुनिश्चित करना।

4. STEM **शिक्षा को प्रोत्साहन:** विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित में रुचि व दक्षता बढ़ाना, ताकि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत आगे बढ़ सके।

5. Skill India mission **को और मजबूती देना:** युवाओं को उद्योग आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण देना।

6. **पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप** PPP: उद्योगों के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करना जो बाजार की मांग के अनुसार हों।

7. MSME **सेक्टर में प्रशिक्षण के अवसर:** लघु व मध्यम उद्योगों के लिए विशेष कौशल विकास कार्यक्रम जो स्थानीय रोजगार बढ़ाएं।

8. **डिजिटल और उभरती तकनीकों में प्रशिक्षण:** AI, Data Science, Robotics, Cloud Computing जैसे क्षेत्रों में युवाओं को कुशल बनाना।

9. **रोजगार के साथ शिक्षा और प्रशिक्षण का समन्वय:**'Earn while you learn' मॉडल को प्रोत्साहन इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों का विस्तार।

10. **महिला शिक्षा और कौशल विकास:** उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा।महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन देना।

11. **क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना:** पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष शैक्षिक व कौशल विकास कार्यक्रम।स्थानीय भाषाओं में शिक्षा और प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध करानाजिससे भाषा बाधा न बने।

6. **नीतिगत स्थिरता और सुधार-**

1. **नीतिगत स्थिरता :**घरेलू और विदेशी निवेशकों में विश्वास पैदा करने के लिए स्थिर और पूर्वानुमेय नीतियाँ जरूरी हैं।जीएसटी और प्रत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाना।व्यापार समझौतों और निर्यात प्रोत्साहन नीतियों में स्थिरता।राजनीतिक स्थिरता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मजबूती।

2. **नीतिगत सुधार :** NPA नियंत्रण, डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा।निवेशकों को आकर्षित करने के लिए और अधिक उदारीकरण।ऋण सुविधा, टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन, और आसान नियामक ढांचा।स्मार्ट खेती, सिंचाई, और एग्री-टेक को बढ़ावा।कृषि उत्पादों की बाजार तक पहुँच सुनिश्चित करना।न्यूनतम समर्थन मूल्य(MSP),पारदर्शी और लाभकारी प्रणाली।प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव का विस्तार।मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट और पोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर।

3. **पर्यावरण और सतत विकास:** सोलर, विंड और हाइड्रो पर फोकस।क्लाइमेट चेंज से लड़ने के लिए प्रतिबद्धता।सतत शहरीकरण और बुनियादी ढाँचे में निवेश।

निष्कर्ष – भारत का 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य था र्थवादीहै, लेकिन इसके लिए समन्वित प्रयास, नीतिसुधार, और आधारभूत ढाँचे में निवेश की आवश्यकता है। यदि सरकार, उद्योग और समाज मिलकर काम करें तो यह लक्ष्य समय बद्ध तरीके से प्राप्त किया जा सकता है और भारत विश्व आर्थिक शक्ति बन सकता है।यदि भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है, तो उसेअवसंरचना के क्षेत्र में व्यापक सुधार करने होंगे। सड़कों, बिजली, डिजिटल नेटवर्क, और शहरी सुविधाओं में सुधार केवल आर्थिक वृद्धि को गति नहीं देंगे, बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर बनाएंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था के विकासात्मंक निष्पाकदन को देखकर अंतर्राष्ट्री य मुद्रा कोष,एशियाई विकास बैंक एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्ष 2024-25 में भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान लगाया है।

भारत का 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य केवल आर्थिक आकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समग्र विकास की परिकल्पना है जिसमें हर नागरिक की भागीदारी और उसका कल्याण शामिल है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ निजी क्षेत्र, स्टार्टअप्स, कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र को मिलकर काम करना होगा।भारत ने विश्वक मंच पर अनेक क्षेत्रों में उपलब्धियां अर्जित की हैं, जैसेद मजबूत और विश्व स्नीगय होते विदेश संबंध,अंतरिक्ष शोध में उत्कृष्टि प्रगति, विकासोन्मुखी अर्थव्यवस्था, क्षेत्रीय सहयोग, सूचना प्रोद्यौगिकी, बहुध्रवीयता, उत्कृंष्टम नेतृत्वृ, पर्यावरण संरक्षण, सफल भू-राजनीति आदि।

भारत की जनसंख्या, विशेष रूप से युवा वर्ग, इसकी सबसे बड़ी ताकत है। यदि उन्हें उचित शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसर मिलें, तो वे देश की उत्पादकता और नवाचार को अभूतपूर्व ऊँचाइयों तक पहुँचा सकते हैं।हालाँकि, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा सुरक्षा, और सामाजिक असमानताएँ जैसी चुनौतियाँ इस राह को कठिन बना सकती हैं। इसके लिए दीर्घकालिक रणनीति, सशक्त संस्थान, और सतत विकास पर विशेष ध्यान देना अनिवार्य होगा।भारत के लिए 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना न केवल एक आर्थिक मील का पत्थर है, बल्कि यह विश्व मंच पर भारत की शक्ति, क्षमता और नेतृत्व को स्थापित करने का एक ऐतिहासिक अवसर भी है। इसके लिए सरकार, उद्योग, किसान, श्रमिक, युवा महिला और समाज के हर वर्ग को मिलकर योगदान देना होगा।

यह लक्ष्य एक दिशा है, जो हमें नवाचार, आत्मनिर्भरता और सतत विकास की ओर ले जाती है। 'विकास सबका, साथ सबका' की भावना के साथ भारत यदि अपनी नीतियों में स्थिरता, क्रियान्वयन में तेजी और संसाधनों के समुचित उपयोग को सुनिश्चित करता है, तो यह लक्ष्य केवल

संभव ही नहीं, बल्कि निकट भविष्य में साकार भी हो सकता है।'इस यात्रा में भारत को अपनी परंपराओं की जड़ों से जुड़े रहकर आधुनिकता की ओर अग्रसर होना होगा। तभी हम आर्थिक रूप से समृद्ध, सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और वैश्विक रूप से सम्मानित राष्ट्र बन सकेंगे।'

आज भारत का लगभग 90प्रतिशत तेल का आयत और 70 प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय व्यापर जल मार्ग से ही होता है।अत: हिन्दत महासागरीय क्षेत्र में स्थानयी शांति एवं सुरक्षा बनी रहने पर ही भारत अपने राष्ट्र हितों की पूर्ति हेतु इसका पूर्ण दोहन करके अपनी विकास यात्रा को सुरक्षा एवं व्यापार हेतु निर्बाध रूप से जारी रख सकता है ।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के कजान शहर में अक्तूबर 2024 मे ब्रिक्स के 16 वें शिखर सम्मे्लन में अन्तमराष्ट्रीय राजनीति और व्यापार में भारत की उज्जवल संभावनाओं को इन शब्दों में व्यक्त किया है, 'अब भारत के पास कृषिगत व्यापार, ई–कामर्स, आपसी क्षेत्रीय सहयोग, सूचना प्रोद्यौगिकी, विशेष आर्थिक क्षेत्रों,अंतरिक्ष शोध आदि दर्जनभर क्षेत्रों में परस्पर सहयोग करने के अवसरों की भरपूर उपलब्धता है ।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Economic Survey of India 2022-23,Ministry of Finance, Government of India
2. https://www.indiabudget.gov.in
3. https://www.niti.gov.in/strategy-new-india-75
4. Handbook of Statistics on Indian Economy
5. https://www.rbi.org.in
6. India Development Update,भारत की आर्थिक वृद्धि, नीति सिफारिशें
7. https://www.worldbank.org/en/country/india
8. IMF Article IV Consultation Reports – India,भारत की वित्तीय स्थिति, नीति सुझाव
9. https://www.imf.org/en/Countries/IND
10. मिश्रा,राजेश, भारतीय विदेश नीति : भूमंडलीकरण के दौर में, 2019, ओरियंट ब्लैकस्वान प्रा.लि., हैदराबाद।
11. भारद्धाज,रामदेव,भारत एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध,2018, मध्यप्रदेश हिन्दीक ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
12. सिंह,बाल्मीमकी प्रसाद,21 वीं सदी : भू राजनीति लोकतंत्र और शांति, 2024,राष्ट्रीय पुस्तक न्यास,नई दिल्ली ।
13. श्रीवास्तव, सी.बी.पी. , भारत और विश्व राजनीति , 2002, किताब महल, नई दिल्ली।
14. कुमार अशोक, भारत की आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियां, 2024, मैक्ग्रा हिल एजुकेशन (इंडिया) प्रा. लि., चैन्न्ई।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय संविधान में संशोधनों की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता

डॉ. नियाज अहमद अन्सारी* राखी गुप्ता**

* सहा. प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास) शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्ष 2024 में भारतीय संविधान के लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 26 नवम्बर को संविधान की हीरक जयंती को सालभर संविधान का अमृत महोत्सव के रूप में देशभर में मनाया जा रहा है। किसी भी देश का संविधान एक प्रगतिशील एवं परिवर्तनशील महत्वपूर्ण ग्रंथ होता है। देश के विकास के साथ-साथ संविधान का विकास होना भी जरूरी होता है, जो कि इसमें समयानुकूल संशोधन करके सम्पन्न किया जाता है।। भारतीय संविधान एक सदी के बड़े ब्रिटिश शासनकाल में क्रमिक रूप से विकसित हुआ है। ब्रिटिश संसद ने भी भारत के लिए अनेक अधिनियम बनाए। भारत में संविधान संशोधन की प्रक्रिया अमेरिका एवं आस्ट्रेलिया की तुलना में कम कठोर है। अत: अब भारतीय संविधान में संशोधनों की आवश्यकता प्रक्रिया एवं प्रासंगिकता की विवेचना किया जाने से इसकी प्रासंगिकता सामने लाना जरूरी प्रतीत होता है।

इसके तहत संविधान में संशोधन की आवश्यीकता एवं प्रक्रिया, महत्वपूर्ण संविधान संशोधनों एवं उनका प्रभाव, लोकतंत्र के विकास में संविधान संशोधनों का योगदान, विकसित भारत-2047 में संविधान की भूमिका, अत्यंधिक संशोधनों की आलोचना, भारत में संविधान के भविष्यो आदि बिन्दुओं में चर्चा प्रारंभ होना चाहिए।अबतक भारत में संविधान लागू होने की मात्र 75 वर्षीय न्यून अवधि में ही संविधान में 106 संशोधन किए जा चुके हैं। भारत के समग्र विकास में इन संशोधनों का भी योगदान रहा है।

अत: समय की मांग को ध्यान में रखकर संविधान में संशोधन करना तत्कालीन सरकार के लिए प्रासंगिक एवं अनिवार्य हो जाता है। यही कारण है कि संविधान में समय-समय पर लचीलापन अपनाते हुए कुछ प्रावधान जोड़े जाते है तो कुछ हटाए या परिवर्तित किए जाते हैं। इसलिए भारतीय संविधान में समयानुकूल नए राज्यों का गठन, अधिकारों पर उचित प्रतिबंध, मौलिक कर्तव्यों का विस्तार, कमजोर, शोषित वर्गो के लिए आरक्षण एवं अन्य प्रावधान संविधान संशोधनों के माध्यम से स्थापित किए जा सके हैं।ग्रेनविल ऑस्टिन जैसे संविधान समीक्षकों ने भारतीय संविधान को सामाजिक क्रांति का सशक्त माध्यम निरूपित किया है।

शब्द कुंजी – भारतीय संविधान, संविधान संशोधन,संवैधानिक विकास, लोक कल्याण,विकसित भारत-2047 एवं लोकतांत्रिक मूल्य।

प्रस्तावना –वर्ष 2024 में भारतीय संविधान के लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 26 नवम्बर 2024 को 'भारतीय संविधान की हीरक जयंती'(डायमंड जुबली) को संविधान का अमृत महोत्सव के रूप में देशभर में सालभर मनाया जा रहा है।[1]अब सालभर भारत के सभी राज्यों में निबंध प्रतियोगिता,परिचर्चा,प्रश्नामंच एवं संविधान पर आधारित पुस्त कों की प्रदर्शनी आदि का आयोजन नवाचार के रूप मेंविभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रहीं हैं। वास्त व में किसी भी देश का संविधान एक प्रगतिशील एवं परिवर्तनशील महत्वपूर्ण ग्रंथ होता है। देश के विकास के साथ-साथ संविधान का विकास होना भी जरूरी होता है, जो कि इसमें समयानुकूल संशोधन करके सम्पन्न किया जाता है। विश्व का सबसे बड़ा एवं लोकतांत्रिक संविधान होने के नाते इसका वैश्विक महत्व स्वत: बढ़ जाता है।

न्यायमूर्ति वी.आर कृष्णा अय्यरने इन शब्दों में व्यक्त किया है,' विश्व का हर छटवा व्यक्ति भारतीय है और वह प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक संवैधानिक परम्परा का उत्तराधिकारी है।अत: भारतीय संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखना हर भारतीय का कर्तव्य है।'[2] 2015 से प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संविधान एक सदी के बड़े ब्रिटिश शासनकाल में क्रमिक रूप से विकसित हुआ है। ब्रिटिश संसद ने भी भारत के लिए अनेक अधिनियम बनाए। भारत में संविधान संशोधन की प्रक्रिया अमेरिका एवं आस्ट्रेलिया की तुलना में कम कठोर है। सितम्बर 2023 तक भारतीय संविधान में 106 संशोधन हो चुके हैं। अत: भारतीय संविधान में संशोधनों कीआवश्यकता प्रक्रिया एवं प्रासंगिकता की विवेचना इन बिन्दुओं में की जा सकती है-

1. संविधान में संशोधन की आवश्यनकता एवं प्रक्रिया
2. अति महत्वपूर्ण संविधान संशोधन एवं उनका प्रभाव
3. लोकतंत्र के समग्र विकास में संविधान संशोधनों की प्रासंगिकता
4. विकसित भारत-2047 में संविधान का योगदान
5. अत्यिधिक संशोधनों की आलोचना
6. निष्कर्ष

संविधान मेंसंशोधन की आवश्यशकता एवं प्रक्रिया – भारतीय संविधान के भाग-20 के तहत अनुच्छेद-368 में संविधान में संशोधन की प्रक्रिया निम्नयलिखित तीन रूपों में व्यक्त की गई है- [3]

अ. साधारण बहुमत से संशोधन– वे अनुच्छेद जिन्हें संसद में साधारण

बहुमत से ही पारित किया जा सकता है। इनमें उल्लेखनीय हैं- 1. नए राज्यों का निर्माण(अनुच्छेद 3एवं 4) 2.राज्य के क्षेत्र, सीमा एवं नाम में परिवर्तन (अनुच्छेद- 169एवं 239-A)

ब. दो तिहाई बहुमत द्वारा संशोधन की प्रक्रिया- इस प्रकार के प्रक्रिया के तहत प्रत्येक सदन में सदस्यों की कुल संख्या का बहुमत और उस सदन में उपस्थित एवं मतदान करनेवाले सदस्यों के कम से कम दो तिहाई (2/3) बहुमत से संशोधन किया जा सकता है। इस प्रकार के संशोधन का प्रस्ताव संसद के किसी भी रखा जा सकता है, किंतु उसे पारित तभी माना जाता है , जब उसे संसद के दोनों सदन पारित कर दें। इसके बाद पारित प्रस्ताव राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हेतु प्रेषित कर दिया जाता है। इस श्रेणी में आनेवाले अनुच्छेदों की संख्या बहुत ज्यादा है। वास्तव में प्रथम श्रेणी और तृतीय श्रेणी में आनेवाले अनुच्छेदों को छोड़कर शेष सभी अनुच्छेदों को संसद दो तिहाई बहुमत से ही संशोधन कर सकती है।

स. दो तिहाई बहुमत और राज्य विधान मंडलों की स्वीकृति- इस प्रकार की प्रक्रिया कठिन एवं दीर्घकालीन होती है। इस विशेष प्रक्रिया से संशोधन करने हेतु प्रस्ताव को संसद के 2/3 बहुमत के साथ ही कम से कम आधे राज्यों के विधानमंडलों की स्वीकृति मिलने के बाद ही पारित प्रस्ताव को राष्ट्रपति के पास हस्ताक्षरार्थ भेजा जाता है। इस विशेष श्रेणी में निम्नलिखित उपबंध/अनुच्छेद आते हैं-

1. राष्ट्रपति का चुनाव एवं निर्वाचन विधि / प्रक्रिया (अनु. 54 एवं 55)
2. केन्द्रीय कार्यपालिका की शक्ति का विस्तार (अनु. 73)
3. राज्यों की कार्यपालिका की शक्ति का विस्तार (अनुच्छेद-162)
4. केन्द्र शासित क्षेत्रों हेतु उच्च न्यायालय की व्यवस्था (अनु. 241)
5. राज्यों के लिए उच्च न्यायालय (भाग-5एवं 6)
6. केन्द्र-राज्यों के मध्य विधायी सम्बंध (भाग-17, अध्याय-1)
7. 7वीं अनुसूची से संबंधित कोई भी विषय
8. संसद में राज्यों के प्रतिनिधित्व से संबंधित विषय
9. संविधान संशोधन करने से संबंधित अनुच्छेद-368

2. अब तक हुए अति महत्वपूर्ण संविधान संशोधन एवं उनका प्रभाव- भारत में संविधान लागू होने की मात्र 75 वर्षीय न्यून अवधि में ही अबतक संविधान में106 संशोधन किए जा चुके हैं। भारत के समग्र विकास में इन संशोधनों का भी योगदान रहा है। अत: इन 106 संविधान संशोधनों में अति महत्वपूर्ण संशोधनों की विवेचना इन शब्दों में की जा सकती है- [4]

क्र.	संशोधन क्रमांक एवं वर्ष	विषयवस्तु
1	पहला, 1951	अनुच्छेद-19 में राज्य की सुरक्षा, लोक व्यवस्था, नैतिकता और शालीनता के आधार पर उचित प्रतिबंध लगाए गए। इस संशोधन से जमींदारी प्रथा को भी समाप्त किया गया। इसके साथ ही अनु. 31, 85, 87,174, 176, 341, 342, 372 एवं 376 में भी आंशिक संशोधन किए गए।
2	दूसरा, 1952	इसके द्वारा अनु. 181 में संशोधन करके लोकसभा के एक सदस्य के चुनाव हेतु 7,50,000 मतदाता एवं लोकसभा के लिए अधिकतम सदस्य संख्या 500 निश्चित की गई।
3	सातवां, 1956	इसके द्वारा राज्यों के पुनर्गठन के उद्देश्य से नए राज्यों की स्थापना एवं सीमाओं में बदलाव कर प्रचलित 3 प्रकार के राज्यों के वर्ग को समाप्त किया गया।
4	आठवां, 1960	अनु.334 में संशोधन करके SC एवं ST के लिए लोक एवं विधान सभा में आरक्षित स्थानों एवं आंग्ल- भारतीयों के प्रतिनिधित्व की व्यवस्था को 26 जनवरी, 1960 से 10 वर्ष के लिए पुन: बढ़ाया गया।
5	बारहवां, 1962	इस संशोधन द्वारा गोवा, दमन एवं दीवको केन्द्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया गया।
6	सोलहवां, 1963	राज्यों को यह अधिकार दिया गया कि वह देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षार्थ नागरिकों के अधिकारों पर उचित प्रतिबंध लगा सकते हैं।
7	तेईसवां, 1969	SC एवं ST हेतु संसद एवं राज्य विधान मंडलो में आरक्षण को 10 वर्ष और बढ़ा दिया गया।
8	चौबीसवां, 1971	संसद को मूलाधिकारों के साथ ही संविधान के समस्त उपबंधों में संशोधन करने का अधिकार दिया गया। इसके द्वारा गोलकनाथ मुकदमे का निर्णय भी निष्प्रभावी हो गया।
9	छब्बीसवां, 1971	पूर्व रियासतों के शासकों की मान्यता एवं उनको दी जानेवाली प्रिवीपर्स (शासकों को देय रियायतें) को समाप्त कर दिया गया।
10	अट्ठाईसवां, 1972	नया अनुच्छेद- 312 (A) जोड़कर IAS के विशेष अधिकारों एवं सेवा शर्तों को समाप्त किया गया।
11	इकतीसवां1973	अनुच्छेद-81में संशोधन करके लोकसभा में निर्वाचितों की संख्या 525 से 545 की गई।
12	अड़तीसवां,1975	अनुच्छेद- 123,213, 239 (B), 352,356 एवं 360 को संशोधित किया गया। राष्ट्रपति की आपातकाल की घोषणा, राष्ट्रपति एवं राज्यपालों के अध्यादेशों को न्यायिक पुनरावलोकन के क्षेत्र से अलग किया गया।
13	चालीसवां,1976	भारत के समुद्र या महाद्वीपीय जलमार्ग या आर्थिक क्षेत्र के भीतर सागर के तल की समस्त भूमि, खनिज सम्पदा पर केन्द्र सरकार को स्वामित्व प्रदान किया गया।
14	बयालीसवां,1976	यह संशोधन अब तक हुए संशोधनों में सबसेबड़ा संशोधन माना जाता है। वास्तव में यह संशोधन एक प्रकार से सम्पूर्ण संविधान का पुनरीक्षण था। इसके द्वारा अनुच्छेद-51 (क) जोड़कर 10 मूल कर्त्तव्य जोड़े गए। प्रस्तावना में 'प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतंत्रात्मक गणराज्य' शब्द जोड़े गए। लोकसभा एवं विधानसभाओं का कार्यकाल 5

		से बढ़ाकर 6 वर्ष कर दिया गया। इसके अतिरिक्त मूल अधिकारों, नीति निदेशक तत्वों, संघीय कार्यपालिका, संघीय न्यायपालिका, नियंत्रक-महालेखा परीक्षक, सातवीं अनुसूची आदि में भी संशोधन किए गए। न्यायिक समीक्षा को भी सीमित किया गया।
15	चवालीसवां, 1978	सम्पत्ति के मौलिक अधिकार को संवैधानिक (कानूनी) अधिकार बना दिया गया। अनुच्छेद-352 में 'आंतरिक अव्यवस्था' के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द का प्रयोग किया गया। अनु. 356 को संशोधित करके राज्य में लागू राष्ट्रपति शासन की अवधि एक समय में 12 माह से घटाकर 6 माह कर दी गई।
16	बावनवां, 1985	राजनीतिक दलों के दल-बदल पर कानून बनाकर संविधान में 10 वीं अनुसूची के रूप में स्थापित किया गया।
17	सत्तवनवां, 1987	नागालैंड, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश में ST के लिए लोकसभा में स्थान आरक्षित करने हेतु अनु. 330 एवं 332 को संशोधित किया गया।
18	अठावनवां, 1987	राष्ट्रपति को यह शक्ति प्रदान की गई कि वह केन्द्रीय अधिनियमों एवं संविधान में किए गए हर संशोधन का हिन्दी अनुवाद का प्रकाशन करा सकता है।
19	इकसठवां, 1989	अनुच्छेद-326 में संशोधन करके मताधिकार की न्यूनतम आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष की गई।
20	पैसठवां, 1990	SC एवं ST के लोगोंको संवैधानिक संरक्षण प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया।
21	उनहत्तरवां, 1991	अनु. 239AA एवं 239 AB का समावेश कर के केन्द्रशासित क्षेत्र दिल्ली का नाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) कर 70 सदस्यीय विधानसभा गठित की गई।
22	पचहत्तरवां, 1994	मकान मालिक एवं किराएदारों के विवादों को शीघ्र निपटाने हेतु न्यायाधिकरणों की व्यवस्था की गई।
23	सतहत्तरवां, 1995	सरकारी सेवाओं में पदोन्नति हेतु SC एवं ST का कोटा सुरक्षित किया गया।
24	बयासीवां, 2000	पदोन्नति देने हेतु SC एवं ST के सदस्यों के पक्ष में किसी परीक्षा हेतु अर्हताअकों या मूल्यांकन के स्तरों में नरमी बरतने की व्यवस्था की गई।
25	चौरासीवां, 2000	म. प्र. से छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश से उत्तरांचल एवं बिहार से झारखण्ड का क्रमश: 26,27 एवं 28वें राज्य के रूप में गठन किया गया।
26	छियालीवां, 2002	अनु.21A, 45 एवं 51A(K) जोड़कर 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा देने की व्यवस्था की गई।
27	चौरानवेवा,2006	म.प्र., उड़ीसा के साथ-साथ छत्तीसगढ़ एवं झारखंड को सम्मिलित किया जाकर ST के कल्याणार्थ एक मंत्री का प्रावधान किया गया। इस सूची से बिहार का नाम अलग किया गया।
28	एक सौ एक्वां, 2016	गुड्स एवं सर्विस टैक्स (GST) को लागू किया गया।
29	एक सौ दोवा, 2018	अनु.338 एवं 366में संशोधन करते हुए सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़े वर्ग के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया।
30	एक सौ तीनवां, 2019	आर्थिक रूप से पिछड़े अनारक्षित वर्ग के लिए शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश और सरकारी नौकरी में अधिकतम 10% आरक्षण की व्यवस्था करने हेतु अनु. 15 एवं 16 में संशोधन किया गया।
31	एक सौ पांचवा, 2021	अनु. 338B, 342A एवं 366 में संशोधन कर राज्यों को भी पिछड़ा वर्ग की सूची बनाने का अधिकारप्रदान किया गया।
32	एक सौ छटवां, 2023	लोक सभा एवं राज्य विधान सभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था को निकट भविष्य में लागू करने का मार्ग प्रशस्त किया गया। इस अधिनियम को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का नाम दिया है।
33.	एक सौ उन्तीं सवा दिसंबर, 2024	एक देश : एक चुनाव की व्यअवस्थाक से संबंधित प्रावधान।

लोकतंत्र के समग्र विकास में संविधान संशोधनों की प्रासंगिकता – एक संविधान किसी भी देश के लिए जीवंत ग्रंथ होता है जो वहां के नागरिकों की आकांक्षाओं का प्रतिबिम्बित करता है। समय-समय पर सरकार और जनता की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक सोच में बदलाव आता रहता है। इन सबको दृष्टिगत रखते हुए संविधान में समयानुकूल संशोधन करने की आवश्यकता होती है। समय पर जरूरी बदलाव न करने पर परिस्थितियां प्रतिकूल और ज्यादा चुनौतीपूर्ण बन जाती हैं।

अत: समय की मांग को ध्यान में रखकर संविधान में संशोधन करना तत्कालीन सरकार के लिए प्रासंगिक एवं अनिवार्य हो जाता है। यही कारण है कि संविधान में समय-समय पर लचीलापन अपनातेहुए कुछ प्रावधान जोड़े जाते है तो कुछ हटाए या परिवर्तित किए जाते हैं। इसलिए भारतीय संविधान में समयानुकूल नए राज्यों का गठन, अधिकारों पर उचित प्रतिबंध, मौलिक कर्तव्यों का विस्तार, कमजोर, शोषित वर्गो के लिए आरक्षण एवं अन्य प्रावधान संविधान संशोधनों के माध्यम से स्थापित किए जा सके हैं।ग्रेनविले ऑस्टिन जैसे संविधान समीक्षकों ने भारतीय संविधान को सामाजिक क्रांति का सशक्त माध्यम निरूपित किया है। [5]

विकसित भारत-2047 में संविधान का योगदान- आजादी एवं संविधान के अमृतकाल में भारत कालोतंत्र निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है। संविधान के निर्माण से लेकर अबतक संविधान को अपेक्षाकृत ज्यादा लोककल्याणकारी एवं राष्ट्रहित में उपयोगी बनाने हेतु समयानुकूल संशोधन होते रहे हैं। इससे हमारी अर्थव्यवस्था एवं अंतर्राष्ट्रीय स्थिति मजबूत हुई है। आज भारत विश्व की 5 वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर आजादी की शताब्दी वर्ष 2047 तक तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित देश बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

आशा की जा रही है विभारत 2047 तक न केवल आर्थिक मामले, बल्कि अंतरिक्ष, रक्षा, प्रौद्यौगिकी, कनेक्टिविटी, खाद्यान्न, ध्रुवीय क्षेत्र एवं संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न विकास कार्यक्रमों में भारत की बढ़ती भूमिका एवं उपलब्धियों के आधार पर 2047 तक विकसित देश बन जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय फलक पर भारत सूर्य की भाँति चमक रहा है। जैसाकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के कजान शहर में 23 अक्टूबर, 2024 को आयोजित ब्रिक्स के 16 वें शिखर सम्मेलन में अपने उद्धो धन भें कहा है,'अब भारत के पास ई-कामर्स, कृषिगत व्यापार, सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष शोध एवं व्यावसायिक प्रक्षेपण आदि दर्जनभर नए अवसर उपलब्ध हैं। भविष्य में भारत इन सभी स्वर्णिम अवसरों का भरपूर लाभ उठाने हेतु तत्पर बना हुआ हुआ है।'[6]

अत्याधिक संशोधनों की आलोचना- एक तरफ जहां 1789 में लागू हुए अमेरिकी संविधान में अबतक मात्र 27 और ऑस्ट्रेलिया के 1848 के संविधान में और भी कम संशोधन हुए है। वहीं दूसरी ओर विश्व के सबसे बडे लोकतात्रिक देश भारत में 75 साल की न्यूहनावधि में ही अबतक भारतीय संविधान में 106 संशोधन हो चुके हैं। समय-समय पर कई विद्धानों में भारतीय संविधान मेंअत्याधिक संशोधनों की कटु आलोचना भी की हैं। इसके पीछे मुख्य कारण ये रहा है कि सत्ताधारी दल ने स्वार्थवश एवं सत्ता में बने रहने के लिए अपनी शक्ति एवं बहुमत का दुरूपयोग भी किया है।

42 वें संविधान संशोधन के सम्बंध में 1976 में आचार्य कृपलानी ने टिप्पणी करते हुए कहा था, 'मुझे तो अब भारतीय संविधान में संशोधन ही संशोधन दिखाई दे रहे हैं, मूल संविधान नहीं।'[7] वास्तव में, यह संशोधन अब तक हुए संशोधनों में सबसे बड़ा संशोधन था। यह संशोधन एक प्रकार से सम्पूर्ण संविधान का पुनरीक्षण था। इसके द्धारा सरदार स्वर्ण सिंह समिति के सिफारिश पर अनुच्छेद-51 (क) जोड़कर 10 मूल कर्त्तव्य जोड़े गए थे। इसके साथ ही प्रस्तावना में 'प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतंत्रात्मक गणराज्य' शब्द जोड़े कर लोकसभा एवं विधानसभाओं का कार्यकाल 5 से बढ़ाकर 6 वर्ष कर दिया गया था जिसे 44 वें संविधान संशोधन (1978) के द्धारा पुन: कार्यकाल 5 साल कर दिया गया। इसके अतिरिक्त मूलाधिकारों, नीति निदेशक तत्वों,संघीय कार्यपालिका,संघीय न्यायपालिका,नियंत्रक-महालेखा परीक्षक,सातवीं अनुसूची आदि में भी संशोधन कर तानाशाही ढंग से न्यायिक समीक्षा को सीमित किया गया था।

निष्कर्ष- उपर्युक्त विवेचन के आधार पर निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था को और भी मजबूत बनाने हेतु अपनी 145 करोड़ की जनसंख्या की ज्ञान, कौशल एवं जनशक्ति का अधिकतम सकारात्मक दोहन करने हेतु अपने संविधान को भी लगातार अद्यतन किया है।भारत सरकार के प्रयासों से सितम्बतर 2023 में कई दशकों से लम्बित महिला आरक्षण विधेयक को 106 वें संविधान संशोधन के रूप में संसद से पारित कराकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' से महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त एवं प्रज्वलित कर दिया है।[8] अब भारत के लोकतंत्र एवं संवैधानिक विकास और निर्णयन की प्रक्रिया में महिलाओं का योगदान सुनिश्चित किया जा सकेगा। अत: भारतीय संविधान में समयानुकूल नए राज्यों का गठन, अधिकारों एवंमौलिक कर्तव्यों का विस्तार, कमजोर, शोषित वर्गो के लिए विशेष आरक्षण एवं अन्य प्रावधान संविधान संशोधनों के माध्यम से ही स्थापित किए जाने की सतत् प्रक्रिया जारी रहना विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्ति करने हेतु जरूरी भी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दैनिक भास्कर, 27 नवम्बर, 2024, जबलपुर, पृ. 1
2. सिवाल, अश्विनी,भारतीय संविधान के 75 वर्ष: एक गौरवपूर्ण यात्रा, योजना, नवम्बर 2024, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, पृ. 7
3. Rajaram , Kalpna, Indian Polity : The Constitutional Framework and Topical Issues, 2024, Spectrum Books Pvt. Ltd. , New Delhi, p-804
4. भारतीय राजव्यवस्था एवं शासन, 2023, उपकार प्रकाशन, आगरा, पृ.62-67
5. काश्यप, सुभाष, हमारा संविधान, 2002, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, पृ. 121
6. प्रतियोगिता दर्पण, दिसम्बर, 2024, उपकार प्रकाशन, आगरा, पृ. 15
7. सिवाल, अश्विनी, भारतीय संविधान के 75 वर्ष : एक गौरवपूर्ण यात्रा, योजना, नवम्बर 2024, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, पृ. 14
8. प्रतियोगिता दर्पण, नवम्बर, 2023, उपकार प्रकाशन, आगरा, पृ. 111

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भीलवाड़ा जिले में वास्तु का तथा मानव का अन्त:सम्बन्ध का अध्ययन

डॉ. नीता सीकलीगर*

* पोस्ट डॉक्टारोल फैलो (संस्कृत) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध पत्र भीलवाडा जिले में भवनों के वास्तु और मानव अन्त:सम्बन्ध पर आधारित है। वास्तु का हमारे जिंदगी घर परिवार सब पर प्रभाव पड़ता है वो भी गहरा प्रभाव पड़ता है,लेकिन कई लोग इसका प्रभाव को आनयास ही महसूस कर लेते हैं तो कई लोगों को धयान देने पर इसका प्रभाव दिखाई देता है। वास्तु का सूक्ष्म प्रभाव को हर कोई आसानी से नहीं समझ सकता लेकिन नहीं समझ सकता इसका अर्थ ये कतई नहीं है कि वास्तु का कोई प्रभाव ही नहीं है। बहुत से लोग अपने घर में हमेशा वस्तुवों को व्यवस्थित करते रहते हैं उन्हें देखकर बहुत से लोगों को लगता है इसकी तो अभी कोई आवश्यकता ही नहीं थी या ये तो ठीक ठाक रखा हुआ था। शरीर मे होने वाले रोग को शरीरदोष कहते है मकान,दुकान, मन्दिर, नगर, गांव को सही ढंग से न बनाने को वास्तु दोष कहते है हर स्थान के दोष कि अलग अलग हानी लाभ होते है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. भीलवाड़ा जिले के भवनों में वास्तुसंगत स्थितियों का परिवार के सदस्यो पर प्रभाव जानना।

अध्ययन क्षेत्र – प्रस्तुत अध्ययन हेतु भीलवाड़ा जिले में 30 भवनों का अवलोकन किया गया जिसमें 15 सरकारी भवन और 15 निजी भवन थे। उक्त भवनों का अवलोकन करने से पूर्ण भवन स्वामी से आज्ञा ली गई जिसमें शोध कार्य में मूल्य–मूक्त सहयोग की अपेक्षा की गई। अवलोकन सूची अथवा प्रश्नावली के आधार पर तथ्यों का संकलन किया गया है।

वास्तु का शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव – भीलवाड़ा में स्थित 30 भवनों के वास्तु का परिवार के सदस्यों पर शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव देखा गया है जिसमें 15 निजी भवनों में से 20 प्रतिशत में स्वास्थ्य बहुत अच्छा पाया गया और 33 प्रतिशत का अच्छा एवं 20 प्रतिशत परिवारों का सामान्य तथा 13 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों का स्वास्थ्य ठीक नहीं पाया गया जबकि 13 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों का स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक नहीं पाया गया। 15 सरकारी भवनों में से 27 प्रतिशत में स्वास्थ्य बहुत अच्छा पाया गया और 27 प्रतिशत का अच्छा एवं 20 प्रतिशत परिवारों का सामान्य तथा 13 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों का स्वास्थ्य ठीक नहीं पाया गया जबकि 13 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों का स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक नहीं पाया गया।

वास्तु का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव – भीलवाड़ा में स्थित 30 भवनों के वास्तु का परिवार के सदस्यों पर मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव देखा गया है जिसमें 15 निजी भवनों में से 47 प्रतिशत में स्वास्थ्य बहुत अच्छा पाया गया और 47 प्रतिशत का अच्छा एवं 13 प्रतिशत परिवारों का सामान्य तथा 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों का स्वास्थ्य ठीक नहीं पाया गया जबकि 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों का स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक नहीं पाया गया। 15 सरकारी भवनों में से 53 प्रतिशत में स्वास्थ्य बहुत अच्छा पाया गया और 27 प्रतिशत का अच्छा एवं 20 प्रतिशत परिवारों का सामान्य तथा 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों का स्वास्थ्य ठीक नहीं पाया गया जबकि 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों का स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक नहीं पाया गया।

वास्तु का सामाजिक स्थिति पर प्रभाव – भीलवाड़ा में स्थित 30 भवनों के वास्तु का परिवार के सदस्यों पर सामाजिक स्थिति के सन्दर्भ में प्रभाव देखा गया है जिसमें 15 निजी भवनों में से 67 प्रतिशत में सामाजिक स्थिति बहुत अच्छी पायी गयी और 20 प्रतिशत की अच्छी एवं 7 प्रतिशत परिवारों की सामान्य तथा 7 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की सामाजिक स्थिति ठीक नहीं पायी गई जबकि 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की सामाजिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं पायी गई। 15 सरकारी भवनों में से 27 प्रतिशत में सामाजिक स्थिति बहुत अच्छी पायी गयी और 53 प्रतिशत की अच्छी एवं 20 प्रतिशत परिवारों की सामान्य तथा 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की सामाजिक स्थिति ठीक नहीं पायी गई जबकि 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की सामाजिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं पायी गई।

वास्तु का आर्थिक स्थिति पर प्रभाव – भीलवाड़ा में स्थित 30 भवनों के वास्तु का परिवार के सदस्यों पर आर्थिक स्थिति के सन्दर्भ में प्रभाव देखा गया है जिसमें 15 निजी भवनों में से 60 प्रतिशत में आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी पायी गयी और 40 प्रतिशत की अच्छी एवं 0 प्रतिशत परिवारों की सामान्य तथा 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं पायी गई जबकि 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की आर्थिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं पायी गई। 15 सरकारी भवनों में से 33 प्रतिशत में आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी पायी गयी और 47 प्रतिशत की अच्छी एवं 20 प्रतिशत परिवारों की सामान्य तथा 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं पायी गई जबकि 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की आर्थिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं पायी गई।

वास्तु का शैक्षणिक स्थिति पर प्रभाव – भीलवाड़ा में स्थित 30 भवनों के वास्तु का परिवार के सदस्यों पर शैक्षणिक स्थिति के सन्दर्भ में प्रभाव देखा गया है जिसमें 15 निजी भवनों में से 27 प्रतिशत में शैक्षणिक स्थिति बहुत

अच्छी पायी गयी और 20 प्रतिशत की अच्छी एवं 20 प्रतिशत परिवारों की सामान्य तथा 13 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की शैक्षणिक स्थिति ठीक नहीं पायी गई जबकि 20 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की शैक्षणिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं पायी गई। 15 सरकारी भवनों में से 47 प्रतिशत में शैक्षणिक स्थिति बहुत अच्छी पायी गयी और 27 प्रतिशत की अच्छी एवं 13 प्रतिशत परिवारों की सामान्य तथा 7 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की शैक्षणिक स्थिति ठीक नहीं पायी गई जबकि 7 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की शैक्षणिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं पायी गई।

वास्तु का राजनैतिक स्थिति पर प्रभाव – भीलवाड़ा में स्थित 30 भवनों के वास्तु का परिवार के सदस्यों पर राजनैतिक स्थिति के सन्दर्भ में प्रभाव देखा गया है जिसमें 15 निजी भवनों में से 40 प्रतिशत में राजनैतिक स्थिति बहुत अच्छी पायी गयी और 33 प्रतिशत की अच्छी एवं 13 प्रतिशत परिवारों की सामान्य तथा 7 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की राजनैतिक स्थिति ठीक नहीं पायी गई जबकि 7 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की राजनैतिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं पायी गई। 15 सरकारी भवनों में से 20 प्रतिशत में राजनैतिक स्थिति बहुत अच्छी पायी गयी और 33 प्रतिशत की अच्छी एवं 13 प्रतिशत परिवारों की सामान्य तथा 27 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की राजनैतिक स्थिति ठीक नहीं पायी गई जबकि 7 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की राजनैतिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं पायी गई।

वास्तु का परिवार के सदस्यों पर प्रभाव – भीलवाड़ा में स्थित 30 भवनों के वास्तु का परिवार के सदस्यों पर आपसी सम्बन्ध की स्थिति के सन्दर्भ में प्रभाव देखा गया है जिसमें 15 निजी भवनों में से 20 प्रतिशत में आपसी सम्बन्ध की स्थिति बहुत अच्छी पायी गयी और 53 प्रतिशत की अच्छी एवं 13 प्रतिशत परिवारों की सामान्य तथा 13 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की आपसी सम्बन्ध की स्थिति ठीक नहीं पायी गई जबकि 0 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की आपसी सम्बन्ध की स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं पायी गई। 15 सरकारी भवनों में से 40 प्रतिशत में आपसी सम्बन्ध की स्थिति बहुत अच्छी पायी गयी और 20 प्रतिशत की अच्छी एवं 20 प्रतिशत परिवारों की सामान्य तथा 13 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की आपसी सम्बन्ध स्थिति की ठीक नहीं पायी गई जबकि 7 प्रतिशत परिवारों के सदस्यों की आपसी सम्बन्ध की स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं पायी गई।

निष्कर्ष :

1. 13 प्रतिशत निजी भवनों में परिवारों के सदस्यों का स्वास्थ्य ठीक नहीं पाया गया जबकि 20 प्रतिशत सरकारी भवनों में रहने वाले परिवारों का सामान्य स्वास्थ्य पाया गया।
2. 47 प्रतिशत निजी भवनों में स्वास्थ्य बहुत अच्छा पाया गया और 53 प्रतिशत सरकारी भवनों में रहने वालों का स्वास्थ्य बहुत अच्छा पाया गया।
3. 67 प्रतिशत निजी भवनों में रहने वालों की सामाजिक स्थिति बहुत अच्छी पायी गयी जबकि 20 प्रतिशत सरकारी भवनों में रहने वाले परिवारों की सामान्य पायी गई।
4. 60 प्रतिशत निजी भवनों में रहने वाले लोगों की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी पायी गयी 20 प्रतिशत सरकारी भवनों में रहने वालों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं पायी गई।

सुझाव – कभी-कभी खून की जांच एवं मेडिकल संबंधित सभी प्रकार के टेस्ट अथवा जांच आदि कराने के बाद भी सब कुछ नॉर्मल आता है, परन्तु तब भी शरीर में बीमारी बनी रहती है। बीमारी का कारण समझ में नहीं आता है, ऐसे में आजकल डॉक्टर भी दवा के साथ दुआ, अच्छे कर्म, सकारात्मक सोच की सलाह मरीज को देते हैं ताकि बीमार व्यक्ति शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सके। प्राचीनकाल से चिकित्सा जगत में यह कहा जाता है कि डॉक्टर इलाज करते हैं, मरहम-पट्टी करते हैं और भगवान स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। स्वास्थ लाभ के लिए मरीज की ग्रह दशा के साथ वास्तु का भी धयान रखना चाहिए। ग्रह दशा के लिए उपाय करने से एवं वास्तुदोष दूर करने से दवा बहुत जल्द असर करती है जिसके काराण रोग, शोक, बीमारियां, घर-परिवार से दूर रहती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वी. चक्रवर्ती, इंडियन आर्किटेक्चरल थ्योरी : गूगल बुक्स में वास्तु विद्या के समकालीन उपयोग
2. प्रभु, बालगोपाल, टी. एस. और अच्युतन, ए,'अ टेक्स्ट बुक ऑफ वास्तुविद्या', वास्तुविदप्रतिष्ठानम, कोझीकोड, नया संस्करण, 2.11.
3. वास्तु-शिल्प कोश, हिंदू मंदिर वास्तुकला का विश्वकोश और वास्तु / एस. के. रामचंद्र राव, दिल्ली, डिवाइन बुक्स, (लाला मुरारी लाल छारिया ओरिएंटल सीरीज) आईएसबीएन 978-93-81218-51-8 (सेट)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महेश्वर में सांस्कृतिक पर्यटन की संभावनाएँ: धरोहर संरक्षण और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के संदर्भ में

श्रीमती कविता आर्य रामाणी* श्री पवन पाटीदार**

* सहायक प्राध्यापक, पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय, खंडवा (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय, खंडवा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत विविधताओं से परिपूर्ण एक ऐसा देश है जहाँ प्रत्येक क्षेत्र अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान रखता है। मध्यप्रदेश स्थित महेश्वर नगर, नर्मदा नदी के तट पर बसा एक ऐतिहासिक नगर है, जो अपनी राजवंशीय परंपराओं, धार्मिक स्थलों, तथा सांस्कृतिक धरोहरों के लिए जाना जाता है। रानी अहिल्याबाई होलकर की प्रशासनिक और सांस्कृतिक दूरदृष्टि ने महेश्वर को एक जीवंत सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित किया।

आज जब पर्यटन केवल मनोरंजन का साधन न होकर सांस्कृतिक बोध, स्थानीय जीवनशैली के अनुभव और धरोहर संरक्षण का माध्यम बन गया है, तब महेश्वर की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। सांस्कृतिक पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है जो पर्यटकों को न केवल स्थल भ्रमण कराता है बल्कि उन्हें उस भूमि की आत्मा से जोड़ता है। महेश्वर, अपनी स्थापत्य कला, घाटों, मंदिरों, उत्सवों और महेश्वरी वस्त्रों के कारण सांस्कृतिक पर्यटन की व्यापक संभावनाएँ प्रस्तुत करता है।

हालांकि, आधुनिकता की दौड़ में कई पारंपरिक सांस्कृतिक पहचान खतरे में हैं। धरोहर स्थलों की उपेक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कमी, और स्थानीय कारीगरों की समस्याओं के चलते महेश्वर की सांस्कृतिक छवि धीरे-धीरे मंद पड़ रही है। ऐसे में सांस्कृतिक पर्यटन को एक पुनरुत्थानात्मक शक्ति के रूप में देखा जा सकता है, जो न केवल धरोहरों की रक्षा करेगा, बल्कि स्थानीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में भी सहायक होगा।

यह शोध पत्र महेश्वर में सांस्कृतिक पर्यटन की संभावनाओं का अध्ययन करता है तथा यह विश्लेषण करता है कि कैसे धरोहर संरक्षण और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को एक साथ जोड़ा जा सकता है। शोध का उद्देश्य है कि सांस्कृतिक दृष्टिकोण से पर्यटन की भूमिका का मूल्यांकन किया जाए, ताकि महेश्वर की संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल सके।

महेश्वर की सांस्कृतिक विरासत –महेश्वर एक ऐसा नगर है जो इतिहास, संस्कृति और श्रद्धा की त्रिवेणी में प्रवाहित होता है। प्राचीन काल से ही यह नगर नर्मदा नदी के तट पर एक धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में प्रसिद्ध रहा है। यह नगर न केवल स्थापत्य और कला की दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि इसकी आत्मा लोकजीवन, परंपराओं और धार्मिक आस्थाओं में रची-बसी है।

1. **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और होलकर वंश का योगदान–** महेश्वर का सबसे उज्ज्वल और समृद्ध काल 18वीं शताब्दी में रानी अहिल्याबाई होलकर के शासनकाल में आया। रानी अहिल्याबाई न केवल एक सक्षम प्रशासिका थीं, बल्कि उन्होंने धर्म, संस्कृति और समाज कल्याण के क्षेत्रों में भी अनूठा योगदान दिया। उन्होंने महेश्वर को अपनी राजधानी बनाया और यहाँ भव्य घाटों, मंदिरों और भवनों का निर्माण कराया। उनके प्रयासों से महेश्वर एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित हुआ।

2. **स्थापत्य और कला की विरासत–** महेश्वर का किला, जो नर्मदा तट पर स्थित है, स्थापत्य का अनुपम उदाहरण है। यह किला न केवल सैन्य दृष्टि से महत्वपूर्ण था, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी रहा। अहिल्येश्वर मंदिर, राजराजेश्वर मंदिर और अनेक छोटे-बड़े मंदिर इस नगर की धार्मिक और स्थापत्य विशेषताओं को दर्शाते हैं। महेश्वर के घाट जैसे दअहिल्या घाट,पेशवा घाट, तिल्बानेश्वर घाट आदि भी धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं।

3. **धार्मिक महत्त्व–** महेश्वर का धार्मिक महत्व अत्यधिक है। यह नगर नर्मदा नदी के कारण पवित्र माना जाता है, और यहाँ प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु नर्मदा स्नान, पूजा और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आते हैं। स्कंद पुराण तथा अन्य प्राचीन ग्रंथों में महेश्वर का उल्लेख है, जो इसकी धार्मिक प्राचीनता को सिद्ध करता है।

4. **लोक संस्कृति और परंपराएँ–** महेश्वर की लोक संस्कृति विविध रंगों से भरपूर है। यहाँ की लोक कथाएँ, लोकगीत, वाद्ययंत्र और पारंपरिक नृत्य यहाँ की जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाते हैं। इसके अतिरिक्त, यहाँ की भाषा, पहनावा और खान-पान भी स्थानीय संस्कृति की अनूठी पहचान बनाते हैं।

5 **महेश्वरी वस्त्र और कारीगरी–** महेश्वर की पहचान महेश्वरी साड़ियों से भी है, जो यहाँ की पारंपरिक हथकरघा कारीगरी का प्रतीक हैं। इन साड़ियों की डिजाइन, रंग संयोजन और गुणवत्ता विश्व प्रसिद्ध है। यह कारीगरी रानी अहिल्याबाई के समय से चली आ रही है और आज भी महेश्वर की सांस्कृतिक पहचान में इसका अहम स्थान है।

सांस्कृतिक पर्यटन की अवधारणा और महेश्वर में उसकी स्थिति

1. **सांस्कृतिक पर्यटन की परिभाषा–** सांस्कृतिक पर्यटन वह प्रकार का पर्यटन है जिसमें पर्यटक किसी क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, कला, स्थापत्य, रीति-रिवाज, परंपराएँ, भाषा, धार्मिक स्थल और ऐतिहासिक स्मारकों को जानने और अनुभव करने के उद्देश्य से यात्रा करता है। यह पर्यटन केवल स्थल दर्शन तक सीमित नहीं होता, बल्कि पर्यटक स्थानीय

समाज के जीवन में सहभागी बनने का प्रयास करता है।

विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) के अनुसार, 'सांस्कृतिक पर्यटन का तात्पर्य उस यात्रा से है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य किसी क्षेत्र की संस्कृति को अनुभव करना है, जिसमें वास्तुकला, कला, ऐतिहासिक स्थल, त्योहार, हस्तशिल्प, संगीत, नृत्य और जीवनशैली शामिल है।'

2. सांस्कृतिक पर्यटन का महत्व– धरोहर संरक्षण को बढ़ावा, स्थानीय कारीगरों और कलाकारों को प्रोत्साहन, सास्कृतिक पहचान की पुनर्स्थापना, स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान, सांस्कृतिक संवाद और सौहार्द को बढ़ावा

3. महेश्वर में सांस्कृतिक पर्यटन की वर्तमान स्थिति– महेश्वर, अपने समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विविधता के बावजूद, अभी भी पर्यटक मानचित्र पर सीमित रूप से स्थापित है। यहाँ पर आने वाले पर्यटकों की प्राथमिकता धार्मिक अनुष्ठान, घाट दर्शन और किले भ्रमण तक सीमित रहती है। यद्यपि महेश्वर महेश्वरी वस्त्र, स्थापत्य, धार्मिक आस्था और रानी अहिल्याबाई के योगदानों के लिए प्रसिद्ध है, फिर भी सांस्कृतिक दृष्टि से इसके पर्यटन का समुचित विकास नहीं हुआ है।

पर्यटकों की संख्या– विगत वर्षों में नर्मदा परिक्रमा और स्थानीय त्योहारों के अवसर पर पर्यटक संख्या में वृद्धि देखी गई है, परंतु यह मौसमी होती है।

आधारभूत संरचना की स्थिति– पर्यटन स्थल तक पहुंचने की सुविधा सीमित हैय साथ ही पर्यटकों के लिए उचित सांस्कृतिक सूचना केंद्रों की भी कमी है।

प्रचार–प्रसार की कमी– महेश्वर की सांस्कृतिक विशेषताओं का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी प्रचार नहीं हो पा रहा है।

4. स्थानीय समुदाय की भागीदारी– महेश्वर के स्थानीय समुदायों में सांस्कृतिक परंपराएँ आज भी जीवित हैं, परंतु उन्हें पर्यटन से जोड़ने के लिए संगठित प्रयासों की कमी है। यदि हस्तशिल्प, पारंपरिक भोजन, स्थानीय नृत्य–संगीत और लोककथाओं को पर्यटन गतिविधियों में सम्मिलित किया जाए, तो सांस्कृतिक पर्यटन को नई दिशा दी जा सकती है।

धरोहर संरक्षण की स्थिति और चुनौतियाँ– महेश्वर, जो कि भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है, आज संरक्षण के संदर्भ में कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। यद्यपि यह नगर ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, तथापि इसके धरोहर स्थलों की उपेक्षा, पर्यावरणीय दबाव और प्रशासनिक उदासीनता इसे संकट की ओर ले जा रही है।

1. धरोहर स्थलों की वर्तमान स्थिति– महेश्वर किलारू स्थापत्य की दृष्टि से अनुपम यह किला दीवारों में दरारें, क्षतिग्रस्त भाग और सफाई की कमी जैसी समस्याओं से ग्रस्त है।

अहिल्येश्वर और राजराजेश्वर मंदिर– धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मंदिर, यद्यपि पूजा–अर्चना होती है, लेकिन संरचनात्मक संरक्षण की दृष्टि से सक्रिय प्रयास नगण्य हैं।

घाट क्षेत्र– पर्यटन का प्रमुख आकर्षण होने के बावजूद घाटों पर भीड़, गंदगी और अनियंत्रित निर्माणों से उनकी मौलिकता प्रभावित हो रही है।

2. सरकारी और गैर–सरकारी प्रयास– पुरातत्व विभाग द्वारा सीमित संरक्षणरू कुछ स्थलों को राष्ट्रीय धरोहर घोषित कर सीमित संरक्षण कार्य किए गए हैं, परंतु अनेक छोटे–मंझोले स्थल उपेक्षित हैं।

स्थानीय निकायों की सीमित भागीदारी– नगर पालिका और पर्यटन विभाग द्वारा स्वच्छता और विकास की कुछ योजनाएँ बनीं, परन्तु उनका कार्यान्वयन अपूर्ण है।

NGOऔर समाजसेवियों की भूमिका– कुछ गैर–सरकारी संस्थाओं द्वारा हथकरघा, महिला स्वसहायता समूह और सांस्कृतिक कार्यशालाओं के माध्यम से धरोहरों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है।

3. प्रमुख चुनौतियाँ:

वित्तीय संकट– संरक्षण कार्यों के लिए पर्याप्त धन का अभाव है।

जन–जागरूकता की कमी– स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों में धरोहर संरक्षण के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं है।

अवैध निर्माण और अतिक्रमण– धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के पास अव्यवस्थित निर्माण कार्य धरोहर की मूल आत्मा को क्षति पहुँचा रहे हैं।

प्राकृतिक क्षरण– नर्मदा के किनारे स्थित होने के कारण जलवायु प्रभाव, नमी और वर्षा धरोहर स्थलों की दीवारों को क्षरण करते हैं।

पर्यटन का दुष्प्रभाव– अनियंत्रित पर्यटन गतिविधियाँ, ध्वनि और कचरा प्रदूषण, विरासत स्थलों की शांति और गरिमा को प्रभावित करते हैं।

4, स्थानीय समुदाय और शिक्षा की भूमिका– धरोहर संरक्षण के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं होते। स्थानीय समुदायों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और शोध संस्थानों की भागीदारी आवश्यक है। यदि महेश्वर के निवासी अपने अतीत की महत्ता को समझें और अपनी सांस्कृतिक जड़ों पर गर्व करें, तो वे संरक्षण प्रक्रिया के सक्रिय सहयोगी बन सकते हैं।

सांस्कृतिक पुनरुत्थान की संभावनाएँ– महेश्वर का अतीत अत्यंत गौरवशाली रहा है, किंतु वर्तमान में इसकी सांस्कृतिक छवि धूमिल होती जा रही है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक है कि सांस्कृतिक पुनरुत्थान को एक सशक्त आंदोलन के रूप में देखा जाए, जिसमें धरोहर संरक्षण, लोककला संवर्धन और सांस्कृतिक आत्मबोध के तत्व समाहित हों।

1. सांस्कृतिक पुनरुत्थान की आवश्यकता:

सांस्कृतिक क्षरण की स्थिति– आधुनिकता और उपभोक्तावाद के प्रभाव में पारंपरिक कलाएँ, लोकगीत, महेश्वरी वस्त्र शिल्प और धार्मिक परंपराएँ लुप्त होने की कगार पर हैं।

पीढ़ियों के बीच सांस्कृतिक अंतर– नई पीढ़ी की रूचि अब तेजी से डिजिटल मीडिया की ओर बढ़ रही है, जिससे पारंपरिक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियाँ हाशिए पर जा रही हैं।

धरोहर स्थलों का उपेक्षित स्वरूप– जब तक सांस्कृतिक चेतना नहीं जागेगी, धरोहर स्थल केवल पत्थरों की संरचना बनकर रह जाएँगे।

2. प्रमुख पुनरुत्थान संभावनाएँ:

2.1 महेश्वरी वस्त्र उद्योग का संवर्धन– महेश्वर की हथकरघा परंपरा, विशेष रूप से महेश्वरी साड़ियों की बुनाई, सांस्कृतिक पहचान की वाहक है। यदि सरकार और गैर–सरकारी संस्थाएं इन कारीगरों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार उपलब्ध करवाएँ, तो यह कला वैश्विक पहचान पा सकती है।

2.2 लोक कला और लोक संगीत का पुनर्जीवन– महेश्वर की लोक कथाएँ, नर्मदा अष्टक, और पारंपरिक वाद्ययंत्र अब बहुत कम सुनाई देते हैं। स्थानीय महाविद्यालयों और सांस्कृतिक केंद्रों में इन कलाओं को पढ़ाया जाए व युवा पीढ़ी को इससे जोड़ा जाए।

2.3 सांस्कृतिक उत्सवों और मेलों का आयोजन–वार्षिक महोत्सव, जैसे 'महेश्वर सांस्कृतिक महोत्सव', में स्थानीय कलाकारों, हस्तशिल्पियों और सांस्कृतिक समूहों को मंच प्रदान किया जाए, ताकि वे अपनी कला का

प्रदर्शन करें और आमजन को सांस्कृतिक बोध हो।

2.4 धार्मिक पर्यटन और आध्यात्मिक अनुभव– महेश्वर में धार्मिक दृष्टि से अनेक स्थल हैं। यदि इन्हें एक संरचित ध्धार्मिक पर्यटन परिपथष के रूप में विकसित किया जाए, तो पर्यटक सांस्कृतिक–आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए गाइडेड टूर, ऑडियो–विजुअल सामग्री और ध्यान केंद्रों की स्थापना सहायक होगी।

2.5 शैक्षिक संस्थानों की भागीदारी– स्थानीय स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में सांस्कृतिक पाठ्यक्रम, नाट्य कार्यशालाएँ, विरासत भ्रमण और शोध परियोजनाओं के माध्यम से छात्रों को संस्कृति से जोड़ा जा सकता है। इससे युवा वर्ग में स्थानीय गर्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी।

2.6 डिजिटल माध्यम से सांस्कृतिक प्रचार– डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और वेबसाइटों के माध्यम से महेश्वर की सांस्कृतिक विशेषताओं का प्रचार–प्रसार किया जा सकता है। एक 'वर्चुअल महेश्वर म्यूजियम' भी बनाया जा सकता है, जहाँ पुरातात्विक वस्तुएँ, कथाएँ, गीत और चित्र उपलब्ध हों।

सांस्कृतिक पर्यटन के विकास हेतु प्रमुख रणनीतियाँ

1. पर्यटन अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण:

यातायात सुविधा– सड़क, रेल और जलमार्ग को महेश्वर से बेहतर रूप में जोड़ा जाए।

आवास और सुविधा केंद्र– पर्यटकों के लिए विभिन्न श्रेणियों के होटल, धर्मशालाएँ, तथा सांस्कृतिक केंद्र विकसित किए जाएँ।

सूचना केंद्र– बहुभाषीय सांस्कृतिक सूचना केंद्रों की स्थापना की जाए जो पर्यटकों को ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक जानकारी उपलब्ध कराएँ।

2. विरासत स्थलों का संरक्षण और प्रस्तुतिकरण– विरासत स्थलों की मरम्मत, सौंदर्यीकरण और तकनीकी संरक्षण के माध्यम से उन्हें और आकर्षक तथा सुरक्षित बनाया जाए।

ध्वनि–प्रकाश शो, डिजिटल गाइडिंग सिस्टम और फत कोड आधारित सूचना सेवाएँ शुरू की जा सकती हैं।

3. स्थानीय समुदाय को लाभ से जोड़ना– पर्यटन से जुड़ी नौकरियाँ (गाइड, शिल्प विक्रेता, प्रदर्शन कलाकार) स्थानीय नागरिकों को दी जाएँ। महिला स्वसहायता समूहों को स्थानीय भोजन, शिल्प, वेशभूषा और सांस्कृतिक गतिविधियों में जोड़ा जाए।

4. सांस्कृतिक गतिविधियों का स्थायित्व– मासिक या त्रैमासिक 'सांस्कृतिक सप्ताह'का आयोजन किया जाए, जिसमें शास्त्रीय संगीत, नृत्य, कथावाचन, शिल्प प्रदर्शन आदि हो।

महेश्वर के इतिहास और रानी अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियाँ स्थानीय रंगमंच पर हों।

5. डिजिटल प्रचार और ब्रांडिंग– महेश्वर को 'इंडिया की सांस्कृतिक राजधानी' या 'नर्मदा की रानी' जैसे ब्रांड नामों से प्रचारित किया जाए।

एक समर्पित वेबसाइट, ऐप और सोशल मीडिया अभियान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों तक पहुंच बनाई जाए।

6. शोध और नवाचार के अवसर– पर्यटन, संस्कृति और समाजशास्त्र के शोधार्थियों को महेश्वर में फील्ड वर्क और डॉक्युमेंटेशन का अवसर प्रदान किया जाए।

सांस्कृतिक इको–टूरिज्म की अवधारणा अपनाते हुए 'सस्टेनेबल टूरिज्म मॉडल– तैयार किया जा सकता है।

निष्कर्ष एवं अनुशंसाएँ

1. निष्कर्ष – महेश्वर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और इतिहास का जीवंत प्रतीक है। यहाँ की भौगोलिक स्थिति, धार्मिक महत्ता, ऐतिहासिक धरोहरें और पारंपरिक हस्तशिल्प इसे सांस्कृतिक पर्यटन के लिए उपयुक्त स्थल बनाते हैं। यद्यपि वर्तमान में यहाँ सांस्कृतिक पर्यटन की गतिविधियाँ सीमित रूप में संचालित हो रही हैं, परंतु इस क्षेत्र में अनंत संभावनाएँ विद्यमान हैं।

धरोहर संरक्षण की दिशा में कुछ प्रयास अवश्य हुए हैं, किंतु वे अभी भी अपर्याप्त हैं। वहीं, सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए स्थानीय समुदाय, शैक्षिक संस्थाएँ, सरकार और गैर–सरकारी संगठनों की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। यदि सुनियोजित रणनीतियों के साथ महेश्वर में सांस्कृतिक पर्यटन को विकसित किया जाए, तो यह न केवल स्थानीय विकास का साधन बनेगा, अपितु भारत की सांस्कृतिक गरिमा को वैश्विक पटल पर स्थापित करने का माध्यम भी बनेगा।

2 अनुशंसाएँ:

2.1. धरोहर स्थलों का वैज्ञानिक संरक्षण– महेश्वर के प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का संरक्षण विशेषज्ञों की देखरेख में किया जाए, जिससे उनकी मूल संरचना और सांस्कृतिक मूल्य सुरक्षित रहें।

2.2. स्थानीय समुदाय का प्रशिक्षण और सहभागिता–स्थानीय युवाओं, महिलाओं और कारीगरों को पर्यटन संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गाइड सेवाओं के लिए प्रशिक्षित किया जाए।

2.3. महेश्वरी वस्त्र उद्योग को प्रोत्साहन–महेश्वरी साड़ियों और हथकरघा शिल्प को GI टैग जैसी मान्यता देकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुँचाने के प्रयास हों।

2.4. सांस्कृतिक महोत्सवों का नियमित आयोजन– वार्षिक/मासिक महोत्सवों में सांस्कृतिक प्रदर्शन, कारीगरी, नृत्य, संगीत, पारंपरिक भोजन और लोककथाओं का मंचन किया जाए।

2.5. डिजिटल प्रचार तंत्र का विकास–महेश्वर की सांस्कृतिक विशेषताओं को डिजिटल माध्यम से प्रचारित करने के लिए वेबसाइट, मोबाइल ऐप, सोशल मीडिया कैंपेन और वर्चुअल टूर जैसी सेवाएँ विकसित की जाएँ।

1. Significant improvement was observed in the overall functioning of APMC. It is clear from the sample proportion 86.4% that there have been significant changes in the operational efficiency, market handling, and services of APMC.A majority of the respondents believe that APMC's services have improved and are meeting their needs effectively.
2. APMC's market operations have now become more efficient and streamlined. In comparison to earlier, market transactions have become faster and transparency has also increased, which is beneficial for traders and farmers.
3. APMC has upgraded its physical infrastructure, better storage facilities, and enhanced market access. Digital infrastructure has also seen improvements in online platforms and market data access.
4. APMC has improved communication channels, which has increased transparency regarding market prices and services. Farmers are getting real-time information, which helps them in taking
decisions.
5. It is clear from this analysis that there have been substantial improvements in the overall functioning of APMC, which are positively impacting market operations, farmer welfare, and transparency. These positive developments are progressively transforming APMCs into more responsive, inclusive, and farmer-centric institutions.
6. The satisfaction level of farmers and traders regarding APMC services is very high, which is 88.7%. This indicates that APMC has made substantial improvements in its services, due to which their overall experience has been very positive.
7. Significant improvements have been observed in the service delivery of APMC. Farmers and traders are now getting timely services, clear communication, and efficient processes, which boost their satisfaction.
8. APMC has improved market transparency, infrastructure, and storage facilities, helping farmers and traders make better decisions. Access to accurate pricing and data has increased their convenience and satisfaction. With direct selling platforms and fair pricing policies, farmers are getting better returns. These reforms have strengthened their trust and overall satisfaction. Additionally, easier market access and reduced dependency on middlemen have empowered farmers economically and boosted their confidence.

Suggestions:

1. APMC should further expand its digital platforms. Such mobile apps and online systems can be implemented which can provide market updates, prices, and transaction information to farmers and traders instantaneously.
2. APMC should organize advanced training programs and agricultural best practices workshops for farmers. This will help them adopt modern technologies and market trends.
3. APMCs should launch specific programs to promote sustainable agricultural practices. These can make farming and market operations environmentally friendly and resource-efficient.
4. APMC will have to further strengthen its feedback mechanisms, so that farmers and traders can share their issues and suggestions quickly and timely solutions can be provided for them.
5. APMCs should further expand their digital platforms, like mobile apps and online marketplaces, so that farmers and traders can get real-time updates on market prices, trends, and transaction details.

Conclusion: The investigation clearly demonstrates significant improvements in APMC's overall operations, as supported by strong statistical evidence such as an 86.4% sample proportion indicating enhanced performance and efficiency. These enhancements cover a wide range of areas, such as farmer empowerment, market operations, physical infrastructure, and transparency. It is clear from the high satisfaction rate of 88.7% that these advancements are having a real positive impact on farmers and traders both. A system that is more efficient and farmer-friendly has been made possible by better infrastructure, better service delivery, and more seamless market operations. APMCs must keep bolstering their digital offerings, communication channels, training programs, and sustainability activities in order to maintain this good momentum and meet upcoming difficulties. In addition to significantly streamlining processes, this strategy will guarantee the maintenance and improvement of stakeholders' increasing levels of satisfaction. In summary, the data shows that APMC is changing into a more contemporary, open, and stakeholder-focused organization, which will boost confidence, improve service quality, and strengthen the agricultural ecosystem.

References:-

1. Shashidhar, C., Khanna, A., & Raghavendra, S. (2024). Contribution of APMC's in agricultural marketing: A study on arecanut farmer perspective in Malenadu region. Educational Administration: Theory and Practice, 30(1), 3976–3983. https://kuey.net/
2. Tumma, S. S., & Miryala, R. K. (2023). Factors influencing agricultural marketing performance in Telangana's Agricultural Produce Market Committees (APMCs): A mixed-methods study. International Journal of Research and Analytical Reviews (IJRAR), 10(4). https://www.ijrar.org (E-ISSN 2348-1269, P-ISSN 2349-5138)
3. Sathisha, S. M., Rajajabasingh, D., & Harshitha, K. (2021). Contribution of APMC's in agricultural marketing: A study on farmer perspective in Tumkur District. Turkish Online Journal of Qualitative Inquiry, 12(7), 5644–5653.
4. Khalate, S. B. (2024). A study of marketing challenges faced by agro producers through Agricultural Produce Marketing Committees in the state of Maharashtra. Journal of Advanced Zoology, 45(S-4).
5. Patil, R. S., & Deshmukh, V. B. (2022). Role of APMCs in enhancing income of small and marginal farmers in India. International Journal of Agricultural Economics and Development,10(2), 45–52. https://doi.org/10.1234/ijaed.v10i2.5678

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतेन्दुयुगीन राज्योन्मुख राष्ट्रीयता

प्रियंका शर्मा *

* छात्रा, एम.ए. (उत्तरार्ध) (हिंदी) मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार (राज.) भारत

प्रस्तावना – भारतेन्दु युग को हिंदी साहित्य का नवजागरण काल कहा जाता है। इस युग में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सामाजिक सुधार की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। 'राज्योन्मुख राष्ट्रीयता' अर्थात उस राष्ट्रीय भावना का विकास जो तत्कालीन सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्थितियों से जुड़ा हुआ था। भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने अपने लेखन के माध्यम से उस समय की राजनैतिक विसंगतियों को उजागर किया और जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना को बल दिया।हिन्दी कविता के विकास क्रम में आधुनिक हिन्दी कविता ने नये सोपान निर्मित किए और कविता को युग के अनुरूप दिशा प्रदान की। आधुनिक हिन्दी कविता के प्रत्येक युग एक समान न होते हुए भी परस्पर एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं।आधुनिक हिन्दी कविता में राष्ट्रीय चेतना का एक नवीन रूप सामने आता हैतब उस समय भारतवर्ष अंग्रेजी शासन का गुलाम मानसिक रूप से हो चुका था। भारतीय इतिहास के सामाजिक–धार्मिक पुनर्जागरण के समानांतर आधुनिक काल हिन्दी साहित्य का नवजागरण का काल है। आधुनिक हिन्दी कविता की राष्ट्रीय चेतना के महत्त्व के बारे में शिवदान सिंह चौहान कहते हैं– 'आधुनिक हिन्दी कविता राष्ट्रीय जागरण के क्रोड़ में विकसित हुई है।'[1]



परिचय– भारतेन्दु हरिश्चंद्र (1850–1885) को हिंदी नवजागरण का अग्रदूत माना जाता है। वे न केवल कवि और नाटककार थे, बल्कि पत्रकार, सामाजिक चिंतक और राष्ट्रभक्त भी थे। उन्होंने साहित्य को समाज और राष्ट्र की सेवा का माध्यम बनाया। उनके युग में राष्ट्रीयता का स्वर तत्कालीन ब्रिटिश शासन की नीतियों के विरोध के रूप में उभरा।

राज्योन्मुख राष्ट्रीयता का अर्थ– राज्योन्मुख राष्ट्रीयता से आशय हैकृऐसी राष्ट्रीय चेतना जो शासन प्रणाली, राजकीय नीतियों और औपनिवेशिक सत्ता की आलोचना के माध्यम से विकसित होती है। यह चेतना सामाजिक सुधार, सांस्कृतिक पहचान और राजनीतिक स्वतंत्रता की ओर उन्मुख होती है।

आधुनिक काल में कविता के विकास काल को क्रमश: भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग, छायावादी युग, प्रगतिवादी, प्रयोगवाद, नयी कविता, साठोत्तरी अथवा समकालीन कविता के नाम से अभिव्यंजित किया गया है।आधुनिक हिन्दी कविता में राष्ट्रीयता सन्दर्भ में सर्वप्रथम भारतेन्दु युग का नामआता है। जहाँ स्वयं भारतेन्दु ने राष्ट्रीयता से ओत–प्रोत काव्य का सृजन किया। भारतेन्दु युग वस्तुत: राष्ट्रीय चेतना के विकास का एक महत्त्वपूर्ण युग है।



आधुनिकता के चिह्न अर्थात् भारतेन्दु युग, स्पष्ट हैं कि भारतेन्दु युगीन कविता पुनर्जागरण की कविता है। आधुनिक काल अर्थात् भारतेन्दु युग में राष्ट्रीयता को एक नया रूप मिला है। इस समय तक देश अंग्रेजी शासन की निर्दयता व कठोरता से पूरी तरह जकड़ चुका था। भारतेन्दुकालीन साहित्यकारों ने रीतिवादी सामन्ती मूल्यों को ध्वस्त किया और साहित्य में नवीन मूल्यों की स्थापना की।इस प्रकारहिन्दी कविता का आधुनिक काल वस्तुत: स्वाधीनता आन्दोलन के विकास का इतिहास है।

भारतवर्ष के देशी राजा–रजवाड़ों सहित जन–जन ने अपने पुरुषार्थ से 1857ई.के समय सम्पूर्ण देश में स्वतन्त्रता संग्राम के माध्यम से अंग्रेजी शासन को समाप्त करने का प्रयत्न किया गया था। इस आन्दोलन के परिणामस्वरूप राष्ट्रीयता का स्वर अधिक मुखर हुआ। इस युग के कवियों ने जन–जन के मन में राष्ट्रीय चेतना जगाने के लिए काव्य की सर्जना की। स्वयं भारतेन्दु राष्ट्रीय चेतना के प्रबल समर्थकों में अग्रणी रहे और उन्होंने समाज सुधार के साथ–साथ अतीत का गौरवगान करते हुए भारतीय जनता में आत्मसम्मान व स्वाभिमान का भाव जगाया।

भारतेन्दु के कृतित्व में राज्योन्मुख राष्ट्रीयता:

पत्रकारिता के माध्यम से राष्ट्रचेतना: भारतेन्दु ने 'कविवचनसुधा', 'हरिश्चंद्र मैगजीन' जैसे पत्रों के माध्यम से ब्रिटिश शासन की नीतियों की आलोचना की। उनके संपादकीय लेखों में शिक्षा, स्वदेशी, और स्वराज की भावना प्रबल रूप से दिखाई देती है।

नाटकों में राजनीतिक चेतना: नाटक 'अंधेर नगरी' में उन्होंने भ्रष्ट शासन तंत्र और न्याय व्यवस्था पर करारा व्यंग्य किया। इसमें स्पष्ट रूप से तत्कालीन औपनिवेशिक शासन की विफलताओं का चित्रण है।

काव्य में राष्ट्रप्रेम: उनके काव्य में भारत की सांस्कृतिक गरिमा, गौरवपूर्ण अतीत और स्वतंत्रता की आकांक्षा झलकती है। उदाहरण स्वरूप–

'बिसरि गई सब बात, रहा अब तो भारत ही को प्यार'

यह पंक्ति राष्ट्रभक्ति का स्पष्ट उदाहरण है।

सांस्कृतिक चेतना: भारतेन्दु ने भारतीय भाषाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने पर बल दिया, जो औपनिवेशिक सांस्कृतिक प्रभुत्व के प्रतिरोध का हिस्सा था।

सुज्ञात हैं कि भारतेन्दु युगीन राष्ट्रीय चेतना का प्रथम रूप राजभक्ति के माध्यम से प्रकट होता है। इस राजभक्ति के मूल में भारतीय जनता का ब्रिटिश शासन के प्रति आस्था भाव है। भारतेन्दु युगीन साहित्य में राजभक्ति और देशभक्ति परस्पर एक दूसरे से जुड़ी हुई थी। क्योंकि वह समय ही ऐसा था जिसमें राजभक्ति व देशभक्ति का एक साथ रहना आवश्यक था। हालांकि कम्पनी के शासन काल में भारतीय जनता को अनेकानेक कष्ट झेलने पड़े थे। किन्तु विक्टोरिया के शासन काल में उन्हें कुछ सुख शांति की आशा अवश्य दिखी। डॉ. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय अंग्रेजों के गुणगान का कारण बताते हुए लिखते हैं[2]– 'अंग्रेजी राज्य में भारतवासियों को मुसलमानी अत्याचार और दिन रात की कलह और अशांति से पहले पहल रक्षा मिली। इसीलिए उन्होंने मुसलमानी राज्य की अपेक्षा अंग्रेजी शासन कहीं श्रेयस्कर समझा।' स्वयं भारतेन्दु हरिशचन्द्र को भी राजभक्ति विरासत में मिली थी। उनकी दृढ़ मान्यता थी कि[3] 'विक्टोरिया देश की मल्लिका हैं और उनके तथा उनके परिवार के प्रति (राजपरिवार) वफादारी और निष्ठा का भाव रखना हर देशवासी का कर्त्तव्य है।' भारतेन्दु ने ग्यारह वर्ष की आयु में प्रिंस एलवर्ट के सम्मान में एक कविता लिखी थी तथा महारानी विक्टोरिया के पति प्रिंस एलबर्ट की मृत्यु पर श्री अलवरत वर्णन (अन्तर्लिपिका) लिखकर महारानी विक्टोरिया के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए लिखते हैं –

'कह सितार के सार?सत्रु के किमि मन तेरे? काकी मार प्रहार सीम अरि हनै घनेरे?

को महारानी को पति परम सोभित स्वर्गहि ह्वै रहौ? अलवरत एक छत्तीस इन प्रश्नन को उत्तर कह्यो।'

1857 ई. में प्रिंस ऑफ वेल्स (सम्राट एडवर्ड VII) के भारत आगमन पर 'श्री राजकुमार शुभागमन वर्णन' कविता में भारतेन्दु अपनी राजभक्ति का परिचय देते हैं। यथा

'स्वागत स्वागत धन्य तुम भावी राजधिराज भई सुनाया भूमि यह परसि चरन तुव आज।।'

इसी तरह 1869 ई. में श्री राजकुमार सुस्वागत पत्रश नामक कविता की रचना की और उसमें उन्होंने राजकुमार से प्रार्थना की–

'विनवत जुग प्रफुलित जलज, करि कलि कैक समान भुजा भुजा की छांह मैं, देहु अभय पद दान।।'

साथ ही 'भारत भिक्षा' शीर्षक कविता में राजकुमार के आगमन से भारत भूमि के आनन्दमय होने का वर्णन भी करते हैं–

'अहो आज का सुनि परत भारत भूमि मंझार।
चहूं ओर आनन्द धुनि कहा होत बहु बार।।
ब्रिटिश सुशासित भूमि में आनन्द उमगे जात।
सबै कहत जय आज क्या यह नहिं जान्यो जात ।।'

वे महारानी व युवराज की जय जयकार करते हुए लिखते हैं–

'बजे बृटिश डंका सघन गहगह शब्द अपार।
जय रानी विक्टोरिया जै जुवराज कुमार।।'

यही नहीं भारतेन्दु ने अंग्रेजों और हिन्दुओं में एक जातीत्व की स्थापना करते हुए महारानी विक्टोरिया को राजराजेश्वरी तक की उपमा दे डाली। साथ ही 'मनुमुकुल' नामक कविता में अंग्रेजों को आर्य जाति का कहकर हिन्दुओं में एकता की कामना भी करते हैं–

'होई भारत धीश्वरी आरज स्वामिनि आज।
तुम हुदै आरज जाति कहं मिलयो धन यह राज।।'[4]

भारतेन्दुयुगीन कवियों में मुख्य कवि बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' भी इसी पद्धति का अनुकरण करते हुए ब्रिटिश शासन के आगमन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लिखते हैं –

'धन्य ईसवीं सन अठारह सौं अट्ठा वन प्रथम नवम्बर दिवस
सतासित भेद मिटावन।।'

यहाँ सतासित भेद का अन्त है। आगे की पंक्तियों में वे लिखते हैं कि हे महारानी तेरा शासन धन्य है जैसे बकरी और सिंह एक घाट का पानी पीते हैं, वैसी समानता तेरे इस शासन काल में भी है –

'धन्य तिहारो राज, अरी मेरी महारानी।
सिंह, अजा संग पियत जहां एकहि थल पानी।।'[5]

राजभक्ति में 'प्रेमघन' जी भारतेन्दु तथा उनके युगीन अन्य कवियों से भी एक कदम आगे निकल गये हैं। अम्बिकादत्ता व्यास भी 'जयति राजराजेश्वरी जय जय परमेश' पंक्तियों द्वारा रानी विक्टोरिया के सुशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।[6]

भारतेन्दु युगीन कवि पूर्णरूपेण देश भक्त थे और उनमें राष्ट्रीय चेतना का ज्वार भी उमड़ रहा था। उस युग के कवियों में राष्ट्रीयता का आदर्श ब्रिटिश राज्य को उखाड़ फेंकने की बजाय उनकी छत्रछाया में रहकर औपनिवेशिक स्वराज्य प्राप्त करना था। यही कारण है कि उस काल में उग्रवादी विचारधारा का प्रवर्तन धीरे–धीरे हुआ। महारानी विक्टोरिया के शासन में मध्यमवर्गीय समाज में शान्ति और सुख की अभिलाषा उत्पन्न हुई थी किन्तु परिणाम कुछ और ही रहा। कल्पना लोक में जीने वाले मध्यमवर्गीय लोगों को सुख–शान्ति की बजाय कठोर यथार्थ की पीड़ा की मार झेलनी पड़ी और समाज के इस वर्ग के सपने टूट गए। इस प्रकार जन जीवन में असन्तोष की लहर फैल गई और इसी असन्तोष के कारण जनता को अपनी परतन्त्रता और विपन्नता का आभास हुआ। इसी असन्तोष के कारण जनता में क्रान्तिकारी विचारधारा का उदय हुआ। भारतेन्दु अपनी रचना 'भारत दुर्दशा' में अतीत गान करते हुए उसके छठे अंक में लिखते हैं –

भारत के भुजबल जग रच्छित।
भारत विद्या लहि जग सिच्छित ।।
भारत तेज जगत विस्तारा भारत भय कांपत संसारा ।
जाके तनिकहिं भौंह हिलाए थर–थर कांपत नपृ डरपाए ।।
जाके जय की उज्ज्वल गाथा गावत सब महिं मंगल साथा।।

भारत के तेज, गौरव की सम्पूर्ण संसार में ख्याति है। भारत के तेज से यूरोप व अमेरिका सभी ईर्ष्या करते थे–

जिनके भय कंपित संसारा, जब जग जिनको तेज पसारा।
पुरुष अमरिका इहिहि सिहाहि, भारत भाग सरिस कोउ नहीं।।

भारत वर्ष पर ही सबसे पहले ईश्वर की कृपा हुई थी। इसीलिए उसने सबसे पहले इसे धन, धान्य व बल प्रदान किया, सभ्य बनाया। सर्वप्रथम विद्या का फल भी इसे ही मिला। रूप, रंग का रस भी सर्वप्रथम भारत को ही मिला है–

सबके पहिले जेहि ईश्वर धन बल दीनो।
सबके पहिले जेहि सभ्य विधाता कीनो ।।
सबके पहिले जो रूप रंग रस भीनो। सबके पहिले विद्याफल जिन गहि लीनो।।[7]

क्रान्ति की भावना को जनमानस में जगाने के लिए भारतेन्दु ने भारतीय शूरवीरों का स्मरण करते हुए जनता का जगाने का प्रयास किया है –

धन धन भारत के सब छात्री जिनकी सुजल धुजा फहराय
मारि मारि के शत्रु दिये हैं, लाखन बेर भगाय।
महानन्द की फौज सुनत ही डरे सिकन्दर राय।
राजा चन्द्रगुप्त लै आये बेटी सिल्यूकस की जाय।
मारि बलूचिन विक्रम रहे शकारी पदवी पाय।
बापा कासिम तनय मुहम्मद जीत्यौ सिन्धु दियो उत्तरायै।[8]

प्रेमधन भी अपने स्वर्णिम अतीत का स्मरण करते हुए वर्तमान पर क्षोम प्रकट करते हैं–

नहि अब भारत वह रह्यो, नहिं यामैं वह तत्व।
हाथ विधाता ने हर्यो, कैसो याको सत्व ।।
नहि वह काशी रह गई, हती हेम मय जौन।
नहिं चौरासी कोस की, रही अयोध्या तौन।।[9]

राधाकृष्ण दास ने अपनी षविजयिनी विलापष कविता में भी भारतीय ऐतिहासिक महापुरुषों का यश गान करते हुए अपनी सांस्कृतिक विरासत का भाव पूर्ण व मर्मस्पर्शी गान करते हुए वर्तमान की चिन्ता की है–

कहाँ परिक्षित कह जनमजेय कहं विक्रम कहं भोज नन्दवंश कहं चन्द्रगुप्त कहँ हाय कहाँ वह ओज। हा कबहुँ वह दिन फिर हुवै हैं वह समृद्धि वह शोभा। कै अब तरसि तरसि मसूसि कै दिन जैहै सब छोभा ।[10]

डॉ. उर्मिला जैन ने लिखा है कि, 'वर्तमान अधोगति की भावना वेदना उत्पन्न करती हैं जो केवल असहायता की वेदना नहीं है, बल्कि क्षोभ भरी है। हिन्दी के कवि इस माध्यम से विदेशी शासन के प्रति अपना आक्रोश प्रकट करते हैं। वर्तमान की धूमिल पृष्ठभूमि पर अतीत का चमकता हुआ उज्ज्वल चित्र सहज ही प्रकट हो जाता है।'[11]

भारत दुर्दशा में भारत की दयनीय स्थिति (दशा) को देखकर भारतेन्दु के कंठ से निकला था–

रोवहु सब मिलि कै आवहु भारत भाई।
हा ! हा ! भारत दुर्दशा न देखी जाई।।[12]

भारतेन्दु से भारत की दुर्दशा सही नहीं गई। इसकी अनुभूति इतनी अधिक तीव्र थी कि उन्होंने देशवासियों को भी आमंत्रित किया। उन्हें सर्वत्र दु:ख ही दु:ख दिखाई दिया और उनमें गहरा असन्तोष पैदा हो गया और उन्होंने लिखा

अब जहें देखहुँ तहँ दुख ही दुख दिखाई।
हा ! हा ! भारत दुर्दशा न देखी जाई।।[13]

पराधीनता से बढ़कर कोई दु:ख दूसरा नहीं है। इसी पीड़ा की अभिव्यक्ति करते हुए प्रेमधन ने पराधीनता को सबसे बड़ा दु:ख माना है। इसी कारण प्रकारान्तर में उन्होने अंग्रेजी शासन के प्रति अपना असन्तोष प्रकट किया है–

जदपि जगत में बहुदुख दुसह महान।
पराधीनता के सम तदपि न आन।।[14]

देशवासियों की इस स्थिति को देखकर इन कवियों का हृदय पीड़ा से रो उठता है। भारतेन्दु युगीन कवियों ने जहां देश की दुर्दशा को नजदीक से देखा था वहीं जनता के कष्टों को भी अपनी वाणी दी थी। जिस देश में कभी सोना बरसता था उसी देश की जनता एक रोटी के लिए ललचाई निगाहों से ताकती नजर आती है। बालमुकुन्द गुप्त इसी पीड़ा का गान अपनी कविता जातीय गीत में करते हुए कहते हैं–

जिनके कारण सब कुछ पावैं जिसका बोया सब जन खायें।
हाय हायउनके बालक नित भूखों के मारे चिल्लायें ।।[15]

अंग्रेजों ने अपने खजाने और राजकोष में वृद्धि करने हेतु भारतीय जनता का अत्यधिक शोषण किया, फलत: राजस्व मांग, करों एवं बढ़ती मंहगाई के बोझ से दबी जनता की दीनावस्था का चित्रण करते हुए प्रतापनारायण मिश्र लिखते हैं–

तबहिं लख्यों जहं रह्यो एक दिन कंचन बरसत।
तहं चौथाई जन रूखो रौटिहुं को तरसत
जहां आमन की गुठली अरू बिरछन की छालै।
ज्वार चून महं मेलि लोग परिवारहिं पालै ।।
नोन तेल लकरी घासहु पर टिक्स लगे जहाँ।
चना चिरौंजी मोल मिले जहँ दीन प्रजा तहाँ।।[16]

उपर्युक्त पंक्तियों में ब्रिटिश सरकार द्वारा किए जाने वाले आर्थिक शोषण और भारतीय दासता का चित्रण भली भाँति स्पष्ट होता है। तत्कालीन समय में पड़ने वाले अकाल, महामारी और कर के बोझ से दबी हुई जनता की करुणाजनक स्थिति को भारतेन्दु ने भी अपनी वाणी दी है –

ताहु पै महंगी, काल और बीमारी
दिन दिन दूनों दुख देत ईस हा हारी।।[17]

पं. बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमधन' ने देश के पतनोन्मुख समाज का वर्णन करते हुए चिन्ता व्यक्त करते हुए लिखते हैं –

भयो भूमि भारत में महा भयंकर भारत।
भये वीरवर सुभट एकहि संघ गारत ।।
भये विवुध नर नाह सवल चातुर गुन मंडित ।
बिगरो जनसमुदा बिनापथ दर्शक पंडित।
नये-नये न चले, नये झगरे नित बढ़े।
नये-नये दुख वरे सीस भारत पर गढे।।[18]

दादाभाई नौरोजी और रमेश चन्द्र मजुमदार जैसे स्वतंत्रता सेनानी आर्थिक-निष्कासन सिद्धांत में भारत की दासता का कारण खोज रहे थे,क्योंकि भारतीयों का आर्थिक शोषण उस काल की एक प्रमुख समस्या थी। बालकृष्ण भट्ट के शब्दों में[19] 'देश का धन विलायत ढोया चला जा रहा है, कितना भारी पाप हम कर रहे हैं तथा हजारों लाखों विलायती साहब लोग जो थोड़ा ही परिश्रम कर अलपायाम् महत् फलम् की भाँति लम्बी लम्बी तनख्वाहें फटकार असंख्य रुपया जमाकर विलायत में इंडियन जाय नवाब बनते हैं।' हरिशचन्द्र[20] की इन पंक्तियों में भी भारतीयों के आर्थिक शोषण का चित्रणद्रष्टव्य है -

इत की रूई सींगअरू चरमहि तित लौ जाय।
ताहि स्वच्छ करि वस्तु वहु भेजत इतहि बनाम ।।
तिनही को हम पाय कै. साजत निज आमोद।
तिन बिन छिन तृन सकल सुख स्वाद, विनोद प्रमोद ।।

भारतीयों का एक तरफ टैक्स व कर के बोझ से दबाया जा रहा था वहीं दूसरी ओर यहां का धन विलायत में भेजा जा रहा था।दादाभाई नौरोजी के धन-निष्कासन सिद्धांत के अनुसार भारत की ही वस्तुओं को निर्यात कर फिर पुन: भारत में अधिक दाम में बेचकर यहाँ की जनता का आर्थिक शोषण किया जा रहा था। इस प्रकार भारतेन्दु युग में जब देश इन सब समस्याओं से जूझ रहा था तब कवियों ने न केवल अतीत का गुणगान किया बल्कि वर्तमान दुरावस्था का चित्रण करते हुए उसका सामना करने के लिए जनता को कमर बांध कर शस्त्र धारण करते हुए आगे पांव बढ़ाने का सन्देश भी इस युग के कवियों ने दिया है। भारतेन्दु[21] ने स्वयं होली गाते हुए यह आह्वान किया है -

उठौ उठौ सब कमरन बाँधौ शस्त्रन सान धरो री।
विजय-निसान बजाइ बावरे आगेइ पाँव धरो री।।

तथा भारत पुत्रों को जगाने के लिए वे राम, युधिष्ठिर, और विक्रम की याद भी दिलाते-

उठी उठौ भैया क्यौ हारौ अपुन रूप सुमिरो री।
राम युधिष्ठिर विक्रम की तुम सटपट सुरत करोरी।।[22]

प्रताप नारायण मिश्र ने भी 'सब तजि गहनों स्वतंत्रता नहिं चुप लातै खाव' के द्वारा मूलत: अंग्रेजों के अत्याचार को ही दर्शाया है। प्राय: भारतेन्दु युग के कवियों ने इसी प्रकार के चित्र प्रस्तुत कर देश की यथार्थ स्थिति का चित्रण करते हुए भारतवासियों को प्रेरणा दी है। आचार्य शुक्ल ने इस युग की राष्ट्रीय काव्यधारा के विषय में लिखा है,[23] 'नवीनधारा' के बीच भारतेन्दु की वाणी का सबसे ऊँचा स्वर देश भक्ति का था। नील देवी, 'भारत दुर्दशा' आदि नाटकों के बीच आई हुई कविताओं में देश दशा की जो मार्मिक व्यंजना है, वह तो है ही, बहुत सी स्वतंत्र कविताएँ भी लिखी, जिनमें कहीं देश की अतीत गौरव गाथा का गर्व, कहीं वर्तमान अधोगति की क्षोम भरी वेदना, कहीं भविष्य की भावना से जागी हुई चिन्ता आदि अनेक पुनीत भावों का संचार पाया जाता है।' इस युग की राष्ट्रीयता के बारे में शिवदान सिंह चौहान[24] का मानना है कि 'हिन्दी की राष्ट्रीय आधुनिक कविता राष्ट्रीयता के क्रोड में पनपी है किन्तु उसके पोषण में भारतेन्दु युगीन रचनाकारों का सहयोग अधिक महत्वपूर्ण नहीं था।भारतेन्दु युग में राज्योन्मुख राष्ट्रीयता का स्वर न केवल साहित्य में, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलनों में भी दिखाई देता है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने साहित्य को सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम बनाया, जिससे आगे चलकर हिंदी क्षेत्र में राजनीतिक चेतना का विकास हुआ।'

यद्यपि इस युग के कवियों ने राजपरक कविताएं अधिक संख्या में लिखी है किन्तु इन कवियों में राष्ट्रीयता का अभाव नहीं था। सारांश रूप से कहे तो भारतेन्दुयुगीन कविताओं के युग ने राष्ट्रीय आन्दोलन व सामाजिक जागरण में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। समय की मांग व परिस्थितिवश कवियों ने अपना रूख उस दिशा में भी मोड़ दिया था किन्तु सही अर्थों में देखें तो राष्ट्रीयता का बीजवपन भारतेन्दु युगीन रचनाओं से ही हुआ।भारतेन्दु का काव्य विदेशी शासन को समूल उखाड़ फेंकने के लिए उसकी आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक नीतियों पर प्रहार करता हुआ नवजागरण का संदेश देता है तथा देश की सोई हुई जनता को जगाने का प्रयत्न करता है।भारतेन्दु युग केवल हिन्दी साहित्य का नवजागरण काल ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत में राज्योन्मुख राष्ट्रीयता के बीज बोने वाला युग भी है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने भाषा, साहित्य और पत्रकारिता को एक सशक्त राजनीतिक उपकरण के रूप में प्रयोग किया, जिससे स्वतंत्रता संग्राम की नींव तैयार हुई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शिवदान सिंह चौहान, 'हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष', पृष्ठ संख्या 29 राजकमल प्रकाशन,1979
2. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय, 'भारतेन्दु हरिशचन्द्र', पृष्ठ संख्या 48, हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद,1953
3. ओम प्रकाश सिंह (सं.), 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ग्रंथावली', भाग 1. भूमिका से
4. ब्रजरत्नदास (सं.), भारतेन्दु ग्रंथावली, भाग-2, पृष्ठ संख्या 624,697,629, 283, 291, 302
5. बिन्दू दुबे, 'दिनकर के काव्य का अनुशीलन', पृष्ठ संख्या 49
6. शिवकुमार शर्मा, 'हिन्दी साहित्य युग और प्रवृत्तियाँ', पृष्ठ संख्या 474
7. ओमप्रकाश सिंह (सं.). भारतेन्दु ग्रंथावली, भाग-1, पृष्ठ संख्या 132,140
8. ओम प्रकाश सिंह (सं.), भारतेन्दु ग्रंथावली, भाग-1, पृष्ठ संख्या 113
9. ब्रजरत्नदास, भारतेन्दु ग्रंथावली, भाग-2, पृष्ठ संख्या 503
10. उर्मिला जैन, 'आधुनिक हिन्दी काव्य में क्रान्ति की विचारधाराएं', पृष्ठ संख्या 103
11. रामरजन पाण्डेय, 'हिन्दी साहित्य का इतिहास', पृष्ठ संख्या 282
12. उर्मिला जैन, 'आधुनिक हिन्दी काव्य में क्रान्ति की विचारधाराएँ', पृष्ठ संख्या 103
13. कृष्णवीर सिंह (सं.), 'भारतेन्दु हरिशचन्द्र रचित भारत दुर्दशा', पृष्ठ संख्या 42
14. वही, पृष्ठ संख्या 42
15. उर्मिला जैन, 'हिन्दी काव्य में क्रान्ति की विचारधाराएँ', पृष्ठ संख्या 104

16. रामरजन पाण्डेय,'हिन्दी साहित्य का इतिहास', पृष्ठ संख्या 282,
17. नगेन्द्र, 'हिन्दी साहित्य का इतिहास', पृष्ठ संख्या 452
18. बिन्दू दुबे, 'दिनकर के काव्य का अनुशीलन', पृष्ठ संख्या 51
19. रामचन्द्र शुक्ल, 'हिन्दी साहित्य का इतिहास', पृष्ठ संख्या 448
20. रेणुवर्मा, साहित्यिक निबन्ध, पृष्ठ संख्या 115, 116
21. ब्रजरत्नदास (सं.), 'भारतेन्दु ग्रंथावली', भाग–2, पृष्ठ संख्या 736
22. हेमन्त शर्मा (सं.), 'भारतेन्दु समग्र', पृष्ठ संख्या 473, 473
23. रामचन्द्र शुक्ल, 'हिन्दी साहित्य का इतिहास', पृष्ठ संख्या 542
24. शिवदान सिंह चौहान, 'हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष', पृष्ठ संख्या 24
25. मिश्र, रामचंद्र शुक्ल, हिंदी साहित्य का इतिहास, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।
26. उपाध्याय, हजारीप्रसाद द्विवेदी, भारतेन्दु युग, राजकमल प्रकाशन।
27. गोस्वामी, शिवप्रसाद, भारतेन्दु हरिश्चंद्ररू व्यक्तित्व और कृतित्व, साहित्य भवन।
28. जैन, रामकुमार, भारतेन्दु और नवजागरण, ग्रंथ शिल्पी।
29. पांडेय, रामविलास शर्मा, भारतेन्दु युग और भारतीय नवजागरण, लोकभारती प्रकाशन।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

A Comparative Study on Male and Female Beneficiaries of Mudra Yojana: Growth, Utilization, and Challenges in Shajapur District

Shubhangi Sharma* **Dr. Sunil Advani****

*ResearchScholar, School of Studies in Commerce, Vikram University, Ujjain (M.P.) INDIA
** Assistant Professor (Commerce) Pt. Balkrishna Sharma, "Naveen" P.G. College, Shajapur (M.P.) INDIA

Abstract : The Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY) is one of India's flagship schemes for fostering self-employment and entrepreneurship, especially in rural and semi-urban regions. This paper examines gender-based trends in Mudra loan disbursements over a five-year period (2018–2023) in Shajapur District, Madhya Pradesh. The study uses real disbursement data and statistical testing (Paired t-test, independent t-test, and Linear Regression) to assess whether any significant differences exist between male and female beneficiaries. The results indicate no significant difference in mean disbursement between genders but reveal a strong growth trend in female participation, suggesting the scheme is gradually closing the gender gap in financial inclusion.
Keywords: Mudra Yojana, Financial Inclusion, Gender Disparity, Microfinance, Shajapur District, Women Entrepreneurs, Loan Disbursement.

Introduction - Inclusive economic growth remains a key objective for policy makers in India, especially in terms of strengthening self-employment opportunities. Mudra Yojana was launched in 2015 to provide micro and small entrepreneurs with collateral-free loans through formal banking channels. Over the years, the scheme has witnessed steady growth in the number of beneficiaries, including a significant rise in women borrowers.

This research seeks to evaluate gender-wise growth patterns, utilization, and challenges faced by male and female beneficiaries of Mudra Yojana in Shajapur District, based on five-year disbursement data.

Review of Literature

Government of India (2023) reports confirm Mudra Yojana's role in increasing financial inclusion but highlight a persistent gender gap in loan size and utilization.

RBI (2022) emphasizes the growth of women-led loan accounts under Mudra but notes regional disparities in participation and loan value. Sharma & Gupta (2020) discuss the gender gap in loan amounts sanctioned, suggesting women tend to avail smaller loans due to limited business capital requirements or social constraints. NITI Aayog (2021) recommends gender-targeted awareness and training to improve women's access to credit schemes in rural India. World Bank (2019) highlights that without complementary interventions (skill training, market access), credit schemes alone may not ensure entrepreneurship success, especially for women.

Research Methodology Objectives: To compare the growth, utilization, and challenges of Mudra loans between male and female beneficiaries in Shajapur District over five years.

Research Design: Descriptive and Analytical.

Data Type: Secondary data sourced from official Mudra loan records of Shajapur District (2018–2023).

Objectives:

1. To analyze the pattern of loan disbursement under the Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY) among male and female beneficiaries in Shajapur district.

2. To test whether a significant difference exists in the number of loan accounts between male and female beneficiaries.

Hypothesis:

1. **H_0 (Null Hypothesis):** There is no significant difference in Mudra loan disbursements between male and female beneficiaries in Shajapur District.

H_1 (Alternative Hypothesis): There is a significant difference in Mudra loan disbursements between male and female beneficiaries in Shajapur District.

2. **H_0 (Null Hypothesis):** There is no significant difference in the number of loan accounts between male and female beneficiaries under the Mudra Yojana.

H_1 (Alternative Hypothesis): There is a significant difference in the number of loan accounts between male and female beneficiaries under the Mudra Yojana.

Data analysis & interpretation:

1. Statistics analysis of male & female beneficiaries under PMMY.

Table No. 1 : Gender wise loan disbursement table

Financial Year	Male (x_1)	Female (x_2)
2018-19	180.64	139.65
2019-20	199.59	170.66
2020-21	161.75	169.32
2021-22	160.40	221.83
2022-23	241.04	240.64

Source: Secondary data (RTI)

Calculate the means:-

(Male) $\bar{x}_1 = \frac{180.64 + 199.59 + 161.75 + 160.40 + 241.04}{5}$

(Female) $\bar{x}_2 = \frac{139.65 + 170.66 + 169.32 + 221.83 + 240.64}{5}$

$= 188.42$

Calculate the standard Deviations: -

S = $\sqrt{\frac{\Sigma(x-\bar{x})^2}{n}}$

(Male)S_1 = 33.35 (approx.)

(Female) S_2 = 41.54 (approx.)

+ - Test calculation: -

formula

$$t = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{s^2_1}{n_1} + \frac{s^2_2}{n_2}}}$$

Where

$\bar{x}_1 = 188.68$

$\bar{x}_2 = 188.42$

$S_1 = 33.35$

$S_2 = 41.54$

$n_1 = n_2 = 5$

Now substitute: -

$$t = \frac{188.68 - 188.42}{\sqrt{\frac{33.35^2}{5} + \frac{41.54^2}{5}}}$$

t = 0.0109 (approx.)

Decision rule: -

- Degree of freedom (df) **=** $n_1 + n_2 - 2 = 5 + 5 - 2 = 8$
- Critical +- Value at 5% significance (2 tailed) = 2.306 (approx.)

Conclusion: -

0.0109<2.306

Result: - Since calculated + value is lower than critical value, & p value = 0.9915 > 0.05 We fail to reject the null hypothesis so we accept the null hypothesis & reject alternative hypothesis.

There is no statistically difference in loan disbursement between male & female beneficiaries under mudra yojana.

1. Statistics analysis of the number of accounts between male & female PMMY.

Table No. 2 : The number of loan accounts between male & female data table

Financial Year	Male Accounts (x_1)	Female Accounts (x_2)
2018-19	38,312	34,422
2019-20	33,646	50,370
2020-21	23,455	41,217
2021-22	21,135	48,284
2022-23	24,019	45,396

Source: Secondary data (RTI)

Calculate the means:-

(Male) $\bar{x}_1 = \frac{38312+33646+23455+21135+24019}{5} = \frac{140567}{5}$

$= 28113.4$

(Female) $\bar{x}_2 = \frac{34422+50370+41217+48284+45396}{5} = \frac{219689}{5}$

$= 43937.8$

Standard deviation calculation:-

formula

SD = $\sqrt{\frac{\Sigma(x-\bar{x})^2}{n-1}}$

(Male)SD = 7,446.21 (approx.)

(Female) SD = 6,331.32 (approx.)

+ - Test calculation: -

formula

$$t = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\frac{s^2_1}{n_1} + \frac{s^2_2}{n_2}}}$$

Where

$\bar{x}_1 = 28113.4$

$\bar{x}_2 = 43937.8$

$S_1 = 7446.21$

$S_2 = 6331.32$

$n_1 = n_2 = 5$

Now substitute: -

$$t = \frac{28113.4 - 43937.8}{\sqrt{\frac{7446.21^2}{5} + \frac{6331.32^2}{5}}}$$

t = -3.62 (approx.)

Decision rule: -

- Degree of freedom (df) **=** $n_1 + n_2 - 2 = 5 + 5 - 2 = 8$
- Critical +- Value at 5% significance (2 tailed) = 2.306 (approx.)

Conclusion: -

3.62 < 2.306

Result: - Since calculated + value is higher than critical value, & p value = 0.0067> 0.05 So we reject the null hypothesis & accept alternative hypothesis.

There is a significant difference in numberof loan accounts between male & female beneficiaries under mudra yojana.

Findings: The study collected 5-year data (2018-19 to 2022-23) on loan disbursements and the number of accounts under the Mudra Yojana for both male and female beneficiaries in Shajapur District.

The calculated p-value was approximately 1.0, which

is much higher than the common significance level (0.05). This result clearly shows that there is no statistically significant difference in loan disbursement amounts between male and female beneficiaries.

The p-value (0.0067) is less than the 0.05 significance level, confirming a statistically significant difference in the number of loan accounts between male and female beneficiaries. The data indicates that female beneficiaries have consistently held more accounts in recent years, showcasing growing financial independence.

Suggestions: Promote gender-inclusive training, targeted incentives for women, transparent local monitoring, and post-loan business support to ensure equal access, smooth implementation, and long-term success for Mudra Yojana beneficiaries.

Awareness, simplified documentation, and mentoring support can enhance participation and ensure balanced growth for both male and female Mudra beneficiaries.

Conclusion: This result suggests that the Mudra Yojana has been implemented in a gender-neutral manner and that the scheme equally supports both male and female entrepreneurs. However, the consistently higher number of loan accounts among female beneficiaries reflects a positive shift toward women's financial empowerment and growing participation in self-employment.

In the future, more gender-sensitive policies, financial training, and post-loan support will help both male and female entrepreneurs maximize the benefits of the Mudra Yojana and strengthen rural and semi-urban entrepreneurship in districts like Shajapur.

References: -

1. **Mudra Yojana Annual Reports (2018–2023).**www.mudra.org.in
2. **Reserve Bank of India. (2023).** Report on Trends and Progress of Banking in India.
3. **NITI Aayog. (2022).** Promoting Women Entrepreneurs through Credit Schemes in India.
4. **Sharma, R., & Gupta, A. (2020).** Financial Inclusion through Mudra Yojana: A Gender Analysis. International Journal of Economics and Development, 15(3).
5. **World Bank. (2019).** Financial Access and Women-Led Enterprises in South Asia.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2025 E-Journal, Volume I, Issue XLIX, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कृषि आधारित उद्योग और ग्रामीण विकास का सुक्ष्म भौगोलिक अध्ययन

अनिल कुमार यादव* डॉ. ए.के. सिंह**

* शोध छात्र (भूगोल) एस.एल.पी. स्नातकोत्तर महाविद्यायल, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (भूगोल) एस.एल.पी. स्नातकोत्तर महाविद्यायल, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – कृषि आधारित उद्योग सामान्यत: वे उद्योग होते हैं जिनका कृषि से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध होता है। इसमें कृषि कच्चे माल के साथ-साथ कृषि के आदानों के रूप में जाने वाली गतिविधियों और सेवाओं के आधार पर विभिन्न प्रकार की औद्योगिक, विनिमार्ण और प्रसंकरण गतिविधियों को शामिल किया गया हैं। ग्रामीण परिदृश्य में कृषि एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है इसलिए ग्रामीण विकास का आधार हैं कृषि आधारित उद्योग जो इस प्रमुख आर्थिक गतिविधि पर पनपते हैं, ग्रामीण विकास में भी एक महत्वपूर्ण पहलू हैं।

प्रस्तावना – ग्रामीण क्षेत्र को शहरी सुविधाओं के प्रावधान के माध्यम से गांवों का आर्थिक उत्थान एक महत्वपूर्ण विचार बन गया। इसमें कृषि और खाद्य प्रसंस्करण कृषि निर्माण इकाइयों के विकास, कृषि सेवा इकाई द्वारा ग्रामीण देश के सभी हिस्सों के लिए एक विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण तरीके के बिजली का प्रवाधान ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के सभी विस्तार के लिए शिक्षा और स्वास्थ शामिल है। परमाणु प्रोद्योगिकी, अंतरिक्ष और अवज्ञा प्रौद्योगिकी जैसे रणनीतिक क्षेत्रों का विकास राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास में इसके महत्व को देखते हुए वर्तमान अध्ययन सुक्ष्म स्तर का अध्ययन है। कृषि आधारित उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अध्ययन में कृषि उत्पाद प्रसंस्करण इकाइयों कृषि-उत्पाद निमार्ण इकाइयों कृषि आदानों, विनिमार्ण इकाइयों और कृषि सेवा केंद्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

ग्रामीण विकास हेतु प्रसंस्करण उद्योग – प्रसंस्करण उद्योग उन गतिविधियों को संदर्भित करता है जो कृषि वस्तुओं को विभिन्न रूपों में परिवर्तित करते हैं जो उत्पाद में मूल्यों जोड़ते हैं। कृषि आधारित उद्योग वे उद्योग हैं जिनका कृषि से प्रत्यक्ष या अप्रयक्ष संबंध है। कृषि प्रसंस्करण उद्योग विशेष रूप से खाद्य निर्माण तंबाकू और कपड़ा प्रसंस्करण वाणिज्यिक औद्योगिक क्षेत्र पर हावी हैं। इस अर्थ में कृषि – प्रसंस्करण को एक समूह के रूप में परिभाषित किया गया है। कृषि उत्पादों के संरक्षण और संचालन के लिए और इसे भोजन ,चारा, फाइबर, ईंधन या औद्योगिक कच्चे माल के रूप में प्रयोग करने योग्य बनाने के लिए निम्नलिखित तकनीकी आर्थिक गतिविधियाँ आदि कृषि-प्रसंस्करण उद्योग गुंजाइश फसल से सभी कार्यों को शामिल करती हैं फसल के अंतिम चरण में सामग्री वांछित रूप मात्रा गुणावता और मूल्य में अंतिम उपयोगकर्ताओं तक पहुंचती हैं। प्राचीन भारतीय शास्त्र भोजन और औषधीय उपयोग के लिए कृषि उपज के संरक्षण का उल्लेख करते हैं और इसका विस्तृत विवरण है प्रसंस्करण के लिए कटाई के बाद और प्रसंस्करण प्रथाओं लेकिन अपर्याप्त ध्यान अतीत में कृषि-प्रसंस्करण क्षेत्र ने उत्पादक और उत्पादन दोनों को नुकसान पहुंचाया वही उपभोक्ता और इसने पर्यावरण को भी नुकासन पहुंचाया।

कृषि आधारित उद्योग परिर्माजन– कृषि एवं औद्योगिक विकास एक दूसरे के पूरक हैं कृषि के बिना उद्योग धन्धों का विकास नहीं हो सकता हैं और उद्योग धन्धों के बिना कृषि का समुन्नत विकास हो पाना असम्भव हैं। कृषि उद्योग धन्धों के बीच समन्वय होना आवश्यक है अध्ययन क्षेत्र की अर्थव्यवस्था कृषि नियोजन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण कार्य किये है। वस्तुत: कृषि नियोजन सम्पूर्ण कृषि समुदाय को उत्पादन की ओर अग्रसर कर आर्थिक वृद्धि के एक उच्च दर को प्राप्त करने का प्रयास होता हैं। कृषि विकास योजना द्वारा भूमि की प्रत्येक इकाई के अनुकूलतम उपयोग को निर्धारित किया जाता है। इस उद्देश्य से नियोजन प्रक्रिया में आवश्यकतानुसार परिर्माजन एवं संशोधन की सुविधा के साथ ही समयानुसार बदलती परिथितियों के सन्दर्भ में उसमें परिवर्तन की सम्भावना बनी रहती है।

ग्रामीण विकास संकल्पना की वास्तविक रूपरेखा का अभ्युदय कब हुआ, इस संदर्भ में निश्चित एवं प्रामाणित रूप में कुछ कहना, करना कठिन प्रतीत होता है, फिर भी ऐसा विश्वास किया जाता है कि प्राचीन काल में क्षेत्र के विद्यमान संसाधनों के आर्थिक विकास हेतु प्रादेशिक नियोजन आमतौर पर एक उपागम के रूप में अपनाया जाता था। सामाजिक आर्थिक उन्नयन एवं संरचनात्मक परिवर्तन हेतु पूर्व नियोजन की प्रक्रिया एक अभिनव उपागम है जो मूलत: समाजवादी राष्ट्रों की देन है। भारत में योजनाबद्ध ग्रामीण विकास की शुरूआत वर्तमान सदी में ही की गयी। इसका प्रारम्भिक श्रेय रवीन्द्रनाथ टैगोर को जाता है जिन्होंने 1920 ई में शान्ति निकेतन के पास स्थित कुछ गांवों के विकास हेतु योजना बनाई। महात्मा गांधी ने इसे अधिक यथार्थवाद रूप प्रदान किया, जब उन्होंने ग्रामीणों के आपसी सहयोग और सद्भावना से ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने का इस प्रयोजना में मेयर महोदय ने ग्रामीण नियोजन के कतिपय आधारभूत मुद्दों, अच्छा आवास विकसित परिवहन एवं संचार तंत्र ग्रामीण उत्पादो की नियमित और शीघ्र खपत, जल आपूर्ति एवं सिंचाई व्यवस्था और स्कूल, विकास हेतु कृषि कार्य, संचार शिक्षा स्वास्थ प्रशिक्षण समाज

कल्याण एवं गृह सम्बन्धी योजनाओं की समीक्षा प्रस्तुत की इसके बाद लाटन ने 1959 ई में ग्रामीण क्षेत्रों मे परिवर्तन में विभिन्न भौगोलिक तथ्यों पर तथा नाजियुत्त करीम 1967 ई समाज में व्याप्त कमियां जो आर्थिक सामाजिक उन्नयन में बाधक के नियन्त्रण पर बल दिया।

1967 ई में अल इण्डिया रूरल क्रेडिट रिफार्म कमेटी के सुझाव पर कृषिकों के तत्कालिक आवश्यकता एवं विकास के लिए लघु एवं सीमान्त तथा कृषि मजदूर विकास एजेन्सी गठित की गयी। इसके अन्तर्गत बैकों द्वारा भूमि विकास के लिए विभिन्न सुविधायों की गयी। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाय के अवसर बढाने हेतु तैयार की गयी नीतियों के अन्तर्गत आर्थिक वृद्धि कृषि का आधुनिकरण एवं ग्रामीण उद्योगों का विकास एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नये अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रहा।

ग्रामीण विकास का केन्द्रीय लक्ष्य एक ऐसे विकास की प्रक्रिया का प्रारम्भ करता है जो लोगों के रहन-सहन के स्तर को उँचा उठा सके उनके लिए अधिक समूह और विभिन्नता पूर्ण जीवन की व्यवस्था कर सके। यह नियोजन तार्किक ढंग से भारतीय ग्रामीण विकास की विभिन्न समस्याओं का हल ढूंढता है, ग्रामीण के बीच व्याप्त आर्थिक और सामाजिक असमानताओं को दूर करता है। उपर्युक्त लक्ष्यों की प्राप्ति नियोजन के अभाव में सम्भव नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में विकास सम्बन्धी वरीयताएं रखी गयी है। यह नियोजन प्रजातांत्रिक ढंग से राजकीय निर्देशन में हो रहा हैं ग्रामीण विकास के सम्बन्ध में निम्न प्रविधियों का प्रयोग हुआ है संगठनात्मक संरचना में परिवर्तन मूल्य नीति के द्वारा साधनों का वितरण पूंजी संग्रह व साख व्यवस्था का विकास वित्तीय नीति का एक यंत्र के रूप में प्रयोग तथा विभिन्न विकास स्तरों पर नियंत्रण अकाल जांच आयोग ने कहा कि कृषि आधारित उद्योग वे है जो न केवल राज्य के औद्योगिकरण में सहायता करते हैं बल्कि खेतों के उत्पादों को संभालने के अलावा कृषि आदानों के साथ खेतों की आपूर्ति में भी शामिल है। नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च 1965 ने कृषि आधारित उद्योग को परिभाषित किया करते हैं। इनमें बीज उर्वरक जरूरतों के लिए कृषि कच्चे माल उपयोग करते हैं इनमें केवल वस्तुएं शामिल हैं, बल्कि कृषि उपकरणों और मशीनरी की मरम्मत और सर्विसिंग भी शामिल है, कृषि आधारित उद्योगों को परिवर्तनकारी प्रक्रियाओं के विभिन्न स्तरों पर वर्गीकृत किया जा सकता है। सामान्य तौर पर पूंजी निवेश रूपांतरित तकनीकी जटिलता परिवर्तन की डिग्री के अनुपात में बढ़ जाती है। कच्चे माल या भोजन को बदलने का उद्देश्य प्रयोग करे योग्य रूप बनाना, भंडारण क्षमता को बढाना, अधिक आसानी से परिवहन योग्य रूप बनाना, और पौष्टिकता या पोषण गुणवत्ता को बढाना है।

ग्रामीण उद्योग की विशेषताऐ- कृषि आधारित उद्योग अपने कच्चे माल की तीन विशेषताओं के कारण अद्धितीय है- पहला-मौसमी, दूसरा-खराब होने, तीसरा-परिवर्तनशीलता।लेकिन सभी कृषि आधारित उद्योग इन विशेषताओं को समान रूप से साझा नहीं करते हैं।

कृषि उद्योगों में कच्चे माल की मात्रा और गुणवत्ता में परिवर्तनशीलता होती हैं मौसम में उतार-चढाव मिट्टी की स्थिति आदि के कारण मात्रा अनिशित है। मानवीकरण के कारण गुणवत्ता भिन्न होती हैं, कच्चे माल की मायावी बनी रहती है, भले ही पशु और पौधों के आनुवंशिकी में प्रगति हुई हो। विविधताएं उत्पादन शेडयूलिंग और गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित संचालन के संदर्भ में कृषि-औद्योगिक इकाइयों पर अतिरिक्त दबाव डालती है

ग्रामीण उद्योग का प्रसंस्करण- भारत में कृषि - प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और स्थानीय जरूरतों और निर्यात आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता रखता हैं। सरकार द्वारा वित्त पोषित ग्रामीण विद्युतिकरण कार्यक्रम और सड़क और दूरसंचार नेटवर्क के माध्यम से बिजली आपूर्ति के मामले में इस उद्योग के लिए सहायक बुनियादी ढांचा अच्छी तरह से स्थापित है। ग्रामीण कारीगरों और उपयोगकर्ताओं के लिए विनिर्माण में अच्छी तरह से स्थापित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम भी हैं। हालांकि इस क्षेत्र केा वर्तमान में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के खराब प्रदर्शन स्थानिय और विदेशी वित्त दोनों सलाह, सीमित विपणन जानकारी और विश्वसनीय बाजारों की कमी से उत्पन्न कई चुनौतियों का सामान करना पड़ रहा है।

कृषि उद्योग कृषि उत्पादों जैसे कृषि फसलों वृक्ष फसलों, पशुधन और मत्स्य पालन के प्रसंस्करण में मदद करता है और उन्हें भोजन और अन्य उपयोगी रूपों में परिवर्तित करता हें निजी क्षेत्र को अभी तक कृषि उद्योग की पूरी क्षमता का एहसास नहीं हुआ है चीनी कॉफी चाय और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ जैसे सॉस जेली, शहद आदि के लिए वैश्विक बाजार बहुत बड़ा है केवल आधुनिक तकनीक और गहन विपणन के साथ निर्यात बाजार का भी पूरा फायदा उठाया जा सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि खाद्य निर्माता बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताओं प्रौद्योगिकी आधुनिकरण नवाचार और कृषि - उत्पादन में नवीनतम रूझानों और प्रोद्योगिकी के समावेश को संपूर्ण खाद्य श्रृंखला के साथ समझें भारत और दुनिया में कृषि उत्पादों की कुल उत्पादन क्षमता अगला है। दशक तक दोगुना होने की संभावना है। इसके अलावा फल प्रसंस्करण मंत्रालय ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के कार्य योजना की स्थापना की थी। उद्देश्य खराब होने वाले खाद्य पदार्थ के प्रसंस्करण के स्तर को 6 प्रतिशत से बढकर 20 प्रतिशत मूल्यवर्धन को 20 प्रतिशत से 35 प्रतिशत से बढाकर 3 प्रतिशत और वैश्विक खाद्य व्यापार की हिस्सेदारी को 1.6 प्रतिशत से बढाकर 3 प्रतिशत करना है। कृषि में मशीनीकरण अथवा उन्नत आधुनिक क्रियाओं में बदल जायें यह मात्र एक दिन का कार्य नहीं हैं बल्कि दीर्घकालिक प्रक्रिया हैं। कृषि यंत्रीकरण में ट्रैक्टर सबसे महत्वपूर्ण कृषि - उद्योग में मुख्य रूप से मध्यवर्ती या अंतिम उपभोग के लिए कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण और संरक्षण की कटाई के बाद की गतिविधियाँ शामिल हैं। यह दुनिया भर में एक अच्छी तरह से मान्यता प्राप्त तथ्य है, विशेष रूप से औद्योगिक विकास के संदर्भ में कृषि - उद्योगों का महत्व कृषि के सापेक्ष बढ़ता है क्योंकि अर्थव्यवस्थाएं विकसित होती हैं। इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि भोजन केवल उत्पादन नहीं हैं। भोजन में प्रसंस्कृत उत्पादों की एक विस्तृत विविधता भी शामिल है। इस अर्थ में कृषि उद्योग विकाशील देशों में विनिमार्ण क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण हिस्सा है और औद्योगिक क्षमता निर्माण का साधन हैं।

कृषि आधारित उद्योग की समस्याऐं - हर साल लाखों गरीब परिवार काम की तलाश में पलायन करते हैं। गांवों में आजीविका के धराशायी होने के कारण वे पलायन को मजबूर हैं ये संकटग्रस्त प्रवासी अक्सर अपने धरों को बंद कर लेते हैं, कुछ मामूली सामान ले जाते है और लंबी दूरी तय करते है अपने माता-पिता के साथ जाने वाले बच्चो को स्कूल छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता हैं। 14 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चों की संख्या लगभग 9 हर साल लाखों होने का अनुमान है। अपने गाँव से दूर होने के कारण वे उन जगहों से संबंधित नहीं होते हैं जहाँ वे जाते हैं और तेजी से अपने ही गाँवों में स्वीकृति खो देते हैं वे अपने समुदाय , संस्कृति और परंपराओं से अलग हो

गए है, त्यौहारों ,मेलों, धार्मिक और सामाजिक कार्यो में भाग लेने में असमर्थ हैं। जो उनके जीवन का एक अभिन्न अंग हैं और इस प्रकार उनकी पहचान की भावना खो देते हें। राज्य की सीमाओं को परा करने वाले लोगों की भेद्यता और भी अधिक है क्योंकि वे खुद को अपने ठेकेदारों पर अधिक से अधिक पाते हैं।

परंपरगत रूप से, किसान प्राकृतिक संसाधनों, श्रम कौशल और ज्ञान के साथ-साथ अपने निवेश का उपयोग करके या तो अपनी बात या वित्तीय ऋण से खाद्य और अन्य कृषि उत्पादों के उत्पादन होते हैं। लेकिन कुछ किसान दूसरों की तुलना में गरीब हैं। आमतौर पर वे भूमिहीन किसान होते हैं जिन्हें दूसरे लोगों की जमीन किराए पर देनी पड़ती है या दिहाड़ी मजदूर बन जाते हैं कृषि उत्पादों को आमतौर पर स्थानीय बिचौलिया या दलालों को निर्देशित किया जाता है, जो कभी-कभी बड़े राष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं को वितरित करने से पहले किसानों को ऋण और बंधी हुई शर्तो के साथ उत्पादन के कारक प्रदान करते हैं। ये लोग फिर उत्पादों को बाजारों में बेचेगे। इस बाजारोन्मुखी ढांचे के तहत ज्यादतर किसान कीमत लेने वाले होते हैं। दुर्लभ परिस्थितियों को छोड़कर उनकी सौदेबाजी की शक्ति कम होती है जैसे कि बहुत जल्दी या देर से मौसम या उस अवधि के दौरान जहां आपूर्ति की कमी होती हैं। बाजार की मांग का जवाब देने की आवश्यकता है, लेकिन कोई सीधी पहुंच नहीं है, आसानी से खराब होने वाले उत्पादों से निपटना और ऋणी होना इस कम सौदेबाजी की शक्ति में योगदान करने वाले प्रमुख कारक है।

वर्तमान परिपेक्ष में- वर्तमान में कॉर्पोरेट ने उत्पादन पक्ष को नियंत्रित करने में एक प्रमुख हिस्सा ले लिया है। कॉर्पोरेट द्वारा कृषि आमतौर पर बड़े पैमाने पर और राष्ट्रीय बाजारों या बाहरी बाजारों तक सीधी बाजार पहुंच होती है। कई कॉरपोरेट को स्थानिय बिचौलियों द्वारा कृषि उत्पादों की आपूर्ति की जाती है जबकि अन्य का किसानों के साथ अनुबंध हो सकता है। मालिको और कारपोरेटों में काम करने वाले लोगों के लिए, कृषि सिर्फ एक आर्थिक क्षेत्र है और उनकी मूख्य चिंता उनकी आजीविका का एक अभिन्न अंग होने के बजाय हानि लाभ और वित्तीय लाभ के बारे में है। राष्ट्रीय या क्षेत्रीय स्तर पर कृषि की स्थिति के बारे में चर्चा करते समय आपूत्रि श्रृंखला में विभिन्न खिलाड़ियों, कॉर्पोरेट, बिचौलियों और छोटे और मध्यम किसानों के बीच अंतर करना चाहिए- ताकि उन पर प्रभाव और किसी विशेष स्थिति के प्रति उनकी प्रतिक्रिया को उनके संदर्भो के तहत स्पष्ट रूप से समझा जा सके। और वर्तमान बाजार संरचनाएं। समायोजन खाद्य आपूर्ति खाद्य मूल्य छोटे पैमाने पर कृषि उत्पादन व्यवसाय, लाभ आदि। संसाधन आधार जैसे। बीज, पानी, भूमि, जंगल, जैव विविधता आदि। कॉर्पोरेट कृषि मूल्य, जीवन का तरीका, संस्कृति संबंध, आय आदि।

निष्कर्ष- वर्तमान स्वरूप एवं ग्रामीण विकास के दृष्टिगत चयनित किया गया है वस्तुत: विभिन्न विद्धानों द्धारा विभिन्न क्षेत्रों के कृषि एवं औद्योगिक विकास विचार के विश्लेषण के लिए आन्तरिक एवं वाह्य गुणाकों को सम्मिलित किया जाता है। सूक्ष्म स्तरीय अध्ययन क्षेत्र के दृष्टिगत जिन विचारों का चयन किया गया हैं उनमें कृषि एवं विकास के विभिन्न पक्षों को समाहित करने का प्रयास किया गया हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. विल्किसन और आर रोचा ,'द एग्रो-प्रोसेसिंग सेक्टर: अनुभवजन्य सारांश', हालिया
2. 'रुझान और विकास प्रभाव' , अंतर्राष्ट्रीय कृषि-उद्योग फोरम के लिए व्यापक पेपर , नई
3. दिल्ली ,अप्रैल 2008 ।
4. खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ), वैश्विक संगठन ,'सामाजिक आर्थिक विकास और आर्थिक,स्थिति में कमी के लिए कृषि-व्यवसाय का महत्व', संपत्ति विकास पर विश्व संगठन आयोग केलिए चर्चा पत्र, सोलहवां सत्र, न्यूयॉर्क, मई, 5 - 16 , 2008.
5. ए.ओ. कमसंर, 'खाद्य निर्माण में सामग्री उत्पादकता', यांक जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल सोशलसाइंस, वॉल्यूम। 74, नंबर 1, फरवरी 1992, पीपी. 177-185।
